सचित्र श्री भगवती सूत्र

प्रवर्तक श्री अमर मुनि



ILLUSTRATED SHRI BHAGWATI SUTRA

Pravartak Shri Amar Muni

पंचम गणधर भगवत् सुधर्मा-स्वामी प्रणीत पंचम अंग

सचित्र
श्री भगवती सूत्र (व्याख्याप्रज्ञप्ति)
(प्रथम खण्ड)

मूल पाठ, हिन्दी-अंग्रेजी भावानुवाद, विवेचन तथा चित्रों सहित

❖ प्रधान सम्पादक ❖

जैनधर्म दिवाकर अध्यात्म युगपुरुष

उत्तर भारतीय प्रवर्तक श्री अमर मुनि जी महाराज

❖ सह-सम्पादक ❖

श्रीचन्द सुराना 'सरस'

पद्म प्रकाशन

पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-११० ०४०

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. सा. द्वारा सम्प्रेरित सचित्र आगममाला का अठारहवाँ पुष्प

- *सचित्र श्री भगवती सूत्र (व्याख्याप्रज्ञप्ति)*
  [प्रथम खण्ड]

- *प्रधान सम्पादक*
  जैनधर्म दिवाकर अध्यात्म युगपुरुष
  उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी महाराज

- *सह-सम्पादक*
  श्रीचन्द सुराना 'सरस'

- *अंग्रेजी अनुवादक*
  सुरेन्द्र बोथरा, जयपुर

- *प्रथमावृत्ति*
  वि स २०६१, फाल्गुन
  ईस्वी सन् २००५, मार्च

- *चित्रांकन*
  डॉ त्रिलोक शर्मा

- *प्रकाशक एवं प्राप्ति स्थान*
  पद्म प्रकाशन
  पद्म धाम, नरेला मण्डी दिल्ली-११० ०४०

- *मुद्रक एवं वितरक*
  श्री दिवाकर प्रकाशन
  ए-७, अवागढ हाउस एम जी रोड आगरा-२८२ ००२
  दूरभाष (०५६२) २८५११६५

- *मूल्य*
  छह सौ रुपया मात्र (६००/- रुपये)

वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू सचित्रजैनआगम कॉम

THE FIFTH ANGA WRITTEN BY THE FIFTH GANADHAR SHRI SUDHARMA SWAMI

ILLUSTRATED

SHRI BHAGAVATI SUTRA
(VYAKHYA PRAJNAPTI)

(FIRST VOLUME)

Original Text with Hindi and English Translations, Elaboration and Multicoloured Illustrations

❖ EDITOR IN-CHIEF ❖

Jain Dharma Diwakar Adhyatma Yugapurush

Uttar Bharatiya Pravartak Shri Amar Muni ji Maharaj

❖ ASSOCIATE-EDITOR ❖

Srichand Surana 'Saras'

PADMA PRAKASHAN

PADMA DHAM, NARELA MANDI, DELHI-110 040

THE EIGHTEENTH NUMBER OF THE ILLUSTRATED AGAM SERIES INSPIRED BY UTTAR BHARATIYA PRAVARTAK GURUDEV BHANDARI SHRI PADMACHANDRA JI M S

- ILLUSTRATED SHRI BHAGAVATI SUTRA (VYAKHYA PRAJNAPTI)
  [First Volume]

- *Editor in Chief*
  Jain Dharma Diwakar Adhyatma Yugapurush
  Uttar Bharatiya Pravartak Shri Amar Muni ji Maharaj

- *Associate Editor*
  Srichand Surana 'Saras'

- *English Translator*
  Surendra Bothara, Jaipur

- *First Edition*
  Falgun, 2061 V
  March, 2005 A D

- *Illustrator*
  Dr Trilok Sharma

- *Publisher and Distributor*
  Padma Prakashan
  Padma Dham, Narela Mandi, Delhi-110 040

- *Printer's & Distributor*
  Shree Diwakar Prakashan
  A-7, Awagarh House, M G Road, Agra-282 002
  Phone (0562) 2851165

- *Price*
  Six Hundred Rupees only (Rs 600/-)



जैन धर्म दिवाकर

जैनागम रत्नाकर

[illegible] पूज्य

[illegible] जी महाराज


को

[illegible]

में

सविनय


सादर भेंट





अमर मुनि


([illegible])



राष्ट्रसन्त उत्तर भारतीय प्रवर्तक
पूज्य गुरुदेव भण्डारी
श्री पद्म चन्द्र जी महाराज



आत्म कुल कमल दिवाकर
भोले बाबा वरिष्ठ सलाहकार
श्री रत्न मुनि जी म.




युवा मनीषि श्री वरुण मुनि जी
महाराज 'अमर शिष्य'



[illegible] जैन



[illegible] जी चाँद रानी जैन



श्री सत्यपाल जी अग्रवाल
कुरुक्षेत्र




श्रीमती रुकमणी देवी अग्रवाल
कुरुक्षेत्र



श्री सुदर्शन अग्रवाल, श्रीमती मोहिता अग्रवाल
कुरुक्षेत्र



[illegible]



[illegible]



डॉ. मौजीराम जी जैन श्रीमती पुष्पा जैन
सैनिक फार्म, दिल्ली



श्री उग्रसैन जी सुन्दरी देवी जैन
विवेक विहार, दिल्ली



श्री जय भगवान जी विद्या देवी जैन
योजना विहार, दिल्ली



[illegible] जैन
[illegible] दिल्ली



श्री [illegible] कुमार कौशल्या देवी जैन
[illegible] दिल्ली

प्रकाशकीय

यह बताते हुए अत्यन्त प्रसन्नता होती है कि श्रुत-सेवा के महान् ऐतिहासिक कार्य में हम अपनी लगभग आधी मंजिल पार कर चुके है। अब तक १८ आगम ग्रन्थ चित्रों सहित हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद के साथ प्रकाशित कर चुके है। इस वर्ष दो आगम ग्रन्थ श्री भगवती सूत्र, भाग-१ तथा तीन छेद सूत्र का प्रकाशन हो रहा है।

श्री भगवती सूत्र जैन तत्त्वज्ञान का महासागर है। इसमें अमूल्य ज्ञान की एक से एक दीप्तिमान मणियाँ है।

दूसरे ग्रन्थ मे तीन छेद सूत्रो का प्रकाशन किया गया है। छेद सूत्र जैन श्रमणों के आचार का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण आगम है। जब तक इन सूत्रों का अर्थ सहित अध्ययन नहीं किया जाय, तब तक श्रमण अग्रणी या सिघाडा प्रमुख बनकर विचरण भी नही कर सकता। इसे श्रमण धर्म की आचार सहिता या संविधान पुस्तक भी कहा जा सकता है। ये दोनों ही आगम अपने-अपने स्थान पर अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। अस्तु

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक पूज्य गुरुदेव परम श्रद्धेय भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. की हार्दिक इच्छा और प्रबल प्रेरणा से उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म ने श्रुत-सेवा का यह महान् कार्य प्रारम्भ किया और वे निरन्तर एकचित्त, एकलक्ष्य होकर इस कार्य-सम्पादन मे जुटे हुए हैं। हमें अत्यन्त प्रसन्नता है कि पूज्य गुरुदेवो के आशीर्वाद से तथा उनके प्रति असीम भक्तिभाव से प्रेरित होकर सहयोगदाता, उदार सज्जन सहयोग का हाथ बढा रहे हैं और हमें उत्साहित करते हैं कि इस महान् ज्ञान यज्ञ की ज्योति जलती रहनी चाहिए। हम सभी सहयोगी बन्धुओ के प्रति हार्दिक आभार प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष मे दोनो आगम ग्रन्थ पाठको की सेवा मे प्रस्तुत कर रहे है।

आगमो के बहुत ही जिम्मेदारीपूर्ण सम्पादन-कार्य मे पूज्य गुरुदेव के अन्तेवासी श्री वरुण मुनि जी म बडी तल्लीनता के साथ जुटे हुए है। साथ ही विद्वान् सम्पादक श्रीचन्द जी सुराना 'सरस', श्री सुरेन्द्र जी बोथरा तथा जैन आगमों के गहन अभ्यासी स्वाध्यायी सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन का भी हमे पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। हम आप सबके बहुत-बहुत आभारी है।

इन आगमो के प्रकाशन का हमारा एक ही लक्ष्य है, एक ही उद्देश्य है कि जिनशासन की आधारभूत जिनवाणी का घर-घर मे प्रचार-प्रसार हो और प्रत्येक साधु-सतियाँ तथा विद्वान् आगम-प्रेमी सद्गृहस्थ इनका अधिकाधिक लाभ उठायें और स्वाध्यायशील बनें। आइए आप भी हमारे उद्देश्यो को सफल बनाने मे आगम स्वाध्याय का सत्संकल्प लेवे। धन्यवाद !

महेन्द्रकुमार जैन
अध्यक्ष
पद्म प्रकाशन

PUBLISHER'S NOTE

We are pleased to convey to our readers that we have come almost half way on the path of this historical mission of service to the scriptures Till date we have published eighteen *Agams* with Hindi-English translations and illustrations In the current year we are bringing out two *Agams*—*Shri Bhagavati Sutra*, Volume-1 and three *Chhed Sutras* in one volume

Shri Bhagavati Sutra is an ocean of Jain metaphysics It contains increasingly brilliant gems of invaluable knowledge

The second book contains three *Chhed Sutras*, which form an important part of the Agamic literature on codes of ascetic praxis and conduct of Jain ascetics A *shraman* cannot become a successful leader or head of a group of ascetics as long as he does not study the text and meaning of these *Sutras* This group of scriptures can easily be called the book of codes or the constitution of *Shraman* religion Both these *Agams* occupy equally high place in their respective fields

Honouring the intense desire of and inspiration by late Gurudev Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padma Chandra ji M this project was launched by Uttar Bharatiya Pravartak Shri Amar Muni ji M He continues to devote his unwavering and earnest attention to advancing and successfully concluding this mission

Many generous and devout guru-devotees from different areas have displayed their devotion for the Guru and scriptures through their financial contributions They encourage us and ask us to ensure that the pious flame of this mission of knowledge should continue burning We express our sincere gratitude for them all, and present these two *Agams* this year

Pujya Gurudev's able disciple Shri Varun Muni ji M shares the responsibility of editing the *Agams* with all sincerity and devotion We are getting regular assistance of contributing scholars like Shri Srichand ji Surana 'Saras', Agra, Shri Surendra ji Bothara, Jaipur, and Shri Rajkumar ji Jain, Delhi. We are, indeed, indebted to them

Our singular aim and purpose of publication of these *Agams* is that the Word of the Jina, the very foundation of Jain religion, may reach every single house as well as every *Sadhu* and *Sati*, and every reader with scholarly bent may take maximum advantage of this to indulge in regular studies Come, take a resolve of regular study of *Agams* and join us in our mission Thanks !

—*Mahendra Kumar Jain*
PRESIDENT
Padma Prakashan

प्राग्वक्तव्य

एकादशागी का उत्तमांग शास्त्र : भगवती सूत्र

समस्त जैन आगम साहित्य मे भगवान महावीर के सिद्धान्तो के मूल स्रोत बारह अंगशास्त्र माने जाते है, जो **'द्वादशांगी'** के नाम से प्रसिद्ध है। इन बारह अंगशास्त्रो मे 'दृष्टिवाद' नामक अन्तिम अगशास्त्र वर्तमान समय मे विच्छिन्न हो जाने के कारण अब वर्तमान मे एकादश अगशास्त्र ही उपलब्ध है। ये अग 'एकादशागी' अथवा 'गणिपिटक' के नाम से विश्रुत है।

उपलब्ध ग्यारह अगशास्त्रो मे पाँचवाँ अगसूत्र 'श्री भगवती सूत्र' अथवा 'व्याख्याप्रज्ञप्ति' जैन आगमो का उत्तमाग (मस्तक) माना जाता है। एक तरह से समस्त उपलब्ध आगमो मे भगवती सूत्र सर्वोच्च स्थानीय एव विशालकाय शास्त्र है। अन्य अगो की तरह यह भी पचम गणधर सुधर्मा स्वामी द्वारा ग्रथित है।

नामकरण और महत्ता

वीतराग सर्वज्ञ प्रभु की वाणी अद्‌भुत ज्ञाननिधि से परिपूर्ण है। जिस शास्त्रराज मे अनन्तलब्धिनिधान गणधर गुरु श्री इन्द्रभूति गौतम तथा प्रसगवश अन्य गणधरो, स्थविरों, श्रमणो आदि द्वारा पूछे गये ३६,००० प्रश्नो एव श्रमण भगवान महावीर के श्रीमुख से दिये गये उत्तरो का सकलन है, उसके प्रति जनमानस मे श्रद्धा-भक्ति और पूज्यता का भाव होना स्वाभाविक है। वीतराग प्रभु की वाणी मे समग्र जीवन को पावन एव परिवर्तित करने का अद्‌भुत सामर्थ्य है। वह एक प्रकार से भागवती शक्ति है, इसी कारण जब भी व्याख्याप्रज्ञप्ति का वाचन होता है तब गणधर भगवान श्री गौतम स्वामी को सम्बोधित करके जिनेश्वर भगवान महावीर प्रभु द्वारा व्यक्त किये गये उद्‌गारो को सुनते ही भावुक भक्तो का मन-मयूर श्रद्धा-भक्ति से गद्‌गद होकर नाच उठता है। श्रद्धालु भक्तगण इस शास्त्र के श्रवण को जीवन का अपूर्व अलभ्य अवसर लाभ मानते है। फलतः अन्य अगो की अपेक्षा विशाल एव अधिक पूज्य होने के कारण व्याख्याप्रज्ञप्ति के पूर्व 'श्री भगवती' विशेषण प्रयुक्त होने लगा और शताधिक वर्षो से तो 'भगवती' शब्द विशेषण न रहकर स्वतत्र नाम हो गया है। वर्तमान मे व्याख्याप्रज्ञप्ति की अपेक्षा 'भगवती' नाम ही अधिक प्रचलित है।

वर्तमान 'व्याख्याप्रज्ञप्ति' का प्राकृत भाषा मे 'वियाहपण्णत्ति' नाम है। कही-कही इसका नाम 'विबाह' या 'विवाहपण्णत्ति' भी मिलता है। किन्तु वृत्तिकार आचार्य श्री अभयदेव सूरि ने 'वियाहपण्णत्ति' नाम को ही प्रामाणिक माना है।[1] इसी के तीन सस्कृत रूपान्तर मानकर इनका भिन्न-भिन्न प्रकार से अर्थ किया है-

(१) **व्याख्या + प्रज्ञप्ति**–गौतमादि शिष्यो को उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नो के उत्तर मे भगवान महावीर के विविध प्रकार से कथन का समग्रतया विशद (प्रकृष्ट) निरूपण जिस ग्रन्थ मे हो अथवा जिस शास्त्र मे विविध रूप से भगवान के कथन का प्रज्ञापन-प्ररूपण किया गया हो।

---

१ भगवती वृत्ति, पत्र २

(२) **व्याख्या + प्रज्ञ + आप्ति**—व्याख्या करने की प्रज्ञा (बुद्धिकुशलता) से प्राप्त होने वाला अथवा व्याख्या करने मे प्रज्ञ (पटु) भगवान से गणधर को जिस ग्रन्थ ज्ञान की प्राप्ति हो, वह श्रुतविशेष है।

(३) **व्याख्या + प्रज्ञा + आप्ति**—व्याख्या करने की प्रज्ञापटुता से ग्रहण किया जाने वाला अथवा व्याख्या करने मे प्रज्ञ भगवान से कुछ ग्रहण करना व्याख्याप्रज्ञप्ति है।

इसी प्रकार विवाहप्रज्ञप्ति और विबाधप्रज्ञप्ति इन दोनो सस्कृत रूपान्तरों का अर्थ भी निम्नोक्त प्रकार से मिलता है-

(१) **वि + वाह + प्रज्ञप्ति**—जिसमे विविध या विशिष्ट प्रवाहो–अर्थप्रवाहो का प्रज्ञापन–प्ररूपण किया गया हो, उस श्रुत का नाम विवाहप्रज्ञप्ति है।

(२) **वि + बाध + प्रज्ञप्ति**—जिस ग्रन्थ मे बाधारहित–प्रमाण से अबाधित तत्त्वो का प्ररूपण हो, वह श्रुतविशेष विबाधप्रज्ञप्ति है।

विषय–वस्तु की विविधता

व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र मे विषयो की विविधता है। ज्ञान–रत्नाकर शब्द से यदि किसी शास्त्र को सम्बोधित किया जा सकता है तो यही एक महान् शास्त्रराज है। इसमे जैनदर्शन के ही नही, दार्शनिक जगत् के प्राय सभी मूलभूत तत्त्वो का विवेचन तो है ही, इसके अतिरिक्त विश्वविद्या की कोई भी ऐसी विधा नही है, जिसकी प्रस्तुत शास्त्र मे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से चर्चा न की गई हो। प्राचीन और वर्तमान ज्ञान विज्ञान की अनेक शाखाओ का रहस्योद्‌घाटन तथा बीज रूप मे उनका संकेत इस शास्त्र मे उपलब्ध है।

जैसे कहा जाता है–'वेद' समस्त ज्ञान विज्ञान का मूल है। उसी प्रकार भगवती सूत्र भी समस्त तत्व विद्या का आधार ग्रन्थ है। इसके विषय मे अनेक पाश्चात्य विद्वानो ने यह माना है कि इस शास्त्र मे, जीवन विज्ञान, पदार्थ विज्ञान, परमाणु विज्ञान आदि सैकडो विषयो का पहली बार निरूपण हुआ है, जो उस समय के अन्य शास्त्रो मे उपलब्ध नही है। इसमे भूगोल, खगोल, इहलोक–परलोक, स्वर्ग–नरक, प्राणिशास्त्र, रसायनशास्त्र, गर्भशास्त्र, स्वप्नशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, गणितशास्त्र, ज्योतिष, इतिहास, मनोविज्ञान, अध्यात्मविज्ञान आदि कोई भी विषय अछूता नही रहा है।

इसमे प्रतिपादित विषयो के समस्त सूत्रो का वर्गीकरण मुख्यतया निम्नोक्त १० खण्डो मे किया जा सकता है–

(१) **आचारखण्ड**—साध्वाचार के नियम, आहार, विहार एव पाँच समिति, तीन गुप्ति, क्रिया, कर्म, पचमहाव्रत आदि से सम्बन्धित विवेक सूत्र, सुसाधु, असाधु, सुसयत, असयत, सयतासयत आदि के आचार के विषय मे निरूपण आदि।

(२) **द्रव्यखण्ड**—षड्‌द्रव्यो का वर्णन–पदार्थवाद, परमाणुवाद, मन, इन्द्रियाँ, बुद्धि, गति, शरीर आदि का निरूपण।

(३) **सिद्धान्तखण्ड**—आत्मा, परमात्मा (सिद्ध–बुद्ध–मुक्त), केवलज्ञान आदि ज्ञान, आत्मा का विकसित एव शुद्ध रूप, जीव, अजीव, पुण्य–पाप, आस्रव, सवर, निर्जरा, कर्मवाद, सम्यक्त्व, मिथ्यात्व, क्रिया, कर्मबन्ध एव कर्म से विमुक्त होने के उपाय आदि।

(४) **परलोकखण्ड**—देवलोक, नरक आदि से सम्बन्धित समग्र वर्णन; नरकभूमियो के वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श का तथा नारको की लेश्या, कर्मबन्ध, आयु, स्थिति, वेदना आदि का तथा देवलोकों की संख्या, वहाँ की भूमि, परिस्थिति देव–देवियो की विविध जातियाँ, उपजातियाँ, उनके निवास–स्थान, लेश्या, आयु, कर्मबन्ध, स्थिति, सुखभोग आदि का विस्तृत वर्णन। सिद्धगति एव सिद्धो का वर्णन।

(५) **भूगोल**—लोक, अलोक, भरतादि क्षेत्र, कर्मभूमिक, अकर्मभूमिक क्षेत्र, वहाँ रहने वाले प्राणियों की गति, स्थिति, लेश्या, कर्मबन्ध, नदियाँ, पर्वत, कूट, समुद्र आदि का वर्णन।

(६) **खगोल**—सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र, तारे, अन्धकार, प्रकाश, तमस्काय, कृष्णराजि आदि का वर्णन।

(७) **गणितशास्त्र**—एकसंयोगी, द्विकसयोगी, त्रिकसयोगी, चतु सयोगी भग आदि, प्रवेशनक राशि, संख्यात, असंख्यात, अनन्त, पल्योपम, सगारोपम, कालचक्र आदि।

(८) **गर्भशास्त्र**—गर्भगत जीव के आहार, विहार, नीहार, अगोपाग, जन्म इत्यादि वर्णन।

(९) **चरित्रखण्ड**—श्रमण भगवान महावीर के सम्पर्क मे आने वाले अनेक तापसो, परिव्राजको, श्रावको, श्राविकाओ, श्रमणो, निर्ग्रन्थो, अन्यतीर्थिको, पार्श्वापत्य श्रमणो आदि के पूर्व जीवन एवं परिवर्तनोत्तर जीवन का वर्णन।

(१०) **विविध**—कुतूहलजनक प्रश्न, राजगृह के गर्म पानी के स्रोत, अश्व–ध्वनि, देवो की ऊर्ध्व–अधोगमन शक्ति, विविध वैक्रिय शक्ति के रूप, आशीविष, स्वप्न, मेघ, वृष्टि आदि के वर्णन।

व्याख्याप्रज्ञप्ति के अध्ययन 'शतक' के नाम से प्रसिद्ध हैं। यहाँ 'शतक' शब्द से सौ की संख्या का कोई सम्बन्ध नही है। यह अध्ययन के अर्थ मे रूढ है। प्रत्येक शतक मे उद्देशक रूप उपविभाग है।

४१ शतको मे विभक्त विशालकाय भगवती सूत्र मे श्रमण भगवान महावीर के स्वयं के जीवन की, गणधर गौतम आदि उनके शिष्य वर्ग की तथा भक्तो, गृहस्थो, उपासकों, उपासिकाओ, अन्यतीर्थिको और उनकी मान्यताओ की विस्तृत जानकारी मिलती है। आजीवक संघ के आचार्य गोशालक के सम्बन्ध मे इसमे विस्तृत और प्रामाणिक जानकारी प्राप्त होती है। यत्र–तत्र पुरुषादानीय भगवान पार्श्वनाथ के अनुयायी साधु–श्रावकों का तथा उनके चातुर्याम धर्म का एव चातुर्याम धर्म के बदले पचमहाव्रत रूप धर्म स्वीकार करने का विशद उल्लेख भी प्रस्तुत आगम मे मिलता है। इसमें सम्राट् कूणिक और वैशाली गणतत्र के अधिनायक महाराज चेटक के बीच जो महाशिलाकण्टक और रथमूशल महासग्राम हुए तथा इन दोनो महायुद्धो मे जो लोमहर्षक नर–सहार हुआ, उसका विस्तृत मार्मिक एव चौका देने वाला बर्णन भी अकित है।

ऐतिहासिक दृष्टि से आजीवक सघ के आचार्य मखली गोशालक, जमालि, शिवराजर्षि, स्कन्दक परिव्राजक, तामली तापस आदि का वर्णन अत्यन्त रोचक है। तत्त्वचर्चा की दृष्टि से जयन्ती श्राविका, मद्दुक श्रमणोपासक, रोक अनगार, सोमिल ब्राह्मण, भगवान पार्श्व के शिष्य कालास्यवेशीपुत्र, तुगिका नगरी के श्रावक आदि प्रकरण बहुत ही मननीय हैं। इक्कीस से लेकर तेईसवें शतक तक वनस्पतियों का जो वर्गीकरण किया गया है, वह अद्भुत है। वनस्पतिविज्ञान के लिए भी मार्गदर्शक है। पचास्तिकाय के प्रतिपादन मे धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय और आकाशास्तिकाय, ये तीनो अमूर्त होने से अदृश्य है,

वर्तमान वैज्ञानिको ने आकाश को 'स्पेस' के रूप मे स्वीकार कर लिया है। जीवास्तिकाय भी अमूर्त्त होने से अदृश्य है तथापि शरीर के माध्यम से होने वाली चैतन्यक्रिया के द्वारा वह दृश्य है। पुद्गलास्तिकाय मूर्त्त होने से दृश्य है। इस प्रकार प्रस्तुत आगम मे किया गया प्रतिपादन वैज्ञानिक तथ्यो के अतीव निकट है। इसके अतिरिक्त जीव और पुद्गल के सयोग से दृष्टिगोचर होने वाली विविधता का जितना विशद विवरण प्रस्तुत आगम मे है, उतना अन्य भारतीय दर्शन या धर्मग्रन्थो मे नही मिलता है।

कतिपय आधुनिक शिक्षित व्यक्ति भगवती सूत्र मे उक्त स्वर्ग-नरक के वर्णन को कपोल-कल्पित कहते नही हिचकिचाते। उनका आक्षेप है कि "भगवती सूत्र का आधे से अधिक भाग स्वर्ग-नरक से सम्बन्धित वर्णनो से भरा हुआ है, इस ज्ञान का जीवन मे क्या महत्त्व या उपयोग है ?"

सर्वज्ञ -सर्वदर्शी भगवान महावीर ने तथा जैनतत्त्वज्ञो ने स्वर्ग-नरक को विशेष महत्त्व दिया है, इसके पीछे महान् गूढ रहस्य छिपा है। वह यह है कि यदि आत्मा को हम अविनाशी और शाश्वत सत्तात्मक मानते है तो उसके चैतन्य स्वरूप, जड सयोग से पार्थिव जीव स्वरूप और गुणात्मक विकास-ह्रास को समझ पाने के लिए हमे स्वर्ग-नरक को भी मानना होगा। स्वर्ग नरक से सम्बन्धित वर्णन को निकाल दिया जायेगा तो आत्मवाद, कर्मवाद, लोकवाद, क्रियावाद एव मुक्तिवाद आदि सभी सिद्धान्त अपनी उपयोगिता खो देगे। जहाँ तक वैज्ञानिकता का प्रश्न है, हमे यह नही भूलना चाहिए कि विज्ञान ज्ञान के निरन्तर विकास की तथा खोज की राह है और चिन्तन, शोध, अन्वेषण, गणित, कल्पना आदि उसके उपकरण है। जो कल कल्पना माना जाता था वह आज यथार्थ बन चुका है। जिसे हम आज कल्पना समझते है वह कल के यथार्थ की सम्भावना भी हो सकती है। आगमो की अवधारणा के अनुसार स्वर्ग-नरक भी हमारे तिर्यग्लोकस्थित भूमण्डल के सदृश ही क्रमश ऊर्ध्वलोक और अधोलोक के अग है। अतिशय पुण्य और अतिशय पाप से युक्त आत्मा को अपने कृतकर्मो का फल भोगने के लिए स्वर्ग या नरक मे गये बिना कोई चारा नही। अत सर्वज्ञ- सर्वदर्शी पुरुष जगत् के अधिकाश भाग से युक्त क्षेत्र का वर्णन किये बिना कैसे रह सकते थे ?

भगवती सूत्र, अन्य जैनागमो की तरह न तो उपदेशात्मक ग्रन्थ है और न केवल सैद्धान्तिक ग्रन्थ है। इसे हम विश्लेषणात्मक ग्रन्थ कह सकते है। दूसरे शब्दो मे इसे सिद्धान्तो का गणित कहा जा सकता है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक आइन्स्टीन का सापेक्षवाद का सिद्धान्त गणित का ही तो चमत्कार है। गणित जगत् के समस्त आविष्कारो का आवश्यक अग है। अत भगवती सूत्र मे गणित सिद्धान्तो का बहुत ही गहनता एव सूक्ष्मता से प्रतिपादन किया गया है। जिसे जैनसिद्धान्त एव कर्मग्रन्थो या तत्त्वो का पर्याप्त ज्ञान नही है, उसके लिए भगवती सूत्र मे प्रतिपादित तात्त्विक विषयो की थाह पाना और उनका रसास्वादन करना अत्यन्त कठिन है।

इसके अतिरिक्त उस युग के इतिहास, भूगोल, समाज और सस्कृति, राजनीति और धर्मसस्थाओ आदि का जो यथातथ्य विश्लेषण प्रस्तुत आगम मे है, वह सर्व-साधारण पाठको एव शोधकर्त्ताओ के लिए अतीव महत्त्वपूर्ण है। छत्तीस हजार प्रश्नोत्तरो मे आध्यात्मिक ज्ञान की छटा अद्वितीय है।

प्रस्तुत आगम से यह भी ज्ञात होता है कि उस युग मे अनेक धर्म-सम्प्रदाय होते हुए भी उनमे साम्प्रदायिक कट्टरता अधिक नही होती थी। एक धर्मतीर्थ के परिव्राजक, तापस और मुनि दूसरे धर्मतीर्थ

के विशिष्ट ज्ञानी या अनुभवी परिव्राजको, तापसो या मुनियो के पास नि सकोच पहुँच जाते और उनसे ज्ञानचर्चा करते थे, और अगर कोई सत्य–तथ्य उपादेय होता तो वह उसे मुक्तभाव से स्वीकारते थे। प्रस्तुत आगम मे वर्णित ऐसे अनेक प्रसगो से उस युग की धार्मिक उदारता और सहिष्णुता का वास्तविक परिचय प्राप्त होता है। यह वर्णन आज के धर्म–सम्प्रदायो के लिए दिशादर्शक है।

इस आगम मे विषय का प्रतिपादन सर्वत्र अनेकान्त दृष्टि से हुआ है।

उदाहरणस्वरूप -इस सूत्र मे तत्त्व विद्या का प्रारम्भ **'चलमाणे चलिए'**–इस सूत्र पद से हुआ है। अर्थात् जो चलित हो चुका, वह चल गया ऐसा माना जा सकता है। आचार्य अभयदेव सूरि ने टीका मे इस पद की निश्चयनय और व्यवहारनय की दृष्टि से व्याख्या की है। उनका कहना है व्यवहारनय के अनुसार चलित को ही 'चलित' कहा जा सकता है और निश्चयनय के अनुसार 'चलमान' को भी 'चलित' कहा जा सकता है।

इस प्रकार अनेक जटिल और विवादास्पद प्रश्नो का उत्तर भगवान ने दोनों नयो को सामने रखकर अनेकान्त दृष्टि से दिया है।

प्रसिद्ध तार्किक आचार्य श्री सिद्धसेन सूरि ने लिखा है–"भगवान महावीर की सर्वज्ञता को सिद्ध करने के लिए अनेक प्रमाणो की कोई आवश्यकता नही है, उनके द्वारा प्रतिपादित **'षड्जीव निकाय'** का सिद्धान्त ही उनकी सर्वज्ञता का अकाट्य प्रमाण है। क्योकि ससार के अन्य किसी भी दार्शनिक ने षड्जीव निकाय का इतना विस्तृत और सटीक वर्णन आज तक नही किया है, जितना भगवान महावीर ने किया है।" (द्वात्रिंशिका १/१३)

उदाहरण के रूप मे भगवान महावीर ने छह जीव निकाय का जो वर्णन किया है उनमे 'त्रस जीव निकाय' तो प्रत्यक्ष सिद्ध है ही। वनस्पति निकाय के जीव अब विज्ञान को भी स्वीकार करने पडे है। पृथ्वी, पानी, अग्नि और वायु इन चार निकायो के जीव अब तक विज्ञान द्वारा पूर्णतया स्वीकृत नही हुए हैं, परन्तु जो अनुसधान व प्रयोग चल रहे है, उनसे सम्भव है, एक दिन विज्ञान के इनमे भी जीव या चेतना को स्वीकारना पडे। भगवान महावीर ने इन जीवो का अस्तित्व सिद्ध करने के लिए उन जीवो का जीवनमान, आहार, श्वास, सज्ञाएँ आदि अनेक सूक्ष्म विषयो का विस्तृत प्रतिपादन किया है। भगवान महावीर ने वनस्पति मे दस प्रकार की सज्ञाएँ बताई है–आहार, भय, मैथुन, परिग्रह, क्रोध, मान, माया, लोभ, ओघ और लोकसज्ञा। आज विज्ञान को भी वनस्पति मे इन सज्ञाओ को स्वीकार करना पडा है।

सुप्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक श्री जगदीशचन्द्र बसु ने अपने परीक्षणो द्वारा यह सिद्ध कर दिया था कि वनस्पति क्रोध और प्रेम भी प्रदर्शित करती है। स्नेहपूर्ण व्यवहार से वह पुलकित हो जाती है और घृणापूर्ण दुर्व्यवहार से वह मुरझा जाती है। श्री बसु के प्रस्तुत परीक्षण को समस्त वैज्ञानिक जगत् ने स्वीकृत कर लिया है। प्रस्तुत आगम मे वनस्पतिकाय मे १० सज्ञाएँ बताई गई है। इन सज्ञाओ के रहते वनस्पति आदि वही व्यवहार अस्पष्ट रूप से करती है जिन्हे मानव स्पष्ट रूप से करता है।

इसी प्रकार पृथ्वी मे भी जीवत्व शक्ति है, इस सम्भावना की ओर प्राकृतिक चिकित्सक एव वैज्ञानिक अग्रसर हो रहे है। सुप्रसिद्ध भूगर्भ वैज्ञानिक फ्रासिस अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "Ten Years Under Earth" मे दसवर्षीय विकट भूगर्भयात्रा के सस्मरणों में लिखते है–"मैंने अपनी इन विविध

यात्राओ के दौरान पृथ्वी के ऐसे-ऐसे स्वरूप देखे है, जो आधुनिक पदार्थविज्ञान के विरुद्ध थे। वे स्वरूप वर्तमान वैज्ञानिक सुनिश्चित नियमों द्वारा समझाये नहीं जा सकते।'' अन्त में वे स्पष्ट लिखते है- ''तो क्या प्राचीन विद्वानो ने पृथ्वी मे जो जीवत्व शक्ति की कल्पना की थी, वह सत्य है ?''

इसी प्रकार जैनदर्शन पानी की एक बूँद मे असख्यात जीव मानता है। वर्तमान वैज्ञानिको ने माइक्रोस्कोप के द्वारा पानी की बूँद का सूक्ष्म निरीक्षण करके अगणित सूक्ष्म प्राणियो का अस्तित्व स्वीकार किया है। जैन जीवविज्ञान इससे अब भी बहुत आगे है।

आधुनिक वैज्ञानिको ने अगणित परीक्षणो द्वारा जैनदर्शन के इस सिद्धान्त को निरपवाद रूप से सत्य पाया है कि कोई भी पुद्‌गल (Matter) नष्ट नही होता, वह दूसरे रूप (Form) मे बदल जाता है।

भगवान महावीर द्वारा भगवती सूत्र मे पुद्‌गल की अपरिमेय शक्ति के सम्बन्ध मे प्रतिपादित यह तथ्य आधुनिक विज्ञान से पूर्णत समर्थित है कि ''विशिष्ट पुद्‌गलों मे, जैसे तैजस् पुद्‌गल में, अग, बग, कलिग आदि १६ देशो को विध्वस करने की शक्ति विद्यमान है।''

इसी प्रकार नर-सयोग के बिना ही नारी का गर्भ-धारण, गर्भ-स्थानान्तरण आदि सैकडो विषय प्रस्तुत आगम मे प्रतिपादित है, जिन्हे सामान्य बुद्धि ग्रहण नही कर सकती, परन्तु आधुनिक विज्ञान ने नूतन शोधो द्वारा परीक्षण करके ऐसे अधिकाश तथ्य स्वीकृत कर लिए है, धीरे- धीरे शेष विषयो को भी परीक्षण करके स्वीकृत कर लेगा, ऐसी आशा है।

प्रस्तुत आगम मे षड्‌द्रव्यात्मक लोक (जगत्) को अनादि एव शाश्वत बताया गया है। आधुनिक विज्ञान भी जगत् (जीव-अजीवात्मक) की कब सृष्टि हुई, इस विषय में जैनदर्शन के निकट पहुँच गया है। प्रसिद्ध जीवविज्ञानवेत्ता जे बी एच हाल्डेन का मन्तव्य है कि ''मेरे विचार मे जगत् की कोई आदि नही है।''

भारतीय धर्मो के पाश्चात्य विद्वान् डॉ वाल्टर शुब्रिग ने लिखा है-''जीव--अजीव और पचास्तिकाय का सिद्धान्त भगवान महावीर के मौलिक चिन्तन की देन है।'' भगवती सूत्र मे जीव और पुद्‌गल का जितना और सर्वाग निरूपण है, वह अन्य प्राचीन धर्मग्रन्थो मे सुलभ नही है।

प्रस्तुत आगम भगवान महावीर के दर्शन तथा तत्त्वविद्या का प्रतिनिधिशास्त्र है। डॉ शुब्रिग भगवती सूत्र को पढकर इतने प्रभावित हुए है कि वे बडी मार्मिक भाषा मे लिखते है-

''महावीर एक सुव्यवस्थित (निरूपण के) पुरस्कर्त्ता है। उन्होने अपने निरूपणो मे प्रकृति मे पाये जाने वाले तत्त्वो को स्थान दिया, जैसा कि **विआहपण्णत्ती** के कुछ अवतरणो से स्पष्टतया परिलक्षित होता है। उदाहरणार्थ-रायगिह (राजगृह) के समीपस्थ उष्ण जल स्रोत, जहाँ वे स्वय अवश्य गये होगे, के सम्बन्ध मे उनकी व्याख्या (९४), वायु सम्बन्धी उनका सिद्धान्त (११०) तथा अग्नि एव वायु जीवो के सामुदायिक जीवन (१०५) आदि के विषय मे उनकी व्याख्या। आकाश मे उडने वाले पदार्थ की गति मन्द होती जाती है (विआहपण्णत्ती १७६-बी, जीवाभिगम ३७४-बी)-यह निष्कर्ष महावीर ने सम्भवत गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव के आधार पर निकाला होगा। इसी प्रकार, एक सरपट चौकडी भरते हुए अश्व के हृदय और यकृत के बीच उद्‌भूत 'कव्वडय' नामक वायु के द्वारा 'खू-खू' की आवाज की उत्पत्ति (विआहपण्णत्ती ४९९-बी) को भी हम विस्मृत नही कर सकते। इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि प्राचीन भारत के जिन मनीषियो के विषय मे हमे जानकारी है उन सबमे सर्वाधिक

ज्ञानवान् मनीषी महावीर को संख्या और गणित के प्रति रुचि थी तथा उनके प्रवचनों में इन विषयों का असाधारण वैशिष्ट्य झलकता है। यद्यपि बहुत सारे प्रसगो में यह सिद्ध करना कठिन है कि उनमे से कितना निरूपण उनका अपना है तथा कितना दूसरो का है, फिर भी कहीं–कही वे स्वय स्पष्ट रूप से अपने आपको अमुक सिद्धान्त के निरूपक के रूप मे घोषित करते है। वे स्वय कहते है–"**एवं खलु, गोयमा, मए सत्त सेढीओ पण्णत्ताओ।**" (विआहपण्णत्ती ९५४-बी)–इस प्रकार मैने सात श्रेणियो का निरूपण किया है। इन सबके सन्दर्भ मे परमाणुओ और आकाश–प्रदेशो के जघन्य एवं उत्कृष्ट अंको का विवेचन किया है, जो हमे गणनात्मक चिन्तन तक पहुँचाता है। इन सबमे हमे एक परिवारगत रुचि दृष्टिगोचर हो रही है। जहाँ इसके साथ इसको प्रयोग में लाने की रुचि भी जुडती है, वहाँ सम्भवतः हम महावीर के मौलिक विचार से साक्षात्कार करते है।"[1]

डॉ जे. डेल्यू[2] ने लिखा है–"निष्कर्ष रूप मे मै कहना चाहूँगा कि 'अन्यतीर्थिक आगम–पाठो' मे अनेक विविधतापूर्ण विषयो की जो चर्चा की गई है, वे **महावीर के व्यक्तित्व को एक चिन्तक एवं एक प्रणेता**

---

1 The Doctrines of the Jainas, pp 40-41—Even individual traits borrowed from nature have been incorporated into the total conception by Mahavira, the systematizer, as is shown by many passages of the Viy Thus his explanation for a hot spring he must have visited near Rayagiha (94), his theory of the wind (110), and the life-community of fire and wind (105) The fact that the movement of a flying object slows down (Viy 176-b, Jiv 374-b) was probably concluded by Mahavira from the effect of gravitation Nor should we omit the wind Kavvadaya (Viy 499-b) arising between the heart and the liver and causing within a galloping horse the sound of khu-khu Above all, however the most versatile thinker we know of ancient India, had a liking for figures and arithmatic, that characterizes his speeches most extraordinarily In most cases we are not able to prove which considerations are his own and which are of others, but he calls himself the author of a theory of the 7 possible lines **(evam Khalu, Goyama, mae satta sedhio pannattao)** (Viy 954-b) In referring to them the minimum and maximum numbers of the atoms and space units are being discussed, and this leads us up to the calculative reflections In them a certain family likeness seems to become apparent, and where it goes together with a special liking for applying it we are probably confronted with an original idea of Mahavira's

2 Dr J Deleu's article on "Lord Mahavira and the Anyatirthikas" in "Mahavira and His Teachings" p 193—"In conclusion I would like to state, that the great diversity of topics discussed in the anyatirthika texts is illustrative both of Mahavira's personality as a thinker and a teacher, and of that wonderful time of creative ferment in religion and philosophy that was his It would seem that Mahavira, more than anyone around him, even more than the Buddha, was inspired by the spiritual unrest and eagerness of his day Speaking of the Buddha, and probably comparing him with the Jina, Frauwallner, in his History of Indian Philosophy, expressed the opinion that 'his (the Buddha's) contribution to the enlargement of the range of philosophical ideas in his time was a rather small one' A severe verdict indeed, which, however is soundly based on the Buddha's well-known stern refusal to consider a great many question that occupied his contemporaries Because of his systematic approach to all these question, Mahavira has, I think, rightly been called 'the most versatile thinker we know of in ancient India "

के रूप में प्ररूपित करते है तथा उस अद्‌भुत युग का चित्रण भी, जब धर्म और दर्शन का सृजनात्मक दौर चल रहा था। ऐसा प्रतीत होता है कि महावीर उस युग के अन्य किसी भी दार्शनिक की तुलना में, यहाँ तक कि बुद्ध की तुलना मे भी अपने समय के आध्यात्मिक उत्साह एव उत्कटता से अधिक प्रेरित थे। ई फ्राउवालनार[1] ने अपने ग्रन्थ 'हिस्ट्री ऑफ इण्डियन फिलोसोफी' मे बुद्ध के विषय मे सम्भवतः जिन (महावीर) से उनकी तुलना करते समय, यह अभिमत व्यक्त किया है कि उनका (बुद्ध का) दार्शनिक विचारो के क्षेत्र के विकास मे अपेक्षाकृत बहुत थोडा योगदान मिला। यद्यपि यह फैसला बहुत अधिक कडा है, फिर भी यह एक मजबूत आधारभित्ति पर आधारित है कि बुद्ध अपने समकालीन दार्शनिको के सामने आने वाले प्रश्नो के उत्तर देने से साफ इन्कार कर देते थे। चूँकि महावीर ने इन सभी प्रश्नो के बहुत ही व्यवस्थित रूप से उत्तर दिये, इसलिए उन्हे जो प्राचीन भारत के ज्ञानी चिन्तको मे सर्वाधिक ज्ञानी कहा गया है, वह बिल्कुल उचित ही है।''

पाश्चात्य जगत् के प्रसिद्ध विद्यानुरागी शोधकर्ताओ के ये उद्‌गार भगवती सूत्र की ज्ञान-विज्ञान सम्बन्धी गम्भीरता और उत्कृष्टता का वास्तविक मथन है।

प्रस्तुत आगम मे गतिविज्ञान, भावितात्मा द्वारा नाना रूपो का निर्माण, भोजन और नाना रूपो के निर्माण का सम्बन्ध, चतुर्दशपूर्वी द्वारा एक वस्तु के हजारो प्रतिरूपो का निर्माण, भावितात्मा द्वारा आकाशगमन, पृथ्वी आदि स्थावर जीवो का श्वास-उच्छ्‌वास, गतिप्रवाद अध्ययन की प्रज्ञापना, कृष्णराजि, तमस्काय, परमाणु की गति, दूरसचार आदि अनेक महत्त्वपूर्ण प्रकरण है। उनका वैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन अपेक्षित है।

बिलक्षण विवेचन-शैली

भगवती सूत्र की रचना प्रश्नोत्तरो के रूप मे हुई है। प्रश्नकर्त्ताओ मे मुख्य है-श्रमण भगवान महावीर के प्रधान शिष्य गणधर इन्द्रभूति गौतम। इनके अतिरिक्त माकन्दिपुत्र, रोह अनगार, गणधर अग्निभूति, वायुभूति आदि। कभी-कभी स्कन्दक आदि कई परिव्राजक, तापस एव पार्श्वापत्य अनगार आदि भी प्रश्नकर्त्ता के रूप मे उपस्थित होते है। कभी अन्य धर्मतीर्थावलम्बी भी वाद विवाद करने या शका के समाधानार्थ आ पहुँचते है। कभी तत्कालीन श्रमणोपासक अथवा जयन्ती आदि जैसी श्रमणोपासिकाएँ भी प्रश्न पूछकर समाधान पाती है। प्रश्नोत्तरो के रूप मे ग्रथित होने के कारण इसमे कई बार पिष्ट-पेषण भी हुआ है, जो किसी भी सिद्धान्तप्ररूपक के लिए अपरिहार्य है, क्योकि किसी भी प्रश्न को समझाने के लिए उसकी पृष्ठभूमि बतानी भी आवश्यक हो जाती है।

एक बात और है-भगवती सूत्र मे विषयो का विवेचन प्रज्ञापना, स्थानाग आदि शास्त्रो की तरह सर्वथा विषयबद्ध, क्रमबद्ध एव व्यवस्थित पद्धति से नही है और न गौतम गणधर के प्रश्नो का सकलन ही किसी पूर्व निश्चित क्रम से है। इसका कारण भगवती सूत्र के अध्येता को इस शास्त्र मे अवगाहन करने से स्वत ज्ञात हो जायेगा कि गौतम गणधर के मन मे जब किसी विषय के सम्बन्ध मे स्वत या किसी अन्यतीर्थिक अथवा स्वतीर्थिक व्यक्ति का या उससे सम्बन्धित वक्तव्य सुनकर जिज्ञासा उत्पन्न हुई,

1 E Frauwallner, Geschictite der Indischen Philosophie (Salzburg 1953), vol I, p 247, cf, also p 253

तभी उन्होने भगवान महावीर के पास जाकर सविनय अपनी जिज्ञासा प्रश्न के रूप मे प्रस्तुत की। अत· सकलनकर्त्ता श्री सुधर्मा स्वामी गणधर ने उस प्रश्नोत्तर को उसी क्रम से, उसी रूप मे ग्रथित कर लिया। अत. यह दोष नही, बल्कि प्रस्तुत आगम की प्रामाणिकता सिद्ध करता है।

इससे सम्बन्धित एक प्रश्न वृत्तिकार ने प्रस्तुत शास्त्र के प्रारम्भ मे, जहाँ से प्रश्नो की शुरूआत होती है, उठाया है कि प्रश्नकर्त्ता गणधर श्री इन्द्रभूति गौतम स्वय द्वादशांगी के विज्ञाता है। श्रुत के समस्त विषयो के पारगामी है, सब प्रकार के सशयो से रहित है। इतना ही नही, वे सर्वाक्षरसन्निपाती है, मति, श्रुत, अवधि और मन पर्यायज्ञान के धारक है, एक दृष्टि से सर्वज्ञ–तुल्य है, ऐसी स्थिति मे सशययुक्त सामान्यजन की भाँति उनका प्रश्न पूछना कहाँ तक युक्तिसगत है? इसका समाधान स्वय वृत्तिकार ही देते है-(१) गौतम स्वामी कितने ही अतिशययुक्त क्यो न हो, छद्मस्थ होने के नाते उनसे भूल होना असम्भव नही। (२) स्वय जानते हुए भी, अपने ज्ञान की अविसवादिता के लिए प्रश्न पूछ सकते है। (३) स्वय जानते हुए भी अन्य अज्ञानिजनो के बोध के लिए प्रश्न पूछ सकते है। (४) शिष्यो को अपने वचन मे विश्वास जमाने के लिए भी प्रश्न पूछा जाना सम्भव है। अथवा (५) शास्त्ररचना की यही पद्धति या कथन प्रणाली है। इनमे से एक या अनेक कुछ भी कारण हो, गणधर गौतम का प्रश्न पूछना असगत नही कहा जा सकता।

प्रस्तुत आगम मे अनेक प्रकरण कथा–शैली मे लिखे गये है। जीवन–प्रसगो, घटनाओ और रूपको के माध्यम से कठिन विषयो को सरस करके प्रस्तुत किया गया है। भगवान महावीर को जहॉ कही कठिन विषय को उदाहरण देकर समझाने की आवश्यकता महसूस हुई, वहाँ उन्होने दैनिक जीवनधारा से कोई उदाहरण उठाकर उत्तर दिया है। किसी भी प्रश्न का उत्तर देने के साथ -साथ वे हेतु का निर्देश भी किया करते थे। जहॉ एक ही प्रश्न के एक से अधिक उत्तर–प्रत्युत्तर होते, वहाँ वे प्रश्नकर्त्ता की दृष्टि और भावना को मद्देनजर रखकर तदनुरूप समाधान किया करते थे। जैसे–**रोहक** अनगार के प्रश्न के उत्तर मे स्वय प्रतिप्रश्न करके भगवान ने प्रत्युत्तर दिया है।

मुख्य रूप मे यह आगम प्राकृत भाषा मे या कही–कही शौरसेनी भाषा मे सरल–सरस गद्य–शैली मे लिखा हुआ है। प्रतिपाद्य विषय का सकलन करने की दृष्टि से प्रारम्भ मे सग्रहणी गाथाओ के रूप के कही -कही पद्य भाग भी उपलब्ध होता है। कही पर स्वतत्र रूप से प्रश्नोत्तरो का क्रम है, तो कही किसी घटना के पश्चात् प्रश्नोत्तरो का सिलसिला चला है।

प्रस्तुत आगम मे **जहा पण्णवणाए** एव **जहा जीवाभिगमे** आदि पदो मे द्वादशागी से–पश्चात्वर्ती काल मे रचित राजप्रश्नीय, औपपातिक, प्रज्ञापना, जीवाभिगम, प्रश्नव्याकरण एव नन्दी सूत्र आदि (मे वर्णित अमुक विषयो) का अवलोकन करने का निर्देश या उल्लेख देखकर इतिहासवेत्ता विद्वानो का यह अनुमान करना यथार्थ नही है कि यह आगम अन्य आगमो के बाद मे रचा गया है। वस्तुत जैनागमो को लिपिबद्ध करते समय देवर्द्धिगणी क्षमाश्रमण ने ग्रन्थ की अनावश्यक बृहद्ता कम करने तथा अन्य सूत्रो मे वर्णित विषयो की पुनरावृत्ति से बचने की दृष्टि से पूर्व लिखित आगमो का निर्देश–अतिदेश किया है ऐसा अनुमान है। आगम -लेखनकाल मे सभी आगम क्रम से नही लिखे गये थे। जो आगम पहले लिखे जा चुके थे, उन आगमो मे उस विषय का विस्तार से वर्णन पहले हो चुका था, अत. उन विषयो की पुनरावृत्ति न हो,

ग्रन्थगुरुत्व न हो, इसी उद्देश्य से श्री देवर्द्धिगणी आदि पश्चाद्वर्ती आगम लेखको ने इस निर्देश पद्धति का अवलम्बन लिया था। इसी आधार पर यह आगम पश्चाद्ग्रथित है, ऐसा निर्णय नही करना चाहिए। वस्तुत व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र गणधर रचित ही है, इसकी मूल रचना प्राचीन ही है।

प्रस्तुत संस्करण

भगवती सूत्र पर अब तक अनेक विद्वानो के अनुवाद, विवेचन आदि प्रकाशित हो चुके है। हमने अपने अनुवाद मे मुख्य रूप मे इन सस्करणो का आधार लिया है–(१) भगवती सूत्र–सात भाग : प घेवरचन्द जी बाँठिया द्वारा सम्पादित, (२) व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र–चार भाग मेरे (अमर मुनि) द्वारा सम्पादित विवेचन सहित, तथा (३) भगवई–दो भाग आचार्य महाप्रज्ञ जी द्वारा सम्पादित।

यद्यपि इस सूत्र के विवेचन मे जितना विस्तार और तुलनात्मक अध्ययन अपेक्षित है, वैसा संस्करण अब तक उपलब्ध नही है, फिर भी आवश्यक और उपयोगी विवेचन को हमने सरल रूप मे प्रस्तुत कर दिया है। इसकी विशेषता है हिन्दी के साथ अग्रेजी भाषा मे अनुवाद। अग्रेजी अनुवाद के कारण अन्तर्राष्ट्रीय विद्वद् जगत् मे भी इसकी उपयोगिता बढ गई है। यह तो निश्चित है कि अग्रेजी भाषा मे जैन आगमो के पारिभाषिक शब्द उपलब्ध नही है। अत उनका शब्दश अनुवाद सम्भव ही नही है। हमने मूल शब्द को सुरक्षित रखते हुए उस शब्द की परिभाषा व व्याख्या अग्रेजी मे वही पर दे दी है। जिस कारण पाठक मूल शब्द के आशय को अच्छी प्रकार ग्रहण कर सकेगा।

यो तो इस सूत्र मे विषय को स्पष्ट करने के लिए बहुत अधिक चित्रो की अपेक्षा थी, परन्तु अपनी समय सीमा, पृष्ठ सख्या व अन्य बातो को ध्यान मे रखते हुए कुछ महत्त्वपूर्ण विषयो के रगीन चित्र प्रस्तुत किये है, जिस कारण गम्भीर विषय मे रोचकता बढ गई है।

महत्त्वपूर्ण शब्दो का अग्रेजी पारिभाषिक शब्दकोष भी परिशिष्ट मे देने का हमारा प्रयत्न है।

श्रुत- सेवा के लिए मुझे सतत प्रेरणा एव मार्गदर्शन करने वाले पूज्य गुरुदेव उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म का पावन स्मरण किये बिना मेरा यह प्राक्कथन अपूर्ण ही रहेगा। मैने जो कुछ प्राप्त किया है और जो वर्तमान मे कर रहा हूँ, वह सब उन्ही गुरुदेव की कृपा तथा आशीर्वाद का ही शुभ फल है।

सदा की भाँति सचित्र आगम प्रकाशन की पावन श्रुत–सेवा मे श्रीचन्द जी सुराना, श्री सुरेन्द्र जी बोथरा, सुश्रावक श्री राजकुमार जी जैन जैसे विद्वान् सम्पादक बन्धुओ का तथा प्रकाशन सहयोगी गुरुभक्तो का जो प्रेम व सौहार्दपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है, उसके प्रति बहुत–बहुत साधुवाद।

जैन स्थानक,
लुधियाना।

–प्रवर्तक अमर मुनि
(उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक)

PREFACE

BEST AMONG THE ELEVEN ANGAS : BHAGAVATI SUTRA

In the corpus of Jain Agamic literature the twelve *Angas*, popularly known as *Dvadashangi* (The Twelve Limbed), are accepted as the original source books. *Drishtivad*, the last of the twelve books, being extinct, only eleven *Angas* are available in modern times These are popularly known as *Ekadashangi* (The Eleven Limbed) or *Ganipitak* (The Box of Ganis)

Bhagavati or *Vyakhya Prajnapti*, the fifth *Anga* is believed to be the best of *Angas* (head) In fact, *Bhagavati Sutra* is the top ranking and most voluminous among the available *Agams* Like other *Angas*, this too has been compiled by Sudharma Swami, the fifth *Ganadhar*.

NAME AND IMPORTANCE

The sermon of *Vitaraga Sarvajna Prabhu* (the Detached Omniscient Lord) is lavished with an astonishing treasure of knowledge. It is natural that this gem of scriptures; made up of the compilation of profound answers by Shraman Bhagavan Mahavir to 36,000 questions by Ganadhar Guru Shri Indrabhuti Gautam, the embodiment of infinite powers, and other *Ganadhars, Sthavirs* (senior ascetics) and *Shramans*; evokes feelings of earnest devotion and deep respect in masses The sermon of *Vitaraga Sarvajna Prabhu* has the unique capacity of transforming and purifying the whole life. In a way it is divine power That is why whenever there is a recitation of *Vyakhya Prajnapti* the minds of devotees brim with devotion and, like a peacock, dance in exhilaration when they receive the words of Jineshvar Bhagavan Mahavir Prabhu addressed to Ganadhar Bhagavan Gautam Swami Respectful devotees consider attending the recital of this scripture to be a rare and unprecedented opportunity As a result this comparatively voluminous and reverential scripture acquired the adjective '*Bhagavati*' before its name *Vyakhya Prajnapti* For more than a century the adjective '*Bhagavati*' has turned into an independent epithet At present its more popular name is *Bhagavati* rather than *Vyakhya Prajnapti*.

The Prakrit name of *Vyakhya Prajnapti* is *Viyaha Pannati*. At some places it is also mentioned as *Vibaha* or *Vivaha Pannati*. However, Abhayadev Suri, the commentator (Vritti), has accepted *Viyaha Pannati* as the authentic name Taking three transliterations of this name in Sanskrit he has interpreted the name three ways—

(1) Vyakhya + Prajnapti—The book that contains complete and elaborate (*prakrisht*) exposition of the variety of statements given by Bhagavan Mahavir in answer to the questions posed to him by Gautam and other disciples In other words, the book that contains the elucidation (*prajnapan*) of statements given by Bhagavan Mahavir in various ways

(2) Vyakhya + Prajna + apti—Acquired through the wisdom (*prajnaa*) of elaboration (*vyakhya*) Also the specific canon that has been acquired from *Bhagavan* by *Ganadhars* who have the wisdom (*prajnaa*) of elaboration

(3) Vyakhya + Prajnaa + apti—Acquired through the expertise (*prajnaa*) of elaboration Also to acquire from *Bhagavan* who has the expertise (*prajnaa*) of elaboration

In the same way the meanings of the other two Sanskrit transliterations are also available as follows—

(1) Vivaha Pannati—The canon that contains exposition of various or special flows of meanings is called *Vivaha Pannati*

(2) Vibadha Pannati—The canon that contains exposition of fundamentals unabated by or independent of need of authentication is called *Vibadha Pannati*

VARIETY OF SUBJECTS

Vyakhya Prajnapti Sutra has a large variety of subjects If some scripture can be called the ocean of knowledge (*jnana ratnakar*) it is only this great acme of scriptures It contains discussions not only on Jain philosophy but almost all fundamentals of the realm of philosophy Besides this there is hardly any topic of universal knowledge that has not been discussed in this great work directly or indirectly Available in this scripture are the expositions or pointers of numerous branches of knowledge and science, ancient as well as modern.

It is said that the *Vedas* are the source books of all knowledge and science In the same way *Bhagavati Sutra* too is the source book of all metaphysical knowledge Many western scholars believe that biology, physics, particle physics and hundreds of other subjects, that find no place in other scriptures of that time, were presented for the first time in this book The long list of topics dealt with in this book include geography, astronomy, this life and that beyond, heaven-hell, biology, chemistry, obstetrics, dreams, geology, mathematics, astrology, history, psychology, spiritualism etc

The subjects discussed in this work can be broadly classified into ten sections—

(1) Achar Khand (Section on Conduct)—Codes of ascetic conduct, prudence related to food, movement, five *samitis* (self-regulations), three *guptis* (restraints), action, *karma* and five great vows; delineation of the conduct of good ascetic, non-ascetic, restrained, unrestrained and restrained-unrestrained ascetics; and other allied topics.

(2) Dravya Khand (Section on Entities)—Description of six entities or the physical world (*Padarth-vaad*), ultimate particles (*Paramanu-vaad*), mind, sense organs, intellect, movement, body and other related topics

(3) Siddhant Khand (Section on Ontology)—Soul (*atma*), *Paramatma* or Supreme soul (perfected, enlightened and liberated), knowledge (*jnana*) including omniscience (*Keval-jnana*), developed and pure state of soul, being (*jiva*), non-being (*ajiva*), merit-demerit (*punya-paap*), inflow of *karmas* (*asrava*), blockage of inflow of *karmas* (*samvar*), shedding of *karmas (nirjara)*, *karma* theory (*karma-vaad*), righteousness (*samyaktva*), unrighteousness (*mithyatva*), action (*kriya*), *karmic* bondage (*karmabandh*), methods of salvation from bondage and other related topics

(4) Par-lok Khand (Section on Reincarnation or Next Life)—Descriptions of divine realm (*Dev-lok*), infernal world and other areas Detailed descriptions of colour, smell, taste and touch of infernal worlds, *leshya* (soul-complexion), *karmic* bondage, age, life-span and sufferings of infernal beings and number, land, conditions, castes and sub-castes, abodes, *leshya*, age, *karmic* bondage, life-span and enjoyments of divine beings. Description of liberated souls and the state of liberation (*Siddha Gati*)

(5) Bhugoal (Geography)—*Lok* (occupied space or the universe), *Alok* (unoccupied space or the space beyond), Bharat and other countries, land of endeavour (*Karmabhumi*) and land of enjoyment (*Akarmabhumi*) along with the description of the birth, life-span, *leshya* and *karmic* bondage of beings living there as well as rivers, mountains, hills, seas and other features

(6) Khagoal (Astronomy)—Description of sun, moon, planets, constellations, stars, darkness, light, bodies of darkness (*Tamaskaya*), areas of darkness (*Krishnaraji*) etc

(7) Ganit Shastra (Mathematics)—Alternatives of combinations of one, two, three and four things, *Praveshanak Rashi, samkhyat* (countable), *asamkhyat* (innumerable), *anant* (infinite), *Palyopam* and *Sagaropam* (metaphoric units of time), *Kaal Chakra* (cycle of time) etc

(8) Garbha Shastra (Obstetrics)—Description of food intake, movement, development, body parts and birth of a being in womb

(9) Charitra Khand (Biographical Section)—Stories of pre and post contact life of numerous hermits (*Tapas*), mendicants (*Parivrajak*), lay Jains (*Shravak-Shravikas*), Jain ascetics (*Shraman Nirgranths*), people of other faith (*anyatirthiks*), ascetic of Parshva tradition etc., who came in contact with Shraman Bhagavan Mahavir.

(10) Vividh (Miscellaneous)—Descriptions of curious and strange questions about hot springs in Rajagriha, sound of horses, power of upward and downward movement of gods, various manifestations of the power of transmutation (*Vaikriya Shakti*), deadly poison, dreams, clouds, rain etc

The chapters of *Vyakhya Prajnapti* are popularly known as *Shataks* Here the term *shatak* has no relevance with the number hundred. Here it just means chapter Each *shatak* has sub-divisions titled *uddeshak* (lesson)

The forty one chapters of the voluminous work *Bhagavati Sutra* provide details about the life of Shraman Bhagavan Mahavir as well as Ganadhar Gautam and other disciples, devotees, householders and worshippers along with the life and beliefs of followers of other schools It contains elaborate and authentic information about Acharya Goshalak, the head of the Ajivak Sangh At places in this scripture, there is detailed information about the lay and ascetic followers of Purushadaniya Bhagavan Parshva Naath and their conversion from the *Chaturyam Dharma* (four dimensional religion) to *Panch Mahavrat Dharma* (the religion of five great vows) Also included is the detailed, touching and shocking narrative of the terrible massacre in the two great battles, popularly known as Mahashilakantak and Rath-mushal battles, between Emperor Kunik and Maharaj Chetak, the president of Vaishali Republic

From historical viewpoint the narratives about Acharya Mankhali Goshalak, the head of the Ajivak Sangh; Jamali, Shiva Rajarshi, Skandak Parivrajak, Tamali Tapas and many others are very interesting The episodes of Jayanti Shravika, Madduk Shramanopasak, Rohak Anagar, Somil Brahmin, Bhagavan Parshva's disciple Kalasyaveshiputra and Shravaks of Tungika city are worth pondering from metaphysical angle The classification of plants mentioned in chapters twenty first to twenty third is astonishing and inspiring from botanical viewpoint Among the five ontological categories (*panchastikaya*) *Dharmastikaya*, *Adharmastikaya* and *Akashastikaya* are invisible as they are formless. Modern science has accepted *Akash* as space. Being formless *Jivastikaya* (soul entity) is also invisible However, it is comprehensible through the sentient activity it performs with the help of the body. As it has form, *Pudgalastikaya* (matter entity) is visible. Thus the theories propounded

in this *Agam* closely resemble the scientific facts. Besides these the elaborate details mentioned in this *Agam* about the multitude of diversities manifested through the interplay of soul and matter is not available in any other philosophical or religious work, Indian or foreign.

Many modern educated individuals do not hesitate to brand the said descriptions of heaven and hell as flights of fantasy. They maintain—"More than half of *Bhagavati Sutra* is filled with the descriptions of heavens and hells. What is the importance or use of such information in everyday life ?"

All-seeing and all-knowing Bhagavan Mahavir and later Jain philosophers gave special importance to heaven and hell for a special veiled purpose. And it is that if we accept soul as immortal and eternal entity, we also have to accept the concept of heaven and hell in order to comprehend its form as independent vibrant life-force, its tangible form manifested through combination with matter and its qualitative progress and regress All the concepts and principles of *Atma-vaad* (theory of soul), *Karma-vaad* (theory of *karma*), *Lok-vaad* (theory of universe), *Kriya-vaad* (theory of endeavour) and *Mukti-vaad* (theory of liberation) will lose their significance and utility if the descriptions of heaven and hell are deleted. As regards the scientific attitude, we should not forget that science is the path of continuous search and development of knowledge. Contemplation, research, invention, mathematics, imagination and the like are some of the tools to pursue that What was said to be fantasy yesterday has become fact today What we take to be fantasy today may be pregnant with facts of tomorrow According to the *Agamic* concept heaven and hell are parts of the upper and lower worlds as our earth is a part of the transverse world A soul endowed with extremes of merit and demerit has no alternative but to be born in heaven or hell in order to enjoy or suffer the fruits of the acquired *karmas*. How could an all-seeing and all-knowing individual avoid describing the part of this universe that forms the whole arena of the play of souls ?

Unlike other Jain *Agams, Bhagavati Sutra* is neither a sermonic work nor exclusively doctrinal. We may call it an analytical work In other words it may be called the mathematics of doctrines. Einstein's famous theory of relativity is, indeed, a miracle of mathematics. Mathematics is an essential component of all inventions in the world. For this reason alone mathematical theories have been profoundly and minutely elaborated in *Bhagavati Sutra*. Without a working knowledge of *Karmagranths* and fundamentals one will find it extremely difficult to fathom the metaphysical subjects propounded in *Bhagavati Sutra*.

Besides this the factual analysis of history, geography, society, culture, politics and religious institutions provided in this *Agam* is very useful and important for all readers including researchers The panorama of spiritual knowledge the thirty six thousand questions and answers present is unique

This scripture informs us that in spite of numerous religious sects existing during that period, sectarian dogmatics was minimum. Mendicants, hermits and ascetics of one school went to those of others without any hesitation for spiritual dialogue and had no reservations whatsoever in accepting truth and facts revealed during discussions These details provide inspiring guidance to modern religious sects having a tendency to shun interaction.

In this *Agam* each and every subject has been presented with relative or non-absolutistic viewpoint

For example the discussion on fundamentals (ontological categories) starts with the phrase 'moving means moved' (*chal-mane chaliye*) which means that a thing that has commenced movement can be accepted as moved Acharya Abhayadev Suri has elaborated this phrase both from *Nishchaya naya* (noumenal or transcendental viewpoint) and *Vyavahar naya* (empirical or conventional standpoint) He says that from conventional standpoint only a thing that has already moved can be called as moved but from transcendental viewpoint that which is in the process of moving can be called as moved

This way *Bhagavan* has answered many such complex questions from both these standpoints applying the relative standpoint.

Renowned logician Acharya Siddhasen Suri has stated—"In order to prove omniscience of Bhagavan Mahavir not many evidences are needed The concept of six life forms (*shadjiva nikaya*) is an irrefutable proof of his omniscience This is because no other philosopher has provided such elaborate and authentic description of six life forms as done by Bhagavan Mahavir" (*Dvatrinshika* 1/13)

५. [प्र. १] हे भन्ते ! क्या यह निश्चित कहा जा सकता है कि–(१) जो चल रहा हो, वह चला ? (२) जो (कर्म) उदीरा जा रहा है, वह उदीर्ण हुआ ? (३) जो (कर्म) वेदा (भोगा) जा रहा है, वह वेदा गया ? (४) जो गिर रहा है (पतित या नष्ट हो रहा है), वह गिरा (पतित हुआ या हटा) ? (५) जो (कर्म) छेदा जा रहा है, वह छिन्न हुआ ? (६) जो (कर्म) भेदा जा रहा है, वह भिन्न हुआ ? (७) जो (कर्म) दग्ध हो रहा है, वह दग्ध हुआ ? (८) जो मर रहा है, वह मरा ? (९) जो (कर्म) निर्जरित हो रहा है, वह निर्जीण हुआ ?

[उ.] हाँ, गौतम ! जो चल रहा हो, उसे चला, यावत् निर्जरित हो रहा है, उसे निर्जीण हुआ (कहा जा सकता है)।

5. [Q. 1] *Bhante* ! Is it proper to express with certainty about—(1) a thing that is moving as moved ? (2) a thing (*karma*) that is fructifying as fructified ? (3) a thing (*karma*) that is being experienced as experienced ? (4) a thing (*karma*) that is falling or separating as fallen or separated ? (5) a thing (*karma*) that is being cut as cut ? (6) a thing (*karma*) that is being pierced as pierced ? (7) a thing (*karma*) that is burning as burnt ?

(8) a thing that is dying as dead ? (9) a thing (*karma*) that is being shed as shed ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It is so. (It is proper to express with certainty about—) a thing that is moving as moved... and so on up to... a thing (*karma*) that is being shed as shed.

[प्र. २] एए णं भंते ! नव पदा किं एगट्ठा नाणाघोसा नाणावंजणा उदाहु नाणट्ठा नाणाघोसा नाणावंजणा ?

[उ.] गोयमा ! (१) चलमाणे चलिए, (२) उदीरिज्जमाणे उदीरिए, (३) वेइज्जमाणे वेइए, (४) पहिज्जमाणे पहीणे, एए णं चत्तारि पदा एगट्ठा नाणाघोसा नाणावंजणा उप्पन्नपक्खस्स। (१) छिज्जमाणे छिन्ने–(२) भिज्जमाणे भिन्ने, (३) डज्झमाणे डड्ढे, (४) मिज्जमाणे मडे, (५) निज्जरिज्जमाणे निज्जिण्णे, एए णं पंच पदा नाणट्ठा नाणाघोसा नाणावंजणा विगतपक्खस्स।

[प्र. २] भगवन् ! क्या ये नौ पद, नाना-घोष और नाना-व्यंजनो वाले एकार्थक है ? अथवा नाना-घोष वाले और नाना-व्यजनों वाले भिन्नार्थक पद हैं ?

[उ.] हे गौतम ! (१) जो चल रहा है, वह चला, (२) जो उदीरा जा रहा है, वह उदीर्ण हुआ, (३) जो वेदा जा रहा है, वह वेदा गया, और (४) जो नष्ट हो रहा है, वह नष्ट हुआ, ये चारों पद उत्पन्न पक्ष की अपेक्षा से एकार्थक, नाना-घोष वाले और नाना-व्यजनो वाले हैं तथा (१) जो छेदा जा रहा है, वह छिन्न हुआ, (२) जो भेदा जा रहा है, वह भिन्न हुआ, (३) जो दग्ध हो रहा है, वह दग्ध हुआ, (४) जो मर रहा है, वह मरा, और (५) जो निर्जीण किया जा रहा है, वह निर्जीर्ण हुआ, ये पाँच पद विगत पक्ष की अपेक्षा से नाना अर्थ वाले, नाना-घोष वाले और नाना-व्यंजनों वाले है।

[Q. 2] *Bhante* ! Do these nine sentences have the same meaning with different sounds and different nuances ? Or have they different meanings with different sounds and different nuances ?

[Ans.] Gautam ! The four statements that (1) a thing that is moving as moved, (2) a thing (*karma*) that is fructifying as fructified, (3) a thing (*karma*) that is being experienced as experienced, (4) a thing (*karma*) that is falling or separating as fallen or separated have the same meaning with different sounds and different nuances because they are in the state of formation (present). The four statements that (1) a thing (*karma*) that is being cut as cut, (2) a thing (*karma*) that is being pierced as pierced, (3) a thing (*karma*) that is burning as burnt, (4) a thing that is dying as dead, and (5) a thing (*karma*) that is being shed as shed, have different meanings with different sounds and different nuances because they are in the context of the state of conclusion (past).

विवेचन : भगवान महावीर का कथन था कि जो कार्य प्रारम्भ हो चुका है, उसके लिए किया, हो गया, आदि सम्पन्नता सूचक भूतकालिक क्रिया प्रयोग किया जा सकता है। जो चलने लगा उसे 'चला' कहा जा सकता

है। जैसे कपडा बुनना प्रारम्भ करने पर 'कपडा बुना' ऐसा व्यवहार मे बोला जा सकता है। क्रिया का प्रथम क्षण भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना अन्तिम क्षण। इसलिए ऐसा कहना अनुपयुक्त नही है। किन्तु 'जमालि' ने इस सिद्धान्त का विरोध कर अपने 'बहुरत' मत की स्थापना की और कहा-जो कार्य किया जा रहा है, उसे सम्पूर्ण न होने तक 'किया गया' ऐसा कहना मिथ्या है। इसी सन्दर्भ मे गौतम स्वामी ने भगवान के समक्ष ये नौ प्रश्न प्रस्तुत किये। *(विशेषावश्यक भाष्य, गा २३०६-२३०७)*

Elaboration—It was a theory of Bhagavan Mahavir that conclusive statement with past tense can be used for an act that has been commenced That which has started moving (present continuous) can be called as moved (present perfect). For example once weaving for a cloth has commenced it can be generally said that cloth has been woven. The first moment of any action is as important as the last moment. Therefore it is not improper to express thus. But Jamali opposed this theory and gave his theory of *Bahurat-vaad* He said that it was wrong to convey that an action is concluded when it is still being performed Gautam Swami asked these nine questions in this context only *(Visheshavashyak Bhashya, verses 2306-2307)*

विशेष शब्दार्थ : चलन-कर्मदल का उदयावलिका के लिए चलना। उदीरणा-कर्मों की स्थिति परिपक्व होने पर उदय मे आने से पहले ही अध्यवसाय विशेष से उन कर्मों को उदयावलिका मे खीच लाना। वेदना-उदयावलिका मे आये हुए कर्मों के फल का अनुभव करना। प्रहाण-आत्म-प्रदेशो के साथ एकमेक हुए कर्मो का हटना/गिरना-पृथक् करना। छेदन-कर्म की दीर्घकालिक स्थिति को अपवर्तना द्वारा अल्पकालिक स्थिति मे करना। भेदन-बद्ध कर्म के तीव्र रस को अपवर्तनाकरण द्वारा मन्द करना अथवा उद्वर्तनाकरण द्वारा मन्द रस को तीव्र करना। दग्ध-कर्मरूपी काष्ठ को ध्यानाग्नि से जलाकर अकर्म रूप कर देना। मृत-पूर्वबद्ध आयुष्यकर्म के पुद्गलो का नाश होना। निर्जीर्ण-फल देने के पश्चात् कर्मों का आत्मा से पृथक् होना/क्षीण होना। एकार्थ-जिनका विषय एक हो या जिनका अर्थ अथवा फल एक हो।

घोष-तीन प्रकार के हैं-**उदात्त**-जो उच्च स्वर से बोला जाये, **अनुदात्त**-जो मद स्वर से बोला जाये और **स्वरित**-जो मध्यम स्वर से बोला जाये। यह तो स्पष्ट है कि इन नौ पदो के घोष और व्यंजन (अक्षर) पृथक्-पृथक् हैं।

चारों एकार्थक-चलन, उदीरणा, वेदना और प्रहाण; ये चारो क्रियाएँ तुल्यकाल (एक अन्तर्मुहूर्त्तस्थिति) की अपेक्षा से, गत्यर्थक होने से तथा (केवलज्ञान की उत्पत्ति रूप) एक ही कार्य की साधक होने से एकार्थक है।

पाँचों भिन्नार्थक-छेदन, भेदन, दहन, मरण, निर्जरण; ये पाँचो पद वस्तुविनाश किवा विगत पक्ष की अपेक्षा से भिन्न-भिन्न अर्थ वाले है। तात्पर्य यह है कि छेदन स्थितिबन्ध की अपेक्षा से, **भेदन** अनुभाग (रस) बन्ध की अपेक्षा से, **दहन** प्रदेशबन्ध की अपेक्षा से, **मरण** आयुष्यकर्म की अपेक्षा से और **निर्जरण** समस्त कर्मों की अपेक्षा से कहा गया है। अतएव ये सब पद भिन्न-भिन्न अर्थ के वाचक है।

चलमाणे चलिए



चित्र परिचय-१

Illustration No. 1

चलमाणे चलिए

भगवान महावीर से गणधर इन्द्रभूति गौतम पूछते हैं-

(१) भन्ते ! जो चल पड़ा, उसे चलित (चला) कहा जा सकता है ? (२) इसी प्रकार **उदीर्ण**-(बाहर लाना) जैसे कुएँ से जल निकालना प्रारम्भ किया है तो उसे निकाल लिया। (३) **वेदन**-(भुक्त) जैसे भोजन का प्रथम ग्रास खाना प्रारम्भ किया है, उसे **भुक्त**। (४) **प्रहीण**-जैसे दीवार की ईट गिरानी प्रारम्भ की है, उसे प्रहीण (नष्ट)। (५) **छिद्यमान**-(छेदना) जैसे हवा भरे गुब्बारे को छेदने के लिए तीर चलाया तो उसे **छिन्न**। (६) **भिद्यमान**-जैसे वृक्ष की टहनी को काटना प्रारम्भ किया है, उसे **भिन्न**। (७) **दह्यमान**-जैसे घास के ढेर को जलाना आरम्भ किया उसे दग्ध, (८) **म्रियमाण**-जैसे कोई अन्तिम साँस गिनता मर रहा है, उसे **मृत** (९) **निर्जीर्ण**-(झरना) जैसे घड़े से जल झरना आरम्भ हुआ है, तो उसे **निर्जीर्ण** (झर चुका)। क्या इस प्रकार कहा जा सकता है ?

इन सभी उदाहरणों का आत्मा के साथ लगे कर्मों को जोड़कर समझना चाहिए। जैसे जो कर्म चलित हो चुका है, उसे चलित, इसी प्रकार जिस कर्म की निर्जरा प्रारम्भ हो चुकी है। उसे **निर्जीर्ण** कहा जा सकता है।

शतक १ उ. १ सूत्र ५ पृष्ठ १२

WHAT IS MOVING IS MOVED

Ganadhar Indrabhuti Gautam asked Bhagavan Mahavir --

(1) Bhante ! Is it proper to express a thing that is moving as moved ? In the same way can we call (2) fructified (brought out)--taking out water from a well as taken out (3) experienced—taking of first morsel of food as eaten meal, (4) fallen—falling of one brick of a wall as demolished the wall (5) pierced—launching of an arrow to pierce a balloon as pierced, (6) cut—a tree branch being cut as cut (7) burnt—putting of flame to a heap of grass as burnt, (8) dead—a person taking his last breath as dead, and (9) shed—commencing of pouring water from a pitcher as shed

All these examples should be used to understand the interaction of soul and karma For example the karma that is moving is called moved, and so on up to the karma that is being shed is called shed

—Shatak 1, lesson 1, Sutra 5, page 12

TECHNICAL TERMS

Chalan—the movement of bunches of *karmas* towards fruition. *Udirana* (fructify)—to push the ripe *karmas* towards premature fruition with special efforts *Vedan* (experience)—to experience the fruits of fructified *karmas* *Prahan* (separation)—to separate *karmas* fused with soul-space-points *Chhedan* (cutting)—to cut short the defined duration of *karmas* by division. *Bhedan* (piercing)—To reduce or increase the intensity of bonded *karmas* by dividing or compounding. *Dagdha* (burn)—to burn the wood of *karmas* with the fire of meditation and turn them to ash of non-*karma* *Mrit* (dead)—destruction of *karmas* defining life-span. *Nirjirn* (shed)—shedding or destruction of *karmas* after fruition *Ekarth* (synonymous)—having same meaning, subject or result

Ghosh (sound) is of three kinds—*Udaatt* or loud, *Anudaatt* or low and *Svarit* or medium It is clear that all these nine terms have different sounds and tones

Four with same meaning—the four acts *Chalan* (movement), *Udirana* (fructify), *Vedan* (experience) and *Prahan* (separation) have the same meaning in context of their duration (one *Antar-muhurt*), dynamism (they all convey some sort of movement) and goal (attaining omniscience)

Four with different meanings—the five acts *Chhedan* (cutting), *Bhedan* (piercing), *Dagdha* (burn), *Mrit* (dead) and *Nirjirn* (shed) have different meanings in context of destruction of something or the conclusive state *Chhedan* is with reference to bondage of duration, *Bhedan* is with reference to bondage of intensity, *Dahan* is with reference to partial or space-point bondage, *Maran* is with reference to life-span determining *karma* and *Nirjaran* is with reference to all *karmas* Thus these statements convey different meanings.

चौबीस दण्डकगत स्थिति [नैरयिक चर्चा] LIFE-SPAN IN TWENTY FOUR DANDAKS [INFERNAL BEINGS]

६. [दण्डक १–प्र. १] नेरइयाणं भंते ! केवइकालं ठिई पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं दस वाससहस्साइं, उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता।

[१–प्र. २] नेरइयाणं भंते ! केवइकालस्स आणमंति वा पाणमंति वा ऊससंति वा नीससंति वा ?

[उ.] जहा ऊसासपदे।

६. [दण्डक १–प्र. १] भगवन् ! नैरयिको की स्थिति (आयुष्य) कितने काल की है ? (यहाँ प्रथम अंक दण्डक का तथा दूसरा अंक प्रश्न का सूपक है।)

[उ.] हे गौतम ! जघन्य (कम से कम) दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट (अधिक से अधिक) तैतीस सागरोपम की है।

[१-प्र. २] भगवन् ! नारक कितने काल (समय) मे श्वास लेते है और कितने समय मे श्वास छोडते है-कितने काल मे उच्छ्वास लेते हैं और नि श्वास छोडते है।

[उ.] (प्रज्ञापना-सूत्रोक्त) सातवे उच्छ्वास पद के अनुसार समझना चाहिए। *(विवेचन पढे)*

6. **[1—Q. 1]** *Bhante* ! What is the life-span of the infernal beings ? [the first numeral stands for *dandak* (place of suffering) and second for the question]

[Ans.] Gautam ! The minimum life-span of the infernal beings is ten thousand years and the maximum is thirty three *Sagaropam* (a metaphoric unit of time)

[1—Q. 2] *Bhante* ! What is the duration of inhalation, exhalation, breathing in and breathing out of the infernal beings ?

[Ans.] It should be read as mentioned in *Uchchhavasapad* (Respiration), the seventh chapter of *Prajnapana Sutra* *(see elaboration)*

[१-प्र. ३] नेरइया णं भंते ! आहारट्ठी ?

[उ.] जहा पण्णवणाए पढमए आहार उद्देसए तथा भाणियव्वं।

गाहा-ठिति उस्सासाहारे किं वाऽऽहारेंति सव्वओ वा वि।
कतिभागं सव्वाणि व कीस व भुज्जो परिणमंति ?॥२॥

[१-प्र. ३] भगवन् ! क्या नैरयिक आहारार्थी होते है ?

[उ.] गौतम ! प्रज्ञापनासूत्र के आहारपद (२८वें) के प्रथम उद्देशक के अनुसार समझ लेना।

गाथार्थ-नारक जीवो की स्थिति, उच्छ्वास तथा आहार-सम्बन्धी कथन करना चाहिए। क्या वे आहार करते है ? क्या समस्त आत्म-प्रदेशो से आहार करते है ? कितने भाग का आहार करते है या सर्व-आहारक द्रव्यो का आहार करते है ? और वे आहारक द्रव्यो को किस रूप मे बार-बार परिणमाते है ? *(उत्तर देखे विवेचन मे)*

[1—Q. 3] *Bhante* ! Have the infernal beings desire for food (intake) ?

[Ans.] It should be read as mentioned in the first lesson of *Ahaar-pad* (Food, the twenty eighth chapter) of *Prajnapana Sutra*.

The verse—The life-span, respiration and food intake of infernal beings should be studied. Do they have intake ? Is the intake from all the soul-space-points ? Is the intake in portions or whole ? In what form the matter consumed is transformed (repeatedly) ? *(see elaboration)*

[१–प्र. ४] नेरइयाणं भंते ! (१) पुव्वाहारिता पोग्गला परिणता, (२) आहारिता आहारिज्जमाणा पोग्गला परिणता, (३) अणाहारिता आहारिज्जिस्समाणा पोग्गला परिणया, (४) अणाहारिया अणाहारिज्जिस्समाणा पोग्गला परिणया ?

[उ.] गोयमा ! (१) नेरइयाणं पुव्वाहारिता पोग्गला परिणता, (२) आहारिता आहारिज्जमाणा पोग्गला परिणता परिणमंति य, (३) अणाहरिता आहारिज्जिस्समाणा पोग्गला नो परिणता, परिणमिस्संति, (४) अणाहारिया अणाहारिज्जिस्समाणा पोग्गला नो परिणता, नो परिणमिस्संति।

[१–प्र. ४] भगवन् ! (१) नैरयिकों द्वारा पहले आहार किये हुए पुद्‌गल (शरीर रूप में) परिणत हुए है, (२) आहारित (आहार किये हुए), तथा (वर्तमान मे) आहार किये जाते हुए पुद्‌गल परिणत हुए है, (३) अथवा जो पुद्‌गल अनाहारित आहार के रूप में ग्रहण नही किये गये है, वे तथा जो पुद्‌गल (भविष्य में) आहार के रूप में ग्रहण किये जायेंगे, वे परिणत हुए, (४) अथवा जो पुद्‌गल अनाहारित है और आगे भी आहारित (आहार के रूप मे) नही होगे, वे परिणत हुए ?

[उ.] हे गौतम ! (१) नारको द्वारा पहले आहार किये हुए पुद्‌गल परिणत हुए, (२) (इसी तरह) आहार किये और आहार किये जाते हुए पुद्‌गल परिणत हुए, परिणत होते हैं, (३) किन्तु नहीं आहार किये हुए (अनाहारित) पुद्‌गल परिणत नही हुए तथा भविष्य मे जो पुद्‌गल आहार के रूप मे ग्रहण किये जायेगे, वे परिणत होगे, (४) अनाहारित पुद्‌गल परिणत नहीं हुए, तथा जिन पुद्‌गलों का आहार नही किया जायेगा, वे भी परिणत नही होंगे।

[1—Q. 4] *Bhante* ! (1) In case of infernal beings, did the matter ingested in the past transform (*parinat*) (into body) ? (2) Does the matter ingested and being ingested at present transform ? (3) Does the matter not ingested in the past but likely to be ingested in future transform ? (4) Does the matter neither ingested in the past nor likely to be ingested in future transform ?

[Ans.] Gautam ! (1) In case of infernal beings, the matter ingested in the past has transformed (into body). (2) The matter ingested and being ingested at present transforms and gets transformed. (3) The matter not ingested in the past has not transformed and that likely to be ingested in future will transform (4) The matter neither ingested in the past nor likely to be ingested in future did not and will not transform.

[१–प्र. ५] नेरइयाणं भंते ! पुव्वाहारिया पोग्गला चिता. पुच्छा।

[उ.] जहा परिणता तहा चिया वि। एवं उवचिता, उदीरिता, वेदिता, निज्जिण्णा।

गाहा—परिणता चिता उवचिता उदीरिता वेदिया य निज्जिण्णा।
एक्केक्कम्मि पदम्मी चउव्विहा पोग्गला होंति॥३॥

[१-प्र. ५] भगवन् ! क्या नैरयिको द्वारा पहले आहारित (आहार किये हुए) पुद्गल चय को प्राप्त हुए?

[उ.] इसका उत्तर भी उपरोक्त १-४ के अनुसार है। अर्थात् जिस प्रकार वे परिणत हुए, उसी प्रकार चय को प्राप्त हुए, उसी प्रकार उपचय को, उदीरणा को, वेदन को तथा निर्जरा को प्राप्त हुए।

गाथार्थ-परिणत, चित, उपचित, उदीरित, वेदित और निर्जीर्ण, इस एक-एक पद मे पुद्गल विषयक उपरोक्त चार-चार प्रकार के (*प्रश्नोत्तर*) होते है।

[1—Q. 5] *Bhante* ! In case of infernal beings, did the matter ingested in the past assimilate (*chaya*) ?

[Ans.] The answer to this should be read as aforesaid about transformation (1-4). Also as stated about transformation (***parinat***) so is true for assimilation (***chaya***), ***upachaya*** (augmentation of *karmas*), ***udiran*** (fruition of *karmas*), ***vedan*** (experience consequences), ***nirjaran*** (separation or shedding)

The verse—There are four aforesaid questions each related to transformation, assimilation, augmentation, fruition, experience and shedding

[१-प्र. ६] नेरइया णं भंते ! कतिविहा पोग्गला भिज्जंति ?

[उ.] गोयमा ! कम्मदव्ववग्गणं अहिकिच्च दुविहा पोग्गला भिज्जंति। तं जहा—अणू चेव बादरा चेव १।

[प्र.] नेरइया णं भंते ! कतिविहा पोग्गला चिज्जंति ?

[उ.] गोयमा ! आहारदव्ववग्गणं अहिकिच्च दुविहा पोग्गला चिज्जंति। तं जहा—अणू चेव बादरा चेव २। एवं उवचिज्जंति ३।

[प्र.] नेरइया णं भंते ! कतिविहे पोग्गले उदीरेंति ?

[उ.] गोयमा ! कम्मदव्ववग्गणं अहिकिच्च दुविहे पोग्गले उदीरेंति। तं जहा—अणू चेव बादरे चेव ४। एवं वेदेंति ५। निज्जरेंति ६। ओयट्टिंसु ७। ओयट्टेंति ८। ओयट्टिस्संति ९। संकामिंसु १०। संकामेंति ११। संकामिस्संति १२। निहत्तिंसु १३। निहत्तेंति १४। निहत्तिस्संति १५। निकायंसु १६। निकाएंति १७। निकाइस्संति १८। सव्वेसु वि कम्मदव्ववग्गणमहिकिच्च।

गाहा—भेदित चिता उवाचित उदीरिता वेदिया य निज्जिण्णा।
ओयट्टण—संकमण—निहत्तण—निकायणे तिविह कालो॥४॥

[१-प्र. ६] भगवन् ! नारक जीवो द्वारा कितने प्रकार के पुद्गल भेदे जाते है?

[उ.] गौतम ! कर्मद्रव्यवर्गणा (कार्मण जाति के पुद्गलों का समूह) की अपेक्षा दो प्रकार के पुद्गल भेदे जाते है। यथा—अणु (सूक्ष्म) और बादर (स्थूल) (१)।

[प्र.] भगवन् ! नारक जीवों द्वारा कितने प्रकार के पुद्‌गल चय किये जाते है ?

[उ.] गौतम ! आहारद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा दो प्रकार के पुद्‌गल चय किये जाते हैं। यथा–अणु और बादर (२)। इसी प्रकार उपचय समझना (३)।

[प्र.] भगवन् ! नारक जीव कितने प्रकार के पुद्‌गलो की उदीरणा करते हैं ?

[उ.] गौतम ! कर्मद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा दो प्रकार के पुद्‌गलो की उदीरणा करते है। यथा–अणु और बादर (४)। शेष पद भी इसी प्रकार कहने चाहिए–वेदते है (५), निर्जरा करते है (६), अपवर्तन को प्राप्त हुए (७), अपवर्तन को प्राप्त हो रहे हैं (८), अपवर्तन को प्राप्त करेंगे (९), संक्रमण किया (१०), संक्रमण करते हैं (११), सक्रमण करेगे (१२), निधत्त हुए (१३), निधत्त होते हैं (१४), निधत्त होगे (१५), निकाचित हुए (१६), निकाचित होते है (१७), निकाचित होंगे (१८), इन सब पदों में भी कर्मद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा (अणु और बादर पुद्‌गलों का कथन करना चाहिए।)

गाथार्थ–भेदे गये, चय को प्राप्त हुए, उपचय को प्राप्त हुए, उदीर्ण हुए, वेदे गये और निर्जीर्ण हुए (इसी प्रकार) अपवर्तन, संक्रमण, निधत्तन और निकाचन, (इन पिछले चार) पदों में भी तीनों प्रकार का काल कहना चाहिए।

[1—Q. 6] *Bhante* ! How many types of matter do the infernal beings pierce (***bhedan***) ?

[Ans.] Gautam ! In terms of *karmic* group of matter (*karma dravya vargana*) two types of matter is pierced—*anu* (subtle) and *baadar* (gross) (1)

[Q.] *Bhante* ! How many types of matter do the infernal beings assimilate (***chaya***) ?

[Ans.] Gautam ! In terms of ingestable group of matter (*ahaar dravya vargana*) two types of matter is assimilated—*anu* (subtle) and *baadar* (gross) (2) The same is true for augmentation (***upachaya***) (3).

[Q.] *Bhante* ! How many types of matter do the infernal beings fructify (***udirana***) ?

[Ans.] Gautam ! In terms of *karmic* group of matter (*karma dravya vargana*) two types of matter is pierced—*anu* (subtle) and *baadar* (gross) (4). The remaining actions should also be repeated likewise—experience (***vedan***) (5), shed (***nirjara***) (6), underwent reduction (***apavartana***) (7), undergoing reduction (8), will undergo reduction (9), underwent transformation (***sankramana***) (10), undergoing transformation (11), will undergo transformation (12), underwent partial intransigence (***nidhatt***) (13), undergoing partial intransigence (14), will undergo partial intransigence (15), underwent intransigence (***nikachit***)

(16), undergoing intransigence (17), will undergo intransigence (18). In terms of *karmic* group of matter all these actions apply to two types of matter (subtle and gross)

The verse—Like in case of pierced, assimilated, augmented, fructified, experienced and shed all the three periods (tenses) should be considered regarding (the last four) reduction, transformation, partial intransigence and intransigence.

[१–प्र. ७] नेरइया णं भंते ! जे पोग्गले तेयाकम्मत्ताए गेण्हंति ते किं तीतकालसमए गेण्हंति ! पडुप्पन्नकालसमए गेण्हंति, अणागतकालसमए गेण्हंति ?

[उ.] गोयमा ! नो तीतकालसमए गेण्हंति, पडुपन्नकालसमए गेण्हंति, नो अणागतकालसमए गेण्हंति १।

[१–प्र. ७] हे भगवन् ! नारक जीव जिन पुद्गलों को तैजस् और कार्मण रूप मे ग्रहण करते है, उन्हें क्या अतीत काल मे ग्रहण करते हैं, वर्तमान काल मे ग्रहण करते है, अथवा अनागत (भविष्य) काल मे ग्रहण करते है ?

[उ.] गौतम ! वर्तमान काल मे ग्रहण करते है, अतीत काल मे और भविष्य काल में ग्रहण नही करते।

[1—Q. 7] *Bhante* ! The matter that the infernal beings ingest in the form of *taijas* (fiery) particles and *karman* (karmic) particles, is it done in the past ? Is it done in the present ? Or is it done in the future ?

[Ans.] Gautam ! They ingest it in the present and not in the past nor in the future.

[१–प्र. ८] नेरइया णं भंते ! जे पोग्गले तेयाकम्मत्ताए गहिए उदीरेंति ते किं तीतकालसमयगहिते पोग्गले उदीरेंति ? पडुप्पन्नकालसमयघेप्पमाणे पोग्गले उदीरेंति ? गहणसमयपुरक्खडे पोग्गले उदीरेंति ?

[उ.] गोयमा ! तीतकालसमयगहिए पोग्गले उदीरेंति, नो पडुप्पन्नकालसमयघेप्पमाणे पोग्गले उदीरेंति, नो गहणसमयपुरेक्खडे पोग्गले उदीरेंति २। एवं वेदेंति ३, निज्जरेंति ४।

[१–प्र. ८] भगवन् ! नारक जीव तैजस् और कार्मण रूप में ग्रहण किये हुए जिन पुद्गलो की उदीरणा करते है, सो क्या अतीत काल मे गृहीत पुद्गलों की उदीरणा करते है, या वर्तमान काल मे ग्रहण किये जाते हुए पुद्गलों की उदीरणा करते है, अथवा जिनका उदयकाल आगे आने वाला है, ऐसे भविष्य काल विषयक पुद्गलों की उदीरणा करते है ?

[उ.] गौतम ! वे अतीत काल में गृहीत पुद्गलो की उदीरणा करते है, (परन्तु) वर्तमान काल मे ग्रहण किये जाते हुए पुद्गलों की तथा आगे ग्रहण किये जाने वाले पुद्गलों की उदीरणा नहीं करते। इसी प्रकार (उदीरणा की तरह) अतीत काल मे गृहीत पुद्गलों को वेदते हैं और उनकी निर्जरा करते है।

[1—Q. 8] *Bhante* ! Infernal beings fructify (*udirana*) the ingested matter in the form of *taijas* (fiery) particles and *karman* (*karmic*) particles; do they fructify the particles ingested in the past or those being ingested at present or those to be ingested in future (or related to the future in terms of fructification) ?

[Ans.] Gautam ! They fructify (*udirana*) the matter particles ingested in the past but not those being ingested at present or those to be infested in future The same (like ingesting) is also true for *vedan* (experiencing or suffering the consequences) and *nirjara* (separating from soul or shedding).

[१–प्र. ९] नेरइयाणं भंते ! जीवाओ किं चलियं कम्मं बंधंति ? अचलियं कम्मं बंधंति ?

[उ.] गोयमा ! नो चलियं कम्मं बंधंति, अचलियं कम्मं बंधंति १। एवं उदीरेंति २ वेदेंति ३ उयट्टेंति ४ संकामेंति ५ निहत्तेंति ६ णि कायेंति ७। सव्वेसु अचलियं, णोचलियं।

[१–प्र. ९] भगवन् ! क्या नारक जीवप्रदेशों से चलित कर्म को बाँधते हैं या अचलित (जीवप्रदेशो मे स्थित) कर्म को बाँधते है ?

[उ.] गौतम ! (वे) (१) चलित कर्म को नही बाँधते (किन्तु) अचलित कर्म को बाँधते हैं। इसी प्रकार (बध के अनुसार ही वे) अचलित कर्म की (२) उदीरणा करते हैं, अचलित कर्म का ही (३) वेदन करते है, (४) अपवर्तन करते है, (५) संक्रमण करते हैं, (६) निधत्ति करते हैं, और (७) निकाचन करते है। इन सब पदो मे अचलित (कर्म) कहना चाहिए, चलित (कर्म) नही।

[1—Q. 9] *Bhante* ! Do the infernal beings bind (*bandh*) the *karma* that has shifted (from soul) or the *karma* that has not shifted ?

[Ans.] Gautam ! (1) They do not bind the *karma* that has shifted (from soul) but only the *karma* that has not shifted. The same is also true for (2) fructifying (*udirana*), (3) experiencing (*vedan*), (4) reduction (*apavartana*), (5) transformation (*sankramana*), (6) partial intransigence (*nidhatt*), and (7) intransigence (*nikuchit*). For all these the *karma* that has not shifted is applicable and not the *karma* that has shifted.

[१–प्र. १०] नेरइयाणं भंते ! जीवाओ किं चलियं कम्मं निज्जरेंति ? अचलियं कम्मं निज्जरेंति ?

[उ.] गोयमा ! चलियं कम्मं निज्जरेंति, नो अचलियं कम्म निज्जरेंति ८।

गाहा—बंधोदय—वेदोव्वट्ट—संकमे तह निहत्तण—निकाए।
अचलियं कम्मं तु भवे चलितं जीवाउ निज्जरइ॥५॥

[१–प्र. १०] भगवन् ! क्या नारक जीवप्रदेश से चलित कर्म की निर्जरा करते है अथवा अचलित कर्म की निर्जरा करते हैं ?

[उ.] गौतम ! (वे) चलित कर्म की निर्जरा करते है, अचलित कर्म की निर्जरा नही करते।

गाथार्थ—बन्ध, उदय, वेदन, अपवर्तन, सक्रमण, निधत्तन और निकाचन के विषय में अचलित कर्म समझना चाहिए और निर्जरा के विषय में चलित कर्म समझना चाहिए।

[1—Q. 10] *Bhante* ! Do the infernal beings shed (*nirjara*) the *karma* that has shifted (from soul) or the *karma* that has not shifted ?

[Ans.] Gautam ! They shed the *karma* that has shifted (from soul) and not the *karma* that has not shifted

The verse—With bonding (*bandh*), fructifying (*udirana*), experiencing (*vedan*), reduction (*apavartana*), transformation (*sankramana*), partial intransigence (*nidhatt*) and intransigence (*nikachit*) the *karma* that has not shifted is applicable and for shedding (*nirjara*) the *karma* that has shifted is applicable.

विवेचन : नारकों की स्थिति आदि के सम्बन्ध के प्रश्नोत्तर—प्रस्तुत छठे सूत्र के २४ अवान्तर (विभाग) दण्डक करके शास्त्रकार ने प्रथम दण्डक में नारको की स्थिति श्वासोच्छ्वास आदि से सम्बन्धित १० प्रश्नोत्तर किये हैं, जिनके समाधान भी दिये गये है।

Elaboration—The author has divided this sixth aphorism into 24 sections based on *dandaks* (places of suffering) In the first *dandak* there are ten questions about life-span, breathing and other things related to infernal beings and their answers

विशेष शब्दार्थ : स्थिति—आयुकर्म के पुद्गलों के रहने की काल-मर्यादा को स्थिति कहते है। **आणमन-प्राणमन तथा उच्छ्वास-निःश्वास**—श्वासोच्छ्वास दो प्रकार का है-आभ्यन्तर और बाह्य। आध्यात्मिक (आभ्यन्तर) श्वासोच्छ्वास को आणमन (श्वास लेना), प्राणमन (श्वास छोडना) और बाह्य को उच्छ्वास-नि.श्वास कहते हैं। प्रज्ञापनासूत्र के अनुसार नैरयिक जीव निरन्तर श्वासोच्छ्वास लेते है। क्योंकि वे अत्यन्त दु:खी है-दु खी जीव निरन्तर श्वास लेता है और छोडता है।

नारकों का आहार—प्रज्ञापनासूत्र के अनुसार नैरयिक जीव आहारार्थी है। उनका आहार दो प्रकार का होता है-**आभोगनिर्वर्तित** (खाने की इच्छा से किया जाने वाला) और **अनाभोगनिर्वर्तित** (आहार की इच्छा के बिना भी किया जाने वाला)। अनाभोग आहार तो प्रतिक्षण-सतत होता रहता है, किन्तु आभोगनिर्वर्तित-आहार की इच्छा कम से कम असंख्यात समय मे, अर्थात्-अन्तर्मुहूर्त्त में होती है। (इसके अतिरिक्त नारको के आहार का द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, दिशा, समय आदि की अपेक्षा से भी विचार किया गया है।)

परिणत, चित, उपचित आदि—आहार का प्रसंग होने से यहाँ **परिणत** का अर्थ है-ग्रहण किए आहार का शरीर के साथ एकमेक होने योग्य रूप में परिवर्तित हो जाना। जिन पुद्गलों को परिणत किया है, उनका शरीर में एकमेक होकर शरीर को पुष्ट करना **चय** (चित) कहलाता है। जो चय किया गया है, उसमें अन्यान्य पुद्गल एकत्रित कर देना **उपचय** (उपचित) कहलाता है।

आहार–शब्द यहाँ ग्रहण करने और उपभोग करने (खाने) दोनों अर्थों में प्रयुक्त है।

पुद्गलों का चय–उपचय–शरीर का आहार से पुष्ट होना चय और विशेष पुष्ट होना उपचय है। ये आहारद्रव्यवर्गणा की अपेक्षा जानना चाहिए। अपवर्तन–अध्यवसाय विशेष के द्वारा कर्म की स्थिति एवं कर्म के रस को कम कर देना। अपवर्तनाकरण से कर्म की स्थिति आदि कम की जाती है, उद्‌वर्तनाकरण से अधिक। संक्रमण–अध्यवसाय विशेष से कर्म की उत्तरप्रकृतियों का एक-दूसरे के रूप में बदल जाना। यह संक्रमण (परिवर्तन) मूलप्रकृतियों में नहीं होता। उत्तरप्रकृतियों में भी आयुकर्म की उत्तरप्रकृतियों में नहीं होता तथा दर्शनमोह और चारित्रमोह में भी एक-दूसरे के रूप में संक्रमण नहीं होता। निधत्त करना–भिन्न-भिन्न कर्म-पुद्‌गलों को एकत्रित करके धारण करना। निधत्त अवस्था में उद्‌वर्तना और अपवर्तना, इन दो करणों से ही निधत्त कर्मों में परिवर्तन किया जा सकता है। अन्य संक्रमणादि के द्वारा नहीं। निकाचित करना–निधत्त किये गये कर्मों का ऐसा सुदृढ हो जाना कि जिससे वे एक-दूसरे से पृथक् न हो सके, जिनमें कोई भी कारण कुछ भी परिवर्तन न कर सके। अर्थात्–कर्म जिस रूप मे बाँधे है, उसी रूप में भोगने पड़ें, वे निकाचित कर्म कहलाते हैं। चलित–अचलित–जीव के प्रदेश से जो कर्म चलायमान हो गये हैं, उन्हें 'चलित' कर्म कहते हैं। इसके विपरीत अचलित कर्म है। जीव अचलित कर्म ही बाँधता है। *(वृत्ति २४-२५)*

TECHNICAL TERMS

Sthiti—the time duration of bondage of the life-span determining *karma* particles. *Anaman-pranaman* and *Uchchhavas-nihshvas*—respiration is of two kinds—internal and external. Internal respiration includes *anaman* (intake) and *pranaman* (expelling). External respiration includes *uchchhavas* (inhalation) and *nihshvas* (exhalation). According to *Prajanapana Sutra* the infernal beings inhale and exhale in rapid continuation This is because they are always in extreme misery and a miserable being breathes rapidly.

Ahaar of infernal beings—According to *Prajnapana Sutra* an infernal being has desire for *ahaar* (intake of food). There intake is of two kinds—*aabhog nirvartit* (voluntary intake) and *anaabhog nirvartit* (involuntary intake). The involuntary intake continues every moment but the voluntary intake is after a minimum gap of *Antar-muhurt* (less than 48 minutes). (Besides this the intake by infernal beings has been discussed in other contexts including matter, area, period, state, direction and time)

Parinat, chit, upachit etc.—as the context is intake here, the meaning of *parinat* is transformation of food into a form absorbable by the body. The meaning of *chaya* (*chit*) is nutritional assimilation of the so transformed food in the body. *Upachaya* (*upachit*) means to augment the so assimilated food with other matter particles.

Ahaar—This term has been used in its meaning of intake as well as consumption or eating

Chaya and *upachaya*—here *chaya* indicates nutrition and *upachaya* means special nutrition. This is with reference to ingestable group of matter (*ahaar dravya vargana*). *Apavartana*—to reduce the duration and intensity of *karma* with special effort. *Apavartanakaran* is the process of reduction and *udvartanakaran* is the process of enhancement. *Sankraman*—transformation of the secondary species of *karmas* from one to another with special effort. This transformation is not applicable to basic species Even among secondary species those of *Ayukarma* (life-span determining *karma*) do not undergo transformation; also *Darshan moha* (perception/faith deluding *karma*) cannot transform to *Charitra moha* (conduct deluding *karma*) and vice versa. *Nidhatt* (state of partial intransigence)—bondage of different species of *karmas* collectively. A state of *karmas* where they are rendered incapable of transformation by any of the said processes (such as *sankraman*) except by *udvartan* and *apavartan*. *Nikachit* (state of intransigence)—a state of *karmas* where the *nidhatt* state becomes so strong that they are rendered incapable of all processes including even *udvartan* and *apavartan*. These *karmas* have to be experienced in the same form as they are bonded *Chalit-achalit*—the *karmas* that have shifted from the soul space-points are called *chalit*. The opposite of this is *achalit* Soul acquires bondage of non-shifting *karmas* only. *(Vritti, 24-25)*

देव (असुरकुमार) चर्चा THE DIVINE BEINGS : ASUR KUMARS

६. [दण्डक २–प्र. १] असुरकुमाराणं भंते ! केवइयं कालं ठिती पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं दस वाससहस्साइं, उक्कोसेणं सातिरेगं सागरोवमं।

६. [२–प्र. १] भगवन् ! असुरकुमारों की स्थिति कितने काल की है ?

[उ.] गौतम ! जघन्य दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट एक सागरोपम से कुछ अधिक की है।

6. [2—Q. 1] *Bhante* ! What is the life-span of the Asur Kumars ?

[Ans.] Gautam ! The minimum life-span of the Asur Kumars is ten thousand years and the maximum is slightly more than one *Sagaropam* (a metaphoric unit of time).

[२–प्र. २] असुरकुमाराणं भंते ! केवइकालस्स आणमंति वा पाणमंति वा ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं सत्तण्हं थोवाणं, उक्कोसेणं साइरेगस्स पक्खस्स आणमंति वा पाणमंति वा।

[२-प्र. २] भगवन् ! असुरकुमार कितने समय मे श्वास लेते हैं और कितने समय मे निःश्वास छोडते हैं ?

[उ.] गौतम ! जघन्य सात स्तोकरूप काल में और उत्कृष्ट एक पक्ष (पखवाडे) से (कुछ) अधिक समय में श्वास लेते और छोडते हैं।

[2—Q. 2] Bhante ! What is the duration of inhalation, exhalation, breathing in and breathing out of the Asur Kumars ?

[Ans.] Gautam ! They inhale and exhale in a minimum period of seven *Stok* and a maximum period of slightly more than one fortnight.

विशेष : रोगरहित, स्वस्थ, हृष्टपुष्ट प्राणी के एक श्वासोच्छ्वास (उच्छ्वास-नि श्वास) को एक प्राण कहते हैं। सात प्राणो का एक स्तोक होता है, सात स्तोको का एक लव और ७७ लवों का एक मुहूर्त होता है।

Note : The duration of one inhalation and exhalation of a normal and healthy person is called *Pran* (a unit of time). Seven *Prans* make a *Stok*; seven *Stoks* make a *Lava* and 77 *Lavas* make a *Muhurt* (forty eight minutes)

[२-प्र. ३] असुरकुमाराणं भंते ! आहारट्ठी ?

[उ.] हंता आहारट्ठी।

[२-प्र. ३] भगवन् ! क्या असुरकुमार आहार की इच्छा करते है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! (वे) आहार की इच्छा रखते है।

[2—Q. 3] *Bhante* ! Have the Asur Kumars desire for food (intake) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have the desire for food (intake).

[२-प्र. ४] असुरकुमाराणं भंते ! केवइकालस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! असुरकुमाराणं दुविहे आहारे पण्णत्ते। तं जहा—आभोगनिव्वत्तिए य, अणाभोगनिव्वत्तिए य। तत्थ णं जे से अणाभोगनिव्वत्तिए से अणुसमयं अविरहिए आहारट्ठे समुप्पज्जइ। तत्थ णं जे से आभोगनिव्वत्तिए से जहन्नेणं चउत्थभत्तस्स, उक्कोसेणं साइरेगस्स वाससहस्सस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

[२-प्र. ४] भगवन् ! असुरकुमारों को कितने काल में आहार की इच्छा होती है ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमारो का आहार दो प्रकार का होता है—आभोगनिर्वर्तित और अनाभोगनिर्वर्तित। जो अनाभोगनिर्वर्तित आहार है, वह प्रतिसमय (सतत) होता रहता है। (किन्तु) आभोगनिर्वर्तित आहार की इच्छा जघन्य चतुर्थभक्त अर्थात्—एक अहोरात्र से और उत्कृष्ट एक हजार वर्ष से कुछ अधिक काल में होती है।

[2—Q. 4] *Bhante* ! After what interval of time Asur Kumars have desire for food (intake) ?

[Ans.] Gautam ! The intake of Asur Kumars is of two kinds—*aabhog nirvartit* (voluntary intake) and *anaabhog nirvartit* (involuntary intake). The involuntary intake continues every moment. (But) the desire for voluntary intake comes after a minimum gap of *Chaturthabhakta* (one day and one night) and a maximum gap of slightly more than one thousand years.

[२–प्र. ५] असुरकुमाराणं भंते ! किं आहारं आहारेंति ?

[उ.] गोयमा ! दव्वओ अणंतपएसियाइं दव्वाइं, खित्त–काल–भाव पण्णवणागमेणं। सेसं जहा नेरइयाणं जाव।

[प्र.] ते णं तेसिं पोग्गला कीसत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति ?

[उ.] गोयमा ! सोइंदियत्ताए–सुरूवत्ताए सुवण्णत्ताए इट्ठत्ताए इच्छियत्ताए, अभिज्झियत्ताए, उड्ढत्ताए, णो अहत्ताए, सुहत्ताए, णो दुहत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति।

[२–प्र. ५] भगवन् ! असुरकुमार किन पुद्‌गलों का आहार करते है ?

[उ.] गौतम ! द्रव्य से अनन्तप्रदेशी द्रव्यो का आहार करते है। क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा से प्रज्ञापनासूत्र का वही वर्णन जान लेना चाहिए, जो नैरयिको के प्रकरण मे कहा है।

[प्र.] भगवन् ! असुरकुमारो द्वारा आहार किये हुए पुद्‌गल किस रूप मे बार–बार परिणत होते है ?

[उ.] गौतम ! श्रोत्रेन्द्रिय रूप मे (चक्षुइन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय एव) स्पर्शनेन्द्रिय रूप मे, सुन्दर रूप मे, सु–वर्ण रूप मे, इष्ट रूप मे, इच्छित रूप मे, मनोहर (अभिलषित) रूप मे, ऊर्ध्व रूप मे परिणत होते है, अध रूप मे नही, सुखरूप मे परिणत होते है किन्तु दुःखरूप में परिणत नही होते।

[2—Q. 5] *Bhante* ! What kind of matter forms the intake of Asur Kumars ?

[Ans.] Gautam ! In terms of entities (*dravya*) their intake is of entities having infinite space-points (*anant pradeshi dravya*). In context of area, time and state the description quoted from *Prajnapana Sutra* in the discussion about infernal beings should be read.

[Q.] *Bhante* ! In what form the intake of matter particles by Asur Kumars continues to transform ?

[Ans.] Gautam ! They continue to transform into organs of hearing, (vision, smell, taste) and touch. They continue to transform into forms

that are beautiful, have good complexion, are likeable, desirable and enchanting. They continue to transform into noble and not ignoble forms as also in the form of happiness and not misery.

[२–प्र. ६] असुरकुमाराणं पुव्वाहारिया पुग्गला परिणया ?

[उ.] असुरकुमाराभिलावेणं जहा नेरइयाणं जाव। चलियं कम्मं निज्जरंति।

[२–प्र. ६] भगवन् ! क्या असुरकुमारों द्वारा आहृत–पहले आहार किये हुए पुद्गल परिणत हुए ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमारों के अभिलाप में, अर्थात्–नारकों के स्थान पर 'असुरकुमार' शब्द का प्रयोग करके चलित कर्म की निर्जरा करते है, यहाँ तक सभी आलापक नारकों के समान ही समझने चाहिए।

[2—Q. 6] *Bhante* ! Did the matter particles ingested by Asur Kumars in the past get transformed ?

[Ans.] Gautam ! In this discussion about Asur Kumars read the statements mentioned in the discussion about infernal beings up to 'they shed the *chalit* (shifted) *karmas*' replacing 'infernal beings' with Asur Kumars

नागकुमार चर्चा **NAAG KUMARS**

[३–प्र. १] नागकुमाराणं भंते ! केवइयं कालं ठिती पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं दस वाससहस्साइं, उक्कोसेणं देसूणाइं दो पलिओवमाइं।

[३–प्र. १] भगवन् ! नागकुमार देवों की स्थिति कितने काल की है ?

[उ.] गौतम ! जघन्य दस हजार वर्ष की और उत्कृष्ट देशोन = कुछ कम दो पल्योपम की है।

[3—Q. 1] *Bhante* ! What is the life-span of the Naag Kumars ?

[Ans.] Gautam ! It is minimum ten thousand years and maximum slightly less than two *Palyopam* (a metaphoric unit of time).

[३–प्र. २] नागकुमाराणं भंते ! केवइकालस्स आणमंति वा पाणमंति वा ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं सत्तण्हं थोवाणं, उक्कोसेणं मुहुत्तपुहत्तस्स आणमंति वा पाणमंति वा।

[३–प्र. २] भगवन् ! नागकुमार देव कितने समय में श्वास लेते हैं और छोडते है ?

[उ.] गौतम ! जघन्य सात स्तोक में और उत्कृष्ट मुहूर्त–पृथक्त्व में (दो मुहूर्त्त से लेकर नौ मुहूर्त्त के अन्दर किसी भी समय) श्वासोच्छ्वास लेते है।

[3—Q. 2] *Bhante* ! What is the duration of inhalation, exhalation, breathing in and breathing out of the Naag Kumars ?

[Ans.] Gautam ! They inhale and exhale in a minimum period of seven *Stok* and a maximum period of *Muhurt-prithaktva* (anything between two to nine *Muhurts*).

[३—प्र. ३] नागकुमाराणं भंते ! आहारट्ठी ?

[उ.] हंता, गोयमा ! आहारट्ठी।

[३—प्र. ३] भगवन् ! क्या नागकुमार देव आहारार्थी होते हैं ?

[उ.] हाँ, गौतम ! ये आहारार्थी होते हैं।

[3—Q. 3] *Bhante* ! Have the Naag Kumars a desire for food (intake) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have the desire for food (intake).

[३—प्र. ४] नागकुमाराणं भंते ! केवइकालस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! नागकुमाराणं दुविहे आहारे पण्णत्ते। तं जहा—आभोगनिव्वत्तिए य अणाभोगनिव्वत्तिए य। तत्थ णं जे से अणाभोगनिव्वत्तिए से अणुसमयं अविरहिए आहारट्ठे समुप्पज्जेइ, तत्थ णं जे से आभोगनिव्वत्तिए, से जहन्नेणं चउत्थभत्तस्स, उक्कोसेणं दिवस—पुहुत्तस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ। सेसं जहा असुरकुमाराणं जाव चलियं कम्मं निज्जरेंति, नो अचलियं कम्मं निज्जरेंति।

[३—प्र. ४] भगवन् ! नागकुमार देवो को कितने काल के अनन्तर आहार की अभिलाषा उत्पन्न होती है ?

[उ.] गौतम ! नागकुमार देवो का आहार दो प्रकार का है—आभोगनिर्वर्तित और अनाभोगनिर्वर्तित। इनमे जो अनाभोगनिर्वर्तित आहार है, वह प्रतिसमय विरहरहित (सतत) होता है, किन्तु आभोगनिर्वर्तित आहार की अभिलाषा जघन्यत: चतुर्थभक्त (एक अहोरात्र) के पश्चात् और उत्कृष्टत: दिवस—पृथक्त्व (दो दिवस से लेकर नौ दिवस तक) के बाद उत्पन्न होती है। शेष "चलित कर्म की निर्जरा करते है, किन्तु अचलित कर्म की निर्जरा नही करते", यहाँ तक सारा वर्णन असुरकुमार देवों की तरह समझ लेना चाहिए।

[3—Q. 4] *Bhante* ! After what interval of time Naag Kumars have desire for food (intake).

[Ans.] Gautam ! The intake of Naag Kumars is of two kinds—*aabhog nirvartit* (voluntary intake) and *anaabhog nirvartit* (involuntary intake) The involuntary intake continues every moment. (But) the desire for voluntary intake comes after a minimum gap of *Chaturthabhakta* (one day and night) and a maximum gap of *Divas-prithaktva* (anything between two to nine *Muhurts*). After this read the statements mentioned in the discussion about Asur Kumars up to 'they shed the *chalit* (shifted) *karmas* but not the *achalit* (unmoved) *karmas*'.

[४ से ११] एवं सुवण्णकुमाराण वि जाव थणियकुमाराणं ति।

[४ से ११] इसी तरह सुपर्णकुमार देवो से लेकर स्तनितकुमार (शेष सभी भवनपति) देवों तक के भी (स्थिति से लेकर चलित कर्मनिर्जरा तक के) सभी आलापक (पूर्ववत्) कह देने चाहिए।

[4 to 11] In the same way all aforesaid statements (from life-span to shedding of *chalit karmas*) should be read with reference to the remaining abode dwelling gods (*Bhavanavasi*) from Suparna Kumars to Stanit Kumars.

विशेष : नागकुमारों की स्थिति के विषय में स्पष्टीकरण—मूल पाठ में उक्त नागकुमारो की देशोन दो पल्योपम की उत्कृष्ट स्थिति उत्तर दिशा के नागकुमारो की होनी चाहिए। दक्षिण दिशावर्ती नागकुमारो की उत्कृष्ट स्थिति डेढ पल्योपम की है।

Note : Clarification about the life-span of Naag Kumars—The maximum life-span of Naag Kumars, slightly less than two *Palyopam*, mentioned in the original text is for the Naag Kumars residing in the north, that of the Naag Kumars residing in the south is one and a half *Palyopam*.

पृथ्वीकाय आदि पाँच स्थावर FIVE IMMOBILES INCLUDING EARTH-BODIED BEINGS

[१२–प्र. १] पुढविक्काइयाणं भंते ! केवइयं कालं ठिती पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं बावीसं वाससहस्साइं।

[१२–प्र. १] भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीवों की स्थिति कितने काल की है ?

[उ.] गौतम ! जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त की और उत्कृष्ट बाईस हजार वर्ष की है।

[12—Q. 1] *Bhante* ! What is the life-span of the earth-bodied beings (*Prithvikaya jivas*) ?

[Ans.] Gautam ! It is minimum *Antar-muhurt* (less than forty eight minutes) and maximum twenty two thousand years.

[१२–प्र. २] पुढविक्काइया केवइकालस्स आणमंति वा ४ ?

[उ.] गोयमा ! वेमायाए आणमंति वा ४।

[१२–प्र. २] भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीव कितने काल में श्वास–निःश्वास लेते हैं ?

[उ.] गौतम ! (वे) विमात्रा–विविध या विषम काल में श्वासोच्छ्वास लेते है।

[12—Q. 2] *Bhante* ! What is the duration of inhalation, exhalation, breathing in and breathing out of the earth-bodied beings ?

[Ans.] Gautam ! They inhale and exhale in a varied and indeterminate period of time.

[१२-प्र. ३] पुढविक्काइया आहारट्ठी ?

[उ.] हंता, आहारट्ठी।

[१२-प्र. ३] भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीव क्या आहार के अभिलाषी होते है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वे आहारार्थी होते हैं।

[12—Q. 3] *Bhante* ! Have the earth-bodied beings desire for food (intake) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have the desire for food (intake).

[१२-प्र. ४] पुढविक्काइयाणं केवइकालस्स आहारट्ठे समुप्पज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! अणुसमयं अविरहिए आहारट्ठे समुप्पज्जइ।

[१२-प्र. ४] भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीवों को कितने काल में आहार की अभिलाषा उत्पन्न होती है ?

[उ.] हे गौतम ! (उन्हे) प्रतिसमय निरन्तर आहार की अभिलाषा उत्पन्न होती है।

[12—Q. 4] *Bhante* ! After what interval of time the earth-bodied beings have desire for food (intake) ?

[Ans.] Gautam ! Their desire for intake rises every moment.

[१२-प्र. ५] पुढविक्काइया किं आहारं आहारेंति ?

[उ.] गोयमा ! दव्वओ जहा नेरइयाणं जाव निव्वाघाएणं छद्दिसिं; वाघायं पडुच्च सिय तिदिसिं, सिय चउद्दिसिं सिय पंचदिसिं। वण्णओ काल-नील-लोहित-हालिद्द-सुक्कलाणि। गंधओ सुब्भिगंध २, रसओ तित्त ५, फासओ कक्खड ८। सेसं तहेव।

[प्र.] नाणत्तं कतिभागं आहारेंति ? कइभागं फासादेंति ?

[उ.] गोयमा ! असंखिज्जइभागं आहारेंति, अणंतभागं फासादेंति जाव।

[प्र.] ते णं तेसिं पोग्गला कीसत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति ?

[उ.] गोयमा ! फासिंदियवेमायत्ताए भुज्जो भुज्जो परिणमंति। सेसं जहा नेरइयाणं जाव चलियं कम्मं निज्जरेंति, नो अचलियं कम्मं निज्जरेंति।

[१२-प्र. ५] भगवन् ! पृथ्वीकायिक जीव क्या (किसका) आहार करते है ?

[उ.] गौतम ! वे द्रव्य से अनन्तप्रदेशी द्रव्यो का आहार करते हैं, इत्यादि (आहार-विषयक) सब बाते नैरयिकों के समान जानना चाहिए। यावत् पृथ्वीकायिक जीव व्याघात न हो तो छहो दिशाओं से आहार लेते है। व्याघात हो तो कदाचित् तीनो दिशाओं से, कदाचित् चार और कदाचित् पाँच दिशाओ से आहार लेते हैं। वर्ण की अपेक्षा से काला, नीला, पीला, लाल, हारिद्र (हल्दी जैसा) तथा शुक्ल (श्वेत)

वर्ण के द्रव्यों का आहार करते हैं। गन्ध की अपेक्षा से सुरभिगन्ध और दुरभिगन्ध, दोनों गन्ध वाले, रस की अपेक्षा से तिक्त आदि पाँचो रस वाले, स्पर्श की अपेक्षा से कर्कश आदि आठों स्पर्श वाले द्रव्यों का आहार करते हैं। शेष सब वर्णन पूर्ववत् ही समझना चाहिए।

यहाँ भेद यह है–

[प्र.] भगवन् ! पृथ्वीकाय के जीव कितने भाग का आहार करते हैं और कितने भाग का स्पर्श–आस्वादन करते हैं ?

[उ.] गौतम ! वे असंख्यातवें भाग का आहार करते हैं और अनन्तवें भाग का स्पर्श–आस्वाद करते है। यावत्–

[प्र.] "भगवन् ! उनके द्वारा आहार किये हुए पुद्गल किस रूप में बार–बार परिणत होते है ?"

[उ.] गौतम ! स्पर्शनेन्द्रिय के रूप में साता–असातारूप विविध प्रकार से बार–बार परिणत होते हैं। (यावत्) यहाँ से लेकर 'अचलित कर्म की निर्जरा नहीं करते;' यहाँ तक का अवशिष्ट सब वर्णन नैरयिकों के समान समझना चाहिए।

[12—Q. 5] *Bhante* ! What is it that the earth-bodied beings ingest ?

[Ans.] Gautam ! In terms of entities or substances they ingest substances with infinite space-points, other information (about food intake) should be read as mentioned about infernal beings. (up to) earth-bodied beings have intake from all the six directions in absence of any obstruction If there is some obstruction they may have intake from three, four or five directions. In terms of appearance (colour) they ingest substances of black, blue, yellow, red, turmeric and white colours. In terms of smell they ingest substances both with pleasant and unpleasant odour. In terms of taste they ingest substances with all the five tastes including bitter. In terms of touch they ingest substances having all eight types of touch including rough. All other information should be read as already stated.

Additional information here is—

[Q.] *Bhante* ! What portion do the earth-bodied beings take in and what portion do they touch (taste) ?

[Ans.] Gautam ! They take in innumerable portion and touch or taste infinite portion.

[Q.] Bhante ! In what form do the matter particles ingested by the earth-bodied beings continue to get transformed ?

[Ans.] They continue to get transformed into the sense organ of touch as pleasant and unpleasant forms. From this point onwards up to 'they

do not shed unmoving *karmas.*' All details should be read as that mentioned about infernal beings.

[१३ से १६] एवं जाव वणस्सइकाइयाणं। नवरं ठिती वण्णेयव्वा जा जस्स, उस्सासो वेमायाए।

[१३ से १६] इसी प्रकार अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय और वनस्पतिकाय तक के जीवो के विषय मे समझना चाहिए। अन्तर केवल इतना है कि जिसकी जितनी स्थिति हो उसकी उतनी स्थिति कह देनी तथा इन सबका उच्छ्वास भी विमात्रा से–विविध प्रकार से–जानना चाहिए (अर्थात्–स्थिति के अनुसार वह नियत नहीं है)।

[13 to 16] The same should be read for water-bodied (*apkaya*), fire-bodied (*tejaskaya*), air-bodied (*vayukaya*) and plant-bodied (*vanaspatikaya*) beings. The only difference is that the body-specific life-span should be mentioned for each. Their respiration is also indeterminate.

विवेचन : पृथ्वीकायिक जीवों की उत्कृष्ट स्थिति–खर पृथ्वी (ककड–पत्थर आदि) की अपेक्षा से २२ हजार वर्ष की है क्योंकि सिद्धान्तानुसार **स्निग्ध पृथ्वी** (काली चिकनी मिट्टी आदि) की १४ हजार वर्ष की, **मनःशिला** (मैनशिल–एक उपधातु) पृथ्वी की १६ हजार वर्ष की, **शर्करा पृथ्वी** (बालू आदि) की १८ हजार वर्ष की और **खर पृथ्वी** की २२ हजार वर्ष की उत्कृष्ट स्थिति मानी गई है। **विमात्रा–आहार, विमात्रा–श्वासोच्छ्वास–** पृथ्वीकायिक जीवो का रहन–सहन विचित्र होने से उनके आहार की कोई मात्रा–आहार की एकरूपता नही है। इस कारण उनमे श्वास की मात्रा निश्चित नही है कि कब कितना लेते हैं। इनका श्वासोच्छ्वास भी विषम रूप है–विमात्र है। **व्याघात–**लोक के अन्त में, जहाँ लोक–अलोक की सीमा मिलती है, वही व्याघात होना सम्भव है क्योकि अलोक मे आहार योग्य पुद्गल नही होते।

शेष स्थावरों की उत्कृष्ट स्थिति–पृथ्वीकाय के अतिरिक्त शेष स्थावरो की उत्कृष्ट स्थिति क्रमश. अप्काय की ७ हजार वर्ष की, तेजस्काय की ३ दिन की, वायुकाय की ३ हजार वर्ष की और वनस्पतिकाय की १० हजार वर्ष की है। *(वृत्ति, पत्राक २१)*

Elaboration—Maximum life-span of earth-bodied beings is 22 thousand years, which relates to the *Khar Prithvi* (pebbles, stones etc) This is according to the established belief that maximum life-span related to *Snigdha Prithvi* (black and other clays) is 14 thousand years, that related to *Manah-shila Prithvi* (minerals like red arsenic) is 16 thousand years, that related to *Sharkara Prithvi* (sand etc.) is 18 thousand years and that related to *Khar Prithvi* is 16 thousand years. *Vimatra-ahaar* and *vimatra-shvasochchhavas*—Due to the unusual living conditions of the earth-bodied beings there are no standards about the quantity of food intake. This the reason that there is not standard breathing period. Here *vimatra* indicates indefinite or indeterminate. *Vyaghat* (obstruction)—Here obstruction means termination of intake for a short period. This is possible only at the edge of the *Lok* or occupied space because beyond that, in *Alok* (unoccupied space), there is total absence of ingestable matter.

Maximum life-span of other immobile beings—The maximum life-span of other immobile beings are—7 thousand years for water-bodied (*apkaya*), 3 days for fire-bodied (*tejaskaya*), 3 thousand years for air-bodied (*vayukaya*) and 10 thousand years for plant-bodied (*vanaspatikaya*) beings. *(Vritti, leaf 29)*

द्वीन्द्रियादि त्रस-चर्चा TWO-SENSED AND OTHER MOBILE BEINGS

[१७-१] बेइंदियाणं ठिई भाणियव्वा। ऊसासो वेमायाए।

[१७-२] बेइंदियाणं आहारे पुच्छा। अणाभोगनिव्वत्तिओ तहेव। तत्थ णं जे से आभोगनिव्वत्तिए से णं असंखेज्जसमइए अंतोमुहुत्तिए वेमायाए आहारट्ठे समुप्पज्जइ। सेसं तहेव जाव अणंतभागं आसायंति।

[१७-१] द्वीन्द्रिय जीवो की स्थिति कहनी चाहिए। उनका श्वासोच्छ्वास विमात्रा से (अनियत) है।

[१७-२] (तत्पश्चात्) द्वीन्द्रिय जीवों के आहार के विषय में इस प्रकार पृच्छा करनी चाहिए–

[प्र.] भगवन् ! द्वीन्द्रिय जीवो को कितने काल में आहार की अभिलाषा होती है ?

[उ.] अनाभोगनिर्वर्तित आहार (निरन्तर) समझना चाहिए। आभोगनिर्वर्तित आहार की अभिलाषा विमात्रा से असख्यात समय वाले अन्तर्मुहूर्त मे होती है। शेष सब वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए, यावत् अनन्तवे भाग का आस्वादन करते हैं।

[17—1] Life-span of two-sensed beings (*dvindriya jiva*) should be stated There breathing is indeterminate

[17—Q. 2] *Bhante* ! After what interval of time the two-sensed beings have desire for food (intake) ?

[Ans.] Gautam ! Their desire for involuntary intake arises every moment The desire for voluntary intake rises indeterminately within one *Antar-muhurt* of innumerable *Samayas* (the ultimate fractional unit of time) Further details should be read as aforesaid up to 'taste infinite portion'.

[१७-प्र. ३] बेइंदिया णं भंते ! जे पोग्गले आहारत्ताए गेण्हंति ते किं सव्वे आहारेंति ? नो सव्वे आहारेंति ?

[उ.] गोयमा ! बेइंदियाणं दुविहे आहारे पण्णत्ते। तं जहा–लोमाहारे पक्खेवाहारे य। जे पोग्गले लोमाहारत्ताए गिण्हंति ते सव्वे अपरिसेसिए आहारेंति। जे पोग्गले पक्खेवाहारत्ताए गिण्हंति तेसिं णं पोग्गलाणं असंखिज्जभागं आहारेंति, अणेगाइं च णं भागसहस्साइं अणासाइज्जमाणाइं अफासाइज्जमाणाइं विद्धंसमागच्छंति।

[१७-प्र. ३] भगवन् ! द्वीन्द्रिय जीव जिन पुद्गलों को आहाररूप से ग्रहण करते हैं, क्या वे उन सबका आहार कर लेते है ? अथवा उन सबका आहार नही करते ?

[उ.] गौतम ! द्वीन्द्रिय जीवो का आहार दो प्रकार का है, जैसे कि-'रोमाहार' (रोमों द्वारा खींचा जाने वाला आहार) और 'प्रक्षेपाहार' (कौर, बूँद आदि रूप मे मुँह आदि में डालकर किया जाने वाला)। जिन पुद्गलों को वे रोमाहार द्वारा ग्रहण करते है, उन सबका पूर्ण रूप से आहार करते हैं। जिन पुद्गलों को प्रक्षेपाहार द्वारा ग्रहण करते हैं, उन पुद्गलों मे से असंख्यातवाँ भाग आहार ग्रहण किया जाता है और (शेष) अनेक-सहस्र भाग बिना आस्वाद किए और बिना स्पर्श किये ही नष्ट हो जाते है।

[17—Q. 3] *Bhante* ! Of the matter taken by two-sensed beings do they consume it all or do they not consume all of it ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are said to be of two kinds—(1) *Purvopapannak* (born earlier), and (2) *Pashchadupapannak* (born later). Of these those born earlier have lesser *karmas* (left with lighter *karmic* bondage) and those born later have more *karmas* (left with heavier *karmic* bondage). That is why, Gautam ! It is said that all infernal beings do not have the same *karmic* bondage.

[प्र. ३] नेरइया णं भंते ! सव्वे समवण्णा ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं तह चेव.....?

[उ.] गोयमा ! जे ते पुव्वोववन्नगा ते णं विसुद्धवण्णतरागा तहेव से तेणट्ठेणं एवं.....।

[प्र. ३] भगवन् ! क्या सभी नारक समवर्ण वाले है ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ सम्भव नही है।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! पूर्वोक्त कथनवत् नारक दो प्रकार के होते है-(१) पूर्वोपपन्नक, और (२) पश्चादुपपन्नक। इनमे जो पूर्वोपपन्नक है, वे विशुद्ध वर्ण वाले है, तथा जो पश्चादुपपन्नक है, वे अविशुद्ध वर्ण वाले है, इसीलिए ऐसा कहा जाता है।

[Q. 3] *Bhante* ! Do all infernal beings have the same colour ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are said to be of two kinds—(1) *Purvopapannak* (born earlier), and (2) *Pashchadupapannak* (born later) Of these those born earlier have pure colour and those born later have impure colour That is why, Gautam ! It is said so.

[प्र. ४] नेरइया णं भंते ! सव्वे समलेसा ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं जाव नो सव्वे समलेसा ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया दुविहा पण्णत्ता। तं जहा—पुव्वोववन्नगा य पच्छोववन्नगा य। तत्थ णं जे ते पुव्वोववन्नगा ते णं विसुद्धलेसतरागा, तत्थ णं जे ते पच्छोववन्नगा ते णं अविसुद्धलेसतरागा। से तेणट्ठेणं. एवं.....।

[प्र. ४] भगवन् ! क्या सब नैरयिक समान लेश्या वाले है ?

[उ.] गौतम ! ऐसा सम्भव नही है।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से कहा जाता है कि सभी नैरयिक समान लेश्या वाले नहीं है ?

[उ.] गौतम ! नैरयिक दो प्रकार के होते है—(१) पूर्वोपपन्नक, और (२) पश्चादुपपन्नक। इनमें जो पूर्वोपपन्नक है, वे विशुद्ध लेश्या वाले और जो पश्चादुपपन्नक है, वे अविशुद्ध लेश्या वाले हैं, इस कारण हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सभी नारक समान लेश्या वाले नही है।

[Q. 4] *Bhante* ! Do all infernal beings have the same *leshya* (complexion of soul) ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are said to be of two kinds—(1) *Purvopapannak* (born earlier), and (2) *Pashchadupapannak* (born later). Of these those born earlier have pure *leshya* (complexion of soul) and those born later have impure *leshya* (complexion of soul). That is why, Gautam ! It is said that all infernal beings do not have the same *leshya* (complexion of soul).

[प्र. ५] नेरइया णं भंते ! सव्वे समवेदणा ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया दुविहा पण्णत्ता। तं जहा—सण्णिभूया य असण्णिभूया य। तत्थ णं जे ते सण्णिभूया ते णं महावेयणतरागा, तत्थ णं जे ते असण्णिभूया ते णं अप्पवेयणतरागा। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं.....।

[प्र. ५] भगवन् ! क्या सब नारक समान वेदना वाले हैं ?

[उ.] गौतम ! ऐसा सम्भव नही है।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! नैरयिक दो प्रकार के होते है, यथा—(१) संज्ञिभूत, और (२) असंज्ञिभूत। इनमे जो संज्ञिभूत है, वे महावेदना वाले हैं और जो असंज्ञिभूत हैं, वे (अपेक्षाकृत) अल्प वेदना वाले हैं। इस कारण से हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सब नारक समान वेदना वाले नही हैं।

[Q. 5] *Bhante* ! Do all infernal beings have the same pain (intensity of suffering) ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are said to be of two kinds—(1) *Sanjnibhoot* (having awareness/righteousness), and (2) *Asanjnibhoot* (not having awareness/righteousness). Of these the *sanjnibhoot* (having awareness/righteousness) suffer great pain and *asanjnibhoot* (not having awareness/righteousness) suffer little pain That is why, Gautam ! it is said that all infernal beings do not have the same pain (intensity of suffering)

[प्र. ६] नेरइया णं भंते ! सव्वे समकिरिया ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया तिविहा पण्णत्ता। तं जहा—सम्मद्दिट्ठी मिच्छादिट्ठी सम्मामिच्छादिट्ठी। तत्थ णं जे ते सम्मदिट्ठी तेसि णं चत्तारि किरियाओ पण्णत्ताओ, तं जहा—१ आरंभिया, २ पारिग्गहिया, ३ मायावत्तिया, ४ अपच्चक्खाणकिरिया। तत्थ णं जे ते मिच्छादिट्ठी तेसि णं पंच किरियाओ कज्जंति, तं जहा—आरंभिया जाव मिच्छादंसणवत्तिया। एवं सम्मामिच्छादिट्ठीणं पि। से तेणट्ठेणं गोयमा !.....

[प्र. ६] भगवन् ! क्या सभी नैरयिक समान क्रिया वाले है ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ सम्भव नही है।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! नारक तीन प्रकार के होते है, यथा–सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि और सम्यग्–मिथ्यादृष्टि (मिश्रदृष्टि)। जो सम्यग्दृष्टि हैं, उनके चार क्रियाएँ होती हैं–(१) आरम्भिकी, (२) पारिग्रहिकी, (३) मायाप्रत्यया, और (४) अप्रत्याख्यानक्रिया। जो मिथ्यादृष्टि हैं, उनमें आरम्भिकी से लेकर मिथ्यादर्शनप्रत्यया तक पाँच क्रियाएँ होती है। इसी प्रकार सम्यग्–मिथ्यादृष्टि के भी पाँचों क्रियाएँ समझनी चाहिए। इस कारण गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सब नारक समान क्रिया वाले नहीं हैं।

[Q. 6] *Bhante* ! Do all infernal beings have the same activities (*kriya*) ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are said to be of three kinds—*Samyagdrishti* (righteous), *Mithyadrishti* (unrighteous) and *Samyag-mithyadrishti* (mixed). The *Samyagdrishti* (righteous) have four activities—(1) *Arambhiki* (act of violence), (2) *Paarigrahiki* (act of possession and hoarding), (3) *Maayapratyayaa* (activity involved in indulgence in deceit), and (4) *Apratyakhyana kriya* (indisciplined action in absence of resolve of abstainment). The *Mithyadrishti* (unrighteous) have five activities from *Arambhiki* to (5) *Mithyadarshanapratyayaa* (activity involved in indulgence in false perception/faith); the same is true for *Samyag-mithyadrishti* (mixed). That is why, Gautam ! It is said that all infernal beings do not have the same activities

[प्र. ७] नेरइया णं भंते ! सव्वे समाउया ? सव्वे समोववन्नगा ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया चउव्विहा पण्णत्ता। तं जहा–१. अत्थेगइया समाउया समोववन्नगा, २. अत्थेगइया समाउया विसमोववन्नगा, ३. अत्थेगइया विसमाउया समोववन्नगा, ४. अत्थेगइया विसमाउया विसमोववन्नगा। से तेणट्ठेणं गोयमा !.....

[प्र. ७] भगवन् ! क्या सभी नारक समान आयुष्य वाले है और समोपपन्नक–एक साथ उत्पन्न होने वाले है ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ सम्भव नही है।

[प्र.] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! नारक जीव चार प्रकार के होते है–(१) **समायुष्क समोपपन्नक** समान आयु वाले और एक साथ उत्पन्न हुए, (२) **समायुष्क विषमोपपन्नक** (समान आयु वाले और पहले–पीछे उत्पन्न हुए),

(३) **विषमायुष्क समोपपन्नक** (विषम आयु वाले, किन्तु एक साथ उत्पन्न हुए), और (४) **विषमायुष्क-विषमोपपन्नक** (विषम आयु वाले और पहले-पीछे उत्पन्न हुए)। इसी कारण हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सभी नारक समान आयु वाले और एक साथ उत्पन्न होने वाले नहीं हैं।

[Q. 7] *Bhante* ! Do all infernal beings have the same life-span and simultaneous genesis ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are said to be of four kinds—(1) *Samayushk samopapannak*—with same life-span and simultaneous genesis, (2) *Samayushk vishamopapannak*—with same life-span and staggered genesis, (3) *Vishamayushk samopapannak*—with varied life-span and simultaneous genesis, and (4) *Vishamayushk vishamopapannak*—with varied life-span and staggered genesis. That is why, Gautam ! It is said that all infernal beings do not have the same life-span and simultaneous genesis.

असुरकुमारादि की समानत्व चर्चा SIMILARITIES IN ASUR KUMARS AND OTHER GODS

६. [प्र. १] असुरकुमारा णं भंते ! सव्वे समाहारा ? सव्वे समसरीरा ?

[उ.] जहा नेरइया तहा भाणियव्वा। नवरं कम्म-वण्ण-लेसाओ परित्थल्लेयव्वाओ-पुव्वोववन्नगा महाकम्मतरागा, अविसुद्धवण्णतरागा, अविसुद्धलेसतरागा। पच्छोववन्नगा पसत्था। सेसं तहेव। [२] एवं जाव थणियकुमारा।

६. [प्र. १] भगवन् ! क्या सब असुरकुमार समान आहार वाले और समान शरीर वाले है ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमारो के सम्बन्ध मे सब वर्णन नैरयिको के समान ही समझना चाहिए। विशेषता यह है कि असुरकुमारो के कर्म, वर्ण और लेश्या नैरयिको से विपरीत अर्थात्-पूर्वोपपन्नक असुरकुमार महाकर्म वाले, अविशुद्ध वर्ण वाले और अशुद्ध लेश्या वाले है, जबकि पश्चादुपपन्नक प्रशस्त है। शेष सब पहले के समान जानना चाहिए। [२] इसी प्रकार (नागकुमारो से लेकर) यावत् स्तनितकुमारो (तक) समझना चाहिए।

6. [Q. 1] *Bhante* ! Do all Asur Kumars have the same intake and body (physical dimensions) ?

[Ans.] Gautam ! All the description regarding Asur Kumars should be read as that stated about infernal beings. The only difference is that the *karma*, colour and *leshya* of Asur Kumars are in reverse order than those of infernal beings In other words the *Purvopapannak* (born earlier) Asur Kumars are with heavy *karmas*, impure colours and impure *leshyas*

whereas the *Pashchadupapannak* (born later) ones are superior. Remaining details are same. [2] The same is true (for other divine beings from Naag Kumars) up to Stanit Kumars.

पृथ्वीकायादि समानत्व चर्चा SIMILARITIES IN PRITHVIKAYA ETC.

७. [१] पुढविक्काइयाणं आहार–कम्म–वण्ण–लेसा जहा नेरइयाणं।

७. [१] पृथ्वीकायिक जीवों का आहार, कर्म, वर्ण और लेश्या नैरयिकों के समान समझना चाहिए।

7. [1] The details of intake, *karma*, colour and *leshya* of *prithvikayik jivas* (earth-bodied beings) should be read to be the same as those of infernal beings.

[प्र. २] पुढविक्काइया णं भंते सव्वे समवेदणा ?

[उ.] हंता, समवेयणा।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! पुढविक्काइया सव्वे असण्णी असण्णिभूयं अणिदाए वेयणं वेदेंति। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं .....।

[प्र. २] भगवन् ! क्या सब पृथ्वीकायिक जीव समान वेदना वाले है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वे समान वेदना वाले है।

[प्र.] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! समस्त पृथ्वीकायिक जीव असज्ञी है और असंज्ञीभूत जीव वेदना को अनिदा–(अनिर्धारित) रूप से वेदते हैं। इस कारण हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सभी पृथ्वीकायिक समान वेदना वाले है।

[Q. 2] *Bhante* ! Do all earth-bodied beings have the same pain (intensity of suffering) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have the same pain.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! All earth-bodied beings are *asanjnibhoot* (not having awareness/righteousness) And *asanjnibhoot* beings suffer pain indeterminately That is why, Gautam ! it is said that all earth-bodied beings have the same pain (intensity of suffering).

[प्र. ३] पुढविक्काइया णं भंते ! समकिरिया ?

[उ.] हंता, समकिरिया।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! पुढविक्काइया सव्वे माई मिच्छादिट्ठी, ताणं नियइयाओ पंच किरियाओ कज्जंति, तं जहा—१ आरंभिया जाव ५ मिच्छादंसणवत्तिया। से तेणट्ठेणं समकिरिया। समाउया, समोववन्नगा जहा नेरइया तहा भाणियव्वा।

[प्र. ३] भगवन् ! क्या सभी पृथ्वीकायिक जीव समान क्रिया वाले है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वे सभी समान क्रिया वाले है।

[प्र.] भगवन् ! आप ऐसा किस कारण से कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! सभी पृथ्वीकायिक जीव मायी और मिथ्यादृष्टि है। इसलिए उन्हें आरम्भिकी यावत् मिथ्यादर्शनप्रत्यया निश्चित रूप से पाँचो क्रियाएँ लगती है। इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि सभी पृथ्वीकायिक जीव समान क्रिया वाले है। जैसे नारक जीवों मे समायुष्क और समोपपन्नक आदि चार भंग कहे हैं, वैसे ही पृथ्वीकायिक जीवों मे भी कहने चाहिए।

[Q. 3] *Bhante* ! Do all earth-bodied beings have the same activities (*kriya*) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have the same activities

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! All earth-bodied beings are *maayi* (deceitful) and *mithyadrishti* (unrighteous) and therefore as a rule they have all five activities from *arambhiki* (act of violence) to *Mithyadarshanapratyayaa* (activity involved in indulgence in false perception/faith) That is why, Gautam ! it is said that all earth-bodied beings have the same activities The four classifications of same life-span and simultaneous genesis stated about infernal beings should be repeated here about earth-bodied beings.

८. जहा पुढविक्काइया तहा जाव चउरिंदिया।

८. जिस प्रकार पृथ्वीकायिक जीवो के आहारादि के सम्बन्ध मे निरूपण किया है, उसी प्रकार अप्काय, तेजस्काय, वायुकाय, वनस्पतिकाय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय तक के जीवो के सम्बन्ध मे समझ लेना चाहिए।

8. The details about intake and other things mentioned about earth-bodied beings are also applicable to beings from *apkaya* (water-bodied beings), *tejaskaya* (fire-bodied beings), *vayukaya* (air-bodied beings), *vanaspatikaya* (plant-bodied beings), *dvindriya* (two-sensed beings), *trindriya* (three-sensed beings) and *chaturindriya* (four-sensed beings).

९. [१] पंचिंदियतिरिक्खजोणिया जहा नेरइया। नाणत्तं किरियासु।

९. [१] पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक जीवो के आहारादि के सम्बन्ध में कथन भी नैरयिकों के समान समझना चाहिए; केवल क्रियाओ मे भिन्नता है।

9. [1] The details about intake and other things of five sensed animals (*Panchendriya Tiryanchayonik jivas*) are also similar to those mentioned about infernal beings. The only difference is about activities.

[प्र. २] पंचिंदियतिरिक्खजोणिया णं भंते ! सव्वे समकिरिया ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ ?

[उ.] गोयमा ! पंचिंदियतिरिक्खजोणिया तिविहा पण्णत्ता। तं जहा—सम्मदिट्ठी, मिच्छादिट्ठी, सम्मामिच्छादिट्ठी। तत्थं णं जे ते सम्मदिट्ठी ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा—अस्संजता य, संजताऽसंजता य। तत्थ णं जे ते संजताऽसंजता तेसि णं तिन्नि किरियाओ कज्जंति, तं जहा—१ आरंभिया २ परिग्गहिया ३ मायावत्तिया। असंजताणं चत्तारि। मिच्छादिट्ठीणं पंच। सम्मामिच्छादिट्ठीणं पंच।

[प्र. २] भगवन् ! क्या सभी पचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक जीव समान क्रिया वाले है ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नही है।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहते है ?

[उ.] गौतम ! पचेन्द्रियतिर्यंचयोनिक जीव तीन प्रकार के होते है, यथा—सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि और सम्यग्–मिथ्यादृष्टि। उनमे जो सम्यग्दृष्टि है, वे दो प्रकार के हैं, जैसे कि—असयत और सयतासयत। उनमें जो सयतासयत है, उन्हे तीन क्रियाएँ लगती हैं। वे इस प्रकार—आरम्भिकी, पारिग्रहिकी और मायाप्रत्यया। उनमे जो असयत है, उन्हे अप्रत्याख्यानी क्रिया सहित चार क्रियाएँ लगती है। जो मिथ्यादृष्टि तथा सम्यग्–मिथ्यादृष्टि हैं, उन्हे पाँचों क्रियाएँ लगती है।

[Q. 2] *Bhante* ! Do all five sensed animals have the same activities (*kriya*) ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Five sensed animals are said to be of three kinds—*Samyagdrishti* (righteous), *Mithyadrishti* (unrighteous) and *Samyag-mithyadrishti* (mixed). The *Samyagdrishti* (righteous) are of two kinds—*asamyat* (indisciplined) and *samyatasamyat* (disciplined-cum-indisciplined). Of these the *samyatasamyat* have three activities—(1) *Arambhiki*, (2) *Parigrahiki*, and (3) *Maayapratyayaa*. The *asamyat*

have four activities (including *Apratyakhyana kriya*). The *Mithyadrishti* (unrighteous) and *Samyag-mithyadrishti* (mixed) have all the five activities including *Mithyadarshanapratyayaa*).

मनुष्य–देव समानत्व चर्चा SIMILARITIES IN HUMAN AND DIVINE BEINGS

१०. [१] मणुस्सा जहा नेरइया (सूत्र ५)। नाणत्तं–जे महासरीरा से आहच्च आहारेंति। जे अप्पसरीरा ते अभिक्खणं आहारेंति ४। सेसं जहा नेरइयाणं जाव वेयणा।

१०. [१] मनुष्यो का आहारादि सम्बन्धित निरूपण नैरयिकों के समान (सूत्र ५ के अनुसार) समझना चाहिए। उनमे अन्तर इतना ही है कि जो महाशरीर वाले है, वे बहुत पुद्गलों का आहार करते है, और वे कभी–कभी आहार करते है, इसके विपरीत जो अल्प शरीर वाले है, वे अल्प पुद्गलो का आहार करते है; और बार–बार करते हैं। शेष वेदना पर्यन्त सब वर्णन नारकों के समान समझना चाहिए।

10. [1] The details about intake and other things of human beings (*manushya*) are also similar to those mentioned about infernal beings (aphorism 5) The only difference is that those with large bodies have intake of large number of matter particles and it is infrequent, on the other hand those with small bodies have intake of meager number of matter particles and it is frequent. Remaining description up to pain is the same as that of infernal beings.

[प्र. २] मणुस्सा णं भंते ! सव्वे समकिरिया ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! मणुस्सा तिविहा पण्णत्ता। तं जहा–सम्मद्दिट्ठी मिच्छादिट्ठी सम्मामिच्छादिट्ठी। तत्थ णं जे ते सम्मद्दिट्ठी ते तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–संजता अस्संजता संजतासंजता य। तत्थ णं जे ते संजता ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–सरागसंजता य वीतरागसंजता य। तत्थ णं जे ते वीतरागसंजता ते णं अकिरिया। तत्थ णं जे ते सरागसंजता ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–पमत्तसंजता य अपमत्तसंजता य। तत्थ णं जे ते अप्पमत्तसंजता तेसि णं एगा मायावत्तिया किरिया कज्जंति। तत्थ णं जे ते पमत्तसंजता तेसि णं दो किरियाओ कज्जंति, तं जहा–आरम्भिया य १ मायावत्तिया य २। तत्थ णं जे ते संजतासंजता तेसि णं आइल्लाओ तिन्नि किरियाओ कज्जंति। अस्संजताणं चत्तारि किरियाओ कज्जंति–आरं. ४। मिच्छादिट्ठीणं पंच। सम्मामिच्छादिट्ठीणं पंच ५।

[प्र. २] भगवन् ! क्या सब मनुष्य समान क्रिया वाले है ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ सम्भव नही है।

[प्र.] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहते है ?

[उ.] गौतम ! मनुष्य तीन प्रकार के होते हैं, यथा–सम्यग्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि और सम्यग्–मिथ्यादृष्टि। उनमे जो सम्यग्दृष्टि हैं, वे तीन प्रकार के है, यथा–संयत, संयतासंयत और असंयत। उनमें जो संयत हैं, वे दो प्रकार के हैं, यथा–सरागसयत और वीतरागसंयत। उनमें जो वीतरागसंयत हैं, वे क्रियारहित हैं, तथा जो सरागसयत हैं, वे भी दो प्रकार के हैं, जैसे–प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत। उनमें जो अप्रमत्तसंयत है, उन्हें एक मायाप्रत्यया क्रिया लगती है। उनमें जो प्रमत्तसंयत है, उन्हे दो क्रियाएँ लगती हैं–आरम्भिकी और मायाप्रत्यया। तथा उनमे जो संयतासयत हैं, उन्हें आदि की तीन क्रियाएँ लगती है– आरम्भिकी, पारिग्रहिकी और मायाप्रत्यया। असयतों को चार क्रियाएँ लगती हैं–आरम्भिकी, पारिग्रहिकी, मायाप्रत्यया और अप्रत्याख्यानी क्रिया। मिथ्यादृष्टियो को पाँचों क्रियाएँ लगती हैं– आरम्भिकी, पारिग्रहिकी, मायाप्रत्यया, अप्रत्याख्यानी क्रिया और मिथ्यादर्शनप्रत्यया। सम्यग्–मिथ्यादृष्टियो को भी ये पाँचो क्रियाएँ लगती हैं।

[Q. 2] *Bhante* ! Do all human beings have the same activities (*kriya*) ?

[Ans.] Gautam ! That is not possible.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! Human beings are said to be of three kinds—*Samyagdrishti* (righteous), *Mithyadrishti* (unrighteous) and *Samyag-mithyadrishti* (mixed). The *Samyagdrishti* (righteous) are of three kinds—*samyat* (disciplined), *samyatasamyat* (disciplined-cum-indisciplined) and *asamyat* (indisciplined). Of these the *samyat* are of two kinds—*saragasamyat* (disciplined with attachment) and *vitaragasamyat* (disciplined and detached). The *vitaragasamyat* are devoid of action and the *saragasamyat* are again of two kinds—*pramattasamyat* (accomplished but negligent), and *apramattasamyat* (accomplished and alert). The *apramattasamyat* (accomplished and alert) have only one activity, *maayapratyayaa* The *pramattasamyat* (accomplished but negligent) have two activities—*arambhiki* and *maayapratyayaa* The *samyatasamyat* have first three activities—*arambhiki, paarigrahiki* and *maayapratyayaa*. The *asamyat* have four activities—*arambhiki, paarigrahiki, maayapratyayaa* and *apratyakhyana kriya*. The *Mithyadrishti* (unrighteous) have all the five activities—*arambhiki, paarigrahiki, maayapratyayaa, apratyakhyana kriya mithyadarshanapratyayaa*. The *Samyag-mithyadrishti* (mixed) too have all these five activities

११. वाणमंतर–जोतिस–वेमाणिया जहा असुरकुमारा (सु. ६)। नवरं वेयणाए नाणत्तं–मायिमिच्छादिट्ठीउववन्नगा य अप्पवेदणतरागा, अमायिसम्मद्दिट्ठीउववन्नगा य महावेयणतरागा भाणियव्वा जोतिस–वेमाणिया।

११. वाणव्यन्तर, ज्योतिषी और वैमानिक के आहारादि के सम्बन्ध में सब वर्णन असुरकुमारों के समान समझना चाहिए। विशेषता यह है कि इनकी वेदना मे भिन्नता है। ज्योतिष्क और वैमानिकों मे जो मायी-मिथ्यादृष्टि के रूप मे उत्पन्न हुए है, वे अल्प वेदना वाले हैं, और जो अमायी-सम्यग्दृष्टि के रूप में उत्पन्न हुए हैं, वे महावेदना वाले होते हैं।

11. The details about intake and other things of Vanavyantar (interstitial), Jyotishk (stellar) and Vaimanik (celestial vehicle dwelling) gods are similar to those mentioned about Asur Kumars. The only difference is about their pain. Among Jyotishk and Vaimanik gods those born as deceitful and unrighteous experience less suffering and those born as non-deceitful and righteous experience great suffering.

चौबीस दण्डको में लेश्या विचार **LESHYA IN TWENTY FOUR DANDAKS**

१२. [प्र.] सलेसा णं भंते ! नेरइया सव्वे समाहारगा ?

[उ.] ओहियाणं, सलेसाणं, सुक्कलेसाणं, एएसि णं तिण्हं एक्को गमो। कण्हलेस नीललेसाणं पि एक्को गमो, नवरं वेदणाए–मायिमिच्छादिट्ठीउववन्नगा य, अमायिसम्मद्दिट्ठीउववण्णगा य भाणियव्वा। मणुस्सा किरियासु सराग–वीयराग–पमत्तापमत्ता ण भाणियव्वा। काउलेसाण वि एसेव गमो, नवरं नेरइए जहा ओहिए दंडए तहा भाणियव्वा। तेउलेसा पम्हलेसा जस्स अत्थि जहा ओहिओ दंडओ तहा भाणियव्वा, नवरं मणुस्सा सरागा वीयरागा य न भाणियव्वा।

गाहा–दुक्खाऽऽउए उदिण्णे, आहारे, कम्म–वण्ण–लेसा य।
समवेदण समकिरिया समाउए चेव बोद्धव्वा॥१॥

१२. [प्र.] भगवन् ! क्या लेश्या वाले समस्त नैरयिक समान आहार वाले होते है ?

[उ.] गौतम ! औधिक (सामान्य), सलेश्य एव शुक्ललेश्या वाले इन तीनो का एक समान पाठ कहना चाहिए। कृष्णलेश्या और नीललेश्या वालो का एक समान पाठ कहना चाहिए, किन्तु उनकी वेदना मे इस प्रकार भेद है–मायी–मिथ्यादृष्टि–उपपन्नक और अमायी–सम्यग्दृष्टि–उपपन्नक कहने चाहिए। तथा कृष्णलेश्या और नीललेश्या (के सन्दर्भ) मे मनुष्यो के समान सरागसंयत, वीतरागसयत, प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत भेद नही कहना चाहिए। तथा कापोतलेश्या मे भी यही पाठ कहना चाहिए। भेद यह है कि कापोतलेश्या वाले नैरयिको को औधिक दण्डक के समान कहना चाहिए। तेजोलेश्या और पद्मलेश्या वालो को भी औधिक दण्डक के समान कहना चाहिए। विशेषता यह है कि इनमे मनुष्यो के समान सराग और वीतराग का भेद नही कहना चाहिए, क्योंकि तेजोलेश्या और पद्मलेश्या वाले सराग ही होते है।

गाथार्थ–दु:ख (कर्म) और आयुष्य उदीर्ण हो तो वेदते है। आहार, कर्म, वर्ण, लेश्या, वेदना, क्रिया और आयुष्य, इन सबकी समानता के सम्बन्ध मे पहले कहे अनुसार ही समझना चाहिए।

12. [Q.] *Bhante* ! Do all the infernal beings with *leshya* (soul complexion) have same intake ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings in general, those with *leshya* and those with *shukla leshya* (white hue) fall in the same category. Those with *krishna leshya* (black hue) and *neel leshya* (blue hue) fall in the same category but there is a difference in their suffering which follows the pattern of *maayi-mithyadrishti upapannak* (born with deceit and unrighteousness) and *amaayi-samyakdrishti upapannak* (born without deceit and with righteousness). And the variations of *saragasamyat, vitaragasamyat, pramattasamyat* and *apramattasamyat* as mentioned with regard to humans are not to be stated here with regard to *krishna leshya* and *neel leshya*. Those with *kapot leshya* (pigeon hue) follow the same pattern (like *krishna leshya*), the only difference is that they follow the pattern of infernal beings in general (*aughik*). Those with *tejoleshya* (fiery or red hue) and *padma leshya* (pink hue) also follow the pattern of infernal beings in general (*aughik*). The only difference is that the variations of *saraga* and *vitaraga* as mentioned with regard to humans are not to be stated here. This is because those with *tejoleshya* and *padma leshya* are *sarag* (with attachment) as a rule.

The verse—Misery and life-span (*karmas*) are experienced as they fructify. As regards the similarity of intake, *karma*, colour, pain, activity and life-span, they should be read as stated earlier

१३. [प्र.] कति णं भंते ! लेसाओ पण्णत्ताओ ?

[उ.] गोयमा ! छल्लेसाओ पण्णत्ताओ। तं जहा–लेसाणं बीओ उद्देसओ भाणियव्वो जाव इड्ढी।

१३. [प्र.] भगवन् ! लेश्याएँ कितनी कही गई हैं ?

[उ.] गौतम ! लेश्याएँ छह हैं। यथा–कृष्ण, नील, कापोत, तेजस्, पद्म और शुक्ल। यहाँ प्रज्ञापनासूत्र के १७वाँ लेश्यापद का द्वितीय उद्देशक ऋद्धि की वक्तव्यता तक कहना चाहिए।

13. [Q.] Bhante ! How many *leshyas* (complexion of soul) have been stated ?

[Ans.] Gautam ! There are six *leshyas*—*krishna, neel, kapot, tejas, padma* and *shukla* (black, blue, pigeon or grey, red, pink and white). Here the text from *Prajnapana Sutra*, Second chapter, 17th verse title *Leshya* should be read up to the statement about *Riddhi*

विवेचन : ५वें सूत्र से ११वें सूत्र तक नारकी से लेकर वैमानिक तक चौबीस दण्डको के सम्बन्ध में निम्नोक्त दस द्वार–सम्बन्धी प्रश्नोत्तर हैं–(१) सम–आहार, (२) सम–शरीर, (३) सम–उच्छ्वास–नि:श्वास,

(४) सम-कर्म, (५) सम-वर्ण, (६) सम-लेश्या, (७) सम-वेदना, (८) सम-क्रिया, (९) समायुष्क, तथा (१०) समोपपन्नक। इन सूत्रों में आई विशेष अवधारणाओं की व्याख्या इस प्रकार है-

छोटा-बड़ा शरीर आपेक्षिक-प्रस्तुत में नैरयिकों का छोटा और बड़ा शरीर अपेक्षा से है। नारकों का छोटे से छोटा शरीर अंगुल के असंख्यातवे भाग जितना है और बड़े से बड़ा ५०० धनुष के बराबर है। ये दोनों प्रकार के शरीर भवधारणीय शरीर की अपेक्षा से हैं। उत्तरवैक्रिय शरीर जघन्य अगुल के संख्यातवें भाग तक और उत्कृष्ट शरीर एक हजार धनुष का हो सकता है।

नारक : अल्पकर्मी एवं महाकर्मी-जो नारक पहले उत्पन्न हो चुके, उन्होने नरक का आयुष्य तथा अन्य कर्म बहुत-से भोग लिए हैं, अतएव उनके बहुत-से कर्मों की निर्जरा हो चुकी है, इस कारण वे अल्पकर्मी हैं। जो नारक बाद में उत्पन्न हुए हैं, उन्हें आयु और सात कर्म बहुत भोगने बाकी हैं, इसलिए वे महाकर्मी (बहुत कर्म वाले) हैं।

संज्ञीभूत-असंज्ञीभूत-वृत्तिकार ने संज्ञीभूत के अनेक अर्थ बताए है-(१) संज्ञा का अर्थ है-सम्यग्दर्शन, सम्यग्दृष्टि जीव को संज्ञीभूत कहते हैं। अथवा जो पहले असंज्ञी (मिथ्यादृष्टि) था, और अब संज्ञी (सम्यग्दृष्टि) हो गया है, अर्थात्-जो नरक में ही मिथ्यात्व को छोडकर सम्यग्दृष्टि हुआ है, वह सज्ञी संज्ञीभूत कहलाता है। असंज्ञीभूत का अर्थ मिथ्यादृष्टि है। संज्ञीभूत (सम्यग्दृष्टि) को नरक में जाने पर पूर्वकृत अशुभ कर्मों का विचार करने से घोर पश्चात्ताप होता है-इस प्रकार की मानसिक वेदना के कारण वह महावेदना का अनुभव करता है। असंज्ञीभूत-मिथ्यादृष्टि को स्वकृत कर्मफल के भोग का कोई ज्ञान या विचार तथा पश्चात्ताप नहीं होता, और न ही उसे मानसिक पीडा होती है, इस कारण असंज्ञीभूत नैरयिक अल्पवेदना का अनुभव करता है। (२) इसी प्रकार संज्ञीभूत यानी सज्ञी पंचेन्द्रिय जीव मे तीव्र अशुभ परिणाम हो सकते है, फलत वह सातवी नरक तक जा सकता है। जो जीव आगे की नरको में जाता है, उसे अधिक वेदना होती है। असज्ञीभूत (नरक मे जाने से पूर्व असंज्ञी) जीव रत्नप्रभा के तीव्र वेदनारहित स्थानो में उत्पन्न होता है, इसलिए उसे अल्पवेदना होती है। (३) इसी प्रकार संज्ञिभूत अर्थात्-पर्याप्त को महावेदना और असज्ञीभूत अर्थात् अपर्याप्त को अल्पवेदना होती है।

असुरकुमारो का आहार मानसिक होता है। आहार ग्रहण करने का मन होते ही इष्ट, कान्त आदि आहार के पुद्गल आहार के रूप में परिणत हो जाते है।

असुरकुमारों का आहार और श्वासोच्छ्वास-एक असुरकुमार एक दिन के अन्तर से आहार करता है, और दूसरा असुरकुमार देव सातिरेक (साधिक) एक हजार वर्ष मे एक बार आहार करता है। अत सातिरेक एक हजार वर्ष में एक बार आहार करने वाले की अपेक्षा एक दिन के अन्तर से आहार करने वाला बार-बार आहार करता है, ऐसा कहा जाता है। यही बात श्वासोच्छ्वास के सम्बन्ध मे समझ लेनी चाहिए। सातिरेक एक पक्ष में श्वासोच्छ्वास लेने वाले असुरकुमार की अपेक्षा सात स्तोक मे श्वासोच्छ्वास लेने वाला असुरकुमार बार-बार श्वासोच्छ्वास लेता है, ऐसा कहा जाता है।

असुरकुमार के कर्म, वर्ण और लेश्या का कथन नारको से विपरीत क्यों ?-इस विपरीतता का कारण यह है कि पूर्वोपपन्नक असुरकुमारों का चित्त अतिकन्दर्प और दर्प से युक्त होने से वे नारकों को बहुत त्रास देते हैं। त्रास सहन करने से नारको के तो कर्मनिर्जरा होती है, किन्तु असुरकुमारो के नये कर्मों का बन्ध होता है। वे अपनी क्रूर भावना एवं विकारादि के कारण अशुद्धता बढाते हैं। उनका पुण्य क्षीण होता जाता है। पापकर्म बढ़ता जाता है, इसलिए वे महाकर्मी होते हैं।

पृथ्वीकायिक आदि जीवों को मायी-मिथ्यादृष्टि कहने का कारण स्पष्ट करते हुए बताया है, इसका एक कारण है-अनन्तानुबधी कषाय। जिनको अनन्तानुबन्धी कषाय होता है, वे मिथ्यादृष्टि होते हैं। दूसरा अर्थ है-वे मूर्च्छित और उन्मत्त पुरुष की तरह बेसुध होकर कर्मों का फल भोगते हैं। उन्हें यह ज्ञान नहीं होता कि हमें यह पीड़ा कौन दे रहा है और क्यों दे रहा है। किस कर्म के उदय से यह वेदना हो रही है तथा मायाचरण का सेवन करने के कारण ही वे पृथ्वीकाय में आये है।

मनुष्यों के आहार की विशेषता-मनुष्य दो प्रकार के होते हैं-महाशरीरी और अल्पशरीरी। महाशरीरी मनुष्य और नारकी दोनों बहुत पुद्गलों का आहार करते हैं, किन्तु दोनो के पुद्गलो में बहुत अन्तर है। महाशरीरी नारकी जिन पुद्गलों का आहार करते हैं, वे निःसार और स्थूल होते हैं, जबकि मनुष्य-विशेषतः देवकुरु-उत्तरकुरु के भोगभूमिज मनुष्य जिन पुद्गलों का आहार करते हैं, वे सारभूत और सूक्ष्म होते हैं। भोगभूमिज मनुष्यो का शरीर तीन गाऊ का होता है और उनका आहार अष्टभक्त-अर्थात्-तीन दिन मे एक बार होता है, इस अपेक्षा से महाशरीरी मनुष्यों को कदाचित् आहार करने वाले (एक दृष्टि से अल्पाहारी) कहा गया है। जैसे एक तोला चाँदी से एक तोला सोने में अधिक पुद्गल होते हैं, वैसे ही देवकुरु-उत्तरकुरु के मनुष्यो का आहार दीखने में कम होते हुए भी सारभूत होने से उसमें अल्पशरीरी मनुष्य के आहार की अपेक्षा अधिक पुद्गल होते हैं। इस दृष्टि से उन्हे बहुत पुद्गलों का आहार करने वाला कहा गया है। अल्पशरीरी मनुष्यों का आहार निःसार एव थोडे पुद्गलो का होने से उन्हे बार-बार करना पडता है।

विशेष शब्दों की व्याख्या : जो सयम का पालन करता है, किन्तु जिसका संज्वलन कषाय क्षीण या उपशान्त नही हुआ, वह **सरागसंयत** है। जिसके कषाय का सर्वथा क्षय या उपशम हो गया है, वह **वीतरागसंयत** है।

सयोग केवली क्रियारहित कैसे ?-जो महापुरुष कषायों से सर्वथा मुक्त हो गये हैं, वे कर्मबन्ध की कारणभूत क्रिया से रहित है। यद्यपि सयोगी अवस्था मे योग की प्रवृत्ति से होने वाली ईर्यापथिक क्रिया उनमें विद्यमान है, तथापि कषायरहित होने से वह क्रिया नहीं के बराबर है, इन क्रियाओ मे उनकी गणना नहीं है। अप्रमत्तसंयत में मायाप्रत्यया क्रिया इसलिए होती है कि उसमे अभी कषाय अवशिष्ट है और कषाय के निमित्त से होने वाली क्रिया मायाप्रत्यया कहलाती है। *(क्रियाओ की व्याख्या स्थानाग, भाग १, २/२-३७ मे की जा चुकी है)*

Elaboration—Aphorisms 5 to 11 have question-answers about the following ten sources of *karmas* (*dvar*) related to the twenty four *dandaks* (places of suffering) starting from infernal beings to celestial vehicle dwelling gods—(1) *Sam-ahar* (similarity of intake), (2) *Sam-sharir* (similarity of body), (3) *Sam-uchchhavas-nihshvas* (similarity of inhalation-exhalation), (4) *Sam-karma* (similarity of *karma*), (5) *Sam-varna* (similarity of appearance or colour), (6) *Sam-leshya* (similarity of soul-complexion), (7) *Sam-vedana* (similarity of suffering of pain), (8) *Sam-kriya* (similarity of activities), (9) *Sam-ayushk* (similarity of life-span), (10) *Sam-upapannak* (similarity of genesis). Explanation of some unique concepts from these aphorisms are as follows—

Relative sizes of bodies—The small and large sizes of infernal beings mentioned here are relative. The smallest body of an infernal being is

equivalent to innumerable fraction of an *Angul* (width of a finger) and the largest is 500 *Dhanush* (cubits). These sizes are in context of incarnation sustaining body (*bhavadharaniya sharira*). The minimum size of secondary transmuted body (*uttar-vaikriya sharira*) can be countable fraction of an *Angul* and the maximum can be 1,000 *Dhanush*.

Infernal beings with light and heavy *karmas*—The infernal beings born earlier have already shed some fraction of the life-span determining *karmas* and other *karmas* through suffering, and thus they are called *alpakarmi* or with light *karmas*. In comparison, those born later have to suffer more life-span determining *karmas* and other seven *karmas* therefore they are called *mahakarmi* or with heavy *karmas*.

Sanjnibhoot-asnajnibhoot—The commentator (*Vritti*) has given various interpretations of *sanjnibhoot*—(1) *Sanjna* means *samyagdarshan* (right perception/faith). Thus a *samyagdrishti* (righteous being) is called *sanjnibhoot* One who was originally unrighteous (*mithyadrishti*) and has now become righteous is called *sanjnibhoot*. With reference to an infernal being, one that has changed from unrighteous to righteous while still in the infernal world is called *sanjnibhoot*. *Asanjnibhoot* is unrighteous or *mithyadrishti*. When a righteous being is born in the infernal word he recalls the ignoble deeds from the past and gravely repents. He suffers great pain due to this additional mental torture. Unrighteous being has no awareness of the consequences of his own deeds. He neither repents nor suffers any mental torture. Therefore an unrighteous infernal being experiences less pain. (2) In the same way a *sanjnibhoot* or *sanjni* (sentient) five sensed animal with mental awareness is capable of intense evil thoughts and as a consequence he may go up to the seventh hell. The farther the hell the more is the agony. An *asanjni* (non-sentient) being after death reincarnates in those sections of *Ratnaprabha* hell that are devoid of intense pain and thus suffers less pain In the same way a *sanjni* (fully developed) being suffers great pain and an *asanjni* (underdeveloped) being suffers less pain.

The intake of Asur Kumars is mental. The moment they have a desire for intake the desired and likeable mater particles turn into food.

The intake and respiration of Asur Kumars—The frequency of intake of some Asur Kumar is one day and that of some other Asur Kumar with excessive desire for intake is one thousand years. Therefore, relative to the one who eats once after a thousand years, the one who eats after one

day is said to be a frequent eater. The same is true for respiration. Relative to the one who inhales and exhales in a fortnight, the one who inhales and exhales in seven *Stokes* is said to be a frequent breather.

Why the statement about *karma*, colour and *leshya* of Asur Kumars is opposite of that of infernal beings ?—The reason for this contradiction is that as the mentality of Asur Kumars born earlier is extremely lusty and conceited, they torment infernal beings excessively. By enduring pain the infernal beings shed their *karmas* but the Asur Kumars acquire new *karmic* bondage. Their impurity increases due to cruel feelings and other perversions. As they continue to add to their demeritorious *karmas* they are called *maha-karmi* (having excessive and heavy *karmas*).

Explaining the reason for calling earth-bodied and other such beings deceitful and unrighteous it is mentioned that one of the reasons is *anantanubandhi kashaya* (passions that enhance the unending cycles of rebirth). Those with *anantanubandhi kashaya* are unrighteous (*mithyadrishti*). Another meaning is that they experience the fruits of *karmas* in a state of stupor like an unconscious or intoxicated person. They are not aware of who is causing them pain and why; fruition of which *karma* is causing them pain and that they have been born as earth-bodied beings only because of their deceitful activities.

The uniqueness of intake by human beings—Human beings are of two kinds—*mahashariri* (large bodied) and *alpashariri* (small bodied). Large bodied human beings and infernal beings both eat a large quantity of matter particles. However there is a great difference in the matter. The matter particles the large bodied infernal beings eat are worthless and gross whereas those eaten by human beings, specially those belonging to Deva-kuru and Uttar-kuru (the land of enjoyment), are potent and subtle The body of the human beings of the land of enjoyment is three *Gau* in dimension and their intake is once in three days. For this reason the large bodied humans are called infrequent eaters (meager eaters in one way). As the same volume of gold is heavier than silver, the food of humans of Deva-kuru and Uttar-kuru is less in volume but rich in potency; therefore it has more number of particles than the food of small bodied humans. From this viewpoint they are said to have intake of large quantity of matter particles. As the food of small bodied humans is worthless and with low density of matter particles they have to eat frequently.

TECHNICAL TERMS

One who observes discipline or self restraint but his *sanjvalan kashaya* (evanescent passions) has not yet been destroyed or pacified is called *saragasamyat*. One whose passions have been completely destroyed or pacified is called *vitaragasamyat*.

Why *Sayogi Kevali* is without action ?—The great men who are completely free of passions are devoid of the activities that cause *karmic* bondage. Although in the *sayogi* state there is *iryapathiki kriya* (careful movement of accomplished ascetic) but it is insignificant because it is devoid of passions and is excluded from bonding activities. In *apramattasamyat* (alert disciplined) there is *maayapratyayaa kriya* (activity involved in indulgence in deceit) because he still has traces of passions and the activity caused by passions is called *maayapratyayaa*. *(for details about kriyas refer to Illustrated Sthananga Sutra, Part-1, 2/2-37)*

संसार–संस्थानकाल WORLD-SPECIFIC PERIOD OF REBIRTH AND EXISTENCE

१४. [प्र.] जीवस्स णं भंते ! तीतद्धाए आदिट्ठस्स कइविहे संसारसंचिट्ठणकाले पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! चउव्विहे संसारसंचिट्ठणकाले पण्णत्ते। तं जहा–णेरइयसंसारसंचिट्ठणकाले, तिरिक्खजोणियसंसारसंचिट्ठणकाले, मणुस्ससंसारसंचिट्ठणकाले, देवसंसारसंचिट्ठणकाले य पण्णत्ते।

१४. [प्र.] भगवन् ! अतीतकाल में आदिष्ट–(नारक आदि विशेषण वाले) जीव का संसार–संस्थानकाल कितने प्रकार का है ?

[उ.] गौतम ! संसार–संस्थानकाल (संसार में रहने का समय) चार प्रकार का है। यथा–नैरयिक संसार–संस्थानकाल, तिर्यंच संसार–संस्थानकाल, मनुष्य संसार–संस्थानकाल और देव संसार–संस्थानकाल।

14. [Q.] *Bhante* ! How many kinds of world-specific period of rebirth and existence (*samsar samsthan kaal*) have been stated for beings distinguished by adjectives (*aadisht*) and assigned to the past ?

[Ans.] Gautam ! World-specific period of rebirth and existence (*samsar samsthan kaal*) is of four kinds—*Nairayik samsar samsthan kaal* (period of rebirth and existence as infernal beings), *Tiryanch samsar samsthan kaal* (period of rebirth and existence as animals), *Manushya samsar samsthan kaal* (period of rebirth and existence as human beings), *Dev samsar samsthan kaal* (period of rebirth and existence as divine beings).

१५. [प्र. १] नेरइयसंसारसंचिट्ठणकाले णं भंते ! कतिविहे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! तिविहे पण्णत्ते। तं जहा–सुन्नकाले, असुन्नकाले, मिस्सकाले।

[प्र. २] तिरिक्खजोणियसंसारसंचिट्ठणकाले पुच्छा ?

[उ.] गोयमा ! दुविहे पण्णत्ते। तं जहा—असुन्नकाले य मिस्सकाले य।

[३] मणुस्साण य, देवाण य जहा नेरइयाणं।

१५. [प्र. १] भगवन् ! नैरयिक संसार-संस्थानकाल कितने प्रकार का है ?

[उ.] गौतम ! तीन प्रकार का है। यथा-शून्यकाल, अशून्यकाल और मिश्रकाल।

[प्र. २] भगवन् ! तिर्यंच ससार-संस्थानकाल कितने प्रकार का है ?

[उ.] गौतम ! दो प्रकार का है। यथा—अशून्यकाल और मिश्रकाल।

[३] मनुष्यों और देवों के संसार-सस्थानकाल का कथन नारकों के समान समझना चाहिए।

15. [Q. 1] *Bhante* ! Of how many kinds is *Nairayik samsar samsthan kaal* (period of rebirth and existence as infernal beings) ?

[Ans.] Gautam ! It is of three kinds—*Shunya kaal* (period of complete replacement), *Ashunya kaal* (period of absolute non-replacement) and *Mishra kaal* (period of gradual replacement just short of complete replacement).

[Q. 2] *Bhante* ! Of how many kinds is *Tiryanch samsar samsthan kaal* (period of rebirth and existence as animals) ?

[Ans.] Gautam ! It is of two kinds—*Ashunya kaal* (period of absolute non-replacement) and *Mishra kaal* (period of gradual replacement just short of complete replacement).

[3] *Samsar samsthan kaal* (period of rebirth and existence) of human beings and divine beings should be read as that of infernal beings.

१६. [प्र. १] एयस्स णं भंते ! नेरइयसंसारसंचिट्ठणकालस्स सुन्नकालस्स असुन्नकालस्स मीसकालस्स य कयरे कयरेहिंतो अप्पे वा, बहुए वा, तुल्ले वा, विसेसाहिए वा ?

[उ.] गोयमा ! सव्वत्थोवे असुन्नकाले, मिस्सकाले अणंतगुणे, सुन्नकाले अणंतगुणे। [२] तिरिक्खजोणियाणं सव्वत्थोवे असुन्नकाले, मिस्सकाले अणंतगुणे। [३] मणुस्स—देवाण य जहा नेरइयाणं।

१६. [प्र. १] भगवन् ! नारकों के संसार-संस्थानकाल के जो तीन भेद हैं-शून्यकाल, अशून्यकाल और मिश्रकाल, इनमें से कौन किससे कम, बहुत, तुल्य, विशेषाधिक है ?

[उ. १] गौतम ! सबसे कम अशून्यकाल है, उससे मिश्रकाल अनन्तगुणा है और उसकी अपेक्षा भी शून्यकाल अनन्तगुणा है। [२] तिर्यंच संसार-संस्थानकाल के दो भेदों में से सबसे कम अशून्यकाल है और उसकी अपेक्षा मिश्रकाल अनन्तगुणा है। [३] मनुष्यों और देवों के संसार-संस्थानकाल की न्यूनाधिकता (अल्प-बहुत्व) नारकों के संसार-संस्थानकाल की न्यूनाधिकता के समान ही समझनी चाहिए।

16. [Q. 1] *Bhante* ! Of the three kinds of *Nairayik samsar samsthan kaal—Shunya kaal, Ashunya kaal* and *Mishra kaal*—which one is more, less or equal as compared with the others ?

[Ans.] Gautam ! Minimum is *Ashunya kaal, Mishra kaal* is infinite times more than that and *Shunya kaal* is further infinite times more than that [2] Of the two kinds of *samsthan kaal* of animal beings minimum is *Ashunya kaal* and *Mishra kaal* is infinite times more than that [3] The comparison of *samsthan kaal* of human and divine beings should be read as that of *samsthan kaal* of infernal beings.

१७. [प्र.] एयस्स णं भंते ! नेरइयसंसारसंचिट्ठणकालस्स जाव देवसंसारसंचिट्ठणकालस्स जाव विसेसाधिए वा ?

[उ.] गोयमा ! सव्वत्थोवे मणुस्ससंसारसंचिट्ठणकाले, नेरइयसंसारसंचिट्ठणकाले असंखेज्जगुणे, देवसंसारसंचिट्ठणकाले असंखेज्जगुणे, तिरिक्खजोणियसंसारसंचिट्ठणकाले अणंतगुणे।

१७. [प्र.] भगवन् ! नैरयिक, तिर्यंच, मनुष्य और देव, इन चारो के ससार-सस्थानकालो में कौन किससे कम, अधिक, तुल्य या विशेषाधिक है ?

[उ.] गौतम ! सबसे थोडा मनुष्य ससार-सस्थानकाल है, उससे नैरयिक ससार-संस्थानकाल असख्यातगुणा है, उससे देव ससार-सस्थानकाल असंख्यातगुणा है और उससे तिर्यंच ससार-सस्थानकाल अनन्तगुणा है।

17. [Q.] *Bhante* ! Of the *samsar samsthan kaals* of the four—infernal beings, animals, human beings and divine beings—which one is more, less or equal as compared with the others ?

[Ans.] Gautam ! Minimum is the *samsar samsthan kaal* of human beings, innumerable times more than that is the *samsar samsthan kaal* of infernal beings, innumerable times more than that is the *samsar samsthan kaal* of divine beings and infinite times more than that is the *samsar samsthan kaal* of animals

विवेचन : संसार-संस्थानकाल सम्बन्धी प्रश्न का उद्भव क्यों—कुछ लोगो की मान्यता है कि "पशु मरकर पशु ही होता है और मनुष्य मरकर मनुष्य, वह देव या नारक नही होता। अनादि भवो मे भी जीव एक ही प्रकार से रहता है।" इस भ्रान्त मत का निराकरण करने हेतु गौतम स्वामी ने यह प्रश्न उठाया है कि वह जीव अनादिकाल से एक योनि से दूसरी योनि मे भ्रमण कर रहा है, तो अतीतकाल मे जीव ने कितने प्रकार का ससार बिताया है ?

संसार-संस्थानकाल का अर्थ—ससार मे एक भव (जन्म) से दूसरे भव मे ससरण-गमन एवं स्थित रहने रूप क्रिया तथा उसकी अवधि सस्थानकाल है। ससार-सस्थानकाल तीन प्रकार का है-शून्यकाल, अशून्यकाल और मिश्रकाल।

(१) अशून्यकाल–आदिष्ट (वर्तमान में नियत) समय वाले नारकों में से एक भी नारक जब तक मरकर नहीं निकलता है और न कोई नया जन्म लेता है, तब तक का काल अशून्यकाल है। अर्थात्–अमुक वर्तमानकाल में सातों नरकों में जितने भी जीव विद्यमान हैं, उनमें से न कोई जीव मरे, न ही नया उत्पन्न हो, यानी उतने के उतने ही जीव जितने समय तक रहें, उस समय को नरक की अपेक्षा अशून्यकाल कहते हैं। (२) शून्यकाल–वर्तमानकाल के समादिष्ट (नियत) नारको में से समस्त नारक नरक से निकल जायें, एक भी नारक शेष न रहे, और न ही उनके स्थान पर सभी नये नारक पहुँचें तब तक का काल नरक की अपेक्षा शून्यकाल कहलाता है। तिर्यंचयोनि में शून्यकाल नहीं है, क्योंकि तिर्यंचयोनि मे अकेले वनस्पतिकाय के ही जीव अनन्त हैं, वे सबके सब उसमें से निकलकर नहीं जाते। शेष तीनो गतियो में तीनों प्रकार के संसार–संस्थानकाल हैं। (३) मिश्रकाल–वर्तमानकाल के इन नारको में से एक, दो, तीन इत्यादि क्रम से निकलते–निकलते जब एक भी नारक शेष रहे, अर्थात् विद्यमान नारको में से जब एक का निकलना प्रारम्भ हुआ, तब से लेकर जब तक नरक में एक नारक शेष रहा, तब तक बीच के समय को नरक की अपेक्षा मिश्रकाल कहते हैं।

तीनों कालों का अल्प–बहुत्व–अशून्यकाल अर्थात् विरहकाल की अपेक्षा मिश्रकाल को अनन्तगुणा इसलिए कहा है कि अशून्यकाल तो सिर्फ बारह मुहूर्त्त का है, जबकि मिश्रकाल वनस्पतिकाय में गमन की अपेक्षा अनन्तगुणा है। नरक के जीव जब तक नरक में रहें, तभी तक मिश्रकाल नहीं, वरन् नरक के जीव नरक से निकलकर वनस्पतिकाय आदि तिर्यंच तथा मनुष्य आदि गतियो–योनियों में जन्म लेकर फिर पुनः नरक में आवें तब तक का काल मिश्रकाल है और शून्यकाल मिश्रकाल से भी अनन्तगुणा इसलिए कहा गया है कि नरक के जीव नरक से निकलकर वनस्पति मे आते है, जिसकी स्थिति अनन्तकाल की है।

तिर्यंचो की अपेक्षा अशून्यकाल सबसे कम है। संज्ञी तिर्यंचपंचेन्द्रिय का उत्कृष्ट विरहकाल १२ मुहूर्त्त का, तीन विकलेन्द्रिय और सम्मूर्च्छिम तिर्यंचपंचेन्द्रिय का अन्तर्मुहूर्त्त का, पाँच स्थावर जीवो में समय–समय में परस्पर एक–दूसरे से असख्य जीव उत्पन्न होते हैं, अत उनमे विरहकाल नहीं है। *(वृत्ति, पत्रांक ४७–४८)*

Elaboration—The reason for the question—Some people believed that after death an animal is reborn only as animal and a human being is reborn only as a human being; it does not take rebirth as divine or infernal being Even after infinite rebirths a being remains in the same class In order to remove this misconception Gautam Swami raised this question that when a being moves in its cycles of rebirths from one genus to another, since the beginning of time how many different genuses it has passed through in the past ?

Samsar samsthan kaal—The act of passage from one birth to another and the duration of existence there is called *samsar samsthan kaal* or world-specific period of rebirth and existence. It is of three kinds—*Shunya kaal* (period of complete replacement), *Ashunya kaal* (period of absolute non-replacement) and *Mishra kaal* (period of gradual replacement just short of complete replacement).

(1) *Ashunya kaal* (period of absolute non-replacement)—The period till neither a single infernal being from among those living at present in all

infernal worlds dies and leaves the infernal world nor a new one is born among them is called *Ashunya kaal*. In other words the period during which neither a single infernal being is born nor dies in all the infernal worlds or the total number of beings remains constant is *Ashunya kaal* related to the infernal beings. (2) *Shunya kaal*—The period till all the infernal beings existing at the present moment in all infernal worlds abandon the infernal realm, neither even a single being of this generation is left there nor are they replaced by new beings, is called *Shunya kaal*. (3) *Mishra kaal*—The period till one, two, three or more beings from among those living at present in all infernal worlds continue to die and leave the infernal world and just one being remains, is called *Mishra kaal*. In other words it is the period starting from the moment one infernal being dies and up to the moment when just one being remains.

Comparison of the duration of three periods—*Mishra kaal* is said to be infinite times longer than *Ashunya kaal* because duration of *Ashunya kaal* is just twelve *Muhurt* whereas in context of passage to plant-bodied beings *Mishra kaal* is infinite times more. *Mishra kaal* covers not only the period of existence of beings in the infernal world but also includes the period of passage of infernal beings from hell to various genuses including plant-bodied beings, animals, humans and back to hell *Shunya kaal* is said to be infinite times longer than *Mishra kaal* because infernal beings are reborn as plant-bodied beings whose life-span is infinite.

With reference to animals *Ashunya kaal* is minimum The maximum *Ashunya kaal* for sentient five sensed animals is 12 *Muhurt* That for two, three and four sensed beings as well as *Sammurchhim Tiryanch Panchendriya* (five-sensed animals of asexual origin) is *Antar-muhurt* There is no *Ashunya kaal* with reference to five immobile beings because every moment innumerable beings continue to die and get reborn from one form to another. *(Vritti, leaves 47-48)*

अन्तक्रिया-सम्बन्धी चर्चा ANTAKRIYA (THE ULTIMATE ACTIVITY)

१८. [प्र.] जीवे णं भंते ! अंतकिरियं करेज्जा ?

[उ.] गोयमा ! अत्थेगतिए करेज्जा, अत्थेगतिए नो करेज्जा। अंतकिरियापदं नेयव्वं।

१८. [प्र.] हे भगवन् ! क्या जीव अन्तक्रिया करता है ?

[उ.] गौतम ! कोई जीव अन्तक्रिया करता है, कोई जीव नही करता। इस सम्बन्ध में प्रज्ञापनासूत्र का अन्तक्रियापद (२०वाँ पद) जान लेना चाहिए।

नरक संस्थान-काल



चित्र परिचय-२

Illustration No. 2

नरक संस्थान-काल

नरक मे नारको की स्थिति को तीन काल से समझना चाहिए। (१) **अशून्य काल**–जिस काल मे नरक म न तो कोई नया जीव बाहर से आकर उत्पन्न होता है और न ही कोई नारक नरक छोडकर जाता है। जितने नारक विद्यमान है, उतने ही रहते है। आगमन एव निर्गमन द्वार जब बन्द रहता है वह **अशून्य काल**। (२) **शून्य काल**–जिस समय नरक मे एक भी नारक जीव विद्यमान न रहे। आगमन बन्द है, जाने वाले सब जा चुके है। नरकभूमि खाली है। वह **शून्य काल** होता है। (३) **मिश्र काल**–नरक मे स्थित नारको मे से निकलने का क्रम चालू है। कुछ निकल चुके कुछ निकल रहे है, कुछ वहा विद्यमान है। इस मध्य काल को **मिश्र काल** कहा जाता है।

- शतक १ उ २ सूत्र ५५ पृष्ठ ७३

NARAK SAMSTHAN KAAL

The duration of existence in the infernal world is of three kinds (1) **Ashunya kaal** (period of absolute non-replacement)—The period till neither a single infernal being leaves the infernal world nor a new one is born among them is called **Ashunya kaal.** The total number of beings remains constant The doors to come in and go out are closed (2) **Shunya kaal**—The period when not even a single being of this generation is left in the infernal world Coming in is stopped and those who had to go have gone The infernal world is empty This is called **Shunya kaal.** (3) **Mishra kaal**—The period when the process of leaving the infernal world is on Some have gone some are going and some continue to exist there This middle period is called **Mishra kaal.**

—Shatak 1 lesson 2, Sutra 15, page 73

18. [Q.] *Bhante* ! Does a living being indulge in *antakriya* (the ultimate activity) ?

[Ans.] Gautam ! Some being indulges in the ultimate activity and some does not. In this regard refer to *Antakriyapad* of *Prajnapana Sutra* (20th chapter).

विवेचन : जिस क्रिया के पश्चात् फिर कभी दूसरी क्रिया न करनी पड़े, वह अथवा कर्मों का सर्वथा अन्त करने वाली क्रिया अन्तक्रिया है। निष्कर्ष यह है कि भव्य जीव ही मनुष्यभव पाकर अन्तक्रिया (मोक्ष-प्राप्ति की क्रिया) करता है।

Elaboration—The activity that ends all activities is called *antakriya*. In other words the activity that destroys all *karmas* is the ultimate activity. The indication is that only a spiritually worthy being is born as a human being and only he performs the *antakriya* to attain liberation.

असंयत भव्य द्रव्यदेव का उपपात BIRTH OF ASAMYAT BHAVYA DRAVYADEVA

१९. [प्र.] अह भंते ! असंजयभवियदव्वदेवाणं १, अविराहियसंजमाणं २, विराहियसंजमाणं ३, अविराहियसंजमासंजमाणं ४, विराहियसंजमासंजमाणं ५, असण्णीणं ६, तावसाणं ७, कंदप्पियाणं ८, चरगपरिव्वायगाणं ९, किब्बिसियाणं १०, तेरिच्छियाणं ११, आजीवियाणं १२, आभिओगियाणं १३, सलिंगीणं दंसणवावन्नगाणं १४, एएसि णं देवलोगेसु उववज्जमाणाणं कस्स कहिं उववाए पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! अस्संजतभवियदव्वदेवाणं जहन्नेणं भवणवासीसु, उक्कोसेणं उवरिमगेविज्जएसु १। अविराहियसंजमाणं जहन्नेणं सोहम्मेकप्पे, उक्कोसेणं सव्वट्ठसिद्धे विमाणे २। विराहियसंजमाणं जहन्नेणं भवणवासीसु, उक्कोसेणं सोधम्मेकप्पे ३। अविराहियसंजमाऽसंजमाणं जहन्नेणं सोहम्मेकप्पे, उक्कोसेणं अच्चुएकप्पे ४। विराहियसंजमासंजमाणं जहन्नेणं भवणवासीसु, उक्कोसेणं जोतिसिएसु ५। असण्णीणं जहन्नेणं भवणवासीसु, उक्कोसेणं वाणमंतरेसु ६। अवसेसा सव्वे जहन्नेणं भवणवासीसु, उक्कोसेणं वोच्छामि–तावसाणं जोतिसिएसु ७। कंदप्पियाणं सोहम्मेकप्पे ८। चरगपरिव्वायगाणं बंभलोएकप्पे ९। किब्बिसियाणं लंतगेकप्पे १०। तेरिच्छियाणं सहस्सारेकप्पे ११। आजीवियाणं अच्चुएकप्पे १२। आभिओगियाणं अच्चुएकप्पे १३। सलिंगीणं दंसणवावन्नगाणं उवरिमगेवेज्जएसु १४।

१९. [प्र.] भगवन् ! (१) असयत भव्य द्रव्यदेव, (२) अखण्डित संयम वाला, (३) खण्डित संयम वाला, (४) अखण्डित सयमासयम (देशविरति) वाला, (५) खण्डित संयमासंयम वाला, (६) असंज्ञी, (७) तापस, (८) कान्दर्पिक, (९) चरकपरिव्राजक, (१०) किल्विषिक, (११) तिर्यंच, (१२) आजीविक, (१३) आभियोगिक, (१४) दर्शन (श्रद्धा) भ्रष्ट वेशधारी, ये सब यदि देवलोक में उत्पन्न हों तो, किसका कहाँ उपपात (उत्पत्ति) होता है ?

[उ.] गौतम ! (१) असंयत भव्य द्रव्यदेवो का उत्पाद जघन्यतः भवनवासियों में और उत्कृष्टतः ऊपर के ग्रैवेयकों में होता है, (२) अखण्डित (अविराधित) संयम वालो का जघन्य सौधर्मकल्प में और उत्कृष्ट

सर्वार्थसिद्ध विमान मे, (३) खण्डित संयम वालो का जघन्य भवनवासियो में और उत्कृष्ट सौधर्मकल्प में, (४) अखण्डित सयमासंयमी का जघन्य सौधर्मकल्प में और उत्कृष्ट अच्युतकल्प में, (५) खण्डित सयमासंयम वालों का जघन्य भवनवासियो में और उत्कृष्ट ज्योतिष्कदेवो में, (६) असंज्ञी जीवों का जघन्य भवनवासियो में और उत्कृष्ट वाणव्यन्तरदेवों में और शेष सबका उत्पाद जघन्य भवनवासियों में होता है; उत्कृष्ट उत्पाद आगे बता रहे हैं-(७) तापसों का ज्योतिष्को में, (८) कान्दर्पिकों का सौधर्मकल्प में, (९) चरकपरिव्राजकों का ब्रह्मलोककल्प में, (१०) किल्विषिकों का लान्तककल्प में, (११) तिर्यंचों का सहस्रारकल्प में, (१२) आजीविकों, (१३) आभियोगिकों का अच्युतकल्प में, और (१४) श्रद्धाभ्रष्ट वेशधारियों का ऊपर के ग्रैवेयको तक मे उत्पाद होता है।

19. [Q.] *Bhante* ! When destined to divine realms where do the following reincarnate—(1) an unrestrained (here restrain relates to—ascetic-conduct) person destined to be a god (*asamyat bhavya dravyadev*), (2) restrained without a lapse (*akhandit samyami*), (3) restrained with lapses (*khandit samyami*), (4) restrained-unrestrained (*desh-virati* or partial detachment from sin and partial engagement in twelve types of austerities) without a lapse (*akhandit samyamasamyami*), (5) restrained-unrestrained with lapses (*khandit samyamasamyami*), (6) non-sentient (*asanjni*), (7) *Taapas* (*hermit*), (8) *Kandarpik*, (9) *Charak-parivrajak*, (10) *Kilvishik*, (11) animal (*tiryanch*), (12) *Aajivak*, (13) *Aabhiyogik*, and (14) a heretic in ascetic garb (*darshan-bhrasht-veshadhari*) ?

[Ans.] Gautam ! (1) an unrestrained person destined to be a god (*asamyat bhavya dravyadev*) reincarnates at the lowest among Bhavan-vasis (abode dwelling gods) and at the highest among the upper Graiveyak gods (a specific sector of celestial vehicle dwelling gods in space), (2) restrained without a lapse reincarnates at the lowest in Saudharma Kalp and at the highest in Sarvarthasiddha Vimaan, (3) restrained with lapses reincarnates at the lowest among Bhavan-vasis (abode dwelling gods) and at the highest in Saudharma Kalp, (4) restrained-unrestrained (*desh-virati* or partial detachment from sin and partial engagement in twelve types of austerities) without a lapse reincarnates at the lowest in Saudharma Kalp and at the highest in Achyut Kalp, (5) restrained-unrestrained with lapses reincarnates at the lowest among Bhavan-vasis (abode dwelling gods) and at the highest among Jyotishk Devas (Stellar gods), (6) non-sentient (*asanjni*) reincarnates at the lowest among Bhavan-vasis (abode dwelling gods) and at the highest among Vanavyantar Devas (Interstitial gods), all the remaining reincarnate at the lowest among Bhavan-vasis (abode

dwelling gods) and at the highest among—(7) *Taapas* (hermit) among Jyotishk Devas, (8) *Kandarpik* in Saudharma Kalp, (9) *Charak-parivrajak* in Brahmalok Kalp, (10) *Kilvishik* in Lantak Kalp, (11) *Tiryanch* in Sahasrar Kalp, (12) *Aajivak*, (13) *Aabhiyogik* in Achyut Kalp, and (14) a faithless in ascetic garb in upper Graiveyaks.

विवेचन : विशेष पदों की व्याख्या : असंयत भव्य द्रव्यदेव–(१) जो असंयत–चारित्र–परिणामशून्य हो, किन्तु भविष्य मे देव होने योग्य हो, वह असंयत भव्य द्रव्यदेव है, अर्थात् जो साधु–समाचारी और साध्वाचार का पालन करता हो, किन्तु जिसमे आन्तरिक भाव से साधुता न हो, केवल द्रव्यलिंगधारी हो, ऐसा भव्य या अभव्य मिथ्यादृष्टि है। यद्यपि ऐसे असयत भव्य द्रव्यदेव में महामिथ्यादर्शनरूप मोह की प्रबलता होती है, तथापि जब वह चक्रवर्ती आदि अनेक राजा–महाराजाओ द्वारा साधुओं का वन्दन–नमन, पूजा, सत्कार–सम्मान आदि करते देखता है तो सोचता है कि मै साधु बन जाऊँ तो मेरी भी इसी तरह वन्दना, पूजा–प्रतिष्ठा आदि होने लगेगी; फलत' इस प्रकार की प्रतिष्ठामोह की भावना से वह श्रमणव्रत पालन करता है, आत्मशुद्धि के उद्देश्य से नहीं। उसकी श्रद्धा प्रव्रज्या तथा क्रियाकलाप पूर्ण है, वह आचरण भी पूर्णतया करता है, परन्तु चारित्र के परिणाम से शून्य होने से असंयत है।

अविराधित संयमी–दीक्षाकाल से लेकर अन्त तक जिसका चारित्र कभी भग न हुआ हो, वह अखण्डित सयमी है। इसे आराधक संयमी भी कहते हैं। **विराधित संयमी**–इसका स्वरूप अविराधित संयमी से विपरीत है। जिसने महाव्रतो का ग्रहण करके उनका भलीभाँति पालन नहीं किया है, संयम की विराधना की है, वह विराधित सयमी, खण्डित संयमी या विराधक संयमी है। **अविराधित संयमासंयमी**–जो देशविरति ग्रहण करके अन्त तक अखण्डित रूप से उसका पालन करता है उसे आराधक सयमासंयमी कहते है। **विराधित संयमासंयमी**–जिसने देशविरति ग्रहण करके उसका भलीभाँति पालन नहीं किया हो, उसे विराधित सयमासयमी कहते है।

असंज्ञी जीव–जिसके मनोलब्धि नहीं है, ऐसा असज्ञी जीव अकामनिर्जरा करता है, इस कारण वह देवलोक मे जा सकता है।

तापस–वृक्ष से गिरे हुए पत्तो आदि को खाकर उदरनिर्वाह करने वाला बाल–तपस्वी। **कान्दर्पिक**–जो साधु हँसोड–हास्यशील हो। ऐसा साधु चारित्रवेश में रहते हुए भी हास्यशील होने के कारण अनेक प्रकार की विदूषक की–सी चेष्टाएँ करता है। अथवा कन्दर्प अर्थात् काम–सम्बन्धी वार्त्तालाप करने वाला साधु भी कान्दर्पिक कहलाता है। **चरकपरिव्राजक**–गेरुए या भगवे रग के वस्त्र पहनकर सामूहिक भिक्षा द्वारा आजीविका करने वाले त्रिदण्डी, कुच्छोटक आदि। **किल्विषिक**–जो ज्ञान का, केवली, धर्माचार्य और सब साधुओं का अवर्णवाद करता है और पापमय भावना वाला है, वह किल्विषिक साधु है। किल्विषिक साधु व्यवहार से चारित्रवान भी होते हैं। **तिर्यंच**–देशविरति श्रावकव्रत का पालन करने वाले घोडे, गाय आदि। जैसे–नन्दन मणिहार का जीव मेंढक के रूप मे श्रावकव्रती था। **आजीविक**–(१) नग्न रहने वाले गोशालक के शिष्य, (२) लब्धिप्रयोग करके अविवेकी लोगो द्वारा ख्याति प्राप्त करने या महिमा–पूजा के लिए तप और चारित्र का अनुष्ठान करने वाले, और (३) अविवेकी लोगो मे चमत्कार दिखलाकर अपनी आजीविका उपार्जन करने वाले। **आभियोगिक**–विद्या और मंत्र आदि का या चूर्ण आदि के योग का प्रयोग करना और दूसरों को अपने वश मे करना अभियोग कहलाता है। जो साधु व्यवहार से तो संयम का पालन करता है, किन्तु मंत्र, तंत्र, यंत्र, भूतिकर्म, प्रश्नाप्रश्न, निमित्त, चूर्ण आदि के प्रयोग द्वारा दूसरे को आकर्षित करता है, वशीभूत करता है, वह आभियोगिक कहलाता है।

दर्शनभ्रष्टसलिंगी–साधु के वेश में होते हुए भी दर्शनभ्रष्ट–निह्नव दर्शनभ्रष्ट–स्ववेशधारी है। ऐसा साधक आगम के अनुसार क्रिया करता हुआ भी निह्नव होता है, जिन–दर्शन से विरुद्ध प्ररूपणा करता है, जैसे–जमालि। *(वृत्ति, पत्रांक ४९–५०) (विशेष वर्णन के लिए औपपातिकसूत्र का उपपात प्रकरण देखें)*

Elaboration—*Asamyat bhavya dravya dev*—One who is unrestrained in ascetic-conduct and has no aspiration for liberation but is still destined to be a god is called *asamyat bhavya dravyadev* In other words one who physically or ritually follows the ascetic praxis and conduct but is spiritually devoid of the nobility of an ascetic, who is an ascetic in appearance only (*dravyalingadhari*), is in fact a *mithyadrishti* (unrighteous) irrespective of his being worthy or unworthy of liberation. Although such *asamyat bhavya dravya dev* is plagued with intense affinity for heretics, when he witnesses many emperors and kings bowing, respecting, worshiping and honouring ascetics, he thinks of becoming an ascetic to gain such respect etc. Thus he becomes an ascetic and observes ascetic conduct coveting such adoration and not aspiring for spiritual purity. Although his faith, initiation and ritual observation is immaculate, in absence of right aspiration he remains unrestrained (*asamyat*).

Aviradhit samyami (restrained without a lapse)—One who has no lapse in conduct right from the point of initiation till the end is called *aviradhit samyami* or *aaraadhak samyami Viradhit samyami* (restrained with lapses)—He is opposite of *aviradhit samyami*. One who has accepted the great vows but has not observed them properly and has committed transgression is called *aviradhit samyami, khandit samyami* or *viradhak samyami. Aviradhit samyamasamyami* (restrained-unrestrained without lapse)—One who has accepted *desh-virati* (partial detachment from sin and partial engagement in twelve types of austerities) and observes the same without a lapse is called *aviradhit samyamasamyami. Viradhit samyamasamyami* (restrained-unrestrained with lapses)—One who has accepted *desh-virati* but does not observe the same immaculately is called *viradhit samyamasamyami*.

Asanjni jiva—A being not endowed with mind is called *asanjni jiva* or non-sentient being It may shed *karmas* involuntarily and as a consequence may reincarnate in divine realms.

Taapas—A hermit who subsists on naturally fallen fruits and leaves from trees. *Kandarpik*—An ascetic who is frolicsome is called *Kandarpik*. Such ascetic acts like a comedian due to his jolly nature. An ascetic who indulges in erotic conversation is also called *Kandarpik*. *Charak-*

parivrajak—mendicants in saffron garb who seek alms in groups. They also include *Tridandis* and *Kuchchhotaks*. *Kilvishik*—an ascetic with impious attitude who slanders right knowledge, *Kevali, acharya* and other ascetics. Such ascetics could, at the same time, be immaculate in their conduct. *Tiryanch*—those horses, cows and other animals who partially observe vows for laity. For example Nandan Manihar when reborn as a frog observed vows for laity. *Aajivak*—(1) the disciples of Goshalak who remained unclad; (2) those who become famous among the superstitious by displaying miracles or those who indulge in rituals for drawing devotees who worship; and (3) who earn their living by display of miracles before the superstitious. *Aabhiyogik*—use of mantras, sorcery and black magic to influence and control people is called *abhiyoga*. An ascetic who apparently observes ascetic conduct but employs all these methods to attract people and cast his spell on them is called *abhiyogik*. *Darshan-bhrasht samalingi*—heretic in ascetic garb. He is one who goes against the scriptures and still observes the conduct selectively, a *nihnava* (mendacious seceder) like Jamali. *(Vritti, leaves 49-50; see Upapat section of Aupapatik Sutra)*

असंज्ञी आयुष्य LIFE-SPAN OF NON-SENTIENT BEINGS

२०. [प्र.] कतिविहे णं भंते ! असण्णियाउए पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! चउव्विहे असण्णिआउए पण्णत्ते। तं जहा–नेरइय–असण्णिआउए १, तिरिक्खजोणिय–असण्णिआउए २, मणुस्सअसण्णिआउए ३, देवअसण्णिआउए ४।

२०. [प्र.] भगवन् ! असंज्ञी का आयुष्य कितने प्रकार का है ?

[उ.] गौतम ! असंज्ञी का आयुष्य चार प्रकार का है। यथा–नैरयिक–असंज्ञी आयुष्य, तिर्यंच–असंज्ञी आयुष्य, मनुष्य–असंज्ञी आयुष्य और देव–असंज्ञी आयुष्य।

20. [Q.] *Bhante* ! Of how many types is the life-span (*ayushya*) of an *asanjni* (non-sentient being) ?

[Ans.] Gautam ! The life-span of an *asanjni* (non-sentient being) is of four types—*Nairayik-asanjni ayushya* (as non-sentient infernal beings), *Tiryanch-asanjni ayushya* (as non-sentient animals), *Manushya-asanjni ayushya* (as non-sentient human beings) and *Deva-asanjni ayushya* (as non-sentient divine beings).

२१. [प्र.] असण्णी णं भंते ! जीवे किं नेरइयाउयं पकरेति, तिरिक्खजोणियाउयं पकरेइ, मणुस्साउयं पकरेइ, देवाउयं पकरेइ ?

[उ.] हंता गोयमा ! नेरइयाउयं पि पकरेइ, तिरिक्खजोणियाउयं पि पकरेइ, मणुस्साउयं पि पकरेइ, देवाउयं पि पकरेइ। नेरइयाउयं पकरेमाणे जहन्नेणं दस वाससहस्साइं, उक्कोसेणं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागं पकरेति। तिरिक्खजोणियाउयं पकरेमाणे जहन्नेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पलिओवमस्स असंखेज्जइभागं पकरेइ। मणुस्साउए वि एवं चेव। देवाउयं पकरेमाणे जहा नेरइया।

२१. [प्र.] भगवन् ! असज्ञी जीव क्या नरक का आयुष्य उपार्जन करता है, तिर्यंचयोनिक का आयुष्य उपार्जन करता है, मनुष्य का आयुष्य भी उपार्जन करता है या देव का आयुष्य उपार्जन करता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह नरक का आयुष्य भी उपार्जन करता है, तिर्यंच का, मनुष्य का और देव का आयुष्य भी उपार्जन करता है। नारक का आयुष्य उपार्जन करता हुआ असंज्ञी जीव जघन्य दस हजार वर्ष का और उत्कृष्ट पल्योपम के असख्यातवें भाग का उपार्जन करता है। तिर्यंचयोनि का आयुष्य उपार्जन करता हुआ असज्ञी जीव जघन्य अन्तर्मुहूर्त्त का और उत्कृष्ट पल्योपम के असख्यातवे भाग का तथा मनुष्य का आयुष्य भी इतना ही उपार्जन करता है और देव आयुष्य का उपार्जन भी नरक के आयुष्य के समान करता है।

21. [Q.] *Bhante* ! Does a non-sentient being earn (acquire *karmas* responsible for) *Nairayik ayushya* (life-span as non-sentient infernal being), *Tiryanch ayushya* (life-span as non-sentient animal), *Manushya ayushya* (life-span as non-sentient human being) or *Dev ayushya* (life-span as non-sentient divine being) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It earns (acquires *karmas* responsible for) *Nairayik ayushya* (life-span as infernal being), *Tiryanch ayushya* (life-span as animal), *Manushya ayushya* (life-span as human being) and *Dev ayushya* (life-span as divine being) as well. While acquiring *karmas* responsible for life-span as an infernal being he does so for a span of minimum ten thousand years and a maximum of innumerable fraction of a *Palyopam* While acquiring those for life-span as an animal he does so for a span of minimum *Antar-muhurt* and a maximum of innumerable fraction of a *Palyopam* While acquiring those for life-span as a human being he does so for a span same as an animal. While acquiring those for life-span as divine being he does so for a span same as an infernal being

२२. [प्र.] एयस्स णं भंते ! नेरइयअसण्णिआउयस्स तिरिक्खजोणियअसण्णिआउयस्स मणुस्सअसण्णिआउयस्स देवअसण्णिआउयस्स य कयरे कयरेहिंतो जाव विसेसाहिए वा ?

[उ.] गोयमा ! सव्वत्थोवे देवअसण्णिआउए, मणुस्सअसण्णिआउए असंखेज्जगुणे, तिरियजोणियअसण्णिआउए असंखेज्जगुणे, नेरइयअसण्णिआउये असंखेज्जगुणे।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति॥

॥ पढमे सए : बितिओ उद्देसो समत्तो ॥

२२. [प्र.] भगवन् ! नारक–असंज्ञी–आयुष्य, तिर्यंच–असंज्ञी–आयुष्य, मनुष्य–असंज्ञी–आयुष्य और देव–असंज्ञी–आयुष्य; इनमें कौन किससे अल्प, बहुत, तुल्य या विशेषाधिक है ?

[उ.] गौतम ! देव–असंज्ञी–आयुष्य; सबसे कम है, उसकी अपेक्षा मनुष्य–असंज्ञी–आयुष्य असंख्यातगुणा है, उससे तिर्यंच–असंज्ञी–आयुष्य असंख्यातगुणा है और उससे भी नारक–असंज्ञी–आयुष्य असंख्यातगुणा है।

'हे भगवन् !' (जैसा आप फरमाते है), वह इसी प्रकार है, वह इसी प्रकार है।' ऐसा कहकर गौतम स्वामी सयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए विचरण करने लगे।

22. [Q.] *Bhante* ! Of *Nairayik-asanjni ayushya* (life-span as non-sentient infernal beings), *Tiryanch-asanjni ayushya* (life-span as non-sentient animals), *Manushya-asanjni ayushya* (life-span as non-sentient human beings) and *Deva-asanjni ayushya* (life-span as non-sentient divine beings) which one is more, less, equal or much more as compared with the others ?

[Ans.] Gautam ! *Deva-asanjni ayushya* (life-span as non-sentient divine beings) is minimum, *Manushya-asanjni ayushya* (life-span as non-sentient human beings) is innumerable times more than that, *Tiryanch-asanjni ayushya* (life-span as non-sentient animals) is further innumerable times more than that and *Nairayik-asanjni ayushya* (life-span as non-sentient infernal beings) is even further innumerable times more than that

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words ascetic Gautam paid homage and obeisance to Bhagavan Mahavir and resumed his activities enkindling (*bhaavit*) his soul with ascetic-discipline and austerities

विवेचन : असंज्ञी–आयुष्य–वर्तमान भव मे जो जीव विशिष्ट संज्ञा से रहित है, वह परलोक के योग्य जो आयुष्य बाँधता है, उसे असज्ञी–आयुष्य कहते हैं। असज्ञी के मनोलब्धि नहीं है, किन्तु आन्तरिक अध्यवसाय होते है, वह उनसे कर्मबन्ध करता है।

॥ प्रथम शतक : द्वितीय उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—*Asanjni ayushya* (life-span as non-sentient)—The bondage of *karmas* responsible for life-span of next birth by a being devoid of the special quality of sentience is *asanjni ayushya*. Although a non-sentient being does not have mind it is endowed with the faculty of intent and that is the cause of bondage of *karmas*

● END OF THE SECOND LESSON OF THE FIRST SHATAK ●

प्रथम शतक : तृतीय उद्देशक
FIRST SHATAK (Chapter One) : THIRD LESSON

कांक्षा-प्रदोष KANKSHA PRADOSH (ABERRATION OF DESIRE)

कांक्षामोहनीय कर्म-सम्बन्धी षड्द्वार SIX SOURCES OF ABERRATION OF DESIRE

१. [प्र. १] जीवाणं भंते ! कंखामोहणिज्जे कम्मे कडे ?

[उ.] हंता, कडे।

१. [प्र. १] भगवन् ! क्या जीवो का कांक्षामोहनीय कर्म कृत–किया हुआ है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह कृत है।

1. [Q. 1] *Bhante* ! Are the *kanksha-mohaniya karmas* (desire deluding *karmas*) of living beings acquired ones ?

[Ans.] Yes, they are acquired ones

[प्र. २] से भंते ! किं देसेणं देसे कडे १, देसेणं सव्वे कडे २, सव्वेणं देसे कडे ३, सव्वेणं सव्वे कडे ४?

[उ.] गोयमा ! नो देसेणं देसे कडे १, नो देसेणं सव्वे कडे २, नो सव्वेणं देसे कडे ३, सव्वेणं सव्वे कडे ४।

[प्र. २] भगवन् ! क्या वह देश से देशकृत है, देश से सर्वकृत है, सर्व से देशकृत है अथवा सर्व से सर्वकृत है ?

[उ.] गौतम ! वह देश से देशकृत नही है, देश से सर्वकृत नही है, सर्व से देशकृत नहीं है, सर्व से सर्वकृत है।

[Q. 2] *Bhante* ! Were they acquired in part by a part, in part by the whole, as the whole by a part or as the whole by the whole ?

[Ans.] Gautam ! (They were acquired) not as a part by a part, not as a part by the whole, not as the whole by a part but as the whole by the whole.

२. [प्र. १] नेरइयाणं भंते ! कंखामोहणिज्जे कम्मे कडे ?

[उ.] हंता, कडे जाव सव्वेणं कडे ४। [२] एवं जाव वेमाणियाणं दंडओ भाणियव्वो।

२. [प्र. १] भगवन् ! क्या नैरयिको का कांक्षामोहनीयकर्म कृत है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! कृत, यावत् सर्व से सर्वकृत है। [२] इस प्रकार से यावत् चौबीस ही दण्डकों में वैमानिक पर्यन्त आलापक कहना चाहिए।

2. [Q. 1] *Bhante* ! Are the *kanksha-mohaniya karmas* (desire deluding *karmas*) of infernal beings acquired ones ?

[Ans.] Yes, they are acquired ones.... and so on up to... as the whole by the whole. [2] This statement should be repeated for all the twenty four *Dandaks* (places of suffering) up to Vaimaniks.

३. [प्र. १] जीवा णं भंते ! कंखामोहणिज्जं कम्मं करिंसु ?

[उ.] हंता, करिंसु।

३. [प्र. १] भगवन् ! क्या जीवों ने कांक्षामोहनीय कर्म का उपार्जन किया है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! किया है।

3. [Q. 1] *Bhante* ! Have the *kanksha-mohaniya karmas* (desire deluding *karmas*) been acquired by infernal beings ?

[Ans.] Yes, they have been acquired.

[प्र. २] तं भंते ! किं देसेणं देसं करिंसु ४ ?

[उ.] एतेणं अभिलावेणं दंडओ भाणियव्वो जाव वेमाणियाणं। [३] एवं करेंति। एत्थ वि दंडओ जाव वेमाणियाणं। [४] एवं करेस्संति। एत्थ वि दंडओ जाव वेमाणियाणं।

[५] एवं चिते–चिणिंसु, चिणंति, चिणिस्संति। उवचिते–उवचिणिंसु, उवचिणंति, उवचिणिस्संति। उदीरेंसु, उदीरेंति, उदीरिस्संति। वेदिंसु, वेदेंति, वेदिस्संति। निज्जरेंसु, निज्जरेंति, निज्जरिस्संति।

गाहा–कड, चित, उवचित, उदीरिया, वेदिया य, निज्जिण्णा।
आदि तिए चउभेदा, तियभेदा पच्छिमा तिण्णि॥१॥

[प्र. २] 'भगवन् ! क्या वह देश से देशकृत है ?' इत्यादि वैमानिक दण्डक तक पूर्वोक्त प्रश्न यथावत् करना चाहिए।

[उ.] यह आलापक भी यावत् वैमानिक पर्यन्त चौबीस ही दण्डको मे आलापक कहना चाहिए। [३, ४] इसी प्रकार करते है और 'करेगे' यह दोनो आलापक भी यावत् वैमानिक पर्यन्त चौबीस ही दण्डको मे कहना चाहिए।

[५] इसी प्रकार (कृत के तीनों काल की तरह) चित–चय किया और चय करते है, चय करेंगे; उपचित–उपचय किया, उपचय करते है, उपचय करेंगे, उदीरणा की, उदीरणा करते है, उदीरणा करेंगे; वेदन किया, वेदन करते हैं, वेदन करेगे; निर्जीर्ण किया, निर्जीर्ण करते है, निर्जीर्ण करेगे, इन सब पदो का चौबीस ही दण्डको के सम्बन्ध मे पूर्ववत् कथन करना (आलापक कहना) चाहिए।

गाथार्थ–कृत, चित, उपचित, उदीर्ण, वेदित और निर्जीर्ण; इतने अभिलाप यहाँ कहने हैं। इनमें से कृत, चित और उपचित मे एक–एक के चार–चार भेद हैं; अर्थात्–सामान्य क्रिया, भूतकाल की क्रिया,

वर्तमानकाल की क्रिया और भविष्यकाल की क्रिया। पिछले तीन पदों में सिर्फ तीन काल सम्बन्धी क्रिया कहनी है।

[Q. 2] *Bhante* ! Have they been acquired as a part of a part ? All the aforesaid questions should be repeated here for all the twenty four *Dandaks* (places of suffering) up to Vaimaniks ?

[Ans.] All the aforesaid answers should also be repeated here for all the twenty four *Dandaks* (places of suffering) up to Vaimaniks ? **[3, 4]** In the same way all questions and answers related to present continuous tense (are being acquired) and future tense (will be acquired) should be repeated here for all the twenty four *Dandaks* (places of suffering) up to Vaimaniks

[5] In the same way (about the three tenses) all questions and answers related to the following actions should be repeated here for all the twenty four *Dandaks* (places of suffering) up to Vaimaniks—did, do and will assimilate (*chaya*), augment (*upachaya*), cause fruition (*udiran*), suffer (*vedan*) and separate or shed (*nirjaran*).

The verse—Statements about to acquire (*krit*), to assimilate (*chaya*), to augment (*upachaya*), to cause fruition (*udiran*), to suffer (*vedan*) and to separate or to shed (*nirjaran*) have to be given here Of these first three have four variants (general, past, present and future) and the last three have only three (past, present and future).

कांक्षामोहनीय वेदन SUFFERING OF KANKSHA MOHANIYA KARMAS

४. [प्र.] जीवा णं भंते ! कंखामोहणिज्जं कम्मं वेदेंति ?

[उ.] हंता, वेदेंति।

४. [प्र.] भगवन् ! क्या जीव कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन करते है (भोगते है) ?

[उ.] हाँ, वेदन करते है।

4. [Q.] *Bhante* ! Do living beings experience (the fruits of) *kanksha-mohaniya karmas* ?

[Ans.] Yes, they do.

५. [प्र.] कहं णं भंते ! जीवा कंखामोहणिज्जं कम्मं वेदेंति ?

[उ.] गोयमा ! तेहिं तेहिं कारणेहिं संकिया कंखिया वितिगिंछिया भेदसमावन्ना, कलुससमावन्ना एवं खलु जीवा कंखामोहणिज्जं कम्मं वेदेंति।

५. [प्र.] भगवन् ! जीव कांक्षामोहनीय कर्म को किस प्रकार वेदते हैं ?

[उ.] गौतम ! उन-उन (अमुक-अमुक) कारणों से शंकायुक्त, कांक्षायुक्त, विचिकित्सायुक्त, भेदसमापन्न एवं कलुषसमापन्न होकर, जीव कांक्षामोहनीय कर्म का वेदन करते हैं।

5. [Q.] *Bhante* ! How do living beings experience (the fruits of) *kanksha-mohaniya karmas* ?

[Ans.] Gautam ! Living beings experience (the fruits of) *kanksha-mohaniya karmas* for various causes that poison their mind with doubt (*shanka yukt*), desire for other faith (*kanksha yukt*), incredulity (*vichikitsa yukt*), disjunction (*bhed samapanna*) and spite (*kalush samapanna*).

आराधक-स्वरूप TRUE FOLLOWER

६. [प्र. १] से नूणं भंते ! तमेव सच्चं णीसंकं जं जिणेहिं पवेइयं ?

[उ.] हंता, गोयमा ! तमेव सच्चं णीसंकं जं जिणेहिं पवेइयं।

६. [प्र. १] भगवन् ! क्या वही सत्य और निःशंक है, जो जिन भगवन्तो ने कहा है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वही सत्य और निःशंक है, जो जिनेश्वरदेव द्वारा प्ररूपित है।

6. [Q. 1] *Bhante* ! Is that alone true and beyond doubt which has been propounded by *Jinas* ?

[Ans.] Yes, Gautam ! Only that is true and beyond doubt which has been propounded by *Jinas*.

[प्र. २] से नूणं भंते ! एवं मणं धारेमाणे, एवं पकरेमाणे एवं चिट्ठेमाणे, एवं संवरेमाणे आणाए आराहए भवति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! एवं मणं धारेमाणे जाव भवति।

[प्र. २] भगवन् ! (वही सत्य और निःशंक है) इस प्रकार मन में निश्चय करता हुआ, उसी तरह आचरण करता हुआ, कहता हुआ, इसी तरह संवर करता हुआ जीव क्या आज्ञा का आराधक होता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! इसी प्रकार मन मे निश्चय करता हुआ यावत् आज्ञा का आराधक होता है।

[Q. 2] *Bhante* ! By resolutely accepting the aforesaid, by translating it into his conduct, by saying so and thereby blocking the inflow of *karmas* does a living being become a true follower (*aaraadhak*) of the commands (of *Jina*) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! By resolutely accepting the aforesaid, ... and so on up to... a living being becomes a true follower (*aaraadhak*) of the commands (of *Jina*).

विवेचन : कांक्षामोहनीय–जो कर्म जीव को मोहित या भ्रान्त बनाता है, उसे मोहनीय कर्म कहते हैं। मोहनीय कर्म के दो भेद है–चारित्रमोहनीय और दर्शनमोहनीय। यहाँ चारित्रमोहनीय कर्म के विषय में प्रश्न नहीं है। इसीलिए मोहनीय शब्द के साथ 'कांक्षा' शब्द जोडा गया है। कांक्षामोहनीय–दर्शनमोहनीय का ही भेद है। कांक्षा का अर्थ है–स्व–दर्शन के प्रति अरुचि तथा अन्य दर्शनो को स्वीकार करने की इच्छा करना। संशयमोहनीय, विचिकित्सामोहनीय, परपाखण्डप्रशसामोहनीय आदि कांक्षामोहनीय के अन्तर्गत भेद हैं।

कांक्षामोहनीय का ग्रहण कैसे ?–कर्म या कार्य चार प्रकार से होता है, उदाहरणार्थ–एक मनुष्य अपने शरीर के एकदेश–हाथ से वस्त्र का एक भाग ग्रहण करता है, यह एकदेश से एकदेश का ग्रहण करना है। इसी प्रकार हाथ से सारे वस्त्र का ग्रहण किया तो यह एकदेश से सर्व का ग्रहण करना है, यदि समस्त शरीर से वस्त्र के एक भाग को ग्रहण किया तो सर्व से एकदेश का ग्रहण हुआ; सारे शरीर से सारे वस्त्र को ग्रहण किया तो सर्व से सर्व का ग्रहण करना हुआ। प्रस्तुत प्रकरण मे देश का अर्थ है–आत्मा का एकदेश और एक समय मे ग्रहण किये जाने वाले कर्म का एकदेश। अगर आत्मा के एकदेश से कर्म का एकदेश किया तो यह देश से एकदेश की क्रिया की। अगर आत्मा के एकदेश से सर्व कर्म किया, तो यह देश से सर्व की क्रिया हुई। सम्पूर्ण आत्मा से कर्म का एकदेश किया, तो सर्व से देश की क्रिया हुई और सम्पूर्ण आत्मा से समग्र कर्म किया तो सर्व से सर्व की क्रिया हुई। कांक्षामोहनीय कर्म सर्व से सर्वकृत है, अर्थात्–समस्त आत्मप्रदेशो से समस्त कांक्षामोहनीय कर्म किया हुआ है। पूर्वोक्त चौभगी में से यहाँ चौथा भग ही ग्रहण किया गया है।

'चित' आदि पदों का स्वरूप–कर्म–पुद्गलो का ग्रहण करना 'चय' है, और बार–बार चय करना 'उपचय' है। अथवा अबाधाकाल समाप्त होने के पश्चात् गृहीत कर्म–पुद्गलो को वेदन करने के लिए निषेचन (कर्मदलिको का वर्गीकरण) करना, उदयावलिका मे स्थापित करना 'उपचय' कहा जाता है। 'उदीरणा', 'वेदना' और 'निर्जरा' का स्वरूप पहले बताया चुका है। उदीरणा आदि चिरकाल तक नही रहते, अतएव उनमे सामान्यकाल नहीं बताया गया है। इसलिए उदीरणा आदि में सिर्फ तीन प्रकार का काल बताया है।

शंका आदि पदों का स्वरूप–सर्वज्ञभाषित तत्त्वो में सन्देह करना **शंका** है। अन्यदर्शन को ग्रहण करने की इच्छा करना **कांक्षा** है। भ्रान्ति या अनिश्चितता व ब्रह्मचर्य आदि आचार–पालन के फल के विषय मे सशय करना **विचिकित्सा** है। बुद्धि मे द्वैधीभाव (बुद्धिभेद) उत्पन्न होना **भेदसमापन्नता** है, जिनेन्द्र भगवान द्वारा प्रतिपादित तत्त्व विपरीत रूप से समझना **कलुषसमापन्नता** है।

कांक्षामोहनीय कर्म को हटाने का प्रबल कारण–छद्मस्थतावश जब कभी किसी तत्त्व या जिनप्ररूपित तथ्य के विषय में शका आदि उपस्थित हो, तब **'तमेव सच्चं णीसंकं जं जिणेहिं पवेइयं'**–इसी सूत्र को हृदयगम कर ले तो व्यक्ति कांक्षामोहनीय कर्म से बच सकता है और जिनाज्ञाराधक हो सकता है। *(वृत्ति, पत्रांक ५२)*

Elaboration—*Kanksha-mohaniya karmas*—The *karma* that beguiles and deludes a being is called *mohaniya karma*. It is of two types—*Chaaritra mohaniya* (conduct deluding) and *Darshan mohaniya* (perception/faith deluding). As the inquiry here is not about conduct deluding *karma*, a prefix *kanksha* has been added with *mohaniya*. *Kanksha mohaniya* is a category of *darshan mohaniya karma* (perception deluding *karma*) *Kanksha* means dislike for one's own faith and desire to accept other faiths *Samshaya* (doubt) *mohaniya*, *vichikitsa*

(incredulity) ***mohaniya*** and ***parapakhand-prashamsha*** (praise of other dogmas) ***mohaniya*** are sub-categories of ***kanksha mohaniya karma***.

Acquisition of *kanksha mohaniya*—The act of acquisition is done four ways. For example—if a person acquires a part (*desh*) of a cloth with a part (hand) of his body, it is called acquiring a part by a part. If he acquires the whole cloth with a part (hand) of his body, it is called acquiring the whole by a part. If he acquires a part of the cloth with his whole body, it is called acquiring a part by the whole. And if he acquires the whole cloth with his whole body, it is called acquiring the whole by the whole. Here *desh* refers to one soul-space-point and one fraction of *karmas* acquired in one *Samaya*. If the soul has acquired one fraction of the *karma* by one soul-space-point it is part by a part. If the soul has acquired the whole of the *karma* by one soul-space-point it is the whole by a part. If the soul has acquired one fraction of the *karma* by every soul-space-point it is part by the whole If the soul has acquired the whole of the *karma* by every soul-space-point it is the whole by the whole. The *kanksha mohaniya karma* is classified as the whole by the whole, which means that the soul acquires the whole of the *karma* by every soul-space-point. This is the fourth of the four aforesaid kinds of acts of acquisition

TECHNICAL TERMS

Chaya—acquisition of *karma* particles by soul-space-points. *Upachaya*—augmentation of *karmas* This also means reorganization of *karma* particles aimed at premature suffering. *Udirana*, *vedana* and *nirjara* have already been explained. As these activities are not eternal, general period is not applicable to these, only three (past, present and future) are applicable.

Shanka—to have doubt in the word of the omniscient. *Kanksha*—to have desire to follow other faith *Vichikitsa*—incredulity and uncertainty on the Word as well as benefits of following the ascetic conduct including *brahmacharya*. *Bhed*—disjunction; to be in two minds. *Kalush*—spiteful misinterpretation of the Word.

Effective method to rid of *kanksha mohaniya karma*—When faced with doubt and other said misconceptions about some fundamentals or concepts propounded by *Jina* if one repeats and meditates on this aphorism—'Only that is true and beyond doubt which has been propounded by *Jinas*.' He can save himself from the *kanksha mohaniya karma* and become a true follower of the Word of *Jina*. *(Vritti, leaf 52)*

अस्तित्व–नास्तित्व परिणमन EXISTENCE AND NON-EXISTENCE

७. [प्र. १] से नूणं भंते ! अत्थित्तं अत्थित्ते परिणमइ, नत्थित्तं नत्थित्ते परिणमति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! जाव परिणमति।

७. [प्र. १] भगवन् ! क्या अस्तित्व अस्तित्व मे परिणत होता है तथा नास्तित्व नास्तित्व में परिणत होता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! अस्तित्व अस्तित्व मे परिणत होता है और नास्तित्व नास्तित्व में परिणत होता है।

7. [Q. 1] *Bhante* ! Does condition of existence (*astitva*) transform (*parinat*) into condition of existence and condition of non-existence (*anastitva*) transform into condition of non-existence ?

[Ans.] Yes, Gautam ! Condition of existence transforms into condition of existence and condition of non-existence transforms into condition of non-existence.

[प्र. २] जं तं भंते ! अत्थित्तं अत्थित्ते परिणमति, नत्थित्तं नत्थित्ते परिणमति तं किं पयोगसा; वीससा ?

[उ.] गोयमा ! पयोगसा वि तं, वीससा वि तं।

[प्र. २] भगवन् ! वह जो अस्तित्व अस्तित्व में परिणत होता है और नास्तित्व नास्तित्व में परिणत होता है, सो क्या वह प्रयोग (जीव के व्यापार या प्रयत्न) से परिणत होता है अथवा स्वभाव से ?

[उ.] गौतम ! वह प्रयोग से भी परिणत होता है और स्वभाव से भी परिणत होता है।

[Q. 2] *Bhante* ! Is this transformation of condition of existence into state of existence and condition of non-existence into state of non-existence induced or natural ?

[Ans.] Gautam ! This transformation is induced as well as natural.

[प्र. ३] जहा ते भंते ! अत्थित्तं अत्थित्ते परिणमइ तहा ते नत्थित्तं नत्थित्ते परिणमति ? जहा ते नत्थित्तं नत्थित्ते परिणमति तहा ते अत्थित्तं अत्थित्ते परिणमति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! जहा मे अत्थित्तं अत्थित्ते परिणमति तहा मे नत्थित्तं नत्थित्ते परिणमति, जहा मे नत्थित्तं नत्थित्ते परिणमति तहा मे अत्थित्तं अत्थित्ते परिणमति।

[प्र. ३] भगवन् ! जैसे आपके मत से अस्तित्व अस्तित्व में परिणत होता है, उसी प्रकार नास्तित्व नास्तित्व मे परिणत होता है ? और जैसे आपके मत से नास्तित्व नास्तित्व में परिणत होता है, उसी प्रकार अस्तित्व अस्तित्व मे परिणत होता है ?

[उ.] गौतम ! जैसे मेरे मत से अस्तित्व अस्तित्व में परिणत होता है, उसी प्रकार नास्तित्व नास्तित्व मे परिणत होता है और जिस प्रकार मेरे मत से नास्तित्व नास्तित्व में परिणत होता है; उसी प्रकार अस्तित्व अस्तित्व मे परिणत होता है।

[Q. 3] *Bhante* ! As according to you condition of existence transforms into condition of existence, does it imply that condition of non-existence transforms into condition of non-existence ? Also, as according to you condition of non-existence transforms into condition of non-existence, does it imply that condition of existence transforms into condition of existence ?

[Ans.] Gautam ! As according to me condition of existence transforms into condition of existence, it implies that condition of non-existence transforms into condition of non-existence. Also, as according to me condition of non-existence transforms into condition of non-existence, it implies that condition of existence transforms into condition of existence.

[प्र. ४] से नूणं भंते ! अत्थित्तं अत्थित्ते गमणिज्जं ?

[उ.] जहा परिणमइ दो आलावगा तहा गमणिज्जेण वि दो आलावगा भाणियव्वा। जाव तहा मे अत्थित्तं अत्थित्ते गमणिज्जं।

[प्र. ४] भगवन् ! क्या अस्तित्व अस्तित्व में गमनीय है ?

[उ.] हे गौतम ! जैसे–'परिणत होता है' इस पद के आलापक कहे है, उसी प्रकार यहाँ 'गमनीय' पद के साथ भी दो आलापक कहने चाहिए; यावत् 'मेरे मत से अस्तित्व अस्तित्व मे गमनीय है।'

[Q. 4] *Bhante* ! Is condition of existence worth expounding (*gamaniya*) into condition of existence ?

[Ans.] Gautam ! As has been said about transformation (*parinat*) likewise the two statements should be repeated with worth expounding (*gamaniya*) up to condition of existence is worth expounding (*gamaniya*) into condition of existence.

[प्र. ५] जहा ते भंते ! एत्थं गमणिज्जं तहा ते इहं गमणिज्जं ! जहा ते इहं गमणिज्जं तहा ते एत्थं गमणिज्जं ?

[उ.] हंता, गोयमा ! जहा मे एत्थं गमणिज्जं जाव तहा मे एत्थं गमणिज्जं।

[प्र. ५] भगवन् ! जैसे आपके मत मे यहाँ (स्वात्मा) मे गमनीय है, उसी प्रकार इह (परात्मा में भी) गमनीय है, जैसे आपके मत मे इह (परात्मा में) गमनीय है, उसी प्रकार यहाँ (स्वात्मा में) भी गमनीय है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! जैसे मेरे मत में यहाँ–स्वात्मा में गमनीय है, यावत्–परात्मा में भी गमनीय है, और जैसे परात्मा में गमनीय है उसी प्रकार यहाँ–स्वात्मा में गमनीय है।

[Q. 5] *Bhante* ! As according to you the statement of expoundability is applicable at this point (*ettham* or to self), does it imply that it is

applicable here (*iham* or to the other) ? Also, as according to you the statement of expoundability is applicable here (*iham* or to the other), does it imply that it is applicable at this point (*ettham* or to self) ?

[Ans.] Gautam ! As according to me it is applicable at this point (*ettham* or to self), it implies that it is applicable here (*iham* or to the other). Also, as it is applicable here (*iham* or to the other), it implies that it is applicable at this point (*ettham* or to self).

विवेचन : अस्तित्व का अर्थ है–जो पदार्थ जिस रूप में विद्यमान है, उसका उसी रूप मे रहना। 'अस्तित्व अस्तित्व मे परिणत होता है,' इस सूत्र के दो आशय वृत्तिकार ने बताए हैं–(१) **प्रथम आशय**–द्रव्य एक पर्याय से दूसरे पर्याय के रूप मे परिणत होता है, तथापि पर्यायरूप द्रव्य को सद्‌रूप मानना। जैसे–मिट्टीरूप पदार्थ की सत्ता सर्वप्रथम एक पिण्डरूप मे होती है, वही सत्ता घटरूप में हो जाती है। दोनो अवस्था मे मिट्टीरूप पदार्थ की सत्ता विद्यमान है। (२) **द्वितीय आशय**–जो अस्तित्व अर्थात्–सत् (विद्यमान–सत्ता वाला) पदार्थ है, वह सत्‌रूप (अस्तित्वरूप) मे परिणत होता है। तात्पर्य यह है कि सत् पदार्थ सदैव सद्‌रूप ही रहता है विनष्ट नही होता–कदापि असत् (शून्यरूप) मे परिणत नही होता। जिसे विनाश कहा जाता है, वह मात्र रूपान्तर–पर्याय परिवर्तन है, 'असत् होना' या समूल नाश होना नही। जैसे–एक दीपक प्रकाशमान है, किन्तु तेल जल जाने से प्रकाशरूप पुद्‌गल अब अपनी पर्याय पलटकर अन्धकार के रूप में परिणत हो गया है। प्रकाशावस्था और अन्धकारावस्था, इन दोनों अवस्थाओ मे दीपकरूप द्रव्य वही है। इसी का नाम है–सत् का सद्‌रूप मे ही रहना।

वस्तु में अस्तित्व और नास्तित्व दोनों धर्मों की विद्यमानता–कोई कह सकता है कि एक ही पदार्थ में अस्तित्व और नास्तित्व, ये दो विरोधी प्रतीत होने वाले धर्म कैसे रह सकते है? परन्तु जैनदर्शन का सिद्धान्त है कि पदार्थ में अस्तित्व और नास्तित्व दोनो धर्म विभिन्न अपेक्षा से विद्यमान है, अपेक्षाभेद के कारण इन दोनों में विरोध नहीं रहकर साहचर्य सम्बन्ध हो जाता है। जैसे–वस्त्र मे अपने स्वरूप की अपेक्षा अस्तित्व है किन्तु मिट्टी आदि पररूप की अपेक्षा से नास्तित्व है। अत वस्तु केवल सत्तामय नही, किन्तु सत्ता और असत्तामय है।

नास्तित्व की नास्तित्वरूप में परिणति–इस सूत्र की एक सरल व्याख्या यह है कि जिस वस्तु में जिसकी जिस रूप मे नास्ति है, उसकी उसी रूप मे नास्ति रहती है। जैसे–अगुली का अगूठा आदि के रूप मे न होना, अगुली का (अगुली की अपेक्षा से) अगूठा आदि रूप में नास्तित्व है। इसे यो कहा जा सकता है–जो अगुली अगुष्ठादिरूप नही है, वह अंगुष्ठादि नही होती। इसका यह अर्थ नहीं है कि अगूठे की अगूठे के रूप मे नास्ति है। जो है, वही है, अन्यरूप नही है।

अस्तित्व का अस्तित्वरूप में परिणमन दो प्रकार से होता है–प्रयोग से (जीव के व्यापार से) और स्वभाव से (विश्रसा)। **प्रयोग से**, यथा–कुम्हार की क्रिया से मिट्टी के पिण्ड का घटरूप में परिणमन। **स्वभाव से**, यथा–सफेद बादल काले बादलों के रूप मे किसी की क्रिया के बिना, स्वभावत. परिणत होते है। नास्तित्व का नास्तित्वरूप मे परिणमन भी दो प्रकार से होता है–प्रयोग से और स्वभाव से। **प्रयोग से**, यथा–घटादि की अपेक्षा से मिट्टी का पिण्ड नास्तित्वरूप है। स्वभाव से, यथा–पृच्छाकाल मे सफेद बालो में कृष्णत्व का नास्तित्व।

गमनीयरूप का आशय–गमनीय का अर्थ है–प्ररूपणा करने योग्य। आशय यह है कि पहले जिस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया है, वह केवल समझने के लिए है या प्ररूपणा करने योग्य भी है? **'एत्थं'** और **'इहं'**

सम्बन्धी प्रश्नात्मक सूत्र की व्याख्या वृत्तिकार ने इस प्रकार की है–'एत्थं' का अर्थ यहाँ अर्थात्–स्वशिष्य और 'इहं' का अर्थ–गृहस्थ या परपाषण्डी आदि। तात्पर्य यह है कि वस्तु की प्ररूपणा आप अपने और पराये का भेद न रखकर स्व–परजनों के लिए समभाव से करते हैं? इस प्रश्न का उत्तर भगवान ने दिया, कि चाहे स्वशिष्य हो या गृहस्थादि, प्ररूपणा सबके लिए समान होती है–होनी चाहिए। *(वृत्ति, पत्रांक ५५–५६)*

Elaboration—*Astitva* (existence) means continuation of the present form of a substance. According to the commentator (*Vritti*) the statement 'transformation of the condition of existence into condition of existence' has two interpretations—(1) From one mode (*paryaya*) a substance transforms into another mode but its condition of existence as a substance remains unaltered. For example the condition of existence of clay is first in the form of a lump and then transforms into a pot. In both states its condition of existence as clay remains unaltered. (2) A substance that is in the condition of existence gets transformed only in a condition of existence In other words it always remains existent and is never destroyed, it never gets transformed into condition of non-existence or void. What we call destruction is simply a change of mode and not to become non-existent or complete destruction. For example a lamp emits light but when the fuel ends the particles of light undergo a modal transformation into particles of darkness. In both the conditions of light and darkness the lamp as substance remains same. Thus the condition of existence remains unaltered as condition of existence

Coexistence of conditions of existence and non-existence—A question can be raised that how two contradicting properties, existence and non-existence, can coexist in a substance ? But according to Jain philosophy the properties of existence and non-existence coexist in a substance from different standpoints. Due to change of standpoint the contradiction turns into co-ordination For example a cloth has the property of existence from the standpoint of its own form but from the standpoint of clay or any other substance it has the property of non-existence. Thus a substance is not just existent but also non-existent (from another viewpoint).

Transformation of the condition of non-existence into condition of non-existence—A simple elaboration of this aphorism is that a thing non-existent in one form always remains non-existent in that form. For example non-existence of finger in the form of thumb etc. A finger (from the standpoint of finger) is non-existent in the form of thumb etc. This can be stated as—the finger that is not in the form of thumb etc. is non-existent as a thumb. This does not mean that a thumb is non-

existent in the form of a thumb What exists in one form does not exist in another form.

Transformation of the condition of existence into condition of existence happens two ways—induced (by activity of a being) and natural. For example a lump of clay is transformed into a pot by activity of a potter, this is induced transformation; white clouds turn into black naturally without an aid of any activity by a being, this is natural transformation. Transformation of the condition of non-existence into condition of non-existence also happens two ways—induced (by activity of a being) and natural. For example from the standpoint of pot the lump of clay is non-existent, this is induced activity At the moment of asking the question black hair by nature are non-existent among the white ones.

Gamaniya—Gamaniya means worth expounding Here it conveys—is the aforesaid theory merely for understanding or is it worth expounding as well. The commentator (*Vritti*) has explained the interrogative statements starting with *Ettham* and *Iham* as—*Ettham* (here, nearer in comparison) means one's own disciple, *iham* (here, farther in comparison) means a householder, follower of other dogma and other such comparatively distant person. The question means that "is the propounding done without any discrimination between one's own and others ?" *Bhagavan* replied it with affirmative—propounding is and should be done uniformly and without any discrimination between one's own disciple and householders etc.

कांक्षामोहनीय कर्मबन्ध के कारण CAUSES OF BONDAGE OF KANKSHA MOHANIYA KARMA

८. [प्र.] जीवा णं भंते ! कंखामोहणिज्जं कम्मं बंधंति ?

[उ.] हंता, बंधंति।

९. [प्र. १] कहं णं भंते ! जीवा कंखामोहणिज्जं कम्मं बंधंति ?

[उ.] गोयमा ! पमादपच्चया जोगनिमित्तं च।

[प्र. २] से णं भंते ! पमादे किं पवहे ?

[उ.] गोयमा ! जोगप्पवहे।

[प्र. ३] से णं भंते ! जोगे किं पवहे ?

[उ.] गोयमा ! वीरियप्पवहे।

[प्र. ४] से णं भंते ! वीरिए किं पवहे ?

[उ.] गोयमा ! सरीरप्पवहे।

[प्र. ५] से णं भंते ! सरीरे किं पवहे ?

[उ.] गोयमा ! जीवप्पवहे। एवं सति अत्थि उट्ठाणे ति वा, कम्मे ति वा, बले ति वा, वीरिए ति वा, पुरिसक्कार–परक्कमे ति वा।

८. [प्र.] भगवन् ! क्या जीव कांक्षामोहनीय कर्म बाँधते हैं ?

[उ.] हाँ, बाँधते हैं।

९. [प्र. १] भगवन् ! जीव कांक्षामोहनीय कर्म किस प्रकार बाँधते हैं ?

[उ.] गौतम ! प्रमाद के कारण और योग के निमित्त से।

[प्र. २] भगवन् ! प्रमाद किससे उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! प्रमाद योग से उत्पन्न होता है।

[प्र. ३] भगवन् ! योग किससे उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! योग वीर्य से उत्पन्न होता है।

[प्र. ४] भगवन् ! वीर्य किससे उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! वीर्य शरीर से उत्पन्न होता है।

[प्र. ५] भगवन् ! शरीर किससे उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! शरीर जीव से उत्पन्न होता है और ऐसा होने मे जीव का उत्थान, कर्म, बल, वीर्य और पुरुषकार–पराक्रम होता है।

8. [Q.] *Bhante* ! Do living beings acquire bondage of ***kanksha mohaniya karma*** ?

[Ans.] Yes, they do.

9. [Q. 1] *Bhante* ! How do living beings acquire bondage of ***kanksha mohaniya karma*** ?

[Ans.] Gautam ! Due to stupor (*pramad*) and through association (*yoga*, by body, speech and mind).

[Q. 2] *Bhante* ! What is the origin of stupor ?

[Ans.] Gautam ! Stupor originates from association (*yoga*)

[Q. 3] *Bhante* ! What is the origin of association (*yoga*) ?

[Ans.] Gautam ! Association originates from potency (*virya*).

[Q. 4] *Bhante* ! What is the origin of potency (*virya*) ?

[Ans.] Gautam ! Potency originates from body (*sharira*).

[Q. 5] *Bhante* ! What is the origin of body (*sharira*) ?

[Ans.] Gautam ! Body originates from soul (*jiva*). This happens on account of inclination to rise (*utthaan*), action (*karma*), strength (*bal*), potency (*virya*) and self-exertion (*purushakar-parakram*).

विवेचन : कर्मबन्ध के कारण–यद्यपि कर्मबन्ध में पाँच मुख्य कारण हैं, तथापि यहाँ प्रमाद और योग दो कारण बताने का आशय यह है कि मिथ्यात्व, अविरति और कषाय का अन्तर्भाव प्रमाद में हो जाता है। यद्यपि सिद्धान्तानुसार छठे से आगे के गुणस्थानो मे प्रमाद नही होता, फिर भी जहाँ (दसवे गुणस्थान) तक कषाय है, वहाँ तक सूक्ष्म प्रमाद माना जाता है, स्थूल प्रमाद नही। इसलिए वहाँ तक प्राय मोहनीयकर्म का बन्ध होता है। दसवें गुणस्थान मे कषाय अत्यल्प (सूक्ष्म) होने से मोहकर्म का बन्ध नही होता है।

उत्थान आदि का स्वरूप–उठना 'उत्थान' है। जीव की चेष्टाविशेष 'कर्म'। शारीरिक प्राण 'बल'। जीव का उत्साह या शक्ति 'वीर्य' तथा पुरुष की स्वाभिमानपूर्वक क्रिया 'पुरुषकार' है और शत्रु को पराजित करना 'पराक्रम' है। *(वृत्ति, पत्रांक ५६-५७)*

Elaboration—Although there are five main causes of *karmic* bondage, here only two, *pramad* (stupor) and *yoga* (association), have been mentioned for the simple reason that the other three, *mithyatva* (unrighteousness), *avirati* (non-restraint) and passions, are extensions of *pramad* only Doctrinally *pramad* does not extend beyond the sixth *Gunasthan* (level of spiritual ascendance), however, it is believed that as long as passions exist (up to tenth *Gunasthan*) traces of *pramad* exist, which is in subtle form and not gross. That is why up to that point there is generally a bondage of *mohaniya karma* At the tenth *Gunasthan* there is no fresh bondage of *mohaniya karma* because here passions are of very minute intensity. Besides the eight categories of *pramad* mentioned in scriptures there are many more including the said three

Utthaan etc.—*utthaan*—inclination to rise, *karma*—specific actions of beings, *bal*—physical strength, *virya*—inner potency or energy, *purushakar*—action with self-awareness, *parakram*—to exert to win over or accomplish *(Vritti, leaves 56-57)*

कांक्षामोहनीय की उदीरणा, गर्हा आदि FRUITION OF KANKSHA MOHANIYA

१०. [प्र. १] से णूणं भंते ! अप्पणा चेव उदीरेइ, अप्पणा चेव गरहइ, अप्पणा चेव संवरेइ ?

[उ.] हंता, गोयमा ! अप्पणा चेव तं चेव उच्चारेयव्वं ३।

१०. [प्र. १] भगवन् ! क्या जीव अपने आप से ही उस (कांक्षामोहनीय कर्म) की उदीरणा करता है, अपने आप से ही उसकी गर्हा करता है और अपने आप से ही उसका सवर करता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! जीव अपने आप से ही उसकी उदीरणा, गर्हा और संवर करता है।

10. [Q. 1] *Bhante* ! Does a being fructify (*udirana*) this (*kanksha mohaniya karma*) himself ? Does he censure (*garha*) it himself ? And does he block the inflow himself ?

[Ans.] Yes, Gautam ! A being fructifies (*udirana*), censures (*garha*) and blocks the inflow of this himself.

[प्र. २] जं तं भंते ! अप्पणा चेव उदीरेइ अप्पणा चेव गरहेइ, अप्पणा चेव संवरेइ तं उदिण्णं उदीरेइ १ अणुदिण्णं उदीरेइ २ अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ ३ उदयाणंतरपच्छाकडं कम्मं उदीरेइ ४ ?

[उ.] गोयमा ! नो उदिण्णं उदीरेइ १, नो अणुदिण्णं उदीरेइ २, अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ ३, णो उदयाणंतरपच्छाकडं कम्मं उदीरेइ ४।

[प्र. २] भगवन् ! जीव जो अपने आप से ही उसकी उदीरणा करता है, गर्हा करता है और संवर करता है, तो क्या उदीर्ण (उदय मे आये हुए) की उदीरणा करता है ? अनुदीर्ण की उदीरणा करता है ? या अनुदीर्ण उदीरणाभविक (उदय मे नहीं आये हुए, किन्तु उदीरणा के योग्य) कर्म की उदीरणा करता है ? अथवा उदयानन्तर पश्चात्कृत कर्म की उदीरणा करता है ?

[उ.] गौतम ! उदीर्ण की उदीरणा नही करता, अनुदीर्ण की उदीरणा नही करता, उदयानन्तर पश्चात्कृत कर्म की भी उदीरणा नही करता, किन्तु अनुदीर्ण; उदीरणा–भविक कर्म की उदीरणा करता है।

[Q. 2] *Bhante* ! When a being fructifies (*udirana*), censures (*garha*) and blocks the inflow of this himself, does he fructify the *karmas* that have already reached fruition or matured (*udirna*) ? Does he fructify those that have not matured (*anudirna*) ? Does he fructify those that have not matured but tend to mature (*udiranabhavik*) ? Or does he fructify those that have already been fructified and experienced (*udayanantar pashchaatkrit*) ?

[Ans.] Gautam ! He does not fructify the *karmas* that have already matured (*udirna*), he does not fructify those that have not matured (*anudirna*), he fructifies those that have not matured but tend to mature (*udiranabhavik*), and he does not fructify those that have already been fructified and experienced.

[प्र. ३] जं तं भंते ! अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ तं किं उट्ठाणेणं कम्मेणं बलेणं वीरिएणं पुरिसक्कारपरक्कमेणं अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ ? उदाहु तं अणुट्ठाणेणं अकम्मेणं अबलेणं अवीरिएणं अपुरिसक्कारपरक्कमेणं अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ ?

[उ.] गोयमा ! तं उट्ठाणेण वि कम्मेण वि बलेण वि वीरिएण वि पुरिसक्कारपरक्कमेण वि अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ, णो तं अणुट्ठाणेणं अकम्मेणं अबलेणं अवीरिएणं अपुरिसक्कारपरक्कमेणं अणुदिण्णं उदीरणाभवियं कम्मं उदीरेइ। एवं सति अत्थि उट्ठाणे इ वा कम्मे इ वा बले इ वा वीरिए इ वा पुरिसक्कारपरक्कमे इ वा।

[प्र. ३] भगवन् ! यदि जीव अनुदीर्ण-उदीरणाभविक कर्म की उदीरणा करता है, तो क्या उत्थान से, कर्म से, बल से, वीर्य और पुरुषकार-पराक्रम से उदीरणा करता है, अथवा अनुत्थान से, अकर्म से और अबल से, अवीर्य और अपुरुषकार-पराक्रम से उदीरणा करता है ?

[उ.] गौतम ! वह अनुदीर्ण-उदीरणाभविक कर्म की उदीरणा उत्थान से, कर्म से, बल से, वीर्य से और पुरुषकार-पराक्रम से करता है, (किन्तु) अनुत्थान से, अकर्म से, अबल से, अवीर्य से और अपुरुषकार-पराक्रम से उदीरणा नहीं करता। अतएव उत्थान है, कर्म है, बल है, वीर्य है और पुरुषकार-पराक्रम है।

[Q. 3] *Bhante* ! When he fructifies those *karmas* that have not matured but tend to mature (*udiranabhavik*), does he do so by rise (*utthaan*), action (*karma*), strength (*bal*), potency (*virya*) and self-exertion (*purushakar-parakram*) or by non-rise (*anutthaan*), non-action (*akarma*), non-strength (*abal*), non-potency (*avirya*) and non-self-exertion (*apurushakar-parakram*) ?

[Ans.] Gautam ! He fructifies those *karmas* that have not matured but tend to mature (*udiranabhavik*) by rise (*utthaan*), action (*karma*), strength (*bal*), potency (*virya*) and self-exertion (*purushakar-parakram*) and not by non-rise (*anutthaan*), non-action (*akarma*), non-strength (*abal*), non-potency (*avirya*) and non-self-exertion (*apurushakar-parakram*). Therefore rise (*utthaan*), action (*karma*), strength (*bal*), potency (*virya*) and self-exertion (*purushakar-parakram*) are valid

११. [प्र. १] से णूणं भंते ! अप्पणा चेव उवसामेइ, अप्पणा चेव गरहइ, अप्पणा चेव संवरेइ ?

[उ.] हंता, गोयमा ! एत्थ वि तं चेव भाणियव्वं, नवरं अणुदिण्णं उवसामेइ, सेसा पडिसेहेयव्वा तिण्णि।

[प्र. २] जं तं भंते ! अणुदिण्णं उवसामेइ तं किं उट्ठाणेणं ?

[उ.] जाव पुरिसक्कारपरक्कमे इ वा।

११. [प्र. १] भगवन् ! क्या वह अपने आप से ही (कांक्षामोहनीयकर्म का) उपशम करता है, अपने आप से ही गर्हा करता है और अपने आप से ही संवर करता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! यहाँ भी उसी प्रकार 'पूर्ववत्' कहना चाहिए। विशेषता यह है कि अनुदीर्ण (उदय में नहीं आये हुए) का उपशम करता है, शेष तीनों विकल्पों का निषेध करना चाहिए।

[प्र. २] भगवन् ! जीव यदि अनुदीर्ण कर्म का उपशम करता है, तो क्या उत्थान से यावत् पुरुषकार-पराक्रम से करता है या अनुत्थान से यावत् अपुरुषकार-पराक्रम से करता है ?

cardinal and middle directions with its radiance Does the setting sun too light up, illuminate, warm up and blaze the same area in all cardinal and middle directions with its radiance ?

[Ans.] Yes, Gautam ! Like the rising sun lights up (*prakashit*), ... and so on up to and blazes (*prabhasit*) certain area, in the same way the setting sun also lights up, . and so on up to.. and blazes the same area.

३. [प्र. १] तं भंते ! किं पुट्ठं ओभासेति अपुट्ठं ओभासेति ?

[उ.] जाव छद्दिसिं ओभासेति। [२] एवं उज्जोवेइ तवेति पभासेति जाव नियमा छद्दिसिं।

३. [प्र. १] भगवन् ! सूर्य जिस क्षेत्र को प्रकाशित करता है, क्या वह क्षेत्र सूर्य से स्पृष्ट-स्पर्श-स्पर्श किया हुआ होता है, या अस्पृष्ट होता है ?

[उ.] वह क्षेत्र सूर्य से स्पृष्ट होता है और यावत् उस क्षेत्र को छहो दिशाओ मे प्रकाशित करता है। [२] इसी प्रकार उद्योतित करता है, तपाता है और बहुत तपाता है, यावत् नियमपूर्वक छहो दिशाओं मे अत्यन्त तपाता है।

3. [Q. 1] *Bhante* ! Is the area lit up by the sun touched by it or not touched ?

[Ans.] That area is touched by the sun till it lights up all the six directions [2] In the same way it illuminates, warms and blazes all the six directions as a rule.

४. [प्र. १] से नूणं भंते ! सव्वंति सव्वावंति फुसमाणकालसमयंसि जावतियं खेत्तं फुसइ तावतियं फुसमाणे पुट्ठे त्ति वत्तव्वं सिया ?

[उ.] हंता, गोयमा ! सव्वंति जाव वत्तव्वं सिया।

[प्र. २] तं भंते ! किं पुट्ठं फुसति अपुट्ठं फुसति ?

[उ.] जाव नियमा छद्दिसिं।

४. [प्र. १] भगवन् ! स्पर्श करने के समय मे सूर्य के साथ सम्बन्ध रखने वाले जितने क्षेत्र को सर्व दिशाओं मे सर्वात्मना सूर्य स्पर्श कर रहा होता है, क्या उस क्षेत्र का 'स्पृष्ट' कहा जा सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह 'सर्व' यावत् सर्वात्मना स्पर्श करता हुआ स्पृष्ट; ऐसा कहा जा सकता है।

[प्र. २] भगवन् ! सूर्य स्पृष्ट क्षेत्र का स्पर्श करता है, या अस्पृष्ट क्षेत्र का स्पर्श करता है ?

[उ.] सूर्य स्पृष्ट क्षेत्र का स्पर्श करता है, यावत् नियमपूर्वक छहो दिशाओ मे स्पर्श करता है।

4. [Q. 1] *Bhante* ! Can all the area in all the directions coming in full contact with the sun at the time of touching be called to have been touched ?

[Ans.] Yes, Gautam ! All the area... and so on up to. can be called to have been touched.

[Q. 2] *Bhante* ! Does the sun touch the touched area or the untouched area ?

[Ans.] The sun touches the touched area... and so on up to... touches all the six directions as a rule

विवेचन : सूर्य कितनी दूर से दीखता है—सूर्य के १८४ मण्डल है। कर्कसंक्रान्ति में सूर्य सर्वाभ्यन्तर (सबके मध्य वाले) मण्डल मे प्रवेश करता है। उस समय वह भरतक्षेत्रवासियो को साधिक ४७,२६३ योजन दूर से दीखता है। यहाँ **चक्खुफासं** (चक्षु-स्पर्श) शब्द आया है, उसका अर्थ आँखो का स्पर्श होना नही, अपितु आँखो से दिखाई देना है। स्पर्श होने पर तो आँख अपने मे रहे हुए काजल को भी नहीं देख पाती। *(वृत्ति, पत्रांक ७८)*

Elaboration—Visibility of the sun—The sun is said to have 184 variations in its orbit. At the time of Cancer solstice the sun enters the middle-most orbit. At that time it is visible to the people living in Bharat area from a maximum distance of 47,263 *Yojans*. The term *chakkhuphasam* (*chakshusparsh*) has not been used in its literal meaning of touching eyes, it means visible to naked eyes. When touched, even collyrium in the eye is not visible to it *(Vritti, leaf 78)*

लोकान्त–अलोकान्तादि स्पर्श TOUCHING LOKANT-ALOKANT ETC.

५. [प्र. १] लोअंते भंते ! अलोअंतं फुसति ? अलोअंते वि लोअंतं फुसति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! लोअंते अलोअंतं फुसति, अलोअंते वि लोअंतं फुसति।

[प्र. २] तं भंते ! किं पुट्ठं फुसति अपुट्ठं फुसति ?

[उ.] जाव नियमा छद्दिसिं फुसति।

५. [प्र. १] भगवन् ! क्या लोक का अन्त (किनारा) अलोक के अन्त को स्पर्श करता है? क्या अलोक का अन्त लोक के अन्त को स्पर्श करता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! लोक का अन्त अलोक के अन्त को स्पर्श करता है और अलोक का अन्त लोक के अन्त को स्पर्श करता है।

[प्र. २] भगवन् ! वह जो (लोक का अन्त अलोकान्त को और अलोकान्त लोकान्त को) स्पर्श करता है, क्या वह क्षेत्र स्पृष्ट है या अस्पृष्ट है ?

[उ.] (गौतम ! वह स्पृष्ट का स्पर्श करता है, अस्पृष्ट का स्पर्श नही करता) यावत् नियमपूर्वक छहों दिशाओ मे स्पृष्ट होता है।

5. [Q. 1] *Bhante* ! Does the edge of occupied space (*lokant*) touch the edge of unoccupied space (*alokant*) ? Does the edge of unoccupied space (*alokant*) touch the edge of occupied space (*lokant*) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! The edge of occupiod space (*lokant*) touches the edge of unoccupied space (*alokant*) and the edge of unoccupied space (*alokant*) touches the edge of occupied space (*lokant*).

[Q. 2] *Bhante* ! Does it touch the touched area or the untouched ?

[Ans.] It touches the touched. . and so on up to... touches in all the six directions as a rule

६. [प्र. १] दीवंते भंते ! सागरंतं फुसति ? सागरंते वि दीवंतं फुसति ?

[उ.] हंता, जाव नियमा छद्दिसिं फुसति।

६. [प्र. १] भगवन् ! क्या द्वीप का अन्त (किनारा) समुद्र के अन्त को स्पर्श करता है ? और समुद्र का अन्त द्वीप के अन्त को स्पर्श करता है ?

[उ.] हाँ, (गौतम ! ऐसा करता है) यावत्–नियम से छहों दिशाओ मे स्पर्श करता है।

6. [Q. 1] *Bhante* ! Does the edge of an island (or continent) touch the edge of the sea ? Does the edge of the sea touch the edge of an island ?

[Ans.] Yes it does... and so on up to... touches in all the six directions as a rule

[प्र. २] एवं एएणं अभिलावेणं उदकंते पोयंतं फुसइ, छिद्दंते दूसंतं, छायंते आतवंतं ?

[उ.] जाव नियमा छद्दिसिं फुसति।

[प्र. २] भगवन् ! क्या इसी प्रकार इसी अभिलाप से पानी का किनारा, पोत (नौका–जहाज) के किनारे को और पोत का किनारा पानी के किनारे को स्पर्श करता है ? क्या छेद का किनारा वस्त्र के किनारे को और वस्त्र का किनारा छेद के किनारे को स्पर्श करता है ? और क्या छाया का अन्त आतप (धूप) के अन्त को और आतप का अन्त छाया के अन्त को स्पर्श करता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! (उक्त सभी का स्पर्श घटित होता है) यावत् नियमपूर्वक छहो दिशाओ को स्पर्श करता है।

[Q. 2] *Bhante* ! From this does it imply that the edge of water touches the edge of a boat (or ship) and the edge of a boat touches the edge of water ? The edge of a hole touches the edge of the cloth and the edge of the cloth touches the edge of a hole ? And the edge of a shadow touches the edge of sun and the edge of sun touches the edge of a shadow ?

[Ans.] Yes, they all do... and so on up to . touches in all the six directions as a rule.

अठारह पापस्थान क्रिया-स्पर्श प्ररूपणा TOUCH OF EIGHTEEN SOURCES OF SIN

७. [प्र. १] अत्थि णं भंते ! जीवाणं पाणाइवाएणं किरिया कज्जति ?

[उ.] हंता, अत्थि।

[प्र. २] सा भंते ! किं पुट्ठा कज्जति ? अपुट्ठा कज्जति ?

[उ.] जाव निव्वाघातेणं छद्दिसिं, वाघातं पडुच्च सिय तिदिसिं, सिय चउदिसिं, सिय पंचदिसिं।

७. [प्र. १] भगवन् ! क्या जीवो द्वारा प्राणातिपात क्रिया की जाती है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! की जाती है।

[प्र. २] भगवन् ! की जाने वाली वह क्रिया क्या स्पृष्ट है, या अस्पृष्ट है ?

[उ.] यदि व्याघात न हो तो छहो दिशाओ को और व्याघात हो तो कदाचित् तीन दिशाओ को, कदाचित् चार दिशाओं को और कदाचित् पाँच दिशाओ को स्पर्श करती है।

7. [Q. 1] *Bhante* ! Do beings indulge in the act of killing (*pranatipat*) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They do

[Q. 2] *Bhante* ! Is the activity so done touched or untouched ?

[Ans.] If there is no obstruction it touches six directions and if there is some obstruction it touches may be three, four or five directions.

[प्र. ३] सा भंते ! किं कडा कज्जति ? अकडा कज्जति ?

[उ.] गोयमा ! कडा कज्जति, नो अकडा कज्जति।

[प्र. ४] सा भंते ! किं अत्तकडा कज्जति ? परकडा कज्जति ? तदुभयकडा कज्जति ?

[उ.] गोयमा ! अत्तकडा कज्जति, णो परकडा कज्जति, णो तदुभयकडा कज्जति।

[प्र. ३] भगवन् ! की जाने वाली क्या वह प्राणातिपात क्रिया कृत है अथवा अकृत ?

[उ.] गौतम ! वह क्रिया कृत है, अकृत नही।

[प्र. ४] भगवन् ! यह क्रिया क्या आत्मकृत (स्वय द्वारा कृत) है, परकृत है, अथवा तदुभयकृत है ?

[उ.] गौतम ! वह क्रिया आत्मकृत है, किन्तु परकृत या तदुभयकृत नही।

[Q. 3] *Bhante* ! Is the activity so done performed (*krit*) or non-performed (*akrit*) ?

[Ans.] Gautam ! It is performed and not non-performed.

[Q. 4] *Bhante* ! Is that activity performed by self, by others, or by both (self and others) ?

[Ans.] Gautam ! It is performed by self but not by others or both.

[प्र. ५] सा भंते ! किं आणुपुव्विं कडा कज्जति ? अणाणुपुव्विं कडा कज्जति ?

[उ.] गोयमा ! आणुपुव्विं कडा कज्जति नो अणाणुपुव्विं कडा कज्जति। जा य कडा, जा य कज्जति, जा य कज्जिस्सति सव्वा सा आणुपुव्विकडा, नो अणाणुपुव्विकड त्ति वत्तव्वं सिया।

[प्र. ५] भगवन् ! जो क्रिया की जाती है, वह क्या आनुपूर्वी–अनुक्रमपूर्वक (एक के पश्चात् दूसरी) की जाती है, या बिना अनुक्रम से की जाती है ?

[उ.] गौतम ! वह अनुक्रमपूर्वक की जाती है, किन्तु बिना अनुक्रम से नहीं की जाती। जो क्रिया की गई है, या जो क्रिया की जा रही है, अथवा जो क्रिया की जायेगी, वह सब अनुक्रमपूर्वक कृत है। किन्तु बिना अनुक्रमपूर्वक कृत नहीं है, ऐसा कहना चाहिए।

[Q. 5] *Bhante* ! Is that activity performed in a sequence (*anupurvi*) or without a sequence (*ananupurvi*) ?

[Ans.] Gautam ! It is performed in a sequence and not without a sequence. The activity which has been performed, that which is being performed or that which will be performed, all these follow a sequence and are not without a sequence. This is how it must be stated.

८. [प्र. १] अत्थि णं भंते ! नेरइयाणं पाणातिवायकिरिया कज्जति ?

[उ.] हंता, अत्थि।

[प्र. २] सा भंते ! किं पुट्ठा कज्जति ? अपुट्ठा कज्जति ?

[उ.] जाव नियमा छद्दिसिं कज्जति।

[प्र. ३] सा भंते ! किं कडा कज्जति ? अकडा कज्जति ?

[उ.] तं चेव जाव नो अणाणुपुव्विं कड त्ति वत्तव्वं सिया।

८. [प्र. १] भगवन् ! क्या नैरयिकों द्वारा प्राणातिपात क्रिया की जाती है।

[उ.] हाँ, गौतम ! की जाती है।

[प्र. २] भगवन् ! नैरयिको द्वारा जो क्रिया की जाती है, वह स्पृष्ट की जाती है या अस्पृष्ट की जाती है।

[उ.] गौतम ! वह यावत् नियम से छहो दिशाओं मे की जाती है।

[प्र. ३] भगवन् ! नैरयिको द्वारा जो क्रिया की जाती है, वह क्या कृत है अथवा अकृत है ?

[उ.] वह पहले की तरह जानना चाहिए, यावत्–वह अनुक्रमपूर्वक कृत है, बिना अनुक्रम कृत नहीं; ऐसा कहना चाहिए।

8. **[Q. 1]** *Bhante* ! Do infernal beings indulge in the act of killing (*pranatipat*) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They do.

[Q. 2] *Bhante* ! Is the activity done by infernal beings touched or untouched ?

[Ans.] It is touched... and so on up to . in all the six directions as a rule.

[Q. 3] *Bhante* ! Is the activity so done performed or non-performed ?

[Ans.] Gautam ! Note that it is as aforesaid... and so on up to... all these follow a sequence and not without a sequence This is how it must be stated.

९. जहा नेरइया (सु. ८) तहा एगिंदियवज्जा भाणियव्वा जाव वेमाणिया।

९. नैरयिको के समान एकेन्द्रिय को छोडकर द्वीन्द्रियादि से लेकर वैमानिकपर्यन्त वैमानिकों तक सब दण्डकों मे कहना चाहिए।

9. What has been said about infernal beings should be repeated for all *dandaks* (places of suffering) from two-sensed beings to Vaimaniks with the exception of one-sensed beings

१०. एगिंदिया जहा जीवा (सु. ७) तहा भाणियव्वा।

१०. एकेन्द्रियो के विषय में औधिक (सामान्य) जीवो की भाँति कहना चाहिए।

10. For one-sensed beings the general statement for living beings should be repeated.

११. जहा पाणातिवाते (सु. ७–१०) तहा मुसावाते तहा अदिन्नादाणे मेहुणे परिग्गहे कोहे जाव मिच्छादंसणसल्ले एवं एते अट्ठारस, चउवीसं दंडगा भाणियव्वा।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति भगवं गोतमे समणं भगवं जाव विहरति।

११. प्राणातिपात (क्रिया) के समान मृषावाद, अदत्तादान, मैथुन, परिग्रह, क्रोध यावत् मिथ्यादर्शनशल्य तक इन अठारह ही पापस्थानों के विषय मे चौबीस दण्डक कहने चाहिए।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है' यो कहकर भगवान गौतम श्रमण भगवान महावीर स्वामी को वन्दना–नमस्कार करके यावत् विचरते है।

11. What has been said about the act of killing should be repeated about acts of falsity (*mrishavad*), stealing (*adattadan*), sex (*maithun*), possession (*parigraha*), anger. . and so on up to... thorn of wrong belief (*mithyadarshan shalya*) for all the twenty four *dandaks* (places of suffering)

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : अनुक्रम से होना या गिनना, जैसे-एक, दो, तीन, चार, पाँच; यह आनुपूर्वी है। एकदम उल्टे क्रम मे, जैसे-पाँच, चार, तीन, दो, एक गिनना पश्चानुपूर्वी है। जिसमे एकदम उल्टा या एकदम सुल्टा क्रम न हो, जैसे-दो, पाँच, चार, तीन आदि यह अनानुपूर्वी है।

क्रिया के सम्बन्ध मे पाँच निष्कर्ष-(१) जीव प्राणातिपातादि की क्रिया स्वय करते है, वे बिना किये नहीं होती। (२) ये क्रियाएँ मन, वचन या काया से स्पृष्ट होती है। (३) ये क्रियाएँ करने से लगती हैं, बिना किये नही लगती है। फिर भले ही वह क्रिया मिथ्यात्वादि किसी कारण से की जाये। (४) क्रियाएँ स्वय करने से लगती हैं, दूसरे के (ईश्वर, काल आदि के) करने से नही लगती। (५) ये क्रियाएँ अनुक्रमपूर्वक कृत होती है।

Elaboration—To count ın a sequence like one, two, three, four, five and so on ıs *anupurvi* To count in reverse order lıke five, four, three, two and one ıs *pashchanupurvı*. To count wıthout any sequence or order lıke two, five, three, four and one ıs *ananupurvı*

Five inferences about actıvities—(1) Beıngs perform activities like kıllıng of theır own volıtıon, they are not done without voluntarily doing (2) These actıvitıes are touched by mind, speech or body. (3) These activıtıes take effect only when done and not without beıng done (4) These actıvities take effect only when done by self and not when done by others (god or fate). (5) These actıvıtıes are performed ın a sequence

रोह अनगार का वर्णन **ROHA ANAGAR**

१२. तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवतो महावीरस्स अंतेवासी रोहे नाम अणगारे पगतिभद्दए पगतिमउए पगतिविणीते पगतिउवसंते पगतिपतणुकोह-माण-माय-लोभे मिउ-मद्दवसंपन्ने अल्लीणे भद्दए विणीए समणस्स भगवतो महावीरस्स अदूरसामंते उड्ढंजाणू अहोसिरे झाणकोट्ठोवगए संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरति। तए णं से रोहे नामं अणगारे जातसड्ढे जाव पज्जुवासमाणे एवं वयासी—

१२. उस काल और उस समय मे श्रमण भगवान महावीर स्वामी के अन्तेवासी (शिष्य) रोह नामक अनगार थे। वे प्रकृति से भद्र, मृदु (कोमल), विनीत, उपशान्त, अल्प क्रोध, मान, माया और लोभ वाले, अत्यन्त निरहकारता-सम्पन्न, गुरु-भक्ति मे लीन, किसी को सताप न पहुँचाने वाले, विनयमूर्ति थे। वे रोह अनगार ऊर्ध्वजानु (घुटने ऊपर करके) और नीचे की ओर सिर झुकाए हुए, ध्यानरूपी कोष्ठक मे प्रविष्ट, सयम और तप से आत्मा को भावित करते हुए श्रमण भगवान महावीर के समीप विचरते थे। तत्पश्चात् वह रोह अनगार के मन मे श्रद्धा, सशय, कुतूहल आदि उत्पन्न होने पर भगवान की पर्युपासना करते हुए इस प्रकार बोले-

12. During that perıod of tıme there was an ascetic discıple of Bhagavan Mahavir whose name was Roha By nature he was noble (*bhadra*), gentle (*mrıdu*), polıte (*vıneet*) and serene (*upashant*) He had mere traces of anger, conceıt, deceıt and greed He was completely free of vanıty He was engrossed ın devotıon of his guru. He was conscious about

not causing pain to anyone and an embodiment of modesty. With his knees up and head bent low, that ascetic Roha sat immersed in meditation, enkindling (*bhaavit*) his soul with ascetic-discipline and austerities in proximity of Shraman Bhagavan Mahavir. Then an interest, doubt and curiosity got triggered, sprouted, arisen and surfaced in the mind of ascetic Roha and so on up to . he paid his homage and submitted ·

१३. [प्र.] पुव्विं भंते ! लोए ? पच्छा अलोए ! पुव्विं अलोए ? पच्छा लोए ?

[उ.] रोहा ! लोए य अलोए य पुव्विं पेते, पच्छा पेते, दो वि ते सासता भावा, अणाणुपुव्वी एसा रोहा !

१३. [प्र.] भगवन् ! पहले लोक है और पीछे अलोक है ? अथवा पहले अलोक और पीछे लोक है ?

[उ.] रोह ! लोक और अलोक, पहले भी हैं और पीछे भी है। ये दोनो ही शाश्वतभाव हैं। हे रोह ! इन दोनो मे 'यह पहला और यह पिछला', ऐसा क्रम नही है।

13. [Q.] *Bhante* ! Is *lok* (occupied space) first and *alok* (unoccupied space) next ? Or *alok* first and *lok* next ?

[Ans.] Roha ! *Lok* and *alok* both are first as well as next These both have eternal existence O Roha ! The order of preceding and following is not applicable to these

१४. [प्र.] पुव्विं भंते ! जीवा ? पच्छा अजीवा ? पुव्विं अजीवा ? पच्छा जीवा ?

[उ.] जहेव लोए य अलोए य तहेव जीवा य अजीवा य।

१४. [प्र.] भगवन् ! पहले जीव और अजीव है, या पहले अजीव और पीछे जीव है ?

[उ] रोह ! जैसा लोक और अलोक के विषय मे कहा है, वैसा ही जीवो और अजीवो के विषय मे समझना चाहिए।

14. [Q.] *Bhante* ! Is *jiva* (soul or the living) first and *ajiva* (non-soul or the non-living) next ? Or *jiva* first and *ajiva* next ?

[Ans.] Roha ! What has been stated about *lok* and *alok* is true for *jiva* and *ajiva* as well

१५. एवं भवसिद्धिया य अभवसिद्धिया य, सिद्धी असिद्धी, सिद्धा असिद्धा।

१५. इसी प्रकार भवसिद्धिक (भविष्य मे जिनकी सिद्धि-मुक्ति होगी वे भव्य भवसिद्धिक होते है) और अभवसिद्धिक, सिद्धि और असिद्धि तथा सिद्ध और ससारी के विषय में भी जानना चाहिए।

15. The same is also true for *bhava-siddhik* (to be liberated in this birth) and *abhava-siddhik* (not to be liberated in this birth), *siddhi* (state of liberation) and *asiddhi* (state of non-liberation), and *siddha* (liberated) and *samsari* (non-liberated)

१६. [प्र.] पुव्विं भंते ! अंडए ? पच्छा कुक्कुडी ? पुव्विं कुक्कुडी ? पच्छा अंडए ?

[उ.] रोहा ! से णं अंडए कतो ? भगवं ! तं कुक्कुडीतो। सा णं कुक्कुडी कतो ? भंते ! अंडयातो।

एवामेव रोहा ! से य अंडए सा य कुक्कुडी, पुव्विं पेते, पच्छा पेते, दो वेते सासता भावा, अणाणुपुव्वी एसा रोहा !

१६. [प्र.] भगवन् ! पहले अण्डा और फिर मुर्गी है ? या पहले मुर्गी और फिर अण्डा है ?

[उ.] (भगवन्) हे रोह ! वह अण्डा कहाँ से आया ? (रोह-) भगवन् ! वह मुर्गी से आया। (भगवन्-) वह मुर्गी कहाँ से आई ? (रोह-) भगवन् ! वह अण्डे से हुई।

(भगवान-) इसी प्रकार हे रोह ! मुर्गी और अण्डा पहले भी है और पीछे भी है। ये दोनों शाश्वतभाव है। हे रोह ! इन दोनो मे पहले-पीछे का क्रम नही है।

16. [Q.] *Bhante* ! Is egg first and hen next ? Or hen first and egg next ?

[Ans.] (*Bhagavan*) Roha ! From where did that egg come ? (Roha) *Bhante* ! It came from hen (*Bhagavan*) From where that hen came ? (Roha) *Bhante* ! It came from egg

Thus, Roha ! Egg and hen both are first as well as next These both have this eternal order O Roha ! The order of preceding and following is not applicable to these

१७. [प्र.] पुव्विं भंते ! लोयंते पच्छा अलोयंते ? पुव्वं अलोअंते पच्छा लोअंते ?

[उ.] रोहा ! लोअंते य अलोअंते य जाव अणाणुपुव्वी एसा रोहा !

१७. [प्र.] भगवन् ! पहले लोकान्त और फिर अलोकान्त है ? अथवा पहले अलोकान्त और फिर लोकान्त है ?

[उ.] रोह ! लोकान्त और अलोकान्त, इन दोनो मे यावत् कोई क्रम नही है।

17. [Q.] *Bhante* ! Is *lokant* (edge of occupied space) first and *alokant* (edge of unoccupied space) next ? Or *alokant* first and *lokant* next ?

[Ans.] Roha ! *Lokant* and *alokant* both. . and so on up to . The order of preceding and following is not applicable to these.

१८. [प्र.] पुव्विं भंते ! लोअंते ? पच्छा सत्तमे ओवासंतरे। पुच्छा।

[उ.] रोहा ! लोअंते य सत्तमे य ओवासंतरे पुव्विं पेते जाव अणाणुपुव्वी एसा रोहा।

१८. [प्र.] भगवन् ! पहले लोकान्त है और फिर सातवाँ अवकाशान्तर (आकाश) है ? अथवा पहले सातवाँ अवकाशान्तर है और पीछे लोकान्त है ?

[उ.] हे रोह ! लोकान्त और सप्तम अवकाशान्तर, ये दोनों पहले भी हैं और पीछे भी हैं। इस प्रकार यावत्–हे रोह ! इन दोनो में पहले–पीछे का क्रम नहीं है।

18. [Q.] *Bhante* ! Is *lokant* (edge of occupied space) first and seventh *avakashantar* (intervening space between two bodies or layers of air) next ? Or seventh *avakashantar* first and *lokant* next ?

[Ans.] Roha ! *Lokant* and *avakashantar* both are first as well as next.. and so on up to... The order of preceding and following is not applicable to these.

१९. एवं लोअंते य सत्तमे य तणुवाते। एवं घणवाते, घणोदही, सत्तमा पुढवी।

१९. इसी प्रकार लोकान्त और सप्तम तनुवात (तरल वायु), इसी प्रकार घनवात (घनीभूत वायु), घनोदधि (जल की घनीभूत तरल अवस्था) और सातवी पृथ्वी के विषय मे समझना चाहिए।

19. The same is also true for *lokant* and seventh *tanuvaat* (seventh ring of rarefied air). Same is true also for *ghanavaat* (ring of dense air), *ghanodadhi* (ring of frozen water) and the seventh *prithvi* (seventh hell).

२०. एवं लोअंते एक्केक्केणं संजोएयव्वे इमेहिं ठाणेहिं, तं जहा–

ओवास १, वात २, घण उदही ३, पुढवी ४, दीवा ५ य सागरा ६, वासा ७।
नेरइयादी ८, अत्थिय ९, समया १०, कम्माइं ११, लेस्साओ १२॥१॥

दिट्ठी १३, दंसण १४, णाणा १५, सण्ण १६, सरीरा १७, य जोग १८ उवओगे १९।
दव्व २०, पदेसा २१, पज्जव २२, अद्धा २३, किं पुव्विं लोयंते ?॥२॥

२०. इस प्रकार निम्नलिखित स्थानों में से प्रत्येक के साथ लोकान्त को जोडना चाहिए; यथा–

(गाथार्थ–) अवकाशान्तर, वात, घनोदधि, पृथ्वी, द्वीप, सागर, वर्ष (क्षेत्र), नारक आदि जीव (चौबीस दण्डक के प्राणी), अस्तिकाय, समय, कर्म, लेश्या, दृष्टि, दर्शन, ज्ञान, संज्ञा, शरीर, योग, उपयोग, द्रव्य, प्रदेश, पर्याय और काल (अद्धा); क्या ये पहले हैं और लोकान्त पीछे हैं ?

20. In the same way *lokant* should be associated with each of the following places—

The verse—*Avakashantar* (intervening space), *vaat* (rings of air), *ghanodadhi* (ring of frozen water), *prithvi* (hell), *dveep* (continent), *sagar* (sea), *varsh* (area), infernal and other beings (of the twenty four places of suffering), *astikaya* (conglamorative entity), *Samaya* (smallest fraction of time), *karma, leshya* (complexion of soul), *drishti* (outlook), *darshan* (perception/faith), *jnana* (knowledge), *sanjna* (sentience), *sharira* (body), *yoga* (association), *upayoga* (cognition or inclination), *dravya* (substance), *pradesh* (fraction or space-point), *paryaya* (mode) and *addha* (time). Are these first and *lokant* next ?

२१. [प्र.] पुव्विं भंते ! लोयंते पच्छा सव्वद्धा ?

[उ.] जहा लोयंतेणं संजोइया सव्वे ठाणा एते, एवं अलोयंतेण वि संजोएतव्वा सव्वे।

२१. [प्र.] हे भगवन् ! क्या लोकान्त पहले और सर्वाद्धा (सर्वकाल) पीछे है ?

[उ.] जैसे लोकान्त के साथ (पूर्वोक्त) सभी स्थानो का सयोग किया, उसी प्रकार अलोकान्त के साथ इन सभी स्थानो को जोडना चाहिए।

21. [Q.] *Bhante* ! Is *lokant* (edge of occupied space) first and *sarvaddha* (all time) next ?

[Ans.] What has already been stated with regard to *lokant* in relation with other things should be repeated here. The same should also be repeated with regard to *alokant* (edge of unoccupied space)

२२. [प्र.] पुव्विं भंते ! सत्तमे ओवासंतरे ? पच्छा सत्तमे तणुवाते ?

[उ.] एवं सत्तमं ओवासंतरं सव्वेहिं समं संजोएयव्वं जाव सव्वद्धाए।

२२. [प्र.] भगवन् ! पहले सप्तम अवकाशान्तर है और पीछे सप्तम तनुवात है ?

[उ.] हे रोह ! इसी प्रकार सप्तम अवकाशान्तर को पूर्वोक्त सब स्थानो के साथ जोडना चाहिए। इसी प्रकार यावत् सर्वाद्धा तक समझना चाहिए।

22. [Q.] *Bhante* ! Does seventh *avakashantar* (intervening space) come first and seventh *tanuvaat* (seventh ring of rarefied air) next ?

[Ans.] Yes, Roha ! And in the same way all aforesaid things should be connected with seventh *avakashantar* .. and so on up to . *sarvaddha* (all time)

२३. [प्र.] पुव्विं भंते ! सत्तमे तणुवाते पच्छा सत्तमे घणवाते ?

[उ.] एयं पि तहेव नेतव्वं जाव सव्वद्धा।

२३. [प्र.] भगवन् ! पहले सप्तम तनुवात है और पीछे सप्तम घनवात है ?

[उ.] रोह ! यह भी उसी प्रकार यावत् सर्वाद्धा तक जानना चाहिए।

23. [Q.] *Bhante* ! Does seventh *tanuvaat* (seventh ring of rarefied air) come first and seventh *ghanavaat* (seventh ring of dense air) next ?

[Ans.] Roha ! This also follows the aforesaid pattern up to *sarvaddha* (all time)

२४. एवं उवरिल्लं एक्केक्कं संजोयंतेणं जो जो हेट्ठिल्लो तं तं छड्डंतेणं नेयव्वं जाव अतीत-अणागतद्धा पच्छा सव्वद्धा जाव अणाणुपुव्वी एसा रोहा !

सेवं भंते ! सेवं त्ति ! जाव विहरति।

२४. इस प्रकार ऊपर के एक-एक (स्थान) का संयोग करते हुए और नीचे का जो-जो स्थान हो, उसे छोडते हुए पूर्ववत् समझना चाहिए, यावत् अतीत और अनागत काल और फिर सर्वाद्धा (सर्वकाल) तक, यावत् हे रोह ! इसमे कोई पूर्वापर का क्रम नही होता।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है', यो कहकर रोह अनगार तप सयम से आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे।

24. In the same way each item in the aforesaid list should be linked with all the following items and dropping the preceding item up to the past time, the future time and all time (*sarvaddha*) . and so on up to .. O Roha ! The order of preceding and following is not applicable to these.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so " With these words and so on up to . ascetic Gautam resumed his activities

अष्टविध लोकस्थिति : सदृष्टान्त निरूपण **LOK-STHITI WITH EXAMPLES**

२५. [प्र. १] भंते त्ति भगवं गोतमे समणं जाव एवं वयासि—कतिविहा णं भंते ! लोयट्ठिती पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! अट्ठविहा लोयट्ठिती पण्णत्ता। तं जहा—आगासपतिट्ठिते वाते १, वातपतिट्ठिते उदही २, उदहिपतिट्ठिता पुढवी ३, पुढवीपतिट्ठिता तस-थावर पाणा ४, अजीवा जीवपतिट्ठिता ५, जीवा कम्मपतिट्ठिता ६, अजीवा जीवसंगहिता ७, जीवा कम्मसंगहिता ८।

२५. [प्र. १] गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान महावीर स्वामी से प्रश्न किया है-भगवन् ! लोक की स्थिति कितने प्रकार की है ?

[उ.] गौतम ! लोक की स्थिति आठ प्रकार की है। यथा-आकाश के आधार पर वायु (तनुवात) टिका हुआ है, वायु के आधार पर उदधि है; उदधि के आधार पर पृथ्वी है, पृथ्वी के आधार पर त्रस और स्थावर जीव है; अजीव (शरीरादि पुद्गल) जीवों के आधार पर टिके है, (सकर्मक जीव) कर्म के आधार पर है, अजीवो को जीवो ने सग्रह (बद्ध) कर रखा है, जीवो को कर्मो ने सग्रह कर रखा है।

25. [Q. 1] Gautam Swami asks Shraman Bhagavan Mahavir—*Bhante* ! How many tiered is *lok-sthiti* (structure of universe) ?

[Ans.] Gautam ! *Lok-sthiti* (structure of universe) is eight tiered—*vayu* (air) is *pratishthit* (installed) on *akash* (space), *udadhi* (water) is installed on *vayu*, *prithvi* (earth) is installed on water, *sthavar* and *tras pranis* (immobile and mobile beings) are installed on earth, *ajiva* (non-soul or matter) is installed on (dependent on) *jivas* (life), *jivas* (souls or living beings) are installed on (dependent on) *karma*, matter is accumulated (*samgrahit*) by souls and souls are bonded (*samgrihit*) by *karma*

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चति अट्ठविहा जाव जीवा कम्मसंगहिता ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए केई पुरिसे वत्थिमाडोवेति, वत्थिमाडोवित्ता उप्पिं सितं बंधति, बंधित्ता मज्झे णं गंठिं बंधति, मज्झे गंठिं बंधित्ता उवरिल्लं गंठिं मुयति, मुइत्ता उवरिल्लं देसं वामेति, उवरिल्लं देसं वामेत्ता उवरिल्लं आउयायस्स पूरेइ, पूरित्ता उप्पिं सितं बंधति, बंधित्ता मज्झिल्लं गंठिं मुयति। से नूणं गोतमा ! से आउयाए तस्स वाउययस्स उप्पिं उवरितले चिट्ठति ?

हंता, चिट्ठति। से तेणट्ठेणं जाव जीवा कम्मसंगहिता।

[प्र. २] भगवन् ! इस प्रकार कहने का क्या कारण है कि लोक की स्थिति आठ प्रकार की है और यावत् जीवो को कर्मों ने सग्रह कर रखा है ?

[उ] गौतम ! जैसे कोई पुरुष चमडे की मशक को वायु से (हवा भरकर) फुलावे; फिर उस मशक का मुख बाँध दे, तत्पश्चात् मशक के बीच के भाग मे गाँठ बाँधे, फिर मशक का मुँह खोल दे और उसके भीतर की हवा निकाल दे, तदनन्तर उस मशक के ऊपर के (खाली) भाग मे पानी भरे; फिर मशक का मुख बन्द कर दे, तत्पश्चात् उस मशक की बीच की गाँठ खोल दे, तो हे गौतम ! वह भरा हुआ पानी क्या उस हवा के ऊपर ही ऊपर के भाग मे रहेगा ? (गौतम) हाँ, भगवन् ! रहेगा। (भगवान्–) हे गौतम ! इसी उदाहरण द्वारा मै कहता हूँ कि यावत्–कर्मों को जीवो ने सग्रह कर रखा है।

[Q. 2] *Bhante* ! Why it is said that *Lok-sthiti* (structure of universe) is eight tiered and so on up to . souls are bonded (*samgrihit*) by *karma* ?

[Ans.] Gautam ! Suppose someone fills a leather bag with air and ties its open-end After that he ties fast the middle of the bag and opens the knot at the open-end to remove the air from the upper half. He then fills the empty upper half of the bag with water and ties the open-end once again After this he unties the middle of the bag Now, Gautam would the water filled in the bag remain in the upper part of the bag over the air ? **(Gautam)** Yes, *Bhante* ! It will **(Bhagavan)** On the basis of this example it is said that *Lok-sthiti* (structure of universe) is eight tiered. and so on up to souls are bonded (*samgrihit*) by *karma*.

[३] से जहा वा केई पुरिसे वत्थिमाडोवेति, आडोवित्ता कडीए बंधति, बंधित्ता अत्थाहमतारमपोरुसियंसि उदगंसि ओगाहेज्जा। से नूणं गोतमा ! से पुरिसे तस्स आउयायस्स उवरिमतले चिट्ठति ? हंता चिट्ठति।

एवं वा अट्ठविहा लोयट्ठिती पण्णत्ता जाव जीवा कम्मसंगहिता।

[३] अथवा हे गौतम ! कोई पुरुष चमडे की उस मशक को हवा से फुलाकर अपनी कमर पर बाँध ले, फिर वह पुरुष अथाह, दुस्तर और पुरुष–परिमाण से (जिसमें पुरुष मस्तक तक डूब जाये,

उससे) भी अधिक पानी मे प्रवेश करे; तो हे गौतम ! वह पुरुष पानी की ऊपरी सतह पर ही रहेगा? (गौतम–) हाँ, भगवन् ! रहेगा।

(भगवान–) हे गौतम ! इसी प्रकार लोक की स्थिति आठ प्रकार की है, यावत् कर्मों ने जीवों के संगृहीत कर रखा है।.

[3] Also, Gautam ! Suppose someone fills that leather bag with air, ties it at his waist and then enters a water body that is unfathomable, difficult to swim and more than enough to drown a man, say, Gautam ! Would that man remain at the surface of the water body ? (Gautam) Yes, *Bhante* ! He will

(*Bhagavan*) On the basis of this example it is said that *Lok-sthiti* (structure of universe) is eight tiered . and so on up to... souls are bonded (*samgrihit*) by *karma*

विवेचन : लोकस्थिति का प्रश्न और समाधान–कई मतावलम्बी पृथ्वी को शेषनाग पर, कई शेषनाग के फन पर अथवा कच्छप पर टिकी हुई मानते है। कोई पृथ्वी को गाय के सींग पर टिकी हुई मानते है, इन सब मान्यताओ से लोकस्थिति का प्रश्न हल नही होता, इसीलिए श्री गौतम स्वामी के इस प्रश्न पर भगवान ने प्रत्यक्ष सिद्ध समाधान दिया है कि सर्वप्रथम आकाश स्वप्रतिष्ठित है। उस पर तनुवात, फिर घनवात, उस पर घनोदधि और उस पर यह पृथ्वी टिकी हुई है। पृथ्वी के अतिरिक्त भी मेरु पर्वत, आकाश, द्वीप, सागर, देवलोक, नरकादि क्षेत्र है, जहाँ जीव रहते है। *(वृत्ति, पत्राक ८१-८२)*

Elaboration—Structure of the universe—Some religious sects subscribe to the notion that the earth rests on the great serpent, *Sheshanaag* or its hood Some say that it rests on the back of a turtle Some say that the earth rests on horns of a cow. All these beliefs fail to describe the actual structure of the universe. For this reason Bhagavan Mahavir answered Gautam Swami's question on the basis of his direct perception of the structure of the universe. Space is self-installed or all pervasive. On this rest in sequence rarefied air, dense air, dense water and then the earth. Besides the earth there are other areas where living beings dwell; they include Meru mountain, space, continents, seas, divine realms and hells. *(Vritti, leaf 81-82)*

जीव और पुद्‌गलों का सम्बन्ध RELATIONSHIP OF SOUL AND MATTER

२६. [प्र. १] अत्थि णं भंते ! जीवा य पोग्गला य अन्नमन्नबद्धा अन्नमन्नपुट्ठा अन्नमन्नमोगाढा अन्नमन्नसिणेहपडिबद्धा अन्नमन्नघडत्ताए चिट्ठंति ?

[उ.] हंता, अत्थि।

२६. [प्र. १] भगवन् ! क्या जीव और पुद्‌गल परस्पर सम्बद्ध हैं, परस्पर एक-दूसरे से स्पृष्ट हैं? परस्पर गाढ सम्बद्ध (मिले हुए) है, परस्पर स्निग्धता (चिकनाई) से प्रतिबद्ध (जुडे हुए) है। (अथवा) परस्पर घट्टित (गाढ) होकर रहे हुए है?

[उ.] हाँ, गौतम ! ये परस्पर इसी प्रकार रहे हुए है।

26. [Q. 1] *Bhante* ! Are soul and matter mutually associated, mutually touching, mutually assimilated, mutually adhered to (like with glue) or mutually fused ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They exist like that

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! जाव चिट्ठंति ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए हरदे सिया पुण्णे पुण्णप्पमाणे वोलट्टमाणे वोसट्टमाणे समभरघडत्ताए चिट्ठति, अहे णं केइ पुरिसे तंसि हरदंसि एगं महं नावं सदासवं सयछिड्ढं ओगाहेज्जा। से नूणं गोयमा ! सा णावा तेहिं आसवद्दारेहिं आपूरमाणी आपूरमाणी पुण्णा पुण्णप्पमाणा वोलट्टमाणा वोसट्टमाणा समभरघडत्ताए चिट्ठति ? हंता, चिट्ठति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! अत्थि णं जीवा य जाव चिट्ठंति।

[प्र. २] भगवन् ! ऐसा आप किस कारण से कहते है जीव और पुद्‌गल इस प्रकार रहे हुए है?

[उ.] गौतम ! जैसे-कोई एक तालाब हो, वह जल से पूर्ण हो, कि पानी से लबालब भरा हुआ हो, कि पानी से छलक रहा हो और पानी से बढ रहा हो, वह पानी से भरे हुए घडे के समान है। उस तालाब मे कोई पुरुष एक ऐसी बडी नौका, जिसमे सौ छोटे छिद्र हो (अथवा अनेक छेद वाली) और सौ बडे छिद्र हो, डाल दे तो हे गौतम ! वह नौका, उन-उन छिद्रो द्वारा पानी से भरती हुई, अत्यत भरती हुई, जल से परिपूर्ण, पानी से लबालब भरी हुई, पानी से छलकती हुई, बढती हुई क्या भरे हुए घडे के समान हो जायेगी?

(गौतम-) हाँ, भगवन् ! हो जायेगी। (भगवान्-) इसलिए हे गौतम ! मै कहता हूँ-यावत् जीव और पुद्‌गल परस्पर घट्टित (घुले-मिले) होकर रहे हुए हैं। अर्थात्-[इसी प्रकार संसाररूपी तालाब के पुद्‌गलरूपी जल मे जीवरूपी सछिद्र नौका डूब जाने पर पुद्‌गल और जीव एकमेक हो जाते है।]

[Q. 2] *Bhante* ! Why do you say that soul and matter exist... and so on up to . mutually fused ?

[Ans.] Gautam ! Suppose there is a pond filled with water, brimming with overflowing and ever increasing water; it is like a pitcher filled with water In that pond suppose someone puts a large boat with hundreds of small and large holes (or with many holes). Then, Gautam ! Would that boat not be filled with water, brimming with overflowing and ever increasing water and resemble a pitcher filled with water ?

(Gautam) Yes, *Bhante* ! It will.

(*Bhagavan*) That is why I say that soul and matter exist... and so on up to... mutually fused (In other words, in the pond of mundane existence filled with the water of matter particles when the perforated boat of soul (living being) submerges, matter and soul fuse together.)

सूक्ष्म स्नेहकाय MINUTE WATER PARTICLES

२७. [प्र. १] अत्थि णं भंते ! सदा समियं सुहुमे सिणेहकाये पवडति ?

[उ.] हंता, अत्थि।

२७. [प्र. १] भगवन् ! क्या सूक्ष्म स्नेहकाय (एक प्रकार का सूक्ष्म जल) सदा परिमित (रात और दिन के प्रथम व अन्तिम प्रहर में) पडता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! पडता है।

27. [Q. 1] *Bhante* ! Does *sukshma snehakaya* (minute water particles or superfine mist) always fall in limited quantity (at specific periods like first and last quarters of the day) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It does.

[प्र. २] से भंते ! किं उड्ढे पवडति, अहे पवडति तिरिए पवडति ?

[उ.] गोयमा ! उड्ढे वि पवडति, अहे वि पवडति, तिरिए वि पवडति।

[प्र. २] भगवन् ! वह सूक्ष्म स्नेहकाय ऊपर पडता है, नीचे पडता है या तिरछा पड़ता है ?

[उ.] गौतम ! ऊपर (ऊर्ध्वलोक मे वर्तुल वैताढ्यादि में) भी पडता है, नीचे (अधोलोक ग्रामो में) भी पडता है और तिर्यग्लोक मे भी पडता है।

[Q. 2] *Bhante* ! Does that superfine mist fall in the upper world, lower world or the transverse world (*tiryak lok*) ?

[Ans.] Gautam ! It falls in the upper world (like *Vartul Vaitadhya*), lower world (villages in the lower world) as well as the transverse world (*tiryak lok*)

[प्र. ३] जहा से बादरे आउकाए अन्नमन्नसमाउत्ते चिरं पि दीहकालं चिट्ठति तहा णं से वि ?

[उ.] नो इणट्ठे समट्ठे, से णं खिप्पामेव विद्धंसमागच्छति।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति !

॥ पढमे सए : छट्ठो उद्देसो समत्तो ॥

[प्र. ३] भगवन् ! क्या वह सूक्ष्म स्नेहकाय स्थूल अप्काय की भाँति परस्पर समायुक्त होकर बहुत दीर्घकाल तक रहता है ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नही है, क्योकि वह (सूक्ष्म स्नेहकाय) शीघ्र ही विध्वस्त हो जाता है।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है।'

[Q. 3] *Bhante* ! Does that superfine mist exist for a long time in condensed form like gross water particles ?

[Ans.] Gautam ! It is not so because that (superfine mist) gets destroyed soon

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so."

विवेचन : स्नेहकाय जल का एक प्रकार है। आचार्य मलयगिरि ने **बृहत्कल्पभाष्य** की वृत्ति में स्नेह का अर्थ अवश्याय, कोहरा आदि किया है। प्रस्तुत सूत्र मे 'स्नेह' के साथ 'सूक्ष्म' विशेषण का प्रयोग किया गया है। इससे ज्ञात होता है कि ओस से भी सूक्ष्म जल-द्रव्य के लिए 'सूक्ष्म-स्नेह' शब्द का प्रयोग किया गया है। **बृहत्कल्पभाष्य** मे स्निग्ध और रूक्ष काल के अनुसार उसके गिरने के समय का निर्देश इस प्रकार है-शिशिरकाल मे प्रथम और अन्तिम प्रहर मे वह अधिक मात्रा मे गिरता है। ग्रीष्मकाल मे प्रथम और अन्तिम प्रहर के आधे-आधे भाग मे वह अधिक गिरता है। शेष समय मे वह अल्प गिरता है। अभयदेवसूरि का भी यही अभिमत है।

सूक्ष्म स्नेहकाय की तुलना आर्द्रता (humidity) से की जा सकती है। सूक्ष्म स्नेहकाय ऊँचे, नीचे और तिरछे तीनो लोको मे गिरता है। इस आधार पर यह अनुमान किया जा सकता है कि वह तमस्काय से गिरता है और पूरे वातावरण मे व्याप्त होता है। *(भगवई भाष्य, पृ. १४१)*

॥ प्रथम शतक : छठा उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—*Snehakaya* is a form of water In the *Vritti* of *Brihatkalpabhashya* Malayagiri has interpreted *sneha* as fog, mist etc In this aphorism an adjective, *sukshma* (minute) has been used with *sneha* This indicates that the term *sukshma-sneha* has been used for super fine mist In *Brihatkalpabhashya* details about time of falling of such fine mist has been mentioned according to arid and wet periods—In winters it is heavy during first and last quarters of the day In summers it is heavy during half of the first and last quarters of the day During the remaining period of the day it is light. Abhayadev Suri also subscribes to the same view.

Sukshma snehakaya can be compared with humidity also It falls in upper, lower as well as transverse worlds. Thus it can be infered that at falls from *Tamaskaya* and pervades the atmosphere. *(Bhagvai Bhashya, p. 141)*

● END OF THE SIXTH LESSON OF THE FIRST SHATAK ●

प्रथम शतक : सप्तम उद्देशक
FIRST SHATAK (Chapter One) : SEVENTH LESSON

नैरयिक NAIRAYIK (INFERNAL BEINGS)

चौबीस दण्डकों के आहार–सम्बन्धी प्ररूपणा **FOOD IN TWENTY FOUR DANDAKS**

१. [प्र. १] नेरइए णं भंते ! नेरइएसु उववज्जमाणे किं देसेणं देसं उववज्जति १, देसेणं सव्वं उववज्जति २, सव्वेणं देसं उववज्जति ३, सव्वेणं सव्वं उववज्जति ४ ?

[उ.] गोयमा ! नो देसेणं देसं उववज्जति, नो देसेणं सव्वं उववज्जति, नो सव्वेणं देसं उववज्जति, सव्वेणं सव्वं उववज्जति। [२] जहा नेरइए एवं जाव वेमाणिए।

१. [प्र. १] भगवन् ! नारको मे उपपद्यमान (उत्पन्न होता) हुआ नारक जीव क्या (१) एक भाग से एक भाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है, या (२) एक भाग से सर्वभाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है, या (३) सर्वभाग से एक भाग को आश्रित करके उत्पन्न होता, अथवा (४) सब भागो से सब भागो को आश्रय करके उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! नारक जीव (१) एक भाग से एक भाग को आश्रित करके उत्पन्न नहीं होता; (२) एक भाग से सर्वभाग को आश्रित करके भी उत्पन्न नहीं होता, (३) सर्वभाग से एक भाग को आश्रित करके भी उत्पन्न नही होता; किन्तु (४) सर्वभाग से सर्वभाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है। [२] नारको के समान वैमानिकों तक इसी प्रकार समझना चाहिए।

1. [Q. 1] *Bhante* ! While being born, does an infernal being take birth—(1) as a part (*desh*) in a part, (2) as a part in the whole (*sarva*), (3) as the whole in a part, or (4) as the whole in the whole ?

[Ans.] Gautam ! An infernal being—(1) does not take birth as a part in a part, (2) does not take birth as a part in the whole, (3) does not take birth as the whole in a part, but (4) takes birth as the whole in the whole. **[2]** What has been stated about infernal beings is also true for all beings up to Vaimaniks

२. [प्र. १] नेरइए णं भंते ! नेरइएसु उववज्जमाणे किं देसेणं देसं आहारेति १, देसेणं सव्वं आहारेति २, सव्वेणं देसं आहारेति ३, सव्वेणं सव्वं आहारेति ४ ?

[उ.] गोयमा ! नो देसणं देसं आहारेति, नो देसेणं सव्वं आहारेति, सव्वेण वा देसं आहारेति, सव्वेण वा सव्वं आहारेति। [२] एवं जाव वेमाणिए।

२. [प्र. १] नारको मे उत्पन्न होता हुआ नारक जीव क्या (१) एक भाग से एक भाग को आश्रित करके आहार करता है, (२) एक भाग से सर्वभाग को आश्रित करके आहार करता है, (३) सर्वभागो

से एक भाग को आश्रित करके आहार करता है, अथवा (४) सर्वभागों से सर्वभागो को आश्रित करके आहार करता है?

[उ.] गौतम! वह (१) एक भाग से एक भाग को आश्रित करके आहार नही करता, (२) एक भाग से सर्वभाग को आश्रित करके आहार नही करता, किन्तु (३) सर्वभागो से एक भाग को आश्रित करके आहार करता है, अथवा (४) सर्वभागो से सर्वभागो को आश्रित करके आहार करता है। [२] नारको के समान ही वैमानिको तक इसी प्रकार जानना।

2. [Q. 1] *Bhante*! While being born, does an infernal being have food intake—(1) by a part in a part, (2) by a part in the whole, (3) by the whole in a part, or (4) by the whole in the whole?

[Ans.] Gautam! An infernal being—(1) does not have intake by a part in a part, (2) does not have intake by a part in the whole, but (3) has intake by the whole in a part as well as, (4) by the whole in the whole [2] What has been stated about infernal beings is also true for all beings up to Vaimaniks

३. [प्र.] नेरइए णं भंते! नेरइएहिंतो उव्वट्टमाणे किं देसेणं देसं उव्वट्टति?

[उ.] जहा उववज्जमाणे (सु. १) तहेव उव्वट्टमाणे वि दंडगो भाणियव्वो।

३. [प्र.] भगवन्! नारको मे से उद्‌वर्तमान–निकलता हुआ नारक जीव क्या एक भाग से एक भाग को आश्रित करके निकलता है? इत्यादि पूर्ववत् प्रश्न करना चाहिए।

[उ.] गौतम! जैसे उत्पन्न होते हुए नैरयिक आदि के विषय मे कहा था वैसे ही उद्‌वर्तमान नैरयिक आदि के (चौबीस ही दण्डको के) विषय मे दण्डक कहना चाहिए।

3. [Q.] *Bhante*! While departing the infernal world, does an infernal being leave—(1) as a part from a part? (repeat the four aforesaid questions)

[Ans.] Gautam! What has been stated about an infernal being taking birth should be repeated about a departing infernal being and also all other *dandaks* (places of suffering)

४. [प्र. १] नेरइए णं भंते! नेरइएहिंतो उव्वट्टमाणे किं देसेणं देसं आहारेति?

[उ.] तहेव जाव (सु. २ [१]), सव्वेण वा देसं आहारेति, सव्वेण वा सव्वं आहारेति। [२] एवं जाव वेमाणिए।

४. [प्र. १] भगवन्! नैरयिको से उद्‌वर्तमान नैरयिक क्या एक भाग से एक भाग को आश्रित करके आहार करता है? इत्यादि प्रश्न पूर्ववत् करना चाहिए।

[उ.] गौतम ! यह भी पूर्वसूत्र (२-१) के समान जानना चाहिए; यावत् सर्वभागो से एक भाग को आश्रित करके आहार करता है, अथवा सर्वभागों से सर्वभागों को आश्रित करके आहार करता है। [२] इसी प्रकार यावत् वैमानिकों तक जानना चाहिए।

4. [Q. 1] *Bhante* ! While departing the infernal world, does an infernal being have food intake—(1) by a part in a part ? (repeat the four aforesaid questions)

[Ans.] Gautam ! This follows the aforesaid pattern (of aphorism 2. [1])... and so on up to... has intake by the whole in a part as well as by the whole in the whole. [2] What has been stated about infernal beings is also true for all beings up to Vaimaniks.

५. [प्र. १] नेरइए णं भंते ! नेरइएसु उववन्ने किं देसेणं देसं उववन्ने ?

[उ.] एसो वि तहेव जाव सव्वेणं सव्वं उववन्ने।

[२] जहा उववज्जमाणे उव्वट्टमाणे य चत्तारि दंडगा तहा उववन्नेणं उव्वट्टेण वि चत्तारि दंडगा भाणियव्वा। सव्वेणं सव्वं उववन्ने; सव्वेणं वा देसं आहारेति, सव्वेणं वा सव्वं आहारेति, एएणं अभिलावेणं उववन्ने वि, उव्वट्टे वि नेयव्वं।

५. [प्र. १] भगवन् ! नारकों में उत्पन्न हुआ नैरयिक क्या एक भाग से एक भाग को आश्रित करके उत्पन्न हुआ है इत्यादि प्रश्न पूर्ववत् करना चाहिए।

[उ.] गौतम ! यह दण्डक भी उसी प्रकार जानना, यावत्-सर्वभाग से सर्वभाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है।

[२] जैसे उत्पद्यमान और उद्वर्तमान के विषय मे चार दण्डक कहे, वैसे ही उत्पन्न और उद्वृत्त के विषय में भी चार दण्डक कहने चाहिए। यथा-'सर्वभाग से सर्वभाग को आश्रित करके उत्पन्न' तथा सर्वभाग से एक भाग को आश्रित करके आहार, या सर्वभाग से सर्वभाग को आश्रित करके आहार; इन शब्दो द्वारा उत्पन्न और उद्वृत्त के विषय में भी समझ लेना चाहिए।)

5. [Q. 1] *Bhante* ! Did an infernal being born among infernal beings take birth as a part in a part ? (repeat the four aforesaid questions)

[Ans.] Gautam ! Here also the aforesaid should be repeated... and so on up to... took birth as the whole in the whole.

[2] Like the four aforesaid alternatives (*dandaks*) about a being born (*utpadyamaan*) and departing (*udvartamaan*), four statements should be repeated about born (*utpanna*) and departed (*udvritta*); for example, 'takes birth as the whole in the whole, has intake by the whole in a part as well as by the whole in the whole' this terminology should also be applied to 'born' and 'departed'.

६. [प्र.] नेरइए णं भंते ! नेरइएसु उववज्जमाणे किं अद्धेणं अद्धं उववज्जति १ अद्धेणं सव्वं उववज्जति २ सव्वेणं अद्धं उववज्जइ ३ सव्वेणं सव्वं उववज्जति ४ ?

[उ.] जहा पढमिल्लेणं अट्ठ दंडगा तहा अद्धेण वि अट्ठ दंडगा भाणियव्वा। नवरं जहिं देसेणं देसं उववज्जति तहिं अद्धेणं अद्धं उववज्जावेयव्वं, एयं णाणत्तं। एते सव्वे वि सोलस दंडगा भाणियव्वा।

६. [प्र.] भगवन् ! नैरयिकों मे उत्पन्न होता हुआ नारक जीव क्या (१) अर्द्ध-भाग से अर्द्ध-भाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है ? या (२) अर्द्ध-भाग से सर्वभाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है ? अथवा (३) सर्वभाग से अर्द्ध-भाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है ? या (४) सर्वभाग से सर्वभाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! जैसे पहले वालो के साथ आठ दण्डक कहे है, वैसे ही 'अर्द्ध' के साथ भी आठ दण्डक कहने चाहिए। विशेषता इतनी है कि-जहाँ 'एक भाग से एक भाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है', ऐसा पाठ आये वहाँ 'अर्द्ध-भाग से अर्द्ध-भाग को आश्रित करके उत्पन्न होता है', ऐसा पाठ बोलना चाहिए। बस, यही भिन्नता है। ये सब मिलकर कुल सोलह दण्डक होते है।

6. [Q.] *Bhante* ! While being born, does an infernal being take birth—(1) as half a part in half a part, (2) as half a part in the whole, (3) as the whole in half a part, or (4) as the whole in the whole ?

[Ans.] Like the eight aforesaid alternatives about 'a part', eight statements should be repeated about 'half a part' The only difference being that instead of 'is born as a part in a part' state 'is born as half a part in half a part' That is the only difference All these add up to sixteen alternatives

विवेचन : उपपद्यमान और उत्पन्न—जीव जब पूर्व शरीर को छोडकर नये जन्म स्थान को ग्रहण करता है, तब उत्पत्ति के पहले समय मे आहार पर्याप्ति से पर्याप्त हो जाता है, इसके पश्चात् शरीर व इन्द्रिय पर्याप्तियो का निर्माण करता है। पर्याप्ति से निर्माण की पूर्ववर्ती अवस्था उपपद्यमान अवस्था है, पर्याप्ति से पूर्ण अवस्था उत्पन्न अवस्था है।

देश और सर्व का तात्पर्य—जीव जब नरक आदि मे उत्पन्न होता है, तब क्या वह यहाँ (पूर्वभव) के एकदेश से नारक के एकदेश-(अवयवरूप) मे उत्पन्न होता है ? अर्थात्-उत्पन्न होने वाले जीव का एक भाग ही नारक के एक भाग के रूप मे उत्पन्न होता है ? या पूरा जीव पूरे नारक के रूप मे उत्पन्न होता है ? यह उत्पत्ति-सम्बन्धी प्रश्न का आशय है। इसी प्रकार अन्य विकल्पो का आशय भी समझ लेना चाहिए। देश और सर्व के द्वारा उत्पाद उद्वर्तन और आहार के ८ दण्डक है-इसी प्रकार अर्द्ध और सर्व के द्वारा जीव के उत्पादादि के विषय में विचार करने पर भी पूर्वोक्तवत् आठ दण्डक (विकल्प) होते हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर १६ दण्डक होते है।

नैरयिक की नैरयिकों में उत्पत्ति कैसे ? यद्यपि नारक मरकर नरक मे उत्पन्न नहीं होता, मनुष्य और तिर्यंच मरकर ही नरक मे उत्पन्न हो सकते है, फिर यहाँ नारक का नरक में उत्पन्न होना कैसे कहा ? इसका समाधान यह है कि जो जीव पूर्व गति का आयुष्य समाप्त कर चुका है, जिसके नरकायु का उदय हो चुका है, उस नरक मे उत्पन्न होने वाले जीव की अपेक्षा से यहाँ उस जीव को नारक कहा है।

जीव जिस समय उत्पन्न होता है, उस समय–जन्म के प्रथम समय में अपने सर्व आत्म–प्रदेशों के द्वारा सर्व आहार को ग्रहण करता है। उत्पत्ति समय के पश्चात् सर्व आत्म–प्रदेशों से किन्हीं आहार्य पुद्गलों को ग्रहण करता है, किन्हीं को नहीं।

इसे एक उदाहरण द्वारा समझाया है, जैसे तपी हुई तैल की कढाई मे छोडा हुआ मालपुआ प्रथम क्षण में लेने योग्य तैल को सर्व रूप से ग्रहण करता है, खींचता है। अत· यहाँ सव्वेणं सव्वं आहारेइ कहा है। उत्पत्ति के बाद जीव कितनेक पुद्गलो का आहार करता है और कितनेक छोड देता है। जैसे कढाई में मालपुआ डाल देने के बाद वह कुछ तैल को पीता है, कुछ नही पीता। इसलिए दूसरा विकल्प सव्वेणं वा देसेणं कहा है।

देश और अर्द्ध में अन्तर–जैसे मूँग, गेहूँ आदि मे सैकडों देश (अश या अवयव) है, उसका छोटे से छोटा टुकडा भी देश ही कहलायेगा, लेकिन अर्द्ध–भाग तभी कहलाता है, जब उसके बीचोबीच से दो हिस्से किये जाते है। यह देश और अर्द्ध मे अन्तर है। *(वृत्ति, पत्राक ८३-८४)*

Elaboration—*Upapadyamaan* and *utpanna*—When a soul abandons its body and reaches its new place of birth it attains full development (*paryapti*) with regard to intake of food at the moment of birth. After that it progresses towards full development (*paryapti*) of body and sense organs This state of progressive development prior to attaining full development is called *upapadyamaan* state or 'in process of being born'. The state when full development (*paryapti*) is attained is called *utpanna* state or 'born state'

Meaning of desh and sarva—While being born, does an infernal being take birth as a part (of the earlier birth) in a part (of the new birth in infernal world) ? The meaning of this question is that does only one part of the being reaching end of its existence here take birth as one part of the new infernal being or the being reaching end of its existence here as the whole take birth as the whole of the new infernal being ? This is the meaning of the question about birth Other alternatives too follow the same pattern In terms of *desh* (part) and *sarva* (whole) there are eight *dandaks* (alternatives) about *utpaad* (birth), *udvartan* (departure) and *aahaar* (intake) In the same way in terms of *ardh* (half) and *sarva* (whole) too there are eight *dandaks* (alternatives). All these add up to sixteen alternative statements.

Infernal beings reincarnating as infernal beings ? Why is here this wrong sounding statement when as a rule an infernal being after death cannot reincarnate as an infernal being. It is only humans and animals that reincarnate as infernal beings. The explanation is that here the term infernal being (*naarak*) has been used for the soul about to depart because its life-span of the present genus has ended and its *ayushya*

karma (life-span determining *karma*) for the destined infernal world has come to fruition. In this context it is called an infernal being.

In the first moment when a being is born it conducts all intake through all its soul-space-points. After that moment it conducts selective intake of matter particles through all its soul-space-points.

This has been elaborated with the example of putting a cookie in a frying pan. At the moment of putting it in the oil it absorbs all the required oil through its every portion. This is 'by the whole in the whole'. After being born a being conducts selective intake. It is like the cookie after the first moment of putting in oil absorbs oil selectively. This is 'by the whole in a part.'

Desh and ardh—In a grain of wheat or pulses there are hundreds of parts. Even the smallest part of it is called *desh* (non-defined part). However, *ardh* (half) is only when it is precisely divided into two equal parts. This is the difference between *desh* and *ardh*

जीवों की विग्रह–अविग्रह गति VIGRAHA AND AVIGRAHA GATI OF SOUL

७. [प्र. १] जीवे णं भंते ! किं विग्गहगतिसमावन्नए ? अविग्गहगतिसमावन्नए ?

[उ.] गोयमा ! सिय विग्गहगतिसमावन्नए, सिय अविग्गहगतिसमावन्नए। [२] एवं जाव वेमाणिए।

७. [प्र. १] भगवन् ! क्या जीव विग्रहगति को प्राप्त होता है, अथवा विग्रहगति को प्राप्त नही होता ?

[उ.] गौतम ! कभी (वह) विग्रहगति को प्राप्त होता है, और कभी नहीं होता। [२] इसी प्रकार वैमानिक पर्यन्त जानना चाहिए।

7. [Q. 1] *Bhante* ! Does a soul undergo *vigraha gati* (reincarnative movement with bend) or does it not ?

[Ans.] Gautam ! Sometimes it undergoes *vigraha gati* (reincarnative movement with bend/bends) and some times it does not **[2]** The same holds good up to Vaimaniks.

८. [प्र. १] जीवा णं भंते ! किं विग्गहगतिसमावन्नगा ? अविग्गहगतिसमावन्नगा ?

[उ.] गोयमा ! विग्गहगतिसमावन्नगा वि, अविग्गहगतिसमावन्नगा वि।

[प्र. २] नेरइया णं भंते ! किं विग्गहगतिसमावन्नगा ? अविग्गहगतिसमावन्नगा ?

[उ.] गोयमा ! सव्वे वि ताव होज्जा अविग्गहगतिसमावन्नगा १, अहवा अविग्गहगतिसमावन्नगा य विग्गहगतिसमावन्नगा य २, अहवा अविग्गहगतिसमावन्नगा य विग्गहगतिसमावन्नगा य ३, एवं जीव–एगिंदियवज्जो तियभंगो।

८. [प्र. १] भगवन् ! क्या बहुत से जीव विग्रहगति को प्राप्त होते हैं अथवा प्राप्त नहीं होते ?

[उ.] गौतम ! बहुत से जीव विग्रहगति को प्राप्त होते हैं और बहुत से जीव प्राप्त नहीं भी होते।

[प्र. २] भगवन् ! क्या नैरयिक विग्रहगति को प्राप्त होते है या नहीं प्राप्त होते ?

[उ.] गौतम ! (१) (कभी) वे सभी विग्रहगति को प्राप्त नहीं होते, अथवा (२) (कभी) बहुत से विग्रहगति को प्राप्त नहीं होते और कोई-कोई विग्रहगति को प्राप्त होता, अथवा (३) (कभी) बहुत से जीव विग्रहगति को प्राप्त नही होते और बहुत से (जीव) विग्रहगति को प्राप्त होते हैं। यों जीव सामान्य और एकेन्द्रिय को छोडकर सर्वत्र इसी प्रकार तीन-तीन भग कहने चाहिए।

8. [Q. 1] *Bhante* ! Do many souls undergo *vigraha gati* (reincarnative oblique movement) or do they not ?

[Ans.] Gautam ! Many souls undergo *vigraha gati* (reincarnative oblique movement) and many do not.

८. [प्र.] भगवन् ! कोई पुरुष किसी पुरुष को बरछी (या भाले) से मारे अथवा अपने हाथ से तलवार द्वारा उस पुरुष का मस्तक काट डाले, तो वह पुरुष कितनी क्रिया वाला होता है ?

[उ.] गौतम ! जब वह पुरुष उसे बरछी द्वारा मारता है, अथवा अपने हाथ से तलवार द्वारा उस पुरुष का मस्तक काटता है, तब वह पुरुष कायिकी, आधिकरणिकी यावत् प्राणातिपातिकी इन पाँचों क्रियाओ से स्पृष्ट होता है और वह आसन्नवधक (तुरन्त मरने वाला) एवं दूसरे के प्राणों की परवाह न करने वाला पुरुष, पुरुष-वैर से स्पृष्ट होता है।

8. [Q.] *Bhante* ! If a person kills another person by a lance or beheads him with a sword then in how many activities (*kriya*) that person is involved ?

[Ans.] Gautam ! When that person kills another person by a lance or beheads him with a sword then he is involved in five activities—***kaayiki***, *aadhikaraniki*, . . and so on up to. . *pranatipatiki*. And that spontaneous killer who is careless of the life of others is touched by animosity for man.

विवेचन : षट्मास की अवधि क्यो ? जिस पुरुष के प्रहार से मृगादि प्राणी छह मास के भीतर मर जाये तो उसके मरण मे वह प्रहार निमित्त माना जाता है। इसलिए मारने वाले को पाँचो क्रियाएँ लगती हैं, किन्तु वह मृगादि प्राणी छह महीने के बाद मरता है तो उसके मरण में वह प्रहार निमित्त नहीं माना जाता, इसलिए उसे प्राणातिपातिकी के अतिरिक्त शेष चार क्रियाएँ ही लगती हैं। यह कथन व्यवहारनय की दृष्टि से है, अन्यथा उस प्रहार के निमित्त से जब कभी भी मरण हो, उसे पाँचो क्रियाएँ लगती है। *(वृत्ति १३-१४)*

पंचक्रियाएँ-(१) **कायिकी**-काया द्वारा होने वाला सावद्य व्यापार, (२) **आधिकरणिकी**-हिंसा के साधन-शस्त्रादि जुटाना, (३) **प्राद्वेषिकी**-तीव्र द्वेषभाव से लगने वाली क्रिया, (४) **पारितापनिकी**-किसी जीव को पीड़ा पहुँचाना, और (५) **प्राणातिपातिकी**-जिस जीव को मारने का सकल्प किया था, उसे मार डालना।

Elaboration—Six month period—When a deer or other living being dies within six months of hitting by a person, that attack is believed to be the cause of death. Therefore there is said to be an involvement of all the five activities. However, if the victim dies after six months, that attack is not considered to be the cause of death. Therefore it is said to be an involvement of four activities leaving aside the act of killing. This statement is from *vyavahar naya* (empirical or conventional standpoint)

otherwise no matter when the victim dies there is an involvement of all the five activities. *(Vritti, leaves 93-94)*

Five activities—(1) *kaayiki*—physical activity or sinful act performed by body (2) *aadhikaraniki*—activity of collecting instruments of violence, (3) *praadveshiki*—activity of harbouring intense aversion, (4) *paaritapaniki*—activity of inflicting pain on some living being, and (5) *pranatipatiki*—activity of killing the chosen living being.

दो योद्धाओं में जय-पराजय का कारण **CAUSE OF VICTORY AND DEFEAT**

९. [प्र.] दो भंते ! पुरिसा सरिसया सरित्तया सरिव्वया सरिसभंडमत्तोवगरणा अन्नमन्नेणं सद्धिं संगामं संगामेंति, तत्थ णं एगे पुरिसे पराइणइ एगे पुरिसे पराइज्जइ, से कहमेयं भंते ! एवं ?

[उ.] गोयमा ! सवीरिए पराइणइ, अवीरिए पराइज्जति।

[प्र.] से केणट्ठेणं जाव पराइज्जति ?

[उ.] गोयमा ! जस्स णं वीरियवज्झाइं कम्माइं नो बद्धाइं नो पुट्ठाइं जाव नो अभिसमन्नागताइं, नो उदिण्णाइं, उवसंताइं भवंति से णं पुरिसे परायिणति; जस्स णं वीरियवज्झाइं कम्माइं बद्धाइं जाव उदिण्णाइं, कम्माइं नो उवसंताइं भवंति से णं पुरिसे परायिज्जति। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ सवीरिए पराजिणइ, अवीरिए पराइज्जति !

९. [प्र.] भगवन् ! एक सरीखे, एक सरीखी चमडी वाले, समान वयस्क, समान द्रव्य और उपकरण (शस्त्रादि साधन) वाले कोई दो पुरुष परस्पर एक-दूसरे के साथ सग्राम करे, तो उनमे से एक पुरुष जीतता है और एक पुरुष हारता है; भगवन् ! ऐसा क्यो होता है ?

[उ.] हे गौतम ! जो पुरुष सवीर्य (वीर्यवान् = आत्म-शक्तिसम्पन्न, मनोबली) होता है, वह जीतता है और जो वीर्यहीन (सकल्प व साहसहीन) होता है, वह हारता है।

[प्र.] भगवन् ! इसका क्या कारण है यावत्-वीर्यहीन हारता है ?

[उ.] गौतम ! जिसने वीर्य-विघातक कर्म नहीं बाँधे है, नही स्पर्श किये है यावत् प्राप्त नहीं किये हैं और उसके वे कर्म उदय में नही आये हैं परन्तु उपशान्त है, वह पुरुष जीतता है। जिसने वीर्य विघातक कर्म बाँधे है, स्पर्श किये हैं, यावत् उसके वे कर्म उदय मे आये है, परन्तु उपशान्त नहीं है, वह पुरुष पराजित होता है। अतएव हे गौतम ! इस कारण ऐसा कहा जाता है कि सवीर्य पुरुष विजयी होता है और वीर्यहीन पुरुष पराजित होता है।

9. [Q.] *Bhante* ! When two individuals, wholly alike with similar skin, same age and equipped with similar things and devices (weapons), fight each other, one of them wins and the other loses. *Bhante* ! Why does it happen like that ?

[Ans.] Gautam ! One who is *savirya* (with potency, resolve and valour) wins and one who is *viryaheen* (without potency, resolve and valour) loses.

[Q.] *Bhante* ! What is the reason for this... and so on up to... *viryaheen* loses.

[Ans.] Gautam ! A person who has not bound (*baddha*), touched (*sprishtra*), ... and so on up to.. is not about to fructify (*abhisamanvagat*) the potency impeding *karmas* (*virya-vighatak karma*) and his said *karmas* have not fructified (*udirna*) but are in the subdued (*upashant*) state, such person wins. A person who has bound (*baddha*), touched (*sprishtra*), ... and so on up to. . is about to fructify (*abhisamanvagat*) the potency impeding *karmas* (*virya-vighatak karma*) and his said *karmas* have fructified (*udirna*) and are not in the pacified (*upashant*) state, such person loses. That is why, Gautam ! It is said that one who is *savirya* (with potency, resolve and valour) wins and one who is *viryaheen* (without potency, resolve and valour) loses

सवीर्यत्व–अवीर्यत्व की प्ररूपणा **ABOUT POTENCY**

१०. [प्र.] जीवा णं भंते ! किं सवीरिया ? अवीरिया ?

[उ.] गोयमा ! सवीरिया वि, अवीरिया वि।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! जीवा दुविहा पण्णत्ता; तं जहा–संसारसमावन्नगा या, असंसारसमावन्नगा य। तत्थ णं जे ते असंसारसमावन्नगा ते णं सिद्धा, सिद्धा णं अवीरिया। तत्थ णं जे ते संसारसमावन्नगा ते दुविहा पन्नत्ता; तं जहा–सेलेसिपडिवन्नगा य, असेलेसिपडिवन्नगा य। तत्थ णं जे ते सेलेसिपडिवन्नगा ते णं लद्धिवीरिएणं सवीरिया, करणवीरिएणं अवीरिया। तत्थ णं जे ते असेलेसिपडिवन्नगा ते णं लद्धिवीरिएणं सवीरिया, करणवीरिएणं सवीरिया वि अवीरिया वि। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चति जीवा दुविहा पण्णत्ता; तं जहा–सवीरिया वि अवीरिया वि।

१०. [प्र.] भगवन् ! क्या जीव सवीर्य है अथवा अवीर्य हैं ?

[उ.] गौतम ! जीव सवीर्य भी हैं, अवीर्य भी है।

[प्र.] भगवन् ! किस कारण से आप ऐसा कहते हैं ?

[उ.] गौतम ! जीव दो प्रकार के है–संसारसमापन्नक (संसारी) और असंसारसमापन्नक (सिद्ध)। इनमे जो जीव असंसारसमापन्नक है, वे सिद्ध जीव हैं, वे अवीर्य (करणवीर्य से रहित) है। इनमे जो जीव संसारसमापन्नक है, वे दो प्रकार के है, यथा–शैलेशीप्रतिपन्न और अशैलेशीप्रतिपन्न। इनमें जो शैलेशीप्रतिपन्न है, वे लब्धिवीर्य की अपेक्षा सवीर्य है और करणवीर्य की अपेक्षा अवीर्य हैं। जो

अशैलेशीप्रतिपन्न हैं वे लब्धिवीर्य की अपेक्षा सवीर्य है, किन्तु करणवीर्य की अपेक्षा सवीर्य भी हैं और अवीर्य भी हैं।

10. [Q.] *Bhante* ! Are souls (*jiva*) with potency (*savirya*) or without potency (*avirya*) ?

[Ans.] Gautam ! Souls (*jiva*) are with potency (*savirya*) as well as without potency (*avirya*).

[Q.] *Bhante* ! Why do you say that ?

[Ans.] Gautam ! Souls (*jiva*) are of two kinds—*Samsar-samapannak* (worldly souls) and *Asamsar-samapannak* (non-worldly souls) Of these the non-worldly souls are *Siddhas* (liberated souls) and the *Siddhas* are *avirya* (without active potency). The worldly souls are of two kinds—*Shaileshipratipanna* (who has attained rock-like steady state) and *Ashaileshipratipanna* (who has not attained rock-like steady state) Of these the *Shaileshipratipanna* ones are *savirya* in terms of *labdhivirya* (dormant potency or intent) and *avirya* in terms of *karan-virya* (active potency or indulgence) And the *Ashaileshipratipanna* ones are *savirya* in terms of *labdhivirya* (dormant potency) and *savirya* as well as *avirya* in terms of *karan-virya* (active potency)

११. [प्र. १] नेरइया णं भंते ! किं सवीरिया ? अवीरिया ?

[उ.] गोयमा ! नेरइया लद्धिवीरिएणं सवीरिया, करणवीरिएणं सवीरिया वि अवीरिया वि।

[प्र.] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! जेसि णं नेरइयाणं अत्थि उट्ठाणे कम्मे बले वीरिए पुरिसक्कारपरक्कमे ते णं नेरइया लद्धिवीरिएण वि सवीरिया, करणवीरिएण वि सवीरिया, जेसि णं नेरइयाणं नत्थि उट्ठाणे जाव परक्कमे ते णं नेरइया लद्धिवीरिएणं सवीरिया, करणवीरिएणं अवीरिया। से तेणट्ठेणं।

[२] जहा नेरइया एवं जाव पंचिंदियतिरिक्खजोणिया।

[३] मणुस्सा जहा ओहिया जीवा। नवरं सिद्धवज्जा भाणियव्वा।

[४] वाणमन्तर–जोइस–वेमाणिया जहा नेरिया। सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति.।

॥ पढमे सए : अट्ठमो उद्देसो समत्तो ॥

११. [प्र. १] भगवन् ! क्या नारक जीव सवीर्य है या अवीर्य ?

[उ.] गौतम ! नारक जीव लब्धिवीर्य (आत्म–शक्ति की उपलब्धि) की अपेक्षा सवीर्य है और करणवीर्य (प्रवृत्ति) की अपेक्षा सवीर्य भी है और अवीर्य भी है।

[प्र.] भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

[उ.] गौतम ! जिन नैरयिको में उत्थान, कर्म, बल, वीर्य और पुरुषकार पराक्रम है, वे नारक लब्धिवीर्य और करणवीर्य, दोनो से सवीर्य है, और जो नारक उत्थान, कर्म, बल, वीर्य, पुरुषकार पराक्रम से रहित हैं, वे लब्धिवीर्य से सवीर्य है, किन्तु करणवीर्य से अवीर्य है। इसलिए हे गौतम ! इस कारण से पूर्वोक्त कथन किया गया है।

[२] जिस प्रकार नैरयिको के विषय मे कथन किया है, उसी प्रकार पंचेन्द्रिय-तिर्यंचयोनिक तक के जीवो के लिए समझना चाहिए।

[३] मनुष्य के विषय मे सामान्य जीवों के समान समझना चाहिए, विशेषता यह है कि सिद्धों को छोड़ देना चाहिए।

[४] वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देवो के विषय में नैरयिको के समान कथन समझना चाहिए। हे भगवन् ! 'यह इसी प्रकार है, यह इसी प्रकार है', यों कहकर श्री गौतम स्वामी सयम और तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे।

11. [Q. 1] *Bhante* ! Are infernal beings (*naarak jiva*) with potency (*savirya*) or without potency (*avirya*) ?

[Ans.] Gautam ! Infernal beings are *savirya* in terms of *labdhivirya* (dormant potency) and *savirya* as well as *avirya* in terms of *karan-virya* (active potency)

[Q.] *Bhante* ! Why do you say that ?

[Ans.] Gautam ! The infernal beings endowed with inclination to rise (*utthaan*), action (*karma*), strength (*bal*), potency (*virya*), and self-exertion (*purushakar-parakram*) are *savirya* both in terms of *labdhivirya* (dormant potency) as well as *karan-virya* (active potency). And the infernal beings devoid of inclination to rise (*utthaan*), action (*karma*), strength (*bal*), potency (*virya*), and self-exertion (*purushakar-parakram*) are *savirya* in terms of *labdhivirya* (dormant potency) and *avirya* in terms of *karan-virya* (active potency). That is the cause of the aforesaid statement, Gautam !

[2] As has been said about infernal beings so should also be read for beings up to five-sensed animals.

[3] As has been said about living beings in general so should also be read for human beings, the only difference is that *Siddhas* should be omitted.

[4] As has been said about infernal beings so should also be read for Vanavyantar, Jyotishk and Vaimanik gods.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words.. and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : अन्तराय कर्म के क्षय व क्षयोपशम तथा शरीर नाम कर्म के उदय से 'वीर्य' (शक्ति) उत्पन्न होता है। अनन्तवीर्य सिद्ध अवीर्य कैसे ? सिद्धों में सकरणवीर्य क्रियात्मकता के अभाव की अपेक्षा से उन्हे अवीर्य कहा है, क्योंकि सिद्ध कृतकृत्य है, उन्हे किसी प्रकार का पुरुषार्थ करना शेष नहीं है। अकरणवीर्य (लब्धिवीर्य) की अपेक्षा से सिद्ध सवीर्य (अनन्तवीर्य) है ही। शैलेशी का अर्थ है-सर्वसंवररूपचारित्र मे समर्थ (प्रभु)। उसकी यह अवस्था, अथवा शैलेश-मेरु पर्वत, उसकी तरह निष्कम्प-स्थिर अवस्था।

॥ प्रथम शतक : अष्टम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—Potency (*virya*) manifests as a consequence of destruction (*kshaya*) and destruction-cum-pacification (*kshayopasham*) of *antaraya karma* (power hindering *karma*) and fruition of *sharira naam karma* (body-type determining *karma*). Why *Siddhas* having infinite potency (*anant-virya*) are said to be without potency (*avirya*) ? In context of absence of any activity or active potency (*sakaran virya*) *Siddhas* have been called without potency. As *Siddhas* are perfect souls who have attained liberation they are beyond any need of endeavour. In context of dormant potency (*akaran virya*) *Siddhas*, indeed, have potency (*savirya*) and they are endowed with infinite potency (*anant virya*). *Shaileshi* means the state in which there is absolute blockage of inflow of *karmas* (*sarva samvar*) or the conduct of a completely detached individual (*vitaraga*). *Shailesh* also means Meru mountain, state of absolute stillness or complete absence of wavering is called *shaileshi avastha*

● END OF THE EIGHTH LESSON OF THE FIRST SHATAK ●

प्रथम शतक : नवम उद्देशक
FIRST SHATAK (Chapter One) : NINTH LESSON

गुरुक GURUK (HEAVY)

जीवों के गुरुत्व–लघुत्वादि की प्ररूपणा **HEAVINESS AND LIGHTNESS OF SOULS**

१. [प्र.] कहं णं भंते ! जीवा गरुयत्तं हव्वमागच्छंति ?

[उ.] गोयमा ! पाणातिवातेणं मुसावादेणं अदिण्णा० मेहुण० परिग्ग० कोह० माण० माया० लोभ० पेज्ज० दोस० कलह० अब्भक्खाण० पेसुन्न० रति–अरति० परपरिवाय० मायामोस० मिच्छादंसणसल्लेणं, एवं खलु गोयमा ! जीवा गरुयत्तं हव्वमागच्छंति।

१. [प्र.] भगवन् ! जीव किस प्रकार शीघ्र गुरुत्व को प्राप्त होते हैं ?

[उ.] गौतम ! प्राणातिपात से, मृषावाद से, अदत्तादान से, मैथुन से, परिग्रह, क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रेय (राग), द्वेष, कलह, अभ्याख्यान, पैशुन्य, रति–अरति, परपरिवाद (परनिन्दा), मायामृषा और मिथ्यादर्शनशल्य से, हे गौतम ! (इन अठारह ही पापस्थानो का सेवन करने से) जीव शीघ्र गुरुत्व को प्राप्त होते हैं।

1. [Q.] *Bhante* ! How do souls soon attain heaviness ?

[Ans.] Gautam ! Through *pranatipat* (harming or destruction of life), through *mrishavad* (falsity), through *adattadan* (taking without being given; act of stealing), through *maithun* (indulgence in sexual activities), through *parigraha* (act of possession of things with attachment), through *krodh* (anger), through *maan* (conceit), through *maaya* (deceit), through *lobha* (greed), through *raag* (attachment inspired by love, deceit and greed), through *dvesh* (aversion inspired by suppressed anger and conceit), through *kalah* (dispute), through *abhyakhyan* (blaming falsely), through *paishunya* (inculpating someone), through *paraparivad* (slandering), through *rati-arati* (inclination towards indiscipline and against discipline), through *maayamrisha* (betraying or telling a lie deceptively) and *mithyadarshan shalya* (the thorn of wrong belief or unrighteousness) Gautam ! Thus (by indulging in these eighteen causes of sin) souls soon attain heaviness.

२. [प्र.] कहं णं भंते ! जीवा लहुयत्तं हव्वमागच्छंति ?

[उ.] गोयमा ! पाणातिवातवेरमणेणं जाव मिच्छादंसणसल्लवेरमणेणं, एवं खलु गोयमा ! जीवा लहुयत्तं हव्वमागच्छंति।

२. [प्र.] भगवन् ! जीव किस प्रकार शीघ्र लघुत्व को प्राप्त करते हैं ?

[उ.] गौतम ! प्राणातिपात से विरत होने से यावत् मिथ्यादर्शनशल्य से विरत होने से जीव शीघ्र लघुत्व को प्राप्त होते है।

2. [Q.] *Bhante* ! How do souls soon attain lightness ?

[Ans.] Gautam ! Through abstaining from *pranatipat* (harming or destruction of life), ... and so on up to... *mithyadarshan shalya* (the thorn of wrong belief or unrighteousness). Gautam ! Thus (by abstaining from indulgence in these eighteen causes of sin) souls soon attain lightness.

३. एवं आउलीकरेंति, एवं परित्तीकरेंति। एवं दीहीकरेंति, एवं हस्सीकरेंति, एवं अणुपरियट्टंति, एवं वीतीवयंति। पसत्था चत्तारि। अप्पसत्था चत्तारि।

३. इसी प्रकार जीव प्राणातिपात आदि पापो का सेवन करने से ससार को आकुल करते है–भव भ्रमण करते हैं, दीर्घकालीन करते है, और बार-बार भव-भ्रमण करते है, तथा प्राणातिपात आदि पापो से निवृत्त होने से जीव ससार को परिमित करते है, ह्रस्व-अल्पकालीन (छोटा) करते हैं, और संसार को लाँघ जाते हैं। उनमें से चार (लघुत्व, संसार का परित्तीकरण, ह्रस्वीकरण एव व्यतिक्रमण) प्रशस्त है, और चार (गुरुत्व, संसार का वृद्धीकरण, दीर्घीकरण एवं पुनः-पुनः भव-भ्रमण) अप्रशस्त हैं।

3. Also (through indulgence in sins like killing) souls expand, lengthen and continue to repeat the cycles of rebirth. And (through abstaining from indulgence in sins like killing) souls limit, shorten and terminate the cycles of rebirth. Of the aforesaid, four (lightness, limitation, shortening and termination) are noble and four (heaviness, expansion, lengthening and continuation) are ignoble.

पदार्थों के गुरुत्व-लघुत्व आदि की प्ररूपणा HEAVINESS AND LIGHTNESS OF SUBSTANCES

४. [प्र.] **सत्तमे णं भंते ! ओवासंतरे किं गरुए, लहुए, गरुयलहुए, अगरुयलहुए ?**

[उ.] **गोयमा ! नो गरुए, नो लहुए, नो गरुयलहुए, अगरुयलहुए।**

४. [प्र.] भगवन् ! क्या सातवाँ अवकाशान्तर गुरु है, वह लघु है, या गुरु-लघु है, अथवा अगुरु-लघु है ?

[उ.] गौतम ! वह गुरु नही है, लघु नही, गुरु-लघु नही है, किन्तु अगुरु-लघु है।

4. [Q.] *Bhante* ! Is the seventh intervening space (*avakashantar*) heavy (*guru*), light (*laghu*), *guru-laghu* (heavy-light) or *aguru-laghu* (neither heavy nor light) ?

[Ans.] Gautam ! It is neither heavy (*guru*), nor light (*laghu*), nor *guru-laghu* (heavy-light) but *aguru-laghu* (neither heavy nor light).

५. [प्र. १] सत्तमे णं भंते ! तणुवाते किं गरुए, लहुए गरुयलहुए, अगरुयलहुए ?

[उ.] गोयमा ! नो गरुए, नो लहुए, गरुयलहुए, नो अगरुयलहुए। [२] एवं सत्तमे घणवाए, सत्तमे घणोदही, सत्तमा पुढवी। [३] ओवासंतराइं सव्वाइं जहा सत्तमे ओवासंतरे (सु. ४)। [४] [सेसा] जहा तणुवाए। एवं–ओवास वाय घणउदहि पुढवी दीवा य सागरा वासा।

५. [प्र. १] भगवन् ! सप्तम तनुवात क्या गुरु है, लघु है या गुरु–लघु है अथवा अगुरु–लघु है ?

[उ.] गौतम ! वह गुरु नही है, लघु नही है, किन्तु गुरु–लघु है, अगुरु–लघु नहीं है। [२] इसी प्रकार सप्तम घनवात, सप्तम घनोदधि और सप्तम पृथ्वी के विषय में भी जानना चाहिए। [३] जैसा सातवे अवकाशान्तर के विषय में कहा है, वैसा ही सभी अवकाशान्तरो के विषय मे समझना चाहिए। [४] तनुवात के विषय मे जैसा कहा है, वैसा ही सभी घनवात, घनोदधि, पृथ्वी, द्वीप, समुद्र और क्षेत्रों के विषय मे भी जानना चाहिए।

5. [Q. 1] *Bhante* ! Is the seventh ring of rarefied air (*tanuvaat*) heavy (*guru*), light (*laghu*), *guru-laghu* (heavy-light) or *aguru-laghu* (non-heavy-non-light) ?

[Ans.] Gautam ! It is neither heavy (*guru*), nor light (*laghu*), but *guru-laghu* (heavy-light) and not *aguru-laghu* (non-heavy-light). **[2]** The same is true for the seventh ring of dense air (*ghanavaat*), the seventh ring of frozen water (*ghanodadhi*) and the seventh hell (*prithvi*). **[3]** As has been said about seventh intervening space should also be read for all the intervening spaces. **[4]** As has been said about ring of rarefied air should also be read for all the rings of dense air, frozen water, hells continents (*dveep*), seas (*samudra*), and sub-continental areas (*kshetra*).

६. [प्र. १] नेरइया णं भंते ! किं गरुया जाव अगरुयलहुया ?

[उ.] गोयमा ! नो गरुया, नो लहुया, गरुयलहुया वि, अगरुयलहुया वि।

६. [प्र. १] भगवन् ! नारक जीव गुरु हैं, लघु है, गुरु–लघु है या अगुरु–लघु है ?

[उ.] गौतम ! नारक जीव गुरु नही है, लघु नही, किन्तु गुरु–लघु हैं और अगुरु–लघु भी है।

6. [Q. 1] *Bhante* ! Are the infernal beings (*naarak jivas*) heavy (*guru*), light (*laghu*), *guru-laghu* (heavy-light) or *aguru-laghu* (non-heavy-non-light) ?

[Ans.] Gautam ! They are neither heavy (*guru*), nor light (*laghu*), but *guru-laghu* (heavy-light) as well as *aguru-laghu* (non-heavy-light).

[प्र. २] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! वेउव्विय-तेयाइं पडुच्च नो गरुया, नो लहुया, गरुयलहुया, नो अगरुयलहुया, जीवं च कम्मणं च पडुच्च नो गरुया, नो लहुया, नो गरुयलहुया, अगरुयलहुया। से तेणट्ठेणं.। [३] एवं जाव वेमाणिया। नवरं णाणत्तं जाणियव्वं सरीरेहिं।

[प्र. २] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! वैक्रिय और तैजसशरीर की अपेक्षा नारक जीव गुरु नही है, लघु नहीं हैं, अगुरु-लघु भी नही है, किन्तु गुरु-लघु है। किन्तु जीव और कार्मणशरीर की अपेक्षा नारक जीव गुरु नही है, लघु भी नही है, गुरु-लघु भी नही है, किन्तु अगुरु-लघु है। इस कारण हे गौतम ! पूर्वोक्त कथन किया गया है। [३] इसी प्रकार वैमानिकों (अन्तिम दण्डक) तक जानना चाहिए, किन्तु विशेष यह है कि शरीरो में भिन्नता कहना चाहिए।

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! In context of *vaikriya* and *taijas sharira* (transmutable and fiery bodies) infernal beings are neither heavy (*guru*), nor light (*laghu*), but *guru-laghu* (heavy-light) and not *aguru-laghu* (non-heavy-light) But in context of soul (*jiva*) and *karmic* body (*karman sharira*) infernal beings are neither heavy (*guru*), nor light (*laghu*), nor *guru-laghu* (heavy-light) but *aguru-laghu* (non-heavy-light) Hence is the aforesaid statement. [3] Same is true for all beings up to Vaimaniks (the last *dandak*) The only variation is that the bodies are different and should be stated so

७. धम्मत्थिकाए जाव जीवत्थिकाए चउत्थपदेणं।

७. धर्मास्तिकाय से लेकर यावत् (अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय और) जीवास्तिकाय तक चौथे पद से (अगुरु-लघु) जानना चाहिए।

7. *Dharmastikaya* (motion entity).. and so on up to.. (*adharmastikaya* or rest entity, *akashastikaya* or space entity) *jivastikaya* (soul entity) conform to the fourth term (*aguru-laghu*)

८. [प्र. १] पोग्गलत्थिकाए णं भंते ! किं गरुए, लहुए, गरुयलहुए, अगरुयलहुए ?

[उ.] गोयमा ! णो गरुए, नो लहुए, गरुयलहुए वि, अगरुयलहुए वि।

[प्र. २] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! गरुयलहुयदव्वाइं पडुच्च नो गरुए, नो लहुए, गरुयलहुए, नो अगरुयलहुए। अगरुयलहुयदव्वाइं पडुच्च नो गरुए, नो लहुए, नो गरुयलहुए, अगरुयलहुए।

८. [प्र. १] भगवन् ! पुद्गलास्तिकाय क्या गुरु है, लघु है, गुरु-लघु है अथवा अगुरु-लघु है ?

[उ.] गौतम ! पुद्गलास्तिकाय न गुरु है, न लघु है, किन्तु गुरु-लघु है और अगुरु-लघु भी है।

[प्र. २] भगवन् ! इसका क्या कारण है ?

[उ.] गौतम ! गुरु-लघु द्रव्यो की अपेक्षा पुद्गलास्तिकाय गुरु नही है, लघु नहीं है, किन्तु गुरु-लघु है, अगुरु-लघु नहीं है। अगुरु-लघु द्रव्यों की अपेक्षा पुद्गलास्तिकाय गुरु नही है, लघु नही है, न गुरु-लघु है, किन्तु अगुरु-लघु है।

8. [Q. 1] *Bhante* ! Is *pudgalastikaya* (matter entity) heavy (*guru*), light (*laghu*), *guru-laghu* (heavy-light) or *aguru-laghu* (non-heavy-non-light) ?

[Ans.] Gautam ! *Pudgalastikaya* is neither heavy (*guru*), nor light (*laghu*), but *guru-laghu* (heavy-light) as well as *aguru-laghu* (non-heavy-light)

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! In context of heavy-light substances *pudgalastikaya* is neither heavy (*guru*), nor light (*laghu*), but *guru-laghu* (heavy-light) and not *aguru-laghu* (non-heavy-light). But in context of non-heavy-non-light substances *pudgalastikaya* is neither heavy (*guru*), nor light (*laghu*), nor *guru-laghu* (heavy-light) but *aguru-laghu* (non-heavy-light).

९. समया कम्माणि य चउत्थपदेणं।

९. समयो और कर्मों (कार्मणशरीर) को चौथे पद से जानना चाहिए अर्थात्-समय और कार्मणशरीर अगुरु-लघु है।

9. *Samayas* (ultimate fractions of time) and *karmas* (*karmic* bodies) conform to the fourth term (*i.e.* they are *aguru-laghu*)

१०. [प्र. १] कण्हलेसा णं भंते ! किं गरुया, जाव अगरुयलहुया ?

[उ.] गोयमा ! नो गरुया, नो लहुया, गरुयलहुया वि, अगरुयलहुया वि।

१०. [प्र. १] भगवन् ! कृष्णलेश्या क्या गुरु है, लघु है ? या गुरु-लघु है अथवा अगुरु-लघु है ?

[उ.] गौतम ! कृष्णलेश्या गुरु नही है, लघु नहीं है, किन्तु गुरु-लघु है और अगुरु-लघु भी है।

10. [Q. 1] *Bhante* ! Is *Krishna leshya* (black complexion of soul) heavy (*guru*), light (*laghu*), *guru-laghu* (heavy-light) or *aguru-laghu* (non-heavy-non-light) ?

[Ans.] Gautam ! *Krishna leshya* is neither heavy (*guru*), nor light (*laghu*), but *guru-laghu* (heavy-light) as well as *aguru-laghu* (non-heavy-light)

[प्र. २] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! दव्वलेसं पडुच्च ततियपदेणं, भावलेसं पडुच्च चउत्थपदेणं। [३] एवं जाव सुक्कलेसा।

[प्र. २] भगवन् ! ऐसा कहने का क्या कारण है ?

[उ.] गौतम ! द्रव्यलेश्या की अपेक्षा तृतीय पद से (अर्थात्-गुरु-लघु) जानना चाहिए, और भावलेश्या की अपेक्षा चौथे पद से (अर्थात् अगुरु-लघु) जानना चाहिए। [३] इसी प्रकार शुक्ललेश्या तक जानना चाहिए।

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! In context of *dravya leshya* (physical complexion) it conforms to the third term (*guru-laghu*), but in context of *bhaava leshya* (mental complexion) it conforms to the fourth term (*aguru-laghu*). [3] Same is true (for all *leshyas*) up to *shukla leshya* (white complexion)

११. दिट्ठी-दंसण-नाण-अण्णाण-सण्णाओ चउत्थपदेणं णेतव्वाओ।

११. दृष्टि, दर्शन, ज्ञान, अज्ञान और सञ्ज्ञा को भी चतुर्थ पद से (अगुरु-लघु) जानना चाहिए।

11. *Drishti* (outlook), *darshan* (perception/faith), *jnana* (knowledge), *ajnana* (ignorance) and *sanjna* (sentience) conform to the fourth term (*i.e.* they are *aguru-laghu*).

१२. हेट्ठिल्ला चत्तारि सरीरा नेयव्वा ततियएणं पदेणं। कम्मयं चउत्थएणं पदेणं।

१२. आदि के चारो शरीरों-औदारिक, वैक्रिय, आहारक और तैजस्शरीर-को तृतीय पद से (गुरु-लघु) जानना चाहिए, तथा कार्मणशरीर को चतुर्थ पद से (अगुरु-लघु) जानना चाहिए।

12. The first four types of *shariras* (bodies), *audarik* (gross physical), *vaikriya* (transmutable), *aahaarak* (telemigratory) and *taijas* (fiery) conform to the third term (*i.e.* they are *guru-laghu*) and the *karmic* body conforms to the fourth term (*i.e.* it is *aguru-laghu*)

१३. मणजोगो वइजोगो चउत्थएणं पदेणं। कायजोगो ततिएणं पदेणं।

१३. मनोयोग और वचनयोग को चतुर्थ पद से (अगुरु-लघु) और काययोग को तृतीय पद से (गुरु-लघु) जानना चाहिए।

13. *Manoyoga* (mind association) and *vachan yoga* (speech association) conform to the fourth term (*i.e.* they are *aguru-laghu*) and *kaya yoga* (body association) conforms to the third term (*i.e.* it is *guru-laghu*)

१४. सागारोवओगो अणागारोवओगो चउत्थएणं पदेणं।

१४. साकारोपयोग और अनाकारोपयोग को चतुर्थ पद से जानना चाहिए।

14. *Saakaaropayoga* (elaborate cognition) and *anaakaaropayog* (cursory cognition) conform to the fourth term (*i.e.* they are *aguru-laghu*).

१५. सव्वदव्वा सव्वपदेसा सव्वपज्जवा जहा पोग्गलत्थिकाओ (सु. ८)।

१५. सर्वद्रव्य, सर्वप्रदेश और सर्वपर्याय पुद्गलास्तिकाय के समान समझना चाहिए।

15. As has been said about *pudgalastikaya* (matter entity) so should also be read for *sarva dravya* (all substances), *sarva pradesh* (all sections) and *sarva paryaya* (all modes).

१६. तीयद्धा अणागतद्धा सव्वद्धा चउत्थेणं पदेणं।

१६. अतीतकाल, अनागत (भविष्य) काल और सर्वकाल चौथे पद से अर्थात् अगुरु-लघु जानना चाहिए।

16. *Ateet kaal* (past), *anagat kaal* (future) and *sarva kaal* (all time) conform to the fourth term (*i.e* they are *aguru-laghu*).

विवेचन : गुरु-लघु आदि की व्याख्या-गुरु का अर्थ है-भारी। भारी वस्तु होती है, जो पानी पर रखने से डूब जाती है, जैसे-पत्थर आदि। लघु का अर्थ है-हल्की। हल्की वह वस्तु है, जो पानी पर रखने से नहीं डूबती बल्कि ऊर्ध्वगामी हो, जैसे-लकडी आदि। तिरछी जाने वाली वस्तु गुरु-लघु है, जैसे-वायु। सभी अरूपी द्रव्य अगुरु-लघु है, जैसे-आकाश आदि, तथा कार्मणपुद्गल आदि। कोई-कोई रूपी पुद्गल चतु.स्पर्शी (चौफरसी) पुद्गल भी अगुरु-लघु होते है। अष्टस्पर्शी (अठफरसी) पुद्गल गुरु-लघु होते है। यह सब व्यवहारनय की अपेक्षा से है। निश्चयनय की अपेक्षा से कोई भी द्रव्य एकान्त-गुरु या एकान्त-लघु नहीं है।

अवकाशान्तर-चौदह राजू परिमाण पुरुषाकार लोक में नीचे की ओर ७ पृथ्वियाँ (नरक) हैं। प्रथम पृथ्वी के नीचे घनोदधि, उसके नीचे घनवात, उसके नीचे तनुवात है और तनुवात के नीचे आकाश है। इसी क्रम से सातों नरकपृथ्वियो के नीचे ७ आकाश है, इन्हे ही अवकाशान्तर कहते हैं। ये अवकाशान्तर आकाशरूप होने से अगुरु-लघु है। *(वृत्ति, पत्राक १६-१७)*

Elaboration—*Guru* means heavy or with downward movement. A heavy thing is that which sinks in water, such as stone. *Laghu* means light or with upward movement A light thing is that which does not sink in but floats on water, such as wood. A thing having transverse movement is called *guru-laghu*, such as air. All formless things are *aguru-laghu*, such as space. *Karma* particles are also *aguru-laghu*. Some matter particles having form, those with four attributes of touch, are also *aguru-laghu* Matter particles with eight attributes of touch are *guru-laghu*. All these qualities are from the phenomenal or empirical viewpoint (*Vyavahara naya*). From noumenal or transcendental viewpoint (*Nischaya naya*) no substance is singularly heavy or singularly light.

Avakashantar—In the lower section of the *Lok* (occupied space) resembling human form and having an expanse of 14 *Rajju* (a conceptual linear measure) there are seven *prithvis* (hells), one below the other. Below the first hell there is *ghanodadhi* (dense water) followed by *ghanavaat* (dense air), then *tanuvaat* (rarefied air) and lastly space. In this order there are seven sections of space under the seven hells. These layers of empty space are called *avakashantar* or intervening space. As it is nothing but space it is *aguru-laghu*. *(Vritti, leaves 96-97)*

श्रमणनिर्ग्रन्थों के लिए प्रशस्त **NOBLE QUALITIES OF ASCETICS**

१७. [प्र.] से नूणं भंते ! लाघवियं अप्पिच्छा अमुच्छा अगेही अपडिबद्धता समणाणं णिग्गंथाणं पसत्थं ?

[उ.] हंता, गोयमा ! लाघवियं जाव पसत्थं।

१७. [प्र.] भगवन् ! क्या लाघव, अल्प इच्छा, अमूर्च्छा, अनासक्ति (अगृद्धि) और अप्रतिबद्धता, ये श्रमणनिर्ग्रन्थो के लिए प्रशस्त है।

[उ.] हाँ, गौतम ! लाघव यावत् अप्रतिबद्धता प्रशस्त है।

17. [Q.] *Bhante* ! Are the qualities of *laaghav* (lightness in terms of possessions and passions), *alp-ichchha* (limited desires), *amurchchha* (absence of obsession), *agriddhi* (absence of covetousness) and *apratibaddhata* (seclusion or detachment) noble for *Shraman Nirgranthas* (Jain ascetics) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! The qualities of *laaghav* (lightness in terms of possessions and passions), and so on up to *apratibaddhata* (seclusion or detachment) are noble.

१८. [प्र.] से नूणं भंते ! अकोहत्तं अमाणत्तं अमायत्तं अलोभत्तं समणाणं निग्गंथाणं पसत्थं ?

[उ.] हंता, गोयमा ! अकोहत्तं जाव पसत्थं।

१८. [प्र.] भगवन् ! क्रोधरहितता, मानरहितता, मायारहितता और अलोभत्व, क्या ये श्रमणनिर्ग्रन्थों के लिए प्रशस्त है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! क्रोधरहितता यावत् अलोभत्व, ये सब श्रमणनिर्ग्रन्थो के लिए प्रशस्त है।

18. [Q.] *Bhante* ! Are the qualities of absence of anger, absence of conceit, absence of deceit and absence of greed noble for *Shraman Nirgranthas* (Jain ascetics) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! The qualities of absence of anger, . and so on up to... absence of greed are noble.

१९. [प्र.] से नूणं भंते ! कंखापदोसे खीणे समणे निग्गंथे अंतकरे भवति ? अंतिमसरीरिए वा, बहुमोहे वि य णं पुव्विं विहरित्ता अह पच्छा संवुडे कालं करेति तओ पच्छा सिज्झति बुज्झति, मुच्चति ? जाव अंतं करेइ ?

[उ.] हंता गोयमा ! कंखापदोसे खीणे जाव अंतं करेति।

१९. [प्र.] भगवन् ! क्या कांक्षाप्रदोष क्षीण होने पर श्रमणनिर्ग्रन्थ अन्तकर अथवा अन्तिम (चरम) शरीरी होता है ? अथवा पूर्वावस्था मे बहुत मोह वाला होकर विहरण करे और फिर संवृत (संवरयुक्त) होकर मृत्यु प्राप्त करे, तो क्या तत्पश्चात् वह सिद्ध, बुद्ध, मुक्त होता है, यावत् सब दुःखों का अन्त करता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! काक्षाप्रदोष नष्ट हो जाने पर यावत् सब दुःखों का अन्त करता है।

19. [Q.] *Bhante* ! On the destruction of dogma of other faith (*kaanksha pradosh*) does an ascetic become capable of terminating the cycles of rebirth during that life time (*antakar*) or does he reincarnate for the last time (*charam-sharın*) ? Also, if he initially moves about with excessive fondness but later blocks the inflow of *karmas* completely and then dies, does he become perfected (*Siddha*), enlightened (*buddha*), liberated (*mukta*), and so on up to . end all miseries ?

[Ans.] Yes, Gautam ! On the destruction of dogma of other faith (*kaanksha pradosh*) an ascetic becomes capable of... and so on up to... end all miseries

विवेचन : लाघव आदि पदों के अर्थ–**लाघव**–शास्त्रमर्यादा से भी अल्प उपधि रखना। **अल्पेच्छा**–आहारादि मे अल्प अभिलाषा रखना। **अमूर्च्छा**–अपने पास रही उपधि मे भी ममत्व (सरक्षणानुबन्ध) न रखना। **अगृद्धि**–आसक्ति का अभाव। अर्थात्–भोजनादि के परिभोगकाल मे अनासक्ति रखना। **अप्रतिबद्धता**–स्वजनादि या द्रव्य-क्षेत्रादि मे स्नेह या राग के बन्ध को काट डालना। **कांक्षाप्रदोष**–अन्य दर्शनो का आग्रह–आसक्ति अथवा राग। इसका दूसरा नाम काक्षाप्रद्वेष भी है। जिसका आशय है–जिस बात को पकड रखा है, उससे विरुद्ध या भिन्न बात पर द्वेष होना। *(वृत्ति, पत्राक ९७)*

Elaboration—*Laaghav*—to have less possessions, even lesser than what is prescribed in scriptures *Alpechchha*—to have minimal desire for food and other things *Amurchchha*—absence of obsession for the limited possessions. *Agriddhi*—absence of covetousness for food and other things specially during consumption and use. *Apratibaddhata*—seclusion or detachment leading to breaking ties with kinfolk, material things and specific areas *Kaanksha pradosh*—dogma of and obsession for other faith It also means *kaanksha pradvesh* or dislike and aversion for anything contrary to one's ideas and beliefs *(Vritti, leaf 97)*

२०. [प्र.] अन्नउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति एवं भासेंति एवं पण्णवेंति एवं परूवेंति–"एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो आउयाइं पगरेति, तं जहा–इहभवियाउयं च, परभवियाउयं च। जं समयं इहभवियाउयं पकरेति समयं परभवियाउयं पकरेति, जं समयं परभवियाउयं पकरेति तं समयं इहभवियाउयं पकरेइ; इहभवियाउयस्स पकरणयाए परभवियाउयं पकरेइ, परभवियाउयस्स पगरणताए इहभवियाउयं पकरेति। एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो आउयाइं पकरेति, तं.–इहभवियाउयं च, परभवियाउयं च।" से कहमेतं भंते ! एवं ?

[उ.] गोयमा ! जं णं ते अण्णउत्थिया एवमाइक्खंति जाव परभवियाउयं च। जे ते एवमाहंसु मिच्छं ते एवमाहंसु। अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि जाव परूवेमि–एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं एगं आउयं पकरेति, तं जहा–इहभवियाउयं वा, परभवियाउयं वा; जं समयं इहभवियाउयं पकरेति णो तं समयं परभवियाउयं पकरेति, जं समयं परभवियाउयं पकरेइ णो तं समयं इहभवियाउयं पकरेइ; इहभवियाउयस्स पकरणताए णो परभवियाउयं पकरेति, परभवियाउयस्स पकरणताए णो इहभवियाउयं पकरेति। एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं एगं आउयं पकरेति, तं.–इहभवियाउयं वा, परभवियाउयं वा।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति भगवं गोयमे जाव विहरति।

२०. [प्र.] भगवन् ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते है, इस प्रकार विशेष रूप से कहते है, इस प्रकार बताते हैं और इस प्रकार की प्ररूपणा करते है कि एक जीव एक समय मे दो आयुष्य बाँधता है, वह इस प्रकार है–इस भव का आयुष्य और परभव का आयुष्य। जिस समय इस भव का आयुष्य बाँधता है, उस समय परभव का आयुष्य बाँधता है और जिस समय परभव का आयुष्य बाँधता है, उस समय इस भव का आयुष्य बाँधता है। इस भव का आयुष्य बाँधने से परभव का आयुष्य बाँधता है और परभव का आयुष्य बाँधने से इस भव का आयुष्य बाँधता है। इस प्रकार एक जीव एक समय मे दो आयुष्य बाँधता है–इस भव का आयुष्य और परभव का आयुष्य। भगवन् ! क्या यह इसी प्रकार है ?

[उ.] गौतम ! अन्यतीर्थिक जो इस प्रकार कहते है, यावत् इस भव का आयुष्य और परभव का आयुष्य (बाँधता है); उन्होने जो ऐसा कहा है, वह मिथ्या कहा है। हे गौतम ! मै इस प्रकार कहता हूँ, यावत् प्ररूपणा करता हूँ कि एक जीव एक समय मे एक आयुष्य बाँधता है और वह या तो इस भव का आयुष्य बाँधता है अथवा परभव का आयुष्य बाँधता है। जिस समय इस भव का आयुष्य बाँधता है, उस समय परभव का आयुष्य नही बाँधता और जिस समय परभव का आयुष्य बाँधता है, उस समय इस भव का आयुष्य नहीं बाँधता। तथा इस भव का आयुष्य बाँधने से परभव का आयुष्य और परभव का आयुष्य बाँधने से इस भव का आयुष्य नही बाँधता। इस प्रकार एक जीव एक समय में एक आयुष्य बाँधता है–इस भव का आयुष्य अथवा परभव का आयुष्य।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है , ऐसा कहकर भगवान गौतम स्वामी यावत् विचरते है।

20. [Q.] *Bhante* ! People of other faiths say, assert, elaborate and propagate that a *jiva* (living being/soul) in one instant acquires two *ayushya* (*karmas* determining life-spans)—the span of this life and the span of the next life While acquiring the *ayushya* for this life he also acquires *ayushya* for next life and while acquiring the *ayushya* for next life he also acquires *ayushya* for this life. By acquiring the *ayushya* for this life he acquires *ayushya* for next life and by acquiring the *ayushya* for next life he acquires *ayushya* for this life. Thus in one instant a *jiva* acquires two *ayushya* (life-span determining *karmas*)—the span of this life and the span of the next life. *Bhante* ! Is it so ?

[Ans.] Gautam ! As regards people of other faiths who say... and so on up to . acquires two *ayushya* (life-span determining *karmas*)—the span of this life and the span of the next life, what they say is false. Gautam ! Here is what I say, assert, elaborate and propagate—that a *jiva* (living being/soul) in one instant acquires just one *ayushya* (*karmas* determining life-span)—either the span of this life or the span of the next life While acquiring the *ayushya* for this life he does not acquire *ayushya* for next life and while acquiring the *ayushya* for next life he does not acquires *ayushya* for this life. By acquiring the *ayushya* for this life he does not acquire *ayushya* for next life and by acquiring the *ayushya* for next life he does not acquire *ayushya* for this life. Thus in one instant a *jiva* acquires just one *ayushya* (life-span determining *karmas*)—either the span of this life or the span of the next life.

"*Bhante* ! Indeed that is so Indeed that is so " With these words... and so on up to ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : दो आयुष्यबन्ध क्यों नहीं ?—यद्यपि आयुष्यबन्ध के समय जीव इस भव के आयुष्य को वेदता है और परभव के आयुष्य को बाँधता है, किन्तु उत्पन्न होते ही या इसी भव मे एक साथ दो आयुष्यो का बन्ध नहीं करता; अन्यथा, इस भव मे किये जाने वाले दान-धर्म आदि सब व्यर्थ हो जायेगे। *(वृत्ति, पत्रांक ९८-९९)*

Elaboration—Why negation of dual bondage ?—Although at the time of acquiring bondage of life-span determining *karmas* a living being experiences the *karmas* of this life-span and acquires the *karmas* of next life-span; however, on rebirth or after that he does not acquire *karmas* for two life-spans at the same time. This is because if he could do so all pious and religious activities like charity would become worthless. *(Vritti, leaf 98-99)*

२१. [१] तेणं कालेणं तेणं समएणं पासावच्चिज्जे कालासवेसियपुत्ते णामं अणगारे जेणेव थेरा भगवंतो तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता थेरे भगवंते एवं वयासी—थेरा सामाइयं न जाणंति, थेरा सामाइयस्स अट्ठं न याणंति, थेरा पच्चक्खाणं न याणंति, थेरा पच्चक्खाणस्स अट्ठं न याणंति, थेरा संजमं न याणंति, थेरा संजमस्स अट्ठं न याणंति, थेरा संवरं न याणंति, थेरा संवरस्स अट्ठं न याणंति, थेरा विवेगं न याणंति, थेरा विवेगस्स अट्ठं न याणंति, थेरा विउस्सग्गं न याणंति, थेरा विउस्सग्गस्स अट्ठं न याणंति।

२१. [१] उस काल, (भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण के लगभग २५० वर्ष पश्चात्) और उस समय (भगवान महावीर के शासनकाल) मे पार्श्वापत्यीय (पार्श्वनाथ की परम्परा के शिष्यानुशिष्य) कालास्यवेषिपुत्र (वैश्यपुत्र कालास) नामक अनगार जहाँ (भगवान महावीर के) स्थविर (श्रुतवृद्ध शिष्य) भगवान विराजमान थे, वहाँ गये। उनके पास आकर स्थविर भगवन्तों से उन्होने इस प्रकार कहा—'हे स्थविरो ! आप सामायिक को नही जानते, सामायिक का अर्थ नही जानते, आप प्रत्याख्यान को नही जानते और प्रत्याख्यान का अर्थ नहीं जानते; आप सयम को नही जानते और संयम का अर्थ नही जानते; आप सवर को नही जानते और संवर का अर्थ नहीं जानते, हे स्थविरो ! आप विवेक को नही जानते और विवेक का अर्थ नहीं जानते है, तथा आप व्युत्सर्ग को नहीं जानते और न व्युत्सर्ग का अर्थ जानते है।'

21. [1] *Bhante* ! During that period (about 250 years after the *nirvana* of Bhagavan Parshva Naath) of time (period of influence of Bhagavan Mahavir) an ascetic from the lineage of Bhagavan Parshva Naath named Kaalasyaveshiputra (Kalas, the son of a merchant) went where *sthavirs* (scholarly ascetics, disciples of Bhagavan Mahavir) were sitting Approaching the *sthavirs* he said—O *Sthavirs* ! You neither know *Samayik* (equanimity) nor its meaning, you neither know *Pratyakhyan* (renunciation) nor its meaning; you neither know *Samyam* (ascetic-discipline) nor its meaning; you neither know *Samvar* (blockage of inflow of *karmas*) nor its meaning; also, O *Sthavirs* ! You neither know *Vivek* (sagacity) nor its meaning; and you neither know *Vyutsarg* (dissociation from the body) nor its meaning

[२] तए णं ते थेरा भगवंतो कालासवेसियपुत्तं एवं वयासी—जाणामो णं अज्जो ! सामाइयं, जाणामो णं अज्जो ! सामाइयस्स अट्ठं जाव जाणामो णं अज्जो ! विउस्सग्गस्स अट्ठं।

[२] तब उन स्थविर भगवन्तो ने कालास्यवेषिपुत्र अनगार से इस प्रकार कहा—'हे आर्य ! हम सामायिक को जानते है, सामायिक का अर्थ भी जानते है, यावत् हम व्युत्सर्ग को जानते है और व्युत्सर्ग का अर्थ भी जानते है।'

[2] At this those *Sthavir Bhagavans* replied to Kaalasyaveshiputra—*O Arya* ! We know *Samayik* (equanimity) as well as its meaning... and so on up to.. we know *Vyutsarg* (dissociation from the body) as well as its meaning.

[प्र. ३] तए णं से कालासवेसियपुत्ते अणगारे ते थेरे भगवंते एवं वयासी–जति णं अज्जो ! तुब्भे जाणह सामाइयं, जाणह सामाइयस्स अट्ठं जाव जाणह विउस्सग्गस्स अट्ठं किं भे अज्जो ! सामाइए ? किं भे अज्जो ! सामाइयस्स अट्ठे ? जाव किं भे विउस्सग्गस्स अट्ठे ?

[उ. ४] तए णं थेरा भगवंतो कालासवेसियपुत्तं अणगारं एवं वयासी–आया णे अज्जो ! सामाइए, आया णे अज्जो ! सामाइयस्स अट्ठे जाव विउस्सग्गस्स अट्ठे।

[प्र. ३] उसके पश्चात् कालास्यवेषिपुत्र अनगार ने उन स्थविर भगवन्तो से इस प्रकार कहा–हे आर्य ! यदि आप सामायिक को (जानते हैं) और सामायिक के अर्थ को जानते हैं, यावत् व्युत्सर्ग को एव व्युत्सर्ग के अर्थ को जानते है, तो बतलाइये कि (आपके मतानुसार) सामायिक क्या है और सामायिक का अर्थ क्या है ? यावत् व्युत्सर्ग क्या है और व्युत्सर्ग का अर्थ क्या है ?

[उ. ४] तब उन स्थविर भगवन्तो ने इस प्रकार कहा कि–हे आर्य ! हमारी आत्मा सामायिक है, हमारी आत्मा सामायिक का अर्थ है; यावत् हमारी आत्मा व्युत्सर्ग है, हमारी आत्मा ही व्युत्सर्ग का अर्थ है।

[Q. 3] Kaalasyaveshiputra then asked further from the *Sthavirs*—*O Arya* ! If you know *Samayik* (equanimity) as well as its meaning... and so on up to know *Vyutsarg* (dissociation from the body) as well as its meaning then tell me what (according to you) is *Samayik* (equanimity) and its meaning... and so on up to. *Vyutsarg* (dissociation from the body) and its meaning ?

[Ans. 4] At this those *Sthavir Bhagavans* replied—*O Arya* ! Our soul is *Samayik* (equanimity) and our soul is its meaning... and so on up to... our soul is *Vyutsarg* (dissociation from the body) our soul is its meaning.

[प्र. ५] तए णं से कालासवेसियपुत्ते अणगारे थेरे भगवंते एवं वयासी–जति भे अज्जो ! आया सामाइए, आया सामाइयस्स अट्ठे एवं जाव आया विउस्सग्गस्स अट्ठे, अवहट्टु कोह–माण–माया–लोभे किमट्ठं अज्जो ! गरहह ?

[उ.] कालास ! संजमट्ठयाए।

[प्र. ५] इस पर कालास्यवेषिपुत्र, अनगार ने उन स्थविर भगवन्तो से इस प्रकार पूछा–'हे आर्यो ! यदि आत्मा ही सामायिक है, आत्मा ही सामायिक का अर्थ है और इसी प्रकार यावत् आत्मा ही व्युत्सर्ग

है तथा आत्मा ही व्युत्सर्ग का अर्थ है, तो आप क्रोध, मान, माया और लोभ का परित्याग करके क्रोधादि की गर्हा-निन्दा क्यो करते हैं ?'

[उ.] हे कालास ! हम सयम के लिए क्रोध आदि की गर्हा करते है।

[Q. 5] Kaalasyaveshiputra then asked further from the *Sthavirs*—*O Arya* ! If soul is *Samayik* (equanimity) and soul is its meaning... and so on up to .. soul is *Vyutsarg* (dissociation from the body) and soul is its meaning then why do you abstain from anger, conceit, deceit and greed, and censure (*garha*) them ?

[Ans.] O Kalas ! We censure (*garha*) anger and other passions for the sake of *Samyam* (ascetic-discipline).

[प्र. ६] से भंते ! किं गरहा संजमे ? अगरहा संजमे ?

[उ.] कालास ! गरहा संजमे, नो अगरहा संजमे, गरहा वि य णं सव्वं दोसं पविणेति, सव्वं बालियं परिण्णाए एवं खु णे आया संजमे उवहिते भवति, एवं खु णे आया संजमे उवचिते भवति, एवं खु णे आया संजमे उवट्ठिते भवति।

[प्र. ६] तो 'हे भगवन् ! क्या गर्हा (करना) सयम है या अगर्हा (करना) सयम है ?'

[उ.] हे कालास ! गर्हा (पापो की निन्दा) सयम है, अगर्हा सयम नहीं है। गर्हा सब दोषो को दूर करती है–आत्मा समस्त मिथ्यात्व को जानकर गर्हा द्वारा दोषनिवारण करता है। इस प्रकार हमारी आत्मा सयम में पुष्ट होती है और इसी प्रकार हमारी आत्मा सयम मे उपस्थित होती है।

[Q. 6] Then *Bhante* ! Is censure ascetic-discipline or non-censure ascetic-discipline ?

[Ans.] O Kalas ! Censure (of sins) is ascetic-discipline and non-censure is not ascetic-discipline Censure removes all faults. Knowing all that is unrighteous, the soul removes all faults through censure. Thus our soul enhances discipline and thus our soul transcends into discipline

२२. [१] एत्थ णं से कालासवेसियपुत्ते अणगारे संबुद्धे थेरे भगवंते वंदति णमंसति, २ एवं वयासी–एतेसि णं भंते ! पदाणं पुव्विं अण्णाणयाए असवणयाए अबोहीए अणभिगमेणं अदिट्ठाइं अस्सुताणं अमुयाणं अविण्णायाणं अव्वोगडाणं अव्वोच्छिन्नाणं अणिज्जूढाणं अणुवधारिताणं एयमट्ठे णो सद्दहिए, णो पत्तिए, णो रोइए। इदाणि भंते ! एतसिं पयाणं जाणयाए सवणयाए बोहीए अभिगमेणं दिट्ठाणं सुयाणं मुयाणं विण्णायाणं वोगडाणं वोच्छिन्नाणं णिज्जूढाणं उवधारियाणं एयमट्ठं सद्दहामि, पत्तियामि, रोएमि। एवमेयं से जहेयं तुब्भे वदह।

२२. [१] (स्थविर भगवन्तो का उत्तर सुनकर) वह कालास्यवेषिपुत्र अनगार बोध को प्राप्त हुए और उन्होने स्थविर भगवन्तों की वन्दना की, नमस्कार किया, वन्दना-नमस्कार करके इस प्रकार कहा-'हे भगवन् ! इन (पूर्वोक्त) पदो को न जानने से, पहले सुने हुए न होने से, बोध न होने से अभिगम (ज्ञान) न होने से, दृष्ट न होने से, विचारित (सोचे हुए) न होने से, सुने हुए न होने से, विशेष रूप से न जानने से, कहे हुए न होने से, अनिर्णीत होने से, उद्धृत न होने से और ये पद अवधारण किये हुए न होने से, इस अर्थ मे श्रद्धा नहीं की थी, प्रतीति नही की थी, रुचि नहीं की थी; किन्तु भगवन् ! अब इन (पदों) को जान लेने से, सुन लेने से, बोध होने से, अभिगमन होने से, दृष्ट होने से, चिन्तित (चिन्तन किये हुए) होने से, श्रुत (सुने हुए) होने से, विशेष जान लेने से, (आपके द्वारा) कथित होने से, निर्णीत होने से, उद्धृत होने से और इन पदों का अवधारण करने से इस अर्थ (कथन) पर मैं श्रद्धा करता हूँ, प्रतीति करता हूँ; रुचि करता हूँ, हे भगवन् ! आप जो यह कहते है, वह यथार्थ है, वह इसी प्रकार है।'

22. [1] (On hearing the reply from Sthavirs) Kaalasyaveshiputra got enlightened and paid homage and obeisance to them. After doing that he said—'*Bhante* ! As I was ignorant of these statements (aforesaid), as I never heard them, never knew them, never had knowledge of them, never perceived them, never thought about them, never acquired them, never thoroughly understood them, was never told about them, never determined them, never was cited them and never having accepted them, I did not have reverence, faith and interest in them. But now, *Bhante* ! Becoming aware of these statements (aforesaid), having heard them, having known them, having acquired knowledge of them, having perceived them, having thought about them, having acquired them, having thoroughly understood them, having been told about them (by you), having determined them, being cited them and having accepted them, I now have reverence, faith and interest in them. *Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is true.'

[२] तए णं ते थेरा भगवंतो कालासवेसियपुत्तं अणगारं एवं वयासी--सद्दहाहि अज्जो ! पत्तियाहि अज्जो ! रोएहि अज्जो ! से जहेयं अम्हे वदामो।

[२] तब उन स्थविर भगवन्तो ने कालास्यवेषिपुत्र अनगार से इस प्रकार कहा-'हे आर्य ! हम जैसा कहते है उस पर वैसी ही श्रद्धा करो, आर्य ! उस पर प्रतीति करो, आर्य ! उसमे रुचि रखो।'

[2] Then those *Sthavir Bhagavants* said to Kaalasyaveshiputra—*O Arya* ! Have reverence in them. *O Arya* ! Have faith in them *O Arya* ! Have interest in them. They are as we have said.

२३. [१] तए णं से कालासवेसियपुत्ते अणगारे थेरे भगवंते वंदइ नमंसइ, २ एवं वदासी--इच्छामि णं भंते ! तुब्भं अंतिए चाउज्जामाओ धम्माओ पंचमहव्वइयं सपडिक्कमणं धम्मं उवसंपजित्ताणं विहरित्तए।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह।

२३. [१] तत्पश्चात् कालास्यवेषिपुत्र अनगार ने उन स्थविर भगवन्तों को वन्दना की, नमस्कार किया और तब वह इस प्रकार बोले–'हे भगवन् ! पहले मैंने (भगवान पार्श्वनाथ का) चातुर्याम–धर्म स्वीकार किया है, अब मैं आपके पास प्रतिक्रमण सहित पचमहाव्रतरूप धर्म स्वीकार करके विचरण करना चाहता हूँ।'

(स्थविर–) 'हे देवानुप्रिय ! जैसे तुम्हें सुख हो, वैसे करो। परन्तु (इस शुभ कार्य मे) विलम्ब (प्रतिबन्ध) न करो।'

23. [1] After that Kaalasyaveshiputra paid homage and said—'*Bhante* ! Earlier I got initiated in the four dimensional religion (of Bhagavan Parshva Naath), now I wish to accept the religion of five great vows and *pratikraman* (critical review or self-appraisal) from you and follow the codes.

(*Sthavirs*) "Beloved of gods ! Do as you please without any delay."

[२] तए णं से कालासवेसियपुत्ते अणगारे थेरे भगवंते वंदइ नमंसइ, वंदित्ता, नमंसित्ता चाउज्जामाओ धम्माओ पंचमहव्वइयं सपडिक्कमणं धम्मं उवसंपज्जित्ताणं विहरइ।

[२] तदनन्तर कालास्यवेषिपुत्र अनगार ने स्थविर भगवन्तो को वन्दना की, नमस्कार किया और फिर चातुर्याम धर्म के स्थान पर प्रतिक्रमण सहित पचमहाव्रतात्मक धर्म स्वीकार किया और विचरण करने लगे।

[2] After that Kaalasyaveshiputra paid homage and obeisance and instead of the four dimensional religion accepted the religion of five great vows and *pratikraman* and commenced adhering to the codes.

२४. तए णं से कालासवेसियपुत्ते अणगारे बहूणि वासाणि सामण्णपरियागं पाउणइ, पाउणित्ता जस्सट्ठाए कीरइ नग्गभावे मुण्डभावे अण्हाणयं अदंतधुवणयं अच्छत्तयं अणोवाहणयं भूमिसेज्जा फलगसेज्जा कट्ठसेज्जा केसलोओ बंभचेरवासो परघरपवेसो लद्धावलद्धी, उच्चावया गामकंटगा बावीसं परिसहोवसग्गा अहियासिज्जंति तमट्ठं आराहेइ, आराहित्ता चरमेहिं उस्सास–नीसासेहिं सिद्धे बुद्धे मुक्के परिनिव्वुडे सव्वदुक्खप्पहीणे।

२४. इसके पश्चात् कालास्यवेषिपुत्र अनगार ने बहुत वर्षो तक श्रमणपर्याय (साधुत्व) का पालन किया और जिस प्रयोजन से नग्नभाव, मुण्डभाव, अस्नान, अदन्तधावन, छत्रवर्जन, पैरो में जूते न पहनना, भूमिशयन, फलक (पट्टे) पर शय्या, काष्ठ पर शयन, केशलोच, ब्रह्मचर्यवास, भिक्षार्थ गृहस्थो के घरो में प्रवेश, लाभ और अलाभ (सहना) अभीष्ट भिक्षा प्राप्त होने पर हर्षित न होना और भिक्षा न मिलने पर खिन्न न होना), अनुकूल और प्रतिकूल, इन्द्रियसमूह के लिए कण्टकसम चुभने वाले कठोर शब्दादि इत्यादि बाईस परीषहो को सहन करना, इन सब (साधनाओं) को स्वीकार किया, उस अभीष्ट प्रयोजन की सम्यक् रूप से आराधना की और अन्तिम उच्छ्वास–नि:श्वास द्वारा सिद्ध, बुद्ध, मुक्त हुए और समस्त दु:खो से रहित हुए।

24. After that ascetic Kaalasyaveshiputra lead ascetic life for many years At the last moment on achieving the ultimate goal for which he underwent and endured various hardships, such as—remaining unclad (*nagnabhaava* or detached from body); tonsured (*mundabhaava* or renouncing mundane relations and passions); giving up bathing (*asnana*); not cleaning teeth (*adantadhavan*); giving up use of umbrella and sandals (*achhatrak* and *anopahanagam*); lying on ground (*bhumishayan*); lying on wooden plank (*phalak shayan* and *kaashta shayan*); pulling out hair (*kesh lunchan*); practicing celibacy (*brahmacharyavaas*); visiting houses of other people to seek alms; remaining equanimous irrespective of getting alms or not; ignoring rude neglect by others; tolerating favourable and unfavourable afflictions including thorn-like piercing words and other twenty two kinds of physical afflictions, he accepted all these practices, immaculately observed them and with the last breath became perfect (*Siddha*), enlightened (*buddha*), liberated (*mukta*), free of cyclic rebirth (*parinivrit*) and ended all miseries

विवेचन : स्थविरों के उत्तर का विश्लेषण—स्थविरो का उत्तर निश्चयनय की दृष्टि से है। गुण और गुणी मे तादात्म्य-अभेदसम्बन्ध होता है। इस दृष्टि से आत्मा (गुणी) और सामायिक (गुण) अभिन्न हैं। आत्मा को सामायिक आदि और सामायिक आदि का अर्थ कहना इस (निश्चय) दृष्टि से युक्तियुक्त है। व्यवहारनय की अपेक्षा से आत्मा और सामायिक आदि पृथक्-पृथक् होने से सामायिक आदि छह पदो का अर्थ इस प्रकार होगा—

सामायिक—शत्रु-मित्र पर समभाव। **प्रत्याख्यान**—नवकारसी, पोरसी आदि का नियम करना। **संयम**—पृथ्वीकायादि जीवो की यतना-रक्षा करना। **संवर**—पाँच इन्द्रियो तथा मन को वश में रखना। **विवेक**—विशिष्ट बोध-ज्ञान। **व्युत्सर्ग**—शारीरिक हलन-चलन बन्द करके उस पर से ममत्व हटाना।

इनका प्रयोजन—**सामायिक का अर्थ**—नये कर्मों का बन्ध न करना, प्राचीन कर्मों की निर्जरा करना। **प्रत्याख्यान का प्रयोजन**—आस्रवद्वारो को रोकना। **संयम का प्रयोजन**—आस्रवरहित होना। **संवर का प्रयोजन**—इन्द्रियो और मन की प्रवृत्ति को रोककर आस्रवरहित होना। **विवेक का प्रयोजन**—हेय का त्याग, ज्ञेय का ज्ञान और उपादेय का ग्रहण करना। **व्युत्सर्ग का प्रयोजन**—सभी प्रकार के सग से रहित हो जाना।

Elaboration—Answer of Sthavirs—The *Sthavirs* replied from the noumenal or transcendental viewpoint (*Nischaya naya*) There is an intimate relationship between virtue and virtuous. From this viewpoint soul (virtuous) and *samayik* (virtue) are inseparable The statement that soul is equanimity (etc.) and equanimity (etc.) is soul is logically correct from this transcendental angle. From empirical viewpoint equanimity and other virtues are different from soul and there meanings are—

Samayik—equanimity of feeling for friend and foe. **Pratyakhyan**—to follow the rules of *navakarasi, porasi* (vows of fasting for specific period) and other ritual codes. **Samyam**—discipline of protecting earth-bodied

beings and other beings. **Samvar**—to have restraint over five senses and mind. **Vivek**—discerning capacity or sagacity. **Vyutsarg**—to stop activities of the body and rid oneself from fondness for the body.

Goal of these practices—Samayik—to avoid bondage of new *karmas* and to shed already acquired *karmas*. **Pratyakhyan**—to block the sources of inflow of *karmas*. **Samyam**—to be free of inflow of *karmas*. **Samvar**—to have restraint over five senses and mind and stop the inflow of *karmas*. **Vivek**—to abandon the worthless, to know what is worth knowing and to accept what is useful. **Vyutsarg**—to become completely dissociated.

चारों में अप्रत्याख्यान क्रिया : समान रूप से UNIFORMITY OF NON-RENUNCIATION

२५. [प्र.] 'भंते !' त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदति नमंसति, २ एवं वदासी–से नूणं भंते ! सेट्ठिस्स य तणुयस्स य किविणस्स य खत्तियस्स य समा चेव अपच्चक्खाणकिरिया कज्जइ ?

[उ.] हंता, गोयमा ! सेट्ठिस्स य जाव अपच्चक्खाणकिरिया कज्जइ।

[प्र.] से केणट्ठे भंते !

[उ.] गोयमा ! अविरतिं पडुच्च; से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ सेट्ठिस्स य तणुयस्स जाव कज्जइ।

२५. [प्र.] 'भगवन् !' ऐसा कहकर भगवान गौतम ने श्रमण भगवान महावीर स्वामी को वन्दन-नमस्कार किया। तत्पश्चात् (वन्दन-नमस्कार करके) वे इस प्रकार बोले-भगवन् ! क्या श्रेष्ठी श्रीमन्त और दरिद्र को, रंक को और क्षत्रिय (राजा) को अप्रत्याख्यान क्रिया (प्रत्याख्यान क्रिया का अभाव अथवा अप्रत्याख्यानजन्य कर्मबन्ध) समान होती है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! श्रेष्ठी यावत् क्षत्रिय राजा (इन सब) के द्वारा अप्रत्याख्यान क्रिया समान की जाती है; (अर्थात्-अप्रत्याख्यानजन्य कर्मबन्ध भी समान होता है।)

[प्र.] भगवन् ! आप ऐसा किस हेतु से कहते है ?

[उ.] गौतम ! (इन चारों की) अविरति को लेकर, ऐसा कहा जाता है कि श्रेष्ठी और दरिद्र, कृपण (रंक) और राजा (क्षत्रिय) इन सबकी अप्रत्याख्यान क्रिया (प्रत्याख्यान क्रिया से विरति या तज्जन्यकर्मबन्धता) समान होती है।

25. [Q.] *'Bhante !'* Uttering thus Gautam paid homage and obeisance to Bhagavan Mahavir and submitted—*Bhante* ! Does a merchant and a pauper, a beggar and a king (*kshatriya*) have the same *apratyakhyan-kriya* (act and consequence of non-renunciation in terms of *karmic* bondage) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! A merchant and a pauper, a beggar and a king (*kshatriya*) have the same *apratyakhyan-kriya* (act and consequence of non-renunciation in terms of *karmic* bondage).

[Q.] *Bhante* ! Why do you say so ?

[Ans.] Gautam ! It is because of the lack of abstinence (*avirati*), and so it is said that a merchant and a pauper, a beggar and a king (*kshatriya*) have the same *apratyakhyan-kriya* (act and consequence of non-renunciation in terms of *karmic* bondage).

आधाकर्म आहारसेवन का फल CONSEQUENCE OF VIOLATING PROHIBITION

२६. [प्र.] आहाकम्मं णं भुंजमाणे समणे निग्गंथे किं बंधति ? किं पकरेति ? किं चिणाति ? किं उवचिणाति ?

[उ.] गोयमा ! आहाकम्मं णं भुंजमाणे आउयवज्जाओ सत्त कम्मप्पगडीओ सिढिलबंधणबद्धाओ घणियबंधणबद्धाओ पकरेइ जाव अणुपरियट्टइ।

[प्र.] से केणट्ठेणं जाव अणुपरियट्टइ ?

[उ.] गोयमा ! आहाकम्मं णं भुंजमाणे आयाए धम्मं अतिक्कमति, आयाए धम्मं अतिक्कममाणे पुढविक्कायं णावकंखति जाव तसकायं णावकंखति, जेसिं पि य णं जीवाणं सरीराइं आहारमाहारेइ ते वि जीवे नावकंखति। से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–आहाकम्मं णं भुंजमाणे आउयवज्जाओ सत्त कम्मपगडीओ जाव अणुपरियट्टति।

२६. [प्र.] भगवन् ! आधाकर्मदोषयुक्त आहारादि का उपभोग करता हुआ श्रमणनिर्ग्रन्थ क्या बाँधता है ? क्या करता है ? किसका चय (वृद्धि) करता है ? और किसका उपचय करता है ?

[उ.] गौतम ! आधाकर्मदोषयुक्त आहारादि का उपभोग करता हुआ श्रमणनिर्ग्रन्थ आयुकर्म को छोडकर शिथिल बन्धन से बँधी हुई सात कर्मप्रकृतियों को दृढ बन्धन से बँधी हुई बना लेता है, यावत्–ससार से बार–बार पर्यटन करता है।

[प्र.] भगवन् ! इसका क्या कारण है कि, यावत्–वह ससार में बार–बार पर्यटन करता है ?

[उ.] गौतम ! आधाकर्मी आहारादि का उपभोग करता हुआ श्रमणनिर्ग्रन्थ अपने आत्मधर्म का अतिक्रमण करता है। अपने आत्मधर्म का अतिक्रमण करता हुआ पृथ्वीकाय के जीवों की अपेक्षा (परवाह) नही करता और यावत्–त्रसकाय के जीवो की भी चिन्ता (परवाह) नहीं करता और जिन जीवों के शरीरों का वह भोग करता है, उन जीवो की भी चिन्ता नहीं करता। इस कारण हे गौतम ! ऐसा कहा गया है कि आधाकर्मदोषयुक्त आहार भोगता हुआ (श्रमण) आयुकर्म को छोड़कर सात कर्मों की शिथिलबद्ध प्रकृतियों को गाढबन्धन–बद्ध कर लेता है, यावत्–संसार में बार–बार परिभ्रमण करता है।

26. [Q.] *Bhante* ! While consuming food (etc.) with *adhakarmik* fault (food specifically prepared for an ascetic is called *adhakarmik* food and it is prohibited) what does an ascetic bind ? What does he acquire ? What does he assimilate (*chaya*) ? and what does he augment (*upachaya*) ?

[Ans.] Gautam ! While consuming food (etc.) with *adhakarmik* fault an ascetic turns the weak bondage of seven species of *karmas* other than

Ayu-karma (life-span determining *karma*) into strong bondage... and so on up to... and continues to wander in cycles of rebirth.

[Q.] *Bhante* ! What is the reason for this... and so on up to... continues to wander in cycles of rebirth ?

[Ans.] Gautam ! While consuming food (etc) with *adhakarmik* fault an ascetic violates the natural duty of his soul (*atmadharma*). While violating the natural obligation of his soul he does not care for earth-bodied beings... and so on up to . he also does not care for mobile beings, he also does not care for the beings whose bodies he enjoys. That is why, Gautam ! It is said that while consuming food (etc.) with *adhakarmik* fault an ascetic turns the weak bondage of seven species of *karmas* other than *Ayu-karma* (life-span determining *karma*) into strong bondage... and so on up to . and continues to wander in cycles of rebirth.

२७. [प्र.] फासुएसणिज्जं णं भंते ! भुंजमाणे किं बंधइ जाव उवचिणाइ ?

[उ.] गोयमा ! फासुएसणिज्जं णं भुंजमाणे आउयवज्जाओ सत्त कम्मपयडीओ धणियबंधणबद्धाओ सिढिलबंधणबद्धाओ पकरेइ जहा संवुडे णं (स. १, उ. १, सु. ११ [२]) नवरं, आउयं च णं कम्मं सिय बंधइ, सिय नो बंधइ। सेसं तहेव जाव वीतीवयति।

[प्र.] से केणट्ठेणं जाव वीतीवयति ?

[उ.] गोयमा ! फासुएसणिज्जं णं भुंजमाणे समणे निग्गंथे आयाए धम्मं णाइक्कमति, आयाए धम्मं अणतिक्कममाणे पुढविक्कायं अवकंखति जाव तसकायं अवकंखति, जेसिं पि य णं जीवाणं सरीराइं आहारेति ते वि जीवे अवकंखति, से तेणट्ठेणं जाव वीतीवयति।

२७. [प्र.] हे भगवन् ! प्रासुक और एषणीय आहारादि का उपभोग करने वाला श्रमणनिर्ग्रन्थ क्या बाँधता है ? यावत् किसका उपचय करता है ?

[उ.] गौतम ! प्रासुक और एषणीय आहारदि भोगने वाला श्रमणनिर्ग्रन्थ आयुकर्म को छोडकर सात कर्मों की दृढबन्धन से बद्धा प्रकृतियो को शिथिल करता है। उसे संवृत अनगार के समान समझना चाहिए। विशेषता यह है कि आयुकर्म को कदाचित् बाँधता है और कदाचित् नही बाँधता। शेष उसी प्रकार समझना चाहिए; यावत् ससार को पार कर जाता है।

[प्र.] भगवन् ! इसका क्या कारण है कि–यावत्–ससार को पार कर जाता है ?

[उ.] गौतम ! प्रासुक एषणीय आहारादि भोगने वाला श्रमणनिर्ग्रन्थ, अपने आत्मधर्म का उल्लंघन नहीं करता। अपने आत्मधर्म का उल्लंघन न करता हुआ वह श्रमणनिर्ग्रन्थ पृथ्वीकाय के जीवों का जीवन चाहता है, यावत्–त्रसकाय के जीवो का जीवन चाहता है और जिन जीवो का शरीर उसके उपभोग में आता है, उनका भी वह जीवन चाहता है। इस कारण से हे गौतम ! वह यावत्–संसार को पार कर जाता है।

27. [Q.] *Bhante* ! While consuming pure (*prasuk*) and acceptable (*eshaniya*) food (etc.) what does an ascetic bind ?... and so on up to... what does he augment (*upachaya*) ?

[Ans.] Gautam ! While consuming pure (*prasuk*) and acceptable (*eshaniya*) food (etc.) an ascetic turns the strong bondage of seven species of *karmas* other than *Ayu-karma* (life-span determining *karma*) into weak bondage as in case of the ascetic who has stopped the inflow of *karmas* (*samvrit*). The only difference is that he sometimes acquires and sometimes does not acquire the bondage of *Ayu-karma*. The rest is as aforesaid.. and so on up to .. terminates the cycles of rebirth.

[Q.] *Bhante* ! What is the reason for this... and so on up to... terminates the cycles of rebirth ?

[Ans.] Gautam ! While consuming pure (*prasuk*) and acceptable (*eshaniya*) food (etc) an ascetic does not violate the natural duty of his soul (*atmadharma*). While not violating the natural duty of his soul he cares for the life of earth-bodied beings... and so on up to... he also cares for the life of mobile beings, he also cares for the life of beings whose bodies he enjoys That is why, Gautam ! It is said that and so on up to... terminates the cycles of rebirth.

विवेचन : प्रासुकादि शब्दों के अर्थ–प्रासुक–अचित्त, निर्जीव। एषणीय–आहार आदि से सम्बन्धित दोषो से रहित। आधाकर्म–साधु के निमित्त सचित्त वस्तु को अचित्त की जाये अर्थात्–सजीव वस्तु को निर्जीव बनाया जाये, अचित्त वस्तु को पकाया जाये, घर, मकान आदि बँधवाये जाये, वस्त्रादि बनवाये जाएँ, इसे आधाकर्म कहते हैं।

Elaboration—Prasuk—lifeless, not infested with living organism. **Eshaniya**—free of faults and acceptable for ascetics. **Aadhakarma**—to sterilize a thing or make it uninfected with living organism specifically for the use of ascetics. Also to cook food, construct house, get dresses stitched specifically for use of ascetics.

स्थिर–अस्थिरादि निरूपण STABILITY AND UNSTABILITY

२८. [प्र.] से नूणं भंते ! अथिरे पलोट्टति, नो थिरे पलोट्टति; अथिरे भज्जति, नो थिरे भज्जति; सासए बालए, बालियत्तं आसायं; सासते पंडिते, पंडितत्तं असासतं ?

[उ.] हंता, गोयमा ! अथिरे पलोट्टति जाव पंडियत्तं असासतं।

सेवं भंते ! सेवं भंते त्ति जाव विहरति।

॥ पढमे सए : नवमो उद्देसो समत्तो ॥

२८. [प्र.] भगवन् ! क्या अस्थिर पदार्थ बदलता है और स्थिर पदार्थ नहीं बदलता है? क्या अस्थिर पदार्थ भग होता है और स्थिर पदार्थ भग नहीं होता? क्या बाल शाश्वत है तथा बालत्व अशाश्वत है? क्या पण्डित शाश्वत है और पण्डितत्व अशाश्वत है?

[उ.] हाँ, गौतम ! अस्थिर पदार्थ बदलता है यावत् पण्डितत्व अशाश्वत है।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है।' यों कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरण करते है।

28. [Q.] *Bhante* ! Does an unstable thing change and a stable thing does not ? Does an unstable thing disintegrate and a stable thing does not ? Is the ignorant eternal and ignorance transitory ? Is the wise eternal and wisdom transitory ?

[Ans.] Yes, Gautam ! An unstable thing changes.. and so on up to .. wisdom transitory.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words and so on up to ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : 'अथिरे पलोट्टइ' आदि के दो अर्थ–व्यवहार पक्ष मे पलट जाने वाला अस्थिर होता है; जैसे–मिट्टी का ढेला है। अध्यात्म पक्ष मे कर्म अस्थिर हैं, वे प्रतिसमय जीवप्रदेशो से चलित–पृथक् होते है। कर्म अस्थिर होने से बन्ध, उदय और निर्जीर्ण आदि परिणामो द्वारा वे बदलते रहते है। व्यवहार पक्ष मे पत्थर की शिला स्थिर है, वह बदलती नहीं, अध्यात्म पक्ष में आत्मा स्थिर है। व्यवहार पक्ष मे तृणादि नश्वर स्वभाव के हैं, इसलिए भग्न हो जाते हैं, अध्यात्म पक्ष के कर्म अस्थिर होने से भग्न हो जाते है। जीव का प्रकरण होने से व्यवहार पक्ष में अबोध बच्चे को बाल कहते है, अध्यात्म पक्ष में असयत अविरत को बाल कहते हैं। यह जीव द्रव्य रूप होने से शाश्वत है और बालत्व, पण्डितत्व आदि जीव की पर्याय होने से अशाश्वत है। *(वृत्ति, पत्राक १०२)*

॥ प्रथम शतक : नवम उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—There are two facets of the aforesaid statement about stability and instability. In the mundane facet what changes is unstable. In the spiritual facet *karmas* are unstable as they get separated from the soul every moment Being unstable they continue to change through the processes of bondage, fruition and shedding In the mundane facet a rock is stable and in the spiritual facet soul is stable In the mundane facet straws are transitory therefore they get disintegrated. In spiritual facet *karmas* are transitory therefore they disintegrate. Here the context is *jiva* (soul) therefore for mundane facet *baal* means an ignorant child and for spiritual facet it means indisciplined or without self-restraint. As soul is an entity it is eternal. Ignorance, wisdom and other attributes are its qualities or modes and are thus transitory. *(Vritti, leaf 102)*

● END OF THE NINTH LESSON OF THE FIRST SHATAK ●

प्रथम शतक : दशम उद्देशक
FIRST SHATAK (Chapter One) : TENTH LESSON

चलना CHALANA (MOVEMENT)

परमाणु के विषय में अन्यतीर्थिक मत OTHER SCHOOLS ABOUT ULTIMATE PARTICLE

१. (१) अन्नउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति जाव एवं परूवेंति-"एवं खलु चलमाणे अचलिए जाव निज्जरिज्जमाणे अणिज्जिण्णे।

(२) दो परमाणुपोग्गला एगयओ न साहण्णंति। कम्हा दो परमाणुपोग्गला एगयओ न साहण्णंति ?

दोण्हं परमाणुपोग्गलाणं नत्थि सिणेहकाए तम्हा दो परमाणुपोग्गला एगयओ न साहण्णं।

(३) तिण्णि परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति, कम्हा तिण्णि परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति ?

तिण्हं परमाणुपोग्गलाणं अत्थि सिणेहकाए तम्हा तिण्णि परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति। ते भिज्जमाणा दुहा वि तिहा वि कज्जंति, दुहा कज्जमाणा एगयओ दिवड्ढे परमाणुपोग्गले भवति, एगयओ वि दिवड्ढे परमाणुपोग्गले भवति; तिहा कज्जमाणा तिण्णि परमाणुपोग्गला भवंति, एवं जाव चत्तारि।

(४) पंच परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति, एगयओ साहण्णित्ता दुक्खत्ताए कज्जंति, दुक्खे वि य णं से सासए सया समितं उवचिज्जति य अवचिज्जति य।

(५) पुव्विं भासा भासा, भासिज्जमाणी भासा अभासा, भासासमयवीतिक्कंतं च णं भासिया भासा भासा।

[प्र.] सा किं भासओ भासा ? अभासओ भासा ? अभासओ णं सा भासा।

[उ.] नो खलु सा भासओ भासा।

(६) पुव्विं किरिया दुक्खा, कज्जमाणी किरिया अदुक्खा, किरियासमयवीतिक्कंतं च णं कडा किरिया दुक्खा;

[प्र.] जा सा पुव्विं किरिया दुक्खा, कज्जमाणी किरिया अदुक्खा, किरियासमयवीइक्कंतं च णं कडा किरिया दुक्खा। सा किं करणतो दुक्खा, अकरणओ दुक्खा ?

[उ.] अकरणओ णं सा दुक्खा, णो खलु सा करणओ दुक्खा, सेवं वत्तव्वं सिया।

(७) अकिच्चं दुक्खं, अफुसं दुक्खं, अकज्जमाणकडं दुक्खं अकट्टु अकट्टु पाण-भूत-जीव-सत्ता वेदणं वेदेंतीति वत्तव्वं सिया"

१. (१) (अन्यतीर्थिक पक्ष) भगवन् ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते हैं, यावत् इस प्रकार प्ररूपणा करते हैं कि–'जो चल रहा है, वह अचलित है–चला नही कहलाता और यावत्–जो निर्जीर्ण हो रहा है, वह निर्जीर्ण नहीं कहलाता।'

(२) 'दो परमाणु–पुद्गल एक साथ नही चिपकते।' दो परमाणु–पुद्गल एक साथ क्यो नहीं चिपकते ? इसका कारण यह है कि दो परमाणु–पुद्गलो मे स्निग्धता नही होती इसलिए 'दो परमाणु–पुद्गल एक साथ नहीं चिपकते।'

(३) 'तीन परमाणु–पुद्गल एक–दूसरे से चिपक जाते है।' तीन परमाणु–पुद्गल परस्पर क्यो चिपक जाते है ? इसका कारण यह है कि तीन परमाणु–पुद्गलो मे स्निग्धता (चिकनाहट) होती है; इसलिए तीन परमाणु–पुद्गल आपस मे चिपक जाते हैं। यदि तीनो परमाणु–पुद्गलो का भेदन (विभाग) किया जाये तो दो भाग भी हो सकते है एव तीन भाग भी हो सकते है। अगर तीन परमाणु–पुद्गलो के दो भाग किये जाये तो एक तरफ डेढ़ परमाणु होता है और दूसरी तरफ भी डेढ परमाणु होता है। यदि तीन परमाणु–पुद्गलों के तीन भाग किये जायें तो एक–एक करके तीन परमाणु अलग–अलग हो जाते है। इसी प्रकार यावत् चार परमाणु–पुद्गलो के विषय मे समझना चाहिए।

(४) 'पाँच परमाणु–पुद्गल परस्पर चिपक जाते है और वे दु खरूप (कर्मरूप) में परिणत होते है। वह दु.ख (कर्म) भी शाश्वत है और सदा सम्यक् प्रकार से उपचय को प्राप्त होता है और अपचय को प्राप्त होता है।'

(५) 'बोलने से पहले की जो भाषा (भाषा के पुद्गल) है, वह भाषा है। बोलते समय की भाषा अभाषा है और बोलने का समय व्यतीत हो जाने के बाद की बोली गई भाषा, भाषा है।'

[प्र.] 'यह जो बोलने से पहले की भाषा, भाषा है और बोलते समय की भाषा, अभाषा है तथा बोलने के समय के बाद की भाषा, भाषा है, सो क्या बोलते हुए पुरुष की भाषा है या न बोलते हुए पुरुष की भाषा है ?'

[उ.] 'न बोलते हुए पुरुष की वह भाषा है, बोलते हुए पुरुष की वह भाषा नही है।'

(६) 'करने से पूर्व की जो क्रिया है, वह दु'खरूप है, वर्तमान मे जो क्रिया की जाती है, वह दु.खरूप नही है और करने के समय के बाद की कृत क्रिया भी दु खरूप है।'

[प्र.] करने से पूर्व की क्रिया है, दु'ख का कारण है; की जाती हुई क्रिया दु ख का कारण नही है और करने के समय के बाद की क्रिया दु ख का कारण है, तो क्या वह करने से दु ख का कारण है या न करने से दु ख का कारण है ?

[उ.] न करने से वह दु ख का कारण है, करने से दु ख का कारण नही है, ऐसा कहना चाहिए।

[७] अकृत्य दु:ख है, अस्पृश्य दु'ख है और अक्रियमाण कृत दु'ख है। उसे न करके प्राण, भूत, जीव, सत्व, वेदना भोगते है, ऐसा कहना चाहिए।

1. (1) (View of other schools) *Bhante* ! Followers of other schools (*anyatirthak*) say, . . and so on up to... propagate that—"That which is 'moving' is not called 'moved'... and so on up to... that which is 'shedding' is not called 'shed'."

(2) Two ultimate-particles of matter (*paramanu pudgal*) do not combine together (*samhanyete*). Why do they not combine together ? There is an absence of *sineh-kaya* (*snigdha-kaya*; minute water-bodies, affinity, property of adhesion) between the two. Therefore two ultimate-particles of matter (*paramanu pudgal*) do not combine together

(3) Three ultimate-particles of matter (*paramanu pudgals*) do combine together. Why the three combine together ? Since there is a presence of *sineh-kaya* (*snigdha-kaya*; minute water-bodies; affinity; property of adhesion) between the three, three ultimate-particles of matter (*paramanu pudgals*) do combine together. If this bunch of three *paramanu pudgals* is split there may be two divisions as well as three. If the bunch of three is split into two parts we get one part having one and a half *paramanus* and the other part too having one and a half *paramanus* If this bunch of three *paramanu pudgals* is split into three parts we get three individual *paramanus* one by one The same holds good for four *paramanu pudgals*.

(4) Five ultimate-particles of matter combine together and they transform into misery (in the form of *karmas*) That misery (in the form of *karmas*) is eternal and it continues to wax and wane in this unified state.

(5) The speech (sound in particle form) before its utterance is speech The speech while being uttered is non-speech. The speech uttered after the time of utterance is over is speech.

[Q.] 'This speech (sound in particle form) before its utterance is speech; the speech while being uttered is non-speech, the speech uttered after the time of utterance is over is speech.' So, is that the speech of the person who is uttering or of the person who is not uttering ?

[Ans.] It is the speech of the person who is not uttering and not of the person who is uttering

(6) The activity preceding the action is misery The action being performed is not misery The activity following the action is also misery.

[Q.] 'The activity preceding the action is misery. The action being performed is not misery. The activity following the action is also misery.' So, is it misery when it is action or is it misery when it is non-action ?

[Ans.] It is misery when it is non-action and not misery when it is action ? So it should be said.

(7) Non-action is misery, non-touching is misery, non-action where action is required is misery. Not doing that *praan* (two to four-sensed beings; beings), *bhoot* (plant bodied beings; organisms), *jiva* (five-sensed beings; souls), and *sattva* (immobile beings; entities) suffer pain. So it should be said

स्व-समय पक्ष JAIN VIEW

[प्र.] से कहमेयं भंते ! एवं ?

[उ.] गोयमा ! जं णं ते अन्नउत्थिया एवमाइक्खंति जाव वेदणं वेदेंति इति वत्तव्वं सिया, जे ते एवमाहंसु मिच्छा ते एवमाहंसु। अहं पुण गोतमा ! एवमाइक्खामि-एवं खलु चलमाणे चलिए जाव निज्जरिज्जमाणे निज्जिण्णे।

(८) [प्र.] दो परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति। कम्हा दो परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति ?

[उ.] दोण्हं परमाणुपोग्गलाणं अत्थि सिणेहकाए, तम्हा दो परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति, ते भिज्जमाणा दुहा कज्जंति, दुहा कज्जमाणे एगयओ परमाणुपोग्गले एगयओ परमाणुपोग्गले भवति।

(९) तिण्णि परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति।

[प्र.] कम्हा तिण्णि परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति ?

[उ.] तिण्हं परमाणुपोग्गलाणं अत्थि सिणेहकाए, तम्हा तिण्णि परमाणुपोग्गला एगयओ साहण्णंति; ते भिज्जमाणा दुहा वि तिहा वि कज्जंति, दुहा कज्जमाणा एगयओ परमाणुपोग्गले, एगयओ दुपदेसिए खंधे भवति, तिहा कज्जमाणा तिण्णि परमाणुपोग्गला भवंति। एवं जाव चत्तारि।

(१०) पंच परमाणुपोग्गला एगयओ साहन्नंति, साहन्नित्ता खंधत्ताए, कज्जंति, खंधे वि य णं से असासते सया समियं उवचिज्जइ य अवचिज्जइ य।

(११) पुव्विं भासा अभासा, भासिज्जमाणी भासा भासा, भासासमयवीतिक्कंतं च णं भासिता भासा अभासा; जा सा पुव्विं भासा अभासा, भासिज्जमाणी भासा भासा, भासासमयवीतिक्कंतं च णं भासिता भासा अभासा।

[प्र.] सा किं भासतो भासा अभासओ भासा ?

[उ.] भासओ णं सा भासा, नो खलु सा अभासओ भासा।

(१२) पुव्विं किरिया अदुक्खा जहा भासा तहा भाणितव्व किरिया वि जाव करणतो णं सा दुक्खा, नो खलु सा अकरणओ दुक्खा, सेवं वत्तव्वं सिया।

(१३) किच्चं दुक्खं, फुसं दुक्खं, कज्जमाणकडं दुक्खं कट्टु कट्टु पाण–भूत–जीव–सत्ता वेदणं वेदेंतीति वत्तव्वं सिया।

[प्र.] श्री गौतम स्वामी पूछते हैं–'भगवन् ! क्या अन्यतीर्थिकों का उक्त प्रकार का यह मत सत्य है ?'

[उ.] (स्वपक्ष) गौतम ! यह अन्यतीर्थिक जो कहते हैं–यावत् वेदना भोगते हैं, ऐसा कहना चाहिए, उन्होने यह सब जो कहा है, वह मिथ्या कहा है। हे गौतम ! मैं ऐसा कहता हूँ कि जो चल रहा है, वह 'चला' कहलाता है और यावत् जो निर्जीर्णमाण है, वह निर्जीर्ण कहलाता है।

(८) [प्र.] दो परमाणु–पुद्गल आपस मे चिपक जाते हैं। इसका क्या कारण है ?

[उ.] दो परमाणु–पुद्गलो मे चिकनापन है, इसलिए दो परमाणु–पुद्गल परस्पर चिपक जाते है। इन दो परमाणु–पुद्गलों के दो भाग हो सकते हैं। दो परमाणु–पुद्गलो के दो भाग किये जाये तो एक तरफ एक परमाणु और एक तरफ एक परमाणु होता है।

(९) तीन परमाणु–पुद्गल परस्पर चिपक जाते है।

[प्र.] तीन परमाणु–पुद्गल परस्पर क्यो चिपक जाते हैं ?

[उ.] तीन परमाणु–पुद्गल इस कारण चिपक जाते हैं, कि उन परमाणु–पुद्गलों में स्निग्धता है। इस कारण तीन परमाणु–पुद्गल परस्पर चिपक जाते है। उन तीन परमाणु–पुद्गलो के दो भाग भी हो सकते हैं और तीन भाग भी हो सकते है। दो भाग करने पर एक तरफ एक परमाणु और एक तरफ दो प्रदेश वाला एक द्वयणुक स्कन्ध होता है। तीन भाग करने पर एक-एक करके तीन परमाणु हो जाते हैं। इसी प्रकार यावत्–चार परमाणु–पुद्गल में भी समझना चाहिए। परन्तु तीन परमाणु के डेढ–डेढ़ (भाग) नही हो सकते।

(१०) पाँच परमाणु–पुद्गल परस्पर चिपक जाते है और परस्पर चिपककर एक स्कन्धरूप बन जाते है। वह स्कन्ध अशाश्वत है और सदा उपचय तथा अपचय होता रहता है अर्थात्–वह बढ़ता–घटता भी है।

(११) बोलने से पहले की भाषा, अभाषा है, बोलते समय की भाषा, भाषा है और बोलने के बाद की भाषा भी अभाषा है।

[प्र.] वह जो पहले की भाषा, अभाषा है, बोलते समय की भाषा, भाषा है और बोलने के बाद की भाषा, अभाषा है, सो क्या बोलने वाले पुरुष की भाषा है, या नही बोलते हुए पुरुष की भाषा है ?

[उ.] वह बोलने वाले पुरुष की भाषा है, नही बोलते हुए पुरुष की भाषा नही है।

(१२) (करने से) पहले की क्रिया दु:ख का कारण नहीं है, उसे भाषा के समान ही समझना चाहिए। यावत्–वह क्रिया करने से दु.ख का कारण है, न करने से दु.ख का कारण नही है, ऐसा कहना चाहिए।

(१३) कृत्य दुःख है, स्पृश्य दुःख है, क्रियमाण कृत दुःख है। उसे कर–करके प्राण, भूत, जीव और सत्व वेदना भोगते है, ऐसा कहना चाहिए।

[Q.] Gautam Swami asks—*Bhante* ! Is the aforesaid view of other schools correct ?

[Ans.] (Jain view) Gautam ! This assertion of other schools of thought... and so on up to they suffer pain, is false or incorrect. O Gautam ! I say as under—That which is 'moving' is called 'moved'... and so on up to. . that which is 'shedding' is called 'shed' "

(8) [Q.] Two ultimate-particles of matter (*paramanu pudgal*) combine together (*samhanyete*) What is the reason for this ?

[Ans.] This is because there is *sineh-kaya* (*snigdha-kaya*; minute water-bodies, affinity; property of adhesion) between the two, therefore two ultimate-particles of matter (*paramanu pudgal*) combine together. This bunch of two ultimate-particles can be split into two. If done so, one part has one *paramanu* (ultimate-particle) and the other too has one *paramanu* (ultimate-particle).

(9) Three ultimate-particles of matter (*paramanu pudgal*) do combine together

[Q.] Why three *paramanus* (ultimate-particles) combine together ?

[Ans.] This is because there is a presence of *sneh-kaya* (*snigdha-kaya*; minute water-bodies; affinity, property of adhesion) between the three, therefore three ultimate-particles of matter (*paramanu pudgal*) do combine together This bunch of three *paramanu pudgal* can be split into two parts as well as three If the bunch of three is split into two parts we get one part having one *paramanu* (ultimate-particle) and the other part having a molecule with two *paramanus* (ultimate-particle) If this bunch is split into three parts we get three individual *paramanus* one by one The same holds good for four *paramanu pudgals* However, a bunch of three *paramanus* (ultimate-particles) cannot be divided into two parts of one and a half *paramanu* (ultimate-particle) each

(10) Five ultimate-particles of matter combine together and they transform into a molecule (*skandh*) That molecule is non-eternal and it continues to wax and wane (gain or lose ultimate-particles)

(11) The speech (sound in particle form) before its utterance is non-speech. The speech while being uttered is speech. The speech uttered after the very act of utterance is over is non-speech

[Q.] 'This speech (sound in particle form) before its utterance is non-speech The speech while being uttered is speech The speech uttered

after the time of utterance is over is non-speech.' So, is that the speech of the person who is uttering or of the person who is not uttering ?

[Ans.] It is the speech of the person who is uttering and not of the person who is not uttering ?

(12) The act preceding the action is not the cause of misery What has been said about speech is applicable here... and so on up to... It is misery when it is action and not misery when it is non-action ? So it should be said

(13) Action is misery, touching is misery, action where action is required is misery Doing that *praan, bhoot, jiva* and *sattva* suffer pain. So it should be said

विवेचन : अन्यतीर्थिकों के मिथ्या मन्तव्यों का निराकरण–(१) चलमान कर्म प्रथम क्षण मे चलित नहीं होगा तो द्वितीय आदि समयो में भी अचलित ही रहेगा, फिर तो किसी भी समय वह कर्म चलित होगा ही नहीं। अत चलमान चलित नही होता, यह कथन अयुक्त है। (२) परमाणु सूक्ष्म और स्निग्धतारहित होने से नहीं चिपकते, यह कथन भी अयुक्त है, क्योंकि एक परमाणु मे भी स्निग्धता होती है, अन्यतीर्थिको ने जब डेढ–डेढ परमाणुओं के चिपक जाने की बात स्वीकार की है, तब उनके मत से आधे परमाणु मे भी चिकनाहट होनी चाहिए। ऐसी स्थिति मे दो परमाणु भी चिपकते है, यही मानना युक्तियुक्त है। (३) 'डेढ–डेढ परमाणु चिपकते हैं' यह अन्यतीर्थिक–कथन भी युक्तियुक्त नही, क्योंकि परमाणु के दो भाग हो ही नही सकते, दो भाग हो जायें तो वह परमाणु नही कहलायेगा। (४) 'चिपके हुए पाँच पुद्गल कर्मरूप (दु.खत्वरूप) होते है' यह कथन भी असगत है, क्योकि कर्म, अनन्त परमाणुरूप होने से अनन्त स्कन्धरूप है और पाँच परमाणु जुडने से तो स्कन्ध होता है, तथा कर्म जीव को आवृत करने के स्वभाव वाले है, अगर ये पाँच परमाणुरूप ही हो तो असंख्यात प्रदेश वाले जीव को कैसे आवृत कर सकेगे ? तथा (५) कर्म (दु.ख) को शाश्वत मानना भी ठीक नही क्योंकि कर्म को यदि शाश्वत माना जायेगा तो कर्म का क्षयोपशम, क्षय आदि न होने से ज्ञानादि की हानि और वृद्धि नहीं हो सकेगी परन्तु ज्ञानादि की हानि–वृद्धि लोक मे प्रत्यक्षसिद्ध है। अत कर्म (दु ख) शाश्वत नहीं है। तथा आगे उन्होने जो कहा है कि (६) कर्म (दु ख) चय को प्राप्त होता है, नष्ट होता है, यह कथन भी कर्म को शाश्वत मानने पर कैसे घटित होगा ? (७) भाषा की कारणभूत होने से बोलने से पूर्व की भाषा, भाषा है, वह कथन भी अयुक्त तथा औपचारिक है। बोलते समय की भाषा को अभाषा कहने का अर्थ हुआ–वर्तमानकाल व्यवहार का अंग नहीं है, यह कथन भी मिथ्या है। क्योंकि विद्यमानरूप वर्तमानकाल ही व्यवहार का अंग है। भूतकाल नष्ट हो जाने के कारण अविद्यमानरूप है और भविष्य असद्रूप होने से अविद्यमानरूप है, अत ये दोनो काल व्यवहार के अंग नहीं है। (८) बोलने से पूर्व की भाषा को भाषा मानकर भी उसे न बोलते हुए पुरुष की भाषा मानना तो और भी युक्तिविरुद्ध है। क्योंकि अभाषक की भाषा को ही भाषा माना जायेगा तो सिद्ध भगवान को या जड को भाषा की प्राप्ति होगी, जो भाषक है, उन्हे नही। (९) की जाती हुई क्रिया को दु खरूप न बताकर पूर्व की हुई या क्रिया के बाद की क्रिया बताना भी अनुभवविरुद्ध है, क्योंकि करने के समय ही क्रिया सुखरूप या दु.खरूप लगती है, करने से पहले या करने के बाद (नही करने से) क्रिया सुखरूप या दु खरूप नही लगती। इस प्रकार अन्यतीर्थिकों के मत का निराकरण करके भगवान द्वारा प्ररूपित स्वसिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया है। *(वृत्ति, पत्रांक १०२–१०४)*

Elaboration—Correcting the misconceptions of followers of other schools—(1) When moving, if a *karma* particle has not moved in the first *Samaya* it will remain unmoved even in the second, third and all the following *Samayas*. Thus there will be no such *Samaya* when it could be called as moved. As such the statement that what is moving is not moved is wrong. (2) The assertion that one *paramanu* (ultimate-particle) is minute and devoid of the property of adhesion (*snigdhata*) is also wrong because even one *paramanu* (ultimate-particle) has the property of adhesion The followers of other schools have accepted that one and a half *paramanu* (ultimate-particle) combine together This means that according to them even half *paramanu* has the property of adhesion. Therefore it is logical to infer that two ultimate-particles also combine together. (3) The assertion that one and a half *paramanu* (ultimate-particle) adhere to one and a half *paramanu* is also illogical because a *paramanu* (ultimate-particle) cannot be divided into two. If it could be divided it would not be called ultimate-particle. (4) The statement that 'five ultimate-particles of matter combine together and they transform (into misery) in the form of *karmas*', is also wrong because *karmas* are in the form of infinite *paramanus*, thus they are combination of infinite *skandhs* (aggregates). Five *paramanus* make just one *skandh* Besides this, *karmas* have a tendency to envelope soul. If they are limited to five *paramanus* how could they envelope soul that has infinite space-points (*pradesh*) ? (5) It is also not right to accept misery (*karma*) as eternal This is because if *karmas* are accepted to be eternal there would be no destruction or pacification of *karmas*. Consequently there would be no loss or gain in attributes like knowledge, but the gain and loss in these attributes is self evident in this world. Moreover, in the later statement they themselves mention that (6) *karma* undergoes waxing and waning. If *karma* is eternal how could this happen ? (7) 'Being the cause of speech, the speech (sound) before utterance is speech', this statement is also wrong and theoretical. To say that the speech during utterance is not speech amounts to negating the functionality of present time, which is wrong. This is because only the existing form at present is functional. Past is destroyed, thus non-existent and future is non-manifested, thus non-existent, therefore these two are not functional. (8) Accepting speech (sound) before utterance as speech is illogical To accept it as the speech of a person who is not uttering is further compounding the fallacy. If speech of one who is not speaking is accepted as speech only matter or liberated

souls would be attributed with the ability to speak and not the actual speakers. (9) To call the act preceding and one following the action as misery instead of the action itself is against the evident reality because an action causes pleasure or pain only while it is being performed and not before or after. This way the views of followers of other schools have been negated and the view of our own school (Jain view) as propagated by *Bhagavan* has been established. *(Vritti, leaf 102-104)*

ऐर्यापथिकी और साम्परायिकी क्रिया AIRYAPATHIKI AND SAMPARAYIKI ACTIVITY

२. [प्र.] अन्नउत्थिया णं भंते ! एवमाइक्खंति जाव–एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो किरियाओ पकरेति, तं जहा–इरियावहियं चं संपराइयं च। जं समयं इरियावहियं पकरेइ तं समयं संपराइयं पकरेइ., 'जं समयं संपराइयं पकरेइ तं समयं इरियावहियं पकरेइ; इरियावहियाए पकरणयाए संपराइयं पकरेइ, संपराइयए पकरणायाए इरियावहियं पकरेइ; एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दो किरियाओ पकरेति, तं जहा–इरियावहियं च संपराइयं च।' से कहमेयं भंते एवं ?

[उ.] गोयमा ! "जं णं ते अन्नउत्थिया एवमाइक्खंति जाव संपराइयं च, जे ते एवमाहंसु मिच्छा ते एवमाहंसु; अहं पुण गोयमा ! एवमाइक्खामि ४–एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं एगं किरियं पकरेइ।" परउत्थियवत्तव्वं नेयव्वं। ससमयवत्तव्वयाए नेयव्वं। जाव इरियावहियं वा संपराइयं वा।

२. [प्र.] भगवन् ! अन्यतीर्थिक इस प्रकार कहते है–यावत् प्ररूपणा करते हैं कि एक जीव एक समय मे दो क्रियाएँ करता है। वह है–ऐर्यापथिकी और साम्परायिकी। जिस समय (जीव) ऐर्यापथिकी क्रिया करता है, उस समय साम्परायिकी क्रिया करता है और जिस समय साम्परायिकी क्रिया करता है, उस समय ऐर्यापथिकी क्रिया करता है। ऐर्यापथिकी क्रिया करने से साम्परायिकी क्रिया करता है और साम्परायिकी क्रिया करने से ऐर्यापथिकी क्रिया करता है, इत्यादि। इस प्रकार एक जीव, एक समय मे दो क्रियाएँ करता है–एक ऐर्यापथिकी और दूसरी साम्परायिकी। हे भगवन् ! क्या यह इसी प्रकार है ?

[उ.] गौतम ! जो अन्यतीर्थिक ऐसा कहते हैं, वह मिथ्या है। हे गौतम ! मैं इस प्रकार कहता हूँ कि एक जीव एक समय मे एक क्रिया करता है। यहाँ परतीर्थिको का तथा स्वसिद्धान्त का वक्तव्य कहना चाहिए। यावत् ऐर्यापथिकी अथवा साम्परायिकी क्रिया करता है।

2. [Q.] *Bhante* ! Followers of other schools say, ... and so on up to... propagate that—"That a living being (soul) performs two activities (*kriya*) at one given moment (*Samaya*). They are—*airyapathiki* (careful movement of an accomplished ascetic or an omniscient with non-vitiating *karmas*) and *samparayiki* (activity inspired by association and passions and leading to *karmic* bondage). When he performs *airyapathiki kriya* he also performs *samparayiki kriya* and when he performs *samparayiki*

kriya he also performs *airyapathiki kriya*. By performing *airyapathiki kriya* he performs *samparayiki kriya* and by performing *samparayiki kriya* he performs *airyapathiki kriya* (etc.). This way a living being (soul) performs two activities (*kriya*) at one given moment (*Samaya*)—*airyapathiki* and *samparayiki Bhante* ! Is it like that ?

[Ans.] This assertion of other schools of thought . and so on up to... *samparayiki kriya*, is false or incorrect O Gautam ! I say that—one living being (soul) performs only one action at one given moment (*Samaya*). Here the view of other schools and that of own school (Jain) should be stated.. and so on up to he performs either *airyapathiki* or *samparayiki kriya*

विवेचन : ऐर्यापथिकी–जो क्रिया केवल योग निमित्त से होती हो, ऐसी कषायरहित–वीतरागपुरुष की क्रिया ११वे से १३वें गुणस्थान तक लगती है। **साम्परायिकी**–जिस क्रिया मे योग का निमित्त होते हुए भी कषाय की प्रधानता हो ऐसी सकषाय जीव की क्रिया। यही क्रिया ससार परिभ्रमण का कारण है। पच्चीस क्रियाओ मे से चौबीस क्रियाएँ साम्परायिकी है, सिर्फ एक ऐर्यापथिकी है।

एक जीव द्वारा एक समय में ये दो क्रियाएँ सम्भव नही–जीव जब कषाययुक्त होता है, तो कषायरहित नही होता और जब कषायरहित होता है, तो सकषाय नही हो सकता। दसवे गुणस्थान तक सकषाय–दशा है। आगे के गुणस्थानो मे अकषाय–अवस्था है। ऐर्यापथिकी अकषाय–अवस्था की क्रिया है, साम्परायिकी कषाय–अवस्था की। अतएव एक ही जीव एक ही समय मे इन दोनो क्रियाओ को नही कर सकता। *(वृत्ति, पत्राक १०६)*

Elaboration—An action performed purely due to association (*yoga*) is called *airyapathiki kriya* Such passion-free and careful action or movement can be performed only by an accomplished ascetic (*vitarag*) who is at 11th to 13th *Gunasthan* (level of spiritual purity) and is short of omniscience due to residual *karmic* bondage An action involving association (*yoga*) but with predominance of passions is called *samparayiki kriya* Such action is performed by ordinary beings under the influence of passions and leads to *karmic* bondage This action is the cause of cycles of rebirth Of the twenty five enumerated actions twenty four are *samparayiki* and only one is *airyapathiki*

Two actions in one moment by one being are impossible—When a being is burdened by passions it cannot be free of passions and vise versa Up to the tenth *Gunasthan* a being is in a state encumbered with passions and beyond that he is in a passion-free state *Airyapathiki* movement is the action of passion-free state and *samparayiki* is the action of passion-encumbered state Therefore one being cannot perform both these actions at one given moment. *(Vritti, leaf 106)*

३. [प्र.] निरयगती णं भंते ! केवतियं कालं विरहिया उववाएणं पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! जहन्नेणं एक्कं समयं, उक्कोसेणं बारस मुहुत्ता। एवं वक्कंतीपदं भाणियव्वं निरवसेसं।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति जाव विहरति।

॥ पढमे सए : दसमो उद्देसो समत्तो ॥

॥ पढमं सतं समत्तं ॥

३. [प्र.] भगवन् ! नरकगति कितने समय तक उपपात से विरहित रहती है ?

[उ.] गौतम ! जघन्य एक समय तक और उत्कृष्ट बारह मुहूर्त्त तक। इस सम्बन्ध में यहाँ (प्रज्ञापनासूत्र का) 'व्युत्क्रान्तिपद' कहना चाहिए।

'भगवन् ! यह ऐसा ही है, यह ऐसा ही है', इस प्रकार कहकर यावत् गौतम स्वामी विचरते हैं।

3. [Q.] *Bhante* ! For what period the infernal realm (*narak gati*) has omission of instantaneous birth (*upapat*) ?

[Ans.] Gautam ! For a minimum of one *Samaya* and a maximum of twelve *Muhurts* (a unit equivalent to 48 minutes). In this regard the '*Vyutkrantipad*' (from *Prajnapana Sutra*) should be stated.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to .. ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : नरकादि में उत्पाद–विरहकाल–प्रज्ञापनासूत्र के छठे व्युत्क्रान्तिपद के अनुसार विभिन्न गतियों में जीवो की उत्पत्ति का विरहकाल सक्षेप मे इस प्रकार है–पहली नरक मे २४ मुहूर्त्त का, दूसरी में ७ अहोरात्र का, तीसरी मे १५ अहोरात्र का, चौथी मे १ मास का, पाँचवीं मे २ मास का, छठी में ४ मास का, सातवीं में ६ मास का विरहकाल होता है। इसी प्रकार तिर्यंचपचेन्द्रिय, मनुष्य एव देवगति मे जघन्य एक समय का, उत्कृष्ट १२ मुहूर्त्त का उत्पाद–विरहकाल है। पचस्थावरो मे कभी विरह नही होता, विकलेन्द्रिय मे और असज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच मे अन्तर्मुहूर्त्त का तथा सज्ञी–तिर्यंच एव सज्ञी मनुष्य में १२ मुहूर्त्त का विरह होता है। सिद्ध अवस्था में उत्कृष्ट ६ मास का विरह होता है। इसी प्रकार उद्वर्तना के विरहकाल के विषय में भी जानना चाहिए। *(वृत्ति, पत्रांक १०७–१०८)*

॥ प्रथम शतक : दशम उद्देशक समाप्त ॥

॥ प्रथम शतक समाप्त ॥

Elaboration—Duration of omission of birth—According to the sixth chapter, *Vyutkrantipad*, of *Prjnapana Sutra* the brief description of the period of omission of birth in various genuses (*gati*) is as follows—In the

first hell it is 24 *Muhurts*, in second 7 days and nights (*Ahoratra*), in third 15 days and nights, in the fourth one month, in the fifth two months, in the sixth four months and in the seventh it is six months. In the same way the period of omission in genuses of five-sensed animals, human beings and divine beings is minimum one *Samaya* and maximum 12 *Muhurts*. In the genus of five immobile beings there is no period of omission. In the genuses of *vikalendriyas* (one to four-sensed beings) and non-sentient five-sensed animals it is *Antarmuhurt* (less than 48 minutes), and in sentient animals and sentient humans it is 12 *Muhurts*. In the perfected state (*Siddha gati*) the maximum period of omission is six months. These are the details about the period of omission of birth in various realms and genuses. *(Vritti, leaf 107-108)*

● END OF THE TENTH LESSON OF THE FIRST SHATAK ●

● END OF THE FIRST SHATAK (CHAPTER ONE) ●

द्वितीय शतक : प्रथम उद्देशक
SECOND SHATAK (Chapter Two) : FIRST LESSON

प्राथमिक परिचय INTRODUCTION

द्वितीय शतक के दस उद्देशकों का नाम-निरूपण NAMES OF THE TEN LESSONS

१. ऊसास खंदए वि य समुग्घाय २ पुढवी ३ इंदिय ४ णियंठ (अण्ण उत्थि) ५ भासा य ६।

देवा य ७ चमरचंचा ८, समयक्खित्त ९ ऽत्थिकायं १० बीयसए।

१. भगवतीसूत्र का यह द्वितीय शतक है। इसके भी दस उद्देशक हैं। उनके नाम क्रमशः इस प्रकार है–

गाथार्थ–द्वितीय शतक मे दस उद्देशक है। उनमे क्रमश इस प्रकार विषय हैं–(१) श्वासोच्छ्वास और स्कन्दक अनगार, (२) समुद्घात, (३) पृथ्वी, (४) इन्द्रियाँ, (५) निर्ग्रन्थ, (किसी-किसी प्रति मे 'अन्य यूथिक' पाठ है) (६) भाषा, (७) देव, (८) चमरचंचा, (९) समयक्षेत्र का स्वरूप, (१०) अस्तिकाय का विवेचन।

1. This is the second chapter (*shatak*) of *Bhagavati Sutra*. This too has ten lessons with the following titles—

The verse—The second *shatak* (chapter) has ten *uddeshaks* (lessons). They contain the following topics in this order—(1) *Shvasochchhvas* (Respiration) and *Skandak Anagar*, (2) *Samudghaat* (Bursting forth of soul-space-points), (3) *Prithvi* (Worlds), (4) *Indriya* (Sense organs), (5) *Nirgranth* (ascetics) (in some copies it is *Anya Yuthik* or heretics), (6) *Bhasha* (Language), (7) *Dev* (Divine beings), (8) *Chamarachancha*, (9) *Samayakshetra* (area inhabited by humans), and (10) *Astikaya* (conglamorative ontological category, fundamental entities).

श्वासोच्छ्वास SHVASOCHCHHVAS (RESPIRATION)

एकेन्द्रियादि जीवो में श्वासोच्छ्वास RESPIRATION IN ONE-SENSED AND OTHER BEINGS

२. तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे णामं नगरे होत्था। वण्णओ। सामी समोसढे। परिसा निग्गया। धम्मो कहिओ। परिसा पडिगया।

२. उस काल उस समय मे राजगृह नामक नगर था। भगवान महावीर स्वामी (वहाँ) पधारे। उनका धर्मोपदेश सुनने के लिए परिषद् निकली। भगवान ने धर्मोपदेश दिया। धर्मोपदेश सुनकर परिषद् वापस लौट गई।

2. During that period of time there was a city called Rajagriha. Description (as before) Bhagavan Mahavir arrived there. People came out *Bhagavan* gave his sermon. People dispersed.

३. [प्र.] तेणं कालेणं तेणं समएणं जेट्ठे अंतेवासी जाव पज्जुवासमाणे एवं वयासी–जे इमे भंते ! बेइंदिया तेइंदिया चउरिंदिया पंचिंदिया जाव, एएसि णं आणामं व पाणामं वा उस्सासं वा नीसासं वा जाणामो पासामो। जे इमे पुढविकाइया जाव वणस्सइकाइया एगिंदिया जीवा एएसि णं आणामं वा पाणामं वा उस्सासं वा निस्सासं वा ण याणामो ण पासामो, एए वि य णं भंते ! जीवा आणमंति वा पाणमंति वा उस्ससंति वा नीससंति वा ?

[उ.] हंता, गोयमा ! एए वि य णं जीवा आणमंति वा पाणमंति वा ऊससंति वा नीससंति वा।

३. [प्र.] उस काल उस समय मे श्रमण भगवान महावीर स्वामी के ज्येष्ठ अन्तेवासी (शिष्य) श्री इन्द्रभूति गौतम अनगार यावत्–भगवान की पर्युपासना करते हुए इस प्रकार बोले–भगवन् ! ये जो द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पचेन्द्रिय जीव है, वे जो आभ्यन्तर और बाह्य उच्छ्वास लेते है, उनको हम जानते और देखते है, किन्तु पृथ्वीकाय यावत् वनस्पतिकाय तक एकेन्द्रिय जीवो के आभ्यन्तर एव बाह्य उच्छ्वास को तथा आभ्यन्तर एव बाह्य निःश्वास को हम न जानते है और न देखते है। तो भगवन् ! क्या ये पृथ्वीकायादि एकेन्द्रिय जीव आभ्यन्तर और बाह्य उच्छ्वास लेते है तथा आभ्यन्तर और बाह्य नि श्वास छोडते है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! ये पृथ्वीकायादि एकेन्द्रिय जीव भी आभ्यन्तर और बाह्य उच्छ्वास लेते है और आभ्यन्तर एव बाह्य नि श्वास छोडते है।

3. [Q.] During that period of time Indrabhuti Anagar, the senior disciple of Bhagavan Mahavir and so on up to paid his homage and obeisance and submitted—"*Bhante* ! We know about and perceive the breathing-in and breathing-out as well as inhalation and exhalation (*abhyantar* and *bahya uchchhavas* and *nihshvas*) of living beings with two, three, four and five sense organs But we do not know about and perceive the breathing-in and breathing-out as well as inhalation and exhalation of one-sensed beings including earth-bodied and so on up to plant-bodied beings *Bhante* ! Do these one-sensed beings including earth-bodied beings breathe-in and breathe-out as well as inhale and exhale ?

[Ans.] Yes, Gautam ! These one-sensed beings including earth-bodied beings do breathe-in and breathe-out as well as inhale and exhale.

४. [प्र. १] किं णं भंते ! एते जीवा आणमंति वा पाणमंति वा उस्ससंति वा नीससंति वा ?

[उ.] गोयमा ! दब्बओ णं अणंतपएसियाइं दब्बाइं, खेत्तओ णं असंखेज्जपएसोगाढाइं, कालओ अन्नयरट्ठितीयाइं, भावओ वण्णमंताइं गंधमंताइं रसमंताइं फासमंताइं आणमंति वा पाणमंति वा ऊससंति वा नीससंति वा।

४. [प्र. १] भगवन् ! ये एकेन्द्रिय जीव बाह्य और आभ्यन्तर उच्छ्वास के रूप में किस प्रकार के द्रव्यो को ग्रहण करते हैं और छोडते है ?

[उ.] गौतम ! द्रव्य की अपेक्षा अनन्तप्रदेश वाले द्रव्यों को, क्षेत्र की अपेक्षा असंख्यप्रदेशो में रहे हुए द्रव्यों को, काल की अपेक्षा किसी भी प्रकार की स्थिति वाले (एक समय की, दो समय की स्थिति वाले इत्यादि) द्रव्यो को, तथा भाव की अपेक्षा वर्ण वाले, गन्ध वाले, रस वाले और स्पर्श वाले द्रव्यो को बाह्य और आभ्यन्तर उच्छ्वास के रूप मे ग्रहण करते है तथा नि श्वास के रूप में छोडते हैं।

4. [Q. 1] *Bhante* ! What type of substances do these one-sensed beings breathe-in and breathe-out as well as inhale and exhale ?

[Ans.] Gautam ! They breathe-in and breathe-out as well as inhale and exhale substances with infinite space-points (*anant pradesh*) in context of substance; substances existing in innumerable space-points in context of area; substances with any duration of existence (of one, two or more *Samaya*) in context of time; and substances having attributes of colour (*varna*), smell (*gandh*), taste (*rasa*) and touch (*sparsh*) in context of state (*bhaava*)

[प्र. २] जाइं भावओ वण्णमंताइं आणमंति पाणमंति, ऊससंति, नीससंति ताइं किं एगवण्णाइं आणमंति वा पाणमंति ऊस. नीससंतिवा ?

[उ.] आहारगमो नेयव्वो जाव ति–चउ–पंचदिसिं।

[प्र. २] भगवन् ! वे पृथ्वीकायादि एकेन्द्रिय जीव भाव की अपेक्षा वर्ण वाले जिन द्रव्यो को बाह्य और आभ्यन्तर श्वासोच्छ्वास के रूप मे ग्रहण करते और छोडते है, क्या वे द्रव्य एक वर्ण वाले है ?

[उ.] गौतम ! जैसा कि प्रज्ञापनासूत्र के अट्ठाईसवे आहारपद मे कथन किया है, वैसा ही यहाँ समझना चाहिए। यावत् वे तीन, चार, पाँच दिशाओ की ओर से श्वासोच्छ्वास के पुद्गलो को ग्रहण करते है।

[Q. 2] *Bhante* ! In context of state (*bhaava*), are the substances These one sensed beings (including earth-bodied beings) breathe-in and breathe-out (as well as inhale and exhale) of one colour (*varna*) ?

[Ans.] In this context it should be read as mentioned in the twenty eighth chapter, *Aahaar-pad*, of *Prajnapana Sutra*... and so on up to... have intake of breathable particles from three, four and five directions

५. [प्र.] किं णं भंते ! नेरइया आण. पाण. ऊस. नीस. ?

[उ.] तं चेव जाव नियमा छद्दिसिंआण. पाण. ऊस. नीस.।

जीवा एगिंदिया वाघाय-निव्वाघाय भाणियव्वा। सेसा नियमा छद्दिसिं।

५. [प्र.] भगवन् ! नैरयिक किस प्रकार के पुद्गलों को बाह्य और आभ्यन्तर श्वासोच्छ्वास के रूप मे ग्रहण करते और छोडते है ?

[उ.] गौतम ! इस विषय मे पूर्व कथनानुसार ही जानना चाहिए और यावत् ये नियम से (निश्चित रूप से) छहों दिशा से पुद्गलो को बाह्य एव आभ्यन्तर श्वासोच्छ्वास के रूप में ग्रहण करते और छोडते हैं।

जीवसामान्य और एकेन्द्रियो के सम्बन्ध मे इस प्रकार कहना चाहिए कि यदि व्याघात न हो तो वे सब दिशाओ से बाह्य और आभ्यन्तर श्वासोच्छ्वास के लिए पुद्गलो को ग्रहण करते है। यदि व्याघात हो तो कदाचित् तीन दिशा से, कदाचित् चार दिशा से और कदाचित् पाँच दिशा से श्वासोच्छ्वास के पुद्गलो को ग्रहण करते है। शेष सब जीव नियम से छह दिशा से श्वासोच्छ्वास के पुद्गलो को ग्रहण करते हैं।

5. [Q.] *Bhante* ! What type of substances do the infernal beings (*Nairayiks*) breathe-in and breathe-out as well as inhale and exhale ?

[Ans.] Gautam ! In this regard it should be read as aforesaid and so on up to as a rule they breathe-in and breathe-out as well as inhale and exhale substances from all the six directions

With regard to living beings in general and one-sensed beings in particular it should be said that in absence of any obstruction they breathe-in and breathe-out as well as inhale and exhale substances from all the six directions If there is some obstruction they do so may be from three, may be from four and may be from five directions All the remaining beings as a rule do so from all the six directions

विवेचन : व्याघात-अव्याघात का कारण-एकेन्द्रिय जीव लोक के अन्त भाग मे भी होते है, वहाँ उन्हे लोकान्त के कोणो द्वारा व्याघात होता है, इसलिए वे तीन, चार या पाँच दिशाओ से ही श्वासोच्छ्वास योग्य पुद्गल ग्रहण करते है, किन्तु व्याघातरहित जीव (नैरयिक आदि) त्रसनाडी के अन्दर ही होते है, अत उन्हे व्याघात न होने से वे छहो दिशाओ से श्वासोच्छ्वास-पुद्गल ग्रहण कर सकते है। *(वृत्ति, पत्राक १०९)*

Elaboration—Reason for obstruction—One-sensed beings also exist at the edge of the *Lok* (occupied space) and there they are obstructed by the angles or corners forming the edge of the *Lok* Thus there they are able to inhale and exhale matter particles from three, four and five directions Other beings including infernal ones exist only in *Tras-naadi* (the central spine of the *Lok* or occupied space where living beings exist), and therefore in absence of any obstruction they can inhale and exhale matter particles from all the six directions. *(Vritti, leaf 109)*

वायुकाय के श्वासोच्छ्वास RESPIRATION IN AIR-BODIED BEINGS

६. [प्र.] वाउयाए णं भंते ! वाउयाए चेव आणमंति वा पाणमंति वा ऊससंति वा नीससंति वा ?

[उ.] हंता, गोयमा ! वाउयाए णं वाउयाए जाव नीससंति वा।

६. [प्र.] भगवन् ! क्या वायुकाय, वायुकायों को ही बाह्य और आभ्यन्तर उच्छ्वास और निःश्वास के रूप मे ग्रहण करता और छोड़ता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वायुकाय, वायुकायों को ही बाह्य और आभ्यन्तर उच्छ्वास और निःश्वास के रूप में ग्रहण करता और छोडता है।

6. [Q.] *Bhante* ! Do air-bodied beings (*vayu-kaya*) breathe-in and breathe-out as well as inhale and exhale only air-bodied beings ?

[Ans.] Yes, Gautam ! Air-bodied beings breathe-in and breathe-out as well as inhale and exhale only air-bodied beings.

७. [प्र. १] वाउयाए णं भंते ! वाउयाए चेव अणेगसयसहस्सखुत्तो उद्दाइत्ता उद्दाइत्ता तत्थेव भुज्जो भुज्जो पच्चायाति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! जाव पच्चायाति।

७. [प्र. १] भगवन् ! क्या वायुकाय, वायुकाय मे ही अनेक लाखों बार मरकर पुनः-पुनः (वायुकाय मे ही) उत्पन्न होता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वायुकाय, वायुकाय मे ही अनेक लाखो बार मरकर पुनः-पुनः वही उत्पन्न होता है।

7. [Q. 1] *Bhante* ! Do air-bodied beings die and are reborn as air-bodied beings again and again several hundreds of thousand times ?

[Ans.] Yes, Gautam ! Air-bodied beings die and are reborn as air-bodied beings again and again several hundreds of thousand times.

[प्र. २] से भंते किं पुट्ठे उद्दाति ? अपुट्ठे उद्दाति ?

[उ.] गोयमा ! पुट्ठे उद्दाइ, नो अपुट्ठे उद्दाइ।

[प्र. २] भगवन् ! क्या वायुकाय स्व-जाति के अथवा पर-जाति के जीवो के साथ स्पृष्ट होकर मरण पाता है अथवा बिना स्पृष्ट हुए ही मरण पाता है ?

[उ.] गौतम ! वायुकाय, स्पृष्ट होकर (स्व-काय या पर-काय शस्त्र से) मरण पाता है, किन्तु स्पृष्ट हुए बिना मरण नही पाता।

[Q. 2] *Bhante* ! Do the air-bodied beings die by touch (of beings of the same or other class) or without touch ?

[Ans.] Gautam ! The air-bodied beings die by touch (of beings of the same or other class) and not without a touch.

[प्र. ३] से भंते ! किं ससरीरी निक्खमइ, असरीरी निक्खमइ ?

[उ.] गोयमा ! सिय ससरीरी निक्खमइ, सिय असरीरी निक्खमइ।

[प्र.] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ सिय ससरीरी निक्खमइ, सिय असरीरी निक्खमइ ?

[उ.] गोयमा ! वाउकायस्स णं चत्तारि सरीरया पण्णत्ता, तं जहा—ओरालिए वेउव्विए तेयए कम्मए। ओरालिय-वेउव्वियाइं विप्पजहाय तेयय-कम्मएहिं निक्खमति, से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ-सिय ससरीरी सिय असरीरी निक्खमइ।

[प्र. ३] भगवन् ! वायुकाय मरकर (जब दूसरी पर्याय मे परलोक मे जाता है, तब) शरीर-सहित होकर जाता है या शरीररहित होकर जाता है ?

[उ.] गौतम ! वह कथंचित् (किसी अपेक्षा से) शरीर-सहित होकर जाता है, कथंचित् शरीररहित होकर जाता है।

[प्र.] भगवन् ! ऐसा आप किस कारण से कहते है कि वायुकाय का जीव जब निकलता है, तब वह कथंचित् शरीर-सहित और कथंचित् शरीररहित होकर निकलता है ?

[उ.] गौतम ! वायुकाय के चार शरीर हैं-(१) औदारिक, (२) वैक्रिय, (३) तैजस्, और (४) कार्मण। इनमे से वह औदारिक और वैक्रियशरीर को छोडकर दूसरे भव मे जाता है, इस अपेक्षा से वह शरीररहित जाता है और तैजस् तथा कार्मणशरीर को साथ लेकर जाता है, इस अपेक्षा से वह शरीर-सहित (सशरीरी) जाता है। इसलिए गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि वायुकाय मरकर दूसरे भव में कथंचित् सशरीरी और कथंचित् अशरीरी जाता है।

[Q. 3] *Bhante* ! On dying, do the air-bodied beings go out (to get reborn in other form and place) with the body or without it ?

[Ans.] Gautam ! In some context (*kathanchit*) they go out with the body and in some context without it.

[Q.] *Bhante* ! Why do you say that in some context (*kathanchit*) they go out with the body and in some context without it ?

[Ans.] Gautam ! Air-bodied beings have four types of bodies—(1) *Audarik* (gross physical), (2) *Vaikriya* (transmutable), (3) *Taijas* (fiery), and (4) *Karman* (*karmic*). Of these, they go out without gross physical and transmutable bodies to their next birth, in this context they go out without the body And they go with fiery and *karmic* bodies to their next birth; in this context they go with the body. That is why Gautam ! It is said that on dying the air-bodied beings go out (to get reborn in other form and place) with the body in some context and without it in some context.

विवेचन : वायुकाय के श्वासोच्छ्वास—सामान्यतया वायुकाय के अतिरिक्त पृथ्वी, जल, तेज एवं वनस्पति तो वायुरूप में श्वासोच्छ्वास ग्रहण करते हैं, किन्तु वायुकाय तो स्वयं वायुरूप है तो उसे श्वासोच्छ्वास के रूप में क्या दूसरे वायु की आवश्यकता रहती है? यहाँ पर यह प्रश्न किया है।

इस शंका का समाधान यह है कि वायुकाय जीव है, उसे दूसरी वायु के रूप में श्वासोच्छ्वास की आवश्यकता रहती है, लेकिन ग्रहण की जाने वाली वह दूसरी वायु सजीव नहीं, निर्जीव (जड) होती है, उसे किसी दूसरे सजीव वायुकाय की श्वासोच्छ्वास के रूप मे आवश्यकता नहीं रहती इसलिए यहाँ अनवस्थादोष भी नहीं आ सकता।

वायुकाय आदि की कायस्थिति—पृथ्वीकाय, अप्काय, तेजस्काय और वायुकाय, इन चार की कायस्थिति असंख्य अवसर्पिणी–उत्सर्पिणी तक है तथा वनस्पतिकाय की कायस्थिति अनन्त अवसर्पिणी–उत्सर्पिणी पर्यन्त है।

Elaboration—Respiration in air-bodied beings—Generally speaking other beings, such as earth, water, fire and plant-bodied ones, inhale and exhale air. But air-bodied beings exist in the form of air only, so do they require outside air for respiration ? This is the doubt expressed.

The explanation for this is that air-bodied beings are living organism therefore they certainly require respiration. However, the air they inhale and exhale is lifeless and they do not require other air-bodied beings for this Thus the concept is neither illogical nor impractical.

The life of air-bodied and the lot—The duration of existence of earth, water. fire and air-bodied beings is innumerable *Avasarpini-utsarpini* (regressive and progressive cycle of time) and that of plant-bodied ones is infinite *Avasarpini-utsarpini*.

मृतादी निर्ग्रन्थों के भवभ्रमण REBIRTHS OF MRITADI ASCETICS

८. [प्र. १] मडाई णं भंते ! नियंठे नो निरुद्धभवे, नो निरुद्धभवपवंचे, णो पहीणसंसारे, णो पहीणसंसारवेदणिज्जे, णो वोच्छिण्णसंसारे, णो वोच्छिण्णसंसारवेदणिज्जे, नो निट्ठियट्ठे नो निट्ठियट्ठकरणिज्जे पुणरवि इत्तत्थं हव्वमागच्छति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! मडाई णं नियंठे जाव पुणरवि इत्तत्थं हव्वमागच्छइ।

८. [प्र. १] भगवन् ! जिसने भव (जन्म) का निरोध नही किया, भव (जन्म) के प्रपचो का निरोध नहीं किया, जिसका ससार क्षीण नही हुआ, जिसका संसार–वेदनीयकर्म क्षीण नही हुआ, जिसका चतुर्गति रूप ससार व्युच्छिन्न नही हुआ, जिसका ससार–वेदनीयकर्म व्युच्छिन्न नहीं हुआ, जो निष्ठितार्थ (कृतार्थ) नही हुआ, जिसका कार्य (करणीय) समाप्त नहीं हुआ; ऐसा मृतादि (अचित्त, निर्दोष आहार करने वाला) अनगार पुनः मनुष्यभव आदि भवो को प्राप्त होता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! पूर्वोक्त स्वरूप वाला मृतादी निर्ग्रन्थ फिर मनुष्यभव आदि भवो को प्राप्त होता है।

8. [Q. 1] *Bhante* ! Does a *mrıtadi* (alms eating; one who eats only *cchitt* and faultless food) ascetic, who has not eliminated rebirth (*bhava nırodh*), who has not eliminated vagaries of life (*bhava-prapanch nirodh*), who has not destroyed the cycles of rebirth (*samsar*), who has not destroyed the *karma* responsible for his cyclic rebirth (*samsar-vedaniya karma*), who has not terminated the cyclic rebirths in four genuses, who has not terminated the *karma* responsible for his cyclic rebirths ın four genuses, who has not attained the desired (*nishtitarth*), and who has not accomplished hıs mıssion (*karaniya*), get reborn again as human and other beings ?

[Ans.] Yes, Gautam ! A *mrıtadi* ascetıc as descrıbed here gets reborn agaın as human and other beings

[प्र. २] से णं भंते ! किं ति वत्तव्वं सिया ?

[उ.] गोयमा ! पाणे' त्ति वत्तव्वं सिया, भूते' त्ति वत्तव्वं सिया, जीवे' त्ति वत्तव्वं सिया, सत्ते' त्ति वत्तव्वं सिया, विण्णू' त्ति वत्तव्वं सिया, वेदे' त्ति वत्तव्वं सिया–पाणे भूए जीवे सत्ते विण्णू वेदे त्ति वत्तव्वं सिया।

[प्र.] से केणट्ठेणं भंते ! पाणे त्ति वत्तव्वं सिया जाव वेदे त्ति वत्तव्वं सिया ?

[उ.] गोयमा ! जम्हा आणमइ वा पाणमइ वा उस्ससइ वा नीससइ वा तम्हा पाणे त्ति वत्तव्वं सिया। जम्हा भूते भवति भविस्सति य तम्हा भूए त्ति वत्तव्वं सिया। जम्हा जीवे जीवइ जीवत्तं आउयं च कम्मं उवजीवइ तम्हा जीवे त्ति वत्तव्वं सिया। जम्हा सत्ते सुभासुभेहिं कम्मेहिं तम्हा सत्ते त्ति वत्तव्वं सिया। जम्हा तित्त–कडुय–कसायंऽबिल–महुरे रसे जाणइ तम्हा विण्णू त्ति वत्तव्वं सिया। जम्हा वेदेइ य सुह–दुक्खं तम्हा वेदे त्ति वत्तव्वं सिया। से तेणट्ठेणं जाव पाणे त्ति वत्तव्वं सिया जाव वेदे त्ति वत्तव्वं सिया।

[प्र. २] भगवन् ! पूर्वोक्त निर्ग्रन्थ के जीव को किस शब्द से कहना चाहिए ?

[उ.] गौतम ! उसे कदाचित् 'प्राण' कहना चाहिए, कदाचित् 'भूत' कहना चाहिए, कदाचित् 'जीव' कहना चाहिए, कदाचित् 'सत्व' कहना चाहिए, कदाचित् 'विज्ञ' कहना चाहिए, कदाचित् 'वेद' कहना चाहिए और कदाचित् 'प्राण, भूत, जीव, सत्त्व, विज्ञ और वेद' कहना चाहिए।

[प्र.] हे भगवन् ! उसे 'प्राण' कहना चाहिए, यावत्–'वेद' कहना चाहिए, इसका क्या कारण है ?

[उ.] गौतम ! पूर्वोक्त निर्ग्रन्थ का जीव, बाह्य और आभ्यन्तर उच्छ्वास तथा नि श्वास लेता और छोडता है, इसलिए उसे **'प्राण'** कहना चाहिए। वह भूतकाल मे था, वर्तमान मे है और भविष्यकाल में रहेगा, इसलिए उसे **'भूत'** कहना चाहिए। तथा वह जीव होने से जीता है, जीवत्व एवं आयुष्यकर्म का अनुभव करता है, इसलिए उसे **'जीव'** कहना चाहिए। वह शुभ और अशुभ कर्मों से सम्बद्ध है, इसलिए उसे **'सत्व'** कहना चाहिए। वह तिक्त (तीखा), कटु, कषाय (कसैला), खट्टा और मीठा, इन रसों का वेत्ता (ज्ञाता) है, इसलिए उसे **'विज्ञ'** कहना चाहिए, तथा वह सुख–दु ख का वेदन (अनुभव) करता है,

इसलिए उसे 'वेद' कहना चाहिए। इस कारण गौतम ! पूर्वोक्त निर्ग्रन्थ के जीव को 'प्राण' यावत्-'वेद' कहा जा सकता है।

[Q. 2] *Bhante* ! What should the aforesaid ascetic be called ?

[Ans.] Gautam ! He may be called *praan*, he may be called *bhoot*, he may be called *jiva*, he may be called *satva*, he may be called *vijna*, he may be called *veda* and he may also be called *praan, bhoot, jiva, satva, vijna* and *veda* (all together)

[Q.] *Bhante* ! What is the reason that he may be called *praan*... and so on up to .. *veda* ?

[Ans.] Gautam ! He may be called *praan* because he breathes-in and breathes-out as well as inhales and exhales. He may be called *bhoot* because (as soul) he existed in the past, exists at present and will exist in the future He may be called *jiva* because he lives, experiences the state of existence as a living being and the *karmas* determining life-span. He may be called *satva* because he is associated with noble and ignoble *karmas*. He may be called *vijna* because he knows and distinguishes tastes including bitter (*tikt*), pungent (*katu*), astringent (*kashaya*), sour (*khatta*) and sweet (*meetha*) He may be called *veda* because he experiences happiness and misery This is the reason, Gautam ! The aforesaid ascetic may be called *praan* and so on up to... *veda*.

९. [प्र. १] मडाई णं भंते ! नियंठे निरुद्धभवे निरुद्धभवपवंचे जाव निट्ठियट्ठकरणिज्जे णो पुणरवि इत्तत्थं हव्वमागच्छति ?

[उ.] हंता, गोयमा ! मडाई णं नियंठे जाव नो पुणरवि इत्थत्थं हव्वमागच्छति।

[प्र. २] से णं भंते ! किं ति वत्तव्वं सिया ?

[उ.] गोयमा ! सिद्धे त्ति वत्तव्वं सिया, बुद्धे त्ति वत्तव्वं सिया, मुत्ते त्ति वत्तव्वं सिया, पारगए त्ति व., परंपरगए त्ति व., सिद्धे बुद्धे मुत्ते परिनिव्वुडे अंतकडे सव्वदुक्खप्पहीणे त्ति वत्तव्वं सिया।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरति।

९. [प्र. १] भगवन् ! जिसने ससार का निरोध किया है, जिसने ससार के प्रपंच का निरोध किया है, यावत् जिसने अपना कार्य सिद्ध कर लिया है, ऐसा मृतादी (प्रासुकभोजी) अनगार क्या फिर मनुष्यभव आदि भवों को प्राप्त नही होता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! पूर्वोक्त स्वरूप वाला निर्ग्रन्थ अनगार फिर मनुष्यभव आदि भवो को प्राप्त नहीं होता।

[प्र. २] भगवन् ! पूर्वोक्त स्वरूप वाले निर्ग्रन्थ के जीव को किस शब्द से कहना चाहिए ?

[उ.] गौतम ! पूर्वोक्त स्वरूप वाले निर्ग्रन्थ को 'सिद्ध' कहा जा सकता है, 'बुद्ध' कहा जा सकता है, 'मुक्त' कहा जा सकता है, 'पारगत' (संसार के पार पहुँचा हुआ) कहा जा सकता है, 'परम्परागत' (अनुक्रम से संसार के पार पहुँचा हुआ) कहा जा सकता है। उसे सिद्ध, बुद्ध, मुक्त, परिनिर्वृत, अन्तकृत् एव सर्वदु:खप्रहीण कहा जा सकता है।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है'; यों कहकर भगवान गौतम स्वामी श्रमण भगवान महावीर को वन्दना-नमस्कार करके फिर संयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करते हुए विचरण करते है।

9. [Q. 1] *Bhante* ! Does a *mritadi* (alms eating, one who eats only *achitt* and faultless food) ascetic, who has eliminated rebirth, who has eliminated vagaries of life . and so on up to , who has accomplished his mission, not get reborn again as human and other beings ?

[Ans.] Yes, Gautam ! A *mritadi* ascetic as described here does not get reborn again as human and other beings.

[Q. 2] *Bhante* ! What should the aforesaid ascetic be called ?

[Ans.] Gautam ! He may be called *Siddha* (perfected one), he may be called *Buddha* (enlightened one), he may be called *Mukta* (liberated one), he may be called *Paaragat* (one who has reached across the ocean of rebirths), he may be called *Paramparagat* (who has gradually crossed the ocean of rebirths), and he may also be called *Siddha, Buddha, Mukta, Paaragat* and *Paramparagat* (all together)

"*Bhante* ! Indeed that is so Indeed that is so " With these words . and so on up to. ascetic Gautam resumed his activities

स्कन्दक परिव्राजक SKANDAK PARIVRAJAK

१०. तए णं समणे भगवं महावीरे रायगिहाओ नगराओ गुणसिलाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता बहिया जणवयविहारं विहरइ।

११. तेणं कालेणं तेणं समएणं कयंगला नामं नयरी होत्था। वण्णओ। तीसे णं कयंगलाए नयरीए बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए छत्तपलासए नामं चेइए होत्था। वण्णओ। तए णं समणे भगवं महावीरे उप्पण्णनाण-दंसणधरे जाव समोसरणं। परिसा निगच्छति।

१०. एक समय श्रमण भगवान महावीर स्वामी राजगृह नगर के गुणशील चैत्य (उद्यान) से विहार कर अन्य जनपदो मे विचरने करने लगे।

११. उस काल उस समय में कृतंगला नाम की नगरी थी। उसका वर्णन औपपातिकसूत्र के अनुसार है। उस कृतंगला नगरी के बाहर उत्तर-पूर्व दिशा के मध्य (ईशानकोण) में छत्रपलाशक नाम का चैत्य था। चैत्य वर्णन औपपातिकसूत्र के अनुसार है। वहाँ किसी समय केवलज्ञान-केवलदर्शन के धारक श्रमण भगवान महावीर स्वामी पधारे। यावत्-भगवान का समवसरण लगा। परिषद् धर्मोपदेश सुनने के लिए गई।

10. Once Shraman Bhagavan Mahavir left Gunashila Chaitya in Rajagriha city and moved about in other inhabited areas.

11. During that period of time there was a city called Kritangala. Description as in *Aupapatik Sutra*. In the north-eastern direction outside the city there was a garden called Chhatrapalashak. Description of the *Chaitya* as in *Aupapatik Sutra*. Endowed with *Keval-jnana* and *Keval-darshan*, Bhagavan Mahavir arrived there... and so on up to... *Bhagavan* arrived at *Samavasaran* (divine assembly). People came out to attend.

१२. तीसे णं कयंगलाए नयरीए अदूरसामंते सावत्थी नामं नयरी होत्था। वण्णओ। तत्थ णं सावत्थीए नयरीए गद्दभालस्स अंतेवासी खंदए नामं कच्चायणसगोत्ते परिव्वायगे परिवसइ, रिउव्वेद-जजुव्वेद-सामवेद-अथव्वणवेद इतिहासपंचमाणं निघंटुछट्ठाणं चउण्हं वेदाणं संगोवंगाणं सरहस्साणं सारए वारए पारए सडंगवी सट्ठितंतविसारए संखाणे सिक्खाकप्पे वागरणे छंदे निरुत्ते जोतिसामयणे अन्नेसु य बहूसु बंभण्णएसु परिव्वायएसु य नयेसु सुपरिनिट्ठिए यावि होत्था।

१२. उस कृतंगला नगरी के निकट श्रावस्ती नगरी थी। उस श्रावस्ती नगरी में गर्दभाल नामक परिव्राजक का शिष्य कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक नाम का परिव्राजक (तापस) रहता था। वह ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद, इन चार वेदो, पाँचवें इतिहास (पुराण), छठे निघण्टु नामक कोश का तथा अगो-उपागो सहित वेदों का सारक (स्मरण कराने वाला-पाठक), वारक (अशुद्ध पाठ बोलने से रोकने वाला), धारक (पढे हुए वेदादि को धारण करने वाला), पारक (वेदादि शास्त्रों का पारगामी), वेद के छह अगो का वेत्ता था। वह षष्टितंत्र (साख्यशास्त्र) मे विशारद था, वह गणितशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, व्याकरणशास्त्र, छन्दशास्त्र, निरुक्त (व्युत्पत्ति) शास्त्र और ज्योतिषशास्त्र, इन सब शास्त्रों में तथा दूसरे बहुत से ब्राह्मण और परिव्राजक-सम्बन्धी नीति और दर्शनशास्त्रो मे भी अत्यन्त निष्णात था।

12. Not far from the city of Kritangala was a city called Shravasti. In Shravasti lived a *Parivrajak* (one who renounces everything and takes to peripatetic life) named Skandak He belonged to Katyayan clan (*gotra*) and was a disciple of *Parivrajak* Gardhabhal He was a reciter (*saarak*), amender (*vaarak*), recollector (*dhaarak*) and expert of four *Vedas* namely *Rigveda, Yajurveda, Saamveda, Atharvaveda,* fifth history (*Purana*), sixth *Nighantu* (*Vedic* lexicon) and all supplemental works on the *Vedas*. He was a scholar of six auxiliary parts of the *Vedas*. He was a master of *Shashtitantra* (*Sankhya* philosophy). He was also an accomplished

scholar of *Ganit Shastra* (mathematics), *Shiksha Shastra* (education), *Kalp* (rituals), *Vyakaran Shastra* (grammar), *Chhanda Shastra* (poetics or prosody), *Nirukta Shastra* (etymology) and *Jyotish Shastra* (astrolgoy) besides many other ethical and philosophical works related to Brahmins and *Parivrajaks*

१३. तत्थ णं सावत्थीए नयरीए पिंगलए नामं नियंठे वेसालियसावए परिवसइ। तए णं से पिंगलए णामं णियंठे वेसालियसावए अण्णदा कयाइं जेणेव खंदए कच्चायणसगोत्ते तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता खंदगं कच्चायणसगोत्तं इणमक्खेवं पुच्छे–मागहा ! किं सअंते लोए, अणंते लोए १, सअंते जीवे अणंते जीवे २, सअंता सिद्धी अणंता सिद्धी ३, सअंते सिद्धे अणंते सिद्धे ४, केण वा मरणेणं मरमाणे जीवे वड्ढति वा हायति वा ५ ? एतावं ताव आयक्खाहि। वुच्चमाणे एवं।

१३. उसी श्रावस्ती नगरी मे वैशालिक श्रावक–(भगवान महावीर के वचनो को सुनने वाला) पिगल नामक निर्ग्रन्थ था। एकदा वह वैशालिक श्रावक पिगल नामक निर्ग्रन्थ किसी दिन जहाँ कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक परिव्राजक रहता था, उसके पास आया और उसने आक्षेपपूर्वक (सन्देह निवारण हेतु) कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक से पूछा–'मागध ! (मगधदेश मे जन्मे हुए)', (१) लोक सान्त (अन्त वाला) है या अनन्त (अन्तरहित) है ? (२) जीव सान्त है या अनन्त है ? (३) सिद्धि सान्त है या अनन्त है ? (४) सिद्ध सान्त है या अनन्त है ? (५) किस मरण से मरता हुआ जीव ससार बढाता है और किस मरण से मरता हुआ जीव ससार घटाता है ? इतने प्रश्नो का उत्तर दो (कहो)।

13. In Shravasti also lived a *Vaishalik Shravak* (a person profoundly devoted to the words of Bhagavan Mahavir) named ascetic Pingal One day that *Vaishalik Shravak* ascetic Pingal came where *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan lived and inquisitively asked—O Maagadh (Magadh born) ! (1) Is the *Lok* (occupied space) with or without limit ? (2) Are the souls (*jiva*) with or without limit ? (3) Is the state of *Siddhi* (perfection or liberation) with or without limit ? (4) Are the *Siddhas* (perfected or liberated souls) with or without limit ? (5) By what kind of death a dying being increases the cycles of rebirth (*samsar*) and by what kind of death a dying being reduces the cycles of rebirth (*samsar*) ? Please answer these questions

१४. तए णं से खंदए कच्चायणसगोत्ते पिंगलएणं णियंठेणं वेसालीसावएणं इणमक्खेवं पुच्छिए समाणे संकिए कंखिए वितिगिंछिए भेदसमावन्ने कलुससमावन्ने णो संचाएइ पिंगलयस्स नियंठस्स वेसलियसावयस्स किंचि वि पमोक्खमक्खाइउं, तुसिणीए संचिट्ठइ।

१४. इस प्रकार उस कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक तापस से वैशालिक श्रावक पिगल निर्ग्रन्थ ने पूर्वोक्त प्रश्न पूछे, तब स्कन्दक तापस शकाग्रस्त हुआ, (इन प्रश्नों के उत्तर कैसे दूँ, मुझे इन प्रश्नो का उत्तर कैसे आयेगा ? इस प्रकार की) कांक्षा (मेरा उत्तर ठीक होगा या नही) उत्पन्न हुई; विचिकित्सा उत्पन्न हुई

(कि अब मै जो उत्तर दूँ, उससे प्रश्नकर्ता को सन्तोष होगा या नहीं ?); उसकी बुद्धि में भेद उत्पन्न हुआ (कि मैं क्या करूँ ?); उसके मन में कालुष्य (क्षोभ) उत्पन्न हुआ (कि अब मैं तो इस विषय में कुछ भी नहीं जानता), इस कारण वह तापस, वैशालिक श्रावक पिंगल निर्ग्रन्थ के प्रश्नों का कुछ भी उत्तर (प्रमोक्ष–प्रश्नरूपी बंधन से मुक्त होने का उपाय) नहीं सूझने पर चुपचाप रह गया।

14. When *Vaishalik Shravak* ascetic Pingal asked the aforesaid questions to *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan, the latter was filled with *shanka* (doubt as to how to find answers to these questions and how to reply ?), *kanksha* (apprehension that the answers will be correct or not ?), *vichikitsa* (incredulity that the answer will satisfy the inquirer or not ?), *bhed* (disjunction as to what to do and what not ?) and *kalushya* (distress that he was ignorant on the subject). When he failed to find any solution (*pramoksh*) to the problem he faced, that *Parivrajak* gave no reply to *Vaishalik Shravak* ascetic Pingal's questions and remained silent.

१५. तए णं से पिंगलए नियंठे वेसालीसावए खंदयं कच्चायणसगोत्तं दोच्चं पि तच्चं पि इणमक्खेवं पुच्छे–मागहा ! किं सअंते लोए जाव केण वा मरणेणं मरमाणे जीवे वड्ढइ वा हायति वा ? एतावं ताव आइक्खाहि वुच्चमाणे एवं।

१५. इसके पश्चात् उस वैशालिक श्रावक पिंगल निर्ग्रन्थ ने कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक परिव्राजक से दो बार, तीन बार भी उन्हीं प्रश्नो को पूछा कि–मागध ! लोक सान्त है या अनन्त ? यावत्–किस मरण से मरने से जीव का ससार बढता या घटता है ? इतने प्रश्नों का उत्तर दो।

15. Then *Vaishalik Shravak* ascetic Pingal repeated the aforesaid questions to *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan two-three times— O Maagadh (Magadh born) ! Is the *Lok* with or without limit ?.. and so on up to . by what kind of death a dying being expands the cycles of rebirth (*samsar*) and by what kind of death a dying being reduces the cycles of rebirth (*samsar*) ? Please answer these questions.

१६. तए णं से खंदए कच्चाणसगोत्ते पिंगलएणं नियंठेणं वेसालीसावएणं दोच्चं पि तच्चं पि इणमक्खेवं पुच्छिए समाणे संकिए कंखिए वितिगिंछिए भेदसमावण्णे कलुससमावन्ने नो संचाएइ पिंगलयस्स नियंठस्स वेसालिसावयस्स किंचि वि पमोक्खमक्खाइउं, तुसिणीए संचिट्ठइ।

१६. जब वैशालिक श्रावक पिगल निर्ग्रन्थ ने कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक परिव्राजक से दो–तीन बार पुन. उन्हीं प्रश्नो को पूछा तो वह पुन· पूर्ववत् शकित, काक्षित, विचिकित्साग्रस्त, भेदसमापन्न तथा कालुष्य को प्राप्त हुआ, किन्तु वैशालिक श्रावक पिगल निर्ग्रन्थ के प्रश्नों का कुछ भी उत्तर न दे सका। अत चुप होकर रह गया।

16. When *Vaishalik Shravak* ascetic Pingal again repeated the aforesaid questions to *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan two-three times, the latter was filled with *shanka, kanksha, vichikitsa, bhed* and *kalushya*. He failed to reply to *Vaishalik Shravak* ascetic Pingal's questions and remained silent

स्कन्दक का भगवान की सेवा में आगमन SKANDAK APPROACHES BHAGAVAN

१७. तए णं सावत्थीए नयरीए सिंघाडग जाव महापहेसु महया जणसम्मद्दे इ वा जणवूहे इ वा परिसा निग्गच्छइ।

तए णं तस्स खंदयस्स कच्चायणसगोत्तस्स बहुजणस्स अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म इमेयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए पत्थिए मणोगए संकप्पे समुप्पज्जित्था–'एवं खलु समणे भगवं महावीरे, कयंगलाए नयरीए बहिया छत्तपलासए चेइए सजंमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ। तं गच्छामि णं, समणं भगवं महावीरं वंदामि नमंसामि सेयं खलु मे समणं भगवं महावीरं वंदित्ता णमंसित्ता सक्कारेत्ता सम्माणित्ता कल्लाणं मंगलं देवयं चेइयं पज्जुवासित्ता इमाइं च णं एयारूवाइं अट्ठाइं हेऊइं पसिणाइं कारणाइं वागरणाइं पुच्छित्तए' त्ति कट्टु।

एवं संपेहेइ, संपेहित्ता जेणेव परिव्वायावसहे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता तिदंडं च कुंडियं च कंचणियं च करोडियं च भिसियं च केसरियं च छन्नालयं च अंकुसयं च पवित्तयं च गणेत्तियं च छत्तयं च वाहणाओ य पाउयाओ य धाउरत्ताओ य गेण्हइ, गेण्हइत्ता परिव्वायावसहाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता तिदंड–कुंडिय–कंचणिय–करोडिय–भिसिय–केसरिय–छन्नालय–अंकुसय–पवित्तय–गणेत्तियहत्थगए छत्तोवाहणसंजुत्ते धाउरत्तवत्थपरिहिए सावत्थीए नगरीए मज्झंमज्झेणं निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता जेणेव कयंगला नगरी जेणेव छत्तपलासए चेइए जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव पहारेत्थ गमणाए।

१७. उस समय श्रावस्ती नगरी मे जहाँ तीन मार्ग, चार मार्ग और बहुत से मार्ग मिलते हैं, वहाँ तथा महापथो मे जनता की भारी भीड समूह रूप में चल रही थी, लोग इस प्रकार बाते कर रहे थे कि 'श्रमण भगवान महावीर स्वामी कृतगला नगरी के बाहर छत्रपलाशक नामक उद्यान में पधारे है।' जनता भगवान महावीर को वन्दना करने के लिए निकली। उस समय बहुत से लोगों के मुँह से भगवान महावीर के पदार्पण की बात सुनकर उस कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक तापस के मन मे इस प्रकार का अध्यवसाय, चिन्तन, अभिलाषा एवं सकल्प उत्पन्न हुआ कि श्रमण भगवान महावीर कृतंगला नगरी के बाहर छत्रपलाशक उद्यान मे तप–संयम से अपनी आत्मा को भावित करते हुए विराजमान हैं। अतः मैं उनके पास जाऊँ, उन्हें वन्दना–नमस्कार करूँ। मेरे लिए यह श्रेयस्कर है कि मै श्रमण भगवान महावीर को वन्दना–नमस्कार करके, उनका सत्कार–सम्मान करके, उन कल्याणरूप, मगलरूप, देवरूप और चैत्यरूप भगवान महावीर स्वामी की पर्युपासना करूँ, तथा उनसे इन और इस प्रकार के अर्थों, हेतुओ, प्रश्नों, कारणो और व्याख्याओ आदि को पूछूँ।

यों पूर्वोक्त प्रकार से विचार कर वह स्कन्दक तापस, जहाँ परिव्राजकों का मठ था, वहाँ आया। वहाँ आकर त्रिदण्ड, कुण्डी, रुद्राक्ष की माला (कांचनिका), करोटिका (एक प्रकार की मिट्टी का बर्तन), भृशिका आसन, केसरिका (बर्तनों को साफ करने का कपड़ा), त्रिगड़ी (छन्नालय), अंकुशक (वृक्ष के पत्तों को एकत्रित करने के अंकुश जैसा साधन), पवित्री (अंगूठी), गणेत्रिका (कलाई में पहनने का एक प्रकार का आभूषण), छत्र (छाता), पगरखी, पादुका (खड़ाऊँ), धातु (गैरिक) से रंगे हुए वस्त्र (गेरुए कपड़े), इन सब तापस के उपकरणो को लेकर परिव्राजकों के आवसथ (मठ) से निकला। वहाँ से निकलकर त्रिदण्ड, कुण्डी रुद्राक्षमाला, करोटिका, भृशिका, केसरिका, त्रिगडी, अंकुशक, अंगूठी और गणेत्रिका, इन्हे हाथ मे लेकर, छत्र और पगरखी से युक्त होकर, तथा गेरुए वस्त्र पहनकर श्रावस्ती नगरी के मध्य मे से निकलकर जहाँ कृतगला नगरी में जहाँ छत्रपलाशक चैत्य था और जहाँ श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, उसी ओर प्रस्थान किया।

17. At that time a large number of people were moving around at public places like triangular courtyards (*singhatak*), crossings of three, four and more paths and on highways in Shravasti city. They were talking among themselves—Shraman Bhagavan Mahavir has arrived in Chhatrapalashak garden outside Kritangala city. People went out to pay homage to Bhagavan Mahavir.

Listening from people about the arrival of Bhagavan Mahavir, that *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan had an ausciety (***adhyavasaya***), thought (*chintan*), desire (***abhilasha***) and resolve (***sankalp***) as follows—'Shraman Bhagavan Mahavir is staying in Chhatrapalashak garden outside Kritangala city enkindling (***bhaavit***) his soul with ascetic-discipline and austerities. Therefore, I should go to him and pay my homage and obeisance. It would be beneficial for me that, after paying him homage and obeisance, after honouring and respecting him, I should worship him, who is the embodiment of beatitude, piety, who is the god of gods and pilgrimage personified Having done that I should ask him all such meanings (***arth***), causes (***hetu***), questions (***prashna***), reasons (***kaaran***) and elaborations (*vyakhya*) etc

With these thoughts he came to the abode of *Parivrajaks*. From there he collected all the traditional paraphernalia of his holy order including—*Tridand* (trident), *Kundi* (bowl), *Kanchanika* (garland of Rudraksh), *Karotika* (earthen pot), *Bhrishika* (mattress), *Kesarika* (a piece of cloth for cleaning pots), *Trigadi* or *Chhannalika* (a wooden instrument), *Ankush* (a lancet to cut leaves), *Pavitri* (copper ring), *Ganetrika* (wrist band), *Chhatra* (umbrella), *Upanah* (shoes), *Paduka* (wooden sandals) and saffron coloured dress and came out of that abode

of *Parivrajaks*. After that carrying *Tridand, Kundi, Kanchanika, Karotika, Bhrishika, Kesarika, Trigadi, Ankush, Pavitri* and *Ganetrika* in his hands; getting equipped with *Chhatra* and *Upanah* and attiring himself in saffron coloured dress, he passed through the city of Shravasti and proceeded towards Kritangala city where Shraman Bhagavan Mahavir was stationed in Chhatrapalashak garden.

गौतम स्वामी द्वारा स्कन्दक का स्वागत WELCOME BY GAUTAM SWAMI

१८. [१] 'गोयमा !' इ समणे भगवं महावीरे भगवं गोयमं एवं वयासी—दच्छिसि णं गोयमा ! पुव्वसंगतियं।

[प्र. २] कं णं भंते ?

[उ.] खंदयं नाम।

[प्र. ३] से काहे वा ? किह वा ? केवच्चिरेण वा ?

[उ.] एवं खलु गोयमा ! तेणं कालेणं तेणं समएण सावत्थी नामं नगरी होत्था। वण्णओ। तत्थ णं सावत्थीए नगरीए गद्दभालस्स अंतेवासी खंदए णामं कच्चायणसगोत्ते परिव्वायए परिवसइ, तं चेव जाव जेणेव ममं अंतिए तेणेव पहारेत्थ गमणाए। से य अदूरागते बहुसंपत्ते अद्धाणपडिवन्ने अंतरापहे वट्टइ। अज्जेव णं दच्छिसि गोयमा।

[प्र. ४] 'भंते !' त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं वंदइ नमंसइ, २ एवं वयासी—पहू णं भंते ! खंदए कच्चायणसगोत्ते देवाणुप्पियाणं अंतिए मुंडे भवित्ता णं अगाराओ अणगारियं पव्वइत्तए ?

[उ.] हंता, पभू।

१८. [१] तब श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने अपने ज्येष्ठ शिष्य इन्द्रभूति अनगार को सम्बोधित करके कहा–'गौतम ! (आज) तू अपने पूर्व के साथी (पूर्वजन्म के मित्र) को देखेगा।'


[प्र. २] 'भगवन् ! मै (आज) किसको देखूँगा ?

[उ.] गौतम ! तू स्कन्दक (नामक तापस) को देखेगा।

[प्र. ३] 'भगवन् ! मै उसे कब, किस तरह से और कितने समय बाद देखूँगा ?'

[उ.] 'गौतम ! उस काल उस समय मे श्रावस्ती नाम की नगरी थी। उस श्रावस्ती नगरी में गर्दभाल नामक परिव्राजक का शिष्य कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक नामक परिव्राजक रहता है। इससे सम्बन्धित पूरा वृत्तान्त पहले के अनुसार जान लेना चाहिए। यावत्–उस स्कन्दक परिव्राजक ने जहाँ मै हूँ, वहाँ–मेरे पास आने के लिए सकल्प कर लिया है। वह अपने स्थान से प्रस्थान करके मेरे पास आ रहा है। वह बहुत–सा मार्ग पार करके (जिस स्थान में हम हैं उससे) अत्यन्त निकट पहुँच गया है। अभी वह मार्ग मे चल रहा है। वह बीच के मार्ग पर है। हे गौतम ! तू आज ही उसे देखेगा।'

स्कन्दक परिव्राजक



चित्र परिचय-४

Illustration No. 4

स्कन्दक परिव्राजक : भगवान के समवसरण में

(१) एक समय भगवान महावीर कृतगला नगरी के छत्रपलाश उद्यान मे पधारे। श्रावस्ती निवासी गर्दभाली ऋषि के शिष्य स्कन्दक परिव्राजक ने हजारो स्त्री पुरुषो को भगवान के दर्शन करने उद्यान की ओर जाते हुए देखा। स्कन्दक परिव्राजक भी भगवान महावीर के दर्शन करने को उत्सुक हुआ। अपने छत्र, आसन, दण्ड आदि साथ लेकर गले मे मालाएँ डाल ली मन की अनेक शकाओ का समाधान पाने के लिए भगवान के समवसरण की तरफ चला।

(२) समवसरण मे विराजित प्रभु महावीर ने गणधर गौतम से फरमाया-गौतम ! आज तुम अपने पूर्व (पूर्वजन्म) के परिचित मित्र स्कन्दक परिव्राजक को देखेगा। उससे मिलेगा।

गौतम ने पूछा-भन्ते ! कब कितने समय बाद मै उसे वहाँ देखूँगा ?

भगवान ने कहा-गौतम ! श्रावस्ती नगरी से चलकर वह शीघ्र की इस उद्यान की तरफ आ रहा है। कुछ ही समय बाद तुम उसे आते देखोगे ?

उसी समय स्कन्दक समवसरण की तरफ आता दिखाई दिया। गणधर गौतम अपने स्थान से उठकर उसके सन्मुख गये और प्रसन्न भाव के साथ बोले -हे स्कन्दक ! आओ, तुम्हारा यहा स्वागत है ! तुम्हारा आना बहुत अच्छा हुआ ! स्कन्दक भी अत्यन्त हर्षोल्लास पूर्वक अभिवन्दना करके गौतम की तरफ आगे बढता है।

-शतक २ उ. १ सूत्र १७

SKANDAK PARIVRAJAK IN BHAGAVAN'S SAMAVASARAN

(1) Once Bhagavan Mahavir arrived in Chhatrapalash Garden in Kritangala city Skandak Parivrajak, the disciple of Gardabhali Rishi of Shravasti saw thousands of men and women going to pay homage to Bhagavan Skandak Parivrajak also became eager to behold Bhagavan Mahavir He carried his umbrella, mattress, staff and put garlands on his neck He then proceeded towards Bhagavan's Samavasaran to remove numerous doubts in his mind

(2) Seated in the Samavasaran Bhagavan Mahavir said to Gautam Ganadhar—(Today) Gautam ! You are going to see and meet Skandak Parivrajak your friend (from past birth)

Gautam asked—Bhante ! When, how and after how much time will I see him ?

Bhagavan said—Gautam ! He has left Shravasti and is coming towards this garden He has come near and soon you will see him coming

Just then Skandak appeared approaching Ganadhar Gautam got up and stepped ahead to greet him with pleasure—"O Skandak ! Welcome ! A hearty welcome to you ! It is good that you have come " Skandak too greeted Gautam with joy and stepped ahead

—Shatak 2, lesson 1 Sutra 17

[प्र. ४] फिर 'हे भगवन् !' यो कहकर भगवान गौतम ने श्रमण भगवान महावीर को वन्दना-नमस्कार करके इस प्रकार पूछा-'भगवन् ! क्या वह कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक परिव्राजक आप देवानुप्रिय के पास मुण्डित होकर आगार (घर) छोड़कर अनगार धर्म में प्रव्रजित होने मे समर्थ है ?'

[उ.] 'हाँ, गौतम ! वह अनगार धर्म मे प्रव्रजित होने मे समर्थ है।'

18. [1] Shraman Bhagavan Mahavir said to his senior disciple ascetic Indrabhuti—(Today) Gautam ! You are going to see your friend (from past birth).

[Q. 2] *Bhante* ! Whom do you mean ?

[Ans.] His name is Skandak (*Parivrajak*)

[Q. 3] *Bhante* ! When, how and after lapse of how much time will I see him ?

[Ans.] Gautam ! During that period of time there was a city named Shravasti Description (as aforesaid). In Shravasti lived a *Parivrajak* named Skandak. He belonged to Katyayan clan (*gotra*) and was a disciple of *Parivrajak* Gardhabhal Details should be read as already described... and so on up to... That Skandak *Parivrajak* has resolved to come here where I am He has left his place and is coming to me. He has covered a long distance and has come near. At this moment he is walking on the midway path O Gautam ! You are going to see him today itself.

[Q. 4] 'Bhante !' Addressing thus Gautam paid homage and obeisance to Bhagavan Mahavir and asked—'Bhante ! Is that *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan capable of tonsuring his head, renounce his abode and become a homeless ascetic by getting initiated by you, Beloved of gods !"

[Ans.] 'Yes, Gautam ! He is capable of doing that.

१९. जावं च णं समणे भगवं महावीरे भगवओ गोयमस्स एयमट्ठं परिकहेइ तावं च से खंदए कच्चायणसगोत्ते तं देसं हव्वमागए।

१९. जब श्रमण भगवान महावीर स्वामी भगवान गौतम स्वामी से यह (पूर्वोक्त) बात कह ही रहे थे, कि इतने मे वह कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक परिव्राजक उस स्थान में (भगवान महावीर के पास) आ पहुँचे।

19. While Shraman Bhagavan Mahavir was saying all this to Gautam Swami, *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan arrived there (near Bhagavan Mahavir).

२०. [प्र. १] तए णं भगवं गोयमे खंदयं कच्चायणसगोत्तं अदूरआगयं जाणित्ता खिप्पामेव अब्भुट्ठेति, खिप्पामेव पच्चुवगच्छइ। जेणेव खंदए कच्चायणसगोत्ते तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता खंदयं

कच्चायणसगोत्तं एवं वयासी-"हे खंदया ! सागयं खंदया ! सुसागयं खंदया ! अणुरागयं खंदया ! सागयमणुरागयं खंदया ! से नूणं तुमं खंदया ! सावत्थीए नयरीए पिंगलएणं नियंठेणं वेसालियसावएणं इणमक्खेवं पुच्छिए 'मागहा ! किं संअते लोगे अणंते लोगे ? एवं तं चेव' जेणेव इहं तेणेव हव्वमागए। से नूणं खंदया ! अत्थे समत्थे ?

[उ.] हंता अत्थि।

[प्र. २] तए णं से खंदए कच्चायणसगोत्ते भगवं गोयमं एवं वयासी-से केस णं गोयमा ! तहारूवे नाणी वा तवस्सी वा जेणं तव एस अट्ठे मम ताव रहस्सकडे हव्वमक्खाए, जओ णं तुमं जाणसि ?

[उ.] तए णं से भगवं गोयमे खंदयं कच्चायणसगोत्तं एवं वयासी-एवं खलु खंदया ! मम धम्मायरिए धम्मोवएसए समणे भगवं महावीरे उप्पन्नणाण-दंसणधरे अरहा जिणे केवली तीयपच्चुप्पन्नमणागयवियाणए सव्वण्णू सव्वदरिसी जेणं ममं एस अट्ठे तव ताव रहस्सकडे हव्वमक्खाए, जओ णं अहं जाणामि खंदया !

[३] तए णं से खंदए कच्चायणसगोत्ते भगवं गोयमं एवं वयासी-गच्छामो णं गोयमा ! तव धम्मायरियं धम्मोवदेसयं समणं भगवं महावीरं वंदामो णमंसामो जाव पज्जुवासामो।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह।

[४] तए णं से भगवं गोयमे खंदएणं कच्चायणसगोत्तेणं सद्धिं जेणेव समणे भगवं महावीरे तणेव पहारेत्थ गमणाए।

२०. [प्र. १] इसके पश्चात् भगवान गौतम कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक परिव्राजक के पास आया हुआ जानकर शीघ्र अपने आसन से उठे और शीघ्र ही उसके सामने गये, और जहाँ स्कन्दक परिव्राजक था, वहाँ आये। स्कन्दक के पास आकर उससे इस प्रकार कहा-"हे स्कन्दक ! स्वागत है तुम्हारा, स्कन्दक ! तुम्हारा सुस्वागत है ! स्कन्दक ! तुम्हारा आगमन ठीक समय पर-उचित हुआ है। हे स्कन्दक ! पधारो ! आप भले पधारे !" फिर श्री गौतम स्वामी ने स्कन्दक से कहा-"स्कन्दक ! श्रावस्ती नगरी में वैशालिक श्रावक पिगलक निर्ग्रन्थ ने तुमसे इस प्रकार पूछा था कि हे मागध ! लोक सान्त है या अनन्त ? इत्यादि (पाँच प्रश्न पूछे थे।) उनके प्रश्नो से निरुत्तर होकर उत्तर पूछने के लिए यहाँ भगवान के पास आये हो। हे स्कन्दक ! कहो, यह बात सत्य है ?"

[उ.] (स्कन्दक) "हाँ, गौतम ! यह बात सत्य है।"

[प्र. २] फिर स्कन्दक परिव्राजक ने भगवान गौतम से इस प्रकार पूछा-"गौतम ! कौन ऐसा ज्ञानी और तपस्वी पुरुष है, जिसने मेरे मन की गुप्त बात (रहस्य) तुमसे शीघ्र कह दी; जिससे तुम मेरे मन की गुप्त बात को जान गये ?"

[उ.] तब भगवान गौतम ने स्कन्दक परिव्राजक से कहा-"हे स्कन्दक ! मेरे धर्मगुरु, धर्मोपदेशक, श्रमण भगवान महावीर, उत्पन्न ज्ञान-दर्शन के धारक है, अर्हन्त हैं, जिन है, केवली हैं, भूत, भविष्य

और वर्तमानकाल के ज्ञाता हैं, सर्वज्ञ–सर्वदर्शी हैं; उन्होने तुम्हारे मन में रही हुई गुप्त बात मुझे शीघ्र कही है, इसलिए स्कन्दक ! मै तुम्हारी उस गुप्त बात को जानता हूँ।'

[३] तत्पश्चात् स्कन्दक परिव्राजक ने भगवान गौतम से इस प्रकार कहा–"हे गौतम ! हम तुम्हारे धर्माचार्य, धर्मोपदेशक श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पास चलें, उन्हें वन्दना–नमस्कार करें, यावत्–उनकी पर्युपासना करें।"

(गौतम स्वामी–) 'हे देवानुप्रिय ! जैसा तुम्हें सुख हो वैसा करो। (इस शुभ कार्य में) विलम्ब न करो।'

[४] तदनन्तर भगवान गौतम स्वामी ने स्कन्दक परिव्राजक के साथ जहाँ श्रमण भगवान महावीर स्वामी विराजमान थे, वहाँ जाने का सकल्प किया।

20. [Q. 1] Knowing that *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan had come very near, Bhagavan Gautam got up and rushed ahead to greet him. Approaching *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan he said—"O Skandak ! Welcome A hearty welcome to you Skandak ! Your arrival is timely and at opportune moment. O Skandak ! Please come. It is good that you have come " He then added—"Skandak ! In Shravasti, *Vaishalik Shravak* ascetic Pingal had asked you five questions including—'O Maagadh ! Is the *Lok* with or without limit ?' Failing to provide answers, you have come here to ask those questions to *Bhagavan*. O Skandak ! Tell me if it is true ?"

[Ans.] (Skandak) "Yes, Gautam ! It is true "

[Q. 2] Then Skandak *Parivrajak* asked Bhagavan Gautam—"Gautam ! Who is such enlightened sage, rich in austerities, who has at once revealed my inner thoughts to you and enabled you to know my secret musings ?"

[Ans.] Bhagavan Gautam replied to Skandak *Parivrajak*—"O Skandak ! My religious teacher and preceptor Shraman Bhagavan Mahavir is endowed with *Keval-jnana* and *Keval-darshan*. He is *Arihant, Jina* and *Kevali* (omniscient). He knows past, present and future He sees all and knows all It is he who at once told me about your inner thoughts. That is why, O Skandak ! I know your secret."

[3] Then Skandak *Parivrajak* said to Bhagavan Gautam—"Gautam ! Let us go to your religious teacher and preceptor Shraman Bhagavan Mahavir and pay him homage and obeisance... and so on up to... worship him "

(Gautam Swami) "O Beloved of gods ! Do as you please without any delay."

[4] After this Bhagavan Gautam Swami resolved to go with Skandak *Parivrajak* where Bhagavan Mahavir was seated.

भगवान द्वारा स्कन्दक का समाधान EXPLANATION BY BHAGAVAN

२१. तेणं कालेणं तेणं समए णं समणे भगवं महावीरे वियडभोई याऽवि होत्था। तए णं समणस्स भगवओ महावीरस्स वियडभोइस्स सरीरयं ओरालं सिंगारं कल्लाणं सिवं धण्णं मंगल्लं सस्सिरीयं अणलंकियविभूसियं लक्खण-वंजणगुणोववेयं सिरीए अतीव-अतीव उवसोभेमाणं चिट्ठइ।

२१. उस समय मे श्रमण भगवान महावीर व्यावृत्तभोजी (प्रतिदिन आहार करने वाले) थे। इसलिए व्यावृत्तभोजी श्रमण भगवान महावीर स्वामी का शरीर उदार (प्रधान), शृगाररूप, अतिशय शोभासम्पन्न, कल्याणरूप, धन्यरूप, मंगलरूप, बिना अलंकार के ही सुशोभित (दीप्तियुक्त), उत्तम लक्षणो (शुभ चिन्हो), व्यंजनो (तिल आदि) और गुणों से युक्त तथा शारीरिक शोभा से अत्यन्त शोभित हो रहा था।

21. During that period Shraman Bhagavan Mahavir was eating food everyday (*vyavrittabhoji*) As such, the body of *Vyavrittabhoji* Shraman Bhagavan Mahavir was noble (*udaar*), appealing and extremely graceful (*shringar*), beatific (*kalyan*), blissful (*dhanya*), auspicious (*mangal*), radiant without embellishments, endowed with noble signs (*lakshan*), marks (*vyanjan*) and attributes and it appeared exquisite with physical beauty

२२. तए णं से खंदए कच्चायणसगोत्ते समणस्स भगवओ महावीरस्स वियडभोइस्स सरीरयं ओरालं जाव अतीव-अतीव उवसोभेमाणं पासइ, पासित्ता हट्ठतुट्ठचित्तमाणंदिए नंदिए पीइमणे परमसोमणस्सिए हरिसवसविसप्पमाणहियए जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिण-पयाहिणं करेइ जाव पज्जुवासइ।

२२. तब व्यावृत्तभोजी श्रमण भगवान महावीर के उदार यावत् अतीव शोभायमान शरीर को देखकर स्कन्दक परिव्राजक को अत्यन्त हर्ष हुआ, सन्तोष हुआ एव उसका चित्त आनन्दित हुआ। वह आनन्दित, मन मे प्रीतियुक्त परम सौमनस्य प्राप्त तथा हर्ष से प्रफुल्ल हृदय होता हुआ जहाँ श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, वहाँ उनके निकट आया। निकट आकर श्रमण भगवान महावीर की दाहिनी ओर से प्रदक्षिणा की, यावत् पर्युपासना करने लगा। (सन्मुख बैठ गया)

22. Seeing the noble .. and so on up to.. exquisite body of *Vyavrittabhoji* Shraman Bhagavan Mahavir Skandak *Parivrajak* was extremely pleased, contented and happy. Overwhelmed with joy, intensely thrilled and exhilarated with bliss he came near the place where Shraman Bhagavan Mahavir was seated. Coming there, he went around Shraman Bhagavan Mahavir clockwise three times... and so on up to .. worshipped. (took his seat facing *Bhagavan*)

२३. [प्र.] 'खंदया !' ति समणे भगवं महावीरे खंदयं कच्चायणसगोत्तं एवं वयासी-से नूणं तुमं खंदया ! सावत्थीए नयरीए पिंगलएणं णियंठेणं वेसालियसावएणं इणमक्खेवं पुच्छिए 'मागहा ! किं सअंते लोए अणंते लोए ?' एवं ते चेव जाव जेणेव ममं अंतिए तेणेव हव्वमागए। से नूणं खंदया ! अयमट्ठे समट्ठे ?

[उ.] हंता, अत्थि।

२३. [प्र.] तत्पश्चात् 'स्कन्दक !' इस प्रकार सम्बोधित करके श्रमण भगवान महावीर ने कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक परिव्राजक से इस प्रकार कहा-हे स्कन्दक ! श्रावस्ती नगरी में वैशालिक श्रावक पिंगल निर्ग्रन्थ ने तुमसे इस प्रकार पूछा था कि-मागध ! लोक सान्त है या अनन्त ! आदि। उसके प्रश्नो का उत्तर न दे पाने से व्याकुल होकर तुम मेरे पास (उत्तर जानने के लिए) आये हो। हे स्कन्दक ! क्या यह बात सत्य है ?

[उ.] (स्कन्दक-) 'हाँ, भगवन् ! यह बात सत्य है।'

23. [Q.] Then addressing him as 'Skandak !', Shraman Bhagavan Mahavir said to *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan—"O Skandak ! In Shravasti, *Vaishalik Shravak* ascetic Pingal had asked you five questions including—'O Maagadh ! Is the *Lok* with or without limit ?' Failing to provide answers, you have come here to ask me those questions. O Skandak ! Tell me if it is true ?"

[Ans.] (Skandak) "Yes, *Bhagavan* ! It is true."

लोक : सान्त या अनन्त **LOK : WITH OR WITHOUT LIMIT**

२४. [१] जे वि य ते खंदया ! अयमेयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए पत्थिए मणोगए संकप्पे समुप्पज्जित्था-किं सअंते लोए, अणंते लोए ? तस्स वि य णं अयमट्ठे-एवं खलु मए खंदया ! चउव्विहे लोए पण्णत्ते, तं जहा-दव्वओ खेत्तओ कालओ भावओ। दव्वओ णं एगे लोए सअंते। खेत्तओ णं लोए असंखेज्जाओ जोयणकोडाकोडीओ आयाम-विक्खंभेणं, असंखेज्जाओ जोयणकोडाकोडीओ परिक्खेवेणं पण्णत्ता, अत्थि पुण से अंते। कालओ णं लोए ण कयावि न आसी न कयावि न भवति न कयावि न भविस्सति, भुविं च भवइ य भविस्सइ य धुवे णियए सासए अक्खए अव्वए अवट्ठिए णिच्चे, णत्थि पुण से अंते। भावओ णं लोए अणंता वण्णपज्जवा गंध-रस-फासपज्जवा, अणंता संठाणपज्जवा, अणंता गरुय-लहुयपज्जवा, अणंता अगरुय-लहुयपज्जवा, नत्थि पुण से अंते। से त्तं खंदगा ! दव्वओ लोए सअंते, खेत्तओ लोए सअंते, कालओ लोए अणंते, भावओ लोए अणंते।

२४. [१] (भगवान-) हे स्कन्दक ! तुम्हारे मन में जो इस प्रकार का अध्यवसाय, चिन्तन, अभिलाषा एवं संकल्प, समुत्पन्न हुआ था कि 'लोक सान्त है, या अनन्त ?' उसका यह उत्तर है-हे स्कन्दक ! मैंने (चार दृष्टिकोणो से) चार प्रकार का लोक बताया है, वह इस प्रकार है-(१) द्रव्यलोक, (२) क्षेत्रलोक, (३) काललोक, और (४) भावलोक। (१) उन चारों मे से द्रव्य से लोक एक है, और

अन्त वाला है, (२) क्षेत्र से लोक असंख्य कोडाकोडी योजन तक लम्बा-चौडा है, असंख्य कोडाकोडी योजन की परिधि वाला है, तथा वह अन्त-सहित है, (३) काल से ऐसा कोई काल नही था, जिसमें लोक नही था, ऐसा कोई काल नहीं है, जिसमें लोक नही है, ऐसा कोई काल नहीं होगा, जिसमे लोक न होगा। लोक सदा था, सदा है और सदा रहेगा। लोक ध्रुव, नियत, शाश्वत, अक्षय, अव्यय, अवस्थित और नित्य है। उसका अन्त नही है। (४) भाव से लोक अनन्त वर्णपर्यायरूप, गन्धपर्यायरूप, रसपर्यायरूप और स्पर्शपर्यायरूप है। इसी प्रकार अनन्त संस्थानपर्यायरूप, अनन्त गुरु-लघुपर्यायरूप एवं अनन्त अगुरु-लघुपर्यायरूप है। उसका अन्त नहीं है। इस प्रकार हे स्कन्दक ! द्रव्यलोक अन्त-सहित है, क्षेत्रलोक अन्त-सहित है, काललोक अन्तरहित है और भावलोक भी अन्तरहित है। अतएव लोक अन्तसहित भी है और अन्त-रहित भी है।

24. [1] (*Bhagavan—*) Skandak ! Your mind is plagued with doubt (*adhyavasaya*), thought (*chintan*), curiosity (*abhilasha*), and inquisitiveness (*sankalp*) that 'Is the *Lok* with or without limit ?' In this regard I say—'O Skandak ! As I have said *Lok* is of four kinds (viewed from four standpoints)—(1) *Dravyalok*, (2) *Kshetralok*, (3) *Kaal-lok* and (4) *Bhaavalok*. (1) In context of substance (*dravya*) *Lok* is one and has a limit. (2) In context of area (*kshetra*) *Lok* is innumerable *Kodakodi* (hundred trillion or 1014) *Yojans* in length and width, innumerable *Kodakodi Yojan* in circumference and has a limit (3) In context of time (*kaal*) there was no such time when *Lok* did not exist, there is no such time when *Lok* does not exist, and there will be no such time when *Lok* will not exist. *Lok* existed, exists and will exist always. Therefore it is *dhruva* (constant), *niyat* (fixed), *shashvat* (eternal), *akshaya* (imperishable), *avyaya* (non-expendable), *avasthit* (steady) and *nitya* (perpetual) It is without limit. (4) In context of state (*bhaava*) *Lok* has infinite alternatives of colour, odour, taste and touch. In the same way it has infinite alternatives of structure, grossness-subtleness (*guru-laghu paryaya*) and non-grossness-subtleness (*aguru-laghu paryaya*). It is without a limit Thus Skandak ! *Dravyalok* is with limit, *Kshetralok* is with limit, *Kaal-lok* is without limit and *Bhaavalok* too is without limit. Therefore *Lok* is with limit as well as without limit

जीव : सान्त या अनन्त **JIVA : WITH OR WITHOUT LIMIT**

[२] जे वि य ते खंदया ! जाव सअंते जीवे, अणंते जीवे ? तस्स वि य णं अयमट्ठे—एवं खलु जाव दव्वओ णं एगे जीवे सअंते। खेत्तओ णं जीवे असंखेज्जपएसिए असंखेज्जपएसोगाढे, अत्थि पुण से अंते। कालओ णं जीवे न कयावि न आसि जाव निच्चे, नत्थि पुणाइ से अंते। भावओ णं जीवे अणंता णाणपज्जवा अणंता दंसणपज्जवा अणंता चरित्तपज्जवा अणंता गरुयलहुयपज्जवा अणंता

अगरुयलहुयपज्जवा, नत्थि पुण से अंते। से त्तं दव्वओ जीवे सअंते, खेत्तओ जीवे सअंते, कालओ जीवे अणंते, भावओ जीवे अणंते।

[२] हे स्कन्दक ! तुम्हारे मन में यह विकल्प उठा था, कि यावत्–'जीव सान्त है या अन्तरहित है?' उसका भी अर्थ (स्पष्टीकरण) इस प्रकार है–'यावत् (१) द्रव्य से एक जीव अन्त-सहित है। (२) क्षेत्र से–जीव असंख्य प्रदेश वाला है और असंख्य प्रदेशों का अवगाहन किये हुए है, अतः वह अन्त-सहित है। (३) काल से–ऐसा कोई काल नहीं था, जिसमें जीव न था, यावत्–जीव नित्य है, अन्तरहित है। (४) भाव से–जीव अनन्त ज्ञानपर्यायरूप है, अनन्त दर्शनपर्यायरूप है, अनन्त चारित्रपर्यायरूप है, अनन्त गुरु-लघुपर्यायरूप है, अनन्त-अगुरु-लघुपर्यायरूप है और उसका अन्त नहीं (अन्तरहित) है। इस प्रकार द्रव्य से और क्षेत्र से जीव अन्त-सहित है, तथा काल और भाव की अपेक्षा जीव अन्तरहित है। अतः हे स्कन्दक ! जीव अन्त-सहित भी है और अन्तरहित भी है।'

[2] Skandak ! Your mind is plagued with the doubt.. and so on up to... that 'Are the souls with or without limit ?' In this regard the answer follows the same pattern—'... and so on up to. (1) In context of substance (*dravya*) one *Jiva* (soul as a living being) has a limit. (2) In context of area (*kshetra*) *Jiva* (soul) has innumerable space-points (*pradesh*) and it occupies innumerable space-points (*pradesh*), thus it has a limit (3) In context of time (*kaal*) there was no such time when *Jiva* did not exist, ... and so on up to... *nitya* (perpetual). It is without limit (4) In context of state (*bhaava*) *Jiva* has infinite alternatives of knowledge (*jnana*), perception/faith (*darshan*) and conduct (*chaaritra*). In the same way it has infinite alternatives of grossness-subtleness (*guru-laghu paryaya*) and non-grossness-subtleness (*aguru-laghu paryaya*) It is without a limit. Thus Skandak ! In context of *Dravya* and *Kshetra Jiva* (soul) is with limit, and in context of *Kaal* (time) and *Bhaava* (state) *Jiva* (soul) is without limit. Therefore *Jiva* (soul) is with limit as well as without limit

सिद्धि-विषयक प्रश्न QUESTION ABOUT SIDDHI

[३] जे वि य ते खंदया ! पुच्छा। दव्वओ णं एगा सिद्धी सअंता; खेत्तओ णं सिद्धी पणयालीसं जोयणसयसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं, एगा जोयणकोडी बायालीसं च जोयणसयसहस्साइं तीसं च जोयणसहस्साइं दोन्नि य अउणापन्ने जोयणसए किंचि विसेसाहिए परिक्खेवेणं, अत्थि पुण से अंते; कालओ णं सिद्धी न कयावि न आसि; भावओ य जहा लोयस्स तहा भाणियव्वा। तत्थ दव्वओ सिद्धी सअंता, खेत्तओ सिद्धी सअंता, कालओ सिद्धी अणंता, भावओ सिद्धी अणंता।

[३] हे स्कन्दक ! तुम्हारे मन में जो यह विकल्प उठा था कि सिद्धि (सिद्धशिला) सान्त है या अन्तरहित है? उसका भी यह अर्थ (समाधान) है–हे स्कन्दक ! मैने चार प्रकार की सिद्धि बताई है–

द्रव्यसिद्धि, क्षेत्रसिद्धि, कालसिद्धि और भावसिद्धि। (१) द्रव्य से सिद्धि एक है, अतः अन्त-सहित है। (२) क्षेत्र से सिद्धि ४५ लाख योजन की लम्बी-चौडी है, तथा एक करोड बयालीस लाख तीस हजार दो सौ उनचास योजन से कुछ विशेषाधिक (झाझेरी) है, अत. अन्त-सहित है। (३) काल से ऐसा कोई काल नहीं था, जिसमें सिद्धि नहीं थी, ऐसा कोई काल नही है, जिसमे सिद्धि नहीं है तथा ऐसा कोई काल नहीं होगा, जिसमें सिद्धि नही रहेगी। अतः वह नित्य है, अन्तरहित है। (४) भाव से सिद्धि-जैसे भावलोक के सम्बन्ध मे कहा था, उसी प्रकार है। (अर्थात् वह अनन्त वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, गुरु-लघु, अगुरु-लघु, पर्यायरूप है तथा अन्तरहित है) इस प्रकार द्रव्यसिद्धि और क्षेत्रसिद्धि अन्त-सहित है तथा कालसिद्धि और भावसिद्धि अन्तरहित है। इसलिए हे स्कन्दक ! सिद्धि अन्त-सहित भी है और अन्तरहित भी है।

[3] Skandak ! Your mind ıs plagued with the doubt that '*Sıddhi* ıs with or wıthout lımit ?' In this regard the answer follows the same pattern— 'O Skandak ! I have said *Sıddhı* (state and abode of perfection or lıberation) ıs of four kınds (viewed from four stand-points)— *Dravyasıddhı, Kshetrasıddhı, Kaal-sıddhı* and *Bhaavasiddhı.* (1) In context of substance (*dravya*) *Sıddhı* (abode of *Siddhas*) is one and has a lımıt (2) In context of area (*kshetra*) *Sıddhı* is 4.5 mıllion *Yojans* in length and width, slightly more than 14.2 millıon thirty thousand two hundred forty nine *Yojans* in circumference and thus has a limıt (3) In context of time (*kaal*) there was no such time when *Sıddhı* dıd not exıst, there ıs no such tıme when *Sıddhı* does not exıst, and there will be no such tıme when *Sıddhı* will not exist Thus ıt ıs without lımıt. (4) In context of state (*bhaava*) *Sıddhı* ıs stated to be in detaıls as mentioned about *Lok.* (ıt has ınfinite alternatıves of colour, odour, taste, touch, structure, grossness-subtleness and non-grossness-subtleness Thus it is without a limit. Thus Skandak ! *Dravyasıddhı* ıs with limıt, *Kshetrasıddhı* is with limit, *Kaal-sıddhı* is wıthout lımit and *Bhaavasıddhı* too is without limıt. Therefore *Sıddhı* ıs with limit as well as wıthout lımıt.

[४] जे वि य ते खंदया ! जाव किं अणंते सिद्धे ? तं चेव जाव दव्वओ णं एगे सिद्धे सअंते; खेत्तओ णं सिद्धे असंखेज्जपएसिए असंखेज्जपएसोगाढे, अत्थि पुण से अंते; कालओ णं सिद्धे सादीए अपज्जवसिए, नत्थि पुण से अंते; भावओ सिद्धे अणंता णाणपज्जवा, अणंता दंसणपज्जवा जाव अणंता अगरुयलहुयपज्जवा, नत्थि पुण से अंते। से त्तं दव्वओ सिद्धे सअंते, खेत्तओ सिद्धे सअंते, कालओ सिद्धे अणंते, भावओ सिद्धे अणंते।

[४] हे स्कन्दक ! फिर तुम्हे यह सकल्प-विकल्प उत्पन्न हुआ था कि सिद्ध अन्त-सहित है या अन्तरहित है ? उसका अर्थ (समाधान) भी इस प्रकार है- (यहाँ सब कथन पूर्ववत् जानना चाहिए) यावत्-द्रव्य से-एक सिद्ध अन्त-सहित है। क्षेत्र से-सिद्ध असख्यप्रदेश वाले तथा असख्य आकाश-प्रदेशों का अवगाहन किये हुए है, अत' अन्त-सहित है। काल से-(कोई भी एक) सिद्ध आदि-सहित और अन्तरहित

है। भाव से–सिद्ध अनन्त ज्ञानपर्यायरूप हैं, अनन्त दर्शनपर्यायरूप हैं, यावत्–अनन्त–अगुरु–लघुपर्यायरूप हैं तथा अन्तरहित हैं। अर्थात्–द्रव्य से और क्षेत्र से सिद्ध अन्त–सहित हैं तथा काल से और भाव से सिद्ध अन्तरहित हैं। इसलिए हे स्कन्दक ! सिद्ध अन्त–सहित भी हैं और अन्तरहित भी हैं।

[4] Skandak ! Further, your mind is plagued with the doubt, 'Are the *Siddhas* with or without limit ?' In this regard the answer follows the same pattern—Read details as already stated... and so on up to... In context of substance one *Siddha* (liberated soul) has a limit. In context of area *Siddha* (soul) has innumerable space-points and it occupies innumerable space-points, thus it has a limit. In context of time (*kaal*) any single *Siddha* is with a beginning and without an end. It is without limit In context of state *Siddha* has infinite alternatives of knowledge (*jnana*), perception/faith (*darshan*)... and so on up to... non-grossness-subtleness. So it is without a limit. Thus in context of *Dravya* and *Kshetra Siddha* (soul) is with limit, and in context of *Kaal* (time) and *Bhaava* (state) *Siddha* (soul) is without limit Therefore, O Skandak ! *Siddha* liberated (soul) is with limit as well as without limit.

बालमरण–पण्डितमरण BAAL-MARAN AND PUNDIT-MARAN

२५. जे वि य ते खंदया ! इमेयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए जाव समुप्पज्जित्था केण वा मरणेणं मरमाणे जीवे वड्ढति वा हायति वा ? तस्स वि य णं अयमट्ठे–एवं खलु खंदया ! मए दुविहे मरणे पण्णत्ते, तं जहा–बालमरणे य पंडितमरणे य ?

२५. पुनः हे स्कन्दक ! तुम्हें जो इस प्रकार का अध्यवसाय, चिन्तन, यावत् संकल्प उत्पन्न हुआ था कि कौन से मरण से मरते हुए जीव का संसार घटता है ? उसका भी अर्थ (समाधान) यह है–हे स्कन्दक ! मैने दो प्रकार के मरण बतलाये है। यथा–बालमरण और पण्डितमरण।

25. Skandak ! Lastly, your mind is plagued with the doubt. . and so on up to . that 'By what kind of death a dying being expands or reduces the cycles of rebirth (*samsar*) ? In this regard the answer is—O Skandak ! I have stated that death is of two kinds—*Baal-maran* (ignorant's death) and *Pundit-maran* (pundit's death).

२६. [प्र.] से किं तं बालमरणे ?

[उ.] बालमरणे दुवालसविहे प., तं जहा–वलयमरणे १ वसट्टमरणे २ अंतोसल्लमरणे ३ तब्भवमरणे ४ गिरिपडणे ५ तरुपडणे ६ जलप्पवेसे ७ जलणप्पवेसे ८ विसभक्खणे ९ सत्थोवाडणे १० वेहाणसे ११ गिद्धपट्ठे १२। इच्चेते णं खंदया ! दुवालसविहेणं बालमरणेणं मरमाणे जीवे अणंतेहिं नेरइयभवग्गहणेहिं अप्पाणं संजोएइ तिरिय–मणुय–देव., अणाइयं च णं अणवदग्गं दीहमद्धं चाउरंतं संसारकंतारं अणुपरियट्टइ, से त्तं मरमाणे वड्ढइ। से त्तं बालमरणे।

२६. [प्र.] 'वह बालमरण क्या है ?

[उ.] बालमरण बारह प्रकार का है; वह इस प्रकार है-(१) बलयमरण (बलन्मरण-तडफते हुए मरना), (२) वशार्तमरण (परधीनतापूर्वक या विषयवश होकर मरना), (३) अन्त:शल्यमरण (हृदय में शल्य रखकर मरना), शरीर मे कोई तीखा शस्त्रादि घुस जाने से मरना अथवा सन्मार्ग से भ्रष्ट होकर मरना, (४) तद्‌भवमरण (मरकर उसी भव में पुनः उत्पन्न होना और मरना), (५) गिरिपतन, (६) तरुपतन, (७) जल-प्रवेश (पानी मे डूबकर मरना), (८) ज्वलनप्रवेश (अग्नि मे जलकर मरना), (९) विषभक्षण (विष खाकर मरना), (१०) शस्त्रावपाटन (शस्त्राघात से मरना), (११) वैहानसमरण (गले मे फाँसी लगाने या वृक्ष आदि पर लटकने से मरना), और (१२) गृध्रपृष्ठमरण (गिद्ध आदि पक्षियो द्वारा पीठ आदि शरीरावयवों का माँस खाये जाने से होने वाला मरण)। हे स्कन्दक ! इन बारह प्रकार के बालमरणो से मरता हुआ जीव अनन्त बार नारक भवो को प्राप्त करता है, तथा नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देव, इस चातुर्गतिक अनादि-अनन्त ससाररूप कान्तार (वन) मे बार-बार परिभ्रमण करता है। अर्थात्-इस तरह बारह प्रकार के बालमरण से मरता हुआ जीव अपने संसार को बढाता है। यह है-बालमरण का स्वरूप।


26. [Q.] What is that *Baal-maran* (ignorant's death) ?

[Ans.] *Baal-maran* (ignorant's death) is of twelve kinds—(1) *Balaya maran* (*balanmaran*—to die writhing), (2) *Vashart maran* (to die as a slave of man or passions), (3) *Antah-shalya maran* (to die with a thorn inside, a pointed weapon in the body or an inner thorn of falling from grace), (4) *Tadbhava maran* (to die after being reborn in the same genus), (5) *Giripatan* (to die due to fall from a hill), (6) *Tarupatan* (to die due to fall from a tree), (7) *Jala pravesh* (to die by drowning), (8) *Jvalan pravesh* (to die by entering into fire), (9) *Vish bhakshan* (to die by consuming poison), (10) *Shastravapatan* (to die due to being hit by a weapon), (11) *Vaihanas maran* (to die by hanging), and (12) *Gridhraprishtha maran* (to die due to body parts being pecked and snatched by birds like vulture) O Skandak ! Ignorant's death due to these twelve reasons leads a *Jiva* (soul) to infinite rebirths in hell and he is entrapped in the beginningless and endless wilderness of infinite cycles of rebirth in the four genuses including those of infernal beings, animals, human beings and divine beings. In other words these twelve kinds of ignorant's deaths causes a *Jiva* to expand his cycles of rebirth (*samsar*) This is *Baal-maran*.

२७. [प्र.] से किं तं पंडियमरणे ?

[उ.] पंडियमरणे दुविहे प., तं.-पाओवगमणे य भत्तपच्चक्खाणे य।

मरण के विविध भेद



चित्र परिचय-५

Illustration No. 5

मरण के विविध भेद

समवसरण मे पहुँचकर स्कन्दक ने भगवान से अनेक प्रश्नो के पश्चात् पुन पूछा-

भन्ते ! किस मरण से मरने पर जीव ससार को घटाता है ?

भगवान ने कहा-स्कन्दक ! मरण के दो भेद है-(१) **बालमरण**, तथा (२) **पण्डितमरण**। जिस मरण के साथ किसी प्रकार की भौतिक कामना रहती है, जैसे स्वर्ग-सुखो की अथवा चक्रवर्ती आदि भौतिक ऐश्वर्य पद की वह **बालमरण** है। सर्वथा मोक्ष की भावना के साथ प्राण विसर्जन करने वाले श्रमणो का **पण्डितमरण** होता है। पण्डितमरण वाला या तो वैमानिक देव बनकर फिर मोक्ष प्राप्त करता है अथवा सर्वकर्म क्षय कर सीधा मोक्ष मे जाता है। आर्त रौद्र ध्यान के साथ मृत्यु प्राप्त करना भी बालमरण है। उसके १२ भेद है-

जैसे-(१) **वलयमरण** (तडफते हुए मरना), (२) **वशार्तमरण** (परधीनतापूर्वक या विवश होकर मरना), (३) **अन्त:शल्यमरण** (हृदय मे शल्य रखकर अथवा शरीर मे कोई तीखा शस्त्रादि घुस जाने से मरना, (४) **तद्भवमरण** (मरकर उसी भव म पुन उत्पन्न होना और मरना), (५) **गिरिपतन**, (६) **तरुपतन**, (७) **जल-प्रवेश**, (८) **ज्वलनप्रवेश** (अग्नि मे जलकर मरना), (९) **विषभक्षण**, (१०) **शस्त्रावपाटन** (शस्त्राघात से मरना), (११) **वैहानस मरण** (गले मे फॉसी लगाने या वृक्ष आदि पर लटकने से मरना), और (१२) **गृध्रपृष्टमरण** (गिद्ध आदि पक्षियो द्वारा पीठ आदि शरीरावयवो का मॉस खाय जाने से होने वाला मरण)।

शतक २ उ १, सूत्र २६-२८

TYPES OF DEATH

Coming to Samavasaran, Skandak put various questions to Bhagavan and at last asked—Bhante ! What type of death reduces the cycles of rebirth ?

Bhagavan replied—Skandak there are two kinds of death—(1) **Baal Maran,** and (2) **Pundit Maran.** Death with some mundane desire, such as for divine pleasures or grandeur of an emperor, is Baal Maran The death of ascetics who exclusively desire for liberation is Pundit Maran and it leads either to liberation at once by destroying all karmas or after reincarnation as Vaimanik Dev Death with sentiments of pathos or anger is also Baal Maran and it is of 12 kinds—

(1) **Balaya maran** (to die writhing), (2) **Vashart maran** (to die as a slave of man or circumstances), (3) **Antah-shalya maran** (to die with a mental or physical thorn inside), (4) **Tadbhava maran** (to die after being reborn in the same genus), (5) **Giripatan** (to die due to fall from a hill), (6) **Tarupatan** (to die due to fall from a tree), (7) **Jala-pravesh** (to die by drowning), (8) **Jvalan pravesh** (to die by entering into fire), (9) **Vish bhakshan** (to die by consuming poison) (10) **Shastravapatan** (to die by a weapon), (11) **Vaihanas maran** (to die by hanging), and (12) **Gridhraprishtha maran** (to die due to body parts being pecked and snatched by birds like vulture)

—Shatuk 2, lesson 1 Sutra 26-28

२७. [प्र.] पण्डितमरण क्या है ?

[उ.] पण्डितमरण दो प्रकार का है। वह इस प्रकार है-(१) पादपोपगमन (वृक्ष की कटी हुई शाखा की तरह स्थिर निश्चल होकर मरना), और (२) भक्त-प्रत्याख्यान (यावज्जीवन तीनो या चारों आहारों का त्याग करने के बाद शरीर की सार सँभाल करते हुए जो मृत्यु होती है।)

27. [Q.] What is that *Pundit-maran* (noble death)?

[Ans.] *Pundit-maran* (noble death) is of two kinds—(1) *Padapopagaman* (to die lying still like a severed branch of tree), and (2) *Bhakt-pratyakhyan* (to die after abandoning intake of food till death and taking proper care of the body).

२८. [प्र.] से किं तं पाओवगमणे ?

[उ.] पाओवगमणे दुविहे प., तं जहा-नीहारिमे य अनीहारिमे य, नियमा अप्पडिकम्मे। से त्तं पाओवगमणे।

२८. पादपोपगमन (मरण) क्या है ?

[उ.] पादपोपगमन दो प्रकार का है-(१) निर्हारिम, और (२) अनिर्हारिम। यह दोनो प्रकार का पादपोपगमन मरण नियम से अप्रतिकर्म होता है। यह पादपोपगमन का स्वरूप है।

28. [Q.] What is this *Padapopagaman* (death)?

[Ans.] *Padapopagaman* (death) is of two kinds—(1) *Nirharim* (in inhabited surroundings), and (2) *Anirharim* (in uninhabited surroundings) These both kinds of *Padapopagaman* (death) entail, as a rule, total restraint of movement and care (*apratikarma*) This is *Padapopagaman*.

२९. [प्र.] से किं तं भत्तपच्चक्खाणे ?

[उ.] भत्तपच्चक्खाणे दुविहे प., तं जहा-नीहारिमे य अनीहारिमे य, नियमा सपडिकम्मे। से त्तं भत्तपच्चक्खाणे।

२९. [प्र.] भक्तप्रत्याख्यान (मरण) क्या है ?

[उ.] भक्तप्रत्याख्यान मरण दो प्रकार है। वह इस प्रकार है-(१) निर्हारिम, और (२) अनिर्हारिम। यह दोनो प्रकार का भक्तप्रत्याख्यान मरण नियम से सप्रतिकर्म होता है। यह-भक्तप्रत्याख्यान का स्वरूप है।

29. [Q.] What is this *Bhakt-pratyakhyan* (death)?

[Ans.] *Bhakt-pratyakhyan* (death) is of two kinds—(1) *Nirharim* (in inhabited surroundings), and (2) *Anirharim* (in uninhabited surroundings) These both kinds of *Bhakt-pratyakhyan* (death), as a rule, allow movement and care (*apratikarma*). This is *Bhakt-pratyakhyan*.

३०. इच्चेतेणं खंदया ! दुविहेणं पंडियमरणेणं मरमाणे जीवे अणंतेहिं नेरइयभवग्गहणेहिं अप्पाणं विसंजोएइ जाव वीईवयति। से त्तं मरमाणे हायइ। से त्तं पंडियमरणे।

३१. इच्चेएणं खंदया ! दुविहेणं मरणेणं मरमाणे जीवो वड्ढइ वा हायति वा।

३०. हे स्कन्दक ! इन दोनों प्रकार के पण्डितमरणो से मरता हुआ जीव नारकादि अनन्त भवों को प्राप्त नही करता; यावत् ससाररूपी अटवी का उल्लंघन (पार) कर जाता है। इस प्रकार इन दोनो प्रकार के पण्डितमरणो से मरते हुए जीव का ससार घटता है। यह पण्डितमरण का स्वरूप है।

३१. हे स्कन्दक ! इन दो प्रकार के मरणो से मरते हुए जीव का ससार क्रमश बढता और घटता है।

30. O Skandak ! Meritorious due to these two reasons does not lead a *Jiva* (soul) to infinite rebirths in hell. . and so on up to... he crosses the wilderness of cycles of rebirth In other words these two kinds of noble deaths cause a *Jiva* to reduce his cycles of rebirth (*samsar*) This is *Pundit-maran*

31. O Skandak ! Due to these two kinds of death a *Jiva* expands and reduces his cycles of rebirth (*samsar*) respectively.

विवेचन : पण्डितमरण के दो भेद है-(१) पादपोपगमन मरण, और (२) भक्तप्रत्याख्यान मरण। (१) पादपोपगमन मरण-सथारा करके वृक्ष के समान जिस स्थान पर जिस रूप मे एक बार लेट जाये, फिर उसी जगह उसी रूप मे लेटे रहना और इस प्रकार मृत्यु को प्राप्त होना 'पादपोपगमन मरण' है। इसके दो भेद है-निर्हारिम और अनिर्हारिम। (१) जो सथारा ग्राम, नगर आदि बस्ती मे किया जाये, जिससे मृत शरीर को ग्रामादि से बाहर ले जाकर अग्निदाहादि संस्कार करना पडे उसे, 'निर्हारिम' कहते है। (२) जो संथारा ग्राम, नगर आदि बस्ती से बाहर जगल आदि एकान्त स्थान मे किया जाय, जिससे मृत शरीर को वहाँ से ले जाने की आवश्यकता न रहे, उसे 'अनिर्हारिम' कहते है। यह दोनो प्रकार का पादपोपगमन मरण नियमा (नियमपूर्वक) अप्रतिकर्म (शरीर की सेवा-शुश्रूषा और हलन-चलन से रहित) होता है। (२) भक्तप्रत्याख्यान मरण-यावज्जीवन तीन या चारो आहारो का त्याग करके मृत्यु का वरण करना। उसके भी निर्हारिम और अनिर्हारिम ये दो भेद है। यह मरण सप्रतिकर्म है।

Elaboration—*Pundit-maran* (Meritorious death) is of two kinds—(1) *Padapopagaman maran,* and (2) *Bhakt-pratyakhyan maran.* (1) *Padapopagaman maran*—The aspirant should take the ultimate vow (*santhara*) and recline at a place. When he dies without changing the spot or shifting the posture it is called *Padapopagaman maran* (to die lying still like a severed branch of tree). This in turn is of two kinds—(1) *Nirharim,* and (2) *Anirharim.* (1) *Nirharim*—the ultimate vow taken at some inhabited place like a village or a town requiring the dead body to be taken out of the town for cremation is called *nirharim.* (2) *Anirharim*—the ultimate vow taken at some uninhabited place like a jungle or other forlorn place not requiring the dead body to be shifted is

called *anırharim* The prescribed code for both these *Padopagaman* deaths essentıally restrains any movement or care of the body thus it is *apratıkarma*. *Bhakt-pratyakhyan maran*—to die after abandoning intake of food till death. This also is of two kinds—(1) *Nirharim*, and (2) *Anırharim*. Thıs is *sapratikarma* (allows movement or care of the body).

स्कन्दक द्वारा निर्ग्रन्थ प्रव्रज्या SKANDAK'S INITIATION

३२. [१] एत्थ णं से खंदए कच्चायणसगोत्ते संबुद्धे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी—इच्छामि णं भंते ! तुब्भं अंतिए केवलिपन्नत्तं धम्मं निसामेत्तए।

[२] अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह।

३३. तए णं समणे भगवं महावीरे खंदयस्स कच्चायणसगोत्तस्स तीसे य महतिमहालियाए परिसाए धम्मं परिकहेइ। धम्मकहा भाणियव्वा।

३२. [१] (भगवान महावीर के उक्त वचनो से समाधान पाकर) स्कन्दक परिव्राजक को सम्बोध प्राप्त हुआ। उसने श्रमण भगवान महावीर को वन्दना-नमस्कार करके यो कहा–'भगवन् ! मैं आपके पास केवलिप्ररूपित धर्म सुनना चाहता हूँ।'

[२] देवानुप्रिय ! जैसा तुम्हे सुख हो, वैसा करो, शुभ कार्य मे विलम्ब मत करो।

३३. इसके पश्चात् श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने स्कन्दक परिव्राजक को और उस बहुत बड़ी परिषद् को धर्मकथा कही। धर्मकथा का वर्णन औपपातिकसूत्र के अनुसार करना चाहिए।

32. [1] (After getting answers to his questions from Bhagavan Mahavır) Skandak *Parıvrajak* was contented. He paid homage and obeısance to Bhagavan Mahavır and saıd—"*Bhante* ! I am keen to hear the tenets of the relıgion propounded by *Kevalıs* (omniscients).

[2] "Beloved of gods ! Do as you please and avoid languor in a good auspıcious deed."

33. After that Shraman Bhagavan Mahavir gave his sermon to Skandak *Parıvrajak* and the large congregatıon. Descrıption of discourse should be read (from *Aupapatik Sutra*)

३४. तए णं से खंदए कच्चायणसगोत्ते समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए धम्मं सोच्चा निसम्म हट्ठतुट्ठे जाव हियए उट्ठाए उट्ठेइ, उट्ठित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेइ, करित्ता एवं वयासी—सद्दहामि णं भंते ! निग्गंथं पावयणं, पत्तियामि णं भंते ! निग्गंथं पावयणं, रोएमि णं भंते ! निग्गंथं पावयणं, अब्भुट्ठेमि णं भंते ! निग्गंथं पावयणं, एवमेयं भंते ! तहमेयं भंते ! अवितहमेयं भंते ! असंदिद्धमेयं भंते ! इच्छियमेयं भंते ! पडिच्छियमेयं भंते ! इच्छिय–पडिच्छियमेयं भंते ! से जहेयं

तुब्भे वदह त्ति कट्टु समणं भगवं महावीरं वंदति नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता उत्तरपुरित्थमं दिसीभागं अवक्कमइ, अवक्कमित्ता तिदंडं च कुंडियं य जाव धातुरत्ताओ य एगंते एडेइ, एडित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेइ, करित्ता जाव नमंसित्ता एवं वयासी–

आलित्ते णं भंते ! लोए, पलित्ते णं भंते ! लोए, आलित्त–पलित्ते णं भंते ! लोए जराए मरणेण य। से जहाणामए केइ गाहावई अगारंसि झियायमाणंसि जे से तत्थ भंडे भवइ अप्पभारे मोल्लगरुए तं गहाय आयाए एगंतमंतं अवक्कमइ। एस मे नित्थारिए समाणे पच्छा पुरा य हियाए सुहाए खमाए निस्सेयसाए आणुगामियत्ताए भविस्सइ। एवामेव देवाणुप्पिया ! मज्झ वि आया एगे भंडे इट्ठे कंते पिए मणुन्ने मणामे थेज्जे वेसासिए सम्मए बहुमए अणुमए भंडकरंडगसमाणे, मा णं सीतं, मा णं उण्हं, मा णं खुहा, मा णं पिवासा, मा णं चोरा, मा णं वाला, मा णं दंसा, मा णं मसगा, मा णं वाइय–पित्तिय–सिंभिय–सन्निवाइय विविहा रोगायंका परीसहोवसग्गा फुसंतु त्ति कट्टु, एस मे नित्थारिए समाणे परलोयस्स हियाए सुहाए खमाए नीसेसाए आणुगामियत्ताए भविस्सइ। तं इच्छामि णं देवाणुप्पिया ! सयमेव पव्वावियं, सयमेव मुंडावियं, सयमेव सेहावियं, सयमेव सिक्खावियं, सयमेव आयार–गोयर–विणय–वेणइय–चरण–करण–जाया–मायावत्तियं धम्ममाइक्खिउं।

३४. तत्पश्चात् वह कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक परिव्राजक श्रमण भगवान महावीर के श्रीमुख से धर्मकथा सुनकर एव हृदय मे अवधारण करके हर्षित हुआ, सन्तुष्ट हुआ, यावत् उसका हृदय हर्ष से विकसित हो गया। फिर खडे होकर और श्रमण भगवान महावीर को दाहिनी ओर से तीन बार प्रदक्षिणा करके स्कन्दक परिव्राजक ने कहा–'भगवन् ! निर्ग्रन्थ प्रवचन पर मैं श्रद्धा प्रतीति एव रुचि करता हूँ, भगवन् ! निर्ग्रन्थ प्रवचन को स्वीकार करता हूँ। हे भगवन् ! यह (निर्ग्रन्थ प्रवचन) इसी प्रकार है, यह तथ्य है, यह सत्य है, यह सन्देहरहित है, भगवन् ! यह मुझे इष्ट है, विशेष इष्ट है, इष्ट–प्रतीष्ट है। हे भगवन् ! जैसा आप फरमाते है, वैसा ही है।' यो कहकर स्कन्दक परिव्राजक ने श्रमण भगवान महावीर को वन्दन–नमस्कार किया। ऐसा करके उसने उत्तर–पूर्व दिशा के ईशानकोण में जाकर त्रिदण्ड, कुण्डिका, यावत् गेरुए वस्त्र आदि परिव्राजक के उपकरण एकान्त मे छोड दिये। फिर श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पास आकर भगवान महावीर को तीन बार प्रदक्षिणा करके यावत् नमस्कार करके इस प्रकार बोला–

भगवन् ! जरा (वृद्धावस्था) और मृत्यु रूपी अग्नि से यह लोक (संसार) आदीप्त–प्रदीप्त (जल रहा है, विशेष जल रहा है) है, जैसे किसी गृहस्थ के घर मे आग लग गई हो और वह घर जल रहा हो, तब वह उस जलते घर मे से बहुमूल्य और अल्पभार वाले सामान को सबसे पहले बाहर निकालता है और उसे लेकर एकान्त मे ले जाकर यह सोचता है–'बाहर निकाला हुआ यह सामान भविष्य में आगे–पीछे मेरे लिए हितरूप, सुखरूप, क्षेमकुशलरूप, कल्याणरूप एव साथ चलने वाला होगा।' इसी तरह हे भगवन् ! मेरा आत्मा भी एक भाण्ड (समान) रूप है। यह मुझे इष्ट, कान्त, प्रिय, सुन्दर, मनोज्ञ, मनोरम, स्थिरता देने वाला, विश्वासपात्र, सम्मत, अनुमत, बहुमत और रत्नों (या आभूषणों) के पिटारे के समान है। इसलिए इसे ठड न लगे, गर्मी न लगे, यह भूख–प्यास से पीड़ित न हो, इसे चोर, सिंह और सर्प हानि न पहुँचायें,

इसे डांस और मच्छर न सताएँ, तथा वात, पित्त, कफ, सन्निपात आदि से होने वाले विविध रोग और आतंक (प्राणघातक रोग) परीषह और उपसर्ग इसे स्पर्श न करें, इस प्रकार मैं इनसे इसकी बराबर रक्षा करता हूँ। पूर्वोक्त विघ्नों से रहित किया हुआ मेरा आत्मा मुझे परलोक में हितरूप, सुखरूप, कुशलरूप, कल्याणरूप और अनुगामीरूप होगा। इसलिए भगवन् ! मै आपके पास स्वयं प्रव्रजित होना, मुण्डित होना चाहता हूँ। मेरी इच्छा है कि आप स्वय मुझे प्रव्रजित करें (मुनि वेश दें), मुण्डित (केश लुचन) करें, आप स्वयं मुझे प्रतिलेखनादि क्रियाएँ सिखाएँ, सूत्र और अर्थ पढाएँ। मै चाहता हूँ कि आप मुझे ज्ञानादि आचार, गोचर (भिक्षाचरी), विनय, विनय का फल, चरण (व्रतादि) और करण (पिण्ड–विशुद्धि) आदि तथा सयमयात्रा और संयमयात्रा के निर्वाहक आहारादि की मात्रा के ग्रहणरूप धर्म को बताएँ।

34. Listening to and understanding the religious discourse given by Bhagavan Mahavir, that *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan became happy, contented and so on up to... his heart bloomed with bliss. He got up, went around Shraman Bhagavan Mahavir three times clockwise and said—"*Bhagavan* ! I have faith (*shraddha*), trust (*pratiti*) and interest (*ruchi*) in the *Nirgranth*-sermon. *Bhante* ! I am ready to embrace the *Nirgranth*-sermon. *Bhante* ! It is as you say. *Bhante* ! It is the ultimate reality *Bhante* ! It is the ultimate truth. *Bhante* ! It is beyond any doubt. *Bhante* ! It is desirable to me *Bhante* ! It is extremely desirable to me. *Bhante* ! Indeed, it is desirable, extremely desirable to me. *Bhante* ! It is exactly as you have stated." Saying thus Skandak *Parivrajak* paid homage and obeisance to Shraman Bhagavan Mahavir Doing that he went in the north-east direction (*Ishan Kone*) and discarded his *Parivrajak* paraphernalia including *Tridand* (trident), *Kundi* (bowl).. and so on up to . saffron coloured dress He then returned near Shraman Bhagavan Mahavir, went around him three times.. and so on up to... paid homage and said as follows—

"*Bhante* ! This world is ablaze *Bhante* ! This world is being consumed by fire *Bhante* ! This world is ablaze and is being consumed by the fire of old age and death. In a situation when his house is on fire a householder chooses the most valuable and least cumbersome objects and carrying them to a solitary place he thinks—'Sooner or later in the future these rescued objects (from fire) will be the cause of great help, happiness, support and welfare as they will go along with me.' In the same way, *Bhante* ! My soul is like a bowl (object) that I very much adore, desire, love and covet For me it is stabilizing, confidence boosting, assented (*sammat*), approved (*anumat*), sanctioned (*bahumat*) and is like a casket of jewels Therefore I continue to protect it in such a way that no harm is

caused to it by heat, cold, hunger, thirst, thief, snake, lion, wasp, mosquito and ailments caused by disturbed wind, bile and phlegm, as well as terrors, torments and afflictions. Free from the said troubles my soul will, in future, be the source of great help, happiness, support and welfare as also it will go along with me (to my next birth). Therefore, Beloved of gods ! I want to get initiated (*pravrajit*) by you in person I desire to be tonsured (*mundit*) by you. I wish to be a student (*shaikshapit*) of you I aspire to be taught (*shikshapit*) by you. I beseech you to personally initiate me in ascetic-conduct (*aachaar*), alms seeking (*gochar*), ascetic-modesty (*vinaya*), fruits of ascetic-modesty (*vainayik*), austerities including vows (*charan*), purity of alms including food (*karan*), practice of ascetic-discipline (*yatra*), quantity of food required in ascetic discipline (*matra*) as well as the desired ascetic behaviour covering all these "

३५. तए णं समणे भगवं महावीरे खंदयं कच्चायणसगोत्तं सयमेव पव्वावेइ जाव धम्ममाइक्खइ–एवं देवाणुप्पिया ! गंतव्वं, एवं चिट्ठियव्वं, एवं निसीइयव्वं, एवं तुयट्टियव्वं, एवं भुंजियव्वं, एवं भासियव्वं एवं उट्ठाए उट्ठाय पाणेहिं भूएहिं जीवेहिं सत्तेहिं संजमेणं संजमियव्वं, अस्सिं च णं अट्ठे णो किंचि वि पमाइयव्वं।

३५. तदनन्तर श्रमण भगवान महावीर स्वामी ने स्वय कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक परिव्राजक को प्रव्रजित किया, यावत् स्वयमेव धर्म की शिक्षा दी कि–हे देवानुप्रिय ! इस प्रकार (यतना) से चलना चाहिए, इस तरह से खडा रहना चाहिए, इस तरह से बैठना चाहिए, इस तरह से सोना चाहिए, इस तरह से खाना चाहिए, इस तरह से बोलना चाहिए, इस प्रकार से उठकर सावधानीपूर्वक प्राण, भूत, जीव और सत्त्व के प्रति सयमपूर्वक बर्ताव करना चाहिए। इस विषय मे जरा भी प्रमाद नही करना चाहिए।

35. Then Shraman Bhagavan Mahavir himself initiated and so on up to . personally directed *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan in religious conduct—"O Beloved of gods ! You should move this way, stand this way, sit this way, recline this way, eat this way, speak this way, get up this way and behave this way with all beings (*praan*), organisms (*bhoot*), souls (*jiva*) and entities (*sattva*) ensuring great care and restraint There should be no negligence (*pramad*) in this."

३६. तए णं से खंदए कच्चायणसगोत्ते समणस्स भगवओ महावीरस्स इमं एयारूवं धम्मियं उवएसं सम्मं संपडिवज्जति, तमाणाए तह गच्छइ, तह चिट्ठइ, तह निसीयइ, तह तुयट्टइ, तह भुंजइ, तह भासइ, तह उट्ठाए उट्ठाय पाणेहिं भूएहिं जीवेहिं सत्तेहिं संजमेणं संजमइ, अस्सिं च णं अट्ठे णो पमायइ।

३६. तब कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक मुनि ने श्रमण भगवान महावीर स्वामी के पूर्वोक्त धार्मिक उपदेश को भलीभाँति स्वीकार किया और भगवान की आज्ञा के अनुसार ही चलना, खडे रहना, बैठना,

सोना, खाना, बोलना आदि क्रियाएँ करने लगे; तथा तदनुसार ही प्राणों, भूतों, जीवो और सत्त्वों के प्रति संयमपूर्वक बर्ताव करने लगे। इस विषय में वे जरा-सा भी प्रमाद नहीं करते थे।

36. Then *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan duly accepted and embraced the aforesaid directions given by Shraman Bhagavan Mahavir and started moving, standing, sitting, reclining, eating, speaking and doing other activities accordingly. He also started behaving accordingly with all beings (*praan*), organisms (*bhoot*), souls (*jiva*) and entities (*sattva*) with great care and restraint. He was never negligent in this

३७. तए णं से खंदए कच्चायणसगोत्ते अणगारे जाए इरियासमिए भासासमिए एसणासमिए आयाणभंडमत्तनिक्खेवणासमिए उच्चार-पासवण-खेल-जल्लसिंघाण परिट्ठावणियासमिए मणसमिए वयसमिए कायसमिए मणगुत्ते वयगुत्ते कायगुत्ते गुत्ते गुत्तिंदिए गुत्तबंभचारी चाई लज्जू धण्णे खंतिखमे जिइदिए सोहिए अणियाणे अप्पुस्सुए अबहिल्लेस्से सुसामण्णरए दंते इणमेव णिग्गंथं पावयणं पुरओ काउं विहरइ।

३७. अब वह कात्यायनगोत्रीय स्कन्दक अनगार बन गए। वे अब ईर्यासमिति, भाषासमिति, एषणासमिति, आदानभाण्डमात्रनिक्षेपणासमिति, उच्चार-प्रस्रवण-खेल-जल्ल-सिंघाण-परिष्ठापनिका-समिति, एव मन समिति, वचनसमिति और कायसमिति, इन आठों समितियो का सम्यक् रूप से सावधानीपूर्वक पालन करने लगे। मनोगुप्ति, वचनगुप्ति और कायगुप्ति से गुप्त रहने लगे, अर्थात्-मन, वचन और काया को वश मे रखने लगे। वे सबको वश में रखने वाले, इन्द्रियों को वश में रखने वाले, गुप्तब्रह्मचारी (ब्रह्मचर्य को सुरक्षित रखने वाले) त्यागी, लज्जावान् (सयमी = सरल), धन्य (पुण्यवान् या धर्मधनवान्), क्षमावान्, जितेन्द्रिय, व्रतो आदि के शोधक (शुद्धिपूर्वक आचरणकर्ता), निदान (नियाणा) न करने वाले, आकाक्षारहित, उतावलरहित, सयम से बाहर चित्त न रखने वाले, श्रेष्ठ साधुव्रतो मे लीन, कषायो व इन्द्रियो का दमन करने वाले स्कन्दक मुनि इसी निर्ग्रन्थ प्रवचन को सम्मुख रखकर सब क्रियाएँ करने लगे।

37. Now, *Parivrajak* Skandak of Katyayan clan became a homeless ascetic He now duly practiced properly and with care the eight regulations (*samiti*) including careful movement (*irya samiti*), careful speech (*bhasha samiti*), careful alms-seeking (*eshana samiti*), careful upkeep of ascetic-equipment including bowls (*adan-bhand-matra-nikshepana samiti*), careful disposal of excreta (*uchchar-prasravan-khel-jalla-singhan-parishthapanika samiti*) [*ucchara-prasravan* = stool and urine, *khel* = phlegm coming out of mouth and nose; and *jalla-singhan* = dirt of the ear and nose], careful thought (*manah samiti*), careful speech (*vachan samiti*), careful action (*kaya samiti*). He also practiced the three restraints (*guptis*) including restraint of mind (*manogupti*), restraint of

speech (*vachan gupti*) and restraint of body (*kayagupti*). He exercised complete control over self (*gupta*), complete control over sense organs (*guptindriya*) and complete control over libido (*gupta brahmachari*). He became a renouncer (*tyagi*), disciplined and modest (*lajjavan*), pious and religious (*dhanya*), forgiver (*kshamavan*), victor over senses (*jitendriya*), steadfast observer of vows (*shodhak*), devoid of expectation (*anidan*), non-ambitious (*akanksharahit*), non-hasty, mentally not drifting away from ascetic-discipline, immersed in lofty ascetic practices and subjugator of passions and sense organs Such ascetic Skandak indulged in all activities keeping in mind the aforesaid *Nirgranth* sermon.

स्कन्दक द्वारा तपश्चरण AUSTERITIES OF SKANDAK

३८. तए णं समणे भगवं महावीरे कयंगलाओ नयरीओ छत्तपलासाओ चेइयाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता बहिया जणवयविहारं विहरइ।

३९. तए णं से खंदए अणगारे समणस्स भगवओ महावीरस्स तहारूवाणं थेराणं अंतिए सामाइयमाइयाइं एक्कारस अंगाइं अहिज्जइ, अहिज्जित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ, नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी—इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे मासियं भिक्खुपडिमं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह।

३८. तत्पश्चात् श्रमण भगवान महावीर स्वामी कृतगला नगरी के छत्रपलाशक उद्यान से निकले और बाहर (अन्य) जनपदो (देशो) मे विचरण करने लगे।

३९. इसके बाद स्कन्दक अनगार ने श्रमण भगवान महावीर के तथारूप स्थविरो से सामायिक आदि ग्यारह अगो का अध्ययन किया। अध्ययन पूर्ण करके श्रमण भगवान महावीर के पास आकर वन्दना-नमस्कार करके इस प्रकार बोले-'भगवन् ! आपकी आज्ञा हो तो मै मासिकी भिक्षुप्रतिमा अंगीकार करके विचरना चाहता हूँ।'

(भगवान-) देवानुप्रिय ! जैसे तुम्हे सुख हो, वैसा करो। शुभ कार्य में विलम्ब न करो।

38. After that Shraman Bhagavan Mahavir left Chhatrapalashak garden in Kritangala city and resumed his itinerant way in other inhabited areas (states).

39. Ascetic Skandak then studied eleven *Angas* including *Samayik* under senior ascetics (*sthavir*) of Shraman Bhagavan Mahavir's order. Concluding his studies he approached Bhagavan Mahavir and after paying him homage and obeisance said—*Bhante* ! If you kindly permit me I wish to embrace and practice *Bhikshu Pratima* of one month duration.

(*Bhagavan* said—) "Beloved of gods ! Do as you please and avoid languor when doing a good deed."

४०. तए णं से खंदए अणगारे समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे हट्ठे जाव नमंसित्ता मासियं भिक्खुपडिमं उवसंपज्जित्ताणं विहरइ।

४१. तए णं से खंदए अणगारे मासियं भिक्खुपडिमं अहासुत्तं अहाकप्पं अहामग्गं अहातच्चं अहासम्मं काएण फासेति पालेति सोहेति तीरेति पूरेति किट्टेति अणुपालेइ आणाए आराहेइ, काएण फासित्ता जाव आराहेत्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं जाव नमंसित्ता एवं वयासी—इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे दोमासियं भिक्खुपडिमं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह। तं चेव।

४०. तत्पश्चात् स्कन्दक अनगार श्रमण भगवान महावीर की आज्ञा प्राप्त करके हर्षित हुए यावत् भगवान महावीर को नमस्कार करके मासिक भिक्षुप्रतिमा अंगीकार करके विचरण करने लगे।

४१. इसके बाद स्कन्दक अनगार के सूत्र (विधि) के अनुसार, कल्प (मर्यादा) के अनुसार, मार्ग (पद्धति) के अनुसार, यथातत्त्व (स्वरूप के अनुसार) और सम्यक् प्रकार (समभाव) से स्वीकृत मासिक भिक्षुप्रतिमा का काया से स्पर्श किया, पालन किया, उसे शोधित किया, पार लगाया, पूर्ण किया, उसका कीर्तन (गुणगान) किया, अनुपालन किया और आज्ञापूर्वक आराधन किया। उक्त प्रतिमा का काया से भली प्रकार स्पर्श करके यावत् उसका आज्ञापूर्वक आराधन करके जहाँ श्रमण भगवान महावीर विराजमान थे, वहाँ आए और श्रमण भगवान महावीर को वन्दन-नमस्कार करके इस प्रकार बोले—'भगवन् ! आपकी आज्ञा हो तो मै द्विमासिकी भिक्षुप्रतिमा स्वीकार करके विचरण करना चाहता हूँ।'

भगवान ने कहा—'देवानुप्रिय ! तुम्हे जिस प्रकार सुख हो, वैसा ही करो। किन्तु विलम्ब मत करो।'

40. Ascetic Skandak was pleased to get permission from Shraman Bhagavan Mahavir... and so on up to... after paying homage and obeisance to Bhagavan Mahavir he embraced and commenced practice of *Bhikshu Pratima* of one month duration

41. Thereafter ascetic Skandak embraced the month-long *Bhikshu Pratima* according to the scriptures (*yathasutra*), code of praxis (*yathakalp*), prescribed procedure (*yathamarg*) and perfectly following fundamentals (*yathatattva*), with equanimity (*samata*) and touching with the body (actually not just conceptually) sincerely observed (*palit*), purified (*shodhit*; for transgressions), completed (*purit*; for breaking fast), sang in praise of (*kirtit*) concluded (*anupalit*) and successfully performed (*aradhit*) as per the sanction. Thus after touching with the

body. . and so on up to... successfully performing (*arādhit*) as per the sanction, he returned to Shraman Bhagavan Mahavir and, after paying him homage and obeisance, submitted—*Bhante* ! If you kindly permit me I wish to embrace and practice *Bhikshu Pratima* of two month duration.

Bhagavan said—"Beloved of gods ! Do as you please and avoid languor when doing a good deed." And then ascetic Skandak embraced and commenced practice of *Bhikshu Pratima* of two month duration.. and so on up to. . successfully performed (*aradhit*) as per the sanction.

४२. एवं तेमासियं चाउम्मासियं पंच–छ–सत्तमा०। पढमं सत्तराइंदियं, दोच्चं सत्तराइंदियं, तच्चं सत्तराइंदियं, अहो राइंदियं, एगराइयं।

४३. तए णं से खंदए अणगारे एगराइयं भिक्खुपडिमं अहासुत्तं जाव आराहेत्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं जाव नमंसित्ता एवं वयासी–इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे गुणरयणसंवच्छरं तवोकम्मं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं०।

४२. इसी प्रकार त्रैमासिकी, चातुर्मासिकी, पचमासिकी, षट्मासिकी एव सप्तमासिकी भिक्षुप्रतिमा की यथावत् आराधना की। तत्पश्चात् प्रथम सप्तरात्रि–दिवस की, द्वितीय सप्तरात्रि दिवस की एव तृतीय सप्तरात्रि–दिवस की, फिर एक अहोरात्रि की तथा एकरात्रि की, इस तरह बारह भिक्षुप्रतिमाओं का सूत्रानुसार यावत् आज्ञापूर्वक सम्यक् आराधन किया।

४३. स्कन्दक अनगार अन्तिम एकरात्रि की भिक्षुप्रतिमा का यथासूत्र यावत् आज्ञापूर्वक सम्यक् आराधन करने के पश्चात् श्रमण भगवान महावीर के निकट आये। वन्दना–नमस्कार करके इस प्रकार बोले–'भगवन् ! आपकी आज्ञा हो तो मै 'गुणरत्नसवत्सर' नामक तपश्चरण अगीकार करके विचरण करना चाहता हूँ।'

भगवान ने फरमाया–'तुम्हे जैसा सुख हो, वैसा करो; धर्मकार्य मे विलम्ब न करो।'

42. In the same way he successfully performed (*aradhit*), as per the sanction, *Bhikshu Pratimas* of three, four, five, six and seven month duration After that he embraced and commenced practice of first *Sapt-ratri-divas Bhikshu Pratima*, Second *Sapt-ratri-divas Bhikshu Pratima*, Third *Sapt-ratri-divas Bhikshu Pratima, Ahoratriki Pratima* (to be practiced for twenty four hours), and *Ek-ratriki Pratima* (to be practiced for one night) (completing all the twelve *Bhikshu Pratimas*)... and so on up to... successfully performed (*aradhit*) as per the sanction.

43. After successfully performing (*aradhit*), as per the sanction, the last *Ek-ratriki Pratima*, ascetic Skandak approached Shraman

Bhagavan Mahavir and after paying homage and obeisance *said*—*Bhante* ! If you kindly permit me I wish to embrace and practice the *Gunaratna-samvatsar* penance.

(*Bhagavan*—) "Beloved of gods ! Do as you please and avoid languor when doing a good deed."

विवेचन : भिक्षुप्रतिमा की आराधना विधि–निर्ग्रन्थ मुनियों के अभिग्रह (प्रतिज्ञा) विशेष को भिक्षुप्रतिमा कहते हैं। ये प्रतिमाएँ बारह होती हैं, जिनकी अवधि का उल्लेख मूल पाठ मे किया है। *(भिक्षु प्रतिमाओं का विस्तृत वर्णन सचित्र अन्तकृद्दशासूत्र, पृष्ठ ३८४ पर देखे)*

Elaboration—*Bhikshu Pratima*—Austerities to be performed by ascetics after taking some specific resolves are called *Bhikshu Pratima*. These are twelve in number and specific duration of each of them is mentioned in the text *(For detailed description of Bhikshu Pratimas refer to Illustrated Antakriddasha Sutra, p 384)*

४४. तए णं से खंदए अणगारे समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे जाव नमंसित्ता गुणरयणसंवच्छरं तवोकम्मं उवसंपज्जित्ताणं विहरइ। तं जहा–पढमं मासं चउत्थं चउत्थेणं अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं दिया ठाणुक्कुडुए सूराभिमुहे आयावणभूमीए आयावेमाणे, रत्तिं वीरासणेणं अवाउडेण य। एवं दोच्चं मासं छट्ठं छट्ठेणं अणिक्खित्तेणं० दिया ठाणुक्कुडुए सूराभिमुहे आयावणभूमीए आयावेमाणे, रत्तिं वीरासणेणं अवाउडेण य। एवं तच्चं मासं अट्ठमं अट्ठमेणं, चउत्थं मासं दसमं दसमेणं, पंचमं मासं बारसमं बारसमेणं, छट्ठं मासं चोद्दसमं चोद्दसमेणं सत्तमं मासं सोलसमं, सोलसमेणं अट्ठमं मासं अट्ठारसमं अट्ठारसमेणं, नवमं मासं वीसइमं वीसइमेणं, दसमं मासं बावीसइमं बावीसइमेणं, एक्कारसमं मासं चउव्वीसइमं चउव्वीसइमेणं, बारसमं मासं छव्वीसइमं छव्वीसइमेणं, तेरसमं मासं अट्ठावीसइमं अट्ठावीसइमेणं, चोद्दसमं मासं तीसइमं तीसइमेणं, पन्नरसमं मासं बत्तीसइमं बत्तीसइमेणं, सोलसमं मासं चोत्तीसइमं चोत्तीसइमेणं, अनिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं दिया ठाणुक्कुडुए सूराभिमुहे आयावणभूमीए आयावेमाणे, रत्तिं वीरासणेणं अवाउडेणं।

४४. तत्पश्चात् श्रमण भगवान महावीर की आज्ञा प्राप्त होने पर स्कन्दक अनगार गुणरत्नसंवत्सर नामक तपश्चरण स्वीकार करके विचरण करने लगे। जैसे कि–(गुणरत्नसवत्सर तप की विधि) पहले महीने मे निरन्तर उपवास (चतुर्थभक्त तपःकर्म) करना, दिन मे सूर्य के सम्मुख दृष्टि रखकर आतापनाभूमि मे उत्कुटुक आसन से बैठकर सूर्य की आतापना लेना और रात्रि मे अपावृत (निर्वस्त्र) होकर वीरासन से बैठना एव शीत सहन करना। इसी तरह निरन्तर बेले–बेले पारणा करना। दिन में उत्कुटुक आसन से बैठकर सूर्य के सम्मुख मुख रखकर आतापनाभूमि मे सूर्य की आतापना लेना, रात्रि में अपावृत होकर वीरासन से बैठकर शीत सहन करना। इसी प्रकार तीसरे मास में उपर्युक्त विधि के अनुसार निरन्तर तेले–तेले पारणा करना। इसी विधि के अनुसार चौथे मास मे निरन्तर चौले–चौले पारणा करना। पाँचवे मास में पचौले–पचौले (पाँच–पाँच उपवास से) पारणा करना। छठे मास में

निरन्तर छह-छह उपवास करना। सातवें मास मे निरन्तर सात-सात उपवास करना। आठवें मास में निरन्तर आठ-आठ उपवास करना। नौवें मास में निरन्तर नौ-नौ उपवास करना। दसवें मास में निरन्तर दस-दस उपवास करना। ग्यारहवें मास मे निरन्तर ग्यारह-ग्यारह उपवास करना। बारहवें मास में निरन्तर बारह-बारह उपवास करना। तेरहवें मास मे निरन्तर तेरह-तेरह उपवास करना। चौदहवें मास मे निरन्तर चौदह-चौदह उपवास करना। पन्द्रहवे मास मे निरन्तर पन्द्रह-पन्द्रह उपवास करना और सोलहवे मास में निरन्तर सोलह-सोलह उपवास करना। इन सभी में दिन में उत्कुटुक आसन में बैठकर सूर्य के सम्मुख मुख करके आतापनाभूमि में आतापना लेना, रात्रि के समय वस्त्ररहित होकर वीरासन से बैठकर शीत सहन करना।

44. After getting permission from Shraman Bhagavan Mahavir ascetic Skandak commenced the practice of the *Gunaratna-samvatsar* penance. This was as follows (procedure of the *Gunaratna-samvatsar* penance)—To fast on alternate days (*i.e.* to miss four meals of a day, break the fast on second day and again miss four meals on the third day, and so on) during the first month Also to sit naked in *Utkatuk* posture facing the sun enduring heat during the day and to sit in *Virasan* posture enduring cold during the night. To fast for two days followed by a break (*i.e* to miss six meals, break the fast on following day and again miss six meals, and so on) during the second month The practice also includes sitting naked in *Utkatuk* posture facing the sun enduring heat during the day and sitting in *Virasan* posture enduring cold during the night. To do a series of three day fasts (missing eight meals) followed by a break with other rules remaining the same during the third month. With the other conditions remaining the same, to do a series of four day fasts (missing ten meals) followed by a break during the fourth month, five day fasts (missing twelve meals) during the fifth month, six day fasts (missing fourteen meals) during sixth month, seven day fasts (missing sixteen meals) during the seventh month, eight day fasts (missing eighteen meals) during the eighth month, nine day fasts (missing twenty meals) during the ninth month, ten day fasts (missing twenty two meals) during the tenth month, eleven day fasts (missing twenty four meals) during the eleventh month, twelve day fasts (missing twenty six meals) during the twelfth month, thirteen day fasts (missing twenty eight meals) during the thirteenth month, fourteen day fasts (missing thirty meals) during the fourteenth month, fifteen day fasts (missing thirty two meals) during the fifteenth month and sixteen day fasts (missing thirty four meals) during the sixteenth month. All through, the practice also includes sitting naked in *Utkatuk* posture

facing the sun enduring heat during the day and sitting in *Virasan* posture enduring cold during the night.

४५. तए णं से खंदए अणगारे गुणरयणसंवच्छरं तवोकम्मं अहासुत्तं अहाकप्पं जाव आराहेत्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता बहूहिं चउत्थ-छट्ठऽट्ठम-दसम-दुवालसेहिं मासऽद्धमासखमणेहिं विचित्तेहिं तवोकम्मेहिं अप्पाणं भावेमाणे विहरति।

४५. तदनन्तर स्कन्दक अनगार ने गुणरत्नसंवत्सर नामक तपश्चरण की सूत्रानुसार, कल्पानुसार विधिपूर्वक आराधना की। इसके पश्चात् श्रमण भगवान महावीर के पास आये। उन्हें वन्दना-नमस्कार किया। इसके पश्चात् अनेक उपवास, बेला, तेला, चौला, पचौला, मासखमण (मासिक उपवास), अर्द्धमासखमण इत्यादि विविध प्रकार के तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरण करने लगे।

45. After successfully performing (*aradhit*), as per the sanction, the *Gunaratna-samvatsar* penance ascetic Skandak approached Shraman Bhagavan Mahavir and paid homage and obeisance. He then resumed his activities enkindling (*bhaavit*) his soul with a variety of austerities including fasting for one, two, three, four and five days, one month and one fortnight

४६. तए णं से खंदए अणगारे तेणं ओरालेणं, विपुलेणं पयत्तेणं पग्गहिएणं कल्लाणेणं सिवेणं धण्णेणं मंगल्लेणं सस्सिरीएणं उदग्गेणं उदत्तेणं उदारेणं महाणुभागेणं तवोक्कम्मेणं सुक्के लुक्खे निम्मंसे अट्ठिचम्मावणद्धे किडिकिडियाभूए किसे धमणिसंतए जाए यावि होत्था, जीवंजीवेण गच्छइ, जीवंजीवेणं चिट्ठइ, भासं भासित्ता वि गिलाइ, भासं भासमाणे गिलाइ, भासं भासिस्सामीति गिलाइ; से जहा नामए कट्ठसगडिया इ वा पत्तसगडिया इ वा पत्त-तिलभंडगसगडिया इ वा एरंडकट्ठसगडिया इ वा इंगालसगडिया इ वा उण्हे दिण्णा सुक्का समाणी ससद्दं गच्छइ, ससद्दं चिट्ठइ, एवामेव खंदए वि अणगारे ससद्दं गच्छइ, ससद्दं चिट्ठइ, उवचिए तवेणं, अवचिए मंस-सोणिएणं, हुयासणे विव भासरासिपडिच्छन्ने, तवेणं तेएणं तवतेयसिरीए अतीव अतीव उवसोभेमाणे चिट्ठइ।

४६. इसके पश्चात् वे स्कन्दक अनगार पूर्वोक्त प्रकार के उदार (फलाशरहित), विपुल (दीर्घकालीन), प्रदत्त (गुरु द्वारा अनुज्ञात), प्रगृहीत (बहुमानपूर्वक आचरित), कल्याणरूप, शिवरूप (उपद्रवरहित), धन्यरूप, मगलरूप (अनिष्ट का उपशमन करने वाला), श्रीयुक्त (शोभास्पद), उत्तम, उदग्र (उत्तरोत्तर वृद्धियुक्त), उदात्त (उत्तम भावयुक्त), सुन्दर, उदार और महाप्रभावशाली तप से शुष्क हो गए, रूक्ष हो गए, माँसरहित हो गए, उनका शरीर केवल हड्डी और चमडी से ढका हुआ रह गया। चलते समय हड्डियाँ खड-खड करने लगी, वे कृश-दुर्बल हो गए, उनकी नाडियाँ सामने दिखाई देने लगी, अब वे केवल अपने आत्म-बल से चलते थे, खडे रहते थे, तथा वे इतने दुर्बल हो गए थे कि भाषा बोलने के बाद, भाषा बोलते-बोलते भी और भाषा बोलूँगा, इस विचार से भी ग्लानि (थकावट)

को प्राप्त होते थे (उन्हें बोलने मे भी कष्ट होता था)। जैसे कोई सूखी लकड़ियो से भरी हुई गाडी हो, पत्तों से भरी हुई गाडी हो, पत्ते, तिल और अन्य सूखे सामान से भरी हुई गाड़ी हो, एरण्ड की लकड़ियों से भरी हुई गाडी हो, या कोयले से भरी हुई गाडी हो, सभी गाड़ियाँ (गाड़ियों मे भरी सामग्री) धूप में अच्छी तरह सुखाई हुई हो और फिर जब चलती हैं तो खड़-खड आवाज करती हुई चलती हैं और आवाज करती हुई खडी रहती हैं, इसी प्रकार जब स्कन्दक अनगार चलते थे, खड़े रहते थे, तब खड़-खड आवाज होती थी। यद्यपि वे शरीर से दुर्बल हो गए थे, तथापि वे तप से पुष्ट थे। उनका माँस और रक्त क्षीण (अत्यन्त कम) हो गये थे, किन्तु राख के ढेर में दबी हुई अग्नि की तरह (बाहर से निस्तेज दिखने पर भी) वे तप और तेज से तथा तप-तेज की शोभा से अतीव सुशोभित हो रहे थे।

46. Then, as a consequence of the said austerities that were free of expectations (*udaar*), extended (*vipul*), consented by the guru (*pradatt*), and observed with great devotion (*pragrihit*); that promised beatitude (*kalyan rupa*), security (*shiva rupa*), bliss (*dhanya rupa*), well-being (*mangal rupa*), and nobility (*shriyukta*); that were lofty (*uttam*), progressively enhancing (*udagra*), ideal (*udaatt*), beautiful, generous, highly efficacious and severe; that ascetic Skandak became dehydrated, haggard and devoid of flesh. His body was reduced to a mere skeleton covered with skin When he walked his bones rattled He was famished and weak, so much so that his veins became prominent and visible It was through shear will power that he moved and stood. He was so emaciated that after speaking, or while speaking or even the thought of speaking exhausted him When ascetic Skandak walked or just remained standing his body produced a rattling sound just like a cart filled with dry wood, dry leaves, sesame seeds or other dry things, twigs of Erand, or coal and further dried in sun, that rattles whether it is moving or stationary. Although he was weak in body, he was strong in austerities Though his flesh ar d blood were almost reduced to nothingness, he still appeared exceptionally graceful due to his austerities and spiritual glow as well as the radiance of penance.

विवेचन : गुणरत्नसंवत्सर तप की संपूर्ण आराधना मे १६ महीने लगते है। जिनमे से ४०७ दिन तपस्या के और ७३ दिन पारणे के होते हैं। शेष सब विधि मूलपाठ मे है। *(विशेष वर्णन व चित्र देखें, सचित्र अन्तकृद्दशासूत्र, पृष्ठ ३५६)*

Elaboration—The complete practice of *Gunaratna-samvatsar* penance involves sixteen months This includes 407 days of fasting and 73 days of eating The procedure has already been mentioned in the text. *(For more details and illustration see Illustrated Antakriddasha Sutra, p. 356)*

४७. तेणं कालेणं तेण समएणं रायगिहे नगरे जाव समोसरणं जाव परिसा पडिगया।

४७. उस काल उस समय मे श्रमण भगवान महावीर स्वामी राजगृह नगर में पधारे। समवसरण की रचना हुई। यावत् जनता भगवान का धर्मोपदेश सुनकर वापस लौट गई।

47. During that period of time there was a city called Rajagriha... and so on up to... *Bhagavan* gave his sermon. People dispersed.

४८. तए णं तस्स खंदयस्स अणगारस्स अण्णया कयाइ पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि धम्म जागरियं जागरमाणस्स इमेयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए जाव समुप्पज्जित्था-'एवं खलु अहं इमेणं एयारूवेणं ओरालेणं जाव (सु. ४६) किसे धमणिसंतए जाते जीवंजीवेणं गच्छामि, जीवंजीवेणं चिट्ठामि, जाव गिलामि, जाव (सु. ४६) एवामेव अहं पि ससद्दं गच्छामि, ससद्दं चिट्ठामि, तं अत्थि ता मे उट्ठाणे कम्मे बले वीरिए पुरिसक्कारपरक्कमे तं जावता मे अत्थि उट्ठाणे कम्मे बले वीरिए पुरिसक्कारपरक्कमे जाव य मे धम्मोवदेसए समणे भगवं महावीरे जिणे सुहत्थी विहरइ तावता मे सेयं कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए फुल्लुप्पल-कमल-कोमलुम्मिल्लियम्मि अहपंडुरे पभाए रत्तासोयप्पकासकिंसुय-सुयमुह-गुंजऽद्धरागसरिसे कमलागरसंडबोहए उट्ठियम्मि सूरे सहस्सरस्सिम्मि दिणयरे तेयसा जलंते समणं भगवं महावीरं वंदित्ता नमंसित्ता जाव पज्जुवासित्ता, समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे सयमेव पंच महव्वयाणि आरोवेत्ता, समणा य समणीओ य खामेत्ता, तहारूवेहिं थेरेहिं कडाऽईहिं सद्धिं विपुलं पव्वयं सणियं सणियं दुरूहित्ता, मेघघणसन्निगासं देवसन्निवातं पुढवीसिलापट्टयं पडिलेहित्ता, दब्भसंथारयं संथरित्ता, दब्भसंथारोवगयस्स संलेहणाझूसणाझूसियस्स भत्त पाणपडियाइक्खियस्स पाओवगयस्स कालं अणवकंखमाणस्स विहरित्तए त्ति कट्टु एवं संपेहेइ, संपेहित्ता कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए जाव जलंते जेणेव समणे भगवं महावीरे जाव पज्जुवासइ।

४८. तदनन्तर किसी एक दिन रात्रि के पिछले पहर में धर्म-जागरणा करते हुए स्कन्दक अनगार के मन मे इस प्रकार का अध्यवसाय, चिन्तन यावत् सकल्प उत्पन्न हुआ कि मै इस (पूर्वोक्त) प्रकार के उदार यावत् महाप्रभावशाली तप द्वारा शुष्क, रूक्ष यावत् कृश हो गया हूँ। यावत् मेरा शारीरिक बल क्षीण हो गया, मै केवल आत्म-बल से चलता हूँ और खडा रहता हूँ। यहाँ तक कि बोलने के बाद, बोलते समय और बोलने से पूर्व भी मुझे ग्लानि-खिन्नता होती है यावत् पूर्वोक्त गाडियो की तरह चलते और खडे रहते हुए मेरी हड्डियों से खड-खड आवाज होती है। अतः जब तक मुझमे उत्थान, कर्म, बल, वीर्य, पुरुषकार, पराक्रम है, जब तक मेरे धर्माचार्य, धर्मोपदेशक, तीर्थंकर श्रमण भगवान महावीर गन्धहस्ती की तरह विचरण कर रहे है, तब तक मेरे लिए श्रेयस्कर है कि इस रात्रि के व्यतीत हो जाने पर कल प्रातःकाल कोमल उत्पलकमलो को विकसित करने वाले, क्रमशः निर्मल प्रभायुक्त अशोक के समान प्रकाशमान, टेसू के फूल, तोते की चोच, गुजा के अर्द्ध-भाग जैसे लाल, कमलवनो को विकसित करने वाले, सहस्ररश्मि, तथा तेज से जाज्वल्यमान दिनकर सूर्य के उदय होने पर मैं श्रमण भगवान महावीर को वन्दना-नमस्कार यावत् पर्युपासना करके श्रमण भगवान महावीर की आज्ञा प्राप्त करके,

स्वयमेव पंचमहाव्रतों का आरोपण करके, श्रमण-श्रमणियों के साथ क्षमापना करके कृतादि (प्रतिलेखना आदि धर्मक्रियाओं में कुशल व समर्थ) तथारूप स्थविर साधुओं के साथ विपुलगिरि पर शनैः-शनैः चढ़कर, मेघसमूह के समान काले, देवो के अवतरणस्थानरूप पृथ्वीशिलापट्ट की प्रतिलेखना करके, उस पर डाभ (दर्भ) का सथारा (संस्तारक) बिछाकर, उस दर्भ संस्तारक पर बैठकर आत्मा को संलेखना तप द्वारा कर्मों को नष्ट करके, आहार-पानी का सर्वथा त्याग (प्रत्याख्यान) करके पादपोपगमन संथारा करके, मृत्यु की आकांक्षा न करता हुआ विचरण करूँ।

इस प्रकार का विचार किया और रात्रि व्यतीत होने पर प्रातःकाल यावत् जाज्वल्यमान सूर्य के उदय होने पर स्कन्दक अनगार श्रमण भगवान महावीर स्वामी की सेवा में आकर उन्हे वन्दना-नमस्कार करके यावत् पर्युपासना करने लगे।

48. Then one night, around last quarter, while doing religious studies ascetic Skandak had an inspiration (*adhyavasaya*), thought (*chintan*) .. and so on up to . resolve (*sankalp*) that as a consequence of the said austerities that were free of expectations (*udaar*). and so on up to.. severe, I have become dehydrated.. and so on up to. . It is through shear will power that I move and stand. So much so that after speaking, or while speaking or even the thought of speaking exhausts me... and so on up to . When I walk or remain standing my bones rattle just like aforesaid carts Therefore, as long as I am endowed with capacity to rise (*utthaan*) and act (*karma*), with strength (*bal*), potency (*virya*), and with the will of self-exertion (*purushakar-parakram*); as long as my spiritual teacher and guide Tirthankar Shraman Bhagavan Mahavir moves about like a king elephant; it would be good for me that tomorrow; when the night ends and the dawn breaks, when the blue and other lotuses bloom beautifully, when the sun rises with its crimson glow like *Ashoka* and *Palash* flowers, a parrot's beak, and red-half of *Gunja* seed, causing the multitude of lotuses to blossom and attains brilliance with its thousand rays; I should pay homage and obeisance... and so on up to. . worship Shraman Bhagavan Mahavir. After that I should seek permission from Bhagavan Mahavir, embrace the five great vows on my own, seek pardon from male and female ascetics (*Shraman* and *Shramani*), and slowly ascend Vipula mountain in the company of *tatharupa* (conforming to *Agams*) accomplished (in various ascetic rituals and codes) senior ascetics (*sthavirs*). After that I should seek, inspect and clean a cloud-like black rock suited for descent of gods and make a bed of hay (*darbh*). I should then destroy all the *karmas* through the ultimate vow (*Samlekhana*), give up all food intake, recline on the said bed, take the

vow of *Padapopagaman Santhara* (tree like end) and spend my time without desiring for death.

With this resolve, when the night ended and the dawn broke, ... and so on up to... with the brilliant sun, ascetic Skandak came to Shraman Bhagavan Mahavir and after paying homage and obeisance... and so on up to... commenced worship.

४९. 'खंदया !' इ समणे भगवं महावीरे खंदयं अणगारं एवं वयासी–से नूणं तव खंदया ! पुव्वरत्तावरत्त काल समयंसि जाव (सु. ४८) जागरमाणस्स इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव (सु. १७) समुपज्जित्था–'एवं खलु अहं इमेणं एयारूवेणं ओरालेणं विपुलेणं तं चेव जाव (सु. ४८) कालं अणवकंखमाणस्स विहरित्तए त्ति कट्टु' एवं संपेहेसि, संपेहित्ता कल्लं पाउप्पभायाए जाव जलंते जेणेव मम अंतिए तेणेव हव्वमागए। से नूणं खंदया ! अट्ठे समट्ठे ?

हंता, अत्थि।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह।

४९. 'हे स्कन्दक !' इस प्रकार सम्बोधित करके श्रमण भगवान महावीर ने स्कन्दक अनगार से इस प्रकार कहा– स्कन्दक ! रात्रि के पिछले पहर मे धर्म जागरणा करते हुए तुम्हे इस प्रकार का अध्यवसाय यावत् सकल्प उत्पन्न हुआ कि ''इस उदार यावत् महाप्रभावशाली तपश्चरण से मेरा शरीर अब कृश हो गया है, यावत् अब मै सलेखना–संथारा करके मृत्यु की आकाक्षा न करके पादपोपगमन अनशन करूँ।'' ऐसा विचार करके प्रात काल सूर्योदय होने पर तुम मेरे पास आए हो। हे स्कन्दक ! क्या यह सत्य है ?''

स्कन्दक अनगार ने कहा–हाँ, भगवन् ! यह सत्य है।

भगवान ने कहा–हे देवानुप्रिय ! जैसा तुम्हे सुख हो, वैसा करो; इस कार्य में विलम्ब मत करो।

49. "O Skandak !" Addressing thus, Shraman Bhagavan Mahavir said to ascetic Skandak—"Skandak ! Around the last quarter of the night, while doing religious studies you had an inspiration (*adhyavasaya*), ... and so on up to. . resolve (*sankalp*), 'as a consequence of the said austerities, which were free of expectations (*udaar*) . and so on up to... severe, I have become dehydrated . and so on up to. . take the ultimate vow (*Samlekhana*) and the vow of *Padapopagaman Santhara* (tree like end)' With this resolve you have come to me at dawn. O Skandak ! Is it correct ?"

Ascetic Skandak said—Yes, *Bhagavan* ! It is so.

Bhagavan said—"Beloved of gods ! Do as you please and avoid languor when doing a good deed "

५०. तए णं से खंदए अणगारे समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे हट्ठतुट्ठ० जाव हयहियए उट्ठाए उट्ठेइ, उट्ठित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेइ जाव नमंसित्ता

सयमेव पंच महव्वयाइं आरुहेइ, आरुहित्ता समणे य समणीओ य खामेइ, तहारूवेहिं थेरेहिं कडाऽऽईहिं सद्धिं विपुलं पव्वयं सणियं सणियं दुरूहेइ, दुरूहित्ता मेघघणसन्निगासं देवसन्निवायं पुढविसिलावट्टयं पडिलेहेइ, पडिलेहित्ता उच्चारपासवणभूमिं पडिलेहेइ, पडिलेहित्ता दब्भसंथारयं संथरेइ, संथेरित्ता पुरत्थाभिमुहे संपलियंकनिसण्णे करयलपरिग्गहियं दसनहं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वयासी-

नमोऽत्थु णं अरहंताणं भगवंताणं जाव संपत्ताणं, नमोऽत्थु णं समणस्स भगवओ महावीरस्स जाव संपाविउकामस्स, वंदामि णं भगवंतं तत्थगयं इहगयं, पासउ मे भयवं तत्थगए इहगयं ति कट्टु वंदइ नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी-"पुव्विं पि मए समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए सव्वे पाणातिवाए पच्चक्खाए जावज्जीवाए जाव मिच्छादंसणसल्ले पच्चक्खाए जावज्जीवाए, इयाणिं वि य णं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए सव्वं पाणाइवायं पच्चक्खामि जावज्जीवाए जाव मिच्छादंसणसल्लं पच्चक्खामि। एवं सव्वं असणं पाणं खाइमं साइमं चउव्विहं पि आहारं पच्चक्खामि जावज्जीवाए। जं पि य इमं सरीरं इट्ठं कंतं पियं जाव फुसंतु त्ति कट्टु एयं पि णं चरिमेहिं उस्सास-नीसासेहिं वोसिरामि" त्ति कट्टु संलेहणा-झूसणाझूसिए भत्त-पाणपडियाइक्खिए पाओवगए कालं अणवकंखमाणे विहरइ।

५०. तदनन्तर स्कन्दक अनगार श्रमण भगवान महावीर की आज्ञा प्राप्त हो जाने पर अत्यन्त हर्षित, संतुष्ट यावत् प्रफुल्ल हृदय हुए। फिर खडे होकर श्रमण भगवान महावीर को तीन बार दाहिनी ओर से प्रारम्भ कर प्रदक्षिणा की और वन्दना-नमस्कार करके स्वयमेव पाँच महाव्रतो का आरोपण किया। फिर श्रमण-श्रमणियों से क्षमायाचना की और तथारूप योग्य कृतादि स्थविरो के साथ शनै.-शनै विपुलाचल पर चढे। वहाँ मेघ-समूह के समान काले, देवो के उतरने योग्य स्थानरूप एक पृथ्वीशिलापट्ट की प्रतिलेखना की तथा उच्चार-प्रस्रवणादि परिष्ठापनभूमि की प्रतिलेखना की। ऐसा करके उस पृथ्वीशिलापट्ट पर डाभ का सथारा बिछाकर, पूर्व दिशा की ओर मुख करके, पर्यंकासन से बैठकर, दसो नख सहित दोनो हाथो को मिलाकर मस्तक पर रखकर, दोनो हाथ जोडकर इस प्रकार बोले-

[उ.] गौतम ! वह नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरणेन्द्र महान् ऋद्धि वाला है, यावत् वह चवालीस लाख भवनावासो पर, छह हजार सामानिक देवों पर, तेतीस त्रायस्त्रिंशक देवो पर, चार लोकपालों पर, परिवार सहित छह अग्रमहिषियों पर, तीन सभाओ पर, सात सेनाओं पर, सात सेनाधिपतियों पर और चौबीस हजार आत्मरक्षक देवो पर तथा अन्य अनेक दक्षिण दिशावर्ती नागकुमार देवों और देवियो पर आधिपत्य करता हुआ रहता है। उसकी विकुर्वणा–शक्ति इतनी है कि जैसे युवा पुरुष, युवती स्त्री के कर–ग्रहण करके अथवा गाड़ी के पहिये की धुरी में संलग्न आरो के दृष्टान्त से वह अपने द्वारा वैक्रियकृत बहुत से नागकुमार देवों और नागकुमार देवियों से सम्पूर्ण जम्बूद्वीप को भरने में समर्थ है और तिर्यग्लोक के संख्येय द्वीप–समुद्रों जितने स्थल को भरने की शक्ति वाला है। परन्तु यह उसकी शक्तिमात्र है, क्रियारहित विषय है, किन्तु ऐसा उसने कभी किया नहीं, करता नहीं और भविष्य में करेगा भी नहीं।

धरणेन्द्र के सामानिक देव, त्रायस्त्रिंशक देव, लोकपाल और अग्रमहिषियों की ऋद्धि आदि तथा वैक्रिय शक्ति का वर्णन चमरेन्द्र के वर्णन की तरह कहना चाहिए। विशेषता इतनी है कि इन सबकी विकुर्वणा–शक्ति सख्यात द्वीप–समुद्रों तक के स्थल को भरने की समझनी चाहिए। इसी तरह स्तनितकुमारो तक सभी भवनपति देवो, वाणव्यन्तर एवं ज्योतिष्क देवो (के इन्द्र और उनके अधीनस्थ देववर्ग की ऋद्धि आदि तथा विकुर्वणा–शक्ति) के सम्बन्ध में जानना चाहिए। विशेष यह है कि दक्षिण दिशा के सभी इन्द्रों के विषय में द्वितीय गौतम अग्निभूति अनगार प्रश्न पूछते है और उत्तर दिशा के सभी इन्द्रों के विषय में तृतीय गौतम वायुभूति अनगार प्रश्न करते हैं।

11. [Q.] After that the second Gautam, ascetic Agnibhuti, came, paid homage and obeisance to Shraman Bhagavan Mahavir and submitted—*Bhante* ! When so great is the opulence (*riddhi*). . and so on up to... capacity of transmutation (*vikurvana*) of Vairochanendra Bali, the *Indra* (overlord) of *Vairochanas*, then how great is the opulence (*riddhi*)... and so on up to... capacity of transmutation (*vikurvana*) of Naag Kumarendra Dharan, the *Indra* (overlord) of *Naag Kumars* ?

[Ans.] Gautam ! Naagkumarendra Dharan, the *Indra* (overlord) of *Naag Kumars* has great opulence . and so on up to... influence. He lives reigning over 4.4 million divine abodes, six thousand *Samanik Devs* (gods of same status), thirty three *Trayastrinshak Devs* (gods qualified to be priests or ministers), four *Lok-pals*, six *Agramahishis* (chief queens) with their retinue, three assemblies, seven armies, seven commanders and twenty four thousand guard-gods as well as numerous *Naag Kumar* gods and goddesses of the south direction His capacity of transmutation (*vikurvana*) is as follows—He has the power to pervade (*akirna*) the whole of Jambudveep continent and countable continents and seas in this transverse world with numerous *Naag Kumar* gods and goddesses, exactly like a young man tightly holds the hand of a young woman or like the spokes of a wheel tightly held by its axle. However, the aforesaid great power is theoretical In practice he has never performed transmutation (to said extant), neither he does, nor will he do.

The description about the opulence and power of transmutation of *Samanik Devs* (gods of same status), *Trayastrinshak Devs* (gods qualified to be priests or ministers), *Lok-pals* and *Agramahishis* (chief queens) of Dharanendra should be repeated as has been stated about Chamarendra. The difference being that the power of transmutation of all these is capable of pervading countable continents and seas. The same description should be repeated for (the overlords and subordinate gods of—) all abode dwelling gods up to *Stanit Kumars, Vanavyantars* (interstitial gods) and *Jyotishk* (stellar gods). The only difference being that the information for all *Indras* of southern direction is sought by the second Gautam, ascetic Agnibhuti and that for all *Indras* of northern direction is sought by the third Gautam, ascetic Vayubhuti.

विवेचन : धरणेन्द्र का परिचय–ये दक्षिण दिशावर्ती नागकुमारों के इन्द्र है। इनके निवास, लोकपालो का उपपात पर्वत, पाँच युद्ध सैन्य, पाँच सेनापति एव छह अग्रमहिषियो का वर्णन स्थानांग एवं प्रज्ञापनासूत्र मे है।

भवनपति देवो के दो निकाय हैं। दक्षिण निकाय (दाक्षिणात्य) और उत्तर निकाय (औदीच्य)। निम्न जाति के निम्न नाम के दस-दस प्रकार के भवनपति दोनों निकायों में होने से बीस भेद होते हैं-(१) असुरकुमार, (२) नागकुमार, (३) विद्युतकुमार, (४) सुपर्णकुमार, (५) अग्निकुमार, (६) पवनकुमार, (७) उदधिकुमार, (८) द्वीपकुमार, (९) दिशाकुमार, और (१०) स्तनितकुमार। इन बीस प्रकार के भवनपति देवो के दस दक्षिण निकाय के और दस उत्तर निकाय के कुल बीस इन्द्र हैं।

दक्षिण निकाय के इन्द्र-(१) चमर, (२) धरण, (३) वेणुदेव, (४) हरिकान्त, (५) अग्निशिख, (६) पूर्ण, (८) जलकान्त, (८) अमित, (९) विलम्ब, और (१०) घोष।

उत्तर निकाय के इन्द्र-(१) बलि, (२) भूतानन्द, (३) वेणुदालि, (४) हरिस्सह, (५) अग्निमाणव, (६) वशिष्ठ, (७) जलप्रभ, (८) अमितवाहन, (९) प्रभजन, और (१०) महाघोष।

सामानिक देव संख्या-चमरेन्द्र के ६४ हजार और बलीन्द्र के ६० हजार सामानिक देव है, शेष सब इन्द्रो के प्रत्येक ६-६ हजार सामानिक देव हैं। **आत्मरक्षक देव संख्या**-जिसके जितने सामानिक देव होते है, उससे चौगुने आत्मरक्षक देव होते हैं। **अग्रमहिषियों की संख्या**-चमरेन्द्र और बलीन्द्र के पाँच-पाँच; शेष धरणेन्द्र आदि प्रत्येक इन्द्र के छह-छह अग्रमहिषियाँ है। त्रायस्त्रिंश और लोकपालों की संख्या नियत है।

व्यन्तर देवों के इन्द्र-व्यन्तर देवो के ८ प्रकार हैं-(१) पिशाच, (२) भूत, (३) यक्ष, (४) राक्षस, (५) किन्नर, (६) किपुरुष, (७) महोरग, और (८) गन्धर्व। इनमें से प्रत्येक प्रकार के व्यन्तर देवों के दो-दो इन्द्र होते है अर्थात् १६ दक्षिण दिशा के, १६ उत्तर दिशा के। इस प्रकार कुल बत्तीस इन्द्र हैं। **व्यन्तर इन्द्रों का परिवार**-वाणव्यन्तर देवो मे प्रत्येक इन्द्र के चार-चार हजार सामानिक देव और इनसे चार गुने अर्थात् प्रत्येक के १६-१६ हजार आत्मरक्षक देव होते है। इनमें त्रायस्त्रिंश और लोकपाल नही होते। प्रत्येक इन्द्र के चार-चार अग्रमहिषियाँ होती हैं।

ज्योतिष्केन्द्र परिवार-ज्योतिष्क निकाय मे ५ प्रकार के देव हैं-सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र और तारा। इनमे सूर्य और चन्द्र दो मुख्य एवं इन्द्र है। इनके भी प्रत्येक इन्द्र के चार-चार हजार सामानिक देव, १६-१६ हजार आत्मरक्षक और चार-चार अग्रमहिषियाँ होती हैं। ज्योतिष्क देवेन्द्रो के त्रायस्त्रिंश और लोकपाल नहीं होते।

वैक्रिय शक्ति-इनमे से दक्षिण के भवनपति देव और सूर्यदेव अपने वैक्रियकृत रूपो से सम्पूर्ण जम्बूद्वीप को ठसाठस भरने मे समर्थ है, और उत्तर दिशा के देव और चन्द्रदेव अपने वैक्रियकृत रूपो से सम्पूर्ण जम्बूद्वीप से कूछ अधिक स्थल को भरने मे समर्थ है। *(प्रज्ञापनासूत्र, तत्त्वार्थसूत्र, अ. ४, सू ६ व ११ का भाष्य)*

Elaboration—Dharanendra—He is the overlord (*Indra*) of *Naag Kumar* gods of the southern direction. The description of their abodes, the *Upapat Parvat* of *Lok-pals*, five armies, five commanders and six chief queens is available in *Sthananga* and *Prajnapana Sutra*.

Bhavan-pati Devs (abode dwelling gods have two classes (*nikaya*)— *Dakshin Nikaya* or *Dakshinatya* (southern class) and *Uttar Nikaya* or *Audichya* (northern class) There are ten clans of *Bhavan-pati Devs* (abode dwelling gods) in each of these classes with the same names making a total of twenty groups—(1) *Asur-kumar*, (2) *Naag-kumar*,

(3) *Suparn-kumar*, (4) *Vidyut-kumar*, (5) *Agni-kumar*, (6) *Dveep-kumar*, (7) *Udadhi-kumar*, (8) *Disha-kumar*, (9) *Vayu-kumar*, and (10) *Stanit-kumar*. Of these twenty groups of *Bhavan-pati Devs* (abode dwelling gods) there are twenty *Indras* (overlords), ten of *Dakshin Nikaya* (southern class) and ten of *Uttar Nikaya* (northern class).

Indras of Dakshin Nikaya (southern class)—(1) Chamar, (2) Dharan, (3) Venudev, (4) Harikant, (5) Agnishikh, (6) Purna, (7) Jalakant, (8) Amit, (9) Velamb, and (10) Ghosh.

Indras of Uttar Nikaya (northern class)—(1) Bali, (2) Bhootanand, (3) Venudali, (4) Harissaha, (5) Agnimanav, (6) Vishisht, (7) Jalaprabh, (8) Amit-vahan, (9) Prabhanjan, and (10) Mahaghosh.

Number of Samanik Devs—Chamarendra has 64 thousand *Samanik Devs* (gods of same status) and Balindra 60 thousand, all other *Indras* have 6 thousand *Samanik Devs* each. Number of *Atmarakshak Devs*—the number of *Atmarakshak Devs* (guard-gods) is four times that of *Samanik Devs* for each of the said *Indras*. Number of *Agramahishis*—Chamarendra and Balindra have five *Agramahishis* (chief queens) each, all the remaining *Indras* including Dharanendra have five *Agramahishis* each The number of *Trayastrinshak* and *Lok-pal* gods is fixed for all.

Sixteen Indras of Vyantar Devs—*Vyantar* or *Vanavyantar Devs* (interstitial gods) are of eight classes—(1) *Pishach*, (2) *Bhoot*, (3) *Yaksha*, (4) *Rakshas*, (5) *Kinnar*, (6) *Kimpurush*, (7) *Mahorag*, and (8) *Gandharva*. Each of these *Vyantar Devs* have two *Indras* (overlords), making sixteen of northern direction and sixteen of southern direction. Thus in total there are thirty two *Indras*. The retinue of *Vyantar Devs*—In *Vanavyantar* gods each *Indra* has four thousand *Samanik Devs* (gods of same status) and four times of this or sixteen thousand *Atmarakshak Devs* They do not have *Trayastrinshak* and *Lok-pal* gods. Each of these *Indras* have four *Agramahishis*.

Retinue of Jyotishkendra—The *Jyotishk* class has five groups of gods—*Surya, Chandra, Graha, Nakshatra* and *Tara*. Of these *Surya* and *Chandra* are main and *Indras* as well. Each of their *Indras* also has four thousand *Samanik Devs* (gods of same status), sixteen thousand *Atmarakshak Devs* and four *Agramahishis*. They do not have *Trayastrinshak* and *Lok-pal* gods.

Vaikriya Shakti (power of transmutation)—Of these *Bhavan-pati* gods of the south direction and Surya Dev have the power to pervade and

tightly pack whole of Jambu Dveep with their transmuted forms. *Bhavan-pati* gods of the north direction and *Chandra Dev* have the power to pervade and tightly pack a little more area than that of Jambu Dveep with their transmuted forms. *(Prajnapana Sutra; Tattvarth Sutra Bhashya, 4/6 and 11)*

शक्रेन्द्र आदि देवों की ऋद्धि OPULENCE OF SHAKRENDRA AND OTHER GODS

१२. [प्र.] "भंते !" त्ति भगवं दोच्चे गोयमे अग्गिभूइ अणगारे समणं भगवं महावीर वंदति नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–जइ णं भंते ! जोतिसिंदे जोतिसराया एमहिड्ढीए जाव एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए सक्के णं भंते ! देविंदे देवराया केमहिड्ढीए जाव केवइयं च णं पभू विउव्वित्तए ?

[उ.] गोयमा ! सक्के णं देविंदे देवराया महिड्ढीए जाव महाणुभागे। से णं तत्थ बत्तीसाए विमाणावाससयसहस्साणं चउरासीए सामाणियसाहस्सीणं जाव चउण्हं चउरासीणं आयरक्खदेवसाहस्सीणं अन्नेसिं च जाव विहरइ। एमहिड्ढीए जाव एवतियं च णं पभू विकुव्वित्तए। एवं जहेव चमरस्स तहेव भाणियव्वं, नवरं दो केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे, अवसेसं तं चेव। एस णं गोयमा ! सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो इमेयारूवे विसए विसयमेत्ते णं बुइए नो चेव णं संपत्तीए विकुव्विंसु वा विकुव्वति वा विकुव्विस्सति वा।

१२. [प्र.] 'भगवन् !' इस प्रकार सम्बोधन करके द्वितीय गणधर भगवान गौतमगोत्रीय अग्निभूति अनगार ने श्रमण भगवान महावीर को वन्दन-नमस्कार किया। वन्दन-नमस्कार करके पूछा–"भगवन् ! यदि ज्योतिष्केन्द्र ज्योतिष्कराज ऐसी महाऋद्धि वाला है, यावत् इतनी वैक्रिय शक्ति वाला है, तो देवेन्द्र देवराज शक्र कितनी महाऋद्धि वाला है और कितनी वैक्रिय शक्ति वाला है ?

[उ.] गौतम ! देवेन्द्र देवराज शक्र महान् ऋद्धि वाला है यावत् महाप्रभावशाली है। वह वहाँ बत्तीस लाख विमानवासो पर तथा चौरासी हजार सामानिक देवो पर यावत् (त्रायस्त्रिशक देवों एवं लोकपालों पर) तीन लाख छत्तीस हजार आत्मरक्षक देवो पर, दूसरे बहुत-से देवों पर आधिपत्य करता है। उसकी वैक्रिय शक्ति के विषय में चमरेन्द्र की तरह सब कथन यहाँ भी करना चाहिए; विशेष यह है कि (वह अपने वैक्रियकृत रूपों से) दो सम्पूर्ण जम्बूद्वीप जितने स्थल को भरने में समर्थ है; और शेष सब पूर्ववत् है। (अर्थात्-तिरछे असंख्यात द्वीप-समुद्रो जितने स्थल को भरने में समर्थ है।) गौतम ! देवेन्द्र देवराज शक्र की यह इस रूप की वैक्रिय शक्ति तो केवल शक्तिरूप (क्रियारहित शक्ति) है, किन्तु साक्षात् क्रिया द्वारा उसने ऐसी विक्रिया की नही, करता नही और न भविष्य में करेगा।

12. [Q.] *"Bhante !"* Addressing thus the second Gautam, ascetic Agnibhuti paid homage and obeisance to Shraman Bhagavan Mahavir and said—"When so great is the opulence (*riddhi*)... and so on up to... capacity of transmutation (*vikurvana*) of Jyotishkendra, the *Indra* (overlord) of *Jyotishks*, then how great is the opulence (*riddhi*). and so on up to... capacity of transmutation (*vikurvana*) of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?"

[Ans.] Gautam ! Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) has great opulence... and so on up to... influence. He reigns over 3.2 million celestial vehicles (*vimaan-vas*) and eighty four thousand *Samanik Devs* (gods of same status) .. and so on up to... (*Trayastrinshak* and *Lok-pal* gods), three hundred thirty six thousand *Atmarakshak Devs* (guard gods) and numerous other gods. The description about his power of transmutation (*Vaikriya shakti*) should be repeated as has been stated about Chamarendra The difference being that he can pervade an area equivalent to that of two Jambu Dveeps with his transmuted forms. However, Gautam ! The aforesaid great power is theoretical. In practice he has never performed transmutation (to said extant), neither he does, nor will he do.

१३. [प्र.] जइ णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया एमहिड्ढीए जाव एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए एवं खलु देवाणुप्पियाणं अंतेवासी तीसए णामं अणगारे पगइभद्दए जाव विणीए छट्ठंछट्ठेणं अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं अप्पाणं भावेमाणे बहुपडिपुण्णाइं अट्ठ संवच्छराइं सामण्णपरियागं पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसेत्ता सट्ठिं भत्ताइं अणसणाए छेदेत्ता आलोइय-पडिक्कंते समाहिपत्ते कालमासे कालं किच्चा सोहम्मे कप्पे सयंसि विमाणंसि उववायसभाए देवसयणिज्जंसि देवदूसंतरिए अंगुलस्स असंखेज्जइ भागमेत्ताए ओगाहणाए सक्कस्स देविंदस्स देवरणो सामाणियदेवत्ताए उववन्ने।

तए णं से तीसए देवे अहुणोववन्नमेत्ते समाणे पंचविहाए पज्जत्तीए पज्जत्तिभावं गच्छइ, तं जहा-आहार-पज्जत्तीए, सरीर इंदिय-आणापाणपज्जत्तीए भासा-मणपज्जत्तीए। तए णं तं तीसयं देवं पंचविहाए पज्जत्तीए पज्जत्तिभावंगयं समाणं सामाणियपरिसोववण्णया देवा करयलपरिग्गहियं दसनहं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु जएणं विजएणं वद्धाविंति, वद्धावित्ता एवं वयासी-अहो ! णं देवाणुप्पिएहिं दिव्वा देविड्ढी, दिव्वा देवजुती, दिव्वे देवाणुभावे लद्धे पत्ते अभिसमन्नागते, जारिसिया णं देवाणुप्पिएहिं दिव्वा देविड्ढी, दिव्वा देवज्जुती, दिव्वे देवाणुभावे लद्धे पत्ते अभिसमन्नागते, तारिसिया णं सक्केणं देविंदेणं देवरण्णा दिव्वा देविड्ढी जाव अभिसमन्नागता, जारिसिया णं सक्केणं देविंदेणं देवरण्णा दिव्वा देविड्ढी जाव अभिसमन्नागता तारिसिया णं देवाणुप्पिएहिं दिव्वा देविड्ढी जाव अभिसमन्नागता।

से णं भंते ! तीसए देवे केमहिड्ढीए जाव केवतियं च णं पभू विकुव्वित्तए ?

[उ.] गोयमा ! महिड्ढीए जाव महाणुभागे, से णं तत्थ सयस्स विमाणस्स, चउण्हं सामाणियसाहस्सीणं चउण्हं अग्गमहिसीणं सपरिवाराणं, तिण्हं परिसाणं, सत्तण्हं अणियाणं, सत्तण्हं अणियाहिवइणं, सोलसण्हं आयरक्खदेवसाहस्सीणं अन्नेसिं च बहूणं वेमाणियाणं देवाणं य देवीण य जाव विहरति। एमहिड्ढीए जाव एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए-से जहा णामए जुवइं जुवाणे हत्थेणं हत्थे गेण्हेज्जा जहेव सक्कस्स तहेव जाव एस णं गोयमा ! तीसयस्स देवस्स अयमेयारूवे विसए विसयमेत्ते बुइए, नो चेव णं संपत्तीए विउव्विंसु वा विउव्वइ वा विउव्विस्सइ वा।

१३. [प्र.] भगवन् ! यदि देवेन्द्र देवराज शक्र ऐसी महान् ऋद्धि वाला है, यावत् इतनी विकुर्वणा करने में समर्थ है, तो आप देवानुप्रिय का शिष्य 'तिष्यक' नामक अनगार, जो प्रकृति से भद्र, यावत् विनीत था, निरन्तर बेले-बेले की तपस्या से अपनी आत्मा को भावित करता हुआ, पूरे आठ वर्ष तक श्रमणपर्याय का पालन करके, एक मास की संलेखना से अपनी आत्मा को जुष्ट-(पोषित) करके, तथा साठ भक्त अनशन का पालन कर, आलोचना और प्रतिक्रमण करके, मृत्यु प्राप्त करके सौधर्मदेवलोक में गया है। वह वहाँ अपने विमान में, उपपातसभा में, देव-शयनीय (देवों की शय्या) में देवदूष्य (देवों के वस्त्र) से ढँके हुए अगुल के असंख्यात भाग जितनी अवगाहना मे देवेन्द्र देवराज शक्र के सामानिक देव के रूप में उत्पन्न हुआ है।

फिर तत्काल उत्पन्न हुआ वह तिष्यक देव पाँच प्रकार की पर्याप्तियों, जैसे-आहारपर्याप्ति, शरीरपर्याप्ति, इन्द्रियपर्याप्ति, श्वासोच्छ्वासपर्याप्ति और भाषा-मनःपर्याप्ति से पर्याप्तिभाव को प्राप्त हुआ। तदनन्तर जब वह तिष्यकदेव पाँच प्रकार की पर्याप्तियों से पर्याप्त हो चुका, तब सामानिक परिषद् के देवों ने दोनो हाथ जोडकर एव दसो अगुलियो के दसो नखो को इकट्ठे करके मस्तक पर अजलि करके जय-विजय शब्दो से बधाई दी। फिर इस प्रकार बोले-अहो ! आप देवानुप्रिय ने यह दिव्य देव-ऋद्धि, दिव्य देव-द्युति (कान्ति) (पूर्वकृत शुभकर्मों से-) उपलब्ध की है, प्राप्त की है, और दिव्य देवप्रभाव अभिमुख (अनुभव) किया है। जैसी दिव्य देव-ऋद्धि, दिव्य देव-कान्ति और दिव्य देवप्रभाव आप देवानुप्रिय ने उपलब्ध, प्राप्त और अभिमुख किया है, वैसी ही दिव्य देवऋद्धि, दिव्य देवकान्ति और दिव्य देवप्रभाव देवेन्द्र देवराज शक्र ने उपलब्ध, प्राप्त और अभिमुख किया है; जैसी दिव्य ऋद्धि दिव्य देवकान्ति और दिव्यप्रभाव देवेन्द्र देवराज शक्र ने लब्ध, प्राप्त एवं अभिमुख किया है, वैसी ही दिव्य देवऋद्धि, दिव देवकान्ति और दिव्य देवप्रभाव आप देवानुप्रिय ने उपलब्ध, प्राप्त और अभिमुख किया है।

तदनन्तर अग्निभूति अनगार भगवान से पूछते है-भगवन् ! वह तिष्यक देव कितनी महान् ऋद्धि वाला है, यावत् कितनी विकुर्वणा करने मे समर्थ है ?

[उ.] गौतम ! वह तिष्यकदेव महाऋद्धि वाला है, यावत् महाप्रभाव वाला है। वह वहाँ अपने विमान पर चार हजार सामानिक देवो पर, सपरिवार चार अग्रमहिषियो पर, तीन परिषदों (सभाओं)पर, सात सैन्यो पर, सात सेनाधिपतियो पर एवं सोलह हजार आत्मरक्षक देवों पर तथा अन्य बहुत-से वैमानिक देवों और देवियो पर आधिपत्य एव नेतृत्व करता है। यह तिष्यकदेव ऐसी महाऋद्धि वाला है, यावत् इतनी विकुर्वणा करने मे समर्थ है, जैसे कि कोई युवती (भय अथवा भीड़ के समय) युवा पुरुष का हाथ दृढ़ता से पकडकर चलती है, अथवा गाडी के पहिये की धुरी आरों से गाढ संलग्न होती है, इन्हीं दो दृष्टान्तों के अनुसार वह शक्रेन्द्र जितनी विकुर्वणा करने मे समर्थ है। हे गौतम ! यह जो तिष्यकदेव की इस प्रकार की विकुर्वणा-शक्ति कही है, वह उसका सिर्फ विषय है, विषयमात्र है, किन्तु सम्प्राप्ति (क्रिया) द्वारा कभी उसने इतनी विकुर्वणा की नहीं, करता भी नही और भविष्य में करेगा भी नहीं।

13. [Q.] *Bhante* ! (As you have said—) "So great is the opulence (*riddhi*)... and so on up to... capacity of transmutation (*vikurvana*) of

Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods)." Now, beloved of gods ! Your disciple, the ascetic named Tishyak, who was noble... and so on up to... humble, who led ascetic life for complete eight years enkindling his soul by observing a series of two day fasts. In the end he took the ultimate vow (*sallekhana*) of one month duration, avoiding sixty meals and embraced meditational death after doing *alochana* (self-criticism) and *pratikraman* (critical review). He has reincarnated in Saudharm *Dev-lok* Covered by a divine cloth (*Dev-dushya*) in the divine bed (*Dev-shayaniya*) in the divine hall of birth (*upapat sabha*) of his celestial vehicle (*vimaan*), he has taken instantaneous birth as a *Samanik Dev* (god of same status) of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) and having space occupation (*avagahana*) of innumerable fraction of an *Angul*

Then that instantaneously born Tishayk god attained the state of full development (*paryapti bhaava*) through five kinds of full development (*paryapti*) namely, *aahaar* (food) *paryapti, sharira* (body) *paryapti, indriya* (sense organs) *paryapti, shvasochchhavas* (breathing) *paryapti,* and *bhasha-man* (speech and mind) *paryapti*. When he attained full development the gods of the *Samanik* assembly brought together the ten nails of their ten fingers together, thus joining their palms and touching their forehead, they greeted him with hails of victory. They then said— "O Beloved of gods ! You have acquired, possessed and experienced this divine opulence, radiance and influence (due to the noble deeds of the past). The divine opulence, radiance and influence as you, O Beloved of gods, have acquired, possessed and experienced, the same divine opulence, radiance and influence has also been acquired, possessed and experienced by Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods). The divine opulence, radiance and influence as Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) has acquired, possessed and experienced, the same divine opulence, radiance and influence has also been acquired, possessed and experienced by you, O Beloved of gods."

(Stating thus) Ascetic Agnibhuti asked *Bhagavan—Bhante* ! How great is the opulence (*riddhi*).. and so on up to... capacity of transmutation (*vikurvana*) of that Tishyak god ?

[Ans.] Gautam ! That Tishyak god has great opulence... and so on up to .. influence. He lives reigning over four thousand *Samanik Devs* (gods of same status), four *Agramahishis* (chief queens) with their retinue,

three assemblies, seven armies, seven commanders and sixteen thousand guard-gods as well as numerous other *Vaimanik Devs* (celestial vehicular gods) and goddesses. His capacity of transmutation (*vikurvana*) is as follows—He has the same power to pervade (*akirna*) as that of Shakrendra elaborated by the example of a young man tightly holding the hand of a young woman or like the spokes of a wheel tightly held by its axle. However, Gautam ! The aforesaid great power is theoretical. In practice he has never performed transmutation (to said extant), neither he does, nor will he do.

विवेचन : पर्याप्ति का अर्थ है जीवनी शक्ति की पूर्णता। शरीर निर्माण के प्रारम्भ काल में ही पर्याप्तियों की रचना हो जाती है। पर्याप्ति छह है। यहाँ देवों के भाषा–और मन-पर्याप्ति को एक मानने का कारण यह हो सकता है कि भाषापर्याप्ति का सम्बन्ध स्वरयंत्र से तथा मनःपर्याप्ति का सम्बन्ध मानसिक क्रिया से है। भाषा के बिना चिन्तन–मनन आदि मन की क्रियाएँ नही हो सकतीं और मन के बिना भाषा नहीं हो सकती। औपपातिक होने के कारण देवो के भाषा और मन-पर्याप्ति एक साथ निष्पन्न होती है। अतः यहाँ एक माना गया है। *(भगवई भाष्य, आचार्य महाप्रज्ञ, भाग २, पृष्ठ १५)*

Elaboration—*Paryapti* means full development of the life-energy. These *paryaptis* manifest themselves during the early stages of evolution of the body. They are six in number. Here the *bhasha* and *man* (speech and mind) *paryaptis* have been clubbed together. The possible reason for this is that faculty of speech is related to the vocal organs and that of mind is related to mental activity. The mental activities of thinking and contemplation are not possible in absence of language or faculty of speech. And in absence of mind there can be no language. Gods are born instantaneously; that is why the two have been clubbed together. *(Bhagavai, Bhashya by Acharya Mahaprajna, Part-2, p. 15)*

१४. [प्र.] जइ णं भंते ! तीसए देवे एमहिड्ढीए एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए, सक्कस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो अवसेसा सामाणिया देवा केमहिड्ढीया ?

[उ.] तहेव सव्वं जाव एस णं गोयमा ! सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो एगमेगस्स सामाणियस्स देवस्स इमेयारूवे विसए विसयमेत्ते बुइए, नो चेव णं संपत्तीए विकुव्विंसु वा विकुव्वंति वा विकुव्विस्संति वा। तायत्तीसय–लोगपाल–अग्गमहिसीणं जहेव चमरस्स। नवरं दो केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे, अन्नं तं चेव।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति दोच्चे गोयमे जाव विहरति।

१४. [प्र.] भगवन् ! यदि तिष्यकदेव इतनी महाऋद्धि वाला है यावत् इतनी विकुर्वणा करने की शक्ति रखता है, तो हे भगवन् ! देवेन्द्र देवराज शक्र के दूसरे सब सामानिक देव कितनी महाऋद्धि वाले हैं यावत् उनकी विकुर्वणा–शक्ति कितनी है ?

[उ.] हे गौतम तिष्यकदेव की ऋद्धि एवं विकुर्वणा-शक्ति के समान शक्रेन्द्र के समस्त सामानिक देवों की ऋद्धि एवं विकुर्वणा-शक्ति आदि के विषय में जानना चाहिए, किन्तु यह विकुर्वणा-शक्ति देवेन्द्र देवराज शक्र के प्रत्येक सामानिक देव का विषय है, विषयमात्र है, सम्प्राप्ति द्वारा उन्होंने कभी इतनी विकुर्वणा की नही, करते नहीं और भविष्य में करेंगे भी नहीं। शक्रेन्द्र के त्रायस्त्रिंशक, लोकपाल और अग्रमहिषियो (की ऋद्धि, विकुर्वणा-शक्ति आदि) के विषय में चमरेन्द्र के त्रायस्त्रिंशक आदि (ऋद्धि आदि) की तरह कहना चाहिए। किन्तु इतना विशेष है कि वे अपने वैक्रियकृत रूपों से दो सम्पूर्ण जम्बूद्वीपो को भरने में समर्थ हैं। शेष समग्र वर्णन चमरेन्द्र की तरह है।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है', यों कहकर द्वितीय गौतम अग्निभूति अनगार यावत् विचरण करते हैं।

14. [Q.] Bhante ! When so great is the opulence (*riddhi*)... and so on up to. capacity of transmutation (*vikurvana*) of *Tishyak Dev*, then how great is the opulence (*riddhi*) . and so on up to... capacity of transmutation (*vikurvana*) of the other *Samanik Devs* (gods of same status) of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?"

[Ans.] Gautam ! The opulence (*riddhi*) and capacity of transmutation (*vikurvana*) of the other *Samanik Devs* (gods of same status) of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) should be read to be same as those of *Tishyak Dev* However, Gautam ! The aforesaid great power of *Samanik Devs* (gods of same status) of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) is theoretical. In practice none of them has ever performed transmutation (to said extant), neither he does, nor will he do. What has been stated about (the opulence etc. of) the *Trayastrinshak* and others gods of Chamarendra should be repeated here about (the opulence and power of transmutation etc. of) *Trayastrinshak* and *Lok-pal* gods as well as *Agramahishis* (chief queens) of Shakrendra. The difference being that he can pervade an area equivalent to that of two Jambu Dveeps with his transmuted forms. Rest of the description is same as that of Chamarendra.

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to. . ascetic Gautam resumed his activities.

देववर्ग की ऋद्धि OPULENCE OF GROUPS OF GODS

१५. [प्र.] 'भंते !' त्ति भगवं तच्चे गोयमे वाउभूई अणगारे भगवं जाव एवं वयासी-जइ णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया एमहिड्ढीए जाव एवइयं च णं पभू विउव्वित्तए, ईसाणे णं भंते ! देविंदे देवराया केमहिड्ढीए ?

[उ.] एवं तहेव, नवरं साहिए दो केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे, अवसेसं तहेव।

१५. [प्र.] 'भगवन् !' यों सम्बोधन कर तृतीय गौतम भगवान वायुभूति अनगार ने भगवान को वन्दन-नमस्कार करके इस प्रकार पूछा-"भगवन् ! यदि देवेन्द्र देवराज शक्र इतनी महाऋद्धि वाला है, यावत् इतनी विकुर्वणा करने में समर्थ है, तो भगवन् ! देवेन्द्र देवराज ईशान कितनी महाऋद्धि वाला है यावत् कितनी विकुर्वणा करने की शक्ति है ?"

[उ.] शक्रेन्द्र के समान ही सारा वर्णन ईशानेन्द्र के विषय में जानना चाहिए। विशेषता यह है कि वह सम्पूर्ण दो जम्बूद्वीप से कुछ अधिक स्थल को भर देता है।

15. **[Q.]** *"Bhante !"* Addressing thus the second Gautam, ascetic Agnibhuti paid homage and obeisance to Shraman Bhagavan Mahavir and said—"When so great is the opulence (*riddhi*)... and so on up to... capacity of transmutation (*vikurvana*) of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods), then how great is the opulence (*riddhi*)... and so on up to... capacity of transmutation (*vikurvana*) of Devendra Ishan, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?"

[Ans.] What has been stated about Shakrendra should also be repeated for Ishanendra. The difference being that he can pervade an area slightly more than that of two Jambu Dveeps with his transmuted forms.

१६. जइ णं भंते ! ईसाणे देविंदे देवराया एमहिड्ढीए जाव एवइयं च णं पभू विउव्वित्तए, एवं खलु देवाणुप्पियाणं अंतेवासी कुरुदत्तपुत्ते नामं पगतिभद्दए जाव विणीए अट्ठमं अट्ठमेणं अणिक्खित्तेणं, पारणए आयंबिलपरिग्गहिएणं तवोकम्मेणं उड्ढं बाहाओ पगिज्झिय पगिज्झिय सूराभिमुहे आयावणभूमीए आयावेमाणे बहुपडिपुण्णे छम्मासे सामण्णपरियागं पाउणित्ता अद्धमासियाए संलेहणाए अत्ताणं झोसित्ता तीसं भत्ताइं अणसणाए छेदित्ता आलोइयपडिक्कंते समाहिपत्ते कालमासे कालं किच्चा ईसाणे कप्पे सयंसि विमाणंसि जा चेव तीसए वत्तव्वया।

स चेव अपरिसेसा कुरुदत्तपुत्ते वि। नवरं सातिरेगे दो केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे, अवसेसं तं चेव।

एवं सामाणिय-तायत्तीस-लोगपाल-अग्गमहिसीणं जाव एस णं गोयमा ! ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो एवं एगमेगाए अग्गमहिसीए देवीए अयमेयारूवे विसए विसयमेत्ते बुइए, नो चेव णं संपत्तीए विकुव्विंसु व विकुव्वंति वा विकुव्विस्संति वा।

१६. भगवन् ! यदि देवेन्द्र देवराज ईशानेन्द्र इतनी बड़ी ऋद्धि से युक्त है यावत् वह इतनी विकुर्वणा-शक्ति रखता है, तो आप देवानुप्रिय का अन्तेवासी कुरुदत्तपुत्र अनगार, जो प्रकृति से भद्र यावत् विनीत, तथा निरन्तर अट्ठम (तेला) की तपस्या और पारणे में आयबिल, ऐसी कठोर तपश्चर्या से आत्मा को भावित करता हुआ, दोनों हाथ ऊँचे रखकर सूर्य की ओर मुख करके आतापना लेता था वह पूरा छह महीने तक श्रमणपर्याय का पालन करके, अर्द्ध-मासिकी संलेखना से अपनी आत्मा को

संसेवित करके, तीस भक्त अनशन का छेदन करके, आलोचना एवं प्रतिक्रमण करके, समाधिभावपूर्वक काल करके, ईशानकल्प में, अपने विमान मे, ईशानेन्द्र के सामानिक देव के रूप में उत्पन्न हुआ है, इत्यादि, तिष्यकदेव के समान समग्र वक्तव्यता कुरुदत्त देव के विषय में भी कहनी चाहिए। इस सम्बन्ध मे सब वक्तव्य पूर्ववत् जानना चाहिए।

विशेषता यह है कि कुरुदत्तपुत्रदेव की सम्पूर्ण दो जम्बूद्वीपों से कुछ अधिक स्थल को भरने की विकुर्वणा-शक्ति है।

इसी तरह (ईशानेन्द्र के अन्य) सामानिक देव, त्रायस्त्रिंशक देव एवं लोकपाल तथा अग्रमहिषियों के विषय मे जानना चाहिए। यावत्-हे गौतम ! देवेन्द्र देवराज ईशान की अग्रमहिषियों की इतनी यह विकुर्वणा-शक्ति, केवल शक्ति का विषयमात्र है, परन्तु सम्प्राप्ति द्वारा कभी इतना वैक्रिय किया नहीं, करती नही और भविष्य मे करेगी भी नहीं।

16. *Bhante* ! (As you have said—) "So great is the opulence (*riddhi*)... and so on up to . capacity of transmutation (*vikurvana*) of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods)." Now, beloved of gods ! Your disciple, the ascetic named Kurudattaputra, who was noble... and so on up to... humble; who led ascetic life for complete six months enkindling his soul by rigorous austerities observing a series of three day fasts, breaking the fast with *Ayambil* (eating once in a day food cooked or baked with a single ingredient even without any salt or other condiments) and enduring heat by standing with raised hands facing the sun. In the end he took the ultimate vow (*sallekhana*) of half a month duration, avoiding thirty meals and embraced meditational death after doing *alochana* (self-criticism) and *pratikraman* (critical review). He has reincarnated in Ishan Kalp in his celestial vehicle (*vimaan*) as a *Samanik Dev* (god of same status) of Devendra Ishan. All details stated about *Tishyak Dev* should be repeated here for Kurudattaputra. All description is as aforesaid.

The difference being that Kurudattaputra can pervade an area slightly more than that of two Jambu Dveeps with his transmuted forms.

The same is true for the *Samanik, Trayastrinshak* and *Lok-pal* gods as well as *Agramahishis* (chief queens) of Ishanendra... and so on up to... However, Gautam ! The aforesaid great power of *Agramahishis* of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) is theoretical. In practice they have never performed transmutation (to said extant), neither they do, nor will they do.

१७. एवं सणंकुमारे वि, नवरं चत्तारि केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे, अदुत्तरं च णं तिरियमसंखेज्जे। एवं सामाणिय-तायत्तीस-लोगपाल-अग्गमहिसीणं असंखेज्जे दीव-समुद्दे सव्वे विउव्वंति।

१७. इसी प्रकार सनत्कुमार देवलोक के देवेन्द्र (की ऋद्धि आदि) के विषय में भी समझना चाहिए। विशेषता यह है कि वह उसकी विकुर्वणा-शक्ति सम्पूर्ण चार जम्बूद्वीपों जितने स्थल को और तिरछे असंख्यात द्वीप समुद्रों जितने स्थल को भरने की है।

इसी तरह (सनत्कुमारेन्द्र के) सामानिक देव, त्रायस्त्रिंशक, लोकपाल एवं अग्रमहिषियों की विकुर्वणा-शक्ति असख्यात द्वीप समुद्रों जितने स्थल को भरने की है।

17. The same is true (about opulence etc.) for the overlord (*Indra*) of Sanatkumar Devlok. The difference being that he can pervade an area equivalent to that of four Jambu Dveeps and innumerable continents and seas in the transverse world (*Tiryak Lok*) with his transmuted forms.

In the same way the *Samanık, Trayastrinshak* and *Lok-pal* gods as well as *Agramahıshıs* (chief queens) of Ishanendra can pervade an area equivalent to that of innumerable continents and seas in the transverse world (*Tıryak Lok*) with their transmuted forms.

स्पष्टीकरण : यद्यपि सौधर्म-ईशान-इन दो कल्पों में ही देवियाँ उत्पन्न होती है। सनत्कुमार देवलोक में देवी उत्पन्न नही होती, तथापि सौधर्म'देवलोक मे जो अपरिगृहीता देवियाँ होती हैं, वे देवियाँ उन सनत्कुमार देवों की उपभोग्या होती हैं, इसी कारण सनत्कुमार-प्रकरण के मूलपाठ में 'अग्गमहिसीण' पद का उल्लेख है। *(भगवती वृत्ति, पत्रांक ३/३२, भाष्य, पृष्ठ १७)*

Clarification—Goddesses are born only in Saudharm and Ishan Kalps (divine realms) and not ın the Sanatkumar Kalp However, the unmarried goddesses in Saudharma Kalp are available to Sanatkumar gods. That ıs the reason for the mention of the term *Agramahishis* in context of Sanatkumar gods in the original text. *(Bhagavati Vrıttı, leaf 3/32, Bhashya, p. 17)*

१८. सणंकुमाराओ आरद्धा उवरिल्ला लोगपाला सव्वे वि असंखेज्जे दीव-समुद्दे विउव्वंति। एवं माहिंदे वि। नवरं साइरेगे चत्तारि केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे।

१८. सनत्कुमार से लेकर ऊपर के (देवलोको के) सब लोकपाल असख्येय द्वीप-समुद्रों जितने स्थल को भरने की वैक्रिय-शक्ति वाले हैं। इसी तरह माहेन्द्र (नामक चतुर्थ देवलोक के इन्द्र तथा उसके सामानिक आदि देवो की ऋद्धि आदि) के विषय में भी समझना चाहिए। किन्तु इतनी विशेषता है कि ये साधिक चार जम्बूद्वीपों जितने स्थल को भरने की विकुवर्णा-शक्ति वाले हैं।

18. Starting from Sanatkumar, all the *Lok-pals* in the higher divine realms (*Dev Loks*) have the power to pervade an area equivalent to that of innumerable continents and seas with their transmuted forms. The same is true for (the opulence etc. of *Indra* and other gods of the fourth heaven)

Maahendra. The difference being that they can pervade an area slightly more than that of four Jambu Dveeps with their transmuted forms.

१९. एवं बंभलोए वि, नवरं अट्ठ केवलकप्पे०। एवं लंतए वि, नवरं सातिरेगे अट्ठ केवलकप्पे०। महासक्के सोलस केवलकप्पे०। सहस्सारे सातिरेगे सोलस०। एवं पाणए वि, नवरं बत्तीसं केवलकप्पे। एवं अच्चुए वि, नवरं सातिरेगे बत्तीसं केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे। अन्नं तं चेव। सेवं भंते !

सेवं भंते ! ति तच्चे गोयमे वायुभूती अणगारे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ जाव विहरति।

१९. इसी प्रकार ब्रह्मलोक (नामक पंचम देवलोक के इन्द्र तथा देववर्ग की ऋद्धि आदि के विषय में भी जानना चाहिए। **विशेषता :** वे सम्पूर्ण आठ जम्बूद्वीपो (को भरने) की वैक्रिय-शक्ति रखते हैं। इसी प्रकार लान्तक नामक छठे देवलोक के इन्द्रादि के विषय मे समझना चाहिए विशेष यह है कि वे सम्पूर्ण आठ जम्बूद्वीपों से कुछ अधिक स्थल को भरने की विकुर्वणा-शक्ति रखते हैं। महाशुक्र के विषय मे विशेषता इतनी है कि वे सम्पूर्ण सोलह जम्बूद्वीपो को भरने की वैक्रिय-शक्ति रखते है। शेष वर्णन पूर्ववत्। सहस्रार देवलोक के इन्द्रादि के विषय में भी यही बात है। विशेषता इतनी है कि वे सम्पूर्ण सोलह जम्बूद्वीपो से कुछ अधिक स्थल को भरने की वैक्रिय-शक्ति रखते हैं। प्राणत (देवलोक के इन्द्र तथा उसके देववर्ग की ऋद्धि आदि) के विषय में भी इतनी विशेषता है कि वे सम्पूर्ण बत्तीस जम्बूद्वीपो जितने क्षेत्र को भरने की वैक्रिय-शक्ति वाले है। इसी तरह अच्युत के विषय मे भी जानना चाहिए। विशेषता इतनी है कि वे सम्पूर्ण बत्तीस जम्बूद्वीपो से कुछ अधिक क्षेत्र को भरने का वैक्रिय-सामर्थ्य रखते है।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है'; यो कहकर तृतीय गौतम वायुभूति अनगार श्रमण भगवान महावीर को वन्दन-नमस्कार कर विचरण करने लगे।

१२ कल्प सम्बन्धी तालिका (बृहत् संग्रहणी गाथा ११२ के अनुसार)

	देवलोक	वैक्रिय शक्ति	देव विमान	सामानिक देव-संख्या
१	सौधर्म	सम्पूर्ण दो जम्बूद्वीप प्रमाण	३२ लाख	८४ हजार
२	ईशान	सम्पूर्ण दो जम्बूद्वीप से कुछ अधिक	२८ लाख	८० हजार
३	सनत्कुमार	सम्पूर्ण चार जम्बूद्वीप	१२ लाख	७२ हजार
४	माहेन्द्र	कुछ अधिक चार जम्बूद्वीप	८ लाख	७० हजार
५	ब्रह्म	८ जम्बूद्वीप	४ लाख	६० हजार
६	लान्तक	कुछ अधिक ८ जम्बूद्वीप	५० हजार	५० हजार
७	महाशुक्र	१६ जम्बूद्वीप	४० हजार	४० हजार
८	सहस्रार	साधिक १६ जम्बूद्वीप	६ हजार	३० हजार
९	आनत	सम्पूर्ण ३२ जम्बूद्वीप	४ सौ	२० हजार
१०	प्राणत	सम्पूर्ण ३२ जम्बूद्वीप	४ सौ	२० हजार
११.	आरण	साधिक ३२ जम्बूद्वीप	३ सौ	१० हजार
१२.	अच्युत कल्प	साधिक ३२ जम्बूद्वीप	३ सौ	१० हजार

19. The same is true for (the opulence etc. of *Indra* and other gods of the fifth heaven) Brahmalok. The difference being that they can pervade an area equivalent to that of eight Jambu Dveeps with their transmuted forms. The same is true for (the sixth heaven) Lantak. The difference being that they can pervade an area slightly more than that of eight Jambu Dveeps with their transmuted forms. The same is true for Mahashukra with the difference that they can pervade an area equivalent to that of sixteen Jambu Dveeps with their transmuted forms. The same is true for Sahasrar with the difference that they can pervade an area slightly more than that of sixteen Jambu Dveeps with their transmuted forms. The same is true for Pranat with the difference that they can pervade an area equivalent to that of thirty two Jambu Dveeps with their transmuted forms. The same is true for Achyut with the difference that they can pervade an area slightly more than that of thirty two Jambu Dveeps with their transmuted forms.

"Bhante ! Indeed that is so Indeed that is so." With these words... and so on up to the third Gautam ascetic Vayubhuti resumed his activities.

TABLE OF 12 KALPS (DIVINE REALMS OR HEAVENS)
(ACCORDING TO BRIHAT SANGRAHANI GATHA 112)

	Dev-lok	Vaikriya Shakti	Celestial Vehicles	Samanik Gods
1	Saudharma	two Jambu Dveeps	3 2 million	84 thousand
2	Ishan	more than two Jambu Dveeps	2 8 million	80 thousand
3	Sanatkumar	four Jambu Dveeps	1.2 million	72 thousand
4	Maahendra	more than four Jambu Dveeps	0.8 million	70 thousand
5	Brahma	eight Jambu Dveeps	0 4 million	60 thousand
6	Lantak	more than eight Jambu Dveeps	50 thousand	50 thousand
7	Mahashukra	sixteen Jambu Dveeps	40 thousand	40 thousand
8	Sahasrar	more than sixteen Jambu Dveeps	6 thousand	30 thousand
9.	Anat	thirty two Jambu Dveeps	4 hundred	20 thousand
10	Pranat	thirty two Jambu Dveeps	4 hundred	20 thousand
11	Aran	more than thirty two Jambu Dveeps	3 hundred	10 thousand
12.	Achyut	more than thirty two Jambu Dveeps	3 hundred	10 thousand

२०. तए णं समणे भगवं महावीरे अन्नया कयाई मोयाओ नगरीओ नंदणाओ चेतियाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता बहिया जणवयविहारं विहरइ।

२०. इसके पश्चात् एक समय श्रमण भगवान महावीर 'मोका' नगरी के 'नन्दन' नामक उद्यान से विहार कर जनपद में विचरण करने लगे।

20. After that one day Shraman Bhagavan Mahavir left Nandan garden in Moka city and resumed his itinerant way in other inhabited areas.

ईशानेन्द्र का वन्दनार्थ आगमन ARRIVAL OF ISHANENDRA TO PAY HOMAGE

२१. तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नामं नगरे होत्था वण्णओ। जाव परिसा पज्जुवासइ।

२१. उस काल उस समय मे राजगृह नामक नगर था। (भगवान वहाँ पधारे) यावत् परिषद् भगवान की पर्युपासना करने लगी।

21. During that period of time there was a city called Rajagriha. Description (as before). and so on up to... (Bhagavan Mahavir arrived there) People commenced worship

२२. तेणं कालेणं तेण समएणं ईसाणे देविंदे देवराया सूलपाणी वसभवाहणे उत्तरड्ढलोगाहिवई अट्ठावीसविमाणावाससयसहस्साहिवई अरयंबरवत्थधरे आलइयमालमउडे नवहेमचारुचित्त-चंचलकुंडलविलिहिज्जमाणगंडे जाव दस दिसाओ उज्जोवेमाणे पभासेमाणे ईसाणे कप्पे ईसाणवडिंसे विमाणे जहेव रायप्पसेणइज्जे जाव दिव्वं देविड्ढिं जाव जामेव दिसिं पाउब्भूए तामेव दिसिं पडिगए।

२२. उस काल उस समय मे ईशानकल्प का देवेन्द्र देवराज, शूलपाणि (हाथ में त्रिशूल धारक) वृषभवाहन (बैल पर सवारी करने वाला) लोक के उत्तरार्द्ध का स्वामी, अट्ठाईस लाख विमानो का अधिपति, आकाश के समान रजरहित निर्मल वस्त्रधारक, सिर पर माला से सुशोभित मुकुटधारी, नवीन स्वर्णनिर्मित सुन्दर, विचित्र एव चचल कुण्डलो से कपोल को जगमगाता हुआ यावत् दसो दिशाओ को उद्योतित एवं प्रभासित करता हुआ, ईशानकल्प में ईशानावतसक विमान मे राजप्रश्नीयसूत्र मे सूर्याभ देव के वर्णन अनुसार दिव्य देव-ऋद्धि का अनुभव करता हुआ (भगवान के दर्शन-वन्दन करने आया) और यावत् जिस दिशा से आया था उसी दिशा मे वापस चला गया। *(सूर्याभदेव के आगमन एव नाट्य प्रदर्शन का सम्पूर्ण वर्णन सचित्र रायपेसेणियसूत्र मे देखें)*

22. During that period of time Ishanendra, the overlord (*Indra*) of Ishan Kalp, trident-bearing, bull-mounted, the master of the northern half of *Lok*, the owner of two million eight hundred thousand celestial vehicles, adorned in sky-like clean and pure dress, with a garland-embellished crown on his head, with cheeks glowing in radiance of exquisite and dangling ear-rings made of fresh gold.. and so on up to... brightening and enlightening the ten directions and dwelling in the Ishanavatamsak Vimaan in Ishan Kalp as described in *Rajaprashniya Sutra* in context of Suryabh Dev... and so on up to... enjoying his divine

opulence (came to pay homage and obeisance to *Bhagavan*)... and so on up to... went away in the direction from which he came. *(For the detailed description of arrival of Suryabh god and his dance display refer to Illustrated Rayapaseniya Sutra)*

कूटाकारशाला दृष्टान्त EXAMPLE OF KUTAKAR-SHALA

२३. [प्र. १] 'भंते ! त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदति णमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–अहो णं भंते ! ईसाणे देविंदे देवराया महिड्ढीए। ईसाणस्स णं भंते ! सा दिव्वा देविड्ढी कहिं गया ? कहिं अणुपविट्ठा ?

[उ.] गोयमा ! सरीरं गता, सरीरं अणुपविट्ठा।

२३. [प्र. १] 'हे भगवन् !' इस प्रकार सम्बोधित करके भगवान गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान महावीर को वन्दन-नमस्कार किया। वन्दन-नमस्कार करके इस प्रकार पूछा-"अहो, भगवन् ! देवेन्द्र देवराज ईशान इतनी महाऋद्धि वाला है। भगवन् ! ईशानेन्द्र की वह (नाट्य-प्रदर्शनकालिक) दिव्य देव-ऋद्धि (अब) कहाँ चली गई ? कहाँ प्रविष्ट हो गई ?'

[उ.] गौतम ! (ईशानेन्द्र द्वारा प्रदर्शित) वह दिव्य देव-ऋद्धि (उसके) शरीर में चली गई, शरीर मे प्रविष्ट हो गई है।

23. [Q. 1] "*Bhante* !" Addressing thus Gautam Swami asked Bhagavan Mahavir after paying homage and obeisance—"*Bhante* ! Ishanendra, the overlord (*Indra*) of gods is endowed with so great opulence. *Bhante* ! Where did that divine (display of) opulence (created by Ishanendra) go and disappear (now) ?"

[Ans.] "Gautam ! The divine opulence (displayed by Ishanendra) was drawn into and disappeared within his own body

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चति सरीरं गता, सरीरं अणुपविट्ठा ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए कूडागारसाला सिया दुहओ लित्ता गुत्ता गुत्तदुवारा णिवाया णिवायगंभीरा, तीसे णं कूडागारसालादिट्ठंतो भाणियव्वो।

[प्र. २] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है कि वह दिव्य देव-ऋद्धि शरीर में चली गई और शरीर में प्रविष्ट हो गई ?

[उ.] गौतम ! जैसे कोई कूटाकार (शिखर के आकार की) शाला हो, जो दोनो तरफ से गोबर आदि से लीपी हुई हो, गुप्त हो, गुप्त-द्वार वाली हो, निर्वात हो, वायुप्रवेश से रहित गम्भीर (ऊँडी) हो, यावत् ऐसी कूटाकारशाला का दृष्टान्त (यहाँ) कहना चाहिए।

(पूर्वोक्त) कूटाकारशाला दृष्टान्त-जैसे शिखराकार अथवा वर्तुलाकार शाला जिसके ऊपर का भाग शिखर जैसा प्रतीत हो। कोई शाला हो और उसके पास बहुत-से मनुष्य खड़े हों, इसी बीच आकाश में

बादल उमड-घुमडकर आ गये हो और बरसने की तैयारी हो, ऐसी स्थिति मे वे तमाम मनुष्य वर्षा से रक्षा के लिए उस शाला मे प्रविष्ट हो जाते है, इसी प्रकार ईशानेन्द्र की वह दिव्य ऋद्धि, देव-प्रभाव एवं दिव्य काति ईशानेन्द्र के शरीर मे प्रविष्ट हो गई। *(सचित्र रायपसेणिय सूत्र मे विस्तृत वर्णन व चित्र देखे)*

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it said that the divine opulence (displayed by Ishanendra) was drawn into and disappeared within his own body ?

[Ans.] Gautam ! Suppose there is a cone shaped (like hill-top) camouflaged house (*kutakar-shala*), large and deep underground. It is plastered within and outside with cow-dung. It is surrounded by a parapet wall and has strong and air-tight but concealed doors .. and so on up to.. the example of *kutakar-shala* should be cited here.

The example—Suppose there is a cone shaped (like hill-top) camouflaged house, large and deep underground. It is plastered within and outside with cow-dung It is surrounded by a parapet wall and has strong and air-tight but concealed doors A large crowd is sitting near that camouflaged house If that crowd suddenly sees dark rain bearing clouds or a terrible storm approaching, it at once enters that camouflaged house and disappears In the same way all the opulence and divine illusion displayed by Ishanendra entered and vanished into his body.

ईशानेन्द्र का पूर्वभव : तामली तापस PAST BIRTH OF ISHANENDRA : TAMALI TAPAS

२४. [प्र.] ईसाणेणं भंते ! देविंदेणं देवरण्णा सा दिव्वा देविड्ढी दिव्वा देवजुती दिव्वे देवाणुभागे किण्णालद्धे ? किण्णापत्ते ? किण्णा अभिसमन्नागए ? के वा एस आसि पुव्वभवे ? किंणामए वा ? किंगोत्ते वा ? कतरंसि वा गामंसि वा नगरंसि वा जाव सन्निवेसंसि वा ? किं वा सोच्चा ? किं वा दच्चा ? किं वा भोच्चा ? किं वा किच्चा ? किं वा समायरित्ता ? कस्स वा तहारूवस्स समणस्स वा माहणस्स वा अंतिए एगमवि आरियं धम्मियं सुवयणं सोच्चा निसम्म जं णं ईसाणेणं देविंदेणं देवरण्णा सा दिव्वा देविड्ढी जाव अभिसमन्नागया ?

[उ.] एवं खलु गोयमा ! तेणं कालेणं तेणं समएणं इहेव जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे तामलित्ती नामं नगरी होत्था। वण्णओ। तत्थ णं तामलित्तीए नगरीए तामली नामं मोरियपुत्ते गाहावती होत्था। अड्ढे दित्ते जाव बहुजणस्स अपरिभूए यावि होत्था।

२४. [प्र.] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज ईशान ने वह दिव्य देव-ऋद्धि, दिव्य देव-द्युति (कान्ति) और दिव्य देव-प्रभाव किस कारण से उपलब्ध किया, किस कारण से प्राप्त किया और किस हेतु से अभिमुख (भोग के लिए सामने उपस्थित) किया ? यह ईशानेन्द्र पूर्वभव मे कौन था ? इसका क्या नाम, क्या गोत्र था ? यह किस ग्राम, नगर अथवा यावत् किस सन्निवेश में रहता था ? इसने क्या (धर्म-) सुनकर, क्या (आहार-पानी आदि-) देकर, क्या (रूखा-सूखा-) खाकर, क्या (तप एवं शुभ

ध्यानादि–) करके, क्या (शीलव्रतादि या प्रतिलेखन–प्रमार्जन आदि धर्मक्रियाओं का–) सम्यक् आचरण करके, अथवा किस तथारूप श्रमण या माहन के पास से एक भी आर्य (तीर्थंकरोक्त) एवं धार्मिक सुवचन सुनकर तथा हृदय में धारण करके (पुण्य–पुंज का उपार्जन किया), जिस (पुण्य–प्रताप) से देवेन्द्र देवराज ईशानेन्द्र ने वह दिव्य देव–ऋद्धि उपलब्ध की है, प्राप्त की है और अभिमुख की है ?

[उ.] गौतम ! उस काल उस समय में इसी जम्बूद्वीप नामक द्वीप मे भारतवर्ष मे ताम्रलिप्ती नाम की नगरी थी। उस ताम्रलिप्ती नगरी मे तामली नाम का मौर्यपुत्र (मौर्यवंश में उत्पन्न) गृहपति (गृहस्थ) रहता था। वह धनाढ्य था, दीप्तिमान (तेजस्वी) था, और बहुत–से मनुष्यों द्वारा अपराभूत (नहीं दबने वाला) था।

24. [Q.] "*Bhante* ! How did Ishanendra, the overlord (Indra) of gods acquire and manifest (*abhimukh*) that divine opulence, radiance and influence ? Who was he in the past birth ? What was his name and clan name (*gotra*) ? In which village, city... and so on up to... inhabited area did he live ? What (noble words) did he hear ? What did he give (charity) ? What did he eat (dry and drab food) ? What deed did he perform (austerities, meditation etc) ? What conduct did he properly follow (vows, critical review and other religious rituals) ? And what religious and noble words he listened to and accepted from a sagacious *Shraman* or Brahmin (to acquire heaps of meritorious *karmas*) ? By dint of which (meritorious *karmas*) that Ishanendra, the overlord (*Indra*) of gods got endowed with and manifested such divine opulence and power ?

[Ans.] Gautam ! During that period of time there was a city named Tamralipti in Bharat-varsh in this Jambu continent. In that Tamralipti city lived a householder (*gathapati*) named Tamali born in Maurya clan. He was very rich brilliant and insuperable (*aparabhoot*; due to his status and influence he could not be insulted, ignored or belittled) by one or more adversaries.

२५. तए णं तस्स मोरियपुत्तस्स तामलिस्स गाहावतिस्स अन्नया कयाइ पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि कुडुंबजागरियं जागरमाणस्स इमेयारूवे अज्झत्थियए जाव समुप्पज्जित्था–''अत्थि ता मे पुरा पोराणाणं सुचिण्णाणं सुपरक्कंताणं सुभाणं कल्लाणाणं कडाणं कम्माणं कल्लाणे फलवित्तिविसेसे जेणाहं हिरण्णेणं वड्ढामि, सुवण्णेणं वड्ढामि, धणेणं वड्ढामि, धन्नेणं वड्ढामि, पुत्तेहिं वड्ढामि, पसूहिं वड्ढामि, विउल धण–कणग–रयण–मणि–मोत्तिय–संख–सिल–प्पवाल–रत्तरयण–संतसारसावतेज्जेणं अतीव अतीव अभिवड्ढामि।

तं किं णं अहं पुरा पोराणाणं सुचिण्णाणं जाव कडाणं कम्माणं एगंतसोक्खयं उवेहेमाणे विहरामि ? तं जाव च णं मे मित्त–नाति–नियग–संबंधिपरियणो आढाति परियाणाइ सक्कारेइ सम्माणेइ कल्लाणं

मंगलं देवयं चेइयं विणएणं पज्जुवासइ तावता मे सेयं कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए जाव जलंते सयमेव दारुमयं पडिग्गहगं करेत्ता विउलं असण–पाण–खाइम–साइमं उवक्खडावेत्ता मित्त–नाति–नियग–संबंधिपरियणं आमंतेत्ता, तं मित्त–नाइ–नियग–संबंधिपरयणं विउलेणं असण–पाण–खाइम–साइमेणं वत्थ–गंध–मल्ला–ऽलंकारेण य सक्कारेत्ता सम्माणेत्ता, तस्सेव मित्त–नाइ–नियग–संबंधिपरियणस्स पुरतो जेट्ठं पुत्तं कुटुंबे ठावेत्ता, तं मित्त–नाति–णियग–संबंधिपरियणं जेट्ठपुत्तं च आपुच्छित्ता, सयमेव दारुमयं पडिग्गहगं गहाय मुंडे भवित्ता पाणामाए पव्वज्जाए पव्वइत्तए। पव्वइत्ते वि य णं समाणे इमं एयारूवं अभिग्गहं अभिगिण्हिस्सामि–'कप्पइ मे जावज्जीवाए छट्ठंछट्ठेणं अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं उड्ढं बाहाओ पगिज्झिय पगिज्झिय सूराभिमुहस्स आयावणभूमीए आयावेमाणस्स विहरित्तए, छट्ठस्स वि य णं पारणयंसि आयावणभूमीओ पच्चोरुभित्ता सयमेव दारुमय पडिग्गहयं गहाय तामलित्तीए नगरीए उच्च–नीय–मज्झिमाइं कुलाइं घरसमुदाणस्स भिक्खायरियाए अडित्ता सुद्धोदणं पडिग्गाहेत्ता, तं तिसत्तखुत्तो उदएणं पक्खालेत्ता, तओ पच्छा आहारं आहारित्तए त्ति कट्टु। एवं संपेहइ।

संपेहित्ता कल्लं पाउप्पभायाए जाव जलंते सयमेव दारुमयं पडिग्गहगं करेइ, करित्ता विउलं असण–पाण–खाइम–साइमं उवक्खडावेइ, उवक्खडावित्ता तओ पच्छा ण्हाए कयबलिकम्मे कयकोउयमंगलपायच्छित्ते सुद्धप्पावेसाइं मंगल्लाइं वत्थाइं पवर परिहिए अप्पमहग्घाऽऽभरणालंकियसरीरे भोयणवेलाए भोयणमंडवंसि सुहासणवरगते। तए णं मित्त–नाइ–नियग–संबंधिपरिजणेणं सद्धिं तं विउलं असण–पाण–खाइम–साइमं आसादेमाणे वीसादेमाणे परिभाएमाणे परिभुंजेमाणे विहरइ।

२५. तत्पश्चात् किसी एक दिन पूर्व रात्रि व्यतीत होने पर पश्चिम रात्रि (तृतीय प्रहर) के समय कुटुम्ब जागरिका (कुटुम्ब के विषय मे चिन्तन) जागते हुए उस मौर्यपुत्र तामली गाथापति को इस प्रकार का यह अध्यवसाय यावत् मन मे सकल्प उत्पन्न हुआ कि–"मेरे द्वारा पूर्वकृत, पुरातन (दानादि रूप मे) सम्यक् आचरित, सुपराक्रमयुक्त, शुभ और कल्याणरूप कृतकर्मो का कल्याणफलरूप प्रभाव अभी तक तो विद्यमान है; जिस (पूर्वार्जित पुण्य–प्रभाव के कारण) मेरे घर मे हिरण्य (चाँदी), सुवर्ण, धन, धान्य, पुत्र–परिवार, पशुधन बढ रहा है तथा विपुल धन, कनक, रत्न, मणि, मोती, शंख, चन्द्रकान्त वगैरह मणिरूप पत्थर, प्रवाल (मूँगा) रक्तरत्न तथा माणिक्यरूप सारभूत धन की अधिकाधिक वृद्धि हो रही है।

तो क्या मै, पूर्वकृत, पुरातन (दानादिरूप मे) समाचरित यावत् पूर्वकृत (शुभकर्मों) का फल भोगने से उनका एकान्तरूप से क्षय हो रहा है, इसे अपने सामने देखता रहूँ–इस (क्षय = नाश) की उपेक्षा करता रहूँ? (अर्थात्–मुझे इतना सुख–साधनो का लाभ है, इतना ही बस मानकर क्या भविष्यकालीन लाभ के प्रति उदासीन बना रहूँ? यह मेरे लिए ठीक नही है।) अतः जब तक मै चाँदी–सोने यावत् माणिक्य आदि सारभूत पदार्थों के रूप मे सुखसामग्री द्वारा दिनानुदिन अतीव–अतीव अभिवृद्धि पा रहा हूँ और जब तक मेरे मित्र, ज्ञातिजन–(स्वगोत्रीय), निजक–कुटुम्बीजन, मातृपक्षीय (ननिहाल के) या श्वसुरपक्षी सम्बन्धी एव परिजन–(दास–दासी आदि) मेरा आदर करते है, मुझे स्वामी रूप मे मानते है, मेरा सत्कार–सम्मान करते हैं, मुझे कल्याणरूप, मगलरूप, देवरूप और चैतन्य (समझदार = अनुभवी) रूप मानकर विनयपूर्वक मेरी सेवा करते है; तब तक (मुझे) अपना कल्याण कर लेना चाहिए। यही मेरे लिए श्रेयस्कर है। अतः रात्रि

के व्यतीत होने पर प्रभात का प्रादुर्भाव होते ही (अर्थात् प्रातःकाल का प्रकाश होने पर) यावत् जाज्वल्यमान सूर्य के उदय होने पर मैं स्वयं अपने हाथ से काष्ठपात्र बनाऊँ और पर्याप्त अशन, पान, खादिम और स्वादिम रूप चारों प्रकार का आहार तैयार कराकर, अपने मित्र, ज्ञातिजन, स्वजन–सम्बन्धी तथा दास–दासी आदि परिजनो को आमन्त्रित करके उन्हे सम्मानपूर्वक अशनादि चारो प्रकार के आहार का भोजन कराऊँ, फिर वस्त्र, सुगन्धित पदार्थ, माला और आभूषण आदि द्वारा उनका सत्कार–सम्मान करके उन्हीं मित्र, ज्ञातिजन, स्वजन–सम्बन्धी और परिजनो के समक्ष अपने ज्येष्ठ पुत्र को कुटुम्ब का सारा दायित्व सौंपकर उन मित्र–ज्ञातिजन–स्वजन–परिजनादि तथा अपने ज्येष्ठपुत्र से पूछकर, मैं स्वयमेव काष्ठपात्र लेकर एव मुण्डित होकर 'प्रणामा' नाम की प्रव्रज्या अगीकार करूँ।

३९. (ऐसी दुःस्थिति होने पर) तब बलिचंचा-राजधानी के बहुत-से असुरकुमार देवों और देवियों ने यह जानकर कि देवेन्द्र देवराज ईशान के परिकुपित होने से (हमारी राजधानी इस प्रकार आग-सी तप्त हो गई है), वे सब असुरकुमार देवगण, ईशानेन्द्र की उस दिव्य देव-ऋद्धि, दिव्य देव-द्युति, दिव्य देव-प्रभाव और दिव्य तेजोलेश्या को सहन न कर पाते हुए देवेन्द्र देवराज ईशान के चारो दिशाओ मे और चारो विदिशाओ मे ठीक सामने खडे होकर (ऊपर की ओर मुख करके) मस्तक पर अजलि करके ईशानेन्द्र को जय-विजय शब्दो (के उच्चारणपूर्वक) से बधाने लगे-अभिनन्दन करने लगे। अभिनन्दन करके वे इस प्रकार बोले-'अहो ! (धन्य है !) आप देवानुप्रिय ने दिव्य देव-ऋद्धि उपलब्ध की है, प्राप्त की है और अभिमुख कर ली है ! हमने आपके द्वारा उपलब्ध, प्राप्त और अभिसमन्वागत दिव्य देव-ऋद्धि को, यावत् देव-प्रभाव को प्रत्यक्ष देख लिया है। अत हे देवानुप्रिय ! (अपने अपराध के लिए) हम आपसे क्षमा माँगते हैं। आप देवानुप्रिय हमे क्षमा करे। आप देवानुप्रिय हमे क्षमा करने योग्य है। (भविष्य मे) फिर कभी इस प्रकार नही करेगे।' इस प्रकार निवेदन करके उन्होंने ईशानेन्द्र से अपने अपराध के लिए विनयपूर्वक अच्छी तरह बार-बार क्षमा माँगी।

39. (In this wretched state) Those numerous *Asur Kumar* gods and goddesses from the capital city Balichancha became aware that all this (burning of their capital city) was due to the rage of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods). Not being able to tolerate the divine opulence, radiance, influence and fire-power of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of

Devs (gods), all those *Asur Kumar* gods and goddesses stood facing Ishanendra from all directions around him (facing up) and touching their forehead with joined palms they greeted Ishanendra with hails of victory. After greetings they submitted—"Blessed you are, O Beloved of gods ! You have acquired, attained and experienced divine opulence. We have witnessed in person the divine opulence... and so on up to. . influence •acquired, attained and experienced by you. Therefore, O Beloved of gods ! We beg your pardon (for the mistake we committed). Beloved of gods ! Please forgive us. Beloved of gods ! You are capable of forgiving us. We will never repeat this behaviour." With this submission they properly and humbly sought forgiveness from Ishanendra again and again.

४०. तते णं ईसाणे देविंदे देवराया तेहिं बलिचंचारायहाणीवत्थव्वएहिं बहूहिं असुरकुमारेहिं देवेहिं देवीहि य एयमट्ठं सम्मं विणएणं भुज्जो भुज्जो खामिए समाणे तं दिव्वं देविड्ढिं जाव तेयलेस्सं पडिसाहरइ।

तप्पभितिं च णं गोयमा ! ते बलिचंचारायहाणिवत्थव्वया बहवे असुरकुमारा देवा य देवीओ य ईसाणं देविंदं देवरायं आढंति जाव पज्जुवासंति, ईसाणस्स य देविंदस्स देवरण्णो आणा-उववाय-वय-निद्देसे चिट्ठंति।

४०. अब जब बलिचचा-राजधानी-निवासी उन बहुत-से असुरकुमार देवों और देवियो ने देवेन्द्र देवराज ईशान से अपने अपराध के लिए सम्यक् विनयपूर्वक बार-बार क्षमायाचना कर ली, तब ईशानेन्द्र ने उस दिव्य देव-ऋद्धि यावत् छोडी हुई तेजोलेश्या को वापस खीच (समेट) ली।

हे गौतम ! तब से बलिचचा-राजधानी-निवासी वे बहुत-से असुरकुमार देव और देवीवृन्द देवेन्द्र देवराज ईशान का आदर करते है यावत् उसकी पर्युपासना (सेवा) करते हैं। (और तभी से वे) देवेन्द्र देवराज ईशान की आज्ञा और सेवा मे, तथा आदेश (अनुशासनात्मक) और निर्देश (कर्त्तव्य का सूचन) मे रहते है।

40. Now when those *Asur Kumar* gods and goddesses from the capital city Balichancha properly and humbly sought forgiveness from Ishanendra again and again, Ishanendra withdrew that divine opulence... and so on up to... fire-power.

Gautam ! Since then those *Asur Kumar* gods and goddesses from the capital city Balichancha respect .. and so on up to... worship Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods). And since then they obey him, serve him and are under his order and command.

४१. एवं खलु गोयमा ! ईसाणेणं देविंदेणं देवरण्णा सा दिव्वा देविड्ढी जाव अभिसमन्नागया।

४१. हे गौतम ! देवेन्द्र देवराज ईशान ने वह दिव्य देव-ऋद्धि यावत् इस प्रकार लब्ध और अभिसमन्वागत की है।

41. Gautam ! This is how Ishanendra, the Indra (overlord) of *Devs* (gods) acquired and manifested that divine opulence... and so on up to... influence.

विवेचन : तामली तापस की यह घटना १८वे तीर्थंकर भगवान अरनाथ के शासनकाल की हो सकती है। क्योंकि तामली तापस ने ६० हजार वर्ष तक तपस्या की है। तो उसकी सम्पूर्ण आयु कम से कम ७५ हजार वर्ष की तो होगी ही। भगवान अरनाथ के समय मध्यम आयु ८४ हजार वर्ष की मानी जाती है, जो भगवान की सकल आयु थी। —सम्पादक

Elaboration—This incident of Tamali Tapas may be from the period of influence of the eighteenth Tirthankar Bhagavan Ar Naath. This is because Tamali Tapas is said to have done penance for sixty thousand years. This means that his total life-span must have been at least seventy thousand years. During the period of Bhagavan Ar Naath the average life-span is said to be eighty four thousand years, which is equal to his own life-span.

ईशानेन्द्र की स्थिति LIFE-SPAN OF ISHANENDRA

४२. [प्र.] ईसाणस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो केवतियं कालं ठिइ पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! सातिरेगाइं दो सागरोवमाइं ठिइ पण्णत्ता।

४२. [प्र.] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज ईशान की स्थिति कितने काल की है ?

[उ.] गौतम ! ईशानेन्द्र की स्थिति दो सागरोपम से कुछ अधिक की है।

42. [Q.] *Bhante* ! What is the life-span (*sthiti*) of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Gautam ! The life-span (*sthiti*) of Ishanendra is slightly more than two *Sagaropam* (a conceptual unit of time).

४३. [प्र.] ईसाणे णं भंते ! देविंदे देवराया ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं जाव कहिं गच्छिहिति ? कहिं उववज्जिहिति ?

[उ.] गोयमा ! महाविदेहे वासे सिज्झिहिति जाव अंतं काहिति।

४३. [प्र.] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज ईशान देव आयुष्य पूर्ण होने पर उस देवलोक से च्युत होकर कहाँ जायेगा ? कहाँ उत्पन्न होगा ?

[उ.] गौतम ! वह (देवलोक से च्यवकर) महाविदेह वर्ष (क्षेत्र) में जन्म लेकर सिद्ध होगा यावत् समस्त दु खों का अन्त करेगा।

43. [Q.] *Bhante* ! Completing the life-span of the dimension of gods and descending from that abode of gods, where will Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) go ? Where will he be born ?

[Ans.] Gautam ! Descending from the dimension of gods, he will be born in the Mahavideh area and finally become a *Siddha* (liberated soul)... and so on up to... end all miseries."

शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र के विमानों की ऊँचाई **HEIGHT OF CELESTIAL VEHICLES**

४४. [प्र. १] सक्कस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो विमाणेहिंतो ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो विमाणा ईसिं उच्चयरा चेव ईसिं उन्नयतरा चेव ? ईसाणस्स वा देविंदस्स देवरण्णो विमाणेहिंतो सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो विमाणा ईसिं नीययरा चेव ईसिं निण्णयरा चेव ?

[उ.] हंता, गोयमा ! सक्कस्स तं चेव सव्वं नेयव्वं।

[प्र. २] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए करतले सिया देसे उच्चे देसे उन्नये, देसे णीए देसे निण्णे, से तेणट्ठेणं।

४४. [प्र. १] भगवन् ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र के विमानों से देवेन्द्र देवराज ईशान के विमान कुछ (थोडे–से) उच्चतर (ऊँचे) है, कुछ उन्नततर (श्रेष्ठ) हैं ? अथवा देवेन्द्र देवराज ईशान के विमानों से देवेन्द्र देवराज शक्र के विमान कुछ नीचे हैं, कुछ निम्नतर हैं ?

[उ.] हाँ, गौतम ! यह इसी प्रकार है। अर्थात्–देवेन्द्र देवराज शक्र के विमानों से देवेन्द्र देवराज ईशान के विमान कुछ ऊँचे है, कुछ उन्नततर है तथा देवेन्द्र देवराज ईशान के विमानों से देवेन्द्र देवराज शक्र के विमान कुछ नीचे हैं, कुछ निम्नतर हैं।

[प्र. २] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है ?

[उ.] गौतम ! जैसे किसी हथेली का एक भाग कुछ ऊँचा और उन्नततर होता है, तथा एक भाग कुछ नीचा और निम्नतर होता है, इसी तरह शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र के विमानों के सम्बन्ध में समझना चाहिए। इसी कारण से पूर्वोक्त रूप से कहा जाता है।

44. [Q. 1] *Bhante* ! Are the celestial vehicles (*vimaans*) of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) slightly higher and better than those of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ? Or are the celestial vehicles (*vimaans*) of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) slightly lower and inferior than those of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It is so. That means the celestial vehicles (*vimaans*) of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) are slightly higher and better than those of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods). And the celestial vehicles (*vimaans*) of Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) slightly lower and inferior than those of Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it said to be so ?

[Ans.] Gautam ! Just as certain part of a palm is slightly higher and better and another part is slightly lower and inferior, so should be taken for the celestial vehicles of Shakrendra and Ishanendra. That is why it is said to be so

दोनों इन्द्रों का शिष्टाचार COURTESY OF THE TWO INDRAS

४५. [प्र. १] पभू णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो अंतियं पाउब्भवित्तए ?

[उ.] हंता, पभू।

४५. [प्र. १] भगवन् ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र, देवेन्द्र देवराज ईशान के पास प्रकट होने (जाने) मे समर्थ है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! शक्रेन्द्र ईशानेन्द्र के पास आने मे समर्थ है।

45. [Q. 1] *Bhante* ! Is Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) capable of appearing before Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! Shakrendra is capable of appearing before Ishanendra.

[प्र. २] से णं भंते ! किं आढायमाणे पभू, अणाढायमाणे पभू ?

[उ.] गोयमा ! आढायमाणे पभू, नो अणाढायमाणे पभू।

[प्र. २] भगवन् ! (जब शक्रेन्द्र, ईशानेन्द्र के पास जाता है तो) क्या वह आदर करता हुआ आता है, या अनादर करता हुआ आता है ?

[उ.] हे गौतम ! वह उसका (ईशानेन्द्र का) आदर करता हुआ आता है, किन्तु अनादर करता हुआ नही।

[Q. 2] *Bhante* ! (When Shakrendra comes to Ishanendra) Does he come showing respect ? Or does he come showing disrespect ?

[Ans.] Gautam ! He comes showing respect and not disrespect (to Ishanendra).

४६. [प्र. १] पभू णं भंते ! ईसाणे देविंदे देवराया सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो अंतियं पाउब्भवित्तए ?

[उ.] हंता, पभू।

[प्र. २] से भंते ! किं आढायमाणे पभू, अणाढायमाणे पभू ?

[उ.] गोयमा ! आढायमाणे वि पभू, अणाढायमाणे वि पभू।

४६. [प्र. १] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज ईशान, क्या देवेन्द्र देवराज शक्र के पास जाने मे समर्थ है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! शक्रेन्द्र के पास जाने में समर्थ है।

[प्र. २] भगवन् ! (जब ईशानेन्द्र, शक्रेन्द्र के पास जाता है तो), क्या वह आदर करता हुआ जाता है, या अनादर करता हुआ जाता है ?

[उ.] गौतम ! (जब ईशानेन्द्र, शक्रेन्द्र के पास जाता है, तब) वह आदर करता हुआ भी जा सकता है, और अनादर करता हुआ भी जा सकता है। (क्योंकि उसका स्थान ऊँचा है)

46. [Q. 1] *Bhante* ! Is Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) capable of appearing before Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! Ishanendra is capable of appearing before Shakrendra.

[Q. 2] *Bhante* ! (When Ishanendra comes to Shakrendra) Does he come showing respect ? Or does he come showing disrespect ?

[Ans.] Gautam ! (When Ishanendra comes to Shakrendra) He may come showing respect and he may also come showing disrespect. (because his status is higher).

४७. [प्र.] पभू णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया ईसाणं देविंदं देवरायं सपक्खिं सपडिदिसिं समभिलोएत्तए ?

[उ.] जहा पादुब्भवणा तहा दो वि आलावगा नेयव्वा।

४७. [प्र.] भगवन् ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र, देवेन्द्र देवराज ईशान के समक्ष (चारों दिशाओं में) तथा सप्रतिदिश (चारों कोनो मे = सब ओर) देखने में समर्थ है ?

[उ.] गौतम ! जिस तरह से प्रादुर्भूत होने (जाने) के सम्बन्ध में दो आलापक कहे है, उसी तरह से देखने के सम्बन्ध में भी दो आलापक कहने चाहिए।

47. [Q.] *Bhante* ! Is Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) capable of looking in all the cardinal and intermediate directions before Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Gautam ! Here the two statements about 'appearing' should be repeated about 'looking'.

४८. [प्र.] पभू णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया ईसाणेणं देविंदेणं देवरण्णा सद्धिं आलावं वा संलावं वा करेत्तए ?

[उ.] हंता, पभू। जहा पादुब्भवणा।

४९. [प्र. १] अत्थि णं भंते ! तेसिं सक्कीसाणाणं देविंदाणं देवराईणं किच्चाइं करणिज्जाइं समुप्पज्जंति ?

[उ.] हंता, अत्थि।

[प्र. २] से कहमिदाणिं पकरेंति ?

[उ.] गोयमा ! ताहे चेव णं से सक्के देविंदे देवराया ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो अंतियं पाउब्भवति, ईसाणे णं देविंदे देवराया सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो अंतियं पाउब्भवइ--'इति भो ! सक्का ! देवराया ! दाहिणड्ढलोगाहिवती !' 'इति भो ! ईसाणा ! देविंदा ! देवराया ! उत्तरड्ढलोगाहिवती !' 'इति भो' त्ति ते अन्नमन्नस्स किच्चाइं करणिज्जाइं पच्चणुभवमाणा विहरंति।

४८. [प्र.] भगवन् ! क्या देवेन्द्र देवराज शक्र, देवेन्द्र देवराज ईशान के साथ वार्तालाप करने में समर्थ है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह वार्त्तालाप करने मे समर्थ है। जिस तरह पास जाने के सम्बन्ध में दो आलापक कहे है, (उसी तरह यहाँ जाने)।

४९. [प्र. १] भगवन् ! उन देवेन्द्र देवराज शक्र और देवेन्द्र देवराज ईशान के बीच में परस्पर कोई कृत्य करणीय करने योग्य कार्य समुत्पन्न होते है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! समुत्पन्न होते है ?

[प्र. २] भगवन् ! जब इन दोनो के कोई कृत्य (प्रयोजन) या करणीय (विचार) होते हैं, तब वे कैसे व्यवहार (कार्य) करते हैं ?

[उ.] गौतम ! जब देवेन्द्र देवराज शक्र को कार्य होता है, तब वह (स्वयं) देवेन्द्र देवराज ईशान के समीप प्रकट होता है और जब देवेन्द्र देवराज ईशान को कार्य होता है, तब वह (स्वयं) देवेन्द्र देवराज शक्र के निकट जाता है। उनके परस्पर सम्बोधित करने का तरीका यह है-'हे दक्षिणार्द्ध लोकाधिपति देवेन्द्र देवराज शक्र !' (शक्रेन्द्र पुकारता है-) हे उत्तरार्द्ध लोकाधिपति देवेन्द्र देवराज ईशान !' (यहाँ), दोनों ओर से 'इति भो-इति भो !' (अजी ! ऐसी बात है) (इस प्रकार के शब्दों से परस्पर) सम्बोधित करके वे एक-दूसरे के कृत्यों (प्रयोजनों) और करणीयों (विचारों) को अनुभव करते समझते हैं।

48. [Q.] *Bhante* ! Is Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) capable of conversation with Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Gautam ! Here the two statements about 'appearing' should be repeated about 'conversation'.

49. [Q. 1] *Bhante* ! Does an occasion or need to come together arise between Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) and Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! It does.

[Q. 2] *Bhante* ! When there is such an occasion how do they behave towards each other ?

[Ans.] When Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) has some need then he appears before Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods), in person. When Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) has some need then he appears before Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods), in person. They address each other as follows—(Ishanendra says—) "O Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) and the sovereign of the southern half of *Lok* ! How do you do ?" and (Shakrendra says—) "O Ishanendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) and the sovereign of the southern half of *Lok* ! How do you do ?" Addressing thus they communicate and exchange views about their needs and activities

५०. [प्र. १] अत्थि णं भंते ! तेसिं सक्कीसाणाणं देविंदाणं देवराईणं विवादा समुप्पज्जंति ?

[उ.] हंता, अत्थि।

[प्र. २] से कहमिदाणिं पकरेंति ?

[उ.] गोयमा ! ताहे चेव णं ते सक्कीसाणा देविंदं देवरायाणो सणंकुमारं देविंदे देवरायं मणसी करेंति। तए णं से सणंकुमारे देविंदे देवराया तेहिं सक्कीसाणेहिं देविंदेहिं देवराईहिं मणसीकए समाणे खिप्पामेव सक्कीसाणामं देविंदाणं अंतियं पादुब्भवति। जं से वदइ तस्स आणा–उववाय–वयण–निद्देसे चिट्ठंति।

५०. [प्र. १] भगवन् ! क्या देवेन्द्र शक्र और देवेन्द्र देवराज ईशान, इन दोनों मे विवाद भी समुत्पन्न होता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! (इन दोनो इन्द्रों के बीच विवाद भी समुत्पन्न) होता है। (दोनो की सीमाएँ लगी हुई हैं तथा अन्य विषय भी हो सकते हैं)

[प्र. २] (भगवन् ! परस्पर विवाद उत्पन्न होने पर) वे क्या करते हैं ?

[उ.] गौतम ! जब शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र मे परस्पर विवाद उत्पन्न हो जाता है, तब वे दोनो, देवेन्द्र देवराज सनत्कुमारेन्द्र का मन में स्मरण करते हैं। (मानसिक सम्पर्क करते हैं) देवेन्द्र देवराज शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र द्वारा स्मरण करने पर (आसन प्रकम्पित होता है, तब) शीघ्र ही सनत्कुमारेन्द्र देवराज, शक्रेन्द्र और ईशानेन्द्र के निकट प्रकट होता है। वह जो भी कहता है, (उसे ये दोनों इन्द्र मान्य करते हैं।) ये दोनों इन्द्र उसकी आज्ञा, सेवा, आदेश और निर्देश में रहते है।

50. [Q. 1] *Bhante* ! Do Shakrendra and Ishanendra have dispute with each other ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They (Shakrendra and Ishanendra) do (have dispute with each other). (They have common borders. There may be other points of dispute too.)

[Q. 2] *Bhante* ! What do they do ? (when such dispute arises)

[Ans.] Gautam ! When Shakrendra and Ishanendra have a dispute with each other, they think of Sanatkumarendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) (establishing telepathic contact). When Shakrendra and Ishanendra think of him (his throne trembles and) Sanatkumarendra soon appears before them. Whatever he advises and commands (they accept) In fact these two *Indras* obey him, serve him and are under his command and direction.

विशेष–'आढायमाणे–अणाढायमाणे'–इन दोनो शब्दो का तात्पर्य–यह भी है कि शक्रेन्द्र की अपेक्षा ईशानेन्द्र का दर्जा ऊँचा है, इसलिए शक्रेन्द्र, ईशानेन्द्र के पास तभी जा सकता है जबकि ईशानेन्द्र शक्रेन्द्र को आदरपूर्वक बुलाए। अगर आदरपूर्वक न बुलाये तो वह ईशानेन्द्र के पास नही जाता, किन्तु ईशानेन्द्र शक्रेन्द्र के पास बिना बुलाए भी जा सकता है, क्योकि उसका दर्जा ऊँचा है। *(भगवतीसूत्र, प्रमेयचन्द्रिका टीका, हिन्दी–गुर्जर भावानुवादयुक्त, भाग ३, पृष्ठ २८६)*

Elaboration—Adhayamane-anadhayamane—This phrase also indicates that the status of Ishanendra is higher than that of Shakrendra. As such Shakrendra can visit Ishanendra only when Ishanendra calls Shakrendra with due respect; if not he cannot go to Ishanendra. But Ishanendra, enjoying higher status, can visit Shakrendra without being called *(Bhagavati Sutra, Prameyachandrika Tika with Hindi-Gujarati translation, part-3, p 286)*

सनत्कुमारेन्द्र की भवसिद्धिकता LIBERATION-WORTHINESS OF SANATKUMARENDRA

५१. [प्र.] सणंकुमारे णं भंते ! देविंदे देवराया किं (१) भवसिद्धिए, अभवसिद्धिए ? (२) सम्मद्दिट्ठी, मिच्छद्दिट्ठी ? (३) परित्तसंसारए, अणंतसंसारए ? (४) सुलभबोहिए, दुल्लभबोहिए ? (५) आराहए, विराहए ? (६) चरिमे अचरिमे ?

[उ.] गोयमा ! सणंकुमारे णं देविंदे देवराया भवसिद्धिए नो अभवसिद्धिए एवं सम्मद्दिट्ठी, परित्तसंसारए, सुलभबोहिए आराहण, चरिमे, पसत्थं नेयव्वं।

५१. [प्र.] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार क्या (१) भवसिद्धिक (भविष्य में सिद्धि प्राप्त करने योग्य) है या अभवसिद्धिक है ? (२) सम्यग्दृष्टि है या मिथ्यादृष्टि है ? (३) परित्त (परिमित) संसारी है या अनन्त (अपरिमित) ससारी ? (४) सुलभबोधि है या दुर्लभबोधि ? (५) आराधक है अथवा विराधक ? (६) चरम (जिसका यही अन्तिम भव हो) है अथवा अचरम ?

[उ.] गौतम ! देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार, भवसिद्धिक है, अभवसिद्धिक नहीं; इसी तरह वह सम्यग्दृष्टि है, परित्तसंसारी है, सुलभबोधि है, आराधक है, चरम है। (अर्थात्-इस सम्बन्ध मे सभी) प्रशस्त पद ग्रहण करने चाहिए।

51. [Q.] *Bhante* ! Is Sanatkumarendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods)—(1) worthy or unworthy of being liberated in future (*bhavasiddhik* or *abhavasiddhik*) ? (2) righteous or unrighteous (*samyagdrishti* or *mithyadrishti*) ? (3) with limited or unlimited cycles of rebirth (*parattasamsari* or *anant-samsari*) ? (4) capable of enlightenment with ease or difficulty (*sulabh-bodhi* or *durlabh-bodhi*) ? (5) devout or heretic (*aradhak* or *viradhak*) ? (6) in his final birth or not (*charam* or *acharam*) ?

[Ans.] Gautam ! Sanatkumarendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) is worthy and not unworthy of being liberated in future (*bhavasiddhik* and not *abhavasiddhik*). In the same way he is righteous (*samyagdrishti*), with limited cycles of rebirth (*parattasamsari*), capable of enlightenment with ease (*sulabh-bodhi*), devout (*aradhak*) and in his final birth (*charam*). In other words only noble statements are valid.

५२. [प्र.] से केणट्ठेणं भंते ?

[उ.] गोयमा ! सणंकुमारे देविंदे देवराया बहूणं समणाणं बहूणं समणीणं बहूणं सावगाणं बहूणं साविगाणं हियकामए सुहकामए पत्थकामए आणुकंपिए निस्सेयसिए हिय-सुह-निस्सेसकामए, से तेणट्ठेणं गोयमा ! सणंकुमारे णं भवसिद्धिए जाव नो अचरिमे।

५२. [प्र.] भगवन् ! किस कारण से (ऐसा कहा जाता है) ?

[उ.] गौतम ! देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार बहुत-से श्रमणों, बहुत-सी श्रमणियो, बहुत-से श्रावकों और बहुत-सी श्राविकाओं का हितकामी (हितैषी), सुखकामी (सुखेच्छु), पथ्यकामी (पथ्याभिलाषी अथवा कष्टों से बचाने का इच्छुक) आनुकम्पिक (कृपा व अनुकम्पा करने वाला), निःश्रेयसिक (निःश्रेयस = कल्याण या मोक्ष का इच्छुक) है। वह उनका हित, सुख और निःश्रेयस चाहने वाला है। इसी कारण, गौतम ! सनत्कुमारेन्द्र भवसिद्धिक है, यावत् (चरम है, किन्तु) अचरम नही।

52. [Q.] *Bhante* ! Why is it so ?

[Ans.] Gautam ! Sanatkumarendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) wishes well (*hit-kaami*) of numerous *Shramans*, numerous *Shramanis*, numerous *Shravaks* and numerous *Shravikas*. He wishes them bliss (*sukh-kaami*) and comforts (*pathya-kaami*). Is compassionate

(*aanukampik*) towards them and wishes them beatitude or salvation (*nihshreyasik*). He wishes well (*hit-kaami*)... and so on up to... beatitude or salvation (*nihshreyasik*) for them.

That is why, Gautam ! Sanatkumarendra is worthy... and so on up to... in his final birth.

विवेचन : यहाँ भवसिद्धिक से चरम तक के छह पद परस्पर सम्बन्धित हैं। वृत्तिकार आचार्यों का कथन है–भव्य जीव सम्यग्दृष्टि व मिथ्यादृष्टि दोनो प्रकार का होता है। सम्यग्दृष्टि जीव परीत संसारी व अनन्त संसारी दोनों हो सकता है। परीत ससारी जीव सुलभबोधि और दुर्लभबोधि दोनो हो सकता है। आराधक जीव चरम और अचरम दोनों प्रकार का हो सकता है। *(रायपसेणिय वृत्ति मलयगिरि, भगवई, भाग २, पृष्ठ ३६)*

Elaboration—Here the five terms, from *bhavasiddhik* to *charam* are inter-linked. The *Acharyas* who wrote *Vritti* state that a being worthy of liberation in future (*bhavasiddhik*) can be both, righteous as well as unrighteous (*samyagdrishti* as well as *mithyadrishti*) The *samyagdrishti* can be both, with limited as well as unlimited cycles of rebirth (*parittasamsari* as well as *anant-samsari*). The *parittasamsari* can be both, capable of enlightenment with ease as well as difficulty (*sulabh-bodhi* as well as *durlabh-bodhi*). The *sulabh-bodhi* can be both, devout as well as heretic (*aradhak* as well as *viradhak*). The *aradhak* can be both, in his final birth as well as not (*charam* as well as *acharam*). *(Rayapaseniya Vritti by Malayagiri; Bhagavai, part-2, p 36)*

५३. [प्र.] सणंकुमारस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो केवतियं कालं ठिती पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! सत्त सागरोवमाणि ठिती पण्णत्ता।

५३. [प्र.] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज सनत्कुमार की स्थिति (आयु) कितने काल की है ?

[उ.] गौतम ! सनत्कुमारेन्द्र की स्थिति (उत्कृष्ट) सात सागरोपम की है।

53. [Q.] *Bhante* ! What is the life-span (*sthiti*) of Sanatkumarendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) ?

[Ans.] Gautam ! The life-span (*sthiti*) of Sanatkumarendra is (maximum) seven *Sagaropam* (a metaphoric unit of time).

५४. [प्र.] से णं भंते ! ताओ देवलोगाओ आउक्खएणं जाव कहिं उववज्जिहिति ?

[उ.] गोयमा ! महाविदेहे वासे सिज्झिहिति जाव अंतं करेहिति।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति॥

५४. [प्र.] भगवन् ! वह (सनत्कुमारेन्द्र) उस देवलोक से आयु क्षय होने के बाद कहाँ उत्पन्न होगा ?

[उ.] गौतम ! सनत्कुमारेन्द्र उस देवलोक से च्यवकर (आयुष्य पूर्ण कर) महाविदेह वर्ष (क्षेत्र) में, (जन्म लेकर वहीं से) सिद्ध-बुद्ध-मुक्त होगा, यावत् सर्वदु:खों का अन्त करेगा।

भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है ! (यों कहकर गौतम स्वामी यावत् भगवान की पर्युपासना करने लगे।)

54. [Q.] *Bhante* ! Completing the life-span of the dimension of gods and descending from that abode of gods, where will Sanatkumarendra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) go ? Where will he be born ?

[Ans.] Gautam ! Descending from the dimension of gods, he will be born in the Mahavideh area and finally become a *Siddha* (liberated soul)... and so on up to.. end all miseries.

"Bhante ! Indeed that is so Indeed that is so " With these words... and so on up to .. ascetic Gautam resumed his activities

प्रथम उद्देशक की उपसंहार गाथाएँ **CONCLUDING VERSES**

छट्ठऽट्ठम मासो अद्धमासे वासाइं अट्ठ छम्मासा।
तीसग-कुरुदत्ताणं तव भत्तपरिण्ण-परियाओ॥१॥

उच्चत्त विमाणाणं पादुब्भव पेच्छणा य संलावे।
किच्चि विवादुप्पत्ती सणंकुमारे य भवियत्तं॥२॥

॥ मोया समत्ता ॥

॥ तइए सए : पढमो उद्देसो समत्तो ॥

गाथाओं का अर्थ-तिष्यक श्रमण का तप छट्ठ-छट्ठ (निरन्तर बेला-बेला) था और उसका अनशन एक मास का था। कुरुदत्तपुत्र श्रमण का तप अट्ठम-अट्ठम (निरन्तर तेले-तेले) का था और उसका अनशन अर्द्ध-मासिक था-(१५ दिन का)। तिष्यक श्रमण की दीक्षापर्याय आठ वर्ष की थी और कुरुदत्तपुत्र श्रमण की छह मास की। (इन दोनों से सम्बन्धित विषय इस उद्देशक में आया है।) इसके अतिरिक्त (दूसरे विषय आये है, जैसे कि) दो इन्द्रों के विमानो की ऊँचाई, एक इन्द्र का दूसरे के पास आगमन, परस्पर प्रेक्षण (अवलोकन), उनका आलाप-संलाप, उनका कार्य, उनमें विवादोत्पत्ति तथा उनका निपटारा तथा सनत्कुमारेन्द्र की भवसिद्धिकता आदि विषयों का निरूपण इस उद्देशक में किया गया है।

॥ मोका समास ॥

॥ तृतीय शतक : प्रथम उद्देशक समाप्त ॥

Ascetic Tishyak observed the austerity of a series of two-day fasts and the ultimate vow of one month. Ascetic Kurudatt observed the austerity of a series of three-day fasts and the ultimate vow of half a month (15 days). The ascetic life of Ascetic Tishyak was eight years and that of Ascetic Kurudatt was six months. (These two are included in this lesson.) Besides these the height of the celestial vehicles of two *Indras*, arrival of one *Indra* near another, their looking at each other, their conversation, their activities, their disputes and settlement, and liberation-worthiness of Sanatkumarendra and other topics have been discussed in this lesson.

● END OF MOKA ●

● END OF THE FIRST LESSON OF THE THIRD CHAPTER ●

तृतीय शतक : द्वितीय उद्देशक
THIRD SHATAK (Chapter Three) : SECOND LESSON

चमर CHAMAR

उपोद्घात

द्वितीय उद्देशक मे बताया है कि राजगृह मे भगवान महावीर विराजमान थे। अपनी सुधर्मा सभा में चमरसिंहासन-स्थित चमरेन्द्र ने वही से भगवान को देखा और अपने समस्त देव परिवार के साथ ईशानेन्द्र की तरह भगवान महावीर और गौतमादि श्रमणवर्ग को विविध नाट्यविधि दिखलाई। वन्दना नमस्कार करके वापस चला गया। चमरेन्द्र के आगमन से और उसकी दिव्य ऋद्धि आदि पर से प्रश्नों और उत्तरो का प्रारम्भ होता है।

INTRODUCTION

The second lesson starts with the information that Bhagavan Mahavir was staying in Rajagriha. Chamarendra saw him from his throne in his *Sudharma Sabha* (main assembly). He descended with his retinue and displayed a variety of his dances and dramas. He returned after paying homage This incident inspired a series of questions and answers.

❑❑

१. तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नगरे होत्था जाव परिसा पज्जुवासइ।

१. उस काल, उस समय मे राजगृह नाम का नगर था। श्रमण भगवान महावीर वहाँ पधारे और परिषद् पर्युपासना करने लगी।

1. During that period of time there was a city called Rajagriha. Shraman Bhagavan Mahavir arrived there... and so on up to... People commenced worship.

२. तेणं कालेणं तेणं समएणं चमरे असुरिंदे असुरराया चमरचंचाए रायहाणीए सभाए सुहम्माए चमरंसि सीहासणंसि चउसट्ठीए सामाणियसाहस्सीहिं जाव नट्टविहिं उवदंसेत्ता जामेव दिसिं पाउब्भूए तामेव दिसिं पडिगए।

२. उस काल, उस समय मे चौंसठ हजार सामानिक देवों से परिवृत, चरमचंचा नामक राजधानी की सुधर्मासभा मे चमर नामक सिहासन पर बैठे असुरेन्द्र असुरराज चमर ने (राजगृह में विराजमान भगवान महावीर को देखा), यावत् नाट्यविधि दिखलाकर जिस दिशा से आया था, उसी दिशा मे वापस चला गया।

2. During that period of time Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs*, sitting on his throne called Chamar and surrounded by sixty four

Samanik Devs (gods of equal status) in his *Sudharma Sabha* (main assembly) in his capital city Chamarchancha (saw Bhagavan Mahavir stationed in Rajagriha)... and so on up to... after displaying his dances he went away in the direction from which he came.

असुरकुमार देवो का स्थान PLACE OF ASUR KUMAR DEVS

३. [प्र. १] 'भंते !' त्ति भगवं गोयमे समणं भगवं महावीरं वंदति नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–अत्थि णं भंते ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए अहे असुरकुमारा देवा परिवसंति ?

[उ.] गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

[प्र. २] एवं जाव अहेसत्तमाए पुढवीए, सोहम्मस्स कप्पस्स अहे जाव अत्थि णं भंते ! ईसिपब्भाराए पुढवीए अहे असुरकुमारा देवा परिवसंति ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे।

३. [प्र. १] 'हे भगवन् !' यो कहकर भगवान गौतम ने श्रमण भगवान महावीर को वन्दन-नमस्कार किया। वन्दन-नमस्कार करके इस प्रकार पूछा–'भगवन् ! क्या असुरकुमार देव इस रत्नप्रभापृथ्वी के नीचे रहते है ?'

[उ.] हे गौतम ! यह अर्थ (बात) समर्थ (शक्य) नहीं है।

[प्र. २] इसी प्रकार यावत् सप्तम (तमस्तमःप्रभा) पृथ्वी के नीचे भी वे (असुरकुमार देव) नहीं रहते; और न सौधर्मकल्प देवलोक के नीचे यावत् अन्य सभी कल्पो (देवलोकों) के नीचे वे नही रहते हैं। (तब फिर प्रश्न होता है–) भगवन् ! क्या वे असुरकुमार देव ईषत्प्राग्भारा (सिद्धशिला) पृथ्वी के नीचे रहते है ?

[उ.] (हे गौतम !) यह अर्थ भी समर्थ (शक्य) नही है।

3. [Q. 1] *"Bhante !"* Addressing thus Bhagavan Gautam paid homage and obeisance to Shraman Bhagavan Mahavir. Having paid homage and obeisance he asked—*Bhante* ! Do *Asur Kumar Devs* live beneath this Ratnaprabha *Prithvi* (first hell) ?

[Ans.] Gautam ! That is not correct.

[Q. 2] *Bhante* ! In the same way (when)... and so on up to... they do not live beneath the seventh hell (Tamastamahprabha *Prithvi*) and neither do they live beneath Saudharm Kalp (divine realm)... and so on up to... beneath all other divine realms; (a question arises) *Bhante* ! Do those *Asur Kumar Devs* live beneath Ishatpragbhara *Prithvi* (the abode of *Siddhas*) ?

[Ans.] Gautam ! That too is not correct.

४. [प्र.] से कहिं खाइं णं भंते ! असुरकुमारा देवा परिवसंति ?

[उ.] गोयमा ! इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए असीउत्तरजोयणसतसहस्सबाहल्लाए, एवं असुरकुमारदेववत्तव्वया जाव दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरंति।

४. [प्र.] भगवन् ! तब ऐसा कौन-सा स्थान है, जहाँ असुरकुमार देव निवास करते है ?

[उ.] गौतम ! एक लाख अस्सी हजार योजन मोटी इस रत्नप्रभा पृथ्वी के बीच मे (असुरकुमार देव रहते हैं।) यहाँ असुरकुमार सम्बन्धी समस्त वक्तव्यता कहनी चाहिए, यावत् वे दिव्य भोगों का उपभोग करते हुए आनन्दपूर्वक जीवनयापन करते है।

4. [Q.] *Bhante* ! Then which is the place where *Asur Kumar Devs* live ?

[Ans.] Gautam ! In the middle of this one hundred eighty thousand *Yojan* thick Ratnaprabha *Prithvi* (live *Asur Kumar Devs*). Here all details about *Asur Kumar Devs* should be repeated... and so on up to... they spend their time enjoying divine pleasures

विवेचन : प्रज्ञापनासूत्र के अनुसार रत्नप्रभा का पृथ्वी-पिण्ड एक लाख अस्सी हजार योजन का है। उसमें से ऊपर एक हजार योजन और नीचे के एक हजार योजन छोडकर, बीच मे एक लाख अठहत्तर हजार योजन के भाग मे असुरकुमार देवो के ३४ लाख भवनावास है। *(चित्र देखो)*

Elaboration—According to *Prajnapana Sutra* the depth of Ratnaprabha *Prithvi* is one hundred eighty thousand *Yojans*. Leaving one thousand *Yojans* from top as well as bottom there are 3.4 million abodes (*bhavanavaas*) of *Bhavan-vaasi Devs* in the remaining 1,78,000 *Yojans*. *(see illustration)*

असुरकुमारों की गति-विषयक प्रश्न **MOVEMENT OF ASUR KUMAR DEVS**

५. [प्र.] अत्थि णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं अहे गतिविसए पण्णत्ते ?

[उ.] हंता, अत्थि।

५. [प्र.] भगवन् ! क्या असुरकुमार देवो का अधोगमन-विषयक (सामर्थ्य) है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! (उनमे अपने स्थान से नीचे जाने का सामर्थ्य) है।

5. [Q.] *Bhante* ! Do *Asur Kumar Devs* have the capacity to go downward (from their abodes) ?

[Ans.] Gautam ! They have (the capacity to go downward from their abodes).

६. [प्र.] केवइयं ए च णं भंते ! पभू ते असुरकुमाराणं देवाणं अहेगतिविसए पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! जाव अहेसत्तमाए पुढवीए, तच्चं पुण पुढविं गता य गमिस्संति य।

६. [प्र.] भगवन् ! असुरकुमार देवों का (अपने स्थान से) अधोगमन-विषयक सामर्थ्य कितना (कहाँ तक) है?

[उ.] गौतम ! सप्तम पृथ्वी तक नीचे जाने की शक्ति उनमें है। (किन्तु वे वहाँ तक कभी गये नहीं, जाते नही और जायेंगे भी नही) वे तीसरी पृथ्वी (बालुकाप्रभा) तक गये है, जाते है और जायेगे।

6. [Q.] *Bhante* ! How far below (their abodes) they are capable of going ?

[Ans.] They are capable of going up to the seventh hell; (but they have never gone that far, neither they go that far and nor will they ever go that far), they have gone, go and will go only as far as the third *prithvi* (Balukaprabha)

७. [प्र.] किंपत्तियं णं भंते ! असुरकुमारा देवा तच्चं पुढविं गता य, गमिस्संति य ?

[उ.] गोयमा ! पुव्ववेरियस्स वा वेदणउदीरणयाए, पुव्वसंगतियस्स वा वेदणउवसामणयाए। एवं खलु असुरकुमारा देवा तच्चं पुढविं गता य, गमिस्संति य।

७. [प्र.] भगवन् ! किस प्रयोजन (या कारण) से असुरकुमार देव तीसरी पृथ्वी तक गये है, (जाते है) और भविष्य मे जायेगे ?

[उ.] हे गौतम ! अपने पूर्व शत्रु को (पूर्व वैर के कारण)-दुःख देने अथवा अपने पूर्व साथी (मित्रजन के स्नेहवश) की वेदना का उपशमन करके (दुःख-निवारण) के लिए असुरकुमार देव तृतीय पृथ्वी तक गये है, (जाते है) और जायेगे।

7. [Q.] *Bhante* ! For what reason *Asur Kumar Devs* have gone, go and will go up to the third *prithvi* (hell) ?

[Ans.] Gautam ! *Asur Kumar Devs* have gone, go and will go up to the third *prithvi* (hell) in order to torment their former foes (out of past animosity) or to pacify the pain (remove suffering) of their former friends (out of love).

८. [प्र.] अत्थि णं भंते ! असुरकुमाराणां देवाणं तिरियं गतिविसए पण्णत्ते ?

[उ.] हंता, अत्थि।

८. [प्र.] भगवन् ! क्या असुरकुमार देवो में तिर्यक् (तिरछे) गमन करने का (सामर्थ्य) है।

[उ.] हाँ, गौतम ! है।

8. [Q.] *Bhante* ! Do *Asur Kumar Devs* have the capacity to go in transverse (*tiryak*) direction ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have (the capacity to go in transverse direction).

९. [प्र.] केवतियं च णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं तिरियं गतिविसए पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! जाव असंखेज्जा दीव–समुद्दा, नंदिस्सरवरं पुण दीवं गता य, गमिस्संति य।

९. [प्र.] भगवन् ! असुरकुमार देवों में तिरछा जाने की कितनी शक्ति है ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमार देवों में (अपने स्थान से) असंख्येय द्वीप–समुद्रों तक जाने की सामर्थ्य है। किन्तु वे नन्दीश्वर द्वीप तक गये हैं और भविष्य में जायेंगे।

9. [Q.] *Bhante* ! How far in the transverse (*tiryak*) direction they are capable of going ?

[Ans.] They are capable of going up to innumerable continents and seas (from their abodes); but they have gone and will go only as far as Nandishvar Dveep (continent).

१०. [प्र.] किंपत्तियं णं भंते ! असुरकुमारा देवा नंदीसरवरदीवं गया य, गमिस्संति य ?

[उ.] गोयमा ! जे इमे अरिहंता भगवंता एतेसिं णं जम्मण–महेसु वा निक्खमण–महेसु वा णाणुप्पत्ति–महिमासु वा परिनिव्वाण–महिमासु वा एवं खलु असुरकुमारा देवा नंदीसरवरं दीवं गता य, गमिस्संति य।

१०. [प्र.] भगवन् ! असुरकुमार देव, नन्दीश्वरद्वीप तक किस प्रयोजन से गए हैं और जायेंगे ?

[उ.] गौतम ! अरिहत भगवान (तीर्थंकर) के जन्म–महोत्सव में, निष्क्रमण महोत्सव में, ज्ञानोत्पत्ति (केवलज्ञान उत्पन्न) होने पर, महिमा (उत्सव) करने, तथा परिनिर्वाण (मोक्षगमन) पर महिमा करने के लिए असुरकुमार देव नन्दीश्वरद्वीप तक गये है, जाते हैं और जायेंगे।

10. [Q.] *Bhante* ! For what reason *Asur Kumar Devs* have gone and will go up to Nandishvar Dveep ?

[Ans.] Gautam ! *Asur Kumar Devs* have gone and will go up to Nandishvar Dveep in order to participate in the ceremonies on the occasion of birth of *Arihant Bhagavan* (*Tirthankars*) and on the occasion of their renunciation as also to pay tributes to them on attaining omniscience and on attaining liberation (*parinirvana*).

११. [प्र.] अत्थि णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं उड्ढं गतिविसए ?

[उ.] हंता, अत्थि।

११. [प्र.] भगवन् ! क्या असुरकुमार देवो में (अपने स्थान से) ऊपर जाने को सामर्थ्य है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! है।

11. [Q.] *Bhante* ! Do *Asur Kumar Devs* have the capacity to go in upward direction ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They have (the capacity to go in upward direction).

१२. [प्र.] केवतियं च णं भंते ! असुरकुमाराणं देवाणं उड्ढं गतिविसए ?

[उ.] गोयमा ! जाव अच्चुए कप्पे। सोहम्मं पुण कप्पं गता य, गमिस्संति य।

१२. [प्र.] भगवन् ! असुरकुमारदेव अपने स्थान से कितने ऊँचे जा सकते हैं ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमारदेव अपने स्थान से यावत् अच्युतकल्प (बारहवें देवलोक) तक ऊपर जाने मे समर्थ है। अपितु वे सौधर्मकल्प तक गये है, (जाते हैं) और जायेगे।

12. [Q.] *Bhante* ! How far in the upward direction they are capable of going ?

[Ans.] They are capable of going up to Achyut Kalp (the twelfth heaven), but they have gone and will go only as far as Saudharma Kalp.

१३. [प्र. १] किंपत्तियं णं भंते ! असुरकुमारा देवा सोहम्मं कप्पं गया य, गमिस्संति य ?

[उ.] गोयमा ! तेसि णं देवाणं भवपच्चइयवेराणुबंधे। ते णं देवा विकुव्वेमाणा, परियारेमाणा वा आयरक्खे देवे वित्तासेंति। अहालहुस्सगाइं रयणाइं गहाय आयाए एगंतमंतं अवक्कमंति।

[प्र. २] अत्थि णं भंते ! तेसिं देवाणं अहालहुस्सगाइं रयणाइं ?

[उ.] हंता, अत्थि।

[प्र. ३] से कहमिदाणिं पकरेंति ?

[उ.] तओ से पच्छा कायं पव्वहंति।

१३. [प्र. १] भगवन् ! असुरकुमार देव किस प्रयोजन से सौधर्मकल्प तक गये है, (जाते है) और जायेंगे ?

[उ.] हे गौतम ! उन (असुरकुमार) देवों का वैमानिक देवो के साथ भवप्रत्ययिक (जन्मजात) वैरानुबन्ध होता है। इस कारण वे देव क्रोधवश वैक्रिय-शक्ति द्वारा विशाल, विकराल रूप बनाते हैं। परकीय देवियो के साथ (परिचार) मैथुन क्रीडा करना चाहते है, (इन्द्र के) आत्मरक्षक देवो को त्रास (भयभीत करने) देने जाते है, तथा छोटे-मोटे रत्नो को चुराकर स्वयं एकान्त स्थान मे चले (छुप) जाते हैं।

[प्र. २] भगवन् ! क्या उन (वैमानिक) देवो के पास यथोचित छोटे-मोटे रत्न होते हैं ?

[उ.] हाँ, गौतम ! होते है।

[प्र. ३] भगवन् ! जब वे (असुरकुमार देव) वैमानिक देवो के यथोचित रत्न चुराकर भाग जाते है, तब वैमानिक देव उनका क्या करते हैं ?

[उ.] तत्पश्चात् वैमानिक देव उनके शरीर को अत्यन्त व्यथा (पीडा) पहुँचाते है।

13. [Q. 1] *Bhante* ! For what reason *Asur Kumar Devs* have gone and will go up to Saudharma Kalp ?

[Ans.] Gautam ! These (*Asur Kumar*) gods have inborn or traditional animosity with *Vaimanik* gods. For that reason these gods, out of anger, employing their power of transmutation (*vaikriya shakti*) create gigantic fearsome forms. Then they go to have sexual enjoyment with consorts of *Vaimanik* gods and to terrorize the guard-gods (of the *Indra*). They steal ordinary gems and elope to forlorn places.

[Q. 2] *Bhante* ! Do those (*Vaimanik*) gods posses enough ordinary gems ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They do.

[Q. 3] *Bhante* ! When those (*Asur Kumar*) gods run away after stealing those gems from *Vaimanik* gods, how do they react ?

[Ans.] The *Vaimanik* gods cause them extreme physical pain.

[प्र. ४] पभू णं भंते ! ते असुरकुमारा देवा तत्थगया चेव समाणा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरित्तए ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे। ते णं तओ पडिनियत्तंति, तओ पडिनियत्तिता इहमागच्छंति, आगच्छित्ता जइ णं ताओ अच्छराओ आढायंति परियाणंति, पभू णं ते असुरकुमारा देवा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरित्तए। अह णं ताओ अच्छराओ नो आढायंति नो परियाणंति णो णं पभू ते असुरकुमारा देवा ताहिं अच्छराहिं सद्धिं दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरित्तए। एवं खलु गोयमा ! असुरकुमारा देवा सोहम्मं कप्पं गया य, गमिस्संति य।

[प्र. ४] भगवन् ! क्या सौधर्मकल्प में गये हुए वे असुरकुमार देव उन (देवलोक की) अप्सराओं के साथ दिव्य भोग भोगने मे समर्थ है ?

[उ.] (गौतम !) ऐसा करने मे वे समर्थ नही। वे (असुरकुमार देव) वहाँ से वापस लौट जाते हैं। वहाँ से लौटकर वे अपने स्थान मे आते हैं। यदि वे (वैमानिक) अप्सराएँ उनका (असुरकुमार देवों का) आदर करें, उन्हे स्वामी-रूप मे स्वीकारे तो, वे असुरकुमार देव उन अप्सराओं के साथ दिव्य भोग भोग सकते है-यदि वे अप्सराएँ उनका आदर न करे, उनको स्वामी-रूप में स्वीकार न करें तो, असुरकुमार देव उन अप्सराओ के साथ दिव्य एवं भोग्य भोगो को नहीं भोग सकते। गौतम ! इस कारण से असुरकुमार देव सौधर्मकल्प तक गये है और जायेगे।

[Q. 4] *Bhante* ! Are the *Asur Kumar* gods reaching Saudharma Kalp capable of enjoying divine pleasures with the goddesses of that divine realm ?

[Ans.] (Gautam !) They are not capable of doing so. They (*Asur Kumar* gods) return from there and come to their own abodes. In case those goddesses (*Vaimanik*) like them (*Asur Kumar* gods) and accept them as their mates, only then those *Asur Kumar* gods can enjoy divine

pleasures with those goddesses. However, in case those goddesses (*Vaimanik*) do not like them (*Asur Kumar* gods) and do not accept them as their mates, then those *Asur Kumar* gods cannot enjoy divine pleasures with those goddesses. Gautam ! For that reason *Asur Kumar Devs* have gone and will go up to Saudharma Kalp ?

विवेचन : (सूत्र १३ मे) यहाँ सौधर्मकल्प तक जाने के तीन कारण बताये हैं-(१) भव प्रत्ययिक वैर, (२) दूसरे देवो की देवियो के साथ भोग भोगने की इच्छा, और (३) सौधर्मकल्प के छोटे-मोटे रत्नो को चुराने की लालसा। जो आत्मरक्षक देव शस्त्र लिए सदा इन्द्र के पीछे खडे रहते है, उन्हें विचित्र रूप बनाकर संत्रस्त करने के लिए भी असुरदेव सौधर्मकल्प मे जाते हैं। आगे इसी शतक के सूत्र ४४ मे चमरेन्द्र का सौधर्मकल्प में जाने का एक हेतु और बताया है-वहाँ के शक्रेन्द्र को अपनी दिव्य देव-ऋद्धि दिखाने के लिए तथा उनकी दिव्य देव-ऋद्धि देखने के लिए। अर्थात् दिव्य ऋद्धि का दर्शन और प्रदर्शन भी सौधर्मकल्प मे जाने का एक हेतु होता है।

Elaboration—(aphorism-13) Here three main reasons for *Asur Kumar* gods going to Saudharm Kalp have been mentioned—(1) inborn animosity, (2) desire of enjoying divine pleasures with consorts of other gods, and (3) longing to steal ordinary gems from Saudharm Kalp. They also go to Saudharma Kalp to frighten the guard-gods who stand equipped with weapons behind *Indra*, by creating bizarre forms. In aphorism-44 of this chapter an additional reason for Chamarendra's visit to Saudharma Kalp is mentioned—For showing his divine opulence to Shakrendra and witnessing Shakrendra's divine opulence. This means that display and witnessing of divine opulence is also one reason for a visit to Saudharma Kalp

१४. [प्र.] केवइयकालस्स णं भंते ! असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति जाव सोहम्मं कप्पं गया य, गमिस्संति य।

[उ.] गोयमा ! अणंताहिं ओसप्पिणीहिं अणंताहिं उस्सप्पिणीहिं समतिक्कंताहि, अत्थि णं एस भावे लोयच्छेरयभूए समुप्पज्जइ, जं णं असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति जाव सोहम्मो कप्पो।

१४. [प्र.] भगवन् ! कितने काल मे (कितना समय व्यतीत होने पर) असुरकुमार देव ऊर्ध्वगमन करते हैं तथा सौधर्मकल्प तक ऊपर गये है, जाते है और जायेंगे ?

[उ.] गौतम ! अनन्त उत्सर्पिणी काल और अनन्त अवसर्पिणी काल व्यतीत होने के पश्चात् लोक मे आश्चर्यजनक यह प्रसग आता है कि असुरकुमार देव ऊर्ध्वगमन करते हैं तथा सौधर्मकल्प तक ऊपर गये है, जाते हैं और जायेंगे ?

14. [Q.] *Bhante* ! After how much time *Asur Kumar Devs* did, do and will move upwards and go up to Saudharma Kalp ?

[Ans.] Gautam ! After a lapse of infinite *Utsarpini* (progressive cycle of time) and *Avasarpini* (regressive cycle of time) such occasion comes in *Lok* when *Asur Kumar Devs* did, do and will move upwards and go up to Saudharma Kalp.

१५. [प्र.] किं निस्साए णं भंते ! असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति जाव सोहम्मो कप्पो ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए इह सबरा इ वा, बब्बरा इ वा, टंकणा इ वा, चुच्चुया इ वा, पल्हया इ वा, पुलिंदा इ वा, एगं महं रण्णं वा, गड्डं वा, खड्डं वा, दुग्गं वा, दरिं वा, विसमं वा, पव्वयं वा, णीसाए सुमहल्लमवि आसबलं वा हत्थिबलं वा जोहबलं वा धणुबलं वा आगलेंति, एवामेव असुरकुमारा वि देवा, णऽन्नत्थ अरिहंते वा, अरिहंतचेइयाणि वा, अणगारे वा भावियप्पणो निस्साए उड्ढं उप्पयंति जाव सोहम्मो कप्पो।

१५. [प्र.] भगवन् ! असुरकुमार देव किसका आश्रय (निश्रा) लेकर सौधर्मकल्प में ऊपर तक जाते है ?

[उ.] हे गौतम ! जिस प्रकार यहाँ (इस मनुष्यलोक में) शबर, बर्बर, टकण (जातीय म्लेच्छ) या चुचुक (अथवा भुत्तुय), मल्हय अथवा पुलिन्द जाति के लोग किसी बड़े अरण्य (जगल) का, गड्ढे का, खाई का, दुर्ग (किले) का, गुफा का, किसी विषम (ऊबड-खाबड प्रदेश या बीहड वृक्षो से सघन) स्थान का, अथवा पर्वत का आश्रय लेकर एक महान् एव व्यवस्थित अश्व सेना को, गज सेना को, पैदल (पदाति) सेना को, अथवा धनुर्धारियो की सेना को आकुल-व्याकुल करके जीत लेते हैं; इसी प्रकार असुरकुमार देव भी एकमात्र अरिहन्तो का या अरिहन्तदेव के चैत्यों का, अथवा भावितात्मा अनगारों का आश्रय (निश्रा) लेकर ऊर्ध्वगमन करते है, यावत् सौधर्मकल्प तक ऊपर जाते है।

15. [Q.] *Bhante* ! With what support do *Asur Kumar Devs* go upward... and so on up to... Saudharma Kalp ?

[Ans.] Just as here (in the world of men) people of the Shabar, Barbar, Tankan, Chuchuk (or Bhuttuya), Malhava or Pulind tribes harass, unsettle and defeat a large and organized army of cavalry, elephant-battalion, infantry or archers drawing support from some large forest, a ditch, a gorge, a fort, a cave, difficult terrain (including a dense grove), or a hill; in the same way *Asur Kumar Devs* drawing support of *Arihants* or *Chaitya* of *Arihants* or sagacious ascetics (*bhavitatma anagar*) go upwards... and so on up to .. Saudharma Kalp.

१६. [प्र.] सव्वे वि णं भंते ! असुरकुमारा देवा उड्ढं उप्पयंति जाव सोहम्मो कप्पो ?

[उ.] गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, महिड्ढिया णं असुरकुमार देवा उड्ढं उप्पयंति जाव सोहम्मो कप्पो।

१६. [प्र.] भगवन् ! क्या सभी असुरकुमार देव सौधर्मकल्प तक ऊपर जाते हैं ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है। अर्थात् सभी असुरकुमार देव ऊपर सौधर्मकल्प तक नहीं जा सकते; किन्तु महती ऋद्धि वाले असुरकुमार देव ही सौधर्म-देवलोक तक ऊपर जाते हैं।

16. [Q.] *Bhante* ! Do all *Asur Kumar Devs* go upward... and so on up to... Saudharma Kalp ?

[Ans.] Gautam ! This is not correct. (That means all *Asur Kumar Devs* do not go upward... and so on up to... Saudharma Kalp.) Only those *Asur Kumar Devs* who are endowed with great opulence go upward... and so on up to... Saudharma Kalp.

१७. [प्र.] एस वि य णं भंते ! चमरे असुरिंदे असुरकुमारराया उड्ढं उप्पतियपुव्वे जाव सोहम्मो कप्पो ?

[उ.] हंता, गोयमा ! एस वि य णं चमरे असुरिंदे असुरराया उड्ढं उप्पतियपुव्वे जाव सोहम्मो कप्पो।

१७. [प्र.] हे भगवन् ! क्या असुरेन्द्र असुरराज चमर भी पहले कभी ऊपर-यावत् सौधर्मकल्प तक जा चुका है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! यह असुरेन्द्र असुरराज चमर भी पहले ऊपर-यावत् सौधर्मकल्प तक ऊर्ध्वगमन कर चुका है।

17. [Q.] *Bhante* ! Has Asurendra Chamar, the overlord (*Indra*) of *Asurs*, ever gone upward... and so on up to... Saudharma Kalp

[Ans.] Yes, Gautam ! Asurendra Chamar, the overlord (*Indra*) of *Asurs*, has gone upward... and so on up to . Saudharma Kalp in the past.

विवेचन : असुरेन्द्र चमर के सौधर्मकल्प तक ऊपर जाने के लिए तीन निश्रा (आश्रय-स्थान) का उल्लेख है-(१) अरिहंत-तीर्थंकर, केवलज्ञानी, अवधिज्ञानी तथा मन पर्यवज्ञानी। (२) अरिहत चैत्य-अरिहत की प्रतिमा अथवा अर्हत् मुनि (छद्मस्थ तीर्थंकर), (३) भावितात्मा अनगार (ज्ञान-दर्शन की भावना से आत्मा को भावित करने वाला सामान्य मुनि)।

Elaboration—There is a mention of three supports for Chamarendra rising up to Saudharma Kalp—(1) *Arihant—Tirthankar*, omniscient, *Avadhi jnani* and *Manah-paryav jnani*. (2) *Arihant-chaitya*—image of *Arihant* or *arhat-muni* (*Tirthankar* in *chhadmasth* state). (3) *Bhavitatma anagar*—sagacious ascetics who enrich their soul with pursuit of right knowledge and perception.

१८. [प्र.] अहो णं भंते ! चमरे असुरिंदे असुरकुमारराया महिड्ढीए महज्जुतीए जाव कहिं पविट्ठा ?

[उ.] कूडागारसालादिट्ठंतो भाणियव्वो।

१८. [प्र.] 'अहो, भगवन् ! (आश्चर्य है)' असुरेन्द्र असुरराज चमर ऐसी महाऋद्धि एवं महाद्युति वाला है ! तो हे भगवन् ! (नाट्यविधि दिखाने के पश्चात्) उसकी वह दिव्य देव-ऋद्धि यावत् दिव्य देव-प्रभाव कहाँ चला गया ?

[उ.] (गौतम) यहाँ भी कूटाकारशाला का दृष्टान्त समझना चाहिए।

18. [Q.] Oh ! *Bhante* ! (How astonishing !) Asurendra Chamar, the overlord (*Indra*) of *Asurs*, is endowed with so great opulence. *Bhante* ! Where did that divine opulence... and so on up to... influence go and disappear (after the dance performance) ?"

[Ans.] (Gautam !) Here the example of *Kootakar Shala* (camouflaged house) should be repeated.

चमरेन्द्र का पूर्वभव PAST BIRTH OF CHAMARENDRA

१९. [प्र.] चमरेणं भंते ! असुरिंदेणं असुररण्णा सा दिव्वा देविड्ढी तं चेव जाव किण्णा लद्धा पत्ता अभिसमन्नागया ?

[उ.] एवं खलु गोयमा ! तेणं कालेणं तेणं समएणं इहेव जंबुद्दीवे भारहे वासे विंझगिरिपायमूले बेभेले नामं सन्निवेसे होत्था। वण्णओ। तत्थ णं बेभेले सन्निवेसे पूरणे नामं गाहावती परिवसति अड्ढे दित्ते जहा तामलिस्स वत्तव्वया तहा नेयव्वा। नवरं चउप्पुडयं दारुमयं पडिग्गहं करेत्ता जाव विपुलं असण-पाण-खाइम-साइमं जाव सयमेव चउप्पुडयं दारुमयं पडिग्गहं गहाय मुंडे भवित्ता दाणामाए पव्वज्जाए पव्वइत्तए।

१९. [प्र.] भगवन् ! असुरेन्द्र असुरराज चमर को वह दिव्य देव-ऋद्धि और यावत् वह सब देव-प्रभाव किस प्रकार उपलब्ध हुई, प्राप्त हुई और अभिसमन्वागत हुई (अभिमुख आई) ?

[उ.] गौतम ! उस काल और उस समय में इसी जम्बूद्वीप नामक द्वीप में, भारतवर्ष में, विन्ध्याचल की तलहटी में 'बेभेल' नामक सन्निवेश था, वहाँ 'पूरण' नामक एक गृहपति रहता था। वह बहुत धनाढ्य और प्रभावशाली था। यहाँ तामली की तरह 'पूरण' गृहपति की प्रव्रज्या लेने तक की सारी वक्तव्यता जान लेनी चाहिए। विशेष यह है कि चार खानो (पुटकों) वाला काष्ठमय पात्र बनाकर यावत् विपुल अशन, पान, खादिम और स्वादिम रूप चतुर्विध आहार बनवाकर ज्ञातिजनों आदि को भोजन कराकर तथा उनके समक्ष अपने ज्येष्ठ पुत्र को कुटुम्ब का भार सौंपकर यावत् स्वयमेव चार खानो वाले काष्ठपात्र लेकर मुण्डित होकर 'दानामा' नामक प्रव्रज्या अंगीकार करने का संकल्प किया यावत् तदनुसार प्रव्रज्या अंगीकार की।

19. [Q.] *Bhante* ! How did Asurendra Chamar, the overlord (*Indra*) of *Asurs* get, acquire and manifest (*abhimukh*) that divine opulence... and so on up to. . and influence ?

[Ans.] Gautam ! During that period of time there was an inhabited area (*sannivesh*) named Bebhel in the valley of Vindhya mountain in Bharat-varsh in this Jambu continent. In Bebhel lived a householder (*gathapati*) named Puran. He was very rich and influential. Here the story of Tamali should be repeated till he accepted initiation. The difference being that he (Puran) made a wooden bowl with four

compartments... and so on up to.. got cooked and offered his kinfolk large quantities of *ashan, paan, khadya, svadya* etc. After that, in their presence he blessed his eldest son with the status of head of the family. Then after seeking permission from them, tonsuring his head and carrying that bowl, he resolved to accept the *Danama* initiation (*pravrajya*). and so on up to.. accepted initiation accordingly.

२०. पव्वइए वि य णं समाणे तं चेव, जाव आयावणभूमीओ पच्चोरुहइ पच्चोरुहित्ता सयमेव चउप्पुडयं दारुमयं पडिग्गहं गहाय बेभेले सन्निवेसे उच्च-नीय-मज्झिमाइं कुलाइं घरसमुदाणस्स भिक्खायरियाए अडेत्ता 'जं मे पढमे पुडए पडइ, कप्पइ मे तं पंथेपहियाणं दलइत्तए। जं मे दोच्चे पुडए पडइ, कप्पइ मे तं काक-सुणयाणं दलइत्तए। जं मे तच्चे पुडए पडइ, कप्पइ मे तं मच्छ-कच्छभाणं दलइत्तए। जं मे चउत्थे पुडए पडइ, कप्पइ मे तं अप्पणा आहारं आहारित्तए' त्ति कट्टु एवं संपेहेइ।

संपेहित्ता कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए तं चेव निरवसेसं जाव जं से चउत्थे पुडए पडइ तं अप्पणा आहारं आहारेइ।

२०. प्रव्रजित होकर उसने तामली तापस की तरह सब प्रकार से तपश्चर्या की, आतापना भूमि मे आतापना लेने लगा, इत्यादि सब कथन पूर्ववत् जानना; यावत् बेले के तप के पारणे के दिन वह आतापना भूमि में नीचे उतरा। फिर स्वयमेव चार खानो वाला काष्ठमय पात्र लेकर 'बेभेल' सन्निवेश मे ऊँच, नीच और मध्यम कुलो के गृहसमुदाय से भिक्षा-विधि से भिक्षाचरी करने के लिए घूमा। भिक्षाटन करते हुए उसने इस प्रकार चार विभाग किये। "मेरे भिक्षापात्र के पहले खाने मे जो कुछ भिक्षा पडेगी उसे मार्ग मे मिलने वाले पथिको को दे देना है। मेरे (पात्र के) दूसरे खाने मे जो कुछ (खाद्य वस्तु) प्राप्त होगी, वह मुझे कौओ और कुत्तों को दे देनी है। जो (भोज्य-पदार्थ) मेरे तीसरे खाने मे आयेगा, वह मछलियो और कछुओ को दे देना है और चौथे खाने मे जो भिक्षा प्राप्त होगी, उसका स्वयं आहार करना है।" इस प्रकार भलीभाँति निश्चय करके दूसरे दिन रात्रि व्यतीत होने पर प्रभातकालीन प्रकाश होते ही-यावत् पूर्वोक्त विधि का पालन करता हुआ काष्ठपात्र के चौथे खाने मे जो भोजन पडता, उसका आहार स्वय करता है।

20. After accepting the initiation (*pravrajya*) he performed all austerities like Tamali Tapas, spent his time enduring heat standing in *Atapana Bhumi* and all other details should be read as already stated (in the story of Tamali). On the day of breaking the fast he would get down from the *Atapana Bhumi*, carry the wooden bowl (with four compartments) and properly collect alms by visiting houses of low, middle and high class families in Bebhel. While collecting alms he conceived of four divisions—"I will give whatever alms are collected in the first compartment of my bowl to the pedestrians I meet on the way. I will give whatever alms are collected in the second compartment of my

bowl to crows and dogs. I will give whatever alms are collected in the third compartment of my bowl to fish and turtles. Lastly, I will eat whatever alms are collected in the fourth compartment of my bowl." With this resolve, after two days of fasting, when the night ended and sun arose he would follow the aforesaid procedure and eat whatever alms were collected in the fourth compartment of his bowl.

२१. तए णं से पूरणे बालतवस्सी तेणं ओरालेणं विउलेणं पयत्तेणं पग्गहिएणं बालतवोकम्मेणं तं चेव जाव बेभेलस्स सन्निवेसस्स मज्झंमज्झेणं निग्गच्छति, निग्गच्छित्ता पाउयकुंडियमादीयं उवकरणं चउप्पुडयं च दारुमयं पडिग्गहं एगंतमंते एडेइ, एडित्ता बेभेलस्स सन्निवेसस्स दाहिणपुरत्थिमे दिसीभागे अद्धनियत्तणियमंडलं आलिहित्ता संलेहणा–झूसणाझूसिए भत्त–पाणपडियाइक्खिए पाओवगमणं निवण्णे।

२१. तदनन्तर पूरण बाल–तपस्वी उस उदार, विपुल, प्रदत्त और प्रगृहीत बाल–तपश्चरण के कारण शुष्क एव रूक्ष हो गया। (यहाँ बीच का सारा वर्णन तामली तापस की तरह जानना चाहिए) यावत् वह (पूरण बाल–तपस्वी) भी 'बेभेल' सन्निवेश के बीचोबीच होकर निकला। निकलकर उसने पादुका (खडाऊ) और कुण्डी आदि उपकरणो को तथा चार खानो वाले काष्ठपात्र को एकान्त प्रदेश मे छोड दिया। फिर बेभेल सन्निवेश के अग्निकोण (दक्षिण–पूर्व दिशाविभाग) में अर्द्ध–निर्वर्तनिक मण्डल (आधे शरीर प्रमाण रेखा खीचकर) बनाया, उसे साफ किया, यो मण्डल बनाकर उसने संलेखना की जूषणा (आराधना) से अपनी आत्मा को सेवित, किया। फिर यावज्जीवन आहार–पानी का प्रत्याख्यान करके उस पूरण बाल–तपस्वी ने पादपोपगमन अनशन–(सथारा) स्वीकार किया।

21. Then, as a consequence of the said naive austerity (*baal-tap*); that was free of expectations (*udaar*), extended (*vipul*), consented by the guru (*pradatt*), and observed with great devotion (*pragrihit*); that naive-hermit Puran became dehydrated and haggard (detailed description should be read as that of Tamali Tapas)... and so on up to... He moved through the heart of Bebhel and deposited his sandals, bowls and other belongings at some forlorn spot. After doing that he went towards south-east of Bebhel. There he selected, demarcated and cleaned a limited area (equivalent to the dimensions of half his body). Puran hermit then spent his time enriching his soul by observing the ultimate vow (*sallekhana*). He abandoned food and water completely and commenced the *padapopagaman santhara* (fast unto death lying still like a severed branch of tree).

२२. तेणं कालेणं तेणं समएणं अहं गोयमा ! छउमत्थकालियाए एक्कारसवासपरियाए छट्ठंछट्ठेणं अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे पुव्वाणुपुव्विं चरमाणे गामाणुगामं दूइज्जमाणे जेणेव सुंसुमारपुरे नगरे जेणेव असोगवणसंडे उज्जाणे जेणेव असोगवरपायवे जेणेवे पुढविसिलावट्टए तेणेव उवागच्छामि, असोगवरपायवस्स हेट्ठा पुढविसिलावट्टयंसि अट्ठमभत्तं पगिण्हामि, दो वि पाए साहट्टु

वग्घारियपाणी एगपोग्गलनिविट्ठदिट्ठी अणिमिसनयणे ईसिपब्भारगएणं काएणं अहापणिहिएहिं गत्तेहिं सव्विंदिएहिं गुत्तेहिं एगरातियं महापडिमं उवसंपज्जित्ताणं विहरामि।

२२. गौतम ! उस काल और उस समय मैं छद्मस्थ अवस्था मे था; मेरा दीक्षा-पर्याय ग्यारह वर्ष का था। उस समय मैं निरन्तर छट्ठ-छट्ठ तप करता हुआ, संयम और तप से अपनी आत्मा को भावित करता हुआ, पूर्वानुपूर्वी क्रम से विचरण करता हुआ, ग्रामानुग्राम घूमता हुआ, जहाँ सुंसुमारपुर नगर था, जहाँ अशोकवनषण्ड नामक उद्यान था, वहाँ श्रेष्ठ अशोक तरु के नीचे पृथ्वीशिलापट्टक के पास आया। मैंने उस समय अशोकतरु के नीचे स्थित पृथ्वीशिलापट्टक पर खड़े होकर अट्ठमभक्त तप ग्रहण किया। (उस समय) मैने दोनो पैरो को परस्पर सटा लिया। दोनों हाथो को नीचे की ओर लटकाए हुए (जिनेन्द्र मुद्रा में) सिर्फ एक पुद्‌गल पर (नासाग्र या भृकुटि पर) दृष्टि स्थिर कर, निर्निमेष नेत्र (आँखों की पलको को न झपकाते हुए) शरीर के अगले भाग को थोडा-सा आगे झुकाकर, यथावस्थित गात्रों (शरीर के अगों) से एव समस्त इन्द्रियो को गुप्त (स्वकेन्द्रित या अन्तर्लीन) करके एकरात्रि की महाप्रतिमा को अगीकार करके कायोत्सर्ग किया था।

22. Gautam ! During that period of time I was in the *Chhadmasth* state (one who is short of omniscience due to residual karmic bondage); my ascetic-life (*diksha-paryaya*) was only eleven years old. At that time observing a series of two day fasts, enkindling my soul with ascetic-discipline and austerities, comfortably wandering from one village to another in course of my usual itinerant way, I had arrived near a slab of rock lying under an excellent Ashoka tree in the Ashoka garden of Sumsumar-pur city. Standing on that slab under the Ashoka tree I had taken vow of a three day fast (avoiding eight meals). Then joining both feet and with hands hanging downward I had fixed my unblinking gaze on a single molecule (*pudgal*; or a point on the tip of nose or middle of eye-brows). With the upper half of the body slightly bent forward, making the whole body tranquil, and controlling all sense organs, I had accepted *Maha-pratima* for a night commencing *kayotsarg* meditation (complete dissociation from the body).

२३. तेणं कालेणं तेणं समएणं चमरचंचा रायहाणी अणिंदा अपुरोहिया याऽवि होत्था। तए णं से पूरणे बालतवस्सी बहुपडिपुण्णाइं दुवालसवासाइं परियागं पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसेत्ता सट्ठिं भत्ताइं अणसणाए छेदेत्ता कालमासे कालं किच्चा चमरचंचाए रायहाणीए उववायसभाए जाव इंदत्ताए उववन्ने।

२३. उस काल और उस समय में चमरचंचा राजधानी इन्द्रविहीन और पुरोहितरहित थी। (इधर) पूरण बाल-तपस्वी पूरे बारह वर्ष तक (दानामा) प्रव्रज्या-पर्याय का पालन करके, एकमासिक संलेखना की आराधना से अपनी आत्मा को सेवित करके, साठ भक्त अनशन रखकर मृत्यु के अवसर पर मृत्यु प्राप्त करके चमरचंचा राजधानी की उपपातसभा में यावत् इन्द्र के रूप मे उत्पन्न हुआ।

23. During that period of time capital city Chamarchancha was without an *Indra* (overlord) as well as *Purohit* (priest). (Here) After spending complete twelve years as a *Danama* initiate, naive-hermit Puran enkindled his soul with the ultimate vow (*sallekhana*) of one month duration, avoiding sixty meals and passed away at the time of death. He reincarnated in capital city Chamarchancha in the divine hall of birth (*upapat sabha*)... and so on up to as *Indra* (overlord).

२४. तए णं से चमरे असुरिंदे असुरराया अहुणोववन्ने पंचविहाए पज्जत्तीए पज्जत्तीभावं गच्छइ, तं जहा—आहारपज्जत्तीए जाव भास–मणपज्जत्तीए।

२४. उस समय तत्काल उत्पन्न हुआ असुरेन्द्र असुरराज चमर आहारपर्याप्ति से यावत् पाँच प्रकार की पर्याप्तियो से पर्याप्त बना।

24. Then that instantaneously born Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs* attained the state of full development (*paryapti bhaava*) through *aahaar* (food) *paryapti*... and so on up to... all five kinds of full development (*paryapti*).

चमरेन्द्र द्वारा सौधर्मकल्प में उत्पात MISCHIEF BY CHAMARENDRA IN SAUDHARMA KALP

२५. तए णं से चमरे असुरिंदे असुरराया पंचविहाए पज्जत्तीए पज्जत्तीभावं गये समाणे उड्ढं वीससाए ओहिणा आभोएइ जाव सोहम्मो कप्पो। पासइ य तत्थ सक्कं देविंदं देवरायं मघवं पागसासणं सतक्कतुं सहस्सक्खं वज्जपाणिं पुरंदरं जाव दस दिसाओ उज्जोवेमाणं पभासेमाणं। सोहम्मे कप्पे सोहम्मवडेंसए विमाणे सभाए सुहम्माए सक्कंसि सीहासणंसि जाव दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणं पासइ, पासित्ता इमेयारूवे अज्झत्थिए चिंतिए पत्थिए मणोगए संकप्पे समुप्पज्जित्था—केस णं एस अपत्थियपत्थए दुरंतपंतलक्खणे हिरि–सिरि–परिवज्जिए हीणपुण्णचाउद्दसे जे णं ममं इमाए एयारूवाए दिव्वाए देविड्ढीए जाव दिव्वे देवाणुभावे लद्धे पत्ते जाव अभिसमन्नागए उप्पिं अप्पुस्सुए दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरइ ? एवं संपेहेइ, संपेहित्ता सामाणियपरिसोववन्नए देवे सद्दावेइ, एवं वयासी—केस णं एस देवाणुप्पिया ! अपत्थियपत्थए जाव भुंजमाणे विहरइ ?

२५. जब असुरेन्द्र असुरराज चमर पाँच पर्याप्तियो से पर्याप्त हो गया, तब उसने स्वाभाविक रूप से ऊपर सौधर्मकल्प तक अवधिज्ञान का उपयोग किया। वहाँ उसने देवेन्द्र देवराज, मघवा, पाकशासन, शतक्रतु, सहस्राक्ष, वज्रपाणि, पुरन्दर (ये छहो इन्द्र के गुण निष्पन्न नाम हैं) शक्र को दसों दिशाओं को उद्योतित एव प्रकाशित करते हुए एवं सौधर्मकल्प मे सौधर्मावतसक विमान में शक्र नामक सिंहासन पर बैठकर, दिव्य भोगों का उपभोग करते हुए देखा। इसे देखकर चमरेन्द्र के मन में इस प्रकार का आन्तरिक चिन्तन, भाव एवं मनोगत सकल्प समुत्पन्न हुआ कि–"अरे ! कौन यह अप्रार्थित–प्रार्थक–(अनिष्ट वस्तु की प्रार्थना–अभिलाषा करने वाला, मृत्यु का इच्छुक), निकृष्ट लक्षण वाला तथा लज्जा–(ह्री) और शोभा–(श्री) से रहित, हीनपुण्या (अपूर्ण–टूटती) चतुर्दशी को जन्मा हुआ है, जो मुझे इस

प्रकार की दिव्य देव-ऋद्धि यावत् दिव्य देव-प्रभाव लब्ध, प्राप्त और अभिसमन्वागत होने पर भी मेरे सिर पर बड़ी लापरवाही से बैठा। दिव्य भोगो का उपभोग करता हुआ विचर रहा है?'' इस प्रकार का विचार करके चमरेन्द्र ने अपनी सामानिक परिषद् मे उत्पन्न देवो को बुलाया और बुलाकर उनसे इस प्रकार पूछा-'हे देवानुप्रियो ! यह बताओ कि यह कौन मृत्यु को चाहने वाला यावत् दिव्य एवं भोगों का उपभोग करता हुआ विचरता है?'

25. When Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs* attained the state of five kinds full development, he instinctively used his *Avadhi-jnana* to perceive up to Saudharma Kalp There he saw Devendra (king of gods) Shakra, Maghava (controller of mighty clouds), Paakshasan (conqueror of Paak), Shatkritu (performer of hundred *Pratimas*), Sahasraksh (having thousand eyes), Vajrapani (wielder of thunder-bolt), Purandar (destroyer of forts or cities) (These six are other names of *Indra* based on his virtues). He saw that *Indra* brightening and enlightening all the ten directions, sitting on the throne named *Shakra* in his Saudharmavatamsak Vimaan in Saudharma Kalp and enjoying divine pleasures. On seeing all this, Chamarendra had an inspiration (*adhyavasaya*), thought (*chintan*), desire (*abhilasha*) and resolve (*sankalp*) as follows—"Hey ! Who is this fellow hankering for the undesirable (death) (*aprarthik-prarthak*), with ominous marks, shameless and graceless, born on an inauspicious fourteenth day (a shortened date in a fortnight devised for adjustment between lunar and solar calendars), who is so carelessly perched over my head even though I am endowed with and have manifested such divine opulence . and so on up to. . influence ? And continues to enjoy divine pleasures ?" With these thoughts Chamarendra called the gods of his *Samanik Sabha* (gods having same status) and asked—"Beloved of gods ! Tell me who is this fellow hankering for the undesirable (death)... and so on up to... And continues to enjoy divine pleasures ?"

२६. तए णं ते सामाणियपरिसोववन्नगा देवा चमरेणं असुरिंदेणं असुररण्णा एवं वुत्ता समाणा हट्ठतुट्ठा जाव हयहियया करयलपरिग्गहियं दसनहं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु जयेणं विजयेणं वद्धावेंति, एवं वयासी-एस णं देवाणुप्पिया ! सक्के देविंदे देवराया जाव विहरइ।

२६. असुरेन्द्र असुरराज चमर द्वारा सामानिक परिषद् मे उत्पन्न देवों से इस प्रकार पूछने पर वे चित्त में अत्यन्त हर्षित और सन्तुष्ट हुए। यावत् प्रीतिपूर्ण मन वाले सौमनस्ययुक्त होकर दोनों हाथ जोड़कर दसों नखों को एकत्रित करके अंजलि को सिर के सम्मुख घुमाकर, मस्तक पर टिकाकर चमरेन्द्र को जय-विजय शब्दों से बधाई देते हैं। फिर वे इस प्रकार बोले-'हे देवानुप्रिय ! यह तो देवेन्द्र देवराज शक्र है, जो दिव्य भोगों का उपभोग कर रहा !'

26. On being asked thus by Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs*, the gods of his *Samanik Sabha* (gods having same status) were very pleased and contented. With pleasure and contentment they joined their palms bringing all the ten nails together, waved them overhead and touched their forehead before greeting Chamrendra with hails of victory After that they said—"Beloved of gods ! This ıs Shakrendra, the overlord of gods who is enjoying divine pleasures."

२७. तए णं से चमरे असुरिंदे असुरराया तेसिं सामाणियपरिसोववन्नगाणं देवाणं अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म आसुरुत्ते रुट्ठे कुविए चंडिक्किए मिसिमिसेमाणे ते सामाणियपरिसोववन्नए देवे एवं वयासी-'अन्ने खलु भो ! से सक्के देविंदे देवराया, अन्ने खलु भो ! से चमरे असुरिंदे असुरराया, महिड्ढीए खलु से सक्के देविंदे देवराया, अप्पिड्ढीए खलु भो ! से चमरे असुरिंदे असुरराया। तं इच्छामि णं देवाणुप्पिया ! सक्कं देविंदं देवरायं सयमेव अच्चासाइत्तए' त्ति कट्टु उसिणे उसिणब्भूए याऽवि होत्था।

२७. तत्पश्चात् उन सामानिक परिषद् के देवो का उत्तर सुनकर मन मे अवधारण करके वह असुरेन्द्र असुरराज चमर शीघ्र ही क्रुद्ध (लाल-पीला), रुष्ट, कुपित एवं चण्ड, रौद्र आकृतियुक्त हुआ और क्रोधावेश मे आकर बडबडाने लगा। फिर उसने सामानिक परिषद् के देवों से इस प्रकार कहा-'अरे ! वह देवेन्द्र देवराज शक्र कोई दूसरा है, और यह असुरेन्द्र असुरराज चमर कोई दूसरा है ! देवेन्द्र देवराज शक्र तो महाऋद्धि वाला है। जबकि असुरेन्द्र असुरराज चमर अल्पऋद्धि वाला ही है, (यह सब मै जानता हूँ, फिर भी मै इसे कैसे सहन कर सकता हूँ ?) अतः हे देवानुप्रियो ! मैं चाहता हूँ कि मै स्वयमेव (अकेला ही) उस देवेन्द्र देवराज शक्र को उसके स्वरूप-(पद या शोभा) से भ्रष्ट कर दूँ।' यों कहकर वह चमरेन्द्र (कोपवश) उष्ण-(उत्तप्त) हो गया, उष्णभूत-(अस्वाभाविक रूप से उत्तेजित) हो उठा।

27. On hearing and understanding the reply from the gods born in his *Samanik Sabha*, that Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs* soon became angry and enraged He lost his temper and looked dreadful. In fit of anger he started jabberıng. He then said to the gods of his *Samanik Sabha*—"Hey ! That is some other Shakrendra, the king of gods and that is some other Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs*. That Shakrendra, the king of gods is endowed wıth great opulence and in comparison Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs* is, indeed, endowed with lesser opulence. (I am aware of all this Still, how can I tolerate it ?) Therefore, O Beloved of gods ! I, on my own, want to dislodge this Shakrendra, the king of gods from his present state (of grandeur and status)." Uttering these words that Chamrendra became agitated (*ushna*) and enraged (*ushnabhoot*)

२८. (क) तए णं से चमरे असुरिंदे असुरराया ओहिं पउंजइ, पउंजित्ता ममं ओहिणा आभोएइ, आभोएत्ता इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था-'एवं खलु समणे भगवं महावीरे जंबुद्दीवे दीवे भारहे

वासे सुंसुमारपुरे नगरे असोगवणसंडे उज्जाणे असोगवरपायवस्स अहे पुढविसिलावट्टयंसि अट्ठमभत्तं पगिण्हित्ता एगराइयं महापडिमं उवसंपज्जित्ताणं विहरति। तं सेयं खलु मे समणे भगवं महावीरं नीसाए सक्कं देविंदं देवरायं सयमेव अच्चासादेत्तए' त्ति कट्टु एवं संपेहेइ, संपेहित्ता सयणिज्जाओ अब्भुट्ठेइ, अब्भुट्ठेत्ता देवदूसं परिहेइ, परिहत्तिा उववायसभाए पुरत्थिमिल्लेणं दारेणं णिग्गच्छइ, णिग्गिच्छित्ता जेणेव सभा सुहम्मा, जेणेव चोप्पाले पहरणकोसे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता फलिहरयणं परामुसइ, परामुसित्ता एगे अबिइए फलिहरयणमायाए महया अमरिसं वहमाणे चमरचंचाए रायहाणीए मज्झंमज्झेणं निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता जेणेव तिगिंछिकूडे उप्पायपव्वए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहण्णइ, समोहणित्ता संखेज्जाइं जोयणाइं जाव उत्तरवेउव्वियं रूवं विकुव्वइ। विउव्वित्ता ताए उक्किट्ठाए जाव जेणेव पुढविसिलावट्टए जेणेव ममं अंतिए तेणेव उवागच्छति, उवागच्छित्ता ममं तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिणं करेति, जाव नमंसित्ता एवं वयासी--'इच्छामि णं भंते ! तुब्भं नीसाए सक्कं देविंदं देवरायं सयमेव अच्चासाइत्तए।

२८. (क) इसके पश्चात् उस असुरेन्द्र असुरराज चमर ने अवधिज्ञान का प्रयोग किया। अवधिज्ञान के प्रयोग से उसने मुझे (महावीर स्वामी को) देखा। मुझे देखकर चमरेन्द्र को इस प्रकार का आन्तरिक मनोगत संकल्प उत्पन्न हुआ कि श्रमण भगवान महावीर जम्बूद्वीप नामक द्वीप मे, भरतवर्ष मे, सुंसुमारपुर नगर में, अशोकवनषण्ड नामक उद्यान मे, श्रेष्ठ अशोक वृक्ष के नीचे पृथ्वीशिलापट्टक पर अट्ठमभत्त तप स्वीकार कर एकरात्रि की महाप्रतिमा अंगीकार करके स्थित है। अत मेरे लिए यह श्रेयस्कर होगा कि मैं श्रमण भगवान महावीर के निश्रा (आश्रय) से देवेन्द्र देवराज शक्र को स्वयमेव (एकाकी ही) श्रीहीन करूँ। इस प्रकार विचार करके वह चमरेन्द्र अपनी शय्या से उठा और उठकर उसने देवदूष्य वस्त्र पहना। फिर, उपपातसभा के पूर्वीद्वार से होकर निकला और जहाँ सुधर्मासभा थी, तथा जहाँ चतुष्पाल (चौपाल) नामक शस्त्रभण्डार था, वहाँ आया। शस्त्रभण्डार मे से उसने एक परिघरत्न (मुद्गर) उठाया। फिर वह किसी को साथ लिए बिना अकेला ही उस परिघरत्न को लेकर अत्यन्त रोषाविष्ट होता हुआ चमरचंचा राजधानी के बीचोंबीच होकर निकला और तिगिंच्छकूट नामक उपपात पर्वत के निकट आया। वहाँ उसने वैक्रिय समुद्घात किया। संख्यात योजनपर्यन्त का विशाल उत्तरवैक्रियरूप बनाया। फिर वह उस उत्कृष्ट यावत् दिव्य देवगति से जहाँ पृथ्वीशिलापट्टक था, वहाँ मेरे पास आया। मेरे पास उसने दाहिनी ओर से मेरी तीन बार प्रदक्षिणा की, मुझे वन्दन--नमस्कार किया और यों बोला--''भगवन् ! मैं आपके निश्राय से अकेला ही देवेन्द्र देवराज शक्र को उसकी शोभा से भ्रष्ट करना चाहता हूँ।''

28. (a) After that Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs*, employed his *Avadhi-jnana* and saw me (Bhagavan Mahavir). On seeing me he had this inner desire—"Taking the vow of a three day fast (avoiding eight meals) and accepting *Maha-pratima* for a night, Shraman Bhagavan Mahavir stands on a slab of rock lying under an excellent Ashoka tree in the Ashoka garden, in Sumsumar-pur city, in

Bharat-varsh in this Jambu continent. Therefore it would be good for me that I personally deprive Shakrendra, the king of gods, of his grandeur under the auspices of Shraman Bhagavan Mahavir." With these thoughts that Chamarendra got up from his bed and put on his divine dress. He then came out of the hall of birth through the eastern gate and went to the armoury called Chatushpal in the main assembly (*Sudharma Sabha*). From the armoury he picked up a *Parigh-ratna* (a special mace-like weapon). In his enraged state he passed through the heart of capital Chamarchancha and proceeded all alone, without any company, to the launching (*utpat*) hill called Tingichchhakoot. There he performed *Vaikriya Samudghat* and created a huge secondary transmuted body stretching up to countable *Yojans*. Then with his maximum . and so on up to... divine speed he came to this slab of rock near me Here he thrice went around me clockwise, paid me homage and obeisance and said—"*Bhante* ! I want to personally deprive Shakrendra, the king of gods, of his grandeur, under your auspices."

२८. (ख) त्ति कट्टु उत्तरपुरित्थमं दिसिभागं अवक्कमइ, २. वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहण्णइ, २. जाव दोच्चं पि वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहण्णइ, २. एगं महं घोरं घोरागारं भीमं भीमागारं भासरं भयाणीयं गंभीरं उत्तासणयं कालड्डरत्तमासरासिसंकासं जोयणसयसाहस्सीयं महाबोंदिं विउव्वइ, २. अप्फोडेइ, २. वग्गइ, २. गज्जइ, २. हयहेसियं करेइ, २. हत्थिगुलुगुलाइयं करेइ, २. रहघणघणाइयं करेइ, २. पायदद्दरगं करेइ, २. भूमिचवेडयं दलयइ, २. सीहणादं नदइ, उच्छोलेति, पच्छोलेति, तिवइं छिंदइ, वामं भुअं ऊसवेइ, दाहिणहत्थपदेसिणीए य अंगुट्ठनहेण य वितिरिच्छं मुहं विडंबेइ, विडंबित्ता महया महया सद्देणं कलकलरवं करेइ, एगे अबीए फलिहरयणमायाए उड्ढं वेहासं उप्पइए। खोभंते चेव अहेलोयं, कंपेमाणे व मेइणितलं, आकड्ढंते व तिरियलोयं, फोडेमाणे व अंबरतलं, कत्थइ गज्जंते, कत्थइ विज्जुयायंते, कत्थइ वासं वासमाणे, कत्थइ रयुग्घायं पकरेमाणे, कत्थइ तमुक्कायं पकरेमाणे, वाणमंतरे देवे वित्तासेमाणे जोइसिए देवे दुहा विभयमाणे, आयरक्खे देवे विपलायमाणे, फलिहरयणं अंबरतलंसि वियड्ढमाणे, विउब्भावेमाणे, ताए उक्किट्ठाए जाव तिरियमसंखेज्जाणं दीव-समुद्दाणं मज्झंमज्झेणं वीयीवयमाणे—


जेणेव सोहम्मे कप्पे, जेणेव सोहम्मवडेंसए विमाणे, जेणेव सभा सुहम्मा तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता एगं पायं पउमवरवेइयाए करेइ, एगं पायं सभाए सुहम्माए करेइ, फलिहरयणेणं महया महया सद्देणं तिक्खुत्तो इंदकीलं आउडेति, आउडित्ता एवं वयासी-'कहिं णं भो ! सक्के देविंदे देवराया ? कहिं णं ताओ चउरासीइं सामाणियसाहस्सीओ ? जाव कहिं णं ताओ चत्तारि चउरासीईओ आयरक्खदेवसाहस्सीओ ? कहिं णं ताओ अणेगाओ अच्छराकोडीओ ? अज्ज हणामि, अज्ज महेमि, अज्ज वहेमि, अज्ज ममं अवसाओ अच्छराओ वसमुवणमंतु' त्ति कट्टु तं अणिट्ठं अकंतं अप्पियं असुभं अमणुण्णं अमणामं फरुसं गिरं निसिरइ।

२८. (ख) इस प्रकार कहकर वह वहाँ से (सीधा) उत्तर-पूर्व दिशा-विभाग (ईशानकोण) मे चला गया। पुन. उसने वैक्रियसमुद्घात किया, (दूसरी बार) वैक्रियसमुद्घात से समवहत होकर उसने एक महाघोर, घोराकृतियुक्त, भयकर, भयकर आकार वाला, भास्वर, भयानक, गम्भीर, त्रासदायक, काली कृष्णपक्षीय (अमावस्या की) अर्ध-रात्रि एवं काले उडदों की राशि के समान काला, एक लाख योजन का ऊँचा, महाकाय शरीर बनाया। ऐसा करके वह चमरेन्द्र अपने हाथों को पछाड़ने लगा, (मेघ की तरह) गर्जना करने लगा, घोडे की तरह हिनहिनाने लगा, हाथी की तरह किलकिलाहट (चीत्कार) करने लगा, रथ की तरह घनघनाहट करने लगा, पैरो को जमीन पर जोर से पटकने (आघात करने) लगा, भूमि पर जोर से (हथेली से) थप्पड मारने लगा, सिंहनाद करने लगा, उछलने लगा, पछाड मारने लगा, (मल्ल की तरह मैदान मे) त्रिपदी को छेदने लगा, (भूमि पर तीन बार पदाघात करने लगा), बायीं भुजा ऊँची करने लगा, फिर दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली और अँगूठे के नख द्वारा अपने मुख को तिरछा फाडकर बिडम्बित-(टेढा-मेढ़ा) करने लगा, और बड़े जोर-जोर से कलकल शब्द करने लगा। यों करता हुआ वह चमरेन्द्र स्वय अकेला, किसी को साथ मे न लेकर परिघरत्न (मुद्गर) लेकर ऊपर आकाश मे उडा। (उडते समय अपनी उडान से) वह मानो अधोलोक को क्षुब्ध करता हुआ, पृथ्वीतल को मानो कँपाता हुआ, तिरछे लोक को खीचता हुआ-सा, गगनतल को मानो फोडता हुआ, कहीं गर्जना करता हुआ, कहीं बिजली की तरह कौधता हुआ, कहीं वर्षा के समान बरसता हुआ, कही धूल का ढेर उडाता (उछालता) हुआ, कही सघन अन्धकार का दृश्य उपस्थित करता हुआ, तथा (जाते-जाते) वाणव्यन्तर देवो को त्रास पहुँचाता हुआ, ज्योतिषी देवों के बीच में से दो भागो मे विभक्त करता हुआ एव आत्मरक्षक देवो को भगाता हुआ, परिघरत्न को आकाश मे घुमाता हुआ, उसे विशेष रूप से चमकाता हुआ, उस उत्कृष्ट दिव्य देवगति से तिरछे असख्येय द्वीपसमुद्रो के बीचोंबीच होकर निकला।

यो निकलकर जिस ओर सौधर्मकल्प था, सौधर्मावतसक विमान था और जहाँ सुधर्मासभा थी, उसके निकट पहुँचा। वहाँ पहुँचकर उसने एक पैर पद्मवरवेदिका पर रखा और दूसरा पैर सुधर्मासभा मे रखा। फिर बड़े जोर से हुकार (आवाज) करके उसने परिघरत्न से तीन बार इन्द्रकील (शक्रध्वज अथवा मुख्यद्वार के दोनो कपाटो के अर्गलास्थान) को पीटा (प्रताडित किया)। तत्पश्चात् उसने (जोर से चिल्लाकर) इस प्रकार कहा-'अरे ! वह देवेन्द्र देवराज शक्र कहाँ है ? कहाँ हैं उसके वे चौरासी हजार सामानिक देव ? यावत् कहाँ हैं उसके वे तीन लाख छत्तीस हजार आत्मरक्षक देव ? कहाँ गईं वे अनेक करोड अप्सराएँ ? आज ही मै उन सबको मार डालता हूँ, आज ही उनका मै वध कर डालता हूँ। जो अप्सराएँ मेरे अधीन नही है, वे अभी मेरी वशवर्तिनी हो जाये।' इस प्रकार चमरेन्द्र ने वे अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अशुभ, अमनोज्ञ, अमनोहर और कठोर वचन बोले।

28. (b) After uttering these words he proceeded straight in the north-east direction (*Ishan Kone*). He underwent *Vaikriya Samudghat* a second time and acquired a grotesque and extremely repulsive form; a fearful and terrifying shape that was shining, dreadfully, densely and appallingly black, like a dark midnight or a pile of black pulses; and a

चमरेन्द्र द्वारा सौधर्म कल्प में उपद्रव



चित्र परिचय-१०

Illustration No. 10

चमरेन्द्र द्वारा सौधर्म कल्प में उपद्रव

एक बार नवोत्पन्न असुरराज चमरेन्द्र ने अवधिज्ञान से अपने ऊपर सौधर्मकल्प विमान को देखा। सौधर्मेन्द्र शक्र सिंहासन पर बैठा दिव्य स्वर्गीय सुखो का भोग करता दिखाई दिया। देखते ही असुरराज चमरेन्द्र का क्रोध भडका-' अरे मेरे सिर पर यह कौन मूर्ख इस प्रकार निर्लज्जता पूर्वक बैठा है ? ' सामानिक देवो ने बतााया यह सौधर्मेन्द्र देवराज शक्र है।''

क्रोधावेशग्रस्त चमरेन्द्र ने उसे कठोर शिक्षा देने का विचार किया। सोचा- वहाँ जाने से पहले मुझे किसी अरिहंत, श्रमण आदि महापुरुष की शरण (निश्रा) लेना चाहिए, ताकि आपत्ति मे फसने पर मेरी रक्षा हो सके। उस समय श्रमण भगवान महावीर अपने दीक्षा पर्याय के ग्यारहवे वर्ष मे सुसुमारपुर के उद्यान मे एक रात्रि की महाप्रतिमा मे ध्यानस्थ खडे थे। ध्यान मुद्रा स्थित भगवान महावीर के निकट आकर वन्दना करके बोला-' भगवन् ! आपकी निश्रा (शरण) ग्रहण कर मै अकेला ही देवेन्द्र शक्र को शोभा भ्रष्ट करने जा रहा हूँ।

चमरेन्द्र ने वैक्रिय कर अपना घोर विकराल रूप बनाया। हाथ मे मुद्गर लेकर घुमाता हुआ, सिंहनाद करके पैरो से जमीन पीटता हुआ, बिजली की तरह कौंधता हुआ, सौधर्म कल्प मे सुधर्मा सभा के निकट शक्रेन्द्र के विमान के सामने जा पहुँचा। सिंहनाद कर, एक पैर पद्मवेदिका पर तथा दूसरा पैर सुधर्मा सभा मे रखकर चिल्लाता हुआ बोला- 'अरे ! कहा है देवराज शक्र ! कहाँ है उसके चौरासी हजार सामानिक देव ! कहाँ गई व करोडो अप्सराएँ। मै आज ही सबका वध करके स्वर्ग को अपने अधीन बना लूगा।'

चकित हुए देवेन्द्र तथा सामानिक देव असुरराज को देखने लगे।

शतक ३ उ. २ सूत्र २७-३०

DISTURBANCE BY CHAMARENDRA IN SAUDHARMA KALP

Once newly born Chamarendra, the overlord of Asur Kumars saw Saudharma Vimaan overhead He saw Saudharmendra Shakra sitting on his throne and enjoying divine pleasures

On seeing this Chamarendra was enraged—"Hey ! Who is this fool so carelessly perched over my head ?" Gods of same status informed him—"He is Shakra the overlord of Saudharma Kalp "

In fit of anger Chamarendra thought of teaching him a lesson He thought—"Before going there I should seek refuge and auspices of some Arihant, Shraman or other great man so that if something untoward happens I may be saved " At that time Shraman Bhagavan Mahavir, during his eleventh year of initiation, was standing in meditation observing Mahapratima of one night in a garden in Sumsumarpur Chamarendra came there and after paying homage said—"Bhante ! I want to personally deprive Shakrendra, the king of gods, of his grandeur under your auspices "

Chamarendra acquired an extremely repulsive form and reached the Sudharma assembly in Shakrendra's Vimaan waving a mace in his hand, roaring, stomping and glowing like lightening Placing one foot on the lotus-pedestal and the other in the main assembly, he shouted "Hey ! Where is that Devendra Shakra ? Where are his eighty four thousand Samanik Devs ? Where have those millions of goddesses gone ? I will kill them all today and conquer the heaven

Shakrendra and his Samanik gods looked at Asurendra in surprise

—Shatak 3 lesson 2, Sutra 27 30

gigantic body one hundred thousand *Yojans* tall. Having done so he started throwing his hands; thundering like clouds; neighing like a horse, trumpeting like an elephant and rattling like a chariot; thumping the ground with his legs and slapping the ground forcefully with his palms; roaring like a lion; and jumping, hurling and digging earth with his toes (like a wrestler). He then raised his left arm and twisted his mouth with the thumb and forefinger of his right hand opening it wide and producing loud gurgling sound. Doing all this that Chamarendra flew in the sky alone with *Parigh-ratna* in his hand. As if disturbing the lower world, shaking the earth, pulling the transverse world, piercing the sky, he moved with maximum divine speed, sometimes thundering, sometimes flashing like lightening, sometimes showering water, sometimes showering sand, sometimes creating darkness, terrorizing the passing interstitial gods (*Vanavyantar Devs*), splitting the stellar gods (*Jyotishk Devs*) in two, routing the guard-gods and waving and flashing his special mace. This way he passed through innumerable continents and seas in the transverse world.

Travelling thus he arrived near the *Sudharma Sabha* (main assembly) in *Saudharmavatamsak Vimaan* in Saudharma Kalp. There he placed one foot on the lotus-pedestal (*Padmavar Vedika*) and the other in the main assembly. He then gave a thundering roar and struck the *Indrakeel* (central point of an architrave) with his special mace. After that he shouted—"Hey ! Where is that Devendra Shakra, the overlord of gods ? Where are his eighty four thousand *Samanik Devs* ?... and so on up to .. Where are his three hundred thirty six thousand guard-gods ? Where have those millions of goddesses gone ? I will kill them all today, I will annihilate them all. The divine damsels who are not under my command should at once come under my command." This way he uttered these *anisht* (not desirable), *akaant* (not beautiful), *apriya* (not loveable), *ashubha* (ignoble), *amanojna* (not attractive), *amanohar* (not adorable or whose mere thought is repulsive) and harsh words.

२१. तणं से सक्के देविंदे देवराया तं अणिट्ठं जाव अमणामं अस्सुयपुव्वं फरुसं गिरं सोच्चा निसम्म आसुरुत्ते जाव मिसिमिसेमाणे तिवलियं भिउडिं निडाले साहट्टु चमरं असुरिंदं असुररायं एवं वयासी— 'हं भो ! चमरा ! असुरिंदा ! असुरराया ! अपत्थियपत्थया ! जाव हीणपुण्णचाउद्दसा ! अज्ज न भवसि, नहि ते सुहमत्थि' त्ति कट्टु तत्थेव सीहासणवरगते वज्जं परामुसइ, परामुसित्ता तं जलंतं फुडंतं तडतडंतं उक्कासहस्साइं विणिम्मयुमाणं, जालासहस्साइं पमुंचमाणं, इंगालासहस्साइं पविक्खिरमाणं,

फुलिंगजालामालासहस्सेहिं चक्खुविक्खेव-दिट्ठिपडिघायं पि पकरेमाणं हुयवहअइरेग-तेयदिप्पंतं जइणवेगं फुल्लकिंसुयसमाणं महब्भयं भयंकरं चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो वहाए वज्जं निसिरइ।

२९. चमरेन्द्र द्वारा यो उत्पात मचाये जाने पर देवेन्द्र देवराज शक्र इस (उपर्युक्त) अनिष्ट, यावत् अमनोज्ञ और अश्रुतपूर्व (पहले कभी न सुने हुए) कर्णकटु वचन सुन-समझकर एकदम कोपायमान हो गया। यावत् क्रोध से (होठो को चबाता हुआ) बडबड़ाने लगा तथा ललाट पर तीन रेखाएँ पड़े, इस प्रकार से भुकृटि चढाकर असुरेन्द्र असुरराज चमर से बोला-हे ! भो (अरे !) अप्रार्थित के प्रार्थक (अनिष्ट-मरण के इच्छुक) ! यावत् हीनपुण्या (अपूर्ण) चर्तुदशी के जन्मे हुए असुरेन्द्र ! असुरराज ! चमर ! आज तू नही रहेगा, तेरा अस्तित्व समाप्त हो जायेगा, यह समझ ले आज तेरी खैर (सुख) नहीं है। यो कहकर अपने श्रेष्ठ सिहासन पर बैठे-बैठे ही शक्रेन्द्र ने अपना वज्र उठाया और उस जाज्वल्यमान, विस्फोट करते हुए, तड-तड शब्द करते हुए हजारो उल्काएँ छोडते हुए, हजारो अग्निज्वालाओ को छोडते हुए, हजारो अगारो को बिखेरते हुए, हजारो स्फुलिग (चिनगारियो) की ज्वालाओ से उस पर दृष्टि फेकते ही आँखो के आगे चकाचौध के कारण रुकावट डालने वाले, अग्नि से अधिक तेज से देदीप्यमान, अत्यन्त वेगवान् खिले हुए टेसू (किंशुक) के फूल के समान लाल-लाल, महाभयावह एव भयकर वज्र को असुरेन्द्र असुरराज चमरेन्द्र के वध के लिए छोडा।

29. On hearing and understanding these *anisht*... and so on up to .. *amanojna*, unheard and harsh words, Devendra Shakra, the overlord of gods got angry at once. . and so on up to. . gnashing his teeth in anger, frowning and making three lines appear on his forehead, he addressed Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs*—"O *Asurendra* ! *Asuraraj* ! Chamar ! O hankerer for the undesirable (death) (*aprarthik-prarthak*) ! .. and so on up to born on an inauspicious fourteenth day ! You will cease to live today. Your existence will come to end today Know that you are not secure anymore." With these words, while still sitting on his throne, Shakrendra raised his *Vajra* (thunderbolt) that was glowing, exploding, spluttering, emitting thousands of meteors, exuding thousands of flames, showering thousands of sparks making it difficult to look at, more brilliant than fire, having very swift movement, and red like *Kimshuk* flower He then launched such extremely dreadful and terrifying thunderbolt to kill Chamrendra, the overlord of *Asurs*.

३०. तए णं से चमरे असुरिंदे असुरराया तं जलंतं जाव भयंकरं वज्जमभिमुहं आवयमाणं पासइ, पासित्ता झियाइ पिहाइ, झियायित्ता पिहायित्ता तहेव संभग्गमउडविडए सालंबहत्थाभरणे उड्ढंपाए अहोसिरे कक्खागयसेयं पिव विणिम्मुयमाणे विणिम्मुयमाणे ताए उक्किट्ठाए जाव तिरियमंखेज्जाणं दीव-समुद्दाणं मज्झंमज्झेणं वीतीवयमाणे जेणेव जंबुद्दीवे दीवे जाव जेणेव असोगवरपायवे जेणेव ममं अंतिए तेणेव

उवागच्छइ, उवागच्छित्ता भीए भयगग्गरसरे 'भगवं सरणं' इति बुयमाणे ममं दोण्ह वि पायाणं अंतरंसि झत्ति वेगेणं समोवडिए।

३०. तत्पश्चात् उस असुरेन्द्र असुरराज चमर ने जब उस जाज्वल्यमान, यावत् भयंकर वज्र को सामने आता हुआ देखा, तब उसे देखकर ('यह क्या है ?') इस चिन्तन में डूब जाता है, फिर (अपने स्थान पर चले जाने की) इच्छा करने लगा, अथवा (वज्र को देखते ही उसने) अपनी दोनों आँखें मूँद लीं और (वहाँ से चले जाने का) पुनः विचार करने लगा। (कुछ क्षणों तक) चिन्तन में डूबे हुए ज्यों ही स्पृहा करने लगा (कि ऐसा अस्त्र मेरे पास होता तो कितना अच्छा होता।) त्यों ही उसके मुकुट का तुर्रा (छोगा) टूट गया, हाथों के आभूषण (भय के मारे शरीर सूख जाने से) नीचे लटक गये; तथा पैर ऊपर और सिर नीचा करके मानो काँख से पसीना-सा टपकाता हुआ, वह असुरेन्द्र चमर उस उत्कृष्ट यावत् दिव्य देवगति से तिरछे असंख्य द्वीप समुद्रों के बीचोबीच होता हुआ, जहाँ जम्बूद्वीप नामक द्वीप है, जहाँ भारतवर्ष है, यावत् जहाँ श्रेष्ठ अशोकवृक्ष है, वहाँ पृथ्वीशिलापट्टक पर जहाँ मैं (श्री महावीर स्वामी) स्थित था, वहाँ आया। मेरे निकट आकर भयभीत एवं भय से व्याकुल गहराते हुए स्वर में चमरेन्द्र बोला-'भगवन् ! (अब) आप ही मेरे लिए शरण है' इस प्रकार बोलता हुआ मेरे दोनों पैरों के बीच में वेगपूर्वक गिर पडा (छिप गया)।

30. When that Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs* saw that glowing.. and so on up to. terrifying thunderbolt coming at him, he thought (what it was ?) and wished (to return to his abode) In other words, as soon as he saw the *Vajra* (thunderbolt) he closed his eyes and thought (of returning home). He was lost into his thoughts and wishes (It would have been good had I possessed such a weapon.) for a few moments when the crest of his crown shattered, the ornaments on his arms hung loose (as if his body had shrunk due to fear). With his legs up and head down, and sweat dripping from his armpits, that Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs* rushed with his tremendous. . and so on up to .. divine speed and crossing innumerable continents and seas arrived where I (Bhagavan Mahavir) stood on a slab of rock lying under an excellent Ashoka tree in the Ashoka garden, in Sumsumar-pur city, in Bharat-varsh in this Jambu continent. Having come near me that terrified Chamarendra uttered in a voice hoarse with terror—"*Bhante* ! (Now) You are my only refuge." Uttering these words he thudded (and hid) between my feet.

शक्रेन्द्र का चिन्तन SHAKRENDRA'S WORRY

३१. तए णं तस्स सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था 'नो खलु पभू चमरे असुरिंदे असुरराया, नो खलु समत्थे चमरे असुरिंदे असुरराया, नो खलु विसए चमरस्स असुरिंदस्स

असुररण्णो अप्पणो निस्साए उड्ढं उप्पोइत्ता जाव सोहम्मो कप्पो, णऽन्नत्थ अरिहंते वा, अरिहंतचेइयाणि वा, अणगारे वा भावियप्पणो नीसाए उड्ढं उप्पयति जाव सोहम्मो कप्पो। तं महादुक्खं खलु तहारूवाणं अरिहंताणं भगवंताणं अणगाराण य अच्चासायणाए' त्ति कट्टु ओहिं पउंजति, पउंजित्ता ममं ओहिणा आभोएति, आभोइत्ता 'हा ! हा ! अहो !' हतो अहमंसि' त्ति कट्टु ताए उक्किट्ठाए जाव दिव्वाए देवगतीए वज्जस्स वीहिं अणुगच्छमाणे अणुगच्छमाणे तिरियमसंखेज्जाणं दीव समुद्दाणं मज्झंमज्झेणं जाव जेणेव असोगवरपायवे जेणेव ममं अंतिए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता ममं चउरंगुलमसंपत्तं वज्जं पडिसाहरइ।

अवियाऽऽइं मे गोयमा ! मुट्ठिवाएणं केसग्गे वीइत्था।

३१. उसी समय देवेन्द्र शक्र को इस प्रकार का आन्तरिक अध्यवसाय यावत् मनोगत संकल्प उत्पन्न हुआ कि असुरेन्द्र असुरराज चमर इतनी शक्ति वाला नहीं है, न असुरेन्द्र असुरराज चमर इतना समर्थ है, और न ही असुरेन्द्र असुरराज चमर का इतना विषय (क्षमता) है कि वह अरिहंत भगवन्तों, अर्हन्त भगवान के चैत्यो अथवा भावितात्मा अनगार का आश्रय लिए बिना स्वयं अपने आश्रय से इतना ऊँचा (उठकर) यावत् सौधर्मकल्प तक आ सके। अत. वह असुरेन्द्र अवश्य अरिहन्त भगवन्तों यावत् अथवा किसी भावितात्मा अनगार के आश्रय से ही इतना ऊपर यावत् सौधर्मकल्प तक आया है। यदि ऐसा है तो उन तथारूप अर्हन्त भगवन्तों एवं अनगारो की (मेरे द्वारा फेंके हुए वज्र से) अत्यन्त आशातना होने से मुझे महा:दुख होगा। ऐसा विचार करके शक्रेन्द्र ने अवधिज्ञान का प्रयोग किया और उस अवधिज्ञान के प्रयोग से उसने मुझे ध्यानस्थ देखा ! मुझे देखते ही (उसके मुख से ये उद्‌गार निकल पडे–) "हा ! हा ! अरे रे ! मैं मारा गया !" इस प्रकार पश्चात्ताप करके (वह शक्रेन्द्र अपने वज्र को पकड लेने के लिए) उत्कृष्ट यावत् दिर्व्य देवगति से वज्र के पीछे–पीछे दौडा। वज्र का पीछा करता हुआ वह शक्रेन्द्र तिरछे असख्यात द्वीप–समुद्रों के बीचोंबीच होता हुआ यावत् उस श्रेष्ठ अशोकवृक्ष के नीचे जहाँ मै था, वहाँ आया और वहाँ मुझसे सिर्फ चार अंगुल दूर रहे हुए उस वज्र को उसने पकड लिया (वापस खीच लिया)।

हे गौतम ! (जिस समय शक्रेन्द्र ने वज्र को पकडा, उस समय उसने अपनी मुट्ठी इतनी जोर से बन्द की कि) उस मुट्ठी की हवा से मेरे केशाग्र हिलने लगे।

31. At that time Shakrendra, the overlord of gods, had an inspiration (*adhyavasaya*)... and so on up to... resolve (*sankalp*) that Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs* does not have so much power, capacity or ability that without the support of *Arihants* or *Chaitya* of *Arihants* or sagacious ascetics (*bhavitatma anagar*) he could, on his own, go upwards.. and so on up to.. *Saudharma Kalp*. That means Chamarendra has, indeed, come upwards... and so on up to... Saudharma Kalp only with the support of *Arihants* . and so on up to... sagacious ascetics (*bhavitatma anagar*). If it is so, this (the thunderbolt launched by me) will cause great disturbance to those *Arihants*... and so on up to... sagacious ascetics (*bhavitatma anagar*) and it would be highly grievous

for me. With these thoughts Shakrendra used his *Avadhi-jnana* and saw me meditating. The moment he saw me (he involuntarily uttered)—"Oh ! Alas ! What have I done !" Repenting thus Shakrendra rushed after the *Vajra* (thunderbolt) with his maximum... and so on up to... divine speed and crossing innumerable continents and seas arrived where I (Bhagavan Mahavir) stood under that excellent Ashoka tree and he caught that *Vajra* when it was just four *Anguls* away from me.

O Gautam ! (When Shakrendra caught the *Vajra* he closed his fist with so great force that) The air blown from his fist blew the tips of my hair.

३२. तए णं से सक्के देविंदे देवराया वज्जं पडिसाहरति, पडिसाहरित्ता ममं तिक्खुत्तो आयाहिण-पयाहिणं करेइ, करित्ता वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी-'एवं खलु भंते ! अहं तुब्भं नीसाए चमरेणं असुरिंदेणं असुररण्णा सयमेव अच्चासाइए। तए णं मए परिकुविएणं समाणेणं चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो वहाए वज्जे निसट्ठे। तए णं मे इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था-नो खलु पभू चमरे असुरिंदे असुरराया तहेव जाव ओहिं पउंजामि, देवाणुप्पिए ओहिणा आभोएमि, 'हा ! हा ! अहो ! हतो मी' ति कट्टु ताए उक्किट्ठाए जाव जेणेव देवाणुप्पिए तेणेव उवागच्छामि, देवाणुप्पियाणं चउरंगुलमसंपत्तं वज्जं पडिसाहरामि, वज्जपडिसाहरणट्ठयाए णं इहमागए इह समोसढे, इह संपत्ते इहेव अज्ज उवसंपज्जित्ता णं विहरामि।

तं खामेमि णं देवाणुप्पिया ! खमंतु णं देवाणुप्पिया !, खमितुमरहंति णं देवाणुप्पिया ! णाइ भुज्जो एवं पकरणयाए' त्ति कट्टु ममं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता उत्तरपुरत्थिमं दिसीभागं अवक्कमइ, वामेणं पादेणं तिक्खुत्तो भूमिं दलेइ, चमरं असुरिंदं असुररायं एवं वयासी-'मुक्को सि णं भो ! चमरा ! असुरिंदा ! असुरराया ! समणस्स भगवओ महावीरस्स पभावेणं, न हि ते इयाणिं ममाओ भयमत्थि' त्ति कट्टु जामेव दिसिं पाउब्भूए तामेव दिसिं पडिगए।

३२. तदनन्तर देवेन्द्र देवराज शक्र ने वज्र को लेकर दाहिनी ओर से मेरी तीन बार प्रदक्षिणा की और मुझे वन्दन-नमस्कार किया। वन्दन-नमस्कार करके कहा-भगवन् ! आपका ही आश्रय लेकर स्वयं असुरेन्द्र असुरराज चमर मुझे अपनी श्री से भ्रष्ट करने आया था। तब मैंने परिकुपित होकर उस असुरेन्द्र असुरराज चमर के वध के लिए वज्र फेंका था। इसके पश्चात् मुझे तत्काल इस प्रकार का विचार उत्पन्न हुआ कि असुरेन्द्र असुरराज चमर स्वयं इतना समर्थ नहीं है कि अपने ही आश्रय से इतना ऊँचा-सौधर्मकल्प तक आ सके, इत्यादि पूर्वोक्त सब बातें शक्रेन्द्र ने कह सुनाईं। शक्रेन्द्र ने आगे कहा-भगवन् ! फिर मैंने अवधिज्ञान का प्रयोग किया। आपको देखा। आपको देखते ही सहसा 'हा हा ! अरे रे ! मैं मारा गया।' ये उद्‌गार मेरे मुख से निकल पड़े। फिर मैं उत्कृष्ट तीव्र देवगति से जहाँ आप देवानुप्रिय विराजमान है, वहाँ आया; और आप देवानुप्रिय से सिर्फ चार अंगुल दूर रहे हुए वज्र को मैंने पकड़ लिया। (अन्यथा, घोर अनर्थ हो जाता !) मैं वज्र को वापस लेने के लिए ही यहाँ सुंसुमारपुर में और इस उद्यान में आया हूँ और अभी यहाँ हूँ।

'हे भगवन् ! मैं (अपने अपराध के लिए) आप देवानुप्रिय से क्षमा माँगता हूँ। आप देवानुप्रिय मुझे क्षमा करें। आप क्षमा करने योग्य (क्षमाशील) है। मै ऐसा (अपराध) पुनः नहीं करूँगा।' यों कहकर शक्रेन्द्र मुझे वन्दन-नमस्कार करके उत्तर-पूर्व दिशा मे चला गया। वहाँ जाकर शक्रेन्द्र ने अपने बायें पैर को तीन बार भूमि पर पीटकर के, उसने असुरेन्द्र असुरराज चमर से इस प्रकार कहा-"हे असुरेन्द्र असुरराज चमर ! आज तो तू श्रमण भगवान महावीर के ही प्रभाव से बच गया है, (जा) अब तुझे मुझसे (किंचित् भी) भय नही है।" यो कहकर वह शक्रेन्द्र जिस दिशा से आया था, उसी दिशा में वापस चला गया।

32. After that, Shakrendra, the overlord of gods, took the Vajra, went around me thrice clockwise, paid homage and obeisance to me and said—*Bhante* ! Taking your support, Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs*, had come to deprive me of my grandeur. At that time, getting enraged, I had launched the *Vajra* to kill Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs*. Immediately on doing that it occurred to me that on his own Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs*, could not go upwards up to Saudharma Kalp. And he narrated the whole story. Shakrendra added—"*Bhante* ! I then used my *Avadhi-jnana* and saw you. The moment I saw you I exclaimed—'Oh ! Alas ! What have I done !' Then I rushed after the *Vajra* (thunderbolt) with my maximum divine speed, arrived where you, Beloved of gods, are stationed and caught that *Vajra* when it was just four *Anguls* away from you, Beloved of gods ! (Otherwise a great calamity would have struck.) I have come to and I am here in Sumsumar-pur and this garden just to retrieve my *Vajra* "

"*Bhante* ! I beg your forgiveness (for my fault) Kindly forgive me, O Beloved of gods ! You are kind enough to forgive me. I will never repeat such mistake " Saying thus Shakrendra paid me homage and obeisance and moved in north-east direction There Shakrendra stomped the ground thrice with his left leg and said to Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs*—"O Chamarendra, the overlord (*Indra*) of *Asurs* ! Your life has been spared today by the grace of Shraman Bhagavan Mahavir. Now you have nothing to fear from me." Uttering these words Shakrendra proceeded in the direction he came from.

विवेचन : शक्रेन्द्र के विभिन्न विशेषणों की व्याख्या-मघवं (मघवा) = बडे-बडे मेघों को वश मे रखने वाला। पागसासणं (पाकशासन) = पाक नामक बलवान शत्रु पर शासन करने वाला। सयक्कउं (शतक्रतु) = सौ क्रतुओं-अभिग्रहरूप सौ प्रतिमाओं अथवा श्रावक की पञ्चम प्रतिमारूप सौ प्रतिमाओं को कार्तिक सेठ के भव में धारण करने वाला। सहस्सक्खं (सहस्राक्ष) = हजार नेत्रों वाला-इन्द्र के ५०० मंत्री होते है, उनके १,००० नेत्र इन्द्र के कार्य में प्रयुक्त होते हैं, इस अपेक्षा से सहस्राक्ष कहते हैं। वज्जपाणिं (वज्रपाणि) = इन्द्र के हाथ में वज्र नामक विशिष्ट शस्त्र होता है। पुरंदरं (पुरन्दर) = असुरादि के पुरो-नगरों का नाश करने वाला। *(वृत्ति, पत्रांक १७४)*

चमरेन्द्र पर वज्र प्रहार



चित्र परिचय-११

Illustration No. 11

सौधर्मेन्द्र द्वारा चमरेन्द्र पर वज्र प्रहार

(१) असुरराज की धृष्टता देखकर सौधर्मेन्द्र शक्र ने क्रोध मे आकर अपना दिव्य वज्र उस पर फैका। हजारो अग्निज्वालाएँ छोडता हुआ वज्र असुरराज अपनी जान बचाकर ऊपर पैर-नीचा सिर किये ओधे मुँह सुसुमारपुर की तरफ दौडा।

(२) शक्रेन्द्र ने सोचा- इस धृष्ट असुर ने सौधर्म कल्प तक आने की हिम्मत कैसे की ? बिना किसी अरिहंत आदि महापुरुष की निश्रा लिए वह इतना दु साहस कर नही सकता ? तभी देखा अरे, यह तो श्रमण भगवान महावीर की निश्रा लेकर आया है।

शक्रेन्द्र चिन्तित हो उठ अनर्थ हो जायेगा। मेरे वज्र प्रहार से यदि प्रभु वर्धमान की आशातना हो गइ। उन्हे कोई कष्ट पहुँचा तो ? शक्रेन्द्र अत्यन्त त्वरित गति मे अपने वज्र को पकडने के लिए उसका पीछा करने लगा। आगे दौडता असुरराज ! पीछा करता वज्र और पीछे उसे पकडने दौडता शक्रेन्द्र।

(३) तीव्र गति से आता असुरराज भगवान के चरणो मे छुपकर बोला- ' प्रभु ! आप ही मेरे शरणदाता है मेरी रक्षा कीजिए ! तब तक वज्र का पीछा करते हुए शक्रेन्द्र ने भगवान के चरणो से मात्र चार अगुल दूर रहे वज्र को पकडकर खीच लिया। भगवान के चरणो मे छुपे असुरराज को शक्र घूर कर देखता है।

(४) शक्र ने भगवान की वन्दना कर अविनय अपराध के लिए क्षमा माँगी। फिर असुरराज को डॉटा- आज भगवान महावीर की शरण से तेरी प्राण रक्षा हो गई। वर्ना तेरा बुरा हाल होता ! पुन देवेन्द्र ने भगवान को वन्दना कर क्षमा माँगी और स्वर्ग को चले गये।

–शतक ३ उ. २ सूत्र ३१-३२

SAUDHARMENDRA LAUNCHING VAJRA AT CHAMARENDRA

(1) Shakrendra, the king of gods was enraged at this villainy by Chamarendra He launched his Vajra (thunderbolt) at the villain Showering thousands of sparks the Vajra moved towards Chamarendra who flew with his legs up and head down in the direction of Sumsumarpur to save his life

(2) Shakrendra thought— How did this villainous Asur muster up the courage to come up to Saudharma Kalp ? Without the support of Arihant or some other great man he could not dare to do that ?" Just then he saw Bhagavan Mahavir and realized that the Asur king had dared to challenge him under the auspices of Bhagavan Mahavir

Shakrendra was worried—"It would be highly grievous for me if the Vajra causes disrespect and harm to him ?" Shakrendra rushed after the Vajra with his maximum divine speed Rushing ahead was Chamarendra chasing him was Vajra and lastly Shakrendra for grabbing Vajra

(3) Rushing with great speed, Chamarendra hid behind Bhagavan's feet and said—Prabhu ! You are my only refuge Kindly save me " Just then Shakrendra caught that Vajra when it was just four Anguls away from Bhagavan's feet and withdrew it Shakrendra glared at Chamarendra hiding behind Bhagavan's feet

(4) Shakrendra paid homage to Bhagavan and sought his forgiveness for his mistake He then reprimanded Chamarendra—"Your life has been spared today by the grace of Shraman Bhagavan Mahavir Otherwise you would have been severely punished " Shakrendra once again paid homage to Bhagavan and returned to his heaven

– Shatak 3 lesson 2 Sutra 31 32

कठिन शब्दों का अर्थ–दुरंतपंतलक्खणे = दुष्परिणाम वाले अमनोज्ञ लक्षणों वाला। **हीणपुण्णचाउद्दसे** = हीनपुण्या–अपूर्णा (रिक्ता) चतुर्दशी का जन्मा हुआ। **अप्पुस्सुए** = उत्सुकता–चिन्ता से रहित–लापरवाह। **'पायदद्दरगं करेइ'**–भूमि पर पैर पछाड़ता है। **उच्छोलेति** = अगले भाग से लात मारता अथवा उछलता है। **पच्छोलेति** = पिछले भाग से लात मारता है या पछाड़ खाता है। **वियड्ढमाणे** = घुमाता हुआ। **विउब्भावेमाणे** = चमकाता हुआ। **केसग्गे वीइत्था** = केशों के आगे का भाग हवा से हिलने लगा।

उत्तरवैक्रिय : देवों (तथा नारको) के दो प्रकार के शरीर होते हैं–(१) भवधारणीय (पूर्व वैक्रिय), और (२) उत्तरवैक्रिय। जब देव मनुष्य लोक में आते हैं तब यहाँ के अनुरूप नये शरीर का निर्माण करते है जिसे उत्तरवैक्रिय कहते हैं। वृत्तिकार ने इसका अर्थ किया है, पूर्व वैक्रिय (भवधारणीय) के पश्चात् उत्तरकाल मे होने वाला शरीर। *(वृत्ति, पत्राक १९६)*

Elaboration—The names of or adjectives used for Shakrendra—**Maghavam** or **Maghava** = controller of mighty clouds. **Paagasasanam** or **Paakshasan** = conqueror of the mighty adversary named Paak. **Sayakkaum** or **Shatkritu** = performer of hundred *Pratimas* as special resolves. He performed one hundred *Pratimas* as part of the fifth *Shravak Pratima* during his birth as merchant Kartik. **Sahassakkham** or **Sahasraksh** = having thousand eyes Indra has 500 ministers and their 1,000 eyes are employed for his work **Vajjapanim** or **Vajrapani** = wielder of a special weapon called *Vajra* (thunder-bolt). **Purandar** = destroyer of forts or cities of *Asurs* and other adversaries.

TECHNICAL TERMS

Durantapant-lakkhane—having inauspicious and undesired signs. **Heena-punna-chauddase**—one born on an inauspicious fourteenth day (a short-date in a fortnight devised for adjustment between lunar and solar calendars). **Appusuye**—irresponsible or careless. **Payaddargam karei**—stomps the ground with feet. **Uchchholeti**—kick or throw leg forward. **Pachchholeti**—to kick or throw leg backward Also fall on the ground **Viyaddhamane**—waving around. **Viubbhavemane**—glowing or brightening **Kesagge veeittha**—blowing of tips of hair.

Uttar-vaikriya—Divine and infernal beings have two kinds of bodies—(1) *Bhavadharaniya* (primary transmutable body or incarnation sustaining body), and (2) *Uttar-vaikriya* (secondary transmuted body). When divine beings visit the land of humans they create a new body suitable for this place. This body is called *uttar-vaikriya*. The commentator (*Vritti*) has defined it as secondary transmuted body with reference to the primary incarnation sustaining body. *(Vritti, leaf 196)*

३३. [प्र. १] भंते ! त्ति भगवं गोयमे समणं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–देवे णं भंते ! महिड्ढीए महज्जुतीए जाव महाणुभागे पुव्वामेव पोग्गलं खिवित्ता पभू तमेव अणुपरियट्टित्ताणं गिण्हित्तए ?

[उ.] हंता, पभू।

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! जाव गिण्हित्तए ?

[उ.] गोयमा ! पोग्गले णं खित्ते समाणे पुव्वामेव सिग्घगति भवित्ता ततो पच्छा मंदगती भवति, देवे णं महिड्ढीए पुव्विं पि य पच्छा वि सीहे सीहगती चेव, तुरिते तुरितगती चेव। से तेणट्ठेणं जाव पभू गेण्हित्तए।

३३. [प्र. १] 'भगवन्' ! यो कहकर भगवान गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान महावीर स्वामी को वन्दन-नमस्कार करके इस प्रकार पूछा–'भगवन् ! महाऋद्धि-सम्पन्न, महाद्युतियुक्त यावत् महाप्रभावशाली देव क्या पहले पुद्गल फैंककर, फिर उसके पीछे जाकर उसे पकड लेने मे समर्थ है ?'

[उ.] हाँ, गौतम ! वह समर्थ है।

[प्र. २] भगवन् ! किस कारण से देव, पहले फैंके हुए पुद्गल को, उसका पीछा करके ग्रहण करने मे समर्थ है ?

[उ.] गौतम ! जब पुद्गल फैंका जाता है, तब पहले उसकी गति तीव्र होती है, पश्चात् उसकी गति मन्द हो जाती है, जबकि महर्द्धिक देव तो पहले भी और पीछे भी शीघ्र और शीघ्र गति वाला तथा त्वरित और त्वरित गति वाला होता है। इसी कारण से देव, फैंके हुए पुद्गल का पीछा करके उसे पकड सकता है।

33. [Q. 1] *"Bhante !"* Addressing thus, Bhagavan Gautam Swami paid homage and obeisance to Shraman Bhagavan Mahavir and asked—*Bhante* ! Are gods endowed with great divine opulence... and so on up to influence capable of throwing matter, chasing it and retrieving it ?

[Ans.] Yes, Gautam ! They are capable of doing so

[Q. 2] *Bhante* ! Why gods are capable of throwing matter, chasing it and retrieving it ?

[Ans.] Gautam ! When matter is thrown, initially it moves with great speed but later its speed is reduced, whereas the speed of gods with great opulence is fast initially as well as later; moreover, it continues to accelerate. That is why gods are capable of throwing matter, chasing it and retrieving it.

३४. [प्र.] जइ णं भंते ! देवे महिड्ढीए जाव अणुपरियट्टित्ताणं गेण्हित्तए। कम्हा णं भंते ! सक्केणं देविंदेणं देवरण्णा चमरे असुरिंदे असुरराया नो संचाइए साहत्थि गेण्हित्तए ?

[उ.] गोयमा ! असुरकुमाराणं देवाणं अहे गतिविसए सीहे सीहे चेव, तुरिए तुरिए चेव। उड्ढं गतिविसए अप्पे अप्पे चेव, मंदे मंदे चेव। वेमाणियाणं देवाणं उड्ढं गतिविसिए सीहे सीहे चेव, तुरिते तुरिते चेव। अहे गतिविसए अप्पे अप्पे चेव, मंदे मंदे चेव।

जावइयं खेत्तं सक्के देविंदे देवराया उड्ढं उप्पति एक्केणं समएणं, तं वज्जे दोहिं, जं वज्जे दोहिं तं चमरे तीहिं। सव्वत्थोवे सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो उड्ढलोयकंडए, अहेलोयकंडए संखेज्जगुणे।

जावइयं खेत्तं चमरे असुरिंदे असुरराया अहे ओवयति एक्केणं समएणं, तं सक्के दोहिं, जं सक्के दोहिं तं वज्जे तीहिं, सव्वत्थोवे चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो अहेलोयकंडए, उड्ढलोयकंडए संखेज्जगुणे।

एवं खलु गोयमा ! सक्केणं देविंदेणं देवरण्णो चमरे असुरिंदे असुरराया नो संचाइए साहत्थि गेण्हित्तए।

३४. [प्र.] भगवन् ! महर्द्धिक देव पीछा करके फैके हुए पुद्गल को पकडने में समर्थ है, तो देवेन्द्र देवराज शक्र अपने हाथ से असुरेन्द्र असुरराज चमर को क्यों नही पकड सका ?

[उ.] गौतम ! असुरकुमार देवों का नीचे गमन का विषय (शक्ति-सामर्थ्य) शीघ्र-शीघ्र और त्वरित-त्वरित होता है, और ऊर्ध्वगमन विषय अल्प-अल्प तथा मन्द-मन्द होता है, जबकि वैमानिक देवो का ऊँचे जाने का विषय शीघ्र-शीघ्र तथा त्वरित-त्वरित होता है और नीचे जाने का विषय अल्प-अल्प तथा मन्द-मन्द होता है।

एक समय में देवेन्द्र देवराज शक्र जितनी दूर ऊपर जा सकता है, उतनी दूर ऊपर जाने में वज्र को दो समय लगते है और ऊपर जाने में चमरेन्द्र को तीन समय लगते हैं। (अर्थात्-) देवेन्द्र देवराज शक्र का ऊर्ध्वलोककण्डक (ऊपर जाने मे लगने वाला कालमान) सबसे थोडा है, और अधोलोककण्डक उसकी अपेक्षा संख्येयगुणा है।

४. [प्र.] से जहानामए केइ पुरिसे असिचम्मपायं गहाय गच्छेज्जा एवामेव अणगारे णं भावियप्पा असि-चम्मपायहत्थ-किच्चगएणं अप्पाणेणं उड्ढं वेहासं उप्पइज्जा ?

[उ.] हंता, उप्पइज्जा।

४. [प्र.] (भगवन् !) जैसे कोई पुरुष (किसी कार्यवश) तलवार और चर्मपात्र (ढाल अथवा म्यान) हाथ मे लेकर जाता है, क्या उसी प्रकार कोई भावितात्मा अनगार भी तलवार और ढाल (अथवा म्यान) हाथ में लिए हुए किसी कार्यवश (संघ आदि के प्रयोजन से) स्वय आकाश मे ऊपर उड़ सकता है ?

[उ.] हाँ, (गौतम !) वह ऊपर उड़ सकता है।

4. [Q.] *Bhante* ! As man goes out (on some mission) with a sword and leather shield in his hands, likewise can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) too fly in the sky to go on some mission (related to the religious organization or otherwise) with a sword and leather shield in his hands ?

[Ans.] Yes, (Gautam !) he can fly.

५. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा केवइयाइं पभू असि–चम्मपायहत्थ–किच्चगयाइं रूवाइं विउव्वित्तए ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए जुवइ जुवाणे हत्थेणं हत्थे गेण्हेज्जा तं चेव जाव विउव्विंसु वा ३।

५. [प्र.] भगवन् ! भावितात्मा अनगार कार्यवश तलवार एवं ढाल हाथ मे लिए हुए पुरुष के जैसे कितने रूपो की विकुर्वणा कर सकता है ?

[उ.] गौतम ! जैसे कोई युवक अपने हाथ से युवती के हाथ को (दृढ़तापूर्वक) पकड लेता है (श ३/१/३ के दृष्टान्त अनुसार), वैक्रियकृत रूपो से सम्पूर्ण जम्बूद्वीप को ठसाठस भर सकता है। यह उसकी शक्ति मात्र है, किन्तु कभी इतने वैक्रिय रूप बनाये नही, बनाता नहीं और बनायेगा भी नहीं।

5. [Q.] *Bhante* ! How many such human-forms on some mission and equipped with a sword and shield a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) is capable of creating by transmutation (*vikurvana*) ?

[Ans.] He can tightly pack the whole of Jambudveep continent, exactly like a young man tightly holding the hand of a young woman (as the example given in 3/1/3) However, Gautam ! This power is theoretical. In practice he has never performed transmutation to aforesaid extant, neither he does, nor will he do.

६. [प्र.] से जहानामए केइ पुरिसे एगओपडागं काउं गच्छेज्जा, एवामेव अणगारे वि भावियप्पा एगओपडागाहत्थकिच्चगएणं अप्पाणेणं उड्ढं वेहासं उप्पएज्जा ?

[उ.] हंता, गोयमा ! उप्पएज्जा।

६. [प्र.] जैसे कोई पुरुष एक हाथ मे ध्वजा वाली पताका लेकर चलता है, इसी प्रकार क्या भावितात्मा अनगार भी कार्यवश एक हाथ मे एक पताका लेकर स्वयं ऊपर आकाश में उड सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह आकाश मे उड सकता है।

6. [Q.] *Bhante* ! As man goes out (on some mission) with a flag in one of his hands; likewise can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) too fly in the sky to go on some mission with a flag in one of his hands ?

[Ans.] Yes, (Gautam !) he can fly.

७. [प्र. १] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा केवइयाइं पभू एगओपडागाहत्थकिच्चगयाइं रूवाइं विकुव्वित्तए ?

[उ.] एवं चेव जाव विकुव्विंसु वा ३। [२] एवं दुहओपडागं पि।

७. [प्र. १] भगवन् ! भावितात्मा अनगार, कार्यवश एक हाथ में पताका लेकर चलने वाले पुरुष के जैसे कितने रूपो की विकुर्वणा कर सकता है ?

[उ.] गौतम ! यहाँ सब पहले की तरह कहना चाहिए, (अर्थात् वह ऐसे वैक्रियकृत रूपों से समग्र जम्बूद्वीप को ठसाठस भर सकता है) परन्तु इतने रूपो की विकुर्वणा कभी की नही। [२] इसी तरह दोनो हाथो मे पताका लिए हुए पुरुष के जैसे रूपो की विकुर्वणा के सम्बन्ध मे कहना चाहिए।

7. [Q. 1] *Bhante* ! How many such human-forms on some mission with a flag in one of his hands a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) is capable of creating by transmutation (*vikurvana*) ?

[Ans.] Gautam ! Here repeat as aforesaid (He can tightly pack the whole of Jambudveep continent. But in practice he never performed transmutation to this extant) **[2]** The same should be repeated for transmuting of human-forms with flags in both hands.

८. [प्र.] से जहानामए केइ पुरिसे एगओजण्णावइयं काउं गच्छेज्जा, एवामेव अणगारे वि भावियप्पा एगओजण्णोवइयकिच्चगएणं अप्पाणेणं उड्ढं वेहासं उप्पएज्जा ?

[उ.] हंता, उप्पएज्जा।

८. [प्र.] भगवन् ! जैसे कोई पुरुष एक तरफ यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण करके चलता है, उसी तरह क्या भावितात्मा अनगार भी कार्यवश एक तरफ यज्ञोपवीत धारण किये हुए पुरुष की तरह स्वय ऊपर आकाश मे उड सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! उड सकता है।

8. [Q.] *Bhante* ! As a man goes out with a sacred thread (*yajnopaveet*) on one side, likewise can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) too fly in the sky to go on some mission with a sacred thread on one side ?

[Ans.] Yes, (Gautam !) he can fly.

९. [प्र. १] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा केवइयाइं पभू एगओजण्णोवइयकिच्चगयाइं रूवाइं विकुव्वित्तए ?

[उ.] तं चेव जाव विकुव्विंसु वा ३। [२] एवं दुहओजण्णोवइयं पि।

९. [प्र. १] भगवन् ! भावितात्मा अनगार कार्यवश एक तरफ यज्ञोपवीत धारण किये हुए पुरुष के जैसे कितने रूपो की विकुर्वणा कर सकता है ?

[उ.] गौतम ! पहले कहे अनुसार जान लेना चाहिए। (अर्थात् ऐसे वैक्रियकृत रूपो से वह सारे जम्बूद्वीप को ठसाठस भर सकता है।) [२] इसी तरह दोनों ओर यज्ञोपवीत धारण किये हुए पुरुष की तरह रूपों की विकुर्वणा करने के सम्बन्ध मे भी जान लेना चाहिए।

9. [Q. 1] *Bhante* ! How many such human-forms on some mission with a sacred thread on one side a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) is capable of creating by transmutation (*vikurvana*) ?

[Ans.] Gautam ! Here repeat as aforesaid. (He can tightly pack the whole of Jambudveep continent.) **[2]** The same should be repeated for transmuting of human-forms with sacred threads on both sides.

१०. [प्र. १] से जहानामए केइ पुरिसे एगओपल्लहत्थियं काउं चिट्ठेज्जा एवामेव अणगारे वि भावियप्पा ?

[उ.] तं चेव जाव विकुव्विंसु वा ३। [२] एवं दुहओपल्लहत्थियं पि।

१०. [प्र. १] भगवन् ! जैसे कोई पुरुष एक तरफ पल्हथी (सुखासन) लगाकर बैठे, इसी तरह क्या भावितात्मा अनगार भी (पल्हथी लगाकर बैठे हुए पुरुष के समान) रूप बनाकर स्वयं आकाश में उड सकता है ?

[उ.] गौतम ! पहले कहे अनुसार सब वर्णन जानना चाहिए। [२] इसी तरह दोनो तरफ पल्हथी लगाने वाले पुरुष के समान रूपविकुर्वणा के सम्बन्ध मे जान लेना चाहिए।

10. [Q. 1] *Bhante* ! As a man sits with one leg folded, likewise can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) fly in the sky in the said posture (one leg folded) ?

[Ans.] Gautam ! Here repeat all details as aforesaid. **[2]** The same should be repeated for transmuting of human-forms with both legs folded.

११. [प्र. १] से जहानामए केइ पुरिसे एगओपलियंकं काउं चिट्ठेज्जा० ?

[उ.] तं चेव जाव विकुव्विंसु वा ३। [२] एवं दुहओपलियंकं पि।

११. [प्र. १] भगवन् ! जैसे कोई पुरुष एक तरफ पर्यंकासन (पद्मासन या वज्रासन) करके बैठे, उसी तरह क्या भावितात्मा अनगार भी उस पुरुष के समान रूप-विकुर्वणा करके आकाश में उड सकता है ?

[उ.] गौतम ! (इसका उत्तर भी) पहले कहे अनुसार जानना चाहिए। [२] इसी तरह दोनों तरफ पर्यंकासन करके बैठे हुए पुरुष के समान रूप-विकुर्वणा करने के सम्बन्ध मे जान लेना चाहिए।

11. [Q. 1] *Bhante* ! As a man sits in one sided *Paryank* posture; likewise can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) fly in the sky in the said posture ?

[Ans.] Gautam ! Here repeat all details as aforesaid. [2] The same should be repeated for transmuting of human-forms with both sided *Paryank* posture

अनगार के अश्वादि रूप ASCETIC TAKING FORM OF HORSE ETC.

१२. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा बाहिरए पोग्गले अपरियाइत्ता पभू एगं महं आसरूवं वा हत्थिरूवं वा सीह–वग्घ–वग–दीविय–अच्छ–तरच्छ–परासररूवं वा अभिजुंजित्तए ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे, अणगारे णं एवं बाहिरए पोग्गले परियाइत्ता पभू।

१२. [प्र.] भगवन् ! भावितात्मा अनगार, बाहर के पुद्‌गलों को ग्रहण किये बिना एक बडे अश्व के रूप को, हाथी के रूप को, सिह, बाघ, भेडिये (वृक), चीते (द्वीपिक), रीछ (भालू), छोटे तेंदुए (रक्ष) अथवा पराशर (शरभ = अष्टापद) के रूप का अभियोग करने मे समर्थ है ?

[उ.] गौतम ! यह बात शक्य नही है। (अर्थात् विद्या, मत्र आदि के बल से ग्रहण किये हुए बाह्य पुद्‌गलो के बिना यह पूर्वोक्त रूपो का अभियोग नही कर सकता।) वह भावितात्मा अनगार बाहर के पुद्‌गलो को ग्रहण करके (पूर्वोक्त रूपो का अभियोग करने मे) समर्थ है।

12. [Q.] *Bhante* ! Without acquiring outside matter particles, is a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) capable of performing *abhiyoga* (entering into and manipulating some other body) and taking the following forms—a large horse, elephant, lion, tiger, wolf (*vrik*), cheetah (*dvipik*), bear, leopard (*raksh*) or a *Parashar* (an extinct species of ferocious animal) ?

[Ans.] Gautam ! It is not possible. However, that sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) is capable of performing *abhiyoga* by acquiring outside matter particles.

१३. [प्र. १] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा एगं महं आसरूवं वा अभिजुंजित्ता अणेगाइं जोयणाइं गमित्तए पभू ?

[उ.] हंता, पभू।

१३. [प्र. १] भगवन् ! भावितात्मा अनगार, एक बडे अश्व के रूप का अभियोजन करके अनेक योजन तक जा सकता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह वैसा करने में समर्थ है।

13. [Q. 1] *Bhante* ! Is a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) performing *abhiyoga* and taking the form of a large horse capable of travelling a distance of many *Yojans* ?

[Ans.] Yes, he is capable of doing that

[प्र. २] से भंते ! किं आयड्ढीए गच्छति, परिड्ढीए गच्छति ?

[उ.] गोयमा ! आयड्ढीए गच्छइ, नो परिड्ढीए गच्छइ।

[प्र. २] भगवन् ! क्या वह (इतने योजन तक) आत्म-ऋद्धि (अपनी शक्ति) से जाता है या पर-ऋद्धि से जाता है ?

[उ.] गौतम ! वह आत्म-ऋद्धि से जाता है, पर-ऋद्धि से नहीं जाता।

[Q. 2] *Bhante* ! Does that sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) move (many *Yojans*) with its own power or that of others ?

[Ans.] He moves with his own power and not with that of others.

[३] एवं आयकम्मुणा, नो परकम्मुणा। आयप्पओगेणं, नो परप्पओगेणं।

[४] उस्सिओदगं वा गच्छइ पतोदगं वा गच्छइ।

[३] इसी प्रकार वह स्वकर्म (अपनी क्रिया) से जाता है, परकर्म से नही; आत्म-प्रयोग से जाता है, किन्तु पर-प्रयोग से नही।

[४] वह उच्छ्रितोदय (सीधे खडे) रूप मे भी जा सकता है और पतितोदय (पडे हुए) रूप में भी जा सकता है।

[3] In the same way he moves with his own action and not with that of others Also he moves with his own effort and not with that of others.

[4] He can move both in erect posture as well as prostrate posture.

१४. [प्र. १] से णं भंते ! किं अणगारे आसे ?

[उ.] गोयमा ! अणगारे णं से, नो खलु से आसे। [२] एवं जाव परासररूवं वा।

१४. [प्र. १] भगवन् ! वह अश्वरूपधारी भावितात्मा अनगार, क्या (अश्व की विक्रिया के समय) अश्व है ?

[उ.] गौतम ! (वास्तव मे) वह अनगार है, अश्व नही। [२] इसी प्रकार पराशर (शरभ या अष्टापद) तक के रूपो के सम्बन्ध मे भी कहना चाहिए।

14. [Q. 1] *Bhante* ! (At that time) is that sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) in the form of a horse, actually a horse ?

[Ans.] Gautam ! He is, in fact, an ascetic and not a horse. [2] All these details should be repeated for other forms up to *Parashar*

विवेचन : प्रस्तुत तीनो सूत्रो का सार इस प्रकार है–

(१) भावितात्मा अनगार विद्या आदि के बल से बाह्य पुद्गलो को ग्रहण किये बिना अश्वादि रूपो का अभियोजन नहीं कर सकता। (२) अश्वादि रूपो का अभियोजन करके वह अनेकों योजन जा सकता है, पर

वह जाता है अपनी लब्धि, अपनी क्रिया या अपने प्रयोग से। (३) अश्वादि का रूप बनाया हुआ वह अनगार अश्व आदि नही होता, वह वास्तव मे अनगार ही होता है।

अभियोग और वैक्रिय में अन्तर–वैक्रिय रूप वैक्रिय लब्धि या वैक्रिय समुद्घात द्वारा किया जाता है–जबकि अभियोग किया जाता है- विद्या, मत्र, तत्र आदि के बल से। अभियोग मे मत्रादि के बल से अश्वादि के रूप मे प्रवेश करके उसके द्वारा क्रिया कराई जाती है। दोनो के द्वारा रूप-परिवर्तन या विविध रूप निर्माण मे समानता दिखलाई देती है, परन्तु दोनो की प्रक्रिया मे अन्तर है। अभियोग भी एक प्रकार की विक्रिया ही है। दोनों के कर्त्ता मायी (प्रमादी एवं कषायवान्) साधु होते है। उत्तरा २६/२६२ मे अभियोगिकी भावना का वर्णन द्रष्टव्य है।

Elaboration—The gist of the preceding three aphorisms is as follows—

(1) Even with the help of his special powers a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) cannot acquire (*abhiyojan*) other forms, like that of a horse, without accepting matter particles from outside. (2) After acquiring such forms he can travel long distances but that is done with his own special powers, action and effort (3) That ascetic in the form of a horse is not a horse, he is actually an ascetic

Difference between abhiyoga and vaikriya—*Vaikriya* (transmuted) form is acquired through the process of *Vaikriya Samudghat*, whereas *abhiyoga* is done with the help of special powers, *mantra* and *tantra* *Abhiyoga* is a process where one enters the form or body of a horse etc and performs actions through it. The two activities appear to be similar in terms of change of form or creating a variety of forms However, the processes are different. *Abhiyoga* (acquisition of a form) too is a type of *vikriya* (transmutation). Both these actions are performed by maligned ascetics who are under influence of stupor or passions The description of *Abhiyogiki Bhaavana* (sentiment of pursuing transformation) in *Uttaradhyayan Sutra* (26/262) is worth a study

विकुर्वणा का फल FRUITS OF TRANSMUTATION

१५. [प्र. १] से भंते ! किं मायी विकुव्वति ? अमायी विकुव्वति ?

[उ.] गोयमा ! मायी विकुव्वति, नो अमायी विकुव्वति।

१५. [प्र. १] भगवन् ! क्या मायी अनगार विकुर्वणा करता है, या अमायी अनगार विकुर्वणा करता है?

[उ.] गौतम ! मायी अनगार विकुर्वणा करता है, अमायी अनगार विकुर्वणा नहीं करता।

15. [Q. 1] *Bhante* ! Does a maligned (*maayi*; this includes spiritually torpid and passion-infested) person perform transmutation (*vikurvana*) ?

Or does a non-maligned (*amaayi*; this includes spiritually alert and passion-free) person perform transmutation ?

[Ans.] Gautam ! A maligned ascetic performs transmutation, a non-maligned ascetic does not perform transmutation.

[प्र. २] माइ णं तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंते कालं करेइ कहिं उववज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! अन्नयरेसु आभिओगिएसु देवलोगेसु देवत्ताए उववज्जइ।

[प्र. ३] अमायी णं तस्स ठाणस्स आलोइयपडिक्कंते कालं करेइ कहिं उववज्जइ ?

[उ.] गोयमा ! अन्नयरेसु अणाभिओगिएसु देवलोगेसु देवत्ताए उववज्जइ। सेवं भंते २ त्ति।

[प्र. २] मायी अनगार पूर्वोक्त प्रकार की विकुर्वणा करने के पश्चात् उस (प्रमादरूप दोष) स्थान की आलोचना एवं प्रतिक्रमण किये बिना मृत्यु पाकर कहाँ उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! वह अनगार आभियोगिक देवलोको (अच्युतकल्प तक) में से किसी एक देवलोक में देवरूप मे उत्पन्न होता है।

[प्र. ३] भगवन् ! अमायी (अप्रमत्त) अनगार उस प्रकार की विकुर्वणा क्रिया करने के पश्चात् पश्चात्तापपूर्वक उक्त प्रमादरूप दोष-स्थान की आलोचना प्रतिक्रमण करने के पश्चात् मरकर कहाँ उत्पन्न होता है ?

[उ.] गौतम ! वह अनाभियोगिक (आभियोगिक से इतर) देवलोको (अच्युतकल्प से ऊपर के) में से किसी देवलोक मे देवरूप से उत्पन्न होता है।

हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है।

[Q. 2] If a maligned ascetic dies without critical review and atonement for the said deed (the act of transmutation), where does he reincarnate ?

[Ans.] Gautam ! That ascetic reincarnates as a god in one of the *Aabhiyogik Dev-loks*. (divine realms up to *Achyut Kalp*)

[Q. 3] *Bhante* ! If a non-maligned ascetic dies after doing critical review and atonement for that deed (the act of transmutation), where does he reincarnate ?

[Ans.] Gautam ! That ascetic reincarnates as a god in one of the *Anabhiyogik Dev-loks*. (divine realms above *Achyut Kalp*).

"*Bhante* ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

१६. गाहा—इत्थी असी पडागा जण्णोवइए य होइ बोद्धव्वं।

पल्हत्थिय पलियंके अभियोगविकुव्वणा मायी॥१॥ (संग्रहणी गाथा)

॥ तइए सए : पंचमो उद्देसो समत्तो ॥

१६. संग्रहणी गाथा का अर्थ—स्त्री, असि (तलवार), पताका, यज्ञोपवीत (जनेऊ), पल्हथी, पर्यंकासन; इन सब रूपों के अभियोग और विकुर्वणा-सम्बन्धी वर्णन इस (पचम) उद्देशक मे है तथा ऐसा कार्य (अभियोग तथा विकुर्वणा का प्रयोग) मायी करता है, यह भी बताया गया है।

॥ तृतीय शतक : पंचम उद्देशक समाप्त ॥

16. Collative verse—This (fifth) lesson contains description of transformation into and acquisition of forms including woman, sword, flag, sacred thread and postures (folded legs and *Paryank*). Also included is the information that all these acts are performed by a maligned ascetic.

● END OF THE FIFTH LESSON OF THE THIRD CHAPTER ●

तृतीय शतक : छठा उद्देशक
THIRD SHATAK (Chapter Three) : SIXTH LESSON

अनगार वीर्यलब्धि ANAGAR VIRYALABDHI (POTENCY ACQUISITION BY ASCETIC)

मिथ्यादृष्टि की विकुर्वणा TRANSMUTATION BY THE UNRIGHTEOUS

१. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा मायी मिच्छद्दिट्ठी वीरियलद्धीए वेउव्वियलद्धीए विभंगनाणलद्धीए वाणारसिं नगरिं समोहए, समोहण्णित्ता रायगिहे नगरे रूवाइं जाणति पासति ?

[उ.] हंता, जाणइ पासइ।

१. [प्र.] भगवन् ! भावितात्मा अनगार जो मिथ्यादृष्टि और मायी (कषायवान्) है तथा वीर्यलब्धि से, वैक्रियलब्धि से और विभगज्ञानलब्धि से सम्पन्न है, वह राजगृह नगर मे रहा हुआ वाराणसी नगरी की विकुर्वणा करके क्या राजगृह के (मनुष्य, महल आदि) रूपो को जानता-देखता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह (अनगार) उन वहाँ स्थित रूपो को जानता और देखता है।

1. [Q.] *Bhante* ! Can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*), who is unrighteous (*mithyadrishti*), *maayi* (under influence of passions) and endowed with potency (*virya labdhi*), power of transmutation (*vaikriya labdhi*) and power of pervert knowledge (*vibhang jnana labdhi*), while living in Rajagriha city, see and know the make-up (houses and people) of Varanasi city by creating a transmuted form of Rajagriha city.

[Ans.] Yes, Gautam ! He (the ascetic) sees the make-up (houses and people) of that city.

२. [प्र. १] से भंते ! किं तहाभावं जाणइ पासइ ? अन्नहाभावं जाणइ पासइ ?

[उ.] गोयमा ! णो तहाभावं जाणइ पासइ, अन्नहाभावं जाणइ पासइ।

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ 'नो तहाभावं जाणइ पासइ, अन्नहाभावं जाणइ पासइ ?'

[उ.] गोयमा ! तस्स णं एवं भवति-एवं खलु अहं रायगिहे नगरे समोहए, समोहण्णित्ता वाणारसीए नगरीए रूवाइं जाणामि पासामि, से से दंसणे विवच्चासे भवति, ते तेणट्ठेणं जाव पासति।

२. [प्र. १] भगवन् ! क्या वह उन रूपो को तथाभाव (यथार्थरूप से) जानता-देखता है, अथवा अन्यथाभाव (विपरीत रूप) से जानता-देखता है ?

[उ.] गौतम ! वह तथाभाव से नहीं जानता-देखता, किन्तु अन्यथाभाव से जानता-देखता है।

[प्र. २] भगवन् ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है कि वह यथार्थरूप से नहीं जानता-देखता, किन्तु अन्यथाभाव से जानता-देखता है ?

[उ.] गौतम ! उस (अनगार) के मन मे (दृष्टि विपर्यय के कारण) इस प्रकार का विचार होता है कि वाराणसी नगरी में रहे हुए मैंने राजगृह नगर की विकुर्वणा की है और विकुर्वणा करके मैं वाराणसी के रूपो को जानता-देखता हूँ। इस प्रकार उसका दर्शन विपरीत होता है। इस कारण से ऐसा कहा जाता है कि वह यथार्थरूप से नहीं, किन्तु अन्यथाभाव से जानता-देखता है।

2. [Q. 1] *Bhante* ! Does he see and know that make-up realistically (*tatha-bhaava*) or unrealistically (*anyatha-bhaava*) ?

[Ans.] Gautam ! He does not see and know realistically (*tatha-bhaava*) but sees and knows unrealistically (*anyatha-bhaava*).

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it said that he does not see and know realistically (*tatha-bhaava*) but sees unrealistically (*anyatha-bhaava*) ?

[Ans.] Gautam ! That ascetic thinks (due to delusion) that while living in Varanasi city he had created Rajagriha city and doing that he sees and knows the make-up of Varanasi city Thus his vision is opposite. That is why it is said that he does not see and know realistically (*tatha-bhaava*) but sees and knows unrealistically (*anyatha-bhaava*).

३. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा मायी मिच्छद्दिट्ठी जाव रायगिहे नगरे समोहए, समोहण्णित्ता वाणारसीए नगरीए रूवाइं जाणइ पासइ ?

[उ.] हंता, जाणइ पासइ। तं चेव जाव तस्स णं एवं भवइ—एवं खलु अहं वाणारसीए नगरीए समोहए, समोहणित्ता रायगिहे नगरे रूवाइं जाणामि पासामि, से से दंसणे विवच्चासे भवति, से तेणट्ठेणं जाव अन्नहाभावं जाणइ पासइ।

३. [प्र.] भगवन् ! मायी मिथ्यादृष्टि भावितात्मा अनगार, वाराणसी मे रहा हुआ यावत् राजगृह नगर की विकुर्वणा करके क्या वाराणसी के रूपो को जानता और देखता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह उन रूपो को जानता और देखता है। यावत्-उस अनगार के मन में इस प्रकार का विचार होता है कि राजगृह नगर मे रहा हुआ मै वाराणसी नगरी की विकुर्वणा करके तद्गत (राजगृह नगर के) रूपो को जानना और देखता हूँ। इस प्रकार उसका दर्शन विपरीत होता है। इस कारण से, यावत्-वह अन्यथाभाव से जानता-देखता है।

3. [Q.] *Bhante* ! Can an unrighteous (*mithyadrishti*) and *maayi* (under influence of passions) sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*)... and so on up to... while living in Varanasi city, see and know the make-up (houses and people) of Rajagriha city by creating a transmuted form of Varanasi city ?

[Ans.] Yes, Gautam ! He (the ascetic) sees the make-up (houses and people) of that city... and so on up to... that ascetic thinks (due to

delusion) that while living in Rajagriha city he had created Varanasi city and doing that he sees and knows the make-up of Rajagriha city. Thus his vision is opposite. That is why... and so on up to... he sees and knows unrealistically (*anyatha-bhaava*).

४. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा मायी मिच्छद्दिट्ठी वीरियलद्धीए वेउव्वियलद्धीए विभंगणाणलद्धीए वाणारसिं नगरिं रायगिहं च नगरं अंतरा य एगं महं जणवयवग्गं समोहए, समोहणित्ता वाणारसिं नगरिं रायगिहं च नगरं तं अंतरा एगं महं जणवयवग्गं जाणति पासति ?

[उ.] हंता, जाणति पासति।

४. [प्र.] भगवन् ! मायी मिथ्यादृष्टि भावितात्मा अनगार अपनी वीर्यलब्धि से, वैक्रियलब्धि से, और विभगज्ञानलब्धि से वाराणसी नगरी और राजगृह नगर के बीच में एक बड़े जनपद-वर्ग (देश-समूह) की विकुर्वणा करके उस (वाराणसी और राजगृह के बीच में विकुर्वित) बड़े जनपद वर्ग को जानता और देखता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! वह (उस विकुर्वित बडे जनपद-वर्ग को) जानता और देखता है।

4. **[Q.]** *Bhante* ! Can an unrighteous (*mithyadrishti*) and *maayi* (under influence of passions) sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) create by transmutation a *janapad-varg* (a state-like vast inhabited area) between Varanasi city and Rajagriha city with the help of his potency (*virya labdhi*), power of transmutation (*vaikriya labdhi*) and power of pervert knowledge (*vibhang jnana labdhi*) and then see and know it (that vast inhabited area between Varanasi city and Rajagriha city) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! He (the ascetic) sees and knows that (the vast inhabited area created by transmutation).

५. [प्र. १] से भंते ! किं तहाभावं जाणइ पासइ, अन्नहाभावं जाणइ पासइ ?

[उ.] गोयमा ! णो तहाभावं जाणति पासइ, अन्नहाभावं जाणइ पासइ।

[प्र. २] से केणट्ठेणं जाव पासइ ?

[उ.] गोयमा ! तस्स खलु एवं भवति-एस खलु वाणारसी नगरी, एस खलु रायगिहे नगरे, एस खलु अंतरा एगे महं जणवयवग्गे, नो खलु एस महं वीरियलद्धी वेउव्वियलद्धी विभंगनाणलद्धी इड्ढी जुती जसे बले वीरिए पुरिसक्कारपरक्कमे लद्धे पत्ते अभिसमन्नागए, से से दंसणे विवच्चासे भवति, से तेणट्ठेणं जाव पासति।

५. [प्र. १] भगवन् ! क्या वह उस जनपदवर्ग को तथाभाव से जानता-देखता है, अथवा अन्यथाभाव से जानता-देखता है ?

[उ.] गौतम ! वह उस जनपदवर्ग को तथाभाव से नहीं जानता-देखता; किन्तु अन्यथाभाव से जानता-देखता है।

[प्र. २] भगवन् ! वह उस जनपदवर्ग को अन्यथाभाव से यावत् जानता-देखता है, इसका क्या कारण है?

[उ.] गौतम ! उस अनगार के मन में ऐसा विचार होता है कि यह वाराणसी नगरी है, यह राजगृह नगर है तथा इन दोनों के बीच में यह एक बड़ा जनपदवर्ग है। परन्तु यह मेरी वीर्यलब्धि, वैक्रियलब्धि या विभंगज्ञानलब्धि नहीं है, और न ही मेरे द्वारा उपलब्ध, प्राप्त और अभिसमन्वागत यह ऋद्धि, द्युति, यश, बल और पुरुषकार-पराक्रम है। इस प्रकार का उक्त अनगार का दर्शन विपरीत होता है। इस कारण से, यावत् वह अन्यथाभाव से जानता-देखता है।

5. [Q. 1] *Bhante* ! Does he see and know that *janapad-varg* realistically (*tatha-bhaava*) or unrealistically (*anyatha-bhaava*)?

[Ans.] Gautam ! He does not see and know realistically (*tatha-bhaava*) but sees and knows unrealistically (*anyatha-bhaava*).

[Q. 2] Bhante ! Why is it said that he does not see and know realistically (*tatha-bhaava*) but sees unrealistically (*anyatha-bhaava*)?

[Ans.] Gautam ! That ascetic thinks (due to delusion) that this was Varanasi city and this was Rajagriha city In between these two this was a vast *janapad-varg*. But this is neither his potency (*virya labdhi*), power of transmutation (*vaikriya labdhi*) and power of pervert knowledge (*vibhang jnana labdhi*) nor the *riddhi* (opulence), *dyuti* (radiance), *bal* (physical strength), *yash* (fame) or self-exertion (*purushakar-parakram*) received, acquired, confirmed by him. This is how the vision of that ascetic is distorted That is why it is said that. and so on up to... he sees and knows unrealistically (*anyatha-bhaava*).

विवेचन : यहाँ प्रश्न उठता है कि जो भावितात्मा अनगार है, वह मायी मिथ्यादृष्टि कैसे हो सकता है? इसके उत्तर मे वृत्तिकार का स्पष्टीकरण है कि यहाँ अनगार का अर्थ गृहवास त्याग करने वाले से है, न कि जैनभिक्षु से, तथा भावितात्मा का अर्थ है अपने शास्त्र व स्व-दर्शन के अनुसार शम, दम, यम आदि नियमों का धारक। ऐसा अनगार सकषायी और मिथ्यादृष्टि होने से उसका दर्शन भी विपरीत होता है। वह अपने वैक्रियकृत रूपो को वास्तविक रूप मे नही देखकर दिग्मूढ या उन्मत्त मनुष्य जैसी अवस्था मे विपरीत रूप मे ही ग्रहण करता है। इसलिए उसका अनुभव, दर्शन और क्षेत्र सम्बन्धी विचार विपरीत होता है। *(वृत्ति, पत्रांक १९३)*

तीन लब्धियाँ-(१) वीर्यलब्धि, (२) वैक्रियलब्धि, और (३) विभंगज्ञानलब्धि। ये तीनों लब्धियाँ विकुर्वणा करने की मुख्य साधन है-(१) वीर्यलब्धि से शक्ति स्फुरण करता है, (२) वैक्रियलब्धि से वैक्रिय समुद्घात करके विविध रूपो की विकुर्वणा करता है, और (३) विभंगज्ञानलब्धि से राजगृहादिक पशु, पुरुष आदि विविध रूपों को जानता-देखता है। मिथ्यादृष्टि होने के कारण इसका दर्शन और ज्ञान विपरीत ग्राही होता है।

आचार्य महाप्रज्ञ जी यहाँ दर्शन विपर्यय (मिथ्यादृष्टि) को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं-"राजगृह में रहते हुए वह वाराणसी नगरी का निर्माण करता है, किन्तु वह सोचता है मैंने वैक्रिय शक्ति द्वारा राजगृह का निर्माण किया है, और मैं वाराणसी में विद्यमान रूपों को जान-देख रहा हूँ। वह अपने द्वारा निर्मित नगरों को वास्तविक मान लेता है। उसे यह ज्ञान नहीं रहता कि यह सब मैंने अपनी वैक्रिय शक्ति द्वारा किया है।" *(भगवई · भाग २, पृष्ठ ६१-६२)*

Elaboration—Here a question arises naturally—how can a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) be unrighteous (*mithyadrishti*) and *maayi* (under influence of passions) ? The commentator (*Vritti*) explains it by stating that here the term *anagar* means a homeless mendicant and not Jain ascetic. And *bhavitatma* means the follower of codes and rituals of pacification, suppression and discipline according to his own scriptures and philosophy. Because such *anagars* are unrighteous and deceitful their perception is also pervert. They do not see the said transmuted forms as their own creation but real as seen by a deluded or mad person. Therefore their experience, perception and idea about that area is unrealistic *(Vritti, leaf 193)*

Three special powers—(1) *Virya labdhi* (potency), (2) *Vaikriya labdhi* (power of transmutation), and (3) *Vibhang jnana labdhi* (power of pervert knowledge). These three special powers are instrumental in performing transmutation—(1) *Virya labdhi* (potency) helps activating the source of energy. (2) *Vaikriya labdhi* (power of transmutation) helps creating a variety of forms through the process of *Vaikriya Samudghat*. (3) *Vibhang jnana labdhi* (power of pervert knowledge) helps seeing and knowing the forms so created. As he is unrighteous his perception and knowledge makes his understanding pervert or contradictory.

Explaining the pervert or contradicting perception (*mithyadrishti*), Acharya Mahaprajna states—'While living in Rajagriha he creates Varanasi city but thinks that with his power of transmutation he had created Rajagriha and was observing the things existing in Varanasi. He believes the cities created by him to be real. He forgets that all that was created by him through his power of transmutation.' *(Bhagavai, Part-2, pp. 61-62)*

सम्यग्दृष्टि अनगार की विकुर्वणा TRANSMUTATION BY THE RIGHTEOUS

६. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा अमायी सम्मद्दिट्ठी वीरियलद्धीए वेउव्वियलद्धीए ओहिनाणलद्धीए रायगिहे नगरे समोहए, समोहणित्ता वाणारसीए नगरीए रूवाइं जाणइ पासइ ?

[उ.] हंता, जाणति पासति।

७. [प्र. १] से भंते ! किं तहाभावं जाणइ पासइ ? अन्नहाभावं जाणति पासति ?

[उ.] गोयमा ! तहाभावं जाणति पासति, नो अन्नहाभावं जाणति पासति।

[प्र. २] से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ ?

[उ.] गोयमा ! तस्स णं एवं भवति-एवं खलु अहं रायगिहे नगरे समोहए, समोहण्णित्ता वाणारसीए नगरीए रूवाइं जाणामि पासामि, से से दंसणे अविवच्चासे भवति, से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चति।

८. बीओ वि आलावगो एवं चेव, नवरं वाणारसीए नगरीए समोहणा णेयव्वा, रायगिहे नगरे रूवाइं जाणइ पासइ।

६. [प्र.] भगवन् ! वाराणसी नगरी मे रहा हुआ अमायी सम्यग्दृष्टि भावितात्मा अनगार, वीर्यलब्धि से, वैक्रियलब्धि से और अवधिज्ञानलब्धि से राजगृह नगर की विकुर्वणा करके क्या राजगृह में विद्यमान रूपों को जानता-देखता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! (वह उन रूपों को) जानता-देखता है।

७. [प्र. १] भगवन् ! वह उन रूपो को तथाभाव (यथार्थ रूप) से जानता-देखता है, अथवा अन्यथाभाव से जानता-देखता है ?

[उ.] गौतम ! वह उन रूपो को तथाभाव से जानता-देखता है, किन्तु अन्यथाभाव (विपरीत रूप) से नहीं जानता-देखता।

[प्र. २] भगवन् ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि वह तथाभाव से उन रूपो को जानता-देखता है, अन्यथाभाव से नही ?

[उ.] गौतम ! उस अनगार के मन मे इस प्रकार का विचार, चिन्तन होता है कि 'वाराणसी नगरी मे रहा हुआ मैं राजगृह नगर की विकुर्वणा करके वाराणसी के रूपो को जानता-देखता हूँ।' इस प्रकार उसका दर्शन अविपरीत (सम्यक्/यथार्थ) होता है। गौतम ! इस कारण से ऐसा कहा जाता है कि वह तथाभाव से जानता-देखता है।

८. दूसरा आलापक भी इसी तरह कहना चाहिए। किन्तु विशेष यह है कि विकुर्वणा वाराणसी नगरी की समझनी चाहिए और राजगृह नगर मे रहकर वाराणसी के रूपो को जानता-देखता है।

6. [Q.] *Bhante* ! Can a righteous (*samyagdrishti*) and *amaayi* (free of the influence of passions) sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*), while living in Varanasi city, see and know the make-up of Rajagriha city by creating a transmuted form of Rajagriha city through his potency (*virya labdhi*), power of transmutation (*vaikriya labdhi*) and power of extra-sensory knowledge (*Avadhi-jnana labdhi*) ?

[Ans.] Yes, Gautam ! He (the ascetic) sees the make-up of that city.

7. [Q. 1] *Bhante* ! Does he see and know that make-up realistically (*tatha-bhaava*) or unrealistically (*anyatha-bhaava*) ?

[Ans.] Gautam ! He sees and knows realistically (*tatha-bhaava*) and not unrealistically (*anyatha-bhaava*).

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it said that he sees and knows realistically (*tatha-bhaava*) and not unrealistically (*anyatha-bhaava*) ?

[Ans.] Gautam ! That ascetic thinks that while living in Varanasi city he had created Rajagriha city and doing that he saw and knew the make-up of Varanasi city. Thus his vision is not opposite (realistic). That is why it is said that he sees and knows realistically (*tatha-bhaava*).

8. The second statement should also be stated like that with the difference that transmutation is of Varanasi city and he sees and knows the make-up of Varanasi city while living in Rajagriha.

विवेचन : प्रस्तुत मे अनगार का अर्थ–अरिहत भगवान की आज्ञानुसार गृह त्याग करने वाला मुनि तथा भावितात्मा का अर्थ–ज्ञान–वैराग्य, तप–सयम की भावना से आत्मा को भावित करने वाला है। सम्यग्दृष्टि होने से उसका दर्शन यथार्थ ग्राही होता है।

आगमो मे यह शब्द विभिन्न सन्दर्भों में प्रयुक्त हुआ है। जैसे–प्रस्तुत प्रसग मे सयम–तप से युक्त अवधिज्ञान आदि लब्धियो से सम्पन्न अनगार। स्थानाग (५) में 'ऋद्धिमान' अणगार तथा भगवती (१८ शतक) मे 'वीतराग आत्मा' के लिए भी भावितात्मा शब्द प्रयुक्त हुआ है।

Elaboration—Here *Anagar* means an ascetic who has renounced household following the tenets of *Arihant*. *Bhavitatma* means one who enkindles his soul with endeavour for knowledge, detachment, austerities and discipline As he is righteous his perception is realistic.

In *Agams* the term *bhavitatma* has been used in various contexts. Here he is an ascetic practicing austerities, discipline and is endowed with *Avadhi-jnana*. In *Sthananga* (5) he is an ascetic endowed with special powers (*riddhiman*). In *Bhagavati* (18) he is a detached soul (*vitarag atma*).

९. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा अमायी सम्मद्दिट्ठी वीरियलद्धीए वेउव्वियलद्धीए ओहिणाणलद्धीए रायगिहं नगरं वाणारसिं च नगरिं अंतरा य एगं महं जणवयवग्गं समोहए, समोहणित्ता रायगिहं नगरं वाणारसिं च नगरिं तं च अंतरा एगं महं जणवयवग्गं जाणइ पासइ ?

[उ.] हंता, जाणइ पासइ।

९. [प्र.] भगवन् ! अमायी सम्यग्दृष्टि भावितात्मा अनगार, अपनी वीर्यलब्धि, वैक्रियलब्धि और अवधिज्ञानलब्धि से, राजगृह नगर और वाराणसी नगरी के बीच में एक बड़े जनपदवर्ग की विकुर्वणा करके उसको जानता–देखता है ?

[उ.] हाँ, गौतम ! (वह उस जनपदवर्ग को) जानता-देखता है।

9. [Q.] *Bhante* ! Can a righteous (*samyagdrishti*) and *amaayi* (free of the influence of passions) sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) create by transmutation a *janapad-varg* (a state-like vast inhabited area) between Varanasi city and Rajagriha city with the help of his potency (*virya labdhi*), power of transmutation (*vaikriya labdhi*) and power of extra-sensory knowledge (*Avadhi-jnana labdhi*) and then see and know it ?

[Ans.] Yes, Gautam ! He (the ascetic) sees and knows that (the vast inhabited area created by transmutation).

१०. [प्र. १] से भंते ! किं तहाभावं जाणइ पासइ ? अन्नहाभावं जाणइ पासइ ?

[उ.] गोयमा ! तहाभावं जाणइ पासइ, णो अन्नहाभावं जाणइ पासइ।

[प्र. २] से केणट्ठेणं ?

[उ.] गोयमा ! तस्स णं एवं भवति-नो खलु एस रायगिहे णगरे, णो खलु एस वाणारसी नगरी, नो खलु एस अंतरा एगे जणवयवग्गे। एस खलु ममं वीरियलद्धी वेउव्वियलद्धी ओहिणाणलद्धी इड्ढी जुती जसे बले वीरिए पुरिसक्कारपरक्कमे लद्धे पत्ते अभिसमन्नागए। से से दंसणे अविवच्चासे भवति, से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चति-तहाभावं जाणति पासति, नो अन्नहाभावं जाणति पासति।

१०. [प्र. १] भगवन् ! क्या वह उस जनपदवर्ग को तथाभाव से जानता और देखता है, अथवा अन्यथाभाव से जानता-देखता है ?

[उ.] गौतम ! वह उस जनपदवर्ग को तथाभाव से जानता और देखता है, परन्तु अन्यथाभाव से नही जानता-देखता।

[प्र. २] भगवन् ! इसका कारण क्या है ?

[उ.] गौतम ! उस अमायी सम्यग्दृष्टि भावितात्मा अनगार के मन मे ऐसा विचार चिन्तन होता है कि (वास्तव में) न तो यह राजगृह नगर है और न यह वाराणसी नगरी है, तथा न ही इन दोनो के बीच मे यह एक बडा जनपदवर्ग है, किन्तु यह मेरी ही वीर्यलब्धि है, वैक्रियलब्धि है और अवधिज्ञानलब्धि है; तथा यह मेरे द्वारा उपलब्ध, प्राप्त एवं अभिमुखसमागत (विपाक में आये) ऋद्धि, द्युति, यश, बल, वीर्य और पुरुषकार-पराक्रम है। उसका वह दर्शन अविपरीत-यथार्थ ग्राही होता है। इसी कारण से, हे गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि वह अमायी सम्यग्दृष्टि अनगार तथाभाव से जानता-देखता है, किन्तु अन्यथाभाव से नही जानता-देखता।

10. [Q. 1] *Bhante* ! Does he see and know that *janapad-varg* realistically (*tatha-bhaava*) or unrealistically (*anyatha-bhaava*) ?

[Ans.] Gautam ! He sees and knows it realistically (*tatha-bhaava*) and not unrealistically (*anyatha-bhaava*).

[Q. 2] *Bhante* ! Why is it said that he sees and knows it realistically (*tatha-bhaava*) and not unrealistically (*anyatha-bhaava*) ?

[Ans.] Gautam ! That righteous (*samyagdrishti*) and *amaayi* (free of the influence of passions) sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) thinks that this was neither Varanasi city nor was this Rajagriha city. It was also not a vast *janapad-varg* in between these two. But this was his potency (*virya labdhi*), power of transmutation (*vaikriya labdhi*) and power of extra-sensory knowledge (*Avadhi-jnana labdhi*). Also it was the *riddhi* (opulence), *dyuti* (radiance), *bal* (physical strength), *yash* (fame) or self-exertion (*purushakar-parakram*) received, acquired, confirmed by him (due to fruition of *karmas*). This vision of that ascetic is not distorted but realistic That is why it is said that . and so on up to... he sees and knows realistically (*yatha-bhaava*) and not unrealistically (*anyatha-bhaava*).

११. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा बाहिरए पोग्गले अपरियाइत्ता पभू एगं महं गामरूवं वा नगररूवं वा जाव सन्निवेसरूवं वा विकुव्वित्तए ?

[उ.] णो इणट्ठे समट्ठे।

१२. एवं बितिओ वि आलावगो, णवरं बाहिरए पोग्गले परियाइत्ता पभू।

११. [प्र.] भगवन् ! भावितात्मा अनगार बाहर के पुद्गलो को ग्रहण किये बिना, एक बड़े ग्रामरूप की, नगररूप की, यावत्-सन्निवेश के रूप की विकुर्वणा कर सकता है ?

[उ.] गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

१२. इसी प्रकार दूसरा आलापक भी कहना चाहिए, किन्तु इसमे विशेष यह है कि बाहर के (वैक्रियक) पुद्गलो को ग्रहण करके वह अनगार, उस प्रकार के रूपों की विकुर्वणा कर सकता है।

11. [Q.] *Bhante* ! Without acquiring outside matter particles, is a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) capable of transmuting (*vikurvana*) and creating a large village, city... and so on up to... an inhabited area (*sannivesh*) ?

[Ans.] Gautam ! He is not capable of doing so.

12. The second statement should be stated in the same way with the difference that by acquiring outside matter particles that ascetic could create the said forms by transmutation.

१३. [प्र.] अणगारे णं भंते ! भावियप्पा केवइयाइं पभू गामरूवाइं विकुव्वित्तए ?

[उ.] गोयमा ! से जहानामए जुवति जुवाणे हत्थेणं हत्थे गेण्हेज्जा तं चेव जाव विकव्विंसु वा ३। एवं जाव सन्निवेसरूवं वा।

१३. [प्र.] भगवन् ! भावितात्मा अनगार कितने ग्रामरूपो की विकुर्वणा करने में समर्थ है ?

[उ.] गौतम ! जैसे युवक युवती का हाथ अपने हाथ से दृढतापूर्वक पकडकर चलता है, इस पूर्वोक्त दृष्टान्त के अनुसार समग्र वर्णन यहाँ कहना चाहिए; (अर्थात् वह इस प्रकार के रूपो से सारे जम्बूद्वीप को ठसाठस भर सकता है) यह उसकी केवल विकुर्वण-क्षमता है, किन्तु इतने रूपो की विकुर्वणा कभी की नहीं, (करता नहीं और करेगा भी नहीं।) इसी तरह से यावत् सन्निवेशरूपों (की विकुर्वणा) पर्यन्त कहना चाहिए।

13. [Q.] *Bhante* ! How many such village-forms a sagacious ascetic (*bhaavitatma anagar*) is capable of creating by transmutation (*vikurvana*) ?

[Ans.] Gautam ! (He can tightly pack the whole of Jambudveep continent) exactly like the aforesaid example of a young man tightly holding the hand of a young woman. However, this great power is theoretical. In practice, he has never performed transmutation to aforesaid extant, neither he does, nor will he do The same statement about transmutation should be repeated in proper order up to sannivesh-forms.

चमरेन्द्र के आत्मरक्षक THE PERSONAL GUARDS OF CHAMARENDRA

१४. [प्र.] चमरस्स णं भंते ! असुरिंदस्स असुररण्णो कति आयरक्खदेवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ ?

[उ.] गोयमा ! चत्तारि चउसट्ठीओ आयरक्खदेवसाहस्सीओ पण्णत्ताओ। ते णं आयरक्खा वण्णओ जहा रायप्पसेणइज्जे।

१४. [प्र.] भगवन् ! असुरेन्द्र असुरराज चमरेन्द्र के कितने हजार आत्मरक्षक देव हैं ?

[उ.] गौतम ! असुरेन्द्र असुरराज चमरेन्द्र के चौसठ हजार के चार गुने (दो लाख छप्पन हजार) आत्मरक्षक देव है। आत्मरक्षक देवो का वर्णन राजप्रश्नीयसूत्र के अनुसार समझना चाहिए।

14. [Q.] *Bhante* ! How many thousand guard-gods (*Atmarakshak Devs*) does Chamarendra, the king of *Asur Kumar* gods, have ?

[Ans.] Chamarendra, the *Indra* (king or overlord) of *Asur Kumar* gods, has four times sixty four thousand (two hundred fifty six thousand) guard-gods (*Atmarakshak Devs*) The description of guard-gods (*Atmarakshak Devs*) should be given according to *Rajaprashniya Sutra*.

१५. एवं सव्वेसिं इंदाणं जस्स जत्तिया आयरक्खा ते भाणियव्वा।

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति।

॥ तइए सए : छट्ठो उद्देसो समत्तो ॥

१५. सभी इन्द्रों में से जिस इन्द्र के जितने आत्मरक्षक देव हैं, उन सबका वर्णन यहाँ करना चाहिए।

'हे भगवन् ! यह इसी प्रकार है, भगवन् ! यह इसी प्रकार है', यों कहकर गौतम स्वामी विचरण करते है।

15. The description of all guard-gods (*Atmarakshak Devs*) of all different *Indras* possessing such gods should be given here.

"Bhante ! Indeed that is so. Indeed that is so." With these words... and so on up to... ascetic Gautam resumed his activities.

विवेचन : आत्मरक्षक देव और उनकी संख्या—स्वामी की रक्षा के लिए सेवक की तरह, इन्द्र की रक्षा में, उसके पीछे, जो शस्त्रादि से सुसज्ज होकर तत्पर रहते हैं, वे 'आत्मरक्षक देव' कहलाते है। प्रत्येक इन्द्र के सामानिक देवो से आत्मरक्षक देवो की संख्या चौगुनी होती है। सामानिक देवों की सख्या इस प्रकार है–चमरेन्द्र के ६४ हजार, बलीन्द्र के ६० हजार तथा शेष नागकुमार आदि भवनपति देवो के प्रत्येक इन्द्र के ६-६ हजार, सामानिक देव। शक्रेन्द्र के ८४ हजार, ईशानेन्द्र के ८० हजार, सनत्कुमारेन्द्र के ७२ हजार, माहेन्द्र के ७० हजार, ब्रह्मेन्द्र के ६० हजार, लान्तकेन्द्र के ५० हजार, शुक्रेन्द्र के ४० हजार, सहस्रारेन्द्र के ३० हजार, प्राणतेन्द्र के २० हजार और अच्युतेन्द्र के १० हजार सामानिक देव होते है। *(वृत्ति, पत्राक १९४)*

॥ तृतीय शतक : छठा उद्देशक समाप्त ॥

Elaboration—Atmarakshak Devs and their number—Equipped with weapons they attend *Indras* as personal guards for personal protection. They stand alert behind their overlord. The number of these guard-gods for each *Indra* is four times the number of *Samanik* gods in his attendance. The numbers of *Samanik* gods are as follows—Chamarendra has 64 thousand *Samanik Devs* (gods of same status) and Balindra 60 thousand, all other *Indras* including those of *Naag Kumars* and other abode-dwelling gods have 6 thousand *Samanik Devs* each. Shakrendra has 84 thousand, Ishanendra 80 thousand, Sanatkumarendra 72 thousand, Maahendra 70 thousand, Brahmendra 60 thousand, Lantakendra 50 thousand, Shukrenda 40 thousand, Sahasrarendra 30 thousand, Pranatendra 20 thousand and Achyutendra 10 thousand *Samanik Devs*. *(Vritti, leaf 194)*

● END OF THE SIXTH LESSON OF THE THIRD CHAPTER ●

तृतीय शतक : सप्तम उद्देशक
THIRD SHATAK (Chapter Three) : SEVENTH LESSON

लोकपाल LOK-PAL (GUARDIANS OF DIRECTIONS)

शक्रेन्द्र के लोकपाल LOK-PALS OF SHAKRENDRA

१. रायगिहे नगरे जाव पज्जुवासमाणे एवं वयासी–

१. राजगृह नगर मे यावत् पर्युपासना करते हुए गौतम स्वामी ने इस प्रकार पूछा–

1. In Rajagriha city. and so on up to... Gautam Swami submitted after worship—

२. [प्र.] सक्कस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णा कइ लोगपाला पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! चत्तारि लोगपाला पण्णत्ता, तं जहा–सोमे जमे वरुणे वेसमणे।

२. [प्र.] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज शक्र के कितने लोकपाल है ?

[उ.] गौतम ! चार लोकपाल (ये सीमारक्षक व जनता की रक्षा करने वाले देव होते है–(१) सोम, (२) यम, (३) वरुण, और (४) वैश्रमण।

2. [Q.] *Bhante* ! How many *Lok-pals* does Devendra Shakra, the *Indra* (overlord) of *Devs* (gods) have ?

[Ans.] He has four *Lok-pals* (they are protectors and supporters of people as governors of different directions)—(1) Soma, (2) Yam, (3) Varun, and (4) Vaishraman.

३. [प्र.] एएसि णं भंते ! चउण्हं लोगपालाणं कइ विमाणा पण्णत्ता ?

[उ.] गोयमा ! चत्तारि विमाणा पण्णत्ता, तं जहा–संझप्पभे वरसिट्ठे सयंजले वग्गू।

३. [प्र.] भगवन् ! इन चारो लोकपालों के कितने विमान हैं ?

[उ.] गौतम ! इन चारो लोकपालो के चार विमान है; जैसे कि (१) सन्ध्याप्रभ, (२) वरशिष्ट, (३) स्वयज्वल, और (४) वल्गु।

3. [Q.] *Bhante* ! How many *vimaans* (celestial vehicles) these *Lok-pals* have ?

[Ans.] Gautam ! These four *Lok-pals* have four *vimaans*—(1) Sandhyaprabh, (2) Varashisht, (3) Svayamjval, and (4) Valgu.

सोमदेव लोकपाल LOK-PALS OF SOMA DEVA

४. [प्र. १] कहि णं भंते ! सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो संझप्पभे णामं महाविमाणे पण्णत्ते ?

[उ.] गोयमा ! जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ उड्ढं चंदिम-सूरिय-गहगण-नक्खत्त-तारारूवाणं बहूइं जोयणाइं जाव पंचवडिंसया पण्णत्ता, तं जहा-असोयवडेंसए सत्तवण्णवडिंसए चंपयवडिंसए चूयवडिंसए मज्झे सोहम्मवडिंसए। तस्स णं सोहम्मवडेंसयस्स महाविमाणस्स पुरत्थिमेणं सोहम्मे कप्पे असंखेज्जाइं जोयणाइं वीतीवइत्ता एत्थ णं सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो संझप्पभे नामं महाविमाणे पण्णत्ते अद्धतेरस जोयणसयसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं, उणयालीसं जोयणसयसहस्साइं बावण्णं च सहस्साइं अट्ठ य अडयाले जोयणसए किंचिविसेसाहिए परिक्खेवेणं पण्णत्ते। जा सूरियाभविमाणस्स वत्तव्वया सा अपरिसेसा भाणियव्वा जाव अभिसेओ नवरं सोमे देवे।

४. [प्र. १] भगवन् ! देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल सोम नामक महाराज का सन्ध्याप्रभ नामक महाविमान कहाँ है?

[उ.] गौतम ! जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मन्दर (मेरु) पर्वत से दक्षिण दिशा में इस रत्नप्रभा पृथ्वी के प्राय समतल भूमिभाग से ऊपर चन्द्र, सूर्य, ग्रह नक्षत्र और तारागण आते हैं। उनसे बहुत योजन ऊपर यावत् पाँच अवतंसक है, यथा-(१) अशोकावतसक, (२) सप्तपर्णावतंसक, (३) चम्पकावतंसक, (४) चूतावतसक, और मध्य मे (५) सौधर्मावतंसक हैं। उस सौधर्मावतंसक महाविमान से पूर्व में, सौधर्मकल्प से असंख्य योजन दूर जाने के बाद, वहाँ पर देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल-सोम नामक महाराज का सन्ध्याप्रभ नामक महाविमान आता है, जिसकी लम्बाई-चौडाई (आयाम-विष्कभ) साढ़े बारह लाख योजन है। उसका परिक्षेप (परिधि) उनचालीस लाख बावन हजार आठ सौ अडतालीस (३९,५२,८४८) योजन से कुछ अधिक है। इस विषय मे सूर्याभदेव के विमान की जो वक्तव्यता है, वह सारी वक्तव्यता (राजप्रश्नीयसूत्र मे वर्णित) 'अभिषेक' तक कहनी चाहिए। इतना विशेष है कि यहाँ सूर्याभदेव के स्थान 'सोमदेव' कहना चाहिए।

4. [Q. 1] Bhante ! What is the location of the *mahavimaan* (great celestial vehicle) named Sandhyaprabh belonging to Soma Maharaj, the *Lok-pal* of Devendra Shakra, the overlord of gods ?

[Ans.] Gautam ! To the south of Mandar (Meru) mountain in the continent called Jambu Dveep, over the level land of this Ratnaprabha *Prithvi* are located Chandra (the moon), Surya (the sun), *graha* (planets), *nakshatra* (constellations) and *tara* (stars). Above these are five *Avatamsaks* (great celestial vehicles or abodes)—(1) Ashokavatamsak, (2) Saptaparnavatamsak, (3) Champakavatamsak, (4) Chootavatamsak, and in the center (5) Saudharmavatamsak. To the east of that Saudharmavatamsak Mahavimaan, on going innumerable *Yojans* away from Saudharma Kalp, comes the mahavimaan (great celestial vehicle) named Sandhyaprabh belonging to Soma Maharaj, the *Lok-pal* of Devendra Shakra, the overlord of gods. Its length-breadth (*ayam-*

vishkambh) is 1.25 million *Yojans*. Its circumference is slightly more than 39,52,848 *Yojans*. Other details should be quoted from the description of the *vimaan* of Suryabh Dev up to anointing (from *Rajaprashniya Sutra*) with the difference that 'Suryabh Dev' should be changed to 'Soma Dev'

[२] संझप्पभस्स णं महाविमाणस्स अहे सपक्खिं सपडिदिसिं असंखेज्जाइं जोयणसयसहस्साइं ओगाहित्ता एत्थ णं सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो सोमा नामं रायहाणी पण्णत्ता, एगं जोयणसयसहस्सं आयाम-विक्खंभेणं जंबुद्दीवपमाणा।

[३] वेमाणियाणं पमाणस्स अद्धं नेयव्वं जाव उवरियलेणं सोलस जोयणसहस्साइं आयाम-विक्खंभेणं, पण्णासं जोयणसहस्साइं पंच य सत्ताणउए जोयणसते किंचिविसेसूणे परिक्खेवेणं पण्णत्ते। पासायाणं चत्तारि परिवाडीओ नेयव्वाओ। सेसा नत्थि।

[४] सक्कस्स णं देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो इमे देवा आणा-उववाय-वयण-निद्देसे चिट्ठंति, तं जहा-सोमकाइया ति वा, सोमदेवयकाइया ति वा, विज्जुकुमारा विज्जुकुमारीओ, अग्गिकुमारा अग्गिकुमारीओ, वाउकुमारा वाउकुमारीओ, चंदा सूरा गहा नक्खत्त तारारूवा, जे यावण्णे तहप्पगारा सव्वे ते तब्भत्तिया तप्पक्खिया तब्भारिया सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो आणा-उववाय-वयण-निद्देसे चिट्ठंति।

[२] सन्ध्याप्रभ महाविमान के सपक्ष-सप्रतिदेश, अर्थात् ठीक बराबर नीचे, असख्य लाख योजन आगे (दूर) जाने पर देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल सोम महाराज की सोमा नाम की राजधानी है, जो एक लाख योजन लम्बी-चौडी है और जम्बूद्वीप जितनी है।

[३] इस राजधानी मे जो प्रासाद आदि है, उनका परिमाण वैमानिक देवो के प्रासाद आदि के परिमाण से आधा, भवन के पीठबन्ध का आयाम (लम्बाई) और विष्कम्भ (चौडाई) सोलह हजार योजन है। उसका परिक्षेप (परिधि) पचास हजार पाँच सौ सत्तानवे योजन से कुछ अधिक है। उसमे प्रासादो की चार पक्तियाँ है, शेष सुधर्मासभा नहीं है।

[४] देवेन्द्र देवराज शक्र के लोकपाल-सोम महाराज की आज्ञा मे, उपपात (सेवा) मे, वचन-पालन में और निर्देश मे; ये देव रहते है, यथा-सोमकायिक (सोमदेवो के परिवार रूप देव) सोमदेवकायिक, विद्युत्कुमार-विद्युत्कुमारियाँ, अग्निकुमार-अग्निकुमारियाँ, वायुकुमार-वायुकुमारियाँ, चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और तारारूप, ये तथा इसी प्रकार के दूसरे सब उसकी भक्ति करने वाले, उसके पक्ष वाले, उससे भरण-पोषण पाने वाले (भृत्य या उसकी अधीनता मे रहने वाले) देव उसकी आज्ञा, सेवा, वचनपालन और निर्देश में रहते है।

[2] Exactly below (*sapaksha-sapratidesh*) the Sandhyaprabh Mahavimaan, on going innumerable *Yojans* is located Somaa, the capital city of Soma Maharaj, the *Lok-pal* of Devendra Shakra, the overlord of

gods. It is one hundred thousand *Yojans* long-wide and as large as Jambu Dveep.

[3] The dimensions of the mansions and other structures in this capital city are half those of the mansions of *Vaimanik* gods. The length-breadth of the basement pedestal (*peeth-bandh*) is sixteen thousand *Yojans* and its circumference is slightly more than 50,597 *Yojans*. It has four rows of mansions and there is no main assembly (*Sudharma Sabha*)

[4] Under the command, attendance, order and direction of Soma Maharaj, the *Lok-pal* of Devendra Shakra, the overlord of gods are following gods—*Soma-kayik* (*Samanik* gods), *Somadev-kayik* (family members), *Vidyut Kumars* and *Vidyut Kumaris, Agni Kumars* and *Agni Kumaris, Vayu Kumars* and *Vayu Kumaris*, the moon, the sun, planets, constellations and stars. These and other such gods devoted to him, supporting him and dependent on him live under his command, attendance, order and direction

[५] जंबुद्दीवे दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं जाइं इमाइं समुप्पज्जंति, तं जहा—गहदंडा इ वा, गहमुसला इ वा, गहगज्जिया इ वा, एवं गहजुद्धा इ वा, गहसिंघाडगा इ वा, गहावसव्वा इ वा, अब्भाति वा, अब्भरुक्खा इ वा, संझा इ वा, गंधव्वनगरा इ वा, उक्कापाया इ वा, दिसीदाहा इ वा, गज्जिया इ वा, विज्जुया इ वा, पंसुवुट्ठी इ वा, जूवेति वा, जक्खालित्ते इ वा, धूमिया इ वा, महिया इ वा, रयुग्घाया इ वा, चंदोवरागा इ वा, सूरोवरागा इ वा, चंदपरिवेसा इ वा, सूरपरिवेसा इ वा, पडिचंदा इ वा, पडिसूरा इ वा, इंदधणू इ वा, उदगमच्छ—कपिहसिय—अमोहपाईणवाता इ वा, पडीणवाता इ वा, जाव संवट्टयवाता इ वा, गामदाहा इ वा, जाव सन्निवेसदाहा इ वा पाणक्खया जणक्खया धणक्खया कुलक्खया वसणब्भूया अणारिया जे यावन्ने तहप्पगारा ण ते सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सोमस्स महारण्णो अण्णाया अदिट्ठा असुया अमुया अविण्णाया, तेसिं वा सोमकाइयाणं देवाणं।

[५] इस जम्बूद्वीप नामक द्वीप के मेरु पर्वत के दक्षिण मे जो कार्य होते है, यथा—**ग्रहदण्ड** (मंगल आदि ग्रहो की दण्ड की तरह सीधी पक्ति), **ग्रहमूसल** (मूशल की तरह आकृति मे ऊँचे ग्रह), **ग्रहगर्जित** (ग्रहो की गति करते समय होने वाली गर्जना), **ग्रहयुद्ध** (ग्रहों का आमने-सामने उत्तर-दक्षिण में पक्तिबद्ध रहना), **ग्रहशृंगाटक** (सिंघाडो के आकार मे ग्रहों का रहना), **ग्रहापसव्य** (ग्रहों की वक्र चाल), **अभ्र** (बादल), **अभ्रवृक्ष** (बादलों की वृक्ष रूप मे बनी आकृति), **संध्या** (दिशाओं का लाल होना), **गंधर्वनगर** (नगर के आकार में प्रतिबिम्ब बनना,) **उल्कापात** (तारा टूटना), **दिग्दाह** (दिशाओं में अग्नि की लपटों जैसा प्रकाश), **विद्युत** (बिजली चमकना), धूल की वृष्टि, **यूपक** (संध्या की प्रभा और चन्द्रप्रभा का मिलना), सध्या-फूलना, **यक्षादीप्त** (बिजली चमकने से यक्षाकार दीखने वाला प्रकाश), **धूमिका** (धुध), **मिहिका** (ओस), रज उद्घात (आकाश में धूलि का छा जाना), चन्द्रग्रहण, सूर्यग्रहण, **चन्द्रपरिवेष/**

सूर्यपरिवेष (चन्द्रमण्डल का सूर्यमण्डल के चारों ओर दिखाई पडने वाला वलयाकार प्रकाश), प्रति चन्द्र, प्रति सूर्य, इन्द्रधनुष अथवा उदकमत्स्य (इन्द्रधनुष के खण्ड भाग), कपिहसित (बादलों से वानर जैसी बनी विकृत आकृतियाँ), अमोघ (सूर्य के उदयास्त के समय आकाश मे खिच जाने वाली लाल-काली लकीरे), पूर्व दिशा की हवाएँ, पश्चिम दिशा की हवाएँ, यावत् संवर्तक वायु, ग्रामदाह, यावत् सन्निवेशदाह, प्राणक्षय (बल का क्षय), जनक्षय (लोकमरण या महामारी आदि), कुलक्षय, यावत् व्यसनभूत (आपदारूप), अनार्य (पापरूप) तथा उस प्रकार के दूसरे सभी कार्य, अज्ञात (छिपे हुए), अदृष्ट (न देखे हुए), अश्रुत (न सुने हुए), अस्मृत (स्मरण न किये हुए) तथा अविज्ञात (विशेष रूप में न जाने हुए) नही होते, अर्थात् उनकी तथा देवो की जानकारी में होते है।

